केइ तहारूवं समणं वा, माहणं वा अच्चासाएज्जा, से य अच्चासाइए समाणे परिकुविए, देवे य परिकुविए, दुहओ पड़िवण्णा तस्स तेयं निसिरेज्जा एयं परियावितिए तं परियावेत्ता तमेव सह तेयसा भासं कुज्जा,

केइ तहारूवं समणं वा, माहणं वा अच्चासाएज्जा से य अच्चासाइए परिकुविए तस्स तेयं निसिरेज्जा तत्थ

फोड़ा संमुच्छंति ते फोड़ा भिज्जंति ते फोड़ा भिण्णा समाणा तमेव सह तेयसा भासं कुज्जा,

केइ तहारूवं समणं वा, माहणं वा अच्चासाएज्जा से य अच्चासाएइ देवे परिकुविए तस्स तेयं निसिरेज्जा, तत्थ फोड़ा संमुच्छंति, ते फोड़ा भिज्जंति, ते फोड़ा भिण्णा समाणा तमेव सह तेयसा भासं कुज्जा,

केइ तहारूवं समणं वा, माहणं वा अच्चासाएज्जा से य अच्चासाइए परिकुविए देवि वि य परिकुविए मा दुहओ पड़िवण्णा तस्स तेयं निसिरेज्जा तत्थ फोड़ा संमुच्छंति सेसं तहेव —जाव— भासं कुज्जा,

केइ तहारूवं समणं वा, माहणं वा अच्चासाएज्जा से य अच्चासाइए परिकुविए तस्स तेयं निसिरेज्जा, तत्थ फोड़ा संमुच्छंति. ते फोड़ा भिज्जंति, तत्थ पुला संमुच्छिंति, ते पुला भिज्जंति ते पुला भिण्णा समाणा तमेव सह तेयसा भासं कुज्जा, एते तिण्णि आलावगा भाणियव्वा,

केइ तहारूवं समणं वा, माहणं वा अच्चासाएमाणे तेयं निसिरेज्जा से य तत्थ नो कम्मइ, नो पकम्मइ अंचियं करेइ करेत्ता आयाहिणं पयाहिणं करेइ करेत्ता उड्ढं वेहासं उप्पायइ उप्पाइत्ता से णं तओ पड़िहए पड़िणियत्तइ पड़िनियत्तित्ता तमेव सरीरगं अणुदहमाणे अणुदहमाणे सह तेयसा भासं कुज्जा जहा वा गोसालस्स मंखलि पुत्तस्स तवे तेए,

७७७ दस अच्छेरगा पण्णत्ता. तं जहा-

गाहाओ–उवसग्ग-गब्भहरणं इत्थीतित्थं,
अभाविया परिसा।
कण्हस्स अवरकंका,
उत्तरणं चंदसूराणं ॥१॥
हरिवंसकुलुप्पत्ती
चमरुप्पाओ य अट्ठसयसिद्धा,
अस्संजएसु पूआ
दस वि अणंतेण कालेण ॥२॥

७७८ इमीसे णं रयणप्पभाए पुढवीए रयणे कण्डे दस जोअणसयाइं वाहल्लेणं पण्णत्ते.

इमीसे रयणप्पभाए पुढविए वयरे कंडे दस जोयणसयाइं वाहल्लेणं पण्णत्ते.

एवं वेरुलिए, लोहियक्खे, मसारगल्ले, हंसगब्भे, पुलए, सोगंधिए, जोइरसे, अंजणे, अंजणपुलए, रयए, जायरूवे, अंके, फलिहे, रिट्ठे.

जहा रयणे तहा सोलसविहा भाणियव्वा. १६

७७९ सव्वे वि णं दीवसमुद्दा दसजोयणसयाइं उव्वेहेणं पण्णत्ता

सव्वे वि णं महा दहा दस जोयणाइं उव्वेहेणं पण्णत्ता.

सव्वे वि णं सलिलकुंडा दस जोयणाइं उव्वेहेणं पण्णत्ता.

सिया-सीओया णं महाणईओ मुहमूले दस दस जोयणाइं उव्वेहेणं पण्णत्ताओ. ४

७८० कत्तियाणक्खत्ते सव्वबाहिराओ मंडलाओ दसमे मंडले चारं चरइ,

अणुराहाणक्खत्ते सव्वब्भंतराओ मंडलाओ दसमे मंडले चारं चरइ. २

७८१ दस णक्खत्ता णाणस्स वुड्ढिकरा पण्णत्ता. तं जहा-

गाहा—मिगसिरमद्दा पुस्सो, तिण्णि य पुव्वाइं मूलमस्सेसा ।
हत्थो चित्ता य तहा, दस वुड्ढिकराइं नाणस्स ॥१॥

७८२ चउप्पय-थलयर-पंचिंदिय-तिरिक्खजोणियाणं दस जाइ-कुल-कोड़ी-जोणि-पमुह-सयसहस्सा पण्णत्ता.

उरपरिसप्प-थलयर-पंचिंदिय-तिरिक्खजोणियाणं दस जाइ-कुल-कोड़ि-जोणि-पमुह-सय-सहस्सा पण्णत्ता. २

७८३ जीवाणं दसठाणनिव्वत्तिया पोग्गला पावकम्मत्ताए चिणिंसु वा, चिणंति वा, चिणिस्संति वा तं जहा-

पढमसमयएगिंदियनिव्वत्तिए —जाव— फासिंदिय-निव्वत्तिए.

एवं चिण-उवचिण-बंध-उदीर-वेय तह निज्जरा चेव.

दसपएसिया खंधा अणंता पण्णत्ता.

दसपएसोगाढा पोग्गला अणंता पण्णत्ता.

दससमयठिइया पोग्गला अणंता पण्णत्ता.

दसगुणकालगा पोग्गला अणंता पण्णत्ता.

एवं वण्णेहिं गंधेहिं रसेहिं फासेहिं दसगुणलुक्खा पोग्गला अणंता पण्णत्ता. २९

सम्मत्तं

स्थानांग सूत्र

[अनुवाद]

अनुवादक

मुनि कन्हैयालाल "कमल"

स्थानांग सूत्र

[हिन्दी-अनुवाद]

तओ पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा-

सुत्तधरे,
अत्थधरे,
तदुभयधरे । सू० १६९

पुरुष तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

सूत्रधर,
अर्थधर,
तदुभयधर ।

चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा-

सुत्तधरे नामेगे नो अत्थधरे,
अत्थधरे नामेगे नो सुत्तधरे,
एगे सुत्तधरे वि अत्थधरे वि,
एगे नो सुत्तधरे नो अत्थधरे । सू० २२५

पुरुष चार प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

कोई पुरुष सूत्रधर होता है किन्तु अर्थधर नहीं होता,
कोई पुरुष अर्थधर होता है किन्तु सूत्रधर नहीं होता,
कोई पुरुष सूत्रधार भी होता है और अर्थधर भी होता है,
कोई पुरुष सूत्रधर भी नहीं होता और अर्थधर भी नहीं होता ।

णमो सिद्धाणं

तृतीयअंग

स्थानांग सूत्र

एक स्थान

१ हे आयुष्मन् शिष्य ! मैंने सुना है, उन भगवान् महावीर ने इस प्रकार कहा है।

२ आत्मा एक है।[1]

---

१ प्रत्येक वस्तु सामान्य-विशेषात्मक है। सामान्य की अपेक्षा आत्मा एक है। क्योंकि उसका उपयोगरूप लक्षण प्रत्येक आत्मा में पाया जाता है। विशेष की अपेक्षा आत्मा अनेक है। सामान्य विवक्षा से चैतन्यमय आत्मा एक है। इसी तरह सर्वत्र समझ लेना चाहिए। द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा से यहां विवक्षित पदार्थों का एकत्व जानना चाहिये।

३ दण्ड एक है।[1]

४ क्रिया एक है।[2]

५ लोक एक है। ६ अलोक एक है।

७ धर्मास्तिकाय एक है। ८ अधर्मास्तिकाय एक है।

९ वंध एक है।[3] १० मोक्ष एक है।[4]

११ पुण्य एक है।[5] १२ पाप एक है।[6]

१३ आश्रव एक है।[7] १४ संवर एक है।[8]

१५ वेदना एक है।[9] १६ निर्जरा एक है।[10]

१७ प्रत्येक शरीर नाम कर्म के उदय से होने वाले शरीर में जीव एक है।

---

१. आत्मा जिस क्रिया से दंडित हो अर्थात् ज्ञानादि गुण हीन हो वह 'दंड' है।

२. मन, वचन या काया का व्यापार 'क्रिया' है।

३. कषाय पूर्वक कर्म पुद्‌गलों को ग्रहण करना 'बंध' है।

४. आत्मा का कर्म पुद्‌गलों से सर्वथा मुक्त होना 'मोक्ष' है।

५. शुभ कर्म प्रकृतियाँ 'पुण्य' रूप हैं।

६. अशुभ कर्म प्रकृतियाँ 'पाप' रूप हैं।

७. कर्म बंध के समस्त हेतु 'आश्रव' है।

८. आश्रव का निरोध 'संवर' है।

९. आत्मा से कर्म पुद्‌गलों का हटाना 'निर्जरा' है।

१० अष्टकर्म वेदन की अपेक्षा से 'वेदना' एक हैं।

१८ जीवों की बाह्य पुद्गलों को ग्रहण किये विना की जाने वाली (भवधारणीय) विकुर्वणा एक है।[1]

१९ मन का व्यापार एक है। २० वचन का व्यापार एक है।

२१ काया का व्यापार एक है।

२२ उत्पाद एक है।[2] २३ विनाश एक है।

२४ मृतात्मा का शरीर एक है अथवा विशिष्ट उपपत्ति पद्धति अथवा विशिष्ट वेशभूषा एक है।[3]

२५ गति एक है। २६ आगति एक है।

२७ च्यवन-मरण[4] एक है। २८ उपपात[5] जन्म एक है।

२९ तर्क-विमर्श एक है। ३० संज्ञा एक है।[6]

३१ मनन-शक्ति एक है। ३२ विज्ञान एक है।

---

१. नारक और देवों का जीवन पर्यन्त रहनेवाला शरीर 'भवधारणीय' कहा जाता है। उत्पत्ति समय में इस शरीर से अनवगाहित आकाश प्रदेश में रहे हुए पुद्गल 'बाह्य कहे जाते हैं। इन वाह्य पुद्गलों का 'विकुर्वण' अर्थात् शरीर में उपयोग नहीं होता।

२. एक समय में एक पर्याय की अपेक्षा से एकत्व है।

३. 'विवच्चा' इस पाठान्तर के ये दो वैकल्पिक अर्थ हैं।

४. देवताओं का मरण 'च्यवन' कहा जाता है।

५. देवताओं का जन्म 'उपपात' कहा जाता है।

६. व्यंजनावग्रह के पश्चात् होनेवाला ज्ञान 'संज्ञा' है।

३३ वेदना एक है।[१] ३४ छेदन एक है।

३५ भेदन एक है।

३६ चरम शरीरों का मरण एक ही होता है।

३७ पूर्ण शुद्ध तत्वज्ञ पात्र-अतिशय ज्ञानादि गुण रत्नों का पात्र अथवा गुणप्रकर्ष को प्राप्त 'केवली या तीर्थंकर' एक हैं।

३८ स्वकृत कर्म फल भोगी होने से जीवों का दुख एकसा है। [१] सर्व भूत--जीव सामान्य विवक्षा से एक है। [१-२]

३९ जिसके सेवन से आत्मा को क्लेश प्राप्त होता है वह अधर्म प्रतिज्ञा एक है।

४० जिसके आचरण से आत्मा विशिष्ट ज्ञानादि पर्याय युक्त होता है वह धर्म प्रतिज्ञा एक है।

४१ देव[२], असुर[३] और मनुष्यों का एक समय में मनोयोग एक ही होता है। वचन योग और काय योग भी एक ही होता है। [३]

४२ देव, असुर और मनुष्यों के एक समय में एक ही उत्थान, कर्म, बल, वीर्य और पौरुष पराक्रम होता है।

४३ ज्ञान एक है। दर्शन एक है। चारित्र एक है। [३]

---

१. ज्वर आदि रोगों के वेदन की अपेक्षा से 'वेदना' एक है।

२. ज्योतिषी और वैमानिक देवों की 'देव' संज्ञा है।

३. भवनपति और व्यन्तर देवों की 'असुर' संज्ञा है।

४४ समय एक है।

४५ प्रदेश एक है।
परमाणु एक है। [२]

४६ सिद्धि एक है, सिद्ध एक है।
परिनिर्वाण एक है, परिनिर्वृत एक है। [४]

४७ शब्द एक है। रूप एक है।
गंध एक है। रस एक है।
स्पर्श एक है। [५]
शुभ शब्द एक है। अशुभ शब्द एक है। [२]
सुरूप एक है। कुरूप एक है। [२]
दीर्घ एक है। ह्रस्व एक है। [२]
वर्तुलाकार 'लड्डू के समान गोल' एक है।
त्रिकोण एक है।
चतुष्कोण एक है।
पृथुल-विस्तीर्ण एक है।
परिमंडल-चूड़ी के समान गोल एक है। [५]
काला एक है। नीला एक है।
लाल एक है। पीला एक है।
श्वेत एक है। [५]
सुगन्ध एक है। दुर्गन्ध एक है। [२]
तिक्त एक है। कटुक एक है।
कषाय एक है। अम्ल एक है।

मधुर एक है। [५]
कर्कश —यावत्— रूक्ष एक है। [८]

४८ प्राणातिपात (हिंसा) —यावत्— परिग्रह एक है।
क्रोध —यावत्— लोभ एक है।
राग एक है — यावत्—
परपरिवाद–निन्दा एक है।
रति-अरति एक है।
मायामृषा-कपटयुक्त झूठ एक है।
मिथ्यादर्शन शल्य एक है। [१८]

४९ प्राणातिपात-विरमण एक है — यावत् — परिग्रह-विरमण एक है। [५]
क्रोध-त्याग एक है —यावत्— मिथ्यादर्शन-शल्य-त्याग एक है। [१३] [१८]

५० अवसर्पिणी एक है।
सुषमसुषमा एक है — यावत्— दुषमदुषमा एक है। [७]
उत्सर्पिणी एक है। [७]
दुषमदुषमा एक है —यावत् — सुषमसुषमा एक है। [१४]

५१ (१) नारकीय के जीवों की वर्गणा[1] एक है।
असुरकुमारों की वर्गणा एक है, —यावत्—
वैमानिक देवों की वर्गणा एक है। [२४]

---

१ समूह।

(२) भव्य जीवों की वर्गणा एक है।[1]
अभव्य जीवों की वर्गणा एक है।[2]
भव्य नरक जीवों की वर्गणा एक है।
अभव्य नरक जीवों की वर्गणा एक है।
इस प्रकार —यावत्— भव्य वैमानिक देवों की वर्गणा एक है।
अभव्य वैमानिक देवों की वर्गणा एक है। [५०]

(३) सम्यग्दृष्टियों की वर्गणा एक है।[3]
मिथ्यादृष्टियों की वर्गणा एक है।
मिश्रदृष्टि वालों की वर्गणा एक है।
सम्यग्दृष्टि वाले नरक जीवों की वर्गणा एक है।
मिथ्यादृष्टि वाले नरक जीवों की वर्गणा एक है।
मिश्रदृष्टि वाले नरक जीवों की वर्गणा एक है।
इसी प्रकार —यावत्— स्तनित कुमारों की वर्गणा एक है।
मिथ्यादृष्टि पृथ्वीकाय के जीवों की वर्गणा एक है।
—यावत्— वनस्पतिकाय के जीवों की वर्गणा एक है।

---

१. जो जीव मुक्त होने योग्य है वह "भव्य" है।
२. जो जीव मुक्त होने योग्य नहीं है। "अभव्य" है।
३. क्षायिक क्षायोपशमिक और औपशमिक सम्यग्दृष्टि भी इसी के अन्तर्गत है।

सम्यग्दृष्टि द्वीन्द्रिय जीवों की वर्गणा एक है।
मिथ्यादृष्टि द्वीन्द्रिय जीवों की वर्गणा एक है।
इसी प्रकार त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जीवों की वर्गणा एक है।

शेष नरक जीवों के समान —यावत्— मिश्रदृष्टि वाले वैमानिकों की वर्गणा एक है। [६२]

(४) कृष्णपाक्षिक जीवों की वर्गणा एक है।[1]
शुक्लपाक्षिक जीवों की वर्गणा एक है।[2]
कृष्णपाक्षिक नरक जीवों की वर्गणा एक है।
शुक्ल-पाक्षिक नरक-जीवों का वर्गणा एक है।
इसी प्रकार चौबीस दण्डक में समझ लेना चाहिए। [५०]

(५) कृष्ण लेश्या वाले जीवों की वर्गणा एक है।
नील लेश्या वाले जीवों की वर्गणा एक है।
इसी प्रकार —यावत्— शुक्ल लेश्या वाले जीवों की वर्गणा एक है।

कृष्णलेश्या वाले नैरयिकों की वर्गणा —यावत्— कापोतलेश्या वाले नैरयिकों की वर्गणा एक है।

---

१. अर्धपुद्गल परावर्तन से अधिक भवभ्रमण करने वाला 'कृष्ण पाक्षिक' कहा जाता है।

२. अर्धपुद्गल परावर्तन से अल्प भवभ्रमण करनेवाला 'शुक्ल-पाक्षिक' कहा जाता है।

इस प्रकार जिसकी जितनी लेश्याएं हैं उसकी उतनी वर्गणा समझ लेनी चाहिएं।

भवनपति, वानव्यन्तर, पृथ्विकाय, अप्काय और वनस्पतिकाय में चार लेश्याएं हैं।

तेजस्काय, वायुकाय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय में तीन लेश्याएं हैं।

तिर्यंच पंचेन्द्रिय और मनुष्यों में छः लेश्याएं हैं।
ज्योतिष्क देवों में एक तेजो लेश्या है।

वैमानिक देवों में ऊपर की तीन लेश्याएं हैं।
इनकी इतनी ही वर्गणा जाननी चाहिएं। [९६]

(६) कृष्णलेश्या वाले भव्य जीवों की वर्गणा एक है।
कृष्णलेश्या वाले अभव्य जीवों की वर्गणा एक है।
इसी प्रकार छहों लेश्याओं में दो दो पद कहने चाहिए।
कृष्णलेश्या वाले भव्य नैरयिकों की वर्गणा एक है।
कृष्णलेश्या वाले अभव्य नैरयिकों की वर्गणा एक है।
इस प्रकार विमानवासी देव पर्यंत जिसकी जितनी लेश्याएं हैं उसके उतने ही पद समझ लेने चाहिए। [१९२]

(७) कृष्णलेश्या वाले सम्यक्दृष्टि जीवों की वर्गणा एक है।
कृष्णलेश्या वाले मिथ्यादृष्टि जीवों की वर्गणा एक है।
कृष्णलेश्या वाले मिश्रदृष्टि जीवों की वर्गणा एक है।

इस प्रकार छः लेश्याओं में जिसकी जितनी दृष्टियां हैं उसके उतने पद जानने चाहिए। [२२०]

(८) कृष्णलेश्या वाले कृष्णपाक्षिक जीवों की वर्गणा एक है। कृष्णलेश्या वाले शुक्लपाक्षिक जीवों की वर्गणा एक है। इस प्रकार विमानवासी देव पर्यंत जिसकी जितनी लेश्याएं हों उसके उतने पद समझ लेने चाहिए। [१६२]

ये आठ चौवीस दण्डक जानने चाहिए।

तीर्थसिद्ध जीवों की वर्गणा एक है।

अतीर्थसिद्ध जीवों की वर्गणा एक है —यावत्—

एकसिद्ध जीवों की वर्गणा एक है।

अनेकसिद्ध जीवों की वर्गणा एक है। [१५]

प्रथम समय सिद्ध जीवों की वर्गणा एक है —यावत्—

अनन्त समय सिद्ध जीवों की वर्गणा एक है। [१३]

परमाणु पुद्गलों की वर्गणा एक है।

इस प्रकार अनन्त प्रदेशी स्कन्धों की वर्गणा —यावत्— एक है।

एक प्रदेशावगाढ पुद्गलों की वर्गणा एक है —यावत्—

असंख्य प्रदेशावगाढ पुद्गलों की वर्गणा एक है। [१२]

एक समय की स्थिति वाले पुद्गलों की वर्गणा एक है। —यावत्— असंख्य समय की स्थिति वाले पुद्गलोंकी वर्गणा एक है। [१२]

एक गुण काले पुद्गलों की वर्गणा एक है —यावत्—
असंख्य गुण काले पुद्गलों की वर्गणा एक है ।
अनन्त गुण काले पुद्गलों की वर्गणा एक है । [१३]
इस प्रकार वर्ण, गंध, रस और स्पर्श का कथन करना चाहिए
—यावत्—
अनन्त गुण रूक्ष पुद्गलों की वर्गणा एक है । [२६०]
जघन्य प्रदेशी स्कन्धों की वर्गणा एक है ।
उत्कृष्ट प्रदेशी स्कन्धों की वर्गणा एक है ।
न जघन्य न उत्कृष्ट प्रदेशी स्कन्धों की वर्गणा एक है । [३]
इसी प्रकार जघन्यावगाढ, उत्कृष्टावगाढ और अज-
घन्योत्कृष्टावगाढ । [३]

जघन्यस्थिति वाले, उत्कृष्टस्थिति वाले, अजघन्योत्कृष्ट स्थिति
वाले । [३]
जघन्यगुण काले, उत्कृष्टगुण काले, अजघन्योत्कृष्टगुण
काले जानें ।
इसी प्रकार वर्ण. गंध, रस, स्पर्श वाले पुद्गलों की वर्गणा
एक है —यावत्—
अजघन्योत्कृष्ट गुण रूक्ष पुद्गलों की वर्गणा एक है । [६०]
[१२८०]

५२ सब द्वीप समुद्रों के मध्य में रहा हुआ —यावत्—
जम्बूद्वीप एक है ।[1]

५३ इस अवसर्पिणी काल में चौवीस तीर्थंकरों में से अन्तिम तीर्थंकर श्रमण भगवान् महावीर अकेले सिद्ध हुए, बुद्ध हुए, मुक्त हुए, निर्वाण को प्राप्त हुए एवं सब दुखों से रहित हुए।

५४ अनुत्तरोपपातिक देवों की ऊंचाई एक हाथ की है।

५५ आर्द्रा नक्षत्र का एक तारा कहा गया है।
चित्रा नक्षत्र का एक तारा कहा गया है।
स्वाति नक्षत्र का एक तारा कहा गया है। [३]

५६ एक प्रदेश में रहे हुए पुद्गल अनन्त कहे गए हैं।
इसी प्रकार एक समय की स्थिति वाले—
एक गुण काले पुद्गल अनन्त कहे गए हैं —यावत्—
एक गुण रूक्ष पुद्गल अनन्त कहे गए हैं। [२१]

---

१ तीन लाख सोलह हजार दो सौ सत्तावीस योजन तीन कोस एक सौ अट्ठावीस धनुष, साढ़े तेरह अंगुल और कुछ अधिक परिधि वाला जम्बूद्वीप एक है।

दो स्थान

प्रथम उद्देशक

५७ लोक में जो कुछ है वह सब दो प्रकार का है,[1] यथा-
जीव और अजीव।

जीव का द्वैविध्य इस प्रकार है :

त्रस और स्थावर,
सयोनिक और अयोनिक,
सायुष्य और निरायुष्य,
सेन्द्रिय और अनेन्द्रिय,
सवेदक और अवेदक,
सरूपी और अरूपी,
सपुद्गल और अपुद्गल,
संसार-समापन्नक 'संसारी'
असंसार-समापन्नक 'सिद्ध'
शाश्वत और अशाश्वत। [१०]

५८ **अजीव का द्वैविध्य इस प्रकार है :**

आकाशास्तिकाय और नो आकाशास्तिकाय[2]
धर्मास्तिकाय और अधर्मास्तिकाय। [२]

---

१. स्वपक्ष और प्रतिपक्ष रूप से।

२. धर्मास्तिकाय आदि।

अन्य तत्वों का स्वपक्ष और प्रतिपक्ष इस प्रकार है :

५९ बंध और मोक्ष,
पुण्य और पाप,
आस्रव और संवर,
वेदना और निर्जरा। [४]

६० क्रिया दो प्रकार की कही गई है, यथा-
जीव क्रिया और अजीव क्रिया[1]।

जीव क्रिया दो प्रकार की कही गई है, यथा-
सम्यक्त्व क्रिया और मिथ्यात्व क्रिया।

अजीव क्रिया दो प्रकार की कही गई है,यथा-
ऐर्यापथिकी[2] और साम्परायिकी[3]।

क्रिया दो प्रकार की कही गई है, यथा-

---

१. अजीव पुद्गलों का कर्मरूप में परिणमन ।

[क] इस क्रिया का कर्ता यद्यपि जीव होता है किन्तु इसमें अजीव पुद्गलों का कर्मरूप में परिणमन होता है इसलिये यह अजीवक्रिया कही जाती है।

[ख] उपशान्तमोह आदि तीन गुणस्थानवर्ती जीव केवल योग [मन, वचन, काय] द्वारा पुद्गलों को साता वेदनीय के रूप में परिणत करता है वह ऐर्यापथिकी क्रिया है।

४. संपराय अर्थात् कषाय तज्जन्य व्यापार साम्परायिकी क्रिया है।

कायिकी और आधिकरणिकी[1]।

कायिकी क्रिया दो प्रकार की कही गई है, यथा-

अनुपरतकाय क्रिया और दुष्प्रयुक्तकाय क्रिया।

आधिकरणिकी क्रिया दो प्रकार की कही गई है, यथा-

संयोजनाधिकरणिकी और निर्वर्तनाधिकरणिकी।

क्रिया दो प्रकार की कही गई है, यथा-

प्राद्वेषिकी और पारितापनिकी।

प्राद्वेषिकी क्रिया दो प्रकार की कही गई है, यथा-

जीव-प्राद्वेषिकी और अजीव-प्राद्वेषिकी।

पारितापनिकी क्रिया दो प्रकार की कही गई है, यथा-

स्वहस्तपारितापनिकी और परहस्तपारितापनिकी।

क्रिया दो प्रकार की कही गई है, यथा-

प्राणातिपात क्रिया और अप्रत्याख्यान क्रिया।

प्राणातिपात क्रिया दो प्रकार की कही गई है, यथा-

स्वहस्त प्राणातिपात क्रिया,
परहस्त प्राणातिपात क्रिया।

अप्रत्याख्यान क्रिया दो प्रकार की कही गई है, यथा-

जीव अप्रत्याख्यान क्रिया,
अजीव अप्रत्याख्यान क्रिया।

---

१. (क) जिस क्रिया द्वारा आत्मा अधोगति में जावे वह 'अधिकरणिकी क्रिया' कही जाती है।

(ख) शस्त्र को अधिकरण कहते हैं, उसके द्वारा होने वाली क्रिया भी अधिकरणिकी कही जाती है।

क्रिया दो प्रकार की कही गई है, यथा-

आरम्भिकी[१] और पारिग्रहिकी ।

आरम्भिकी क्रिया दो प्रकार की कही गई है, यथा-

जीव आरम्भिकी और अजीव आरम्भिकी ।

इसी तरह पारिग्रहिकी क्रिया भी दो प्रकार की कही गई है, यथा-

जीव-पारिग्रहिकी और अजीव-पारिग्रहिकी ।

क्रिया दो प्रकार की कही गई है, यथा-

माया-प्रत्ययिकी और मिथ्यादर्शन-प्रत्ययिकी ।

माया-प्रत्ययिकी क्रिया दो प्रकार की कही गई है, यथा-

आत्म-भाव-वंकनता[२] और पर-भाव-वंकनता[३] ।

मिथ्यादर्शन प्रत्ययिकी क्रिया दो प्रकार की कही गई है, यथा-

ऊनातिरिक्त मिथ्यादर्शन, प्रत्ययिकी[४]

तद्व्यतिरिक्त मिथ्यादर्शन प्रत्ययिकी[५] ।

---

१. जीव हिंसादि सावद्य अनुष्ठान से होने वाली ।

२. श्रेष्ठ न होते हुए अपने आपको श्रेष्ठ कहना ।

३. मिथ्यालेख आदि से दूसरे को ठगना ।

४. [क] आत्मा को अंगुष्ठ प्रमाण कहना ऊन मिथ्या दर्शन है ।

[ख] आत्मा को सर्वव्यापक कहना अतिरिक्त मिथ्या दर्शन है ।

५. आत्मा को न मानने से लगने वाली क्रिया ।

क्रिया दो प्रकार की कही गई है, यथा-

दृष्टिजा और पृष्टिजा अथवा स्पृष्टिजा ।

दृष्टिजा क्रिया दो प्रकार की कही गई है, यथा-

जीव-दृष्टिजा और अजीव-दृष्टिजा ।

इसी प्रकार पृष्टिजा भी जाननी चाहिए ।

दो क्रियाएं कही गई हैं, यथा-

प्रातीत्यिकी[1] और सामन्तोपनिपातिकी[2] ।

प्रातीत्यिकी क्रिया दो प्रकार की कही गई है, यथा-

जीव-प्रातीत्यिकी[3] और अजीव-प्रातीत्यिकी[4] ।

इसी प्रकार सामन्तोपनिपातिकी भी जाननी चाहिए ।

दो क्रियाएं कही गई हैं, यथा-

स्वहस्तिकी[5] और नैसृष्टिकी[6] ।

स्वहस्तिकी क्रिया दो प्रकार की कही गई है, यथा-

जीव-स्वहस्तिकी और अजीव-स्वहस्तिकी ।

नैसृष्टिकी क्रिया भी इसी प्रकार समझनी चाहिए ।

---

१. बाह्य वस्तु के निमित्त से होने वाली क्रिया ।

२. अनेक लोगों द्वारा की हुई प्रशंसा सुनने से होने वाली ।

३. अश्व आदि जीव की प्रशंसा सुनने से होने वाली ।

४. रथ आदि अजीव पदार्थों की प्रशंसा सुनने से होने वाली ।

५. अपने हाथ से लगने वाली क्रिया ।

६. किसी पदार्थ के निक्षेपण से होने वाली ।

क्रिया दो प्रकार की कही गई है, यथा-

आज्ञापनिकी और वैदारिनी।

नैसृष्टिकी क्रिया की तरह इनके भी दो दो भेद जानने चाहिएं।

दो क्रियाएं कही गई हैं, यथा-

अनाभोगप्रत्यया और अनवकांक्षप्रत्यया[1]।

अनाभोगप्रत्यया क्रिया दो प्रकार की कही गई हैं, यथा-

अनायुक्त आदानता[2] और अनायुक्त प्रमार्जनता[3]।

अनवकांक्षप्रत्यया क्रिया दो प्रकार की कही गई है, यथा-

आत्म-शरीर-अनवकांक्षा प्रत्यया[4]।

पर-शरीर-अनवकांक्षा प्रत्यया[5]।

दो क्रियाएं कही गई हैं, यथा-

राग-प्रत्यया और द्वेष-प्रत्यया।

राग-प्रत्यया क्रिया दो प्रकार की कही गई है, यथा-

माया-प्रत्यया और लोभ-प्रत्यया।

द्वेष-प्रत्यया क्रिया दो प्रकार की कही गई है, यथा-

क्रोध-प्रत्यया और मान-प्रत्यया। [३६]

---

१ अपने और दूसरे के शरीर को क्षति पहुंचाने वाले कर्म करने से लगने वाली क्रिया।

२. स्वशरीर के प्रति बेपरवाह होकर वर्तन करना।

३. उपयोग शून्य होकर वस्तु के लेने या रखने से लगने वाली क्रिया।

४. उपयोग शून्य प्रमार्जन करने से लगने वाली क्रिया।

५. पर शरीर के प्रति बेपरवाह होकर वर्तन करना।

६१ गर्हा—पाप की निन्दा दो प्रकार की कही गई है, यथा-

कुछ प्राणी केवल मन से ही पाप की निन्दा करते हैं,

कुछ केवल वचन से ही पाप की निन्दा करते हैं।

अथवा–गर्हा के दो भेद कहे गये हैं, यथा-

कोई प्राणी दीर्घ काल पर्यन्त 'आजन्म' गर्हा करता है,

कोई प्राणी थोड़े काल पर्यन्त गर्हा करता है ।[२]

६२ प्रत्याख्यान दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

कोई कोई प्राणी केवल मन से प्रत्याख्यान करते हैं,

कोई कोई प्राणी केवल वचन से प्रत्याख्यान करते हैं ।

अथवा–प्रत्याख्यान के दो भेद कहे गए हैं, यथा-

कोई दीर्घकाल पर्यन्त प्रत्याख्यान करते हैं.

कोई अल्पकालीन प्रत्याख्यान करते हैं । [२]

६३ दो गुणों से युक्त अनगार अनादि, अनन्त, दीर्घकालीन चार गति रूप भवाटवी को पार कर लेता है, यथा-

विद्या[1] और चारित्र[2] से ।

६४ दो स्थानों को जाने बिना और त्यागे बिना आत्मा को केवली-प्ररूपित धर्म सुनने के लिए नहीं मिलता, यथा-

आरम्भ और परिग्रह ।

दो स्थान जाने विना और त्यागे बिना आत्मा शुद्ध सम्यक्त्व नहीं पाता है, यथा-

---

१. यहां 'विद्या' ज्ञान का पर्यायवाची है ।

२. यहां 'चारित्र' क्रिया का पर्यायवाची है ।

आरम्भ और परिग्रह ।

दो स्थान जाने विना और त्यागे विना आत्मा गृहवास का त्याग कर और मुण्डित होकर शुद्ध प्रव्रज्या अंगीकार नहीं कर सकता है, यथा-

आरम्भ और परिग्रह ।

इसी प्रकार —

शुद्ध ब्रह्मचर्य का पालन नहीं कर सकता है,
शुद्ध संयम से अपने आपको संयत नहीं कर सकता है,
शुद्ध संवर से संवृत नहीं हो सकता है,
सम्पूर्ण मतिज्ञान नहीं प्राप्त कर सकता है,
सम्पूर्ण श्रुतज्ञान,
अवधिज्ञान,
मनः पर्यायज्ञान और
केवल ज्ञान-
नहीं प्राप्त कर सकता है । [११]

६५ दो स्थानों को जान कर और त्याग कर आत्मा केवलि प्ररूपित धर्म सुन सकता है—यावत्—केवलज्ञान प्राप्त कर सकता है, यथा-

आरम्भ और परिग्रह । [११]

६६ दो स्थानों से आत्मा केवलि प्ररूपित धर्म सुन सकता है, —यावत्— केवलज्ञान प्राप्त कर सकता है । यथा-
श्रद्धापूर्वक 'धर्मकी उपादेयता' सुनकर और समझकर [११]

६७ दो प्रकार का समय कहा गया है, यथा-

अवसर्पिणी और उत्सर्पिणी ।

६८ उन्माद दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

यक्ष के प्रवेश से होने वाला,

मोहनीय कर्म के उदय से होने वाला ।

इसमें जो यक्षावेश उन्माद है उसका सरलता से वेदन हो सकता है और उसे सरलता से दूर किया जा सकता है। तथा जो मोहनीय के उदय से होने वाला है उसका कठिनाई से वेदन होता है और उसे कठिनाई से ही दूर किया जा सकता है ।

६९ दण्ड दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

अर्थ-दण्ड[1] और अनर्थ-दण्ड[2] ।

नैरयिक जीवों के दो दण्ड कहे गये हैं, यथा-

अर्थ-दण्ड और अनर्थ-दण्ड ।

इसी तरह विमानवासी देव पर्यन्त चौबीस दण्डक समझ लेना चाहिये । [२]

७० दर्शन[3] दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

---

१. प्रयोजन से की जाने वाली हिंसा अर्थदण्ड है ।

२. बिना प्रयोजन की जाने वाली हिंसा अनर्थदण्ड है ।

३. दर्शन का अर्थ यहाँ श्रद्धा है ।

सम्यग्दर्शन[१] और मिथ्यादर्शन[२]।

सम्यग्दर्शन के दो भेद कहे गये हैं, यथा-
निसर्ग सम्यग्दर्शन[3] और अभिगम सम्यग्दर्शन।[४]

निसर्ग सम्यग्दर्शन के दो भेद गये कहे हैं, यथा-
प्रतिपाति[५] और अप्रतिपाति[६]।

अभिगम सम्यग्दर्शन के दो भेद कहे गये हैं, यथा-
प्रतिपाति और अप्रतिपाति। [४]

मिथ्यादर्शन दो प्रकार का कहा गया है, यथा-
अभिग्रहिक मिथ्यादर्शन और अनभिग्रहिक मिथ्या दर्शन।

अभिग्रहिक मिथ्यादर्शन दो प्रकार का कहा गया है, यथा-
सपर्यवसित (सान्त) और अपर्यवसित (अनन्त),
इसी प्रकार अनभिग्रहिक मिथ्यादर्शन के भी दो भेद जानने चाहिएं। [३][७]

१, तत्त्वार्थ की सम्यक् श्रद्धा "सम्यग्दर्शन" है।
२. तत्त्वार्थ की विपरीत श्रद्धा "मिथ्यादर्शन" है।
३. बिना किसी उपदेश के होने वाली सम्यक् श्रद्धा 'निसर्ग सम्यग्दर्शन' है।
४. किसी के उपदेश, से होने वाली सम्यक् श्रद्धा 'अभिगम सम्यग्दर्शन' है।
५. नष्ट होने वाला।
६. नष्ट न होने वाला।

७१ ज्ञान दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

प्रत्यक्ष[1] और परोक्ष[2]।

प्रत्यक्ष ज्ञान दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

केवलज्ञान और नो केवलज्ञान।

केवलज्ञान दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

भवस्थ-केवलज्ञान और सिद्ध-केवलज्ञान।

भवस्थ-केवलज्ञान दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

सयोगी-भवस्थ-केवलज्ञान,

अयोगी-भवस्थ-केवलज्ञान।

सयोगी-भवस्थ-केवलज्ञान दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

प्रथम-समय-सयोगी भवस्थ-केवलज्ञान,

अप्रथम-समयस-योगी-भवस्थ-केवलज्ञान।

अथवा -चरम-समय-सयोगी-भवस्थ-केवलज्ञान,

अचरम-समय-सयोगी-भवस्थ-केवलज्ञान।

इसी प्रकार-अयोगी-भवस्थ-केवलज्ञान के भी दो भेद जानने चाहिएं।

सिद्ध-केवलज्ञान के दो भेद कहे गये हैं, यथा-

अनन्तर-सिद्ध-केवलज्ञान और परम्पर-सिद्ध-केवलज्ञान।

अनन्तर सिद्ध केवलज्ञान दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

---

१. आत्मा को इन्द्रियां और मन की सहायता के बिना होने वाला ज्ञान 'प्रत्यक्ष' ज्ञान है।

२. इन्द्रियां और मन की सहायता से होने वाला ज्ञान 'परोक्ष' ज्ञान है।

एकानन्तर सिद्ध केवलज्ञान,

अनेकानन्तर सिद्ध केवलज्ञान ।

परम्परसिद्ध केवल ज्ञान दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

एक परम्पर सिद्ध केवल ज्ञान,

अनेक परम्पर सिद्ध केवल ज्ञान ।

नो केवलज्ञान दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

अवधि ज्ञान और मन: पर्याय ज्ञान ।

अवधि ज्ञान दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

भवप्रत्ययिक और क्षायोपशमिक ।

दो का अवधिज्ञान भवप्रत्ययिक कहा गया है, यथा-

देवताओं का और नैरयिकों का ।

दो का अवधिज्ञान क्षायोपशमिक कहा गया है, यथा-

मनुष्यों का और तिर्यंच पंचेन्द्रियों का ।

मन:पर्यायज्ञान दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

ऋजुमति और विपुलमति ।

परोक्ष ज्ञान दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

आभिनिबोधिक ज्ञान और श्रुतज्ञान ।

आभिनिबोधिक ज्ञान दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

श्रुतनिश्रित और अश्रुतनिश्रित ।

श्रुतनिश्रित दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

अर्थावग्रह और व्यंजनावग्रह ।

अश्रुतनिश्रित के भी पूर्वोक्त दो भेद समझने चाहिए ।

श्रुतज्ञान दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

अंग-प्रविष्ट और अंग-वाह्य ।

अंग-वाह्य के दो भेद कहे गये हैं, यथा-

आवश्यक और आवश्यक-व्यतिरिक्त ।

आवश्यक-व्यतिरिक्त दो प्रकार का कहा गया हैं, यथा-

कालिक और उत्कालिक ।[२२]

७२ धर्म दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

श्रुत-धर्म और चारित्र-धर्म ।

श्रुत-धर्म दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

सूत्र-श्रुत-धर्म और अर्थ-श्रुत-धर्म ।

चारित्र धर्म दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

अगार-चारित्र-धर्म और अनगार-चारित्र-धर्म । [३]

संयम दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

सराग-संयम और वीतराग-संयम ।

सराग-संयम दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

सूक्ष्म-सम्पराय-सराग-संयम,

बादर-सम्परायसराग-संयम ।

सूक्ष्म-सम्पराय-सराग-संयम दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

प्रथम-समय-सूक्ष्मसम्पराय-सराग-संयम,

अप्रथम-समय-सूक्ष्मसम्पराय-सराग-संयम ।

अथवा चरम-समय-सूक्ष्म-सम्पराय-सराग-संयम,

अचरम समयसूक्ष्म -सम्पराय -सराग -संयम ।

अथवा सूक्ष्म-सम्पराय-सराग-संयम दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

'संक्लिश्यमान' उपशम-श्रेणी से गिरते हुए जीव का,
'विशुध्यमान' उपशम-श्रेणी पर चढ़ते हुए जीव का।

बादर-सम्पराय-सराग-संयम दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

प्रथम-समय-बादर-सम्पराय-सराग-संयम,
अप्रथम-समय-बादर-सम्पराय-संयम।

अथवा—चरम-समय-बादर-सम्पराय-सराग-संयम,
अचरम-समय-बादर-सम्पराय-सराग-संयम।

अथवा बादर-सम्पराय-सराग-संयम दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

प्रतिपाती और अप्रतिपाती।

वीतराग-संयम दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

उपशान्त-कषाय-वीतराग-संयम,
क्षीण-कषाय-वीतराग-संयम।

उपशान्तकषाय वीतराग संयम दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

प्रथम-समय-उपशान्त-कषाय-वीतराग-संयम
अप्रथम-समय-उपशान्त-कषाय-वीतराग-संयम।

अथवा चरम-समय-उपशान्त-कषाय-वीतराग-संयम,
अचरम-समय-उपशान्त-कषाय-वीतराग-संयम।

क्षीण-कषाय-वीतराग-संयम दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

छद्मस्थ-क्षीण-कषाय-वीतराग-संयम,

केवली-क्षीण-कषाय-वीतराग-संयम ।

छद्मस्थ क्षीण कषाय वीतराग संयम दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

स्वयं-बुद्ध-छद्मस्थ-क्षीण-कषाय-वीतराग-संयम,

बुद्ध-वोधित-छद्मस्थ-क्षीण-कषाय-वीतराग-संयम ।

स्वयंबुद्ध-छद्मस्थ-क्षीण-कषाय-वीतराग-संयम दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

प्रथम-समय-स्वयंबुद्ध-छद्मस्थ-क्षीण-कषाय-वीतराग-संयम,

अप्रथम-समय-स्वयंबुद्ध-छद्मस्थ-क्षीण-कषाय-वीतराग-संयम ।

अथवा चरम-समय-स्वयंबुद्ध-छद्मस्थ-क्षीण-कषाय-वीतराग-संयम और अचरम-समय-स्वयंबुद्ध-छद्मस्थ-क्षीण-कषाय वीतराग-संयम ।

बुद्ध-बोधित-छद्मस्थ-क्षीण-कषाय-वीतराग-संयम दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

प्रथम-समय-बुद्ध-बोधित-छद्मस्थ-क्षीण-कषाय-वीतराग संयम और अप्रथम-समय-बुद्ध-बोधित-छद्मस्थ-क्षीण-कषाय वीतराग-संयम ।

अथवा चरम-समय और अचरम-समय-बुद्ध-वोधित-केवली

क्षीण-कषाय-वीतराग-संयम दो प्रकार का कहा गया है।
यथा-

सयोगी-केवली-क्षीण-कषाय-वीतराग-संयम,
अयोगी-केवली-क्षीण-कषाय-वीतराग-संयम।

सयोगी-केवली-क्षीण-कषाय-वीतराग-संयम दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

प्रथम-समय-सयोगी-केवली-क्षीण-कषाय-वीतराग-संयम,
अप्रथम-समय-सयोगी-केवली-क्षीण-कषाय-वीतराग-संयम।

अथवा

चरम-समय-सयोगी-केवली-क्षीण-कषाय-वीतरागसंयम,
अचरम-समय-सयोगी-केवली-क्षीण-कषाय-वीतराग-संयम।

अयोगी-केवली-क्षीण-कषाय-वीतराग-संयम दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

प्रथम-समय-अयोगी-केवली-क्षीण-कषाय-वीतराग-संयम,
अप्रथम-समय-अयोगी-केवली-क्षीण-कषाय-वीतराग-संयम।

अथवा

चरम-समय-अयोगी-केवली-क्षीण-कषाय-वीतराग-संयम,
अचरम-समय-अयोगी-केवली-क्षीण-कषाय-वीतराग-संयम। [२१]

७३ पृथ्वीकायिक जीव दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-
सूक्ष्म और वादर।

इस प्रकार —यावत्— दो प्रकार के वनस्पति कायिक जीव कहे गये हैं, यथा-
सूक्ष्म और वादर।[५]

पृथ्वीकायिक जीव दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-
पर्याप्त और अपर्याप्त।

इस प्रकार —यावत्— दो प्रकार के वनस्पतिकायिक जीव कहे गये हैं, यथा-
पर्याप्त और अपर्याप्त।[५]

पृथ्वीकायिक जीव दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-
परिणत और अपरिणत।

इस प्रकार —यावत्— दो प्रकार के वनस्पति कायिक जीव कहे गये हैं, यथा-
परिणत और अपरिणत।[५]

द्रव्य दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-
परिणत और अपरिणत।[१]

पृथ्वीकायिक जीव दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-
गतिसमापन्नक,
अगतिसमापन्नक (स्थित)।

इस प्रकार —यावत्— वनस्पतिकायिक जीव दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

गति-समापन्नक और अगति-समापन्नक ।[५]

द्रव्य दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

गति-समापन्नक और अगति-समापन्नक ।[१]

पृथ्वीकायिक[1] जीव दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

अनन्तरावगाढ[2] और परम्परावगाढ[3] ।

इस प्रकार —यावत्— द्रव्य दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

अनन्तरावगाढ और परम्परावगाढ । [६-२८]

७४ काल दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

अवसर्पिणी और उत्सर्पिणी । [१]

आकाश दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

लोकाकाश और अलोकाकाश । [१-२]

७५ नैरयिक जीवों के दो शरीर कहे गये हैं, यथा-

आभ्यन्तर और बाह्य ।

कार्मण[4] आभ्यन्तर है और वैक्रिय बाह्य शरीर है ।

देवताओं के शरीर भी इसी तरह कहने चाहिएं ।

---

१. पृथ्वीकायिक आयुष्य के उदय से पृथ्वीकायिक कहे जाने वाले जीव विग्रह गति से उत्पत्ति स्थान में जाते हुए ।

२. वर्तमान समय में किसी एक आकाश प्रदेश में अवगाढ ।

३. जिन्हें स्थित हुए दो तीन आदि समय हो गये हैं वे ।

४. कार्मण और तेजस आभ्यन्तर शरीर हैं किन्तु दोनों सर्वदा एक साथ रहते हैं इसलिए यहा एक कार्मण ही कहा गया है ।

पृथ्वीकायिक जीवों के दो शरीर कहे गये हैं, यथा-

आभ्यन्तर और वाह्य।

कार्मण आभ्यन्तर है और औदारिक वाह्य है।

वनस्पतिकायिक जीव पर्यन्त ऐसा समझना चाहिए[1]।

द्वीन्द्रिय जीवों के दो शरीर कहे गये हैं, यथा-

आभ्यन्तर और वाह्य।

कार्मण आभ्यन्तर है और हड्डी, मांस, रक्त से वना हुआ औदारिक-शरीर वाह्य है।

चतुरिन्द्रिय जीव पर्यन्त ऐसा ही समझना चाहिए।

पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनि के जीवों के दो शरीर हैं, यथा-

आभ्यन्तर और वाह्य।

कार्मण आभ्यन्तरहै और हड्डी, मांस, रक्त, स्नायु और शिराओं से वना हुआ औदारिक शरीर वाह्य है।

इसी तरह मनुष्यों के भी दो शरीर समझने चाहिएं।[१]

विग्रहगति-प्राप्त नैरयिकों के दो शरीर कहे गये हैं, यथा-

तैजस और कार्मण।

इस प्रकार निरन्तर वैमानिक पर्यन्त जानना चाहिए।[१]

नैरयिक जीवों के शरीर की उत्पत्ति दो स्थानों से होती है।

---

१. यद्यपि वायुकाय के जीवों को वैक्रिय शरीर भी होता है परन्तु वह प्रायिक होने से यहाँ विवक्षित नहीं है।

यथा-

राग से **'रागजन्य कर्म से'** और द्वेष से **'द्वेषजन्य कर्म से'** । [१]

नैरयिक जीवों के शरीर दो कारणों से पूर्ण अवयव वाले होते हैं, यथा-

राग से **'रागजन्य कर्म से'** पूर्ण अवयव वाले,

द्वेष **'द्वेष जन्य कर्म से'** से पूर्ण अवयव वाले ।

इसी प्रकार वैमानिक पर्यन्त समझना चाहिए । [१]

दो काय—**'जीव समुदाय'** कहे गये हैं, यथा-

त्रसकाय और स्थावरकाय ।

त्रसकाय दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

भवसिद्धिक और अभवसिद्धिक ।

इसी प्रकार स्थावरकाय भी समझना चाहिये । [३] [७]

७६ दो दिशाओं के अभिमुख होकर निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थियों को दीक्षा देना कल्पता है । यथा-

पूर्व और उत्तर ।

इसी प्रकार—

प्रवजित करना, सूत्रार्थ सिखाना, महाव्रतों का आरोपण करना, सहभोजन करना, सहनिवास करना, स्वाध्याय करने के लिए कहना,

अभ्यस्तशास्त्र को स्थिर करने के लिए कहना,
अभ्यस्तशास्त्र अन्य को पढ़ाने के लिए कहना,
आलोचना करना, प्रतिक्रमण करना,

अतिचारों की निन्दा करना,

गुरु समक्ष अतिचारों की गर्हा करना,

लगे हुए दोष का छेदन करना, दोष की शुद्धि करना,
पुनः दोष न करने के लिए तत्पर होना,
यथायोग्य प्रायश्चित्त और
तपग्रहण करना कल्पता है।

दो दिशाओं के अभिमुख होकर निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थियों को मारणान्तिक संलेखना-तप विशेष से कर्म-शरीरको क्षीण करना, भोजन-पानी का त्याग कर पादपोपगमन संथारा[1] स्वीकार कर मृत्यु की कामना नहीं करते हुए स्थित रहना कल्पता है, यथा-

पूर्व और उत्तर।

द्वितीय उद्देशक

७७ जो देव ऊर्ध्वलोक में उत्पन्न हुए हैं—वे चाहे कल्पोपन्न[1]

---

१. वृक्ष की तरह निश्चेष्ट होकर अनशन करना।

(बाहर देव लोक में उत्पन्न) हों चाहे विमानोपपन्न (ग्रैवेयक और अनुत्तर विमानों में उत्पन्न) हों और जो ज्योतिष्चक्र में स्थित हों वे चाहे गतिरहित हों या सतत गमनशील हों— वे जो सदा —सतत— पापकर्म ज्ञानवरणादि का बंध करते हैं उसका फल कतिपय देव तो उसी भव में अनुभव कर लेते हैं और कतिपय देव अन्य भव में वेदन करते हैं। नैरयिक जीव जो सदा —सतत— पापकर्म का बंध करते हैं उसका फल कतिपय नैरयिक तो उसी भव में अनुभव कर लेते हैं और कितनेक अन्य भव में भी वेदना वेदते हैं। पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिक जीव पर्यन्त ऐसा ही समझना चाहिए। मनुष्यों द्वारा जो सदा —सतत— पापकर्म का बंध किया जाता है उसका फल कतिपय मनुष्य तो इसी मनुष्य भव में अनुभव कर लेते हैं और कतिपय अन्य भव में अनुभव करते हैं। मनुष्य को छोड़कर शेष अभिलाप समान समझने चाहिएं।

७८ नैरयिक जीवों की दो गति और दो आगति कही गई हैं, यथा-

नैरयिक जीवों के बीच उत्पन्न होता हुआ या तो मनुष्यों में से या पंचेन्द्रिय तिर्यंच जीवों में से उत्पन्न होता है।

वही नैरयिक जीव नैरयिकत्व को छोड़ता हुआ मनुष्य अथवा पंचेन्द्रिय तिर्यंच के रूप में उत्पन्न होता है।

इसी तरह असुरकुमार असुरकुमारत्व को छोड़ता हुआ मनुष्य अथवा तिर्यंच के रूप में उत्पन्न होता है।

इसी तरह सब देवों के लिए समझना चाहिए।

पृथ्वीकाय के जीव दो गति और दो आगति वाले कहे गये हैं, यथा-

पृथ्वीकायिक जीव पृथ्वीकाय में उत्पन्न होता हुआ पृथ्वीकाय में या नो-पृथ्वीकाय में उत्पन्न होता है। वह पृथ्वीकायिक जीव पृथ्वीकायिकत्व को छोड़ता हुआ पृथ्वीकाय में अथवा नो-पृथ्वीकाय में उत्पन्न होता है।

इसी प्रकार मनुष्य-पर्यन्त समझना चाहिए। [२]

७९ नैरयिक जीव दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

भवसिद्धिक[1] और अभवसिद्धिक[2]।

इस प्रकार वैमानिक पर्यन्त समझना चाहिए।

नैरयिक जीव दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

अनन्तरोपपन्नक[3] परम्परोपपन्नक[4]।

इसी तरह वैमानिक पर्यन्त समझना चाहिए।

नैरयिक जीव दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

गतिसमापन्नक[5] और अगतिसमापन्नक[6]।

इसी प्रकार वैमानिक पर्यन्त जानना चाहिए।

---

१. भव्य।

२. अभव्य।

३. अन्तर रहित एक साथ उत्पन्न होने वाले।

४. आगे पीछे उत्पन्न होने वाले।

५. नरक में जाते हुए।

६. नरक में स्थित।

नैरयिक जीव दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-
प्रथमसमयोत्पन्न और अप्रथमसमयोत्पन्न ।
इसी प्रकार वैमानिक पर्यन्त जानना चाहिए ।

नैरयिक दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-
आहारक और अनाहारक ।
इस प्रकार वैमानिक पर्यन्त समझ लेना चाहिए ।

नेरयिक दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-
उच्छ्वासक[1] और नोउच्छ्वासक ।[2]
यों वैमानिक पर्यन्त समझना चाहिये ।

नैरयिक दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-
सेन्द्रिय[3] और अनीन्द्रिय[4] ।
यों वैमानिक पर्यन्त जानना चाहिये ।

नैरयिक दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-
पर्याप्त और अपर्याप्त ।
यों वैमानिक पर्यन्त जानना चाहिये ।

नैरयिक दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-
संज्ञी और असंज्ञी ।

---

१ उच्छवास पर्याप्ति से पर्याप्त ।
२ उच्छवास पर्याप्ति पूर्ण न करनेवाले ।
३ इन्द्रियपर्याप्ति से पर्याप्त सेन्द्रिय ।
४ इन्द्रियपर्याप्ति पूर्ण न करनेवाले ।

यों विकलेन्द्रियों (पांच स्थावर और द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय एवं चतुरिन्द्रिय) को छोड़कर जो असंज्ञी अवस्था से नैरयिक आदि के रूप में उत्पन्न होते हैं वे असंज्ञी व्यन्तर तक ही उत्पन्न होते हैं।

"ज्योतिष्क और वैमानिक में नहीं" इस विविक्षा से उनका यहां ग्रहण नहीं करके वानव्यन्तर पर्यन्त कहा गया है। जिसने मन:पर्याप्ति पूर्ण की हो वह संज्ञी और जिसने पूर्ण न की हो वह असंज्ञी वानव्यन्तर पर्यन्त सब पंचेन्द्रियों के विषय में यह जानना चाहिये।

नैरयिक दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

भाषक और अभाषक।

यों एकेन्द्रिय को छोड़कर शेष सब दण्डक में समझ लेना चाहिये।

नैरयिक दो प्रकार के कहे गये है, यथा-

सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टि।

इसी तरह एकेन्द्रिय को छोड़कर शेष सब दण्डक में समझना चाहिये।

नैरयिक दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

परित्तसंसारिक और अनन्तसंसारिक।

यों वैमानिक पर्यन्त समझना चाहिये।

नैरयिक दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

संख्येयकाल की स्थितिवाले.

असंख्येकाल की स्थितिवाले ।

इस प्रकार एकेन्द्रिय और विकलेन्द्रिय को छोड़कर वानव्यन्तर पर्यन्त पंचेन्द्रिय जीव समझने चाहिये[1] ।

नैरयिक दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

सुलभबोधिक और दुर्लभबोधिक ।

यों वैमानिक देव पर्यन्त जानना चाहिये ।

नैरयिक दो प्रकार कहे गये हैं । यथा-

कृष्णपाक्षिक और शुक्लपाक्षिक ।

यों वैमानिक देव पर्यन्त जानना चाहिये ।

नैरयिक दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

चरम[2] और अचरम[3] ।

इस प्रकार वैमानिक देव पर्यन्त जानना चाहिये ।

८० दो प्रकार से आत्मा अधोलोक को जानता और देखता है, यथा-

वैक्रिय-समुद्घातरूप आत्मस्वभाव से 'अवधिज्ञानी' आत्मा अधोलोक को जानता और देखता है और वैक्रिय-समुद्घात किये बिना ही आत्म-स्वभाव से आत्मा अधोलोक

---

१. ज्योतिष्क और वैमानिक असंख्येय काल की स्थिति वाले ही होते हैं । एकेन्द्रिय और विकलेन्द्रिय संख्यात काल की स्थिति वाले ही होते हैं ।

२. उस योनी में अन्तिम जन्म वाले ।

३. उस योनी में पुनः जन्म लेने वाले ।

को जानता और देखता है।[1] (तात्पर्य यह है कि)अवधिज्ञानी वैक्रिय-समुद्घात करके या वैक्रिय-समुद्घात किये बिना ही अधोलोक को जानता है और देखता है।

इसी तरह तिर्यक् लोक को जानता और देखता है।

इसी तरह ऊर्ध्वलोक को जानता और देखता है।

इसी तरह परिपूर्णलोक को जानता और देखता है।

दो प्रकार से आत्मा अधोलोक को जानता और देखता है, यथा-

वैक्रिय शरीर बनाकर आत्मा (अवधिज्ञानी) अधोलोक को जानता और देखता है और वैक्रिय शरीर बनाए बिना भी आत्मा अधोलोक को जानता और देखता है। (तात्पर्य यह है कि) अवधिज्ञानी वैक्रिय शरीर बनाकर अथवा वैक्रिय शरीर बनाए बिना भी अधोलोक को जानता और देखता है।

इसी तरह तिर्यक् लोक आदि आलापक समझने चाहिये।[८]

दो प्रकार से आत्मा शब्द सुनता है। यथा-

देश रूप से आत्मा शब्द सुनता है।[2]

---

१. यह कथन शरीरस्थ आत्मा की अपेक्षा से हैं।

२. केवल कान से हीन हीं अपितु शरीर के किसी एक देश से शब्द सुना जा सकता हैं। यह शक्ति विषेश साधना द्वारा प्राप्त हो सकती है।

और सर्व रूप से भी आत्मा शब्द सुनता है[१]।
इसी तरह रूप देखता है।
इसी तरह गंध सूँघता है।
इसी तरह रसों का आस्वादन करता है
इसी तरह स्पर्श का अनुभव करता है[२]। [५]

दो प्रकार से आत्मा प्रकाश करता है, यथा-
देश रूप से आत्मा प्रकाश करता है,
सर्वरूप से भी आत्मा प्रकाश करता है।
इसी तरह विशेष रूप से प्रकाश करता है।
इसी तरह विशेष रूप से वैक्रिय करता है।
इसी तरह परिचार मैथुन करता है।
इसी तरह विशेष रूप से भाषा बोलता है।
इसी तरह विशेष रूप से आहार करता है।
इसी तरह विशेष रूप से परिणमन करता है।
इसी तरह विशेष रूप से वेदन करता है।
इसी तरह विशेष रूप से निर्जरा करता है।

---

१. केवल कान से ही नहीं अपितु सम्पूर्ण शरीर से भी शब्द सुना जा सकता है। यह शक्ति भी विषेश साधना द्वारा प्राप्त हो सकती है।

२. आधुनिक वैज्ञानिकों ने भी परीक्षण के पश्चात् यह तथ्य स्वीकार कर लिया है।

ये नव सूत्र देश और सर्व दो प्रकार से हैं। [९]

देव दो प्रकार से शब्द सुनता है, यथा-

देव देश से भी शब्द सुनता है और सर्व से भी शब्द सुनता है —यावत्— निर्जरा करता है। [१४]

मरुत देव दो प्रकार के कहे गये हैं,[1] यथा-

एक शरीर वाले[2] और दो शरीर वाले[3]।

इसी तरह किन्नर, किंपुरुष, गंधर्व, नागकुमार, सुवर्णकुमार, अग्निकुमार, वायुकुमार—ये भी एक शरीर और दो शरीर वाले समझने चाहिए।

देव दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

एक शरीर वाले और दो शरीर वाले। [९] [३६]

तृतीय उद्देशक

शब्द दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

भाषा शब्द और नो-भाषा शब्द।[4]

लोकान्तिक देव विषेश।

भवधारणीय शरीर की अपेक्षा।

उत्तर वैक्रिय की अपेक्षा।

अजीव से पैद होने वाला शब्द।

भाषा शब्द दो प्रकार का कहा गया है, यथा-
अक्षर सम्बद्ध और नो-अक्षर सम्बद्ध ।

नो भाषा शब्द दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-
आतोद्य[1] और नो-आतोद्य[2] ।

आतोद्य शब्द दो प्रकार का कहा गया है, यथा-
तत[3] और वितत[4]

तत शब्द दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-
घन[5] और शुषिर[6] ।

इसी तरह वितत शब्द भी दो प्रकार का जानना चाहिये ।

नो आतोद्य शब्द दो प्रकार के कहे गये है । यथा-
भूषण शब्द और नो-भूषण शब्द ।

नो-भूषण शब्द दो प्रकार का कहा गया है, यथा-
ताल शब्द और कंसिका (वाद्य-विशेष का) शब्द अथवा लात-प्रहार का शब्द ।]८]

शब्द की उत्पत्ति दो प्रकार से होती है, यथा-

---

१. ढोल आदि के शब्द ।
२. बांस आदि के फटने से होने वाला शब्द ।
३. तारबद्ध वीणा आदि से होने वाला शब्द ।
४. नगारा आदि के शब्द ।
५. ताल देने वाले वाद्य का शब्द ।
६. मुंह से फूंक देकर बजाये जानेवाले वाद्यका शब्द ।

पुद्गलों के परस्पर मिलने से शब्द की उत्पत्ति होती है,

पुद्गलों के भेद से शब्द की उत्पत्ति होती है, [१] [६]

८२ दो प्रकार से पुद्गल परस्पर सम्बद्ध होते हैं, यथा-

स्वयं (स्वभाव से) ही पुद्गल इकट्ठे हो जाते हैं,

अथवा अन्य के द्वारा पुद्गल इकट्ठे किये जाते हैं।

दो प्रकार से पुद्गल भिन्न भिन्न होते हैं, यथा-

स्वयं ही पुद्गल भिन्न होते हैं।

अथवा अन्य के द्वारा पुद्गल भिन्न किये जाते हैं।

दो प्रकार से पुद्गल सड़ते हैं, यथा-

स्वयं ही पुद्गल सडते हैं,

अथवा अन्य के द्वारा सडाये जाते हैं।

इसी तरह पुद्गल ऊपर गिरते हैं और

इसी तरह पुद्गल नष्ट होते हैं।

पुद्गल दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

भिन्न और अभिन्न।

पुद्गल दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

नष्ट होनेवाले और नहीं नष्ट होने वाले।

पुद्गल दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

परमाणु पुद्गल और परमाणु से भिन्न स्कन्ध आदि।

पुद्गल दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

सूक्ष्म और बादर।

पुद्गल दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

बद्धपार्श्व स्पृष्ट[1] और नो बद्धपार्श्व स्पृष्ट[2]।

पुद्गल दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

पर्यायातीत (विवक्षित पर्याय से अतीत)

अपर्यायातीत।

अथवा कर्म पुद्गल की तरह समस्त रूप से गृहीत और असमस्त रूप से गृहीत।

पुद्गल दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

जीव द्वारा गृहीत और अगृहीत।

पुद्गल दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

इष्ट और अनिष्ट।

पुद्गल दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

कान्त और अकान्त।

पुद्गल दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

प्रिय और अप्रिय।

पुद्गल दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

मनोज्ञ और अमनोज्ञ।

पुद्गल दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

मनाम (मनः प्रिय) और अमनाम। [१८]

---

१. त्वचा से स्पृष्ट और सम्बद्ध जैसे घ्राणेन्द्रियादि ग्राह्य गंध, रस और स्पर्श

२. त्वचा से स्पृष्ट हो किन्तु बद्ध न हो जैसे श्रोत्रेन्द्रि द्वारा ग्राह्य पुद्गल।

८३ शब्द दो प्रकार के कहे गये है, यथा-
गृहीत और अगृहीत।
इसी तरह इष्ट और अनिष्ट —यावत्— मनाम और अमनाम, शब्द जानने चाहिए ।
इसी तरह रूप, गंध, रस और स्पर्श-प्रत्येक में छ छआलापक जानने चाहिये । [६] [३०]

८४ आचार दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-
ज्ञानाचार और नो-ज्ञानाचार ।
नो ज्ञानाचार दो प्रकार का कहा गया है, यथा-
दर्शनाचार और नो-दर्शनाचार।
नो-दर्शनाचार दो प्रकार का कहा गया है, यथा-
चारित्राचार और नो चारित्राचार ।
नो चारित्राचार दो प्रकार का कहा गया है, यथा-
तपाचार और वीर्याचार, । [४]
प्रतिमाएं (प्रतिज्ञाएं) दो कही गई हैं, यथा-
समाधि प्रतिमा और उपधान प्रतिमा,
प्रतिमाएं दो कहीं गई हैं, यथा-
विवेक प्रतिमा और व्युत्सर्ग प्रतिमा ।
प्रतिमाएं दो कही गई हैं, यथा-
भद्रा और सुभद्रा ।
प्रतिमाएं दो कही गई हैं, यथा-
महाभद्र और सर्वतोभद्र ।
प्रतिमाएं दो कही गई हैं, यथा-

लघुमोकप्रतिमा और महती मोकप्रतिमा ।

प्रतिमाएं दो कही गई हैं, यथा-

यवमध्यचन्द्र प्रतिमा[1] और वज्रमध्यचन्द्र प्रतिमा[2]

सामायिक दो प्रकार की कही गई हैं, यथा-

आगार (देश विरति) सामायिक ।

अनगार (सर्वविरति) सामायिक ।[1] ११

---

१ 'जौ' के समान मध्यभाग वाली तथा चन्द्रमा के समान न्यूनाधिक होनेवाली प्रतिमा अर्थात् शुक्लपक्ष के प्रथम दिन एक कवल (कौर) आहार करे, दूसरे दिन दो कवल इस तरह पूर्णिमा के दिन पन्द्रह कवल आहार करे । इसके बाद कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा के दिन १५ कवल, द्वितीया के दिन १४ कवल इस तरह प्रतिदिन-एक एक कम करते हुए अमावस्या के दिन एक कवल आहार करे । इस प्रकारकी तपश्चर्या को यवमध्यचन्द प्रतिमा कहते हैं ।

२ कृष्णपक्ष की प्रतिपदा को १५ कवल आहार करे तत्पश्चात् प्रति-दिन एक-एक कवल कम करते हुए अमावस्या के दिन एक कवल आहार करे और शुक्लपक्ष को एकम के दिन एक कवल अहार करे और प्रतिदिन एक-एक बढ़ाते पूर्णिमा के दिन १५ कवल आहार करे ।

शुक्लपक्ष को एकम के दिन एक कवल आहार करे और प्रतिदिन एक-एक बढाते-बढ़ाते पूर्णिमा को १५ कवल आहार करे । इस प्रकार के तप को वज्रमध्यचन्द प्रतिमा कहते हैं ।

८५ दो प्रकार के जीवों का जन्म उपपात कहलाता है, यथा-
देवों और नैरयिकों का।]१]
दो प्रकार के जीवों का मरना उद्वर्तन कहलाता है, यथा-
नैरयिकों का और भवनवासी देवों का।
दो प्रकार के जीवों का मरना च्यवन कहलाता है, यथा-
ज्योतिष्कों का और वैमानिकों का ।]२]
दो प्रकार के जीवों की गर्भ में उत्पत्ति होती है, यथा-
मनुष्यों की और पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनिकों की।
दो प्रकार के जीव गर्भ में रहे हुए आहार करते हैं, यथा-
मनुष्य और तिर्यंच पंचेन्द्रिय।
दो प्रकार के जीव गर्भ में वृद्धि पाते हैं, यथा-
मनुष्य और पंचेन्द्रिय तिर्यंच।

इसी प्रकार दो प्रकार के जीव गर्भ में अपचय पाते हैं।
इसी प्रकार दो प्रकार के जीव गर्भ में विकुर्वणा करते हैं।
इसी प्रकार दो प्रकार के जीव गर्भ में गति-पर्याय पाते हैं।
इसी प्रकार दो प्रकार के जीव गर्भ में समुद्घात करते हैं।
इसी प्रकार दो प्रकार के जीव गर्भ में कालसंयोग करते हैं।
इसी प्रकार दो प्रकार के जीव गर्भ से आयाति जन्म पाते हैं।
इसी प्रकार दो प्रकार के जीव गर्भ में मरण पाते हैं। [१०[
दो प्रकार के जीवों का शरीर त्वचा और सन्धि बन्धन वाला कहा गया है, यथा-
मनुष्यों का और तिर्यन्च पंचेन्द्रिय का। [१]

दो प्रकार के जीव शुक्र (वीर्य) और शोणित (रक्त) से उत्पन्न होते हैं, यथा-

मनुष्य और तिर्यंच पंचेन्द्रिय। [१]

स्थिति दो प्रकार की कही गई है, यथा-

कायस्थिति और भवस्थिति।

दो प्रकार के जीवों की कायस्थिति कही गई है, यथा-

मनुष्यों की और पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिकों की[1]।

दो प्रकार के जीवों की भवस्थिति कही गई है, यथा-

देवों की और नैरयिकों की। [२]

आयु दो प्रकार की कही गई है, यथा-

अद्धायु (भव बदलने पर भी कालान्तरानुगामी जैसे मनुष्यायु) और भवायु (भव बदलने पर बदलनेवाली)

दो प्रकार के जीवों की अद्धायु कही गई है, यथा-

मनुष्यों की और पंचेन्द्रिय तिर्यग्योनिकों की।

दो प्रकार के जीवों की भवायु कही गई है, यथा-

देवों की और नैरयिकों की।]३]

कर्म दो प्रकार के कहे गये है, यथा-

प्रदेश कर्म और अनुभाव कर्म। [१]

---

१ एकेन्द्रियादि की भी होती हैं लेकिन यहां दो की ही विवक्षा है।

२ बीच में टूट सकने वाली

दो प्रकार के जीव यथावद्ध आयुष्य पूर्ण करते हैं, यथा-

देव और नैरयिक । [१]

दो प्रकार के जीवों की आयु सोपक्रमवाली कही है, यथा-

मनुष्यों की और पंचेन्द्रिय तिर्यक्योनिकों की । [१] [२८]

८६ जम्बूद्वीप में मेरु पर्वत के उत्तर और दक्षिण में अत्यन्त तुल्य, विशेपता रहित, विविधता रहित, लम्बाई-चौड़ाई आकार एवं परिधि में एक दूसरे का अतिक्रम नहीं करनेवाले दो वर्प-क्षेत्र कहे गये हैं, यथा-

भरत और ऐरवत ।

इसी तरह हैमवत और हिरण्यवत, हरिवर्ष और रम्यक्वर्ष जानने चाहिए ।

इस जम्बूद्वीपवर्ती मेरु पर्वत के पूर्व और पश्चिम दिशा में दो क्षेत्र कहे गये हैं जो अत्यन्त समान-विशेषता रहित हैं, यथा-

पूर्व विदेह और अपर विदेह,

जम्बूद्वीपवर्ती मेरु पर्वत के उत्तर और दक्षिण में दो कुरु (क्षेत्र) कहे गये हैं जो परस्पर अत्यन्त समान हैं, यथा-

देवकुरु और उत्तरकुरु । [५]

वहां दो विशाल महावृक्ष हैं जो परस्पर सर्वथा तुल्य, विशेषता रहित, विविधता रहित, लम्बाई, चौड़ाई, ऊँचाई, गहराई, आकृति और परिधि में एक दूसरे का अतिक्रम नहीं करते हैं, यथा-

कूट शालमली और जंवू सुदर्शना । [१]

वहां महाऋद्धि वाले-यावत्-महान् सुख वाले और पल्योपम की स्थिति वाले दो देव रहते हैं, यथा-

वेणुदेव गरुड़ और अनाढ़िय।

ये दोनों जम्बूद्वीप के अधिपति हैं। [१] [७]

८७ जम्बूद्वीप में मेरु पर्वत के उत्तर और दक्षिण में दो वर्षधर पर्वत कहे गये हैं, परस्पर सर्वथा समान, विशेषता रहित, विविधता रहित, लम्बई-चौड़ाई, ऊँचाई, गहराई, संस्थान और परिधि में एक दूसरे का अतिक्रम नहीं करते हैं, यथा-

लघु हिमवान् और शिखरी।

इसी प्रकार महाहिमवान् और रूक्मि।

निषध और नीलवान् पर्वतों के सम्बन्ध में जानना चाहिये। [३]

जम्बूद्वीपवर्ती मेरु पर्वत के उत्तर और दक्षिण में हैमवत और एरण्यवत क्षेत्र में दो गोल वैताढ्य पर्वत हैं जो अति समान, विशेषता और विविधता रहित —यावत्— उनके नाम, यथा-

शब्दापाती और विकटपाती। [१]

वहां महा ऋद्धि वाले —यावत्— पल्योपम की स्थिति वाले दो देव रहते हैं, यथा-

स्वाति और प्रभास। [१]

जम्बूद्वीपवर्ती मेरु पर्वत के उत्तर और दक्षिण में हरिवर्ष और रम्यक्वर्ष में दो गोल वैताढ्य पर्वत हैं जो अति-समान हैं —यावत्— जिनके नाम, यथा-

गन्धापाती और माल्यवंत पर्याय। [१]

वहां महाऋद्धि वाले —यावत् पल्योपम की स्थिति वाले दो देव रहते हैं, यथा-

अरुण और पद्म। [१]

जम्बूद्वीपवर्ती मेरु पर्वत के दक्षिण में और देवकुरु के पूर्व और पश्चिम में अश्वस्कन्ध के समान अर्धचन्द्र की आकृति वाले दो वक्षस्कार पर्वत हैं जो परस्पर अति समान हैं —यावत्— उनके नाम।

सौमनस और विद्युत्प्रभ।

जम्बूद्वीपवर्त्ती मेरु पर्वत के उत्तर में तथा कुरु के पूर्व और पश्चिम भाग में अश्व स्कन्ध के समान, अर्धचन्द्र की आकृति वाले दो वक्षस्कार पर्वत हैं जो परस्पर अतिसमान हैं —यावत्–उनके नाम।

गन्धमादन और माल्यवान।

जम्बूद्वीपवर्त्ती मेरु पर्वत के उत्तर और दक्षिण में दो दो दीर्घ वेताढ्य पर्वत कहे गये हैं जो अतितुल्य हैं —यावत्— उनके नाम, यथा-

भरत दीर्घ वैताढ्य और ऐरवत दीर्घ वैताढ्य। [२]

उस भरत दीर्घ वैताढ्य में दो गुफाएं कही गई हैं जो अति तुल्य, अविशेष, विविधता रहित और एक दूसरी की लम्बाई, चौड़ाई, ऊंचाई, संस्थान और परिधि में अतिक्रम न करनेवाली हैं, उनके नाम।

तिमिस्र गुफा और खण्ड-प्रपात गुफा । [१]
वहां महर्धिक —यावत्— पल्योपम की स्थिति वाले दो देव रहते हैं, उनके नाम ।

कृतमालक और नृत्यमालक । [१]
ऐरवत-दीर्घ वैताढ्य में दो गुफाएं हैं जो अतिसमान हैं —यावत्— वहाँ कृतमालक और नृत्यमालक देव रहते हैं । [१]
जम्बूद्वीपवर्ती मेरु पर्वत के दक्षिण में लघुहिमवान् वर्षधर पर्वत पर दो कूट कहे गये हैं जो परस्पर अति तुल्य- —यावत्—लम्बाई-चौड़ाई, ऊंचाई संस्थान और परिधि में एक दूसरे का अतिक्रमण नहीं करने वाले हैं, उनके नाम-यथा-

लघुहिमवान्कूट और वैश्रमणकूट ।
जम्बूद्वीपवर्ती मेरु पर्वत के दक्षिण में महाहिमवान् वर्षधर पर्वत पर दो कूट कहे गये हैं जो परस्पर अति तुल्य हैं उनके नाम-

महाहिमवन्कूट और वैडूर्यकूट ।
इसी तरह निषध वर्षधर पर्वत पर दो कूट कहे गये हैं जो अति तुल्य हैं —यावत्— उनके नाम ।

निषधकूट और रुचकप्रभकूट ।
जम्बूद्वीपवर्ती मेरु पर्वत के उत्तर में नीलवान वर्षधर पर्वत पर दो कूट हैं जो अति तुल्य हैं —यावत्— उनके नाम ।

नीलवंतकूट और उपदर्शनकूट ।
इसी तरह रूक्मिकूट वर्षधर पर्वत पर दो कूट हैं जो अति-

तुल्य हैं —यावत्— उनके नाम ।

रूक्मिकूट और मणिकांचनकूट ।

इसी तरह शिखरी वर्षधर पर्वत पर दो कूट हैं जो अति तुल्य हैं —यावत्— उनके नाम, यथा-

शिखरीकूट और तिगिच्छकूट । [६-१९]

जम्बूद्वीपवर्त्ती मेरु पर्वत के उत्तर और दक्षिण में लघुहिमवान् और शिखरी वर्षधर पर्वतों में दो महान् द्रह हैं जो अति-सम, तुल्य, अविशेष, विचित्रतारहित और लम्बाई-चौड़ाई गहराई, संस्थान एवं परिधि में एक दूसरे का अतिक्रमण नहीं करने वाले हैं, उनके नाम ।

पद्म द्रह और पुण्डरीक द्रह । [१]

वहाँ महाऋद्धि वाली —यावत्— पल्योपम की स्थिति वाली दो देवियां रहती हैं, उनके नाम ।

श्री देवी और लक्ष्मी देवी । [१]

इसी तरह महाहिमवान् और रुक्मि वर्षधर पर्वतों पर दो महाद्रह हैं जो अतिसमान हैं —यावत्— उनके नाम,

महापद्म द्रह और महापुण्डरिक द्रह । [१]

देवियों के नाम ।

ह्री देवी और बुद्धि देवी । [१]

इसी तरह निषध और नीलवान पर्वतों में-

तिगिच्छ द्रह और केसरी द्रह । [१]

देवियाँ 'धृति' और कीर्ति । [१]

जम्बूद्वीपवर्ती मेरु पर्वत के दक्षिण में महाहिमवान् वर्षधर पर्वत के महापद्म द्रह में से दो महानदियां प्रवाहित होतीं हैं, उनके नाम ।

रोहिता और हरिकान्ता ।

इसी तरह निषध वर्षधर पर्वत के तिगिच्छ द्रह में से दो महानदियाँ प्रवाहित होती हैं, उनके नाम ।

हरिता और शीतोदा ।

जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के उत्तर में नीलवान् वर्षधर पर्वत के केसरी द्रह में से दो महानदियां प्रवाहित होती हैं, उनके नाम ।

शीता और नारीकान्ता ।

इसी तरह रुक्मि वर्षधर पर्वत के महापुण्डरीक द्रह में से दो महानदियाँ प्रवाहित होतीं हैं, उनके नाम ।

नरकान्ता और रूप्यकूला । [४]

जम्बूद्वीपवर्ती मेरु पर्वत के दक्षिण भरत क्षेत्र में दो प्रपात द्रह हैं जो अतिसमान हैं —यावत्— उनके नाम ।

गंगाप्रपात द्रह और सिन्धुप्रपात द्रह ।

इसी तरह हैमवतवर्ष में दो प्रपात द्रह है जो बहुसमान हैं —यावत्— उनके नाम ।

रोहित-प्रपात द्रह और रोहितांश-प्रपात द्रह ।

जम्बूद्वीपवर्ती मेरु पर्वत के दक्षिण में हरिवर्ष क्षेत्र में दो प्रपात द्रह हैं जो अति समान हैं —यावत्— उनके नाम।

हरि प्रपात द्रह और हरिकान्त प्रपात द्रह।

जम्बूद्वीपवर्ती मेरु पर्वत के उत्तर और दक्षिण में महाविदेह वर्ष में दो प्रपात द्रह हैं जो अतिसमान हैं —यावत्— उनके नाम।

शीता प्रपात द्रह और शीतोदा प्रपात द्रह।

जम्बूद्वीपवर्ती मेरु पर्वत के उत्तर में रम्यक् वर्ष में दो प्रपात द्रह हैं जो बहुसमान है —यावत्— उनके नाम।

नरकान्त प्रपात द्रह और नारीकान्त प्रपात द्रह।

इसी तरह हेरण्यवत में दो प्रपात द्रह हैं उनके नाम।

सुवर्णकूल प्रपात द्रह और रुप्यकूल प्रपात द्रह।

जम्बूद्वीपवर्ती मेरु पर्वत के उतर में ऐरवत वर्ष में दो प्रपात द्रह हैं और अतिसमान हैं —यावत्— उनके नाम

रक्त प्रपात द्रह और रक्तावती प्रपात द्रह। [७]

जम्बूद्वीपवर्ती मेरु पर्वत के दक्षिण में भरत वर्ष में दो महानदियाँ हैं जो अतिसमान हैं। —यावत्— उनके नाम।

गंगा और सिन्धु।

इसी तरह जितने प्रपात द्रह कहे गये हैं उतनी नदियां भी समझ लेनी चाहिए —यावत्—

ऐरवत वर्ष में दो महानदियाँ हैं जो अतिसमान तुल्य हैं

—यावत्— उनके नाम।

रक्ता और रक्तवती [१४] [३१]

८९ जम्बूद्वीपवर्ती भरत और ऐरवत क्षेत्र में अतीत उत्सर्पिणी के सुषम दुःषम नामक आरे का काल दो क्रोड़ा क्रोड़ी सागरोपम का था।

इसी तरह इस अवसर्पिणी के लिए भी समझना चाहिए।

इसी तरह आगामी उत्सर्पिणी के —यावत्— सुषमदुषम आरे का काल दो क्रोड़ा क्रोड़ी सागरोपम होगा। [२]

जम्बूद्वीपवर्ती भरत-ऐरवत क्षेत्र में गत उत्सर्पिणी के सुषम नामक आरे में मनुष्य दो कोस की ऊंचाई वाले थे। [१] तथा दो पल्योपम की आयु वाले थे। [१]

इसी तरह इस अवसर्पिणी में —यावत्— आयुष्य था। [२]

इसी तरह आगामी उत्सर्पिणी में —यावत्— आयुष्य होगा। [२]

जम्बूद्वीप में भरत और ऐरवत क्षेत्र में एक समय में एक युग में दो अर्हत् वंश उत्पन्न हुये, उत्पन्न होते हैं और उत्पन्न होंगे।

इसी तरह चक्रवर्ती वंश,

इसी तरह दशार वंश। [३]

जम्बूद्वीपवर्ती भरत ऐरवत क्षेत्र में एक समय में दो अर्हन् उत्पन्न हुए, उत्पन्न होते हैं और उत्पन्न होंगे।

इसी तरह दशार और चक्रवर्ती।

इसी तरह बलदेव और वासुदेव दशार वंशी —यावत्

उत्पन्न हुए, उत्पन्न होते हैं और उत्पन्न होंगे। [३]
जम्बूद्वीपवर्ती दोनों कुरु क्षेत्र में मनुष्य सदा सुषम-सुषम काल की उत्तम ऋद्धि को प्राप्त कर उनका अनुभव करते हुए रहते हैं, यथा-

देवकुरु और उत्तरकुरु।

जम्बूद्वीपवर्ती दो क्षेत्रों में मनुष्य सदा सुषम काल की उत्तम ऋद्धि को प्राप्त करके उसका अनुभव करते हुए रहते हैं, यथा-

हरिवर्ष और रम्यक्वर्ष।

जम्बूद्वीपवर्ती दो क्षेत्रों में मनुष्य सदा सुषम दुःषम की उत्तम ऋद्धि को प्राप्त करके उसका अनुभव करते हुए विचरते हैं, यथा-

हेमवत और हिरण्यवत।

जम्बूद्वीपवर्ती दो क्षेत्रों में मनुष्य सदा दुःषम सुषम की उत्तम ऋद्धि को प्राप्त करके उसका अनुभव करते हुए रहते हैं, यथा-

पूर्व-विदेह और अपर-विदेह।

जम्बूद्वीपवर्ती दो क्षेत्रों में मनुष्य छः प्रकार के काल का अनुभव करते हुए रहते हैं। यथा-

भरत और ऐरवत। [५-१७]

१० जम्बूद्वीप में दो चन्द्रमा प्रकाशित होते थे, होते हैं और होते रहेंगे।

दो सूर्य तपते थे, तपते हैं और तपते रहेंगे।

दो कृत्तिका, दो रोहिणी, दो मृगशिर, दो आर्द्रा इस प्रकार निम्न गाथाओं के अनुसार सब दो दो जान लेने चाहिए।

अट्ठाइस नक्षत्र

१. दो कृत्तिका,
२. दो रोहिणी,
३. दो मृगशिर,
४. दो आर्द्रा,
५. दो पुनर्वसु,
६. दो पुष्य,
७. दो अश्लेषा,
८. दो मघा,
९. दो पूर्वाफाल्गुनी,
१०. दो उत्तराफाल्गुनी,
११. दो हस्त,
१२. दो चित्रा,
१३. दो स्वाती,
१४. दो विशाखा,
१५. दो अनुराधा,
१६. दो ज्येष्ठा,
१७. दो मूल,
१८. दो पूर्वाषाढा,
१९. दो उत्तराषाढा,
२०. दो अभिजित्,
२१. दो श्रवण,
२२. दो धनिष्ठा,
२३. दो शतभिशा,
२४. दो पूर्वा भाद्रापदा,
२५. दो उत्तारा भाद्रपदा,
२६. दो रेवती,
२७. दो अश्विनी,
२८. दो भरणी,

अट्ठाइस नक्षत्रों के देवता

१ दो अग्नि,
२ दो प्रजापति,

३ दो सोम,
४ दो रुद्र,
५ दो अदिति,
६ दो वृहस्पति,
७ दो सर्प,
८ दो पितृ,
९ दो भग,
१० दो अर्यमन्,
११ दो सविता,
१२ दो त्वष्टा,
१३ दो वायु,
१४ दो इन्द्राग्नि,
१५ दो मित्र,
१६ दो इन्द्र,
१७ दो निर्ऋति,
१८ दो आप,
१९ दो विश्व,
२० दो ब्रह्मा,
२१ दो विष्णु,
२२ दो वसु,
२३ दो वरुण,
२४ दो अज,
२५ दो विवृद्धि,
२६ दो पूपन्,
२७ दो अश्विन्,
२८ दो यम.

अठासी ग्रह

१. दो अंगारक,
२. दो विकालक,
३. दो लोहिताक्ष,
४. दो शनैश्चर,
५. दो आधुनिक,
६. दो प्राधुनिक,
७. दो कण,
८. दो कनक,
९. दो कनकनक
१०. दो कनकवितानक,
११. दो कनकसंतानक,
१२. दो सोम
१३. दो सहित
१४. दो आससन,
१५. दो कार्योपग,
१६. दो कर्वटक,

१७. दो अजकरक, १८. दो दुंदुभग,
१९. दो शंख, २०. दो शंखवर्ण,
२१. दो शंखवर्णाभ, २२. दो कंस
२३. दो कंसवर्ण, २४. दो कंसवर्णाभ,
२५. दो रुक्मी, २६. दो रुक्मीभास
२७. दो नील, २८. दो नीलाभास,
२९. दो भास, ३०. दो भासराशि,
३१. दो तिल, ३२. दो तिल-पुष्पवर्ण,
३३. दो उदक, ३४. दो उदकपंचवर्ण,
३५. दो काक, ३६. दो काकान्ध,
३७. दो इन्द्रग्रीव, ३८. दो धूमकेतु,
३९. दो हरि, ४०. दो पिंगल,
४१. दो बुध, ४२. दो शुक्र,
४३. दो बृहस्पति, ४४. दो राहु,
४५. दो अगस्ति, ४६. दो माणवक
४७. दो कास, ४८. दो स्पर्श,
४९. दो धुरा, ५०. दो प्रमुख,
५१. दो विकट, ५२. दो विसंधि,
५३. दो नियल्ल, ५४. दो पदिक,
५५. दो जटिकादिलक, ५६. दो अरुण,
५७. दो अग्गिल, ५८. दो काल
५९. दो महाकाल, ६०. दो स्वस्तिक,
६१. दो सौवस्तिक, ६२. दो वर्धमानक,

६३. दो पूषमानक
६४. दो अंकुश)[१]
६५. दो प्रलंब,
६६. दो नित्यालोक,
६७. दो नित्योद्योत,
६८. दो स्वयंप्रभ,
६९. दो अवभाष,
७०. दो श्रेयंकर,
७१. दो क्षेमंकर,
७२. दो आभंकर,
७३. दो प्रभंकर,
७४. दो अपराजित,
७५. दो अरत,
७६. दो अशोक
७७. दो विगतशोक,
७८. दो विमल,
७९. दो व्यक्त,
८०. दो वितथ्य,
८१. दो विशाल,
८२. दो शाल,
८३. दो सुव्रत,
८४. दो अनिवर्त,
८५. दो एकजटी,
८६. दो द्विजटी,
८७. दो करकरिक,
८८. दो राजार्गल,
८९. दो पुष्पकेतु और
९०. दो भावकेतु । [१४८

९१ जम्बुद्वीप की वेदिका दो कोस ऊंची कही गई है । [१]

लवण समुद्र चक्रवाल विष्कंभ से दो लाख योजन का कहा गया है । [१]

लवण समुद्र की वेदिका दो कोस की ऊंची कही गई है । [१] [३]

९२ पूर्वार्ध धातकीखंडवर्ती मेरु पर्वत के उत्तर और दक्षिण में दो क्षेत्र कहे गये हैं जो अति समान हैं—यावत्—उनके नाम-

भरत और ऐरवत ।

पहले जम्बूद्वीप के अधिकार में कहा वैसे यहाँ भी कहना

चाहिए —यावत्— दो क्षेत्र में मनुष्य छः प्रकार के काल का अनुभव करते हुए रहते हैं, उनके नाम-

भरत और ऐरवत । [५७]

विशेषता यह है कि वहाँ कूटशाल्मली और धातकी वृक्ष हैं ।

देवता गरुड़ (वेणुदेव) और सुदर्शन ।

धातकी खंड के पश्चिमार्ध में और मेरु पर्वत के उत्तर-दक्षिण में दो क्षेत्र कहे गये हैं जो परस्पर अति तुल्य हैं-यावत्-उनके नाम-

भरत और ऐरवत

—यावत्— दो क्षेत्रों में मनुष्य छः प्रकार के काल का अनुभव करते हुए रहते हैं, यथा-

भरत और ऐरवत । [५७]

विशेषता यह है कि यहाँ कूटशाल्मली और महाधातकी वृक्ष हैं और देव गरुड वेणुदेव तथा प्रियदर्शन हैं ।

धातकी खण्ड द्वीप की वेदिका दो कोस की ऊंचाई वाली कही गई है । [१]

धातकीखंड द्वीप में

क्षेत्र

१. दो भरत, २. दो ऐरवत, ३. दो हिमवंत,
४. दो हिरण्यवंत, ५. दो हरिवर्ष, ६. दो रम्यक्वर्ष,
७. दो पूर्व विदेह, ८. दो अपर विदेह, ९. दो देव कुरु ।

वृक्ष

१०. दो देवकुरु महावृक्ष, (कूटशाल्मली)

वृक्षवासी देव

११. दो देवकुरु महावृक्षवासी देव, (गरुड़देव)

क्षेत्र

१२. दो उत्तरकुरु,

वृक्ष

१३. दो उत्तरकुरु महावृक्ष,

वृक्षवासी देव

१४. दो उत्तरकुरु महावृक्षवासी देव,

वर्षधर पर्वत

१५. दो लघु हिमवंत,
१६. दो महा हिमवंत,
१७. दो निषध,
१८. दो नीलवंत,
१९. दो रुक्मी,
२०. दो शिखरी,

वृत्तवैताढ्य पर्वत

२१. दो शब्दापाती (हिमवंत स्थित वृत्तवैताढ्य पर्वत)

पर्वतवासी देव

२२. दो शब्दापाती वासी "स्वातीदेव"

वृत्तवैताढ्य पर्वत

२३. दो विकटापाती (हिरण्यवंत स्थित वृत्तवैताढ्य)

पर्वतवासी देव

२४. दो विकटापाती वासी "प्रभासदेव"

वृत्तवैताढ्य पर्वत

२५ दो गंधापाती (हरिवर्ष स्थित वृत्त वैताढ्य पर्वत)

पर्वतवासी देव

२६ दो गंधापाती वासी "अरुण देव"

वृत्तवैताढ्य पर्वत

२७ दो माल्यवान पर्वत (रम्यग्वर्ष स्थित वृत्तावैताढ्य पर्वत)

पर्वतवासी देव

२८ दो माल्यवान वासी "पद्मदेव",

वक्षस्कार पर्वत

२९ दो माल्यवान (उत्तार कुरु के पूर्व पार्श्व में स्थित वक्ष स्कार गजदंत गिरि)।

३० दो चित्रकूट (शीता नदी के उत्तार तट पर स्थित वक्ष स्कार पर्वत)।

३१ दो पद्मकूट (,, ,,)

३२ दो नलिनीकूट (,, ,,)

३३ दो एकशैल (,, ,,)

३४ दो त्रिकूट (शीतानदी के दक्षिण तट पर स्थित वक्षस्कार पर्वत)

३५ दो वैश्रमण कूट (,, ,,)

३६ दो अंजन कूट (,, ,,)
३७ दो मातंजनकूट (,, ,,)
३८ दो सौमनस (देवकुरु के पूर्व पार्वश में स्थित वक्षस्कार गजदंत गिरि)
३९ दो विद्युत्प्रभ (देवकुरु के पश्चिम पार्श्व में स्थित ,,)
४० दो अंकापाती कूट (शीतोदानदी के दक्षिण तट पर स्थित वक्षस्कार)
४१ दो पक्ष्मापाती कूट (,, ,,)
४२ दो आशीविष कूट (,, ,,)
४३ दो सुखावह कूट (,, ,,)
४४ दो चद्र पर्वत (शीतोदानदी के उत्तार तट पर स्थित वक्षस्कार)
४५ दो सूर्य पर्वत (,, ,,)
४६ दो नाग पर्वत (,, ,,)
४७ दो देव पर्वत (,, ,,)
४८ दो गंधमादन (उत्तार कुरु के पश्चिम पार्श्व में स्थित वक्षस्कार)
४९ दो इषुकार पर्वत[1] (धातकी खंड को पूर्वाध और पश्चिमार्ध में विभक्त करने वाला)

---

१. धातकी खंड के मुख्य दो विभाग हैं—पूवार्ध और पश्चिमार्व। उसे दो भागों में विभक्त करने वाले दो इषुकार पर्वत हैं।

वर्षधर पर्वत कूट

५० दो लघु हिमवान कूट (हिमवान वर्षधर पर्वत का कूट)
५१ दो वैश्रमणकूट (,, ,,)
५२ दो महाहिमवान कूट (महाहिमवान वर्षधर पर्वत का कूट)
५३ दो वैडूर्य कूट (,, ,,)
५४ दो निषध कूट (निषध वर्षधर पर्वत का कूट)
५५ दो रुचककूट (,, ,,)
५६ दो नीलवंत कूट (नीलवंत वर्षधर पर्वत का कूट)
५७ दो उपदर्शन कूट (,, ,,)

एक उत्तर में और एक दक्षिण में ।

उत्तर का "इषुकार पर्वत" लवण समुद्र की जगती (प्राकार) में उत्तर दिशा में रहे हुए "अपराजित द्वार" से लकर धातकी खंड की जगती के उत्तर दिशा में रहे हुए "अपराजित द्वार" पर्यन्त लम्बा है। इसलिये वह चार लाख योजन (उत्तर-दक्षिण में) लम्बा फैला हुआ है ।

दक्षिण का "इषुकार पर्वत" लवण समुद्र की जगती में दक्षिण दिशा में रहे हुए, "वैजयंत द्वार" से लेकर धातकी खंड की जगती में दक्षिण दिशा में रहे हुए "वैजयंत द्वार पर्यन्त लम्बा है । इसकी लम्बाई भी चार लाख योजन की है । इस प्रकार इन दो इषुकार पर्वतों से धातकी खंड के पूर्वार्ध और पश्चिमार्ध ये दो विभाग हैं ।

५८ दो रुक्मीकूट (रुक्मी वर्षधर पर्वत का कूट)
५९ दो मणिकंचन कूट („ „)
६० दो शिखरीकूट (शिखरी वर्षधर पर्वत का कूट „)
६१ दो तिगिच्छकूट („ „)

पर्वत-ह्लद

६२ दो पद्मह्लद (हिमवान वर्षधर पर्वत पर)

ह्लदवासी देवी

६३ दो पद्म ह्लदवासी "श्री देवी,"

पर्वत-ह्लद

६४ दो महापद्म ह्लद (महाहिमवान वर्षधर पर्वत पर)

ह्लदवासी देवी

६५ दो महापद्म ह्लदवासी "ह्री देवी",

पर्वत-ह्लद

६६ दो पौंडरीक ह्लद (शिखरी वर्षधर पर्वत पर)

ह्लदवासी देवी

६७ दो पौंडरीक ह्लदवासी "लक्ष्मी देवी",

पर्वत-ह्लद

६८ दो महा पौंडरीक ह्लद (रुक्मी वर्षधर पर्वत पर)

ह्लदवासी देवी

६९ दो महा पौंडरीक ह्लदवासी "बुद्धिदेवी"

पर्वत-ह्रद

७० दो तिगिच्छ ह्रद (निषध वर्षधर पर्वत पर)

ह्रदवासी देवी

७१ दो तिगिच्छ ह्रदवासी "धृतिदेवी",

पर्वत-ह्रद

७२ दो केसरी ह्रद (नीलवंत वर्षधर पर्वत पर)

ह्रदवासी देवी

७३ दो केसरी ह्रदवासी "कीर्तिदेवी",

क्षेत्र-ह्रद

७४ दो गंगा प्रपात ह्रद (भरत क्षेत्र में)
७५ दो सिंधु प्रपात ह्रद (,,)
७६ दो रोहिता प्रपात ह्रद (हिमवंत क्षेत्र में)
७७ दो रोहितांश प्रपात ह्रद (,,)
७८ दो हरि प्रपात ह्रद (हरिवर्ष में)
७९ दो हरिकांता प्रपात ह्रद (,,)
८० दो शीता प्रपात ह्रद (महाविदेह में)
८१ दो शीतोदा प्रपात ह्रद (,,)
८२ दो नरकांता प्रपात ह्रद (रम्यक् वर्ष में)
८३ दो नारीकांता प्रपात ह्रद (,,)
८४ दो सूवर्ण कूला प्रपात ह्रद (हिरण्यवंत वर्ष में)

८५	दो रूप्यकूला प्रपात ह्रद	(,,)
८६	दो रक्ता प्रपात ह्रद	(ऐरवत वर्ष में)
८७	दो रक्तावती प्रपात ह्रद	(,,)

महा नदियां[1]

८८	दो रोहिता महानदी	(हिमवंत वर्ष में)
८९	दो हरिकांता	,, हरिवर्ष में)
९०	दो हरिसलिला	,, (,,)
९१	दो शीतोदा	,, (महाविदेह में)
९२	दो शीता	,, (,,)
९३	दो नारीकांता	,, (रम्यग्वर्ष में)
९४	दो नरकांता	,, (,,)
९५	दो रूप्यकूला	,, (हिरण्यवंत वर्ष में)

अंतर नदियां

९६	दो गाथावती	(शीतानदी के उत्तर में)
९७	दो द्रहवती	(,,)
९८	दो पंकवती[2]	(,,)
९९	दो तप्तजला	(शीतानदी के दक्षिण में)
१००	दो मत्तजला	(,,)

---

१. गंगा, सिंधु, रोहितांशा, सुवर्णकूला, रक्ता और रक्तवती ये महानदियां भी धातकी खंड में दो दो हैं—देखिये सूत्र ८८।

२. अन्य ग्रन्थों में इसका "वेगवती" नाम भी मिलता है।

१०१	दो उन्मत्ता जला	(,,)
१०२	दो क्षारोदा[1]	(शीतोदा नदी के दक्षिण में)
१०३	दो सिंह स्रोता[2]	(,,)
१०४	दो अन्तोवाहिनी	(,,)
१०५	दो उर्मिमालिनी	(शीतो दानदी के उत्तर में)
१०६	दो फेनमालिनी[3]	(,,)
१०७	दो गंभीर मालिनी	(,,)

चक्रवर्ती-विजय

१०८	दो कच्छ	(शीता नदी के उत्तर में)
१०९	दो सुकच्छ	(,, ,,)
११०	दो महाकच्छ	(,, ,,)
१११	दो कच्छकावती	(,, ,,)
११२	दो आवर्त	(,, ,,)
११३	दो मंगलावर्त	(,, ,,)
११४	दो पुष्कलावर्त	(,, ,,)
११५	दो पुष्कलावती	(,, ,,)

---

१. इसका "क्षीरोदा" नाम भी अन्य ग्रन्थों में मिलता है।

२. इसका "शीत स्रोता" नाम भी अन्य ग्रंथों में मिलता है।

३. फेनमालिनी और गंभीर मालिनी ये दोनों नाम क्रम व्यत्यय से भी मिलते हैं।

११६	दो वत्स	(शीता नदी के दक्षिण में स्थित)
११७	दो सुवत्स	(,, ,,)
११८	दो महावत्स	(,, ,,)
११९	दो वत्सावती	(,, ,,)
१२०	दो रम्य	(,, ,,)
१२१	दो रम्यक्	(,, ,,)
१२२	दो रमणिक	(,, ,,)
१२३	दो मंगलावती	(,, ,,)
१२४	दो पद्म	(शीतोदा नदी के दक्षिण में स्थित)
१२५	दो सुपद्म	(,, ,,)
१२६	दो महापद्म	(,, ,,)
१२७	दो पद्मावती	(,, ,,)
१२८	दो शंख	(,, ,,)
१२९	दो कुमुद	(,, ,,)
१३०	दो नलिन	(,, ,,)
१३१	दो नलिनावती	(,, ,,)
१३२	दो वप्र	(शीतोदा नदी के उत्तर में स्थित)
१३३	दो सुवप्र	(,, ,,)
१३४	दो महावप्र	(,, ,,)
१३५	दो वप्रावती	(,, ,,)
१३६	दो वल्गु	(,, ,,)

१३७ दो सुवल्गु (,, ,,)
१३८ दो गंधिल (,, ,,)
१३९ दो गंधिलावती (,, ,,)

चक्रवर्ती विजय-राजधानियाँ

१४० दो क्षेमा (शीता नदी के उत्तर में स्थित)
१४१ दो क्षेमपुरी (,, ,,)
१४२ दो रिष्टा (,, ,,)
१४३ दो रिष्टपुरी (,, ,,)
१४४ दो खड्गी (,, ,,)
१४५ दो मंजुषा (,, ,,)
१४६ दो औषधि (,, ,,)
१४७ दो पौंडरिकिणी (,, ,,)
१४८ दो सुसीमा (,, ,,)
१४९ दो कुँडला (,, ,,)
१५० दो अपराजिता (,, ,,)
१५१ दो प्रभंकरा (,, ,,)
१५२ दो अंकावती (,, ,,)
१५३ दो पद्मावती (,, ,,)
१५४ दो शुभा (,, ,,)
१५५ दो रत्नसंचया (,, ,,)

१५६ दो अश्वपुरा (शीतोदा नदी के दक्षिण में स्थित)
१५७ दो सिंहपुरा (,, ,,)
१५८ दो महापुरा (,, ,,)
१५९ दो विजयपुरा (,, ,,)
१६० दो अपराजिता (,, ,,)
१६१ दो अपरा (,, ,,)
१६२ दो अशोका (,, ,,)
१६३ दो वीतशोका (,, ,,)
१६४ दो विजया (शीतोदा नदी के उत्तर में स्थित)
१६५ दो वैजयंती (,, ,,)
१६६ दो जयंती (,, ,,)
१६७ दो अपराजिता (,, ,,)
१६८ दो चक्रपुरा (,, ,,)
१६९ दो खड्गपुरा (,, ,,)
१७० दो अवध्या (,, ,,)
१७१ दो अयोध्या (,, ,,)

मेरु पर्वत पर वन खंड

१७२ दो भद्रशाल वन, १७३ दो नंदन वन,
१७४ दो सौमनस वन, १७५ दो पंडक वन,

मेरु पर्वत पर शिला

१७६ दो पांडुकंवल शिला, १७७ दो अतिकंबल शिला,

१७८ दो रक्तकंबल शिला, १७९ दो अतिरक्तकंबल शिला,

पर्वत

१८० दो मेरु पर्वत

पर्वत-चूलिका

१८१ दो मेरु पर्वत की चूलिका [२९६]

९३ कालोदधि समुद्र की वेदिका दो कोस की ऊंचाई वाली कही गई है। [१]

पुष्करवर द्वीपार्ध के पूर्वार्ध में मेरु पर्वत के उत्तर और दक्षिण में दो क्षेत्र कहे गये हैं जो अति, तुल्य, हैं-यावत्-उनके नाम—

भरत और ऐरवत।

इसी तरह —यावत्— दो कुरु कहे गये हैं, यथा-

देव कुरु और उत्तर कुरु।

वहाँ दो विशाल महाद्रुम कहे गये हैं, उनके नाम-

कूटशाल्मली और पद्म वृक्ष

देव गरुड़ वेणुदेव और पद्म —यावत्— वहाँ मनुष्य छ प्रकार के काल का अनुभव करते हुए रहते हैं। [५७]

पुष्करवर द्वीपार्ध के पश्चिमार्ध में और मेरु पर्वत के उत्तर दक्षिण में दो क्षेत्र कहे गये हैं इत्यादि पूर्ववत्।

विशेषता यह है कि वहाँ कूटशाल्मली और महापद्म वृक्ष है और देव गरुड़ (वेणुदेव) और पुण्डरिक हैं।

पुष्करवरद्वीपार्ध में दो भरत, दो ऐरवत —यावत्— दो मेरु और दो मेरु चूलिकाएं हैं। [५७]
पुष्करवर द्वीप की वेदिका दो कोस की ऊंची कही गई है। सब द्वीप-समुद्रों की वेदिकाएं दो कोस की ऊंचाई वाली कही गई हैं। [२] [१७७]

दस भवनपती के वीस इन्द्र

९४ असुर कुमारेन्द्र दो कहे गये हैं, यथा-
चमर और वलि।
नागकुमारेन्द्र दो कहे गये हैं, यथा-
धरन और भूतानन्द।
सुवर्णकुमारेन्द्र दो कहे गये हैं, यथा-
वेणुदेव और वेणुदाली।
विद्युत्कुमारेन्द्र दो कहे गये हैं, यथा-
हरि और हरिसह।
अग्निकुमारेन्द्र दो कहे गये हैं, यथा-
अग्निशिख और अग्निमाणव।
द्वीपकुमारेन्द्र दो कहे गये हैं, यथा-
पूर्ण और वाशिष्ठ।
उदधिकुमारेन्द्र दो कहे गये है, यथा-
जलकान्त और जलप्रभ।
दिक्कुमारेन्द्र दो कहे गये हैं, यथा-
अमितगति और अमितवाहन।

वायुकुमारेन्द्र दो कहे गये हैं, यथा-
वेलम्ब और प्रभंजन।
स्तनितकुमारेन्द्र दो कहे गये हैं, यथा-
घोष और महाघोष। [१०]

सोलह व्यन्तरों के बत्तीस इन्द्र

पिशाचेन्द्र दो कहे गये हैं, यथा-
काल और महाकाल।
भूतेन्द्र दो कहे गये हैं, यथा-
सुरूप और प्रतिरूप।
यक्षेन्द्र दो कहे गये हैं, यथा-
पूर्णभद्र और माणिभद्र।
राक्षसेन्द्र दो कहे गये हैं, यथा-
भीम और महाभीम।
किन्नरेन्द्र दो कहे गये हैं, यथा-
किन्नर और किंपुरुष।
किंपुरुषेन्द्र दो कहे गये हैं, यथा-
सत्पुरुष और महापुरुष।
महोरगेन्द्र दो कहे गये हैं, यथा-
अतिकाय और महाकाय।
गन्धर्वेन्द्र दो कहे गये हैं, यथा-
गीतरति और गीतयश।
अणपन्निकेन्द्र दो कहे गये हैं, यथा-

सन्निहित और समान्य ।

पणपन्निकेन्द्र दो कहें गये हैं, यथा-

धात और विहात ।

ऋषिवादीन्द्र दो कहे गये हैं, यथा-

ऋषि और ऋषिपालक ।

भूतवादीन्द्र दो कहे गये हैं, यथा-

ईश्वर और महेश्वर ।

क्रन्दितेन्द्र दो कहे गये हैं, यथा-

सुवत्स और विशाल ।

महाक्रन्दितेन्द्र दो कहे गये हैं, यथा-

हास्य और हास्यरति ।

कुभांडेन्द्र दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

श्वेत और महाश्वेत ।

पतंगेन्द्र दो कहे गये हैं, यथा-

पतय और पतयपति । [१६]

ज्योतिषी देवों के दो इन्द्र

ज्योतिष्क देवों के दो इन्द्र कहे गये हैं, यथा-

चन्द्र और सूर्य । [१]

बारह देवलोकों के दस इन्द्र

सौधर्म और ईशान कल्प में दो इन्द्र कहे गये हैं, यथा-

शक्र और ईशान ।

सनत्कुमार और माहेन्द्र में दो इन्द्र कहे गये हैं, यथा-

सनत्कुमार और माहेन्द्र ।

ब्रह्मलोक और लान्तक कल्प में दो इन्द्र कहे गये हैं, यथा-

ब्रह्म और लान्तक ।

महाशुक्र और सहस्रार कल्प में दो इन्द्र कहे गये हैं, यथा-

महाशुक्र और सहस्रार ।

आनत, प्राणत, आरण और अच्युत कल्प में दो इन्द्र कहे गये हैं, यथा-

प्राणत और अच्युत [५]

इस प्रकार सब मिलकर चौसठ इन्द्र होते हैं

महाशुक्र और सहस्रार कल्प में विमान दो वर्ण के कहे गये हैं, यथा-

पीले और श्वेत । [१]

ग्रैवेयक देवों की ऊंचाई दो हाथ की है । [१] [३४]

चतुर्थ उद्देशक

९५ समय[1] अथवा आवलिका[2] जीव[3] और अजीव[4] कहे

---

१. काल का सबसे सूक्ष्म भाग ।

२. असंख्यात समय अथवा एक श्वास का संख्यातवां भाग

३. जीव का धर्म होने से ।

४. अजीव का धर्म होने से ।

जाते हैं ।[1]

श्वासोच्छ्वास अथवा स्तोक[2] जीव और अजीव कहे जाते हैं ।

इसी तरह—लव,

मुहूर्त[3] और अहोरात्र

पक्ष और मास

ऋतु और अयन

संवत्सर और युग

सौ वर्ष और हजार वर्ष

लाख वर्ष और क्रोड़ वर्ष

त्रुटितांग और त्रुटित

पूर्वांग[4] अथवा पूर्व[5]

---

१. जीव और अजीव का समयादि स्थिति लक्षण धर्म है धर्म और धर्मी में अत्यन्त भेद नहीं है अतः धर्म और धर्मी के अभेद को लक्ष्य में रखकर समयादि को जीव या अजीव रूप कहा जाता है ।

२. सात श्वासोच्छ्वास प्रमाणकाल ।

३. [क] सात स्तोकप्रमाण काल ।

[ख] ७७ लव अथवा दो घड़ी अथवा ३७७३ श्वासोच्छ्वास जितना काल ।

४. चौरासी लाख वर्ष ।

५. चौरासी लाख पूर्व ।

अड़ड़ांग और अड़ड़
अववांग और अवव
हूहूतांग और हूहूत
उत्पलांग और उत्पल
पद्मांग और पद्म
नलिनांग और नलिन
अक्षनिकुरांग और अक्षनिकुर
अयुतांग और अयुत
नियुतांग और नियुत
प्रयुतांग और प्रयुत,
चूलिकांग और चूलिक,
शीर्ष प्रहेलिकांग और शीर्ष प्रहेलिका,
पल्योपम और सागरोपम, [४९]

उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी जीव और अजीव कहे जाते हैं।

ग्राम अथवा नगर,
निगम (वणिक्-निवास),
राजधानी,
खेड़ा (ग्राम से बड़ा और नगर से छोटा, धूल की चाहर दीवारी युक्त)
कर्वट (कुत्सित नगर)
मडम्ब (जिसके चारों ओर एक योजन तक कोई गाँव न

हो ऐसी वस्ती)
द्रोणमुख (जल और स्थल दोनों मार्ग वाला)
पत्तन (जहाँ जल या स्थल मार्ग में से कोई एक हो ऐसा श्रेष्ठ नगर)
आकर (खान)
आश्रम,
संवाह (जहाँ कृषक लोग धान्यादि को रक्षा के लिए ले जाकर रखते हैं ऐसे दुर्ग-विशेष)
सन्निवेश (यात्रियोंकाया सेनादि का पड़ाव)
गोकुल,
आराम (स्त्री-पुरुषों के लिए उद्यान विशेष)
उद्यान (विविध वृक्षों से शोभित)
वन (एक जातीय वृक्षोंका समूह)
वनखंड (अनेक जातीय वृक्ष)
वावड़ी (चतुष्कोण)
पुष्करिणी (गोल वावड़ी अथवा जिसमें कमल हो ऐसी वावड़ी)
सरोवर, सरवरों की पंक्ति, कूप, तालाब, ह्रद, नदी, रत्न-प्रभादिक पृथ्वी, घनोदधि, वातस्कन्ध (घनवात तनुवात), अन्य पोलार (वातस्कन्ध के नीचे का आकाश जहाँ सूक्ष्म पृथ्वीकाय के जीव भरे हैं)
वलय (पृथ्वी के घनोदधि, घनवात, तनुवातरूप वेष्टन)

विग्रह (लोकनाड़ी)
द्वीप, समुद्र, वेला, (समुद्र के जल का बढ़ना)
वेदिका, द्वार, तोरण,
नैरयिक (कर्म-पुद्गल की अपेक्षा से अजीवत्व समझना चाहिये) नरकवास,
वैमानिक, वैमानिकों के आवास, (देवलोक) कल्पविमानावास,
वर्ष (भरत आदि क्षेत्र) वर्षधर पर्वत, कूट, कूटागार,
विजय (चक्रवर्ती के जीते हुए कच्छादि क्षेत्र)
राजधानी ये सब जीवाजीवात्मक होने से) जीव और अजीव कहे जाते हैं।
छाया, आतप, ज्योत्स्ना (चाँदनी), अन्धकार, अवमान (क्षेत्रादि को मापने के हस्तादि साधन) उन्मान (तोल वगैरह) अतियान गृह (राजा आदि के नगर में धूमधाम से प्रवेश करने के गृह) उद्यानगृह, अवलिम्ब (स्थानाविशेष) सणिप्पवाय (वस्तु विशेष)- ये सब जीव और अजीव कहे जाते हैं, (जीव और अजीव से व्याप्त होने के कारण अभेदनय की अपेक्षा से जीव या अजीव कहे जाते हैं)। [५७]

९६ दो राशियां कही गयी हैं, यथा-

जीव-राशि और अजीव-राशि। [१]

बंध दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

राग-बंध और द्वेष-बंध।

जीव दो प्रकार से पाप कर्म बांधते हैं, यथा-

राग से और द्वेष से [२]

जीव दो प्रकार से पाप कर्मों की उदीरणा करते हैं, यथा-

आभ्युपगमिक (स्वेच्छा से स्वीकृत केशलुँचन तपश्चर्या आदि से होने वाली) वेदना से

औपक्रमिक (कर्मोदय के कारण ज्वर, अतिसार आदि से होने वाली) वेदना से। [१]

इसी तरह दो प्रकार से जीव कर्मों का वेदन करते हैं एवं निर्जरा करते हैं, यथा-

आभ्युपगमिक वेदना से और औपक्रमिक वेदना से। [१-५]

९७ दो प्रकार से आत्मा शरीर का स्पर्श करके बाहर निकलती है, यथा-

देश से-शरीर के अमुक भाग अथवा अमुक अवयव का स्पर्श करके आत्मा बाहर निकलती है।

सर्व से-सम्पूर्ण शरीर का स्पर्श करके आत्मा बाहर निकलती है।

इसी तरह स्फुरण (स्पंदन) करके

स्फोटन (फोड़कर) करके,

संकोचन करके

शरीर से अलग होकर आत्मा बाहर निकलती है। [४]

९८ दो प्रकार से आत्मा को केवलि-प्ररूपित धर्म सुनने के लिए मिलता है, यथा-

कर्म कर्मों के क्षय से अथवा उपशम से ।

इसी प्रकार —यावत्— दो कारणों से जीव को मनः पर्याय ज्ञान उत्पन्न होता है, यथा-

(आवरणीय कर्म के) क्षय से अथवा उपशम से । [१०]

९९ औपमिक (उपमा के द्वारा गम्य) काल दो प्रकार का कहा गया है, यथा—

प्रश्न—पल्योपम और सागरोपम,

उत्तर—पल्योपम का स्वरूप क्या है ?

पल्योपम का स्वरूप इस प्रकार है । यथा-

एक योजन विस्तार वाले पल्य (धान्य-मापने का पात्र) में एक दिन के (यावत् उत्कृष्ट सात दिन के) उगे हुए वाल निरन्तर एवं निविड़ रूप से ठूँस ठूँस कर भर दिए जाय और सौ सौ वर्ष में एक एक वाल निकालने से जितने वर्षों में वह पल्य खाली हो जाय उतने वर्षों के काल को एक पल्योपम समझना चाहिए । ऐसे दस क्रोडा क्रोडी पल्योपम का एक सागरोपम होता है । [१]

१०० क्रोध दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

आत्मप्रतिष्ठित और परप्रतिष्ठित ।

'अपने आप पर होने वाला या अपने द्वारा उत्पन्न किया हुआ क्रोध क्रोध आत्म प्रतिष्ठित है ।'

'दुसरे पर होने वाला या उसके द्वारा उत्पन्न किया हुआ

क्रोध पर प्रतिष्ठित है।

इसी प्रकार नारक —यावत्— वैमानकों को उक्त दो प्रकार मान माया —यावत्— मिथ्यादर्शनशल्य भी दो प्रकार का समझना चाहिए। [१३]

.०१ संसार समापन्नक 'संसारी' जीव दो प्रकार कहे गये हैं, यथा-

त्रस और स्थावर,

सर्व जीव दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

सिद्ध और असिद्ध।

सर्व जीव दो प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

सेन्द्रिय और अनिन्द्रिय।

इस प्रकार सशरीरी और अशरीरी पर्यन्त निम्न गाथा से समझना चाहिए। यथा-

सिद्ध, सेन्द्रिय, सकाय, सयोगी, सवेदी, सकषायी, सलेश्य, ज्ञानी, साकारोपयुक्त, आहारक, भाषक, चरम, सशरीरी ये और प्रत्येक का प्रतिपक्ष इस रूप से दो-दो प्रकार समझने चाहिए। [२६]

१०२ श्रमण भगवान् महावीर ने श्रमण निर्ग्रन्थों के लिए दो प्रकार के मरण सदा (उपादेय रूप से) नहीं कहें हैं, कीर्तित नहीं कहे हैं, व्यक्त नहीं कहे हैं, प्रशस्त नहीं कहे

हैं और उनके आचरण की अनुमति नहीं दी है, यथा-

वलद्‌मरण (संयम से खेद पाकर मरना)

वशार्त मरण (इन्द्रिय-विषयों के वश होकर पतंग की तरह मरना)।

इसी तरह निदान मरण (ऋद्धि-भोग आदि की कामना करके मरना) और तद्‌भव-मरण (उसी गति का आयुष्य बांधकर मरना)।

पर्वत से गिरकर मरना और वृक्ष से गिरकर मरना।

पानी में डूबकर मरना और अग्नि में जलकर मरना।

विष का भक्षण कर मरना और शस्त्र का प्रहार कर मरना। [५]

दो प्रकार के मरण —यावत्— नित्य अनुज्ञात नहीं हैं किन्तु कारण-विशेष (शील रक्षा आदि के लिए) होने पर निषिद्ध नहीं हैं, वे इस प्रकार हैं, यथा-

वैहायस मरण (वृक्ष की शाखा वगैरह पर लटक कर गले में फांसी लगा लेना) और गृध्रपृष्ठ मरण (किसी बड़े प्राणी के मृत कलेवर में प्रवेश कर गीध आदि पक्षियों से शरीर नुचवा कर मरना)। [१]

श्रमण भगवान् महावीर ने दो मरण श्रमण-निर्ग्रन्थों के लिए सदा उपादेय रूप से वर्णित किये हैं —यावत्— उनके लिए अनुमति दी है, यथा-

पादपोपगमन और भक्तप्रत्याख्यान ।

पादपोपगमन दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

निर्हारिम (ग्राम नगर आदि में मरना जहां मृत्यु संस्कार हो)

अनिर्हारिम (गिरि कन्दरादि में मरना जहाँ मृत्यु संस्कार न हो) ।

भक्तप्रत्याख्यान दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

निर्हारिम और अनिर्हारिम, [३]

१०३ प्रश्न — यह लोक क्या है ?

उत्तर—जीव और अजीव ही यह लोक है अर्थात् लोक जीवाजीवात्मक है ।

प्रश्न—लोक में अनन्त क्या है ?

उत्तर—जीव और अजीव,

प्रश्न — लोक में शाश्वत क्या है ?

उत्तर — जीव और अजीव (द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा से ।)

१०४ बोधि (सम्यक्त्व) दो प्रकार की है , यथा—

ज्ञान-बोधि और दर्शन-बोधि । [१]

बुद्ध दो प्रकार के हैं, यथा-

ज्ञान-बुद्ध और दर्शन-बुद्ध । [१]

इसी तरह मोह को समझना चाहिए । [१]

इसी तरह मूढ को समझना चाहिए । [१-४]

१०५ ज्ञानावरणीय कर्म दो प्रकार का है, यथा-

देश ज्ञानावरणीय और सर्व ज्ञानवरणीय।

दर्शनावरणीय कर्म भी इसी तरह दो प्रकार का है।

वेदनीय कर्म दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

सातावेदनीय और असातावेदनीय।

मोहनीय कर्म दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

दर्शन मोहनीय और चारित्र मोहनीय।

आयुष्य कर्म दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

अद्धायु (कायस्थति) और भवायु (भवस्थिति)।

नाम कर्म दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

शुभ नाम और अशुभ नाम।

गोत्र कर्म दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

उच्च गोत्र और नीच गोत्र।

अन्तराय कर्म दो प्रकार का कहा गया है, यथा-

प्रत्युत्पन्न विनाशी (वर्तमान में होने वाले लाभ को नष्ट करने वाला)

पिहितागामीपथ (भविष्य में होने वाले लाभ को रोकने वाला) [८]

१०६ मूर्छा दो प्रकार की कही गया है, यथा-

प्रेम-प्रत्यया 'राग से होने वाली'

द्वेष प्रत्यया 'द्वेष से होने वाली'

प्रेम प्रत्यया मूर्छा दो प्रकार का कहा गई है, यथा-
माया और लोभ ।

द्वेष प्रत्यया मूर्छा दो प्रकार की कही गई है, यथा-
क्रोध और मान । [३]

१०७ आराधना दो प्रकार की कही गई है । यथा-
धार्मिक आराधना और केवलि आराधना ।

धार्मिक आराधना दो प्रकार की कही गई है । यथा-
श्रुतधर्म आराधना और चारित्र-धर्माराधना ।

केवलि आराधना दो प्रकार की कही गई है, यथा-
अन्तक्रिया (मोक्षगमन)
कल्पविमानोपपत्ति (सौधर्मादि देवलोक और नवग्रेवयक आदि विमान में जिसके द्वारा जन्म हो वह आराधना । यह आराधना श्रुतकेवली की होती है । [३]

१०८ दो तीर्थंकर नील-कमल के समान वर्ण वाले थे, यथा-
मुनिसुव्रत और अरिष्टनेमि ।

दो तीर्थङ्कर प्रियंगु (वृक्ष-विशेष) के समान वर्ण वाले थे, यथा-
श्री मल्लिनाथ और पार्श्वनाथ,

दो तीर्थङ्कर पद्म के समान गौर (लाल) वर्ण के थे, यथा-
पद्म प्रभ और वासुपुज्य ।

दो तीर्थङ्कर चन्द्र के समान गौर वर्ण शुक्ल वर्ण वाले थे, यथा-

चन्द्रप्रभ और पुष्पदन्त। [४]

१०९ सत्यप्रवाद पूर्व (छठा पूर्व) की दो वस्तुएं (अध्ययन आदि की तरह विभाग) कही गई हैं।

११० पूर्वभाद्रपद नक्षत्र के दो तारे कहे गये हैं।
उत्तरभाद्रपद नक्षत्र के दो तारे कहे गये हैं।
इसी तरह पूर्वफाल्गुन और उत्तरफाल्गुन के भी दो दो तारे कहे गये हैं, [४]

१११ मनुष्य-क्षेत्र के अन्दर दो समुद्र कहे गये हैं, यथा-

लवण समुद्र और कालोदधि समुद्र।

११२ काम भोगों का त्याग नहीं करने वाले दो चक्रवर्ती मरण-काल में मरकर नीचे सातवीं नरक-पृथ्वी के अप्रतिष्ठान नामक नरकवास में नारकरूप से उत्पन्न हुए, उनके नाम ये है, यथा-

सुभूम और ब्रह्मदत्त।

११३ असुरेन्द्रों को छोड़कर भवनवासी देवों को किंचित् न्यून दो पल्योपम की स्थिति कही गई है।
सौधर्म कल्प में देवताओं की उत्कृष्ट स्थितिदो सागरोपम की कही गई है।
ईशान कल्प में देवताओं को उत्कृष्ट किंचित् अधिक दो

सागरोपम की स्थिति कही गई है ।

सनत्कुमार कल्प में देवों की जघन्य दो सागरोपम की स्थिति कही गई है ।

माहेन्द्र कल्प में देवों की जघन्य स्थिति किंचित् अधिक दो सागरोपम की कही गई है ।

११४ दो देवलोक में देवियां कही गई हैं, यथा-

सौधर्म और ईशान ।

११५ दो देवलोक में तेजोलेश्या वाले देव कहे गये है, यथा-

सौधर्म और ईशान ।

११६ दो देवलोक में देव कायपरिचारक (मनुष्य की तरह विषय सेवन करने वाले) कहे गये हैं, यथा-

सौधर्म और ईशान,

दो देवलोक में देव स्पर्श-परिचारक कहे गये हैं, यथा-

सनत्कुमार और माहेन्द्र ।

दो कल्प में देवरूप-परिचारक कहे गये हैं, यथा-

ब्रह्म लोंक और लान्तक ।

दो कल्प में देव शब्द-परिचारक कहे गये हैं, यथा-

महाशुक्र और सहास्रर ।

दो इन्द्र मनः परिचारक कहे गये है, यथा-

प्राणत और अच्युत ।

आनत, प्राणत, आरण और अच्युत इन चारों कल्पों में

देव मनः परिचारक हैं परन्तु यहाँ द्विस्थान का अधिकार होने से "दो इंदा" ऐसा पद दिया है, क्योंकि इन चारों कल्पों में दो इन्द्र हैं अतः उनके ग्रहणसे चारों कल्पों के देवों को ग्रहण करना चाहिए)

११७ जीव ने द्विस्थान निर्वर्तक (अथवा इन कथ्यमान स्थानों में जन्म लेकर उपार्जित अथवा इन दो स्थानों में जन्म लेने से निवृत्ति होने वाले) पुद्गलों को पापकर्म रूप से एकत्रित किये हैं, एकत्रित करते हैं और एकत्रित करेंगे, वे इस प्रकार हैं, यथा-

त्रसकाय निर्वातित और स्थावरकाय निर्वातित।

इसी तरह उपचय किये, उपचय करते हैं और उपचय करेंगे,

बांधे, बांधते हैं और बांधेंगे,

उदीरणा की, उदीरणा करते हैं और उदीरणा करेंगे,

वेदन , वेदन करते हैं और वेदन करेंगे,

निर्जरा की, निर्जरा करते हैं और निर्जरा करेंगे। [७६]

११८ दो प्रदेश वाले स्कन्ध अनन्त कहे गये हैं।

दो प्रदेश में रहने वाले पुद्गल अनन्त कहे गये हैं।

इस प्रकार-यावत्-द्विगुण रूक्ष पुद्गल अनन्त कहे गये हैं।

तीन स्थान

प्रथम उद्देशक

११९ इन्द्र तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

नाम इन्द्र, स्थापना इन्द्र, द्रव्य इन्द्र ।

इन्द्र तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

ज्ञान इन्द्र, दर्शन इन्द्र और चारित्र इन्द्र[1]

इन्द्र तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

देवेन्द्र, असुरेन्द्र और मनुष्येन्द्र[2] [३]

१२० विकुर्वणा तीन प्रकार की कही गई है, यथा-

एक बाह्य पुद्गलों को ग्रहण करके की जाने वाली विकुर्वणा,

एक बाह्य पुद्गलों को ग्रहण किये बिना की जाने वाली विकुर्वणा,

एक बाह्य पुद्गलों को ग्रहण करके और ग्रहण किये बिना भी की जाने वाली विकुर्वणा ।

विकुर्वणा तीन प्रकार की कही गई है, यथा-

एक आभ्यन्तर पुद्गलों को ग्रहण करके की जाने वाली विकुर्वणा,

---

१. आत्मिक ऐश्वर्य की अपेक्षा ।

२. बाह्य ऐश्वर्य की अपेक्षा ।

एक आभ्यन्तर पुद्गलों को ग्रहण किये विना की जाने वाली विकुर्वणा,

एक आभ्यन्तर पुद्गलों को ग्रहण करके और ग्रहण किये विना भी की जाने वाली विकुर्वणा।

विकुर्वणा तीन प्रकार की कही गई है, यथा-

एक वाह्य और आभ्यन्तर पुद्गलों को ग्रहण करके की जाने वाली विकुर्वणा,

एक वाह्य आभ्यन्तर पुद्गलोंको ग्रहण किये विना की जाने वाली विकुर्वणा

एक वाह्य तथा आभ्यन्तर पुद्गलों को ग्रहण करके और विना ग्रहण किये भी की जाने वाली विकुर्वणा। [३]

२२१ नारक तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

कतिसंचित—एक समय में दो से लेकर संख्यात तक उत्पन्न होने वाले,

अकतिसंचित—एक समय में असंख्यात उत्पन्नहोने वाले,

अवक्तव्यक संचित— एक समय में एक ही उत्पन्न होने वाले।

इस प्रकार एकेन्द्रिय को छोड़ कर शेष अकतिसंचित ही हैं। क्योंकि वे एक समय में असंख्यात या अनन्त उत्पन्न होते हैं

इसी तरह वैमानिक पर्यन्त तीन भेद जानने चाहिए।

१२२ परिचारणा (देवों का विषय-सेवन) तीन प्रकार की कही गई है, यथा-

कोई देव अन्य देवों को या अन्य देवों की देवियों को वश में करके या आलिंगनादि करके विषय सेवन करता है, अपनी देवियों को आलिंगन कर विषय-सेवन करता है और अपने शरीर की विकुर्वणा कर अपने आप से ही विषय सेवन करता है।

कोई देव अन्य देवों और अन्य देवों की देवियों को वश में करके तो विषय सेवन नहीं करता है परन्तु अपनी देवियों का आलिंगन कर विषय-सेवन करता है।

कोई देव अन्य देवों और अन्य देवों की देवियों को वश में करके विषय-सेवन नहीं करता है और न अपनी देवियों का आलिंगनादि करके भी विषय-सेवन करता है

१२३ मैथुन तीन प्रकार का कहा गया है। यथा-

देवता सम्बन्धी,

मनुष्य सम्बन्धी

तिर्यंच योनि सम्बन्धी।

तीन प्रकार के जीव मैथुन करते हैं, यथा-

देव, मनुष्य और तिर्यंच योनिक जीव।

तीन वेद वाले जीव मैथुन सेवन करते हैं, यथा-

स्त्री, पुरुष और नपुंसक। [३]

१२४ योग तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

मनोयोग, वचनयोग और काययोग।

इस प्रकार नारक जीवों के तीन योग होते हैं,

यों विकलेन्द्रिय को छोड़कर वैमानिक पर्यन्त तीन योग समझने चाहिए। [१]

तीन प्रकार के प्रयोग (प्रवृत्ति) कहे गये हैं, यथा-

मनः प्रयोग, वाक् प्रयोग और काय प्रयोग।

जैसे विकलेन्द्रिय को छोड़कर योग का कथन किया वैसा ही प्रयोग के विषय में भी जानना चाहिये। [१]

करण तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

मनः करण, वचन करण और काय करण

इसी तरह विकलेन्द्रिय को छोड़कर वैमानिक पर्यन्त तीन करण जानने चाहिए। [१]

करण तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

आरम्भ करण, संरम्भ करण और समारम्भ करण।

यह अन्तर रहित वैमानिक पर्यन्त जानने चाहिए। [१-३]

१२५ तीन कारणों से जीव अल्पायु रूप कर्म का बंध करते हैं,

यथा-

यदि वह प्राणियों की हिंसा करता है,

झूठ बोलता है,

और तथारूप श्रमण-माहन को (निर्ग्रन्थ मुनि को) अप्रासुक अशन आहार, पान, खादिम तथा स्वादिम बहराता है,

इन तीन कारणों से जीव अल्पायु रूप कर्म का बंध करते हैं। [१]

तीन कारणों से जीव दीर्घायु रूप कर्मों का बंध करते हैं, यथा-

यदि वह प्राणियों की हिंसा नहीं करता है,

झूठ नहीं बोलता है,

तथारूप श्रमण-माहन को प्रासुक एषणीय अशन, पान, खादिम तथा स्वादिम का दान करता है, ।

इन तीन कारणों से जीव दीर्घायु रूप कर्म का बंध करते हैं। [१]

तीन कारणों से जीव अशुभ दीर्घायु रूप कर्म का बंध करते हैं। यथा-

यदि वह प्राणियों की हिंसा करता हैं,

झूठ बोलता है,

तथारूप श्रमण-माहन की हीलना करके निन्दा करके, भर्त्सना करके, गर्हा करके और अपमान करके किसी प्रकार का अमनोज्ञ एवं अप्रीतिकर अशनादि देता है,

इन तीन कारणों से जीव अशुभ दीर्घायु रूप कर्म का वंध करते हैं। [१]

तीन कारणोंसे जीव शुभ दीर्घायु रूप कर्मका वंध करते हैं। यथा-

यदि वह प्राणियों की हिंसा नहीं करता है,

झूठ नहीं बोलता है

तथारूप श्रमण-माहन को वन्दना करके, नमस्कार करके, सत्कार करके, सन्मान करके, कल्याणरूप, मगलरूप, देवरूप और ज्ञानरूप मानकर तथा सेवा-शुश्रूषा करके मनोज्ञ प्रीतिकर, अशन, पान, खादिम, स्वादिम का दान करता है,

इन तीन कारणों से जीव शुभदीर्घायुरूप कर्म का वंध करते हैं। [१-४]

१२६ तीन गुप्तियाँ कही गई हैं, यथा-

मनोगुप्ति, वचनगुप्ति और कायगुप्ति।

सयत मनुष्यों की तीन गुप्तियां कही गई हैं, यथा-

मनोगुप्ति, वचनगुप्ति और कायगुप्ति। [२]

तीन अगुप्तियां कही गई हैं, यथा-

मन-अगुप्ति, वचन-अगुप्ति और काय-अगुप्ति,

इसी प्रकार नारक-यावत्-स्तनितकुमारों की तीन अगुप्तियां कही गई हैं, यथा-

पंचेन्द्रिय, तिर्यंच, योनिक, असंयत, मनुष्य और वान-व्यन्तर, ज्योतिष्क वैमानिक देवों की तीन अगुप्तियां कही गई हैं। [२]

तीन दण्ड कहे गये हैं, यथा-

मन दण्ड, वचन दण्ड और काय दण्ड।

नारकों के तीन दण्ड कहे गये हैं, यथा-

मन दण्ड, वचन दण्ड और काय दण्ड।

विकलेन्द्रियों (एकेन्द्रिय से चतुरिन्द्रिय तक) को छोड़ कर वैमानिक पर्यन्त तीन दण्ड जानने चाहिए। [२-६]

१२७ तीन प्रकार की गर्हा कही गई हैं, यथा-

कुछ व्यक्ति मन से गर्हा करते हैं,

कुछ व्यक्ति वचन से गर्हा करते हैं,

कुछ व्यक्ति पाप कर्म नहीं करके काया द्वारा गर्हा करते हैं (पाप कर्म में प्रवृत्ति नहीं करना ही काय-गर्हा है)

अथवा गर्हा तीन प्रकार की कही गई हैं, यथा-

कितनेक दीर्घ काल की गर्हा करते हैं,

कितनेक थोड़े काल की गर्हा करते हैं,

कितनेक पाप कर्म नहीं करने के लिए अपने शरीर को उनसे (पाप कर्मों से) दूर रखते हैं अर्थात् पाप कर्म में प्रवृत्ति नहीं करना रूप गर्हा करते हैं। [२]

प्रत्याख्यान तीन प्रकार के हैं, यथा-

कुछ व्यक्ति मन के द्वारा प्रत्याख्यान करते हैं,

कुछ व्यक्ति वचन के द्वारा प्रत्याख्यान करते हैं,

कुछ व्यक्ति काया के द्वारा प्रत्याख्यान करते हैं।

जिस प्रकार गर्हा का कथन किया उसी प्रकार प्रत्याख्यान के विषय में भी दो आलापक कहने चाहिए। [१-४]

१२८ वृक्ष तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

पत्रयुक्त, फलयुक्त और पुष्पयुक्त। [१]

इसी तरह तीन प्रकार के पुरुष कहे गये हैं, यथा-

पत्र वाले वृक्ष के समान,

फल वाले वृक्ष के समान,

फूल वाले वृक्ष के समान। [१]

तीन प्रकार के पुरुष कहे गये हैं, यथा-

नाम पुरुष, स्थापना पुरुष और द्रव्य पुरुष। [१]

तीन प्रकार के पुरुष कहे गये हैं, यथा-

ज्ञान पुरुष, दर्शन पुरुष और चारित्र पुरुष । [१]

तीन प्रकार के पुरुष कहे गये हैं, यथा-

वेद पुरुष, चिन्ह पुरुष और अभिलाप पुरुष [१]

तीन प्रकार के पुरुष कहे गये हैं, यथा-

उत्तम पुरुष, मध्यम पुरुष और जघन्य पुरुष ।

उत्तम पुरुष तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा

धर्म पुरुष, भोग पुरुष और कर्म पुरुष ।

धर्म पुरुष अर्हन्त देव हैं,

भोग पुरुष चक्रवर्ती हैं,

कर्म पुरुष वासुदेव हैं ।

मध्यम पुरुष तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

उग्र वंशी, भोग वंशी, और राजन्य वंशी ।

जघन्य पुरुष तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

दास, भृत्य और भागीदार । [४-६]

२६ मत्स्य (मच्छ) तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

अण्डे से उत्पन्न होने वाले,

पोत से (बिना किसी आवरण के) पैदा होने वाले,

संमूर्छिम (सयोग के बिना) स्वत: उत्पन्न होने वाले ।

अण्डज मत्स्य तीन प्रकार के हैं, यथा-

स्त्री मत्स्य, पुरुष मत्स्य और नपुंसक मत्स्य ।

पोतज मत्स्य तीन प्रकार के हैं, यथा-

स्त्री, पुरुष और नपुंसक। [३]

पक्षी तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

अण्डज, पोतज और सम्मूर्छिम।

अण्डज पक्षी तीन प्रकार के हैं, यथा-

स्त्री, पुरुष और नपुंसक।

पोतज पक्षी तीन प्रकार के हैं, यथा-

स्त्री, पुरुष और नपुंसक।

इस अभिलापक से उरपरिसर्प और भुजपरिसर्प का भी कथन करना चाहिए। [३-१२]

१३० इसी प्रकार तीन प्रकार की स्त्रियां कही गई हैं, यथा-

तिर्यंच योनिक स्त्रियां

मनुष्य योनिक स्त्रियां

देव-स्त्रियां। [१]

तिर्यंच स्त्रियां तीन प्रकार की कही गई हैं, यथा-

जलचर स्त्री, स्थलचर स्त्री, खेचर स्त्री। [१]

मनुष्य-स्त्रियां तीन प्रकार की हैं, यथा-

कर्मभूमि में पैदा होने वाली,

अकर्मभूमि में पैदा होने वाली,

अन्तर्द्वीप में उत्पन्न होने वाली। [१]

पुरुष तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

तिर्यंचयोनिक पुरुष,

मनुष्ययोनिक पुरुष

देव पुरुष । [१]

तिर्यंचयोनिक पुरुष तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

जलचर, स्थलचर और खेचर । [१]

मनुष्ययोनिक पुरुष तीन प्रकार के हैं, यथा-

कर्मभूमि में उत्पन्न होने वाले,

अकर्मभूमि में उत्पन्न होने वाले,

अन्तर्द्वीपों में पैदा होने वाले । [१]

नपुंसक तीन प्रकार के हैं, यथा-

नैरयिक नपुँसक,

तिर्यंचयोनिक नपुंसक,

मनुष्य नपुंसक । [१]

तिर्यंचयोनिक नपुंसक तीन प्रकार के हैं, यथा-

जलचर, स्थलचर और खेचर । [१-८]

मनुष्य नपुंसक तीन प्रकार के हैं, यथा-

कर्मभूमिज, अकर्मभूमिज और अन्तर्द्वीपिक । [१]

१३१ तिर्यंच योनिक तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

स्त्री, पुरुष और नपुंसक ।

१३२ नारक जीवों की तीन लेश्याएं कही गई हैं, यथा-

कृष्ण लेश्या, नील लेश्या और कापोत लेश्या।

असुरकुमारों की तीन अशुभ लेश्याएं कही गई हैं,[1] यथा-

कृष्ण लेश्या, नील लेश्या और कापोत लेश्या।

इसी प्रकार स्तनितकुमार पर्यन्त जानना चाहिए।

इसी प्रकार पृथ्वीकायिक अप्कायिक और वनस्पति कायिक जीवों की लेश्या समझना चाहिए।

इसी प्रकार तेजस्काय और वायुकाय की लेश्या भी जाननी चाहिए।

द्वीन्द्रिय,

त्रीन्द्रिय,

और चतुरिन्द्रियों के भी तीन लेश्याएं नारक जीवों के समान कही गई हैं।

पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिकों के तीन अशुभ लेश्याएं कही गई हैं। यथा-

कृष्णलेश्या, नीललेश्या और कापोतलेश्या।

---

१ असरकुमारों को चार लेश्याएं होती हैं, परन्तु चौथी तेजोलेश्या अशुभ नहीं है अतः यहां तीन अशुभ लेश्याएं ही गिनाई गई हैं।

पंचेन्द्रिय तिर्यचयोनिकों के तीन लेश्याएं शुभ कही गई है।
यथा-

तेजोलेश्या, पद्मलेश्या और शुक्ललेश्या।

इसी प्रकार मनुष्यों के भी तीन लेश्या समझनी चाहिए।

असुरकुमारों के समान वानव्यन्तरों के भी तीन लेश्या समझनी चाहिए।

वैमानिकों के तीन लेश्याएं कही गई हैं, यथा-

तेजोलेश्या, पद्मलेश्या और शुक्ललेश्या। [१]

१३३ तीन कारणों से तारे अपने स्थान से चलित होते हैं,
यथा-

वैक्रिय करते हुए,
विषय-सेवन करते हुए;
एक स्थान से दूसरे स्थान पर संक्रमण करके जाते हुए
तारे चलित होते हैं। [१]

तीन कारणों से देव विद्युत् चमकाते हैं, यथा-

वैक्रिय करते हुए,
विषय-सेवन करते हुए
तथारूप श्रमण-माहन को ऋद्धि, द्युति, यश, बल, वीर्य, और पौरुष पराक्रम बताते हुए विद्युत् चमकाते हैं। [१]

तीन कारणों से देव मेघ गर्जना करते हैं, यथा-

वैक्रिय करते हुए जिस प्रकार विद्युत् चमकाने के लिए

कहा वैसा ही मेघ गर्जना के लिए भी समझना चाहिए। [१-३]

१३४ तीन कारणों से (तीन प्रसंगों पर) लोक में अन्धकार होता है, यथा-

अर्हन्त भगवान् के निर्वाण-प्राप्त होने पर[1]

अर्हन्त-प्ररूपित धर्म (तीर्थ) के विच्छिन्न होने पर,

पूर्वगत श्रुत के विच्छिन्न होने पर। [१]

तीन कारणों से लोक में उद्योत होता है, यथा-

अर्हन्त भगवान् के जन्म धारण करते समय,

अर्हन्त के प्रव्रज्या अंगीकार करते समय,

अर्हन्त भगवान् के केवल ज्ञान महोत्सव के समय। [१]

तीन कारणों से देव-भवनों में भी अन्धकार होता है, यथा-

अर्हन्त भगवान् के निर्वाण प्राप्त होने पर,

अर्हन्त प्ररूपित धर्म का विच्छेद होने पर,

पूर्वगत श्रुत के विच्छिन्न होने पर।

तीन प्रसंगों पर देवलोक में विशेष उद्योत होता है, यथा-

अर्हन्त भगवंतों के जन्म महोत्सव पर,

अर्हन्तों के दीक्षा महोत्सव पर,

अर्हन्तों के केवलज्ञान महोत्सव पर। [१]

तीन प्रसंगों पर देव इस पृथ्वी पर आते हैं, यथा-

---

१. लोक में अर्हन्तरूप भाव सूर्य के न होने पर।

अर्हन्तों के जन्म महोत्सव पर,

उनके दीक्षा महोत्सव पर,

उनके केवल ज्ञान महोत्सव पर। [१]

इसी तरह देवताओं का समूह रूप में एकत्रित होना और देवताओं का हर्षनाद भी समझना चाहिए। [२]

तीन प्रसंगों पर देवेन्द्र मनुष्य लोक में शीघ्र आते हैं, यथा-

अर्हन्तों के जन्म महोत्सव पर,

उनके दीक्षा महोत्सव पर,

उनके केवल ज्ञान महोत्सव पर। [१]

इसी प्रकार—

सामानिक देव,

त्रायस्त्रिंशक देव,

लोकपाल देव,

अग्रमहिषीदेवियों की पर्षद् (परिवार) के देव,

सेनाधिपति देव,

आत्मरक्षक देव मनुष्य-लोक में शीघ्र आते हैं। [६]

तीन प्रसंगों पर देव सिंहासन से उठते हैं, यथा-

अर्हन्तों के जन्म महोत्सव पर,

उनके दीक्षा महोत्सव पर,

उनके केवलज्ञान-प्रसंग महोत्सव पर।[१]

इसी तरह तीन प्रसंगों पर उनके आसन चलायमा
होते हैं, वे सिंह नाद करते हैं और वस्त्र-वृष्टि कर
हैं। [३]

तीन प्रसंगों पर देवताओं के चैत्यवृक्ष चलायमान होते ;
यथा-

अर्हन्तों के जन्म महोत्सव पर। इत्यादि पूर्ववत् [१]

तीन प्रसंगों पर लोकान्तिक देव मनुष्य-लोक में शीघ्र आत
है, यथा-

अर्हन्तों के जन्म महोत्सव पर,
उनके दीक्षा महोत्सव पर
उनके केवलज्ञान महोत्सव पर। [१-१६]

१३५ हे आयुष्मन् श्रमणो ! तीन व्यक्तियों पर प्रत्युपकार कठिन
है, यथा-

माता पिता स्वामी (पोषक) और धर्माचार्य।
कोई पुरुष (प्रतिदिन) प्रातःकाल होते ही माता-पिता
को शतपाक, सहस्रपाक तेल से मर्दन करके सुगन्धित
उवटन लगाकर तीन प्रकार के (गन्धोदक उष्णोदक,
शीतोदक) जल से स्नान करा कर, सर्व अलंकारों से
विभूषित करके मनोज्ञ, हांडी में पकाया हुआ, शुद्ध
अठारह प्रकार के व्यंजनों (शाकादि) से युक्त भोजन
जिमाकर यावज्जीवन कावड़ में बिठाकर कंधे पर

लेकर फिरता रहे तो भी उपकार का वदला नहीं चुका सकता है किन्तु वह माता-पिता को केवलि प्ररूपित धर्म वताकर, समझाकर और प्ररूपणा कर उसमें स्थापित करे तो ऐसा करने से वह उन माता पिता के उपकार का सुचारु रूप से वदला चुका सकता है।

कोई महा ऋद्धिवाला पुरुष किसी दरिद्र को धन आदि देकर उन्नत वनाए तदनन्तर वह दरिद्र धनादि से समृद्ध वनने पर उस सेठ के असमक्ष अथवा समक्ष ही विपुल भोग सामग्री से युक्त होकर विचरता हो, इसके वाद वह ऋद्धिवाला पुरुष कदाचित् (दैवयोग से) दरिद्र वन कर उस (पूर्व के) दरिद्र के पास शीघ्र आवे उस समय वह (पहले का) दरिद्र (वर्तमान का श्रीमन्त) अपने इस स्वामी को सर्वस्व देता हुआ भी उसके उपकार का वदला नहीं चुका सकता है किन्तु वह अपने स्वामी को केवलिप्ररूपित धर्म वता कर समझाकर और प्ररूपणा कर उसमें स्थापित करता है तो इससे वह अपने स्वामी के उपकार का भलीभांति वदला चुका सकता है।

कोई व्यक्ति तथारूप श्रमण-माहन के पास से एक भी आर्य (श्रेष्ठ) धार्मिक सुवचन सुनकर-समझकर मृत्यु

के समय मर कर किसी देवलोक में देवरूप से उत्पन्न हुआ। तदनन्तर वह देव उन धर्माचार्य को दुर्भिक्ष वाले देश से सुभिक्ष वाले देश में ले जाकर रख दे, जंगल में भटकते हुए को जंगल से बाहर ले जाकर रख दे, दीर्घ-कालीन व्याधि-ग्रस्त को रोग मुक्त करदे तो भी वह धर्माचार्य के उपकार का बदला नहीं चुका सकता है किन्तु वह केवलि प्ररूपित धर्म से (संयोगवश) भ्रष्ट हुए धर्माचार्य को पुनः केवलि-प्ररूपित धर्म बता कर-यावत्-उसमें स्थापित कर देता है तो वह उन धर्माचार्य के उपकार का बदला भलीभांति चुका सकता है।

२३६ तीन स्थानों (गुणों) से युक्त अनगार अनादि-अनन्त दीर्घ-मार्ग वाले चार गतिरूप संसार-कान्तार को पार कर लेता है वे इस प्रकार हैं, यथा-

निदान (भोग ऋद्धि आदि की इच्छा) नहीं करने से,
सम्यक्दर्शन युक्त होने से,
समाधि में रहने से।

अथवा उपधान-तपश्चर्या पूर्वक श्रुत का अभ्यास करने से।

२३७ तीन प्रकार की अवसर्पिणी कही गई है, यथा-

उत्कृष्ट, मध्यम और जघन्य।

इस प्रकार छहों आरक का कथन करना चाहिए-यावत्-दुषमदुषमा । [७]

तीन प्रकार की उत्सर्पिणी कही गई है, यथा-

उत्कृष्ट, मध्यम और जघन्य ।

इस प्रकार छ आरक समझने चाहिये-यावत्-सुषम सुषमा । [७-१४]

१३८ तीन कारणों से अच्छिन्न पुद्गल अपने स्थान से चलित होते है, यथा-

आहार के रूप में जीव के द्वारा गृह्यमान होने पर पुद्गल अपने स्थान से चलित होते है,

वैक्रिय किये जाने पर उसके वशवर्ति होकर पुद्गल स्वस्थान से चलितहोते है,

एक स्थान से दूसरे स्थान पर संक्रमण किये जाने पर (ले जाये जाने पर) पुद्गल स्वस्थान से चलित होते है । [१]

उपधि तीन प्रकार की कही गई है, यथा-

कर्मोपधि, शरीरोपधि और बाह्य-भाण्डोपकरणोपधि ।

असुरकुमारों के तीन प्रकार की उपधि कहनी चाहिये ।

यों एकेन्द्रिय और नारक को छोड़ कर वैमानिक पर्यन्त

तीन प्रकार की उपधि समझनी चाहिये। [२]

अथवा तीन प्रकार की उपधि कही गई है, यथा-
सचित्त, अचित्त और मिश्र।

इस प्रकार निरन्तर नैरयिक जीवों को-यावत्-वैमानिकों को तीनों ही प्रकार की उपधि होती है। [२-४]

परिग्रह तीन प्रकार का कहा गया है, यथा-
कर्म-परिग्रह,
शरीर परिग्रह
वाह्य-भाण्डोपकरण-परिग्रह।

असुरकुमारों को तीनों प्रकार का परिग्रह होता है। यों एकेन्द्रिय और नारक को छोड़ कर वैमानिक पर्यन्त समझना चाहिए। [२]

अथवा तीन प्रकार का परिग्रह कहा गया है, यथा-
सचित्त, अचित्त और मिश्र।

निरन्तर नैरयिक यावत् – विमानवासी देवों को तीनों प्रकार का परिग्रह होता है। [२-४]

१३९ तीन प्रकार का प्रणिधान (एकाग्रता) कहा गया है, यथा-
मन-प्रणिधान, वचन-प्रणिधान और काय-प्रणिधान।

यह तीन प्रकार का प्रणिधान पंचेन्द्रियों से लेकर वैमा-

निक पर्यन्त सब दण्डकों में पाया जाता है। [२]

तीन प्रकार का सुप्रणिधान कहा गया है, यथा-

मन का सुप्रणिधान,

वचन का सुप्रणिधान,

काय का सुप्रणिधान।

संयत मनुष्यों का तीन प्रकार का सुप्रणिधान कहा गया है, यथा—

मनका सुप्रणिधान,

वचन का सुप्रणिधान

काय का सुप्रणिधान। [२]

तीन प्रकार का अशुभ प्रणिधान कहा गया है, यथा-

मन का अशुभ प्रणिधान

वचन का अशुभ प्रणिधान,

काय का अशुभ प्रणिधान।

यह पंचेन्द्रिय से लेकर वैमानिक पर्यन्त होता है। [२०६]

४० योनि तीन प्रकार की कही गई है, यथा-

शीत, उष्ण और शीतोष्ण।

यह तेजस्काय को छोड़ कर शेष एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रिय संमूर्छिम तिर्यंच योनिक पंचेन्द्रिय और संमूर्छिम मनुष्यों को होती है। [२]

योनि तीन प्रकार की कही गई है, यथा-

सचित्त, अचित्त और मिश्र।

यह एकेन्द्रियों, विकलेन्द्रियों सम्मूर्छिम तिर्यंचयोनिक पंचेन्द्रियों और सम्मूर्छिम मनुष्यों को होती है। [२]

योनि तीन प्रकार की कही गई है, यथा —

संवृता, विवृता और संवृत-विवृता।

योनि तीन प्रकार की कही गई है, यथा-

कूर्मोन्नता, शंखावर्त्ता और वंशीपत्रिका।

उत्तम पुरुषों की माताओं की कूर्मोन्नता योनि होती है। कूर्मोन्नता योनि में तीन प्रकार के उत्तम पुरुष गर्भ रूप में उत्पन्न होते हैं, यथा-

अर्हन्त चक्रवर्ती और बलदेव-वासुदेव

चक्रवर्ती के स्त्रीरत्न की योनि शंखावर्त्त होती है। शंखावर्त्त योनि में बहुत से जीव और पुद्गल पैदा होते हैं, एवं नष्ट होते हैं किन्तु जन्म धारण नहीं करते हैं।

वंशीपत्रिकायोनि सामान्य मनुष्यों की योनि है। वंशी पत्रिका योनि में बहुत से सामान्य मनुष्य गर्भरूप में उत्पन्न होते हैं। [२-६]

१४१ तृण (बादर) वनस्पतिकाय तीन प्रकार की कही गई है, यथा-

संख्यात जीव वाली, असंख्यात जीव वाली, अनन्त जीव वाली।

१४२ जम्बूद्वीपवर्ती भरतक्षेत्र में तीन तीर्थ कहे गये हैं, यथा-
मागध, वरदाम और प्रभास ।
इसी तरह ऐरवत क्षेत्र में भी समझने चाहिए ।
जम्बूद्वीपवर्ती महाविदेह क्षेत्र में एक एक चक्रवर्ती विजय में तीन तीर्थ कहे गये हैं,[१] यथा-
मागध, वरदाम और प्रभास ।
इसी तरह धातकीखण्ड द्वीप के पूर्वार्ध में और पश्चिमार्ध में तथा अर्धपुष्करवरद्वीप के पूर्वार्ध में और पश्चिमार्ध में भी इसी तरह जानना चाहिये । [७]

१४३ जम्बूद्वीपवर्ती भरत और ऐरवत क्षेत्र में अतीत उत्सर्पिणी काल के सुषम नामक आरक का काल तीन कोड़ाकोड़ी सागरोपम था ।
इसी तरह इस अवसर्पिणी काल के सुषम आरक का काल इतना ही (तीन कोड़ाकोडी सागरोपम) कहा गया है ।
आगामी उत्सर्पिणी के सुषम आरक का काल इतना ही होगा । [६]

---

१ चक्रवर्ती के समुद्र तथा सीतादि महानदियों में उतरने के मार्ग को तीर्थ कहते हैं ।

इसी तरह धातकीखण्ड के पूर्वार्ध में और पश्चिमार्ध में भी। [६]

इसी तरह अर्ध पुष्करवर द्वीप के पूर्वार्ध और पश्चिमार्ध में भी काल का कथन करना चहिए। [६]

जम्बूद्वीपवर्ती भरत ऐरवत क्षेत्र में अतीत उत्सर्पिणी काल के सुषमसुषमा आरे में मनुष्य तीन कोस की ऊंचाई वाले और तीन पल्योपम के परमायुष्य[१] वाले थे।

इसी तरह इस अवसर्पिणी काल और आगामी उत्सर्पिणी काल में भी समझना चाहिए। [६]

जम्बूद्वीपवर्ती देवकुरु और उत्तरकुरु में मनुष्य तीन कोस की ऊंचाई वाले कहे गये हैं तथा वे तीन पल्योपम की परमायु वाले हैं। [२]

इसी तरह अर्धपुष्करवर द्वीप के पश्चिमार्ध तक का कथन करना चाहिए। [२]

जम्बूद्वीप वर्ती भरत-ऐरवत क्षेत्र में एक एक उत्सर्पिणी अवसर्पिणी में तीन वंश (उत्तम पुरुष परम्परा) उत्पन्न हुए, उत्पन्न होते हैं और उत्पन्न होंगे, यथा-

अर्हन्तवंश, चक्रवर्ती-वंश और दशार्हवंश।

---

१. निरुपक्रम आयु वाले होने से 'परमायु' कहा गया है।

इसी तरह अर्ध पुष्करवर द्वीप के पश्चिमार्ध तक कथन करना चाहिए । [४]

जम्बूद्वीप के भरत, ऐरवत क्षेत्र में एक एक उत्सर्पिणी अवसर्पिणी काल में तीन प्रकार के उत्तम पुरुष उत्पन्न हुए । उत्पन्न होते हैं और उत्पन्न होंगे, यथा-

अर्हन्त, चक्रवर्ती और बलदेव-वासुदेव ।

इस प्रकार अर्धपुष्करवर द्वीप के पश्चिमार्ध तक समझना चाहिए । [४]

तीन यथायु का पालन करते हैं (निरुपक्रम आयुवाले होते हैं), यथा-

अर्हन्त, चक्रवर्ती और बलदेव-वासुदेव । [१]

तीन मध्यमायु का पालन करते हैं (वृद्धत्व रहित आयु वाले होते हैं) । यथा-

अर्हन्त, चक्रवर्ती और बलदेव-वासुदेव । [१-३८]

१४४ बादर तेजस्काय के जीवों की उत्कृष्ट स्थिति तीन अहोरात्र की कही गई है,

बादरवायुकाय की उत्कृष्ट स्थिति तीन हजार वर्ष की कही गई है ।

१४५ प्रश्न हे भदन्त ! शालि (उत्तम चावल) व्रीहि (सामान्य चावल) गेहूं, जौ, यवयव (विशेष प्रकार का जौ) इन

धान्यों को कोठों में सुरक्षित रखने पर, पल्य (धान्य भरने के पात्र विशेष) में सुरक्षित रखने पर, मंच पर सुरक्षित रखने पर, ढक्कन लगाकर, लीप कर, सब तरफ लीप कर, रेखादि के द्वारा लांच्छित करने पर, मिट्टी की मुद्रा लगाने पर अच्छी तरह बन्द रखने पर इनकी कितने काल तक योनि (उत्पादन-शक्ति) रहती है ?

उत्तर हे गौतम ! जघन्य अन्तमुहूर्त्त और उत्कृष्ट तीन वर्ष तक योनि रहती है, इसके बाद योनि म्लान हो जाती है, इसके बाद ध्वंसाभिमुख होती है, नष्ट हो जाती है, इसके बाद जीव अजीव हो जाता है और तत्पश्चात् योनि का विच्छेद हो जाता है ।

१४६ दूसरी शर्कराप्रभा नरक-पृथ्वी के नारकों की तीन सागरोपम की उत्कृष्ट स्थिति कही गई है ।

तीसरी वालुकाप्रभा पृथ्वी में नारकों की तीन सागरोपम की जघन्य स्थिति कही गई है । [२]

१४७ पांचवीं धूमप्रभा-पृथ्वी में तीन लाख नरकावास कहे गये हैं ।

तीन नरक-पृथ्वियों में नारकों को उष्णवेदना कही गई है, यथा-

पहली, दूसरी और तीसरी नरक में ।

तीन पृथ्वियों में नारक उष्णवेदना का अनुभव करते हैं, यथा-

प्रथम, दूसरी और तीसरी नरक में। [३]

१४८ लोक में तीन समान प्रमाण (लम्बाई-चौडाई) वाले, समान पार्श्व (आजू-बाजू) वाले और सब विदिशाओं में भी समान कहे गये हैं, यथा-

अप्रतिष्ठान नरक,

जम्बूद्वीप,

सवार्थसिद्ध महा विमान। [१]

लोक में तीन समान प्रमाण वाले, समान पार्श्ववाले और सब विदिशाओं में समान कहे गये हैं, यथा-

सीमन्त नरकावास, समयक्षेत्र, ईषत्प्राग्भारा पृथ्वी। [१]

१४९ तीन समुद्र प्रकृति से उदकरस वाले कहे गये हैं, यथा-

कालोदधि, पुष्करोदधि, और स्वयंभूरमण। [१]

तीन समुद्रों में मच्छ कच्छ आदि जलचर विशेष रूप से कहे गये हैं, यथा-

लवण, कालोदधि और स्वयंभूरमण। [१] [२]

१५० शीलरहित, व्रतरहित, गुणरहित, मर्यादा रहित, प्रत्याख्यान पौषध-उपवास आदि नहीं करने वाले तीन प्रकार के व्यक्ति मृत्यु के समय मर कर नीचे सातवीं नरक के अप्रतिष्ठान नामक नरकावास में नारक रूप से उत्पन्न होते हैं, यथा—

चक्रवर्ती, वासुदेव आदि राजा,
माण्डलिक राजा (शेष सामान्य राजा)
महारम्भ करने वाले कुटुम्बी। [१]
सुशील, सुव्रती, सद्‌गुणी मर्यादावाले, प्रत्याख्यान-पौषध उपवास करने वाले तीन प्रकार के व्यक्ति मृत्यु के समय मर कर सर्वार्थसिद्ध महाविमान में देव रूप से उत्पन्न होते हैं, यथा-

काम भोगों का त्याग करने वाले राजा,
काम भोग के त्यागी सेनापति,
प्रशास्ता-धर्माचार्य।

१५१ ब्रह्मलोक और लान्तक देवलोक में विमान तीन वर्ण वाले कहे गये हैं। यथा-

काले, नीले और लाल। [१]

आनत, प्राणत, आरण और अच्युत कल्प में देवों के भवधारणीय शरीरों की ऊंचाई तीन हाथ की कही गई है। [१-४]

१५२ तीन प्रज्ञप्तियां नियत समय पर पढ़ी जाती हैं, यथा-
चन्द्रप्रज्ञप्ति, सूर्यप्रज्ञप्ति और द्वीप सागर प्रज्ञप्ति।

द्वितीय उद्देशक

१५३ लोक तीन प्रकार के कहे गये है, यथा-

नामलोक, स्थापनालोक, और द्रव्यलोक ।

भाव लोक तीन प्रकार का कहे गये हैं, यथा-

ज्ञानलोक, दर्शनलोक, और चारित्रलोक ।

लोक तीन प्रकार के कहे गये हैं. यथा-

ऊर्ध्वलोक, अधोलोक और तिर्यग्लोक । [३]

१५४ असरकुमारराज असुरेन्द्र चमर की तीन प्रकार की परिषद् कही गई हैं, यथा-

समिता[1] चण्डा[2] और जाया[3] ।

समिता आभ्यन्तर परिपद् है,

चण्डा मध्यम परिपद् है,

जाया वाह्य परिपद् है ।

असुरकुमारराज असुरेन्द्र चमर के सामानिक देवों की तीन परिपद् है समिता आदि चमरेन्द्र की तरह ।

इसी तरह त्रायस्त्रिंशकों की भी परिषद् जानें ।

लोकपालों की तुम्बा, त्रुटिता और पर्वा ।

इसी तरह अग्रमहिषियों की भी परिषद् जानें ।

वलीन्द्र की भी इसी तरह तीन परिषद् समझनी चाहिये ।

---

१. जिसके सभासद बुलाने पर आते हैं ।

२. जिसके सभासद् बुलाने पर भी आते हैं और न बुलाने पर भी आते हैं ।

३. जिसके सभासद् विना बुलाये आते हैं ।

अग्रमहिषी पर्यन्त इसी तरह परिषद् जाननी चाहिये। धरणेन्द्र की, उसके सामानिक और त्रायस्त्रिंशकों की तीन प्रकार की परिषद् कही गई हैं, यथा-

समिता, चण्डा और जाया।

इसके लोकपाल और अग्रमहिषियों की तीन परिषद् कही गई है, यथा-

ईषा, त्रुटिता और दृढ़रथा।

धरणेन्द्र की तरह शेष भवनवासी देवों की परिषद् जाननी चाहिए।

पिशाच-राज, पिशाचेन्द्र काल की तीन परिषद् कही गई हैं, यथा-

ईषा, त्रुटिता और दृढरथा।

इसी तरह सामानिक देव और अग्रमहिषियों की भी परिषद् जानें।

इसी तरह—यावत्—गीतरति और गीतयशा की भी परिषद् जाननी चाहिये।

ज्योतिष्कराज ज्योतिष्केन्द्र चन्द्र की तीन परिषद् कही गई हैं, यथा-

तुम्बा, त्रुटिता और पर्वा।

इसी तरह सामानिक देव और अग्रमहिषियों की भी परिषद् जानें।

इसी तरह सूर्य की भी परिषद् जानें।

देवराज देवेन्द्र शक्र की तीन परिषद् कही गई हैं, यथा-

समिता, चण्डा और जाया।

इसी प्रकार अग्रमहिषी पर्यन्त चमरेन्द्र के समान तीन परिषद् कहना चाहिए।

इसी तरह अच्युत के लोकपाल पर्यन्त तीन परिषद् समझनी चाहिए।

१५५ तीन याम कहे गये हैं, यथा-

प्रथम याम, मध्यम याम और अन्तिम याम[1]। [१]

तीन यामों में आत्मा केवलि-प्ररूपित धर्म सुनसकता है, यथा-

प्रथम याम में, मध्यम याम में और अन्तिम याम में।

इसी तरह —यावत्— आत्मा तीन यामों में केवलज्ञान उत्पन्न करता है, यथा-

प्रथम याम में, मध्यम याम में और अन्तिम याम में। [११]

तीन वय कही गई है, यथा-

---

१. यद्यपि दिन और रात्रि के चतुर्थ भाग को सामान्यतया याम प्रहर कहा जाता है तथापि यहाँ पूर्वरात्रि, मध्यरात्रि और अन्तिमरात्रि तथा पूर्व दिन, मध्यदिन और अन्तिम दिन इसी विवक्षा से यहां ये तीन याम कहे गये हैं। इसी विवक्षा से रात्रि को त्रियामा कहा गया है।

प्रथम वय, मध्यम वय और अन्तिम वय । [१]

इन तीनों वय में आत्मा केवलि-प्रज्ञप्त धर्म सुन पाता है, यथा-

प्रथमवय, मध्यमवय और अन्तिमवय ।

केवलज्ञान उत्पन्न होने तक का कथन पहले के समान ही जानना चाहिए । [११-२४]

१५६ बोधि तीन प्रकार की कही गई हैं । यथा-

ज्ञान बोधि, दर्शन बोधि और चारित्र बोधि ।

'सम्यग्ज्ञानदर्शन' का फल होने से बोधि कहा गया है । [१]

तीन प्रकार के बुद्ध कहे गये हैं, यथा-

ज्ञानबुद्ध, दर्शनबुद्ध और चारित्रबुद्ध । [१]

इसी तरह तीन प्रकार का मोह और-

तीन प्रकार के मूढ समझने चाहिए । [२-४]

१५७ प्रवज्या (दीक्षा) तीन प्रकार की कही गई है, यथा-

इहलोकप्रतिबद्धा—इस लोक में उत्तम भोजनादि की इच्छा से ली गई ।

परलोक प्रतिबद्धा—स्वर्ग आदि में सुख की इच्छा से ली गई ।

उभय-लोकप्रतिबद्धा—दोनों जगह सुख की इच्छा से ली गई ।

तीन प्रकार की प्रव्रज्या कही गई है, यथा-

पुरतः प्रतिवद्धा,[1]
मार्गतः प्रतिबद्धा[2]
उभयतः प्रतिवद्धा।

तीन प्रकार की प्रव्रज्या कही गई है, यथा-
व्यथा उत्पन्न कर दी जाने वाली दीक्षा,
अन्यत्र ले जाकर दी जाने वाली दीक्षा,
धर्मतत्व समझा कर दी जाने वाली दीक्षा।

तीन प्रकार की प्रव्रज्या कही गई है, यथा-
सद्‌गुरुओं की सेवा के लिए ली गई दीक्षा,
आख्यानप्रव्रज्य —धर्मदेशना के दियेजानेसे ली गई दीक्षा
संगार प्रव्रज्या—संकेत से ली गई दीक्षा
अथवा" तुम दीक्षा लोगे तो में भी लूँगा" इस प्रकार की शर्त लगा कर ली गई दीक्षा।

१५८ तीन निर्ग्रन्थ नोसंज्ञोपयुक्त (पूर्वानुभूत आहारादि का स्मरण और अनागत की चिन्ता न करने वाले) कहे गये हैं, यथा-
पुलाक, निर्ग्रन्थ और स्नातक।

तीन निर्ग्रन्थ संज्ञ-नोसंज्ञोपयुक्त (संज्ञा और नोसंज्ञा दोनों से संयुक्त) कहे गये हैं। यथा-

---

१. दीक्षा लेने पर मेरे शिष्यादि होंगे इस आशा से ली गई दीक्षा पुरतः प्रतिबद्धा है।
२. स्वजनादि से स्नेह का विच्छेद न हो इस भावना से ली गई दीक्षा मार्गतः प्रतिवद्धा है।

बकुश, प्रतिसेवनाकुशील और कषायकुशील ।

१५९ तीन प्रकार की शैक्ष-भूमि[1] कही गई है, यथा-
उत्कृष्ट छः मास,
मध्यम चार मास
जघन्य सात रात-दिन ।

तीन स्थविर भूमियां कही गई हैं, यथा-
जातिस्थविर, सूत्रस्थविर और पर्यायस्थविर ।
साठ वर्ष की उम्रवाला श्रमण-निर्ग्रन्थ सूत्रस्थविर है,
स्थानाग समवायांग को जानने वाला श्रमण-निर्ग्रन्थ सूत्रस्थविर है,
वीस वर्ष की दीक्षा वाला श्रमणनिर्ग्रन्थ पर्यायस्थविर है ।

१६० तीन प्रकार के पुरुष कहे गये हैं । यथा,
सुमना (हर्षयुक्त)
दुर्मना (दुःख या द्वेषयुक्त)
नो-सुमना-नो-दुर्मना (समभाव रखने वाला) ।
तीन प्रकार के पुरुष कहे गये हैं, यथा-
कितनेक किसी स्थान पर जाकर सुमना होते हैं,
कितनेक किसी स्थान पर जाकर दुर्मना होते हैं,
कितनेक किसी स्थान पर जाकर नो सुमना-नो दुर्मना होते हैं ।

---

१. नवदीक्षित को महाव्रतादिदेने का समय अर्थात् छेदोपस्थापनीय चारित्र-वड़ी दीक्षा का समय

तीन प्रकार के पुरुष कहे गये हैं, यथा-

कितनेक 'किसी स्थान पर जाता हूँ' ऐसा मान कर सुमना होते हैं,

कितनेक 'किसी स्थान पर जाता हूं' ऐसा मान कर दुर्मना होते हैं,

कितनेक 'किसी स्थान पर जाता हूं' ऐसा मानकर नो-सुमना-नोदुर्मना होते हैं।

इसी तरह कितनेक 'जाऊंगा'' ऐसा मानकर सुमना होते हैं इत्यादि पूर्ववत्।

तीन प्रकार के पुरुष कहे गये हैं, यथा-

कितनेक "नहीं जाकर" सुमना होते हैं, इत्यादि।

तीन प्रकार के पुरुष कहे गये हैं, यथा-

'नहीं जाता हूं' ऐसा मानकर सुमना होते हैं इत्यादि।

तीन प्रकार के पुरुष कहे गये हैं, यथा-

'नहीं जाऊंगा' ऐसा मानकर सुमना होते हैं, इत्यादि।

इसी तरह 'आकर' कितनेक सुमना होते हैं, इत्यादि।

'आताहूं' ऐसा मानकर कितनेक सुमना होते हैं, इत्यादि।

'आऊंगा' ऐसा मानकर कितनेक सुमना होते हैं, इत्यादि।

इस प्रकार इस अभिलापक से—

जाकर, नहीं जाकर।

खड़े रह कर-खड़े नहीं रह कर।

बैठकर, नहीं बैठ कर ।

मार कर, नहीं मार कर ।

छेदकर, नहीं छेद कर ।

बोलकर, नहीं बोल कर ।

कहकर, नहीं कह कर ।

देकर, नहीं देकर ।

खाकर, नहीं खाकर ।

प्राप्त कर, नहीं प्राप्त कर ।

पीकर, नहीं पीकर ।

सोकर, नहीं सोकर ।

लड़कर, नहीं लड़कर ।

जीत कर, नहीं जीत कर ।

पराजित कर, नहीं पराजित कर ।

कितनेक 'सुनता हूं' यह मानकर सुमना होते हैं ।

कितनेक 'सुनुंगा' यह मान कर सुमना होते हैं ।

इसी प्रकार कितनेक नहीं 'सुना' यह मानकर सुमना होते हैं ।

कितनेक 'नहीं सुनता हूं' यह मानकर सुमना होते हैं।

कितनेक 'नहीं सुनुंगा' यह मानकर सुमना होते हैं।

इस प्रकार रूप, गंध, रस और स्पर्श प्रत्येक में छः छः आलापक कहने चाहिए। [१२७]

१६१ शीलरहित, व्रतरहित, गुणरहित, मर्यादा-रहित और प्रत्याख्यान-पोपधोपवास रहित के तीन स्थान गर्हित होते हैं। यथा-

उसका इह लोक जन्म गर्हित होता है, (उसकी इस जन्म में निन्दा होती है)

उसका उपपात (किल्विषिक देवतादि में जन्म लेने से वहां भी) निन्दित होता है,

उसके बाद के जन्मों में भी वह निन्दनीय होता है। [१]

सुशील, सुव्रती, सद्गुणी, मर्यादावान् और पौषधोपवास प्रत्याख्यान आदि करने वाले के तीन स्थान प्रशंसनीय होते हैं, यथा-

उसकी इस लोक में भी प्रशंसा होती है,

उसका उपपात भी प्रशंसनीय होता है

उसके बाद के जन्म में भी उसे प्रशंसा प्राप्त होती है । [१]

१६२ संसारी जीव तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

स्त्री, पुरुष और नपुंसक । [१]

सर्व जीव तीन प्रकार के कहे गये हैं। यथा-

सम्यग्दृष्टि, मिथ्यादृष्टि, और सम्यग्मिथ्यादृष्टि (मिश्र-दृष्टि) ।

अथवा सब जीव तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

पर्याप्त, अपर्याप्त और नो-पर्याप्त नो-अपर्याप्त ।

इसी तरह सम्यग्दृष्टि ।

परित्त,

पर्याप्त,

सूक्ष्म,

संज्ञी, और भव्य,

इन में से जो ऊपर नहीं कहे गये हैं उनके भी तीन तीन प्रकार समझने चाहिए ।

१६३ लोक-स्थिति तीन प्रकार की कही गई है, यथा-

आकाश के आधार पर वायु रहा हुआ है,

वायु के आधार पर उदधि

उदधि के आधार पर पृथ्वी ।

दिशाए तीन कही गई हैं, यथा-

ऊर्ध्व दिशा, अधो दिशा और तिर्छी दिशा ।

तीन दिशाओं में जीवों की गति होती है, यथा-

ऊर्ध्व दिशा में, अधोदिशा में और तिर्छी दिशामें ।

इसी तरह आगति ।

उत्पत्ति,

आहार,

वृद्धि,

हानि,

गति पर्याय-हलन चलन,

समुद्घात,

कालसंयोग,

अवधि दर्शन से देखना, अवधिज्ञान से जानना

और जीवों का ज्ञान अवधि ज्ञान से जानना चाहिए ।

तीन दिशाओं में जीवों को अजीवों का ज्ञान होता है, यथा-

ऊर्ध्व दिशा में, अधोदिशा में और तिर्छी दिशा में ।

(तीनों दिशाओं में गति आदि तेरह पद समस्त रूप से चौवीस दण्डकों में से पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनिक और मनुष्य में ही होते हैं)

१६४ त्रस जीव तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

तेजस्काय, वायुकाय, और उदार (स्थूल) त्रस प्राणी।

स्थावर तीन प्रकार के कहे गये है, यथा-

पृथ्वीकाय, अप्काय और वनस्पतिकाय।

(यहां तेजस्काय और वायुकाय को गति के योग से त्रस माना गया है। [२]

१६५ तीन अच्छेद्य हैं-समय, प्रदेश और परमाणु।

इसी तरह—दो भाग नहीं किये जा सकने वाले। अभेद्य

अदाह्य—नहीं जलाये जा सकने वाले।

अग्राह्य—हाथ आदि से नहीं ग्रहण किये जा सकने वाले।

अमध्य—जिनका मध्यभाग नहीं हो सकता।

अप्रदेशी—निरवयव।

तीन अविभाज्य हैं, यथा-

समय, प्रदेश और परमाणु।

१६६ हे आर्यो! इस प्रकार श्रमण भगवान् महावीर गौतमादि श्रमण निर्ग्रन्थों को सम्बोधित कर इस प्रकारवोले

प्रश्न-हे श्रमणो! हे आयुष्मन्तो! प्राणियों को किससे भय है?

(तव) गौतमादि श्रमणनिर्ग्रन्थ श्रमण भगवान् महावीर के समीप आते हैं और वन्दना-नमस्कार करते हैं। वन्दना नमस्कार करके वे इस प्रकार वोले :-

हे देवानुप्रिय ! यह अर्थ हम जानते नहीं हैं देखते नहीं हैं इसलिये यदि आपको कहने में कष्ट न होता हो तो हम यह बात आप श्री से जानना चाहते हैं ।

उत्तर—आर्यो ! यों श्रमण भगवान् महावीर गौतमादि श्रमणनिग्रन्थों को सम्बोधित करके इस प्रकार बोले—हे श्रमणो ! हे आयुष्मन्तो ! प्राणी दुःख से डरने वाले हैं।

प्रश्न—(गौतमादि श्रमणों ने पूछा) हे भगवन् ! यह दुःख किस के द्वारा दिया गया है ?

उत्तर—(भगवान् बोले) जीव ने प्रमाद के द्वारा दुःख उत्पन्न किया है ।

प्रश्न—(गौतमादि श्रमणों ने पूछा) हे भगवान् ! यह दुःख कैसे नष्ट होता है ?

उत्तर—(भगवान् बोले) अप्रमाद से दुःख का क्षय होता है।

१६७ **प्रश्न**-हे भगवन् ! अन्य तीर्थिक इस प्रकार बोलते हैं, कहते हैं, प्रज्ञप्त करते हैं और प्ररूपणा करते हैं कि श्रमण-निर्ग्रन्थों के मत में कर्म किस प्रकार दुःख रूप होते है ? (चारभंगो में से जो पूर्वकृत कर्म दुख रूप होते हैं यह वे नहीं पूछते हैं, जो पूर्वकृत कर्म दुख रूप नहीं होते हैं यह भी वे नहीं

पूछते हैं, जो पूर्वकृत नहीं है परन्तु दुख रूप होते हैं उसके लिए वे पूछते हैं। (पूछने का आशय यह है कि जैसे अन्य तीर्थिक अकृतकर्म प्राणियों को दुख देते हैं। यह मानते हैं क्या वैसा ही निर्ग्रन्थ भी मानते है ?)

अकृतकर्म को दुख का कारण मानने वाले वादियों का यह कथन है कि

कर्म किये बिना ही दुःख होता है,

कर्मों का स्पर्श (बंध) किये बिना ही दुःख होता है,

किये जाने वाले और किये हुए कर्मों के बिना ही दुःख होता है,

प्राणी, भूत,जीव और सत्व द्वारा कर्म किये बिना ही वेदना का अनुभव करते हैं—ऐसा कहना चाहिये।

उत्तर—(भगवान् बोले) जो लोग ऐसा कहते हैं वे मिथ्या कहते हैं। मैं ऐसा कहता हूं, बोलता हूं और प्ररूपणा करता हूं कि कर्म करने से दुख होता है.

कर्मों का स्पर्श करने से दुख होता है,

क्रियमाण और कृत कर्मों से दुःख होता है,

प्राण, भूत, जीव और सत्व कर्म करके वेदना का अनुभव करते हैं। ऐसा कहना चाहिए।

तृतीय उद्देशक

१६८ तीन कारणों से मायावी माया करके भी उसकी आलोचना 'गुरु-समक्ष निवेदन' नहीं करता है, प्रतिक्रमण नहीं करता है, आत्मसाक्षी से निन्दा नहीं करता है, गुरु के समक्ष गर्हा नहीं करता है, उस विचार को दूर नहीं करता है, उसकी शुद्धि नहीं करता है, उसे पुनः नहीं करने के लिए तत्पर नहीं होता है और यथायोग्य प्रायश्चित्त और तपश्चर्या अंगीकार नहीं करता है, यथा-

"मैंने यह काम किया है।" 'इस प्रकार आलोचना करने से मेरा मान महत्त्व कम हो जाएगा अतः आलोचना न करूं। 'इस समय भी मैं वैसा ही करता हूं' इसलिये इसे निन्दनीय कैसे कहूं ?

'भविष्य में भी मैं वैसा ही करुंगा' 'इसलिए आलोचना कैसे करूं।

तीन कारणों से मायावी माया करके भी उसकी आलोचना नहीं करता है, प्रतिक्रमण नहीं करता है —यावत्— तपश्चर्या अंगीकार नहीं करता है, यथा-

मेरी अपकीर्ति होगी,

मेरा अवर्णवाद होगा,

मेरा अविनय होगा ।[1]

तीन कारणों से मायावी माया करके भी आलोचना नहीं करता हैं —यावत्— तप अंगीकार नहीं करता है, यथा-

मेरी कीर्ति[2] क्षीण होगी,

मेरा यश[3] हीन होगा,

मेरी पूजा व मेरा सत्कार कम होगा । [२]

तीन कारणों से मायावी माया करके उसकी आलोचना करता है, प्रतिक्रमण करता है —यावत्— तप अंगीकार करता है, यथा-

मायावी की इस लोक में निन्दा होती है,

परलोक भी निन्दनीय होता है,

अन्य जन्म भी गर्हित होता है ।

तीन कारणों से मायावी माया करके आलोचना करता है, —यावत्— तप अंगीकार करता है, यथा-

अमायी का यह लोक प्रशस्त होता है,

---

१. अवज्ञा ।

२. सीमित प्रदेश में प्रसिद्धि 'किर्ति' ।

३. सर्वत्र प्रसिद्धि 'यश' ।

परलोक में जन्म प्रशस्त होता है,

अन्य जन्म भी प्रशंसनीय होता है।

तीन कारणों से मायावी माया करके आलोचना करता है —यावत्— तप अंगीकार करता है, यथा-

ज्ञान के लिये, दर्शन के लिये, चारित्र के लिये। [२-४]

१६९ तीन प्रकार के पुरुष कहे गये हैं, यथा-

सूत्र के धारक, अर्थ के धारक, उभय के धारक।

१७० साधु और साध्वियों को तीन प्रकार के वस्त्र धारण करना और पहनना कल्पता है, यथा-

ऊन का, सन का और सूत का बना हुआ। [१]

साधु और साध्वियों को तीन प्रकार के पात्र धारण करने और परिभोग करने के लिये कल्पते हैं, यथा-

तुम्बे का पात्र, लकड़ी का पात्र और मिट्टी का पात्र। [१-२]

१७१ तीन कारणों से वस्त्र धारण करना चाहिये, यथा-

लज्जा के लिये,

प्रवचन की निन्दा न हो इसलिये,

शीतादि परिषह निवारण के लिये।

१७२ आत्मा को रागद्वेष से बचाने के तीन उपाय कहे गये हैं, यथा—

धार्मिक उपदेश का पालन करे,

उपेक्षा करे या मौन रहे,

उस स्थान से उठ कर स्वयं एकान्त स्थान में चला जाय। [१]
तृषादि से ग्लान निग्रन्थ को प्रासुक जल की तीन दत्ति[1] ग्रहण करना कल्पता है, यथा-

उत्कृष्ट, मध्यम और जघन्य। [१-२]

१७३ तीन कारणों से श्रमण निग्रन्थ स्वधर्मी साम्भोगिक[2] के साथ भोजनादि व्यवहार को तोड़ता हुआ वीतराग की आज्ञा का उल्लंघन नहीं करता है, यथा-

व्रतों में 'गुरुतर' दोष लगाते हुए जिसे स्वयं देखा हो उसे,
व्रतों में 'गुरुतर' दोष लगाने की बात के सम्बन्ध में किसी श्रद्धालु से सुनी हो उसे,
चौथी बार दोष सेवन करने वाले को[3]।

---

१. एक बार में धारा टूटे बिना जितना मिले वह एक दत्ति है। जिससे सारा दिन निकल जाय इतना पानी लेना उत्कृष्ट दत्ति है, इससे कुछ कम लेना मध्यम दत्ति और एक बार ही प्यास बुझा सके इतना लेना जघन्य दत्ति है

२. जिसके साथ आहारादिके आदान-प्रदान का व्यवहारहो।

३. तीन बार दोष का सेवन करने पर आलोचना-प्रायश्चित्त होता है परन्तु चौथी बार उसी दोष के सेवन करने पर आलोचना प्रायश्चित्त नहीं होता है अतः चौथी बार उसी दोष का सेवन करने वाले को।

१७४ तीन प्रकार की अनुज्ञा[1] कही गई है यथा-

आचार्य जो आज्ञा दे,

उपाध्याय जो आज्ञा दे

गणनायक जो आज्ञा दे

तीन प्रकार की समनुज्ञा[2] कही गई है, यथा-

आचार्य जो आज्ञा दे,

उपाध्याय जो आज्ञा दे,

गणनायक जो आज्ञा दे । [२]

इसी प्रकार उपसम्पदा[3] और पदवी का त्याग[4] भी समझना चाहिये । [२-४]

१७५ तीन प्रकार के वचन कहे गये हैं, यथा-

तद् वचन[5], तदन्य वचन[6] और नोवचन[7] ।

तीन प्रकार के अवचन कहे गये हैं, यथा-

---

१. शास्त्र पढ़ने की आज्ञा ।

२. ,,

३. अपने गण के आचार्य आदि को छोडकर दूसरे गण के आचार्य आदि को स्वीकार करना ।

४. आचार्य आदि का पद त्याग ।

५. पदार्थ वाची वचन या पदार्थ विषयक वचन ।

६. पदार्थ से भिन्न पदार्थ वाची वचन या भिन्न पदार्थ विषयक वचन ।

७. वचन मात्र ।

नो तद्वचन,[1] नो तदन्य वचन[2] और अवचन[3] [२]

तीन प्रकार के मन कहे गये हैं, यथा-

तद्मन, तदन्यमन और अमन। [१-३]

१७६ तीन कारणों से अल्पवृष्टि होती है, यथा-

उस, देश में या प्रदेश में बहुत से उदक योनि के जीव अथवा पुद्गल उदक रूप से उत्पन्न नहीं होते हैं, नष्ट नहीं होते हैं, समाप्त नहीं होते हैं, पैदा नहीं होते हैं।

नाग, देव, यक्ष और भूतों की सम्यग् आराधना नहीं करने से वहां उठे हुए उदक पुद्गल-मेघ को जो वरसने वाला है उसे वे देव आदि अन्य देश में लेकर चले जाते हैं।

उठे हुए परिपक्व और वरसने वाले मेघ को पवन विखेर डालता है।

इन तीन कारणों से अल्पवृष्टि होतीहै। [१]

तीन कारणों से महावृष्टि होती है, यथा-

उस देश में या प्रदेश में बहुत से उदक योनि के जीव और पुद्गल उदक रूप से उत्पन्न होते हैं, समाप्त होते

---

१. घट को पट कहना।

२. घट को घट कहना।

३. निरर्थक वचन।

हैं, नष्ट होते हैं और पैदा होते हैं।

देव, यक्ष, नाग और भूतों की सम्यग् आराधना करने से अन्यत्र उठे हुए परिपक्व और बरसने वाले मेघ को उस प्रदेश में ला देते हैं।

उठे हुए, परिपक्व बने हुए और बरसने वाले मेघ को वायु नष्ट न करे।

इन तीन कारणों से महावृष्टि होती है। [१-२]

१७७ तीन कारणों से देवलोक में नवीन उत्पन्न देव मनुष्य-लोक में शीघ्र आने की इच्छा करने पर भी शीघ्र आने में समर्थ नहीं होता है, यथा-

देवलोक में नवीन उत्पन्न देव दिव्य कामभोगों में मूर्छित होने से, गृहयुद्ध होने से, स्नेहपाश में बंधा हुआ होने से, तन्मय होने से वह मनुष्य-सम्बन्धी कामभोगों को आदर नहीं देता है, अच्छा नहीं समझता है, "उनसे कुछ प्रयोजन है"-ऐसा निश्चय नहीं करता है, उनकी इच्छा नहीं करता है, "ये मुझे मिलें "ऐसी भावना नहीं करता है।

देवलोक में नवीन उत्पन्न हुआ, देव दिव्य काम भोगों में मूर्छित, गृद्ध, आसक्त और तन्मय होने से उसका मनुष्य सम्बन्धी प्रेमभाव नष्ट हो जाता है और दिव्य काम भोगों

के प्रति आकर्षण होता है।

देवलोक में नवीन उत्पन्न देव दिव्य काम भोगों में मूर्छित -यावत्- तन्मय बना हुआ ऐसा सोचता है कि "अभी न जाऊँ एक मुहूर्त के बाद जब नाटकादि पूरा हो जाएगा तब जाऊँगा"। इतने काल में तो अल्प आयुष्य वाले मनुष्य मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। इन तीन कारणों से नवीन उत्पन्न हुआ देव मनुष्य लोक में शीघ्र आने की इच्छा करने पर भी शीघ्र नहीं आ सकता है। [१]

तीन कारणों से देवलोक में नवीन उत्पन्न देव मनुष्यलोक में शीघ्र आने की इच्छा करने पर शीघ्र आने में समर्थ होता है, यथा-

देव लोक में नवीन उत्पन्न हुआ देव दिव्य कामभोगों में मूर्छित नहीं होने से, गृद्ध नहीं होने से, आसक्त नहीं होने से उसे ऐसा विचार होता है कि-"मनुष्य-भव में भी मेरे आचार्य, उपाध्याय, प्रवर्तक, स्थविर, गणी, गणधर अथवा गणावच्छेदक हैं जिनके प्रभाव से मुझे यह इस प्रकार की देवता की दिव्य ऋद्धि, दिव्य द्युति, दिव्य देवशक्ति (अचिन्त्य) वैक्रियादि की शक्ति मिली, प्राप्त हुई, सम्मुख उपस्थित हुई अतः जाऊं और उन

भगवान् को वन्दन करुं, नमस्कार करुं, सत्कार करुं, कल्याणकारी, मंगलकारी, देव स्वरूप मानकर उनकी सेवा करूं"

देवलोक में उत्पन्न हुआ देव दिव्य कामभोगों में मूर्छित नहीं होने से -यावत्- तन्मय नहीं होने से ऐसा विचार करता है कि -"इस मनुष्यभव में ज्ञानी हैं, तपस्वी हैं और अति-दुष्कर क्रिया करने वाले हैं अतः जाऊं और उन भगवंतों को वन्दन करुं, नमस्कार करुं, -यावत्- उनकी सेवा करुं"

देवलोक में नवीन उत्पन्न हुआ देव दिव्य कामभोगों में मुर्छित -यावत्- तन्मय नहीं होता हुआ ऐसा विचार करता है कि- "मनुष्यभव में मेरी माता -यावत्- मेरी पुत्रवधू है इसलिए जाऊं और उनके समीप प्रकट होऊं जिससे वे मेरी इस प्रकार की मिली हुई, प्राप्त हुई और सम्मुख उपस्थिति हुई दिव्य देवर्द्धि, दिव्य द्युति और दिव्य देवशक्ति को देखें।"

इन तीन कारणों से देवलोक में नवीन उत्पन्न हुआ देव मनुष्य लोक में शीघ्र आने की इच्छा करे तो शीघ्र आ सकता है। [१]

१७८ तीन स्थानों की देवता भी अभिलाषा करते हैं, यथा—

मनुष्य भव, आर्यक्षेत्र में जन्म और उत्तम कुल में उत्पत्ति।

तीन कारणों से देव पश्चात्ताप करते हैं, यथा—

अहो! मैंने वल होते हुए, शक्ति होते हुए, पौरुष-पराक्रम होते हुए भी निरुपद्रवता और सुभिक्ष होने पर भी आचार्य और उपाध्याय के विद्यमान होने पर और नीरोगी शरीर होने पर भी शास्त्रों का अधिक अध्ययन नहीं किया।

अहो! मैं विषयों का प्यासा वन कर इहलोक में ही फंसा रहा और परलोक से विमुख वना रहा जिससे मैं दीर्घ श्रमण पर्याय का पालन नहीं कर सका।

अहो! ऋद्धि, रस और रूप के गर्व में फंसकर और भोगों में आसक्त होकर मैंने विशुद्ध चारित्र का स्पर्श भी नहीं किया।

इन तीन कारणों से देव पश्चात्ताप करते हैं। [२]

२७९ तीन कारणों से देव-"मैं यहां से च्युत होऊंगा" यह जानते हैं, यथा—

विमान और आभरणों को कान्तिहीन देख कर,

कल्पवृक्ष को म्लान होता हुआ देखकर,

अपनी तेजोलेश्या को क्षीण होती हुई जानकर।

इन तीन कारणों से देव अपना च्यवन होना जानते हैं। [१]

तीन कारणों से देव उद्वेग पाते हैं, यथा—

अरे मुझे इस प्रकार की मिली हुई, प्राप्त हुई और सम्मुख आई हुई दिव्य देवर्द्धि, दिव्य देवद्युति और दिव्यशक्ति

छोड़नी पड़ेगी ।

अरे मुझे माता के ऋतु और पिता के वीर्य के सम्मिश्रण का प्रथम आहार करना पड़ेगा,

अरे मुझे माता के जठर के मलमय, अशुचिमय, उद्वेगमय और भयंकर गर्भावास में रहना पड़ेगा ।

इन तीन कारणों से देव उद्वेग प्राप्त होते हैं । [१]

१८० विमान तीन प्रकार के कहे गये हैं यथा-

गोल, त्रिकोण और चतुष्कोण ।

इन में जो गोल विमान हैं वे पुष्करकर्णिका के आकार के होते हैं उनके चारों ओर प्राकार होता है और प्रवेश के लिए एक द्वार होता है ।

उनमें जो त्रिकोण विमान हैं वे सिंघाड़े के आकार के, दोनों तरफ परकोटा वाले, एक तरफ वेदिका वाले और तीन द्वार वाले कहे गये हैं ।

उनमें जो चतुष्कोण विमान हैं वे अखाड़े के आकार के हैं और सब तरफ वेदिका से घिरे हुए हैं तथा चार द्वार वाले कहे गये हैं ।

देव विमान तीन के आधारपर स्थित हैं, यथा-

घनोदधि प्रतिष्ठित,

घनवात प्रतिष्ठित,

आकाश प्रतिष्ठित।

विमान तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

अवस्थित 'शास्वत'

वैक्रेय के द्वारा निष्पादित,

पारियानिक आवागमन के लिए वाहन रूप में काम आने वाले। [१]

१८१ नैरयिक तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

सम्यग्दृष्टि, मिथ्यादृष्टि और मिश्रदृष्टि।

इस प्रकार विकलेन्द्रिय को छोड़ कर वैमानिक पर्यन्त समझ लेना चाहिए।

तीन दुर्गतियां कही गई हैं, यथा-

नरक दुर्गति, तिर्यंचयोनिक दुर्गति और मनुष्य दुर्गति।

तीन सद्गतियां कही गई हैं, यथा-

सिद्ध सद्गति, देव सद्गति और मनुष्य सद्गति।

तीन दुर्गति प्राप्त कहे गये हैं, यथा-

नैरयिक दुर्गति प्राप्त,

तिर्यंचयोनिक दुर्गति प्राप्त

मनुष्य दुर्गति प्राप्त।

तीन सद्गति प्राप्त कहे गये हैं, यथा-

सिद्धसद्गति प्राप्त,

देवसद्गति प्राप्त,
मनुष्यसद्गति प्राप्त । [ ]

१८२ चतुर्थभक्त 'एक उपवास करने' वाले मुनि को तीन प्रकार का जल लेना कल्पता है, यथा-
आटे का धोवन,
उबाली हुई भाजी पर सिंचा गया जल,
चांवल का धोवन ।

छट्ठ भक्त 'दो उपवास' करने वाले मुनि को तीन प्रकार का जल लेना कल्पता है, यथा-
तिल का धोवन, तुष का धोवन, जो का धोवन ।

अष्टभक्त 'तीन उपवास' करने वाले मुनि को तीन प्रकार का जल लेना कल्पता है, यथा-
ओसामन, छाछ के ऊपर का पानी, शुद्ध उष्ण जल । [३]

भोजन स्थान में अर्पित किया हुआ आहार तीन प्रकार का है, यथा-
फलिखोपहृत[1], शुद्धोपहृत[2], संसृष्टोपहृत[3] ।

---

१. भोजन करने के लिए बैठे हुए हैं और थाली आदि में भोजन सामग्री ली हुई है उसमें से आहारादि लेना फलिकोपहृत है। यह अवगृहीत नामक पंचम पिण्डैषणा का विषय है।
२. तुष आदि से रहित तथा अल्प लेप युक्त शुद्ध ओदनादि भोजनस्थान में दिये जाने पर लेना शुद्धोपहृत है।
३. भोजन करने की थाली में चावल आदि हैं और उसने कौर

तीन प्रकार का आहार दाता द्वारा दिया गया कहा गया है, यथा-

देने वाला हाथ से ग्रहण कर देवे,

आहार के बर्तन से भोजन के बर्तन में रख कर देवे,

बचे हुए अन्न को पुनः बर्तन में रखते समय देवे। [२]

तीन प्रकार की ऊनोदरी कही गई है, यथा-

उपकरण कम करना,

आहार पानी कम करना,

कषाय त्याग रूप भाव ऊनोदरी। [१]

उपकरण ऊणोदरी तीन प्रकार की कही गई है, यथा-

एक वस्त्र, एक पात्र, संयमी संमत उपाधि धारण।

तीन स्थान निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थियों के लिए अहित कर, अशुभ, अयुक्त, अकल्याणकारी, अमुक्तकारी और अशुभानुबन्धी होते हैं, यथा-

आर्तस्वर 'क्रन्दन' करना,

शय्या उपधि आदि के दोषोद्भावन युक्त प्रलाप करना,

दुर्ध्यान 'आर्त-रौद्रध्यान' करना। [१]

तीन स्थान साधु और साध्वियों के लिए हितकर, शुभ, युक्त, कल्याणकारी और शुभानुबन्धी होते हैं, यथा-

आर्त्तस्वर 'क्रन्दन' न करना,

दोषोद्भावन गर्भित प्रलाप नहीं करना,

लेने के लिए हाथ भरलिया है जब तक मुख में कौर न लिया हो तब तक वह आहार दे तो वह संसृष्टोपहृत है।

अपध्यान नहीं करना। [१]

शल्य तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

मायाशल्य, निदानशल्य और मिथ्यादर्शनशल्य। [१]

तीन कारणों से श्रमण-निर्ग्रन्थ संक्षिप्त विपुल तेजोलेश्या वाला होता है, यथा-

आतापना लेने से,

क्षमा रखने से,

जलरहित 'चतुर्विधआहारकात्याग' तपश्चर्या करने से [१]

तीन मास की भिक्षु-प्रतिमा को अंगीकार करने वाले अनगार को तीन दत्ति भोजन की और तीन दत्ति जल की लेना कल्पता है। [१]

एकरात्रि की भिक्षु प्रतिमा का सम्यग् आराधन नहीं करने वाले साधु के लिए वे तीन स्थान 'फल' अहित कर, अशुभ कर, अयुक्त, अकल्याणकारी और अशुभानुबन्धी होते हैं, यथा-

वह पागल हो जाय,

दीर्घकालीन रोग उत्पन्न हो जाय,

केवलि प्ररूपित धर्म से भ्रष्ट हो जाय।

एक रात्रि की भिक्षु-प्रतिमा का सम्यग् आराधना करने वाले अनगार के लिए ये तीन स्थान 'फल' हितकर शुभकारी, युक्त, कल्याणकारी और शुभानुबन्धी होते हैं, यथा-

उसे अवधिज्ञान उत्पन्न हो,

मनःपर्यायज्ञान उत्पन्न हो,

केवलज्ञान उत्पन्न हो। [२] [१३]

१८३ जम्बूद्वीप में तीन कर्मभूमियां कही गई हैं, यथा-

भरत, एरवत और महाविदेह।

इसी प्रकार धातकी खण्ड द्वीप के पूर्वार्ध में—यावत्—अर्धपुष्करवर द्वीप के पश्चिमार्द्ध में भी तीन तीन कर्मभूमियां गई हैं। [३]

१८४ दर्शन तीन प्रकार के हैं, यथा-

सम्यग्दर्शन[1] मिथ्यादर्शन[2] और मिश्रदर्शन[3]। [१]

रुचि[4] तीन प्रकार की हैं, यथा-

सम्यग्रुचि, मिथ्यारुचि और मिश्ररुचि। [१]

प्रयोग[5] तीन प्रकार के हैं, यथा-

सम्यग्प्रयोग, मिथ्याप्रयोग और मिश्रप्रयोग। [१-३]

---

१ मिथ्यात्व मोहनीय के शुद्ध दलिक 'सम्यग्दर्शन'।

२ मिथ्यात्व मोहनीय के अशुद्ध दलिक 'मिथ्यादर्शन'।

३ मिथ्यात्व मोहनी के अशुद्ध दलिक 'सम्यग्मिथ्यादर्शन'।

४ सम्यक्त्वमोहनीय के क्षयोपशम आदि से तत्त्वश्रध्दान होना 'रुची है'।

५ जीव का व्यापार।

१८५ व्यवसाय[1] तीन प्रकार के हैं, यथा-

धार्मिक व्यवसाय,

अधार्मिक व्यवसाय,

मिश्र व्यवसाय। [१]

अथवा-तीन प्रकार के व्यवसाय 'ज्ञान' कहे गये हैं, यथा-

प्रत्यक्ष 'अवधि आदि'

प्रात्ययिक 'इन्द्रिय और मन के निमित्त' से होने वाला,

आनुगामिक 'अनुसरण करने वाला'। [१]

अथवा तीन प्रकार के व्यवसाय कहे गये हैं, यथा-

ऐहलौकिक व्यवसाय,

पारलौकिक व्यवसाय,

उभयलौकिक व्यवसाय।

ऐहलौकिक व्यवसाय तीन प्रकार का कहा गया है, यथा-

लौकिक, वैदिक और सामयिक।

लौकिक व्यवसाय तीन प्रकार का कहा गया है, यथा-

अर्थ, धर्म और काम,

वैदिकव्यवसाय तीन प्रकार का कहा गया है, यथा-

ऋग्वेद में कहा हुआ,

यजुर्वेद में कहा हुआ,

---

१ कार्य सिद्धि के लिए उपयुक्त अनुष्ठान।

सामवेद में कहा हुआ। [४]

सामयिक व्यवसाय तीन प्रकार का कहा गया है, यथा-

ज्ञान, दर्शन और चारित्र । [१] [७]

तीन प्रकार की अर्थयोनि 'राजलक्ष्मी की प्राप्ति के उपाय' कही गई है, यथा-

साम, दण्ड और भेद । [१]

१८६ तीन प्रकार के पुद्‌गल कहे गये हैं, यथा-

प्रयोगपरिणत, मिश्रपरिणत और स्वत:परिणत । [१]

नरकावास तीन के आधार पर रहे हुए हैं, यथा-

पृथ्वी के आधार पर,

आकाश के आधार पर,

स्वरूप के आधार पर ।

नैगम संग्रह और व्यवहार नय से पृथ्वी प्रतिष्ठित ।

ऋजुसूत्र नय के अनुसार आकाश प्रतिष्ठित ।

तीन शब्दनयों के अनुसार आत्म प्रतिष्ठित । [१] [३]

१८७ मिथ्यात्व तीन प्रकार का कहा गया है, यथा-

अक्रिया मिथ्यात्व,

अविनय मिथ्यात्व,

अज्ञान मिथ्यात्व ।

अक्रिया 'दुष्ट क्रिया' तीन प्रकार की कही गई है, यथा-

प्रयोगक्रिया, सामुदानिक क्रिया, अज्ञान क्रिया ।

प्रयोग क्रिया तीन प्रकार की है, यथा-

मनः प्रयोग क्रिया,

वचन प्रयोग क्रिया,
काय प्रयोग क्रिया ।

समुदान क्रिया तीन प्रकार की कही गई है, यथा-
अनन्तर समुदान क्रिया,
परस्पर समुदान क्रिया
तदुभय समुदान क्रिया ।

अज्ञान क्रिया तीन प्रकार की कही गई है, यथा-
मति-अज्ञान क्रिया,
श्रुत-अज्ञान क्रिया
विभंग-अज्ञान क्रिया

अविनय तीन प्रकार का कहा गया है, यथा-
देशत्यागी[1], निरालम्बनता[2], नाना प्रेम-द्वेष अविनय[3] [५]

अज्ञान तीन प्रकार का कहा गया है । यथा-
प्रदेश अज्ञान, सर्व अज्ञान, भाव अज्ञान ।

१८८ धर्म तीन प्रकार का कहा गया है, यथा-
श्रुतधर्म, चारित्रधर्म और अस्तिकाय-धर्म । [१]

उपक्रम[4] तीन प्रकार का कहा गया है, यथा

---

१. जिस अविनय के करने से जन्म-क्षेत्र आदि का त्याग करना पड़े ।
२. आश्रय लेने योग्य का आश्रय न लेना
३. आराध्य के प्रति प्रेम आराध्य के असम्मत के प्रति द्वेष नियत हो तो वह विनय है यदि ये दोनों अनियत हैं तो वह अविनय है । अत: नाना प्रेम-द्वेष को अविनय कहा है ।
४. गुण विशेष करण अथवा विनाश ।

धार्मिक उपक्रम, अधार्मिक उपक्रम और मिश्र उपक्रम।

अथवा तीन प्रकार का उपक्रम कहा गया है, यथा-
आत्मोपक्रम, परोपक्रम और तदुभयोपक्रम।
इसी तरह वैयावृत्य, अनुग्रह, अनुशासन और उपालम्भ। प्रत्येक के तीन-तीन आलापक उपक्रम के समान ही कहने चाहिए। [७]

१८९ कथा तीन प्रकार की कही गई है, यथा-
अर्थकथा, धर्मकथा और कामकथा। [१]
विनिश्चय तीन प्रकार के कहे हैं, यथा-
अर्थविनिश्चय, धर्मविनिश्चय और कामविनिश्चय [१-२]

१९० श्री गौतम स्वामी भगवान् महावीर से पूछते हैं-

प्रश्न—हे भगवन् ! तथारूप श्रमण-माहन की सेवा करने वाले को सेवा का क्या फल मिलता है ?

भगवान् बोले-

उत्तर—हे गौतम उसे धर्मश्रवण करने का फल मिलता है।

प्रश्न—हे भगवन् ! धर्मश्रवण का क्या फल होताहै ?

उत्तर—हे गौतम धर्मश्रवण करने से ज्ञान की प्राप्ति होती है।

प्रश्न—हे भगवन् ! ज्ञान का फल क्या है ?

उत्तर—हे गौतम ! ज्ञान का फल विज्ञान (हेय उपादेय का विवेक) है इस प्रकार इस अभिलापक से यह गाथा जान लेनी चाहिये।

श्रवण का फल ज्ञान,

ज्ञान का फल विज्ञान,

विज्ञान का फल प्रत्याख्यान,

प्रत्याख्यान का फल संयम,

संयम का फल अनाश्रव 'कर्मों का रुक जाना'

अनाश्रव का फल 'तप'

तप का फल व्यवदान 'पूर्वकृत कर्म का विनाश'

व्यवदान का फल अक्रिया।

अक्रिया का फल निर्वाण है।

प्रश्न—हे भगवन् ! अक्रिया का क्या फल है ?

उत्तर— निर्वाण फल है।

प्रश्न—हे भगवन् ! निर्वाण का क्या फल है ?

उत्तर—हे श्रमणायुष्मन् ! सिद्धगति में जाना हीनिर्वाण का सर्वान्तिम प्रयोजन है।

चतुर्थ उद्देशक

१९१ प्रतिमाधारी अनगार को तीन उपाश्रयों का प्रतिलेखन करना कल्पता है, यथा-

अतिथिगृह में, खुले मकान में, वृक्ष के नीचे।

इसी प्रकार तीन उपाश्रयों की आज्ञा लेना और उनका ग्रहण करना कल्पता है। [३]

प्रतिमाधारी अनगार को तीन संस्तारकों की प्रतिलेखना करना कल्पता है, यथा-

पृथ्वी-शिला, काष्ठ-शिला और तृणादि।

इसी प्रकार तीन संस्तारकों की आज्ञा लेना और ग्रहण करना कल्पता है। [३] [६]

१९२ काल तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

भूतकाल, वर्त्तमानकाल और भविष्यकाल।

समय तीन प्रकार का कहा गया है, यथा-

अतीत काल, वर्तमान काल और अनागत काल।

इसी तरह आवलिका[1], श्वासोच्छ्वास, स्तोक[2] क्षण[3] लव[4] मुहूर्त[5], अहोरात्र—यावत्—क्रोड़वर्ष, पूर्वांग[6],

---

१. आवलिका-असंख्यात समय का अथवा एक श्वासोच्छ्वास का संख्यातवां भाग।

२. स्तोक-सात श्वासोच्छ्वास प्रमाण काल।

३. क्षण-संख्यात श्वासोच्छ्वास प्रमाण काल।

४. लव-सात स्तोक प्रमाण काल।

५. मुहूर्त–७७ लव, दो घड़ी, अथवा ३७७३ श्वासोच्छ्वास।

६. पूर्वांग–८४ लाख वर्ष।

पूर्व[1], —यावत्— अवसर्पिणी । [ ]

पुद्गल परिवर्तन तीन प्रकार का कहा गया है, यथा-

अतीत, प्रत्युत्पन्न और अनागत । [१]

१६३ वचन तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

एकवचन, द्विवचन और बहुवचन ।

अथवा वचन तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

स्त्री वचन, पुरुषवचन और नपुँसक वचन ।

अथवा तीन प्रकार के वचन कहे गये हैं यथा-

अतीत वचन, वर्तमान वचन और भविष्य वचन । [३]

१६४ तीन प्रकार की प्रज्ञापना कही गई है, यथा -

ज्ञान प्रज्ञापना, दर्शन प्रज्ञापना और चारित्र प्रज्ञापना ।

तीन प्रकार के सम्यक् कहे गये हैं, यथा-

ज्ञान सम्यक्, दर्शन सम्यक् और चारित्र सम्यक् ।

तीन प्रकार के उपघात[2] कहे गये हैं, यथा-

उद्गमोपघात, उत्पादनोपघात और एषणोपघात ।

इसी तरह तीन प्रकार की विशुद्धि कही गई है, यथा-

उद्गम-विशुद्धि आदि ।

---

१. पूर्व–८४ लाख पूर्वांग ।

२. आहारादि की अकल्पनीयता ।

१९५ तीन प्रकार की आराधना कही गई है, यथा-

ज्ञानाराधना, दर्शनाराधना और चारित्राराधना।

ज्ञानाराधना तीन प्रकार की कही गई है, यथा-

उत्कृष्ट, मध्यम और जघन्य।

इसी तरह दर्शन आराधना और चारित्र आराधना कहनी चाहिए। [३]

तीन प्रकार का संक्लेश[1] कहा गया है, यथा-

ज्ञानसंक्लेश, दर्शनसंक्लेश और चारित्रसंक्लेश।

इसी तरह असंक्लेश, अतिक्रम, व्यतिक्रम, अतिचार और अनाचार भी समझने चाहिए। [६]

तीन का अतिक्रमण करने पर आलोचना करनी चाहिये, प्रतिक्रमण करना चाहिये, निन्दा करनी चाहिये, गर्हा करनी चाहिये —यावत्—तप अंगीकार करना चाहिये, यथा-

ज्ञान का अतिक्रमण करने पर,

दर्शन का अतिक्रमण करने पर,

चारित्र का अतिक्रमण करने पर।

इसी तरह व्यतिक्रम, अतिचार और अनाचार करने पर भी आलोचनादि करनी चाहिये। [३] [१२]

१९६ प्रायश्चित्त तीन प्रकार कहा गया है, यथा-

---

१. अशुभ परिणामों से होने वाली हानि।

आलोचना के योग्य,

प्रतिक्रमण के योग्य,

उभय योग्य।

१९७ जम्बूद्वीपवर्ती मेरु पर्वत के दक्षिण में तीन अकर्मभूमियां कही गई हैं, यथा-

हेमवत, हरिवास और देवकुरु।

जम्बूद्वीपवर्ती मेरु पर्वत के उत्तर में तीन अकर्मभूमियां कहीं गई हैं, यथा-

उत्तरकुरु, रम्यक्वास और हिरण्यवत।

जम्बूद्वीपवर्ती मेरु पर्वत के दक्षिण में तीन क्षेत्र कहे गये हैं, यथा-

भरत, हेमवत और हरिवास।

जम्बूद्वीपवर्ती मेरु पर्वत के उत्तर में तीन क्षेत्र कहे गये हैं, यथा-

रम्यक्वास, हिरण्यवत और ऐरवत।

जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के दक्षिण में तीन वर्षधर पर्वत हैं, यथा-

लघुहिमवान, महाहिमवान और निषध।

जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के उत्तर में तीन वर्षधर पर्वत हैं; यथा-

नीलवान, रुक्मी और शिखरी ।

जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के दक्षिण में तीन महाह्लद हैं, यथा-

पद्मह्लद, महापद्मह्लद और तिगिच्छह्लद ।

वहां तीन महर्द्धिक–यावत्– पल्योपम की स्थिति वाली तीन देवियां रहती हैं, यथा-

श्री, ह्री और धृति ।

इसी तरह उत्तर में भी तीन ह्लद हैं, यथा–

केशरी ह्लद, महापुण्डरीक ह्लद और पुण्डरीक ह्लद ।

इन ह्लदों में रहनेवाली देवियों के नाम, यथा-

कीर्ति, बुद्धि और लक्ष्मी ।

जम्बूद्वीपवर्ती मेरु पर्वत के दक्षिण में लघु हिमवान वर्षधर पर्वत के पद्मह्लद नामक महाह्लद से तीन महानदियां निकलती हैं, यथा-

गंगा, सिन्धु और रोहितांशा ।

जम्बूद्वीपवर्ती मेरु पर्वत के उत्तर में शिखरीवर्षधर पर्वत के पौण्डरीक नामक महाह्लद से तीन महानदियां निकलती हैं, यथा-

सुवर्णकूला, रक्ता और रक्तवती ।

जम्बूद्वीपवर्ती मेरु पर्वत के पूर्व में सीता महानदी के उत्तर में तीन अन्तर नदियां कही गई हैं, यथा-

तप्तजला, मत्तजला और उन्मत्तजला ।

जम्बूद्वीपवर्ती मेरु पर्वत के पश्चिम में शीतोदा महानदी के दक्षिण में तीन अन्तर नदियां कही गई है, यथा-

क्षीरोदा, शीतस्रोता, और अन्तर्वाहिनी ।

जम्बूद्वीपवर्ती मेरु पर्वत के पश्चिम में शीतोदा महानदी के उत्तर में तीन अन्तर नदियां कही गई हैं, यथा-

उर्मिमालिनी, फेनमालिनी और गंभीरमालिनी । [१५]

इस प्रकार धातकी खण्डद्वीप के पूर्वार्ध में अकर्मभूमियों से लगाकर अन्तर नदियों तक सब समान समझना चाहिए-यावत्-अर्धपुष्कर द्वीप के पश्चिमार्ध में भी इसी प्रकार जानना चाहिये । [४५-६०]

१९८ तीन कारणों से पृथ्वी का थोड़ा भाग चलायमान होता है, यथा-

रत्नप्रभा पृथ्वी के नीचे बादर पुद्गल आकर लगे या वहां से अलग होवे तो वे लगने या अलग होने वाले बादर पुद्गल पृथ्वी के कुछ भाग को चलायमान करते हैं,

महा ऋद्धिवाला-यावत्-महेश कहा जाने वाला महोरग देव इस रत्नप्रभा पृथ्वी के नीचे आवागमन करे तो पृथ्वी चलायमान होती है,

नागकुमार तथा सुवर्णकुमार का संग्राम होने पर थोड़ी

पृथ्वी चलायमान होती है ।

इन तीन कारणों से पृथ्वी देशतः कम्पित होती हैं।

तीन कारणों से पूर्ण पृथ्वी चलायमान होती है, यथा-

इस रत्नप्रभा पृथ्वी के नीचे घनवात क्षुब्ध होने से घनोदधि कम्पित होता है ।

कम्पित होता हुआ घनोदधि समग्र पृथ्वी को चलायमान करता है ।

महर्धियक—यावत्—महेश कहा जाने वाला देव तथारूप-श्रमण-माहन को ऋद्धि, यश, वल, वीर्य, पुरषाकार पराक्रम बताता हुआ समग्र पृथ्वी को चलायमान करता है ।

देव तथा असुरों का संग्राम होने पर समस्त पृथ्वी चलायमान होती है।

इन तीन कारणों से सारी पृथ्वी चलायमान होती है । [३]

१९९ किल्विषिक देव तीन प्रकार के कहें गये हैं, यथा-

तीन पल्योपम की स्थिति वाले,

तीन सागरोपम की स्थिति वाले,

तेरह सागरोपम की स्थिति वाले ।

प्रश्न—हे भगवन् ! तीन पल्योपम की स्थितिवाले किल्विपिक देव कहां रहते हैं ?

उत्तर—ज्योतिष्क देवों के ऊपर और सौधम-ईशानकल्प के नीचे तीन पल्योपम की स्थिति वाले किल्विषिक देव रहते हैं।

प्रश्न—हे भगवन् ! तीन सागरोपम की स्थिति वाले किल्विषिक देव कहां रहते हैं ?

उत्तर—सौधर्म ईशान देवलोक के ऊपर और सनत्कुमार-माहेन्द्रकल्प के नीचे तीन सागरोपम की स्थिति वाले किल्विषिक देव रहते हैं।

प्रश्न—तेरह सागरोपम स्थिति वाले किल्विषिक देव कहां रहते हैं ?

उत्तर—ब्रह्मलोक कल्प के ऊपर और लान्तक कल्पके नीचे तेरह सागरोपम की स्थिति वाले किल्विषिक देव रहते हैं।

० देवराज देवेन्द्र शक्र की बाह्य परिषद् के देवों की स्थिति तीन पल्योपम की कही गई है।

देवराज देवेन्द्र शक्र की आभ्यन्तर परिषद् की देवियों की स्थिति तीन पल्योपम की कही गई है।

देवराज देवेन्द्र ईशान के बाह्य परिपद् देवियों कीस्थिति तीन पल्योपम की कही गई है।

१ प्रायश्चित्त तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-
ज्ञानप्रायश्चित्त, दर्शनप्रायश्चित्त और चारित्र-प्रायश्चित्त।

तीन को अनुद्घातिक 'गुरु' प्रायश्चित्त कहा गयाहै, यथा-

हस्तकर्म करने वाले को,

मैथुन सेवन करने वाले को,

रात्रिभोजन करने वाले को ।

तीन को पारांचिक[1] प्रायश्चित्त कहा गया है, यथा-

कषाय और विषय से अत्यन्त दुष्ट को[2] परस्पर स्त्यान-गृद्धि निद्रावाले को[3] 'गुदा'मैथुन करने वालों को ।

तीन को अनवस्थाप्य[4] प्रायश्चित्त कहा गया है, यथा-

सार्धमिकों की चोरी करने वाले को,

अन्यधार्मिकों की चोरी करने वाले को,

हाथ आदि से मर्मान्तिक प्रहार करने वाले को ।

२०२ तीन को प्रव्रजित करना नहीं कल्पता हैं, यथा-

पण्डक-नपुंसक को,

---

१. यह अंतिम प्रायश्चि है । विशेष जानने के लिए प्रायश्चित्त परिशिष्ट देखें ।

२. साधु या राजा आदि का वध या साध्वी या रानी वगैरह से विषय-सेवन सरीखे भयंकर अपराध करने वाले को ।

३. जागृत अवस्था में सोचे हुए कार्य को निद्रावस्था में पूरा करनेकी जिससे शक्ति प्राप्त हो ऐसी निद्रा होती है ।

४. पुनः महाव्रत आरोपण के अयोग्य अर्थात् पुनः दीक्षा देने के अयोग्य । विशेष जानने के लिए प्रायश्चित्त परिशिष्ट देखें ।

वातिक[1]

अथवा व्याधि-ग्रस्त को, क्लीब—असमर्थ को

इसी तरह 'उक्त तीन को' मुण्डित करना, शिक्षा देना महाव्रतों का आरोपण करना, एक साथ बैठ कर भोजन करना तथा साथ में रखना नहीं कल्पता है।

२०३ तीन वाचना देने योग्य नहीं हैं, यथा-

अविनीत को,

दूध आदि विकृति के लोलुपी को,

अत्यन्त क्रोधी 'जिसका क्रोध कभी शान्त न हो उसको।

तीन को वाचना देना कल्पता है, यथा-

विनीत को

घी आदि विकृति में लोलुप न होने वाले को,

क्रोध उपशान्त करने वाले को।

तीन को समझाना कठिन है, यथा-

दुष्ट को, मूढ को और दुराग्रही को

तीन को सरलता से समझाया जा सकता है, यथा-

अदुष्ट को, अमूढ को और अदुराग्रही को।

२०४ तीन माण्डलिक पर्वत कहे गये हैं, यथा-

---

१ जो विषयेच्छा होने पर अपने आपको रोक न सके।

मानुषोत्तर पर्वत,
कुण्डलवर पर्वत,
रूचकवर पर्वत।

२०५ तीन बड़े से बड़े कहे गये हैं, यथा-
सब मेरुपर्वतों में जम्बूद्वीप का मेरुपर्वत,
समुद्रों में स्वयंभुरमण समुद्र,
कल्पों में ब्रह्मलोक कल्प।

२०६ तीन प्रकार की कल्प स्थिति 'आचार–मर्यादा' कही गई है, यथा-
सामायिक कल्पस्थिति,
छेदोपस्थापनीय कल्पस्थिति
निर्विशमान 'परिहार विशुद्धि' कल्पस्थिति।

अथवा तीन प्रकार की कल्पस्थिति कही गई है, यथा-
निर्विष्ट कल्पस्थिति 'परिहार विशुद्धिक'
जिनकल्प स्थिति,
स्थविर कल्पस्थिति।

२०७ नारक जीवों के तीन शरीर कहे गये हैं, यथा-
वैक्रिय, तैजस और कार्मण।

असुरकुमारों के तीन शरीर नैरयिकों के समान कहे गये हैं,
इसी तरह सब देवों के।

पृथ्वीकाय के तीन शरीर कहे गये हैं, यथा-

औदारिक, तैजस और कार्मण।

इसी तरह वायुकाय को छोड़ कर चतुरिन्द्रिय पर्यन्त तीन शरीर समझने चाहिये।

२०८ गुरु सम्बन्धी तीन प्रत्यनीक 'प्रतिकूल आचरण करने वाले कहे गये हैं, यथा-

आचार्य का प्रत्यनीक,

उपाध्याय का प्रत्यनीक,

स्थविर का प्रत्यनीक।

गति सम्बन्धी तीन प्रत्यनीक कहे गये हैं, यथा-

इहलोक-प्रत्यनीक,

परलोक-प्रत्यनीक,

उभय लोक प्रत्यनीक

समूह की अपेक्षा से तीन प्रत्यनीक कहे गये हैं, यथा-

कुल प्रत्यनीक,

गण-प्रत्यनीक

संघ-प्रत्यनीक।

अनुकम्पा की अपेक्षा से तीन प्रत्यनीक कहे गये हैं, यथा-

तपस्वी-प्रत्यनीक,

ग्लान-प्रत्यनीक,

शैक्ष 'नवदीक्षित' प्रत्यनीक[1],

---

१. इन पर अनुकम्पा करना चाहिए परन्तु जो इन पर अनुकम्पा नहीं करता है वह इनका प्रत्यनीक कहा जाता है।

भाव की अपेक्षा तीन प्रत्यनीक कहे गये हैं, यथा-
ज्ञान-प्रत्यनीक,
दर्शन-प्रत्यनीक,
चारित्र-प्रत्यनीक ।

श्रुत की अपेक्षा तीन प्रत्यनीक कहे गये हैं, यथा-
सूत्र-प्रत्यनीक,
अर्थ-प्रत्यनीक,
तदुभय- प्रत्यनीक ।

२०९ तीन अंग पिता के 'वीर्य से निष्पन्न' कहे गये हैं, यथा-
हड्डी, हड्डी की मिजा और केश-मूंछ, रोम नख[1] ।

तीन अंग माता के 'आर्त्तव से निष्पन्न' कहे गये हैं, यथा-
मांस, रक्त और कपाल का भेजा,
अथवा-भेजे का फिप्फिस 'मांस विशेष' ।

२१० तीन कारणों से श्रमण निग्रन्थ महानिर्जरा वाला और महा पर्यवसान 'समाधिमरण वाला या कर्मों का आत्यन्तिक क्षय करने वाला होता है, यथा-
कब मैं अल्प या अधिक श्रुत का अध्ययन करूंगा,
कब मैं एकलविहार प्रतिमा को अंगीकार करके विचरूंगा,

१. केशादि एक ही गिने गये हैं क्योंकि ये प्रायः समान ही हैं ।

कब मैं अन्तिम मारणान्तिक संलेखना से भूषित होकर आहार पानी का त्याग करके पादपोपगमन संथारा अंगीकार करके मृत्यु की इच्छा नहीं करता हुआ विचरुंगा।

इन तीन कारणों से तीनों भावना प्रकट करता हुआ अथवा चिन्तन पर्यालोचन करता हुआ निर्ग्रन्थ महानिर्जरा और महापर्यवसान वाला होता है।

तीन कारणों से श्रमणोपासक महानिर्जरा और महापर्यवसान करने वाला होता है, यथा-

कब में अल्प या बहुत परिग्रह को छोड़ूंगा,

कब मैं मुँडित होकर गृहस्थ से अनगार धर्म में दीक्षित होऊंगा,

कब मैं अन्तिम मारणान्तिक संखेलना झूसणा से झूषित होकर, अहार-पानी का त्याग करके पादपोगमन संथारा करके मृत्यु की इच्छा नहीं करता हुआ विचरूँगा। इस प्रकार शुद्ध मन से, शुद्ध वचन से और शुद्ध काया से पर्यालोचन करता हुआ या उक्त तीनों भावना प्रकट करता हुआ श्रमणोपासक महानिर्जरा और महापर्यवसान वाला होता है।

२११ तीन प्रकार से पुद्गल की गति में प्रतिघात होना कहा गया हैं, यथा-

एक परमाणु-पुद्गल का दूसरे परमाणु-पुद्गल से टकराने के कारण गति में प्रतिघात होता है,
रूक्ष होने से गति में प्रतिघात होता है,
लोकान्त में गति का प्रतिघात होता है[१]।

२१२ चक्षुष्मान् 'नेत्रवाले' तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-
एक नेत्रवाले, दो नेत्रवाले और तीन नेत्रवाले।
छद्मस्थ-श्रुतादि ज्ञान-रहित मनुष्य एक नेत्रवाले हैं[२]
देव दो नेत्रवाले हैं,[३]
तथारूप श्रमण-माहन तीन नेत्र वाले हैं।[४]

२१३ तीन प्रकार का अभिसमागम 'विशिष्ट ज्ञान' हैं, यथा-
ऊर्ध्व, अध: और तिर्यक्।
जब किसी तथारूप श्रमण-माहण को विशिष्ट ज्ञान-दर्शन 'परम अवधिज्ञानादि' उत्पन्न होता है तब वह
सर्व प्रथम ऊर्ध्वलोक को जानता है
तदनन्तर तिर्यक् लोक को जानता है,
उसके पश्चात् अधोलोक को जानता है।
हे श्रमण आयुष्मन्! अधोलोक का ज्ञान कठिनाई से होता है

---

१. क्योंकि आगे धर्मास्तिकाय का अभाव होने से गति नहीं होती।
२. क्योंकि उनके विशिष्ट श्रुतज्ञानादि भावचक्षु नहीं है केवल चर्मचक्षु है।
३. क्योंकि उनके चक्षु रिन्द्रिय और अवधिज्ञान है।
४. विशिष्ट श्रुत अवधि-ज्ञान और दर्शन उत्पन्न होने से उनके

२१४ ऋद्धि तीन प्रकार की कही गई है, यथा-

देवर्द्धि, राजर्द्धि और गणके अधिपति आचार्य की ऋद्धि।

देव की ऋद्धि तीन प्रकार की कही है, यथा-

विमानों की ऋद्धि,

वैक्रिय की ऋद्धि,

परिचार 'विषय भोग' की ऋद्धि ।

अथवा- देवर्द्धि तीन प्रकार की है यथा-

सचित्त, अचित्त और मिश्र ।

राजा की ऋद्धि तीन प्रकार की है, यथा-

राजा की अतियान ऋद्धि[1],

राजा कि नियान ऋद्धि[2],

राजा की सेना, वाहन कोष, कोष्ठागार (धान्यभाण्डागार) आदि की ऋद्धि ।

अथवा- राजा की ऋद्धि तीन प्रकार की है, यथा-

सचित्त, अचित्त और मिश्र ऋद्धि ।

गणी (आचार्य)की ऋद्धि तीन प्रकार की है, यथा-

द्रव्य चक्षु, परमश्रुत और अवधि ज्ञानदर्शन रूप तीन नेत्र हैं ।

१. नगर–प्रवेश के समय तोरण आदि की ऋद्धि ।

२. बाहर निकलने के समय हाथी सामन्त आदि की ऋद्धि ।

ज्ञान की ऋद्धि, दर्शन की ऋद्धि और चारित्र की ऋद्धि ।

अथवा-गणी की ऋद्धि तीन प्रकार की है, यथा-
सचित्त, अचित्त और मिश्र ।

२१५ तीन प्रकार के गौरव कहे गये है, यथा-
ऋद्धि-गौरव, रस- गौरव और साता-गौरव ।

२१६ तीन प्रकार के करण (अनुष्ठान) कहे गये हें, यथा-
धार्मिक करण, अधार्मिक करण और मिश्र करण ।

२१७ भगवान् ने तीन प्रकार का धर्म कहा है, यथा-
सु-अधीत 'अच्छी तरह ज्ञान प्राप्त करना'

सु-ध्यात 'अच्छी तरह भावनादी का चिन्तन करना'
सु-तपस्यित 'तप का अनुष्ठान अच्छी तरह करना) ।
जब अच्छी तरह अध्ययन होता है तो अच्छी तरह ध्यान चिन्तन होसकता है,

जब अच्छी तरह ध्यान और चिन्तन होता है तब श्रेष्ठ तप का आराधन होता है ।

इसी प्रकार सु-अधीत, सु-ध्यान और सु-तपयिस्त रूप सु-आख्यात धर्म भगवान ने प्ररूपित किया है ।

२१८ व्यावृत्ति 'हिंसादि से निवृत्ति' तीन प्रकार की कही गई है, यथा-

ज्ञानयुक्त की जाने वाली व्यावृत्ति,

अज्ञानसे की जाने वाली व्यावृत्ति,
संशय से की जाने वाले व्यावृत्ति ।
इसी तरह पदार्थों में आसक्ति और पदार्थों का ग्रहण भी तीन तीन प्रकार का है ।

२१९ तीन प्रकार के अन्त कहे गये है, यथा-
लोकान्त, वेदान्त और समयान्त ।

लौकिक अर्थशास्त्र आदि से निर्णय करना लोकान्त है,
वेदों के अनुसार निर्णय करना वेदान्त है,
जैन सिद्धान्तों के अनुसार 'निर्णय' करना समयान्त है ।

२२० जिन तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-
अवधिज्ञानी जिन,
मनःपर्यायज्ञानी जिन,
केवलज्ञानी जिन ।

तीन केवली कहे गये हैं, यथा-
अवधिज्ञानी केवली,
मनःपर्यायज्ञानी केवली
केवलज्ञानी केवली ।

तीन अर्हन्त कहे गये हैं, यथा-
अवधिज्ञानी अर्हन्त,
मनःपर्यायज्ञानी अर्हन्त,
केवलज्ञानी अर्हन्त ।

२२१ तीन लेश्याएं दुर्गन्ध वाली कही गई हैं, यथा-
कृष्णलेश्या, नीललेश्या और कापोतलेश्या।
तीन लेश्याएं सुगंधवाली कही गई हैं, यथा-
तेजोलेश्या, पद्मलेश्या शुक्ललेश्या।

इसी तरह दुर्गति में ले जानेवाली, सुगति में ले जाने वाली लेश्या, अशुभ, शुभ, अमनोज्ञ, मनोज्ञ, अविशुद्ध, विशुद्ध, क्रमशः अप्रशस्त, प्रशस्त, शीतोष्ण और स्निग्ध, रूक्ष समझनी चाहिए।

२२२ मरण तीन प्रकार का कहा गया है, यथा-
बालमरण; पण्डितमरण और बाल-पण्डितमरण।
बालमरण तीन प्रकार का कहा गया है, यथा-
स्थितलेश्य[1] संक्लिष्ट लेश्य[2] पर्यवजात लेश्य[3]
पण्डितमरण तीन प्रकार का है, यथा-
स्थितलेश्य, असंक्लिष्ट लेश्य और अपर्यवजात लेश्य।
बालपण्डितमरण तीन प्रकार का है, यथा-
स्थितलेश्य, असंक्लिष्टलेश्य और अपर्यवजात लेश्य।

---

१ कृष्णादि लेश्या वाला होकर जब कृष्ण वाले नरकादि में उत्पन्न हो।
२ नील लेश्यावाला होकर कृष्ण लेश्या वाले में उत्पन्न हो।
३ कृष्णलेश्या वाला होकर जब नीलादि लेश्या में उत्पन्न हो।

२२३ निश्चय नहीं करने वाले 'शंकाशील' के लिए तीन स्थान अहित कर, अशुभरूप, अयुक्त, अकल्याण कारी और अशुभानुबन्धी होते हैं, यथा-

कोई मुण्डित होकर गृहस्थाश्रम से निकलकर अनागार धर्म में दीक्षित होने पर निग्रन्थ प्रवचन में शंका करता है, अन्यमत की इच्छा करता है, क्रिया के फल के प्रति शंकाशील होता है, द्वैधीभाव 'ऐसा है या नहीं है' ऐसी वुद्धि को प्राप्त करता है, और कलुषित भाव वाला होता है और इस प्रकार वह निग्रन्थ प्रवचन में श्रद्धा नहीं रखता है, विश्वास नहीं रखता है, रुचि नहीं रखता है तो उसे परीषह होते हैं और वे उसे पराजित कर देते हैं। परीषहों को पराजित नहीं कर सकता।

कोई व्यक्ति मुण्डित होकर अगार अवस्था से अनगार रूप में दीक्षित होने पर पांच महाव्रतों में शंका करे —यावत्— कलुषित भाव वाला होता है और इस प्रकार वह कलुषित पंच महाव्रतों में श्रद्धा नहीं रखता, —यावत्— वह परीषहों को पराजित नहीं कर सकता है।

कोई व्यक्ति मुण्डित होकर और अगार से अनागार दीक्षा को अंगीकार करने पर षट् जीव निकाय में श्रद्धा नहीं करता है, —यावत्— वह परीषहों को पराजित नहीं कर सकता है,

सम्यक् निश्चय करने वाले के तीन स्थान हित कर —यावत्— शुभानुबन्धी होते हैं, यथा-

कोई व्यक्ति मुण्डित होकर गृहस्थावस्था से अनागार धर्म में प्रव्रजित होने पर निग्रन्थ प्रवचन में शंका नहीं लाता है अन्यमत की कांक्षा नहीं करता है—यावत्—कलुषभाव को प्राप्त न होकर निर्ग्रन्थ प्रवचन में श्रद्धा रखता है, विश्वास रखता है और रुचि रखता है तो वह परीषहों को पराजित कर देता है । परीषह उसे पराजित नहीं कर सकते हैं ।

कोई व्यक्ति मुण्डित होकर और गृहस्थावस्था से अनगार धर्म में प्रव्रजित होकर पांच महाव्रतों में शंका नहीं करता है, कांक्षा नहीं करता है—यावत्—वह परीपहों को पराजित करता है, परीषह उसे पराजित नहीं कर सकते हैं ।

कोई व्यक्ति मुण्डित होकर गृहस्थावस्था से अनगार अवस्था में प्रव्रजित होकर षट् जीवनिकाय में शंका नहीं करता है—यावत्—वह परीषहों को पराजित कर देता उसे परीपह पराजित नहीं कर सकते हैं ।

२२४ रत्नप्रभादि प्रत्येक पृथ्वी तीन वलयों के द्वारा चारों तरफ से घिरी हुई है, यथा-

घनोदधिवलय से, घनवातवलय से और तनुवातवलय से।

२२५ नैरयिक जीवन उत्कृष्ट तीन समय वाली विग्रह-गति से उत्पन्न होते हैं।

एकेन्द्रिय को छोड़कर वैमानिक पर्यन्त ऐसा जानना चाहिए[1]

२२६ क्षीण मोह वाले अर्हन्त तीन कर्मप्रकृतियों का एक साथ क्षय करते हैं, यथा-

ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय और अन्तराय।

२२७ अभिजित् नक्षत्र के तीन तारे कहे गये हैं।

इसी तरह श्रवण, अश्विनी, भरणी, मृगशिर, पुष्य और ज्येष्ठा के भी तीन तीन तारे हैं।

२२८ श्री धर्मनाथ तीर्थंकर के पश्चात् त्रिचतुर्थांश 'पौने, पल्योपम न्यून सागरोपम व्यतीत हो जाने के बाद श्री शान्तिनाथ भगवान् उत्पन्न हुए।

---

१. एकेन्द्रिय जीव, एकेन्द्रिय में उत्पन्न होते हुए त्रसनाड़ी से बाहर भी उत्पन्न होते हैं अतः पांच समय भी लग सकते हैं)।

२२९ श्रमण "भगवान्" महावीर से लेकर तीसरे युगपुरुष (जम्बू स्वामी) पर्यन्त मोक्षगमन कहा गया है[1]।

मल्लिनाथ भगवान् ने तीन सौ पुरुषों के साथ मुण्डित होकर प्रव्रज्या धारण की थी।

इसी तरह पार्श्वनाथ भगवान् ने भी।

२३० श्रमण भगवान् महावीर के जिन नहीं किन्तु जिन के समान, सर्वाक्षरसन्निपाती 'सब भाषाओं के वेत्ता' और जिन के समान यथातथ्य कहने वाले चौदह पूर्वधर मुनियों की उत्कृष्ट सम्पदा 'संख्या' तीन सौ थी।

२३१ तीन तीर्थंकर चक्रवर्त्ती थे, यथा-

शान्तिनाथ, कुन्थुनाथ और अरनाथ।

२३२ ग्रैवेयक विमान प्रस्तर 'समूह' तीन कह कहे गये हैं, यथा-

अधस्तन ग्रैवेयक विमान प्रस्तर,
मध्यम ग्रैवेयक विमान प्रस्तर,
उपरितन ग्रैवेयक विमान प्रस्तर।

अवस्तन ग्रैवेयक विमान स्तर तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

अधस्तनाधस्तन ग्रैवेयक विमान प्रस्तर,
अवस्तनमध्यम ग्रैवेयक विमान प्रस्तर,
अवस्तनोपरितन ग्रैवेयक विमान प्रस्तर।

---

१. लगातार तीन पट्टधर निर्वाण को प्राप्त हुए हैं।

मध्यम ग्रैवेयक विमानप्रस्तर तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

मध्यमाधस्तन ग्रैवेयक विमान प्रस्तर,

मध्यममध्यम ग्रैवेयक विमान प्रस्तर,

मध्यमोपरितन ग्रैवेयक विमान प्रस्तर ।

उपरितन ग्रैवेयक विमान प्रस्तर तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा-

उपरितन अधस्तन ग्रैवेयक विमान प्रस्तर,

उपरितन मध्यम ग्रैवेयक विमान प्रस्तर,

उपरितनोपरितन ग्रैवेयक विमान प्रस्तर ।

२३३ जीवोंने तीन स्थानों में अर्जित पुद्गलों को पापकर्म रूप में एकत्रित किये, करते हैं और करेगें, यथा-

स्त्रीवेद निर्वातित,

पुरुषवेद निर्वातित,

नपुसंकवेद निर्वातित ।

पुद्गलों का एकत्रित करना, वृद्धि करना, बंध, उदीरणा, वेदन तथा निर्जरा का भी इसी तरह कथन समझना चाहिए ।

२३४ तीन प्रदेशी स्कन्ध अनन्त कहे हैं इस प्रकार-यावत्-त्रिगुण रूक्ष पुद्गल अनन्त कहे गये हैं ।

चार स्थान

प्रथम उद्देशक

२३५ चार प्रकार की अन्त-क्रियाएं[1] कही गई हैं,

उनमें प्रथम अन्तक्रिया इस प्रकार है—

कोई अल्पकर्मा व्यक्ति मनुष्य-भव में उत्पन्न होता है, वह मुण्डित होकर गृहस्थावस्था से अनगार धर्म में प्रव्रजित होने पर उत्तम संयम, संवर और समाधि का पालन करने वाला रूक्षवृत्ति वाला (आसक्ति -रहित) संसार को पार करने का अभिलाषी; शास्त्राध्ययन के लिए तप करने वाला, दुःख का (दुःख के कारण रूप कर्म का) क्षय करने वाला, तपस्वी (आभ्यन्तर ध्यान आदि तप करने वाला) होता है। उसे घोर तप (अनशन आदि) नहीं करना पडता है और न उसे घोर वेदना होती है। (क्योंकि वह अल्पकर्मा ही उत्पन्न हुआ है)। ऐसा पुरुष दीर्घायु भोगकर सिद्ध होता है, बुद्ध होता है, मुक्त होता है, निर्वाण

---

१. मुक्ति, संसार का अन्त करना।

प्राप्त करता है और सब दुखों का अन्त करता है। जैसे – चातुरन्त (चार दिगंत वाली पृथ्वी का स्वामी) चक्रवर्ती भरत राजा

॥ यह पहली अन्तक्रिया है ॥

दूसरी अन्तक्रिया इस प्रकार है —

कोई व्यक्ति अधिक कर्म वाला मनुष्य-भव में उत्पन्न होता है, वह मुण्डित होकर गृहस्थावस्था से अनगार-धर्म में प्रव्रजित होकर संयम युक्त; संवर युक्त-यावत्-उपधान-वान्, दुख का क्षय करने वाला और तपस्वी होताहै। उसे घोर तप करना पड़ता है और उसे घोर वेदना होती है। ऐसा पुरुष अल्पआयु भोगकर सिद्ध होता है -यावत्- दु:खों का अन्त करता है, जैसे गजसुकुमार अणगार।

॥ यह दूसरी अन्तक्रिया है ॥

तीसरी अन्तक्रिया इस प्रकार है —

कोई अल्पकर्मा व्यक्ति मनुष्य-भव में उत्पन्न होता है, वह मुण्डित होकर अगार अवस्था से अनगारधर्म में दीक्षित हुआ, जैसे दूसरी अन्तक्रिया में कहा उसी तरह सर्व कथन करना चाहिए, विशेषता यह है कि वह दीर्घायु भोगकर होता है —यावत्— सब

दुःखों का अन्त करता है। जैसे चातुरन्त चक्रवर्त्ती राजा सनत्कुमार।

॥ यह तीसरी अन्तक्रिया है॥

चौथी अन्तक्रिया इस प्रकार है-

कोई अल्पकर्मा व्यक्ति मनुष्य-भव में उत्पन्न होता है। वह मुण्डित होकर -यावत्-दीक्षा लेकर उत्तम संयम का पालन करता है -यावत्- न तो उसे घोर तप करना पड़ता है और न उसे घोर वेदना सहनी पड़ती है। ऐसा पुरुष अल्पायु भोगकर सिद्ध होता है -यावत्- सव दुःखों का अन्त करता है। जैसे भगवती मरुदेवी।

॥ यह चौथी अन्तक्रिया है॥

२३६ चार प्रकार के वृक्ष कहे गये हैं, यथा-

कितनेक द्रव्य से भी ऊंचे और भाव से भी ऊंचे,[१]
कितनेक द्रव्य से ऊंचे किन्तु भाव से नीचे,[२]
कितनेक द्रव्य से नीचे किन्तु भाव से ऊंचे[३],
कितनेक द्रव्य से भी नीचे और भाव से भी नीचे।[४]

---

१. जैसे चन्दनादि।
२. जैसे नीम आदि।
३. जैसे इलायची आदि।
४. जैसे जवासा आदि।

इसी प्रकार चार प्रकार के पुरुष कहे गये हैं, यथा-

कितनेक द्रव्य से 'जाति से' उन्नत और गुण से भी उन्नत इस प्रकार -यावत्- द्रव्य से भी हीन और गुण से भी हीन।

चार प्रकार के वृक्ष कहे गये हैं, यथा-

कितनेक वृक्ष ऊंचाई में उन्नत होते हैं और शुभ रस वाले होते हैं।

कितनेक वृक्ष ऊंचाई में उन्नत होते हैं परन्तु अशुभ रस वाले होते हैं।

कितनेक वृक्ष ऊंचाई में अवनत और रसादि में उन्नत होते हैं।

कितनेक वृक्ष ऊंचाई में भी अवनत और रसादि में भी अवनत होते हैं।

इसी तरह चार प्रकार के पुरुष कहे गये हैं-यथा-

द्रव्य से भी उन्नत और गुण-परिणमन से भी उन्नत। इत्यादि चार भंग।

चार प्रकार के वृक्ष कहे गये हैं,

कितनेक ऊंचाई में भी ऊंचे और रूप में भी उन्नत। इत्यादि चार भंग।

इसी प्रकार चार प्रकार के पुरुष कहे गये हैं, यथा-

कितनेक द्रव्यादि से उन्नत होते हुए रूप से भी उन्नत

हैं। इत्यादि चार भंग।

चार प्रकार के पुरुष कहे गये हैं, यथा-

द्रव्यादि से उन्नत होते हुए उन्नत मनवाले -यावत्- चार भंग।

इसी प्रकार संकल्प ८ प्रज्ञा ९, दृष्टि १०, शीलाचार ११, व्यवहार १२, पराक्रम १३, सब के चार चार भंग समझ लेने चाहिए।

इन मन-सूत्रों में पुरुष सूत्र ही समझने चाहिये, वृक्ष सूत्र नहीं।

चार प्रकार के वृक्ष कहे गये है, यथा-

कितनेक वृक्ष आकृति से भी सरल और फलादि देने में भी सरल,[1]

कितनेक आकृति में सरल और फलादि देने में व्रक।

इस प्रकार चार भंग।

इसी प्रकार चार प्रकार के पुरुष कहे गये हैं, यथा-

आकृति से भी सरल और हृदय से भी सरल।

इसी प्रकार उन्नत प्रणत के चार भंग और ऋजुवक्र के चार भंग भी कहने चाहिये।

पराक्रम तक सब भंग जान लेने चाहिए।

---

१. जिसकी सेवा करने पर उचित समय पर उचित उपकार रूप फल प्राप्त हो।

२३७ प्रतिमाधारी अनगार को चार भाषाए बोलना कल्पता है, यथा-याचनी,[1] प्रच्छनी,[2] अनुज्ञापनी,[3] प्रश्नव्याकरणी ।[4]

२३८ चार प्रकार की भाषाएं कही गई हैं, यथा-

सत्यभाषा, मृषा, सत्य-मृषा और असत्यामृषा-व्यवहार भाषा ।

२३९ चार प्रकार के वस्त्र कहे गये है, यथा-

शुद्ध तन्तु आदि से बुना हुआ भी है और बाह्य मेल से रहित भी है

अथवा पहले भी शुद्ध और अभी भी शुद्ध ।

शुद्ध बुना हुआ तो है परन्तु मलिन है,

शुद्ध बुना हुआ नहीं परन्तु स्वच्छ है ।

शुद्ध बना हुआ भी नहीं है और स्वच्छ भी नहीं है ।

इसी प्रकार चार प्रकार के पुरुष कहे गये हैं, यथा-

जाती आदि से शुद्ध और ज्ञानादी गुण से भी शुद्ध ।

---

१. वस्तु मांगने के लिए बोलना ।
२. मार्ग पूछने के लिए या सूत्रार्थ पूछने के लिए बोलना ।
३. स्थान आदि की आज्ञा लेते हुए बोलना ।
४. प्रत्युत्तर देने के लिए बोलना ।

इत्यादि चार भंग !

इसी तरह परिणत और रूप से भी वस्त्र की चौभंगी और पुरुष की चौभंगी समझ लेनी चाहिए।

चार प्रकार के पुरुष कहे गये हैं, यथा-

जात्यादि से शुद्ध और मन से भी शुद्ध।

इत्यादि चार भंग !

इसी तरह संकल्प-यावत्-पराक्रम के भी चारभंग जानने चाहिए।

२४० चार प्रकार के पुत्र कहे गये हैं,

अतिजात, 'अपने पिता से भी बढ़ा चढ़ा हुआ,

'अनुजात, 'पिता के समान,

अवजात 'पिता से कम गुण वाला,

कुलांगार' कुलमें कलंक लगाने वाला,।

चार प्रकार के पुरुष कहे गये हैं, यथा-

कितने द्रव्य से भी सत्य और भाव से भी सत्य होते हैं।

कितने द्रव्य से सत्य और भाव से असत्य होते हैं।

इत्यादि चार भंग !

इसी तरह परिणत-यावत्-पराक्रमके चार भंग जानने चाहिये।

---

१. मूल में भी सरल और अन्त में भी सरल।

चार प्रकार के वस्त्र कहे गये हैं, यथा-

कितने स्वभाव से भी पवित्र और संस्कार से भी पवित्र,
कितनेक स्वभाव से पवित्र परन्तु संस्कार से अपवित्र
इत्यादि चार भंग।

इसी तरह चार प्रकार के पुरुष कहे गये हैं, यथा-

शरीर से भी पवित्र और स्वभाव से भी पवित्र।
इत्यादि चार भंग।

२४१ शुद्ध वस्त्र के चार भंग पहले कहे हैं उसी प्रकार शुचिवस्त्रके भी चार भंग समझने चाहिए।

२४२ चार प्रकार के कोर कहे गये हैं, यथा-

आम्रफल के कोर,
ताड़ के फल के कोर,
वल्लीफल के कोर,
मेंढे के सिंग के समान फलवाली वनस्पति के कोर।

इसी प्रकार चार प्रकार के पुरुष कहे गये हैं यथा-

आम्रफल के कोर के समान,
तालफल के कोर के सामन[1],

---

१ जिसकी बहुत काल तक कष्ट उठा कर सेवा करने पर बड़ा फल प्राप्त होता हो।

वल्ली फल के कोर के समान,[1]

मेंढके विषाण के तुल्य वनस्पति के कोर के समान[2]।

२४३ चार प्रकार के घुन कहे गये हैं, यथा-

लकड़ी के बाहर की त्वचा को खाने वाले,

छाल खाने वाले,

लकड़ी खाने वाले,

लकड़ी का सारभाग खाने वाले।

इसी प्रकार चार प्रकार के भिक्षु कहे गये हैं, यथा-

त्वचा खाने वाले घुन के समान-यावत्-सार खाने वाले घुन के समान।

१ त्वचा खाने वाले घुन के जैसे भिक्षु का तप सार खाने वाले घुन के जैसा है।

२ छाल खाने वाले घुन के जैसे भिक्षु का तप काष्ठ खाने वाले घुन के जैसा है।

---

१ जो विना अधिक कष्ट के और शीघ्र ही सेवक को फल दे दे।

२ जिसकी सेवा करने पर बदले में केवल मीठे शब्द ही मिले विशेष उपकार न हो,

इस वनस्पति के फल सोने के समान वर्ण वाले होते हैं।

३ काष्ठ खाने वाले घुन के जैसे भिक्षु का तप छाल खाने वाले घुन के जैसा है।

४ सार खाने वाले घुन के जैसे भिक्षु का तप त्वचा खाने वाले घुन के जैसा है।

२४४ तृण वनस्पति कायिक चार प्रकार के कहे गये हैं, यथा- अग्रबीज, मूलबीज-पर्वबीज और स्कंधबीज।

२४५ चार कारणों से नरक में नवीन उत्पन्न नैरयिक मनुष्य लोक में शीघ्र आने की इच्छा करता है परन्तु आने में समर्थ नहीं होता है, यथा-

नरकलोक में नवीन उत्पन्न हुआ नैरयिक वहां होने वाली प्रबल वेदना का अनुभव करता हुआ मनुष्यलोक शीघ्र आने की इच्छा करता है किन्तु शीघ्र आने में समर्थ नहीं होता है।

नंरकभूमि में नवीन उत्पन्न हुआ नैरयिक नरकपालों (परमाधार्मिक देवों) के द्वारा पुनःपुनः आक्रान्त होने पर मनुष्यलोक में जल्दी आने की इच्छा करता है परन्तु आने में समर्थ नहीं होता है।

नवीन उत्पन्न हुआ नैरयिक नरकवेदनीय कर्म के क्षीण न होने से, वेदना के वेदित न होने से, निर्जरित न होने से इच्छा करने पर भी मनुष्यलोक में आने में समर्थ नहीं होता है,

इसी तरह नरकायुकर्म के क्षीण न होने से-यावत्-आने में समर्थ नहीं होता है।

इन चार कारणों से नवीन उत्पन्न नैरयिक मनुष्य लोक में शीघ्र आने की इच्छा करने पर भी आने में समर्थ नहीं होता है।

२४६ साध्वि को चार साड़ियां धारण करने और पहनने के लिए कल्पती हैं, यथा-

एक दो हाथ विस्तारवाली,[1]

दो तीन हाथ विस्तारवाली,

एक चार हाथ विस्तारवाली

२४७ ध्यान चार प्रकार के कहे गये हैं, -

आर्त ध्यान, रौद्र ध्यान, धर्म ध्यान और शुक्ल ध्यान।

आर्त्तध्यान चार प्रकार का कहा गया है, यथा-

अमनोज्ञ 'अनिष्ट' वस्तु की प्राप्ति होने पर उसे दूर करने की चिन्ता करना।

मनोज्ञवस्तु की प्राप्ति होने पर वह दूर न हो उसकी चिन्ता करना।[2]

---

१ विस्तार का अर्थ है चौड़ाई-पने से समझना चाहिए।

२ सूत्रार्थ का चिन्तन।

बीमारी होने पर उसे दूर करने की चिन्ता करना।
सेवित काम भोगों से युक्त होने पर उनके चले न जाने
की चिन्ता करना।

अथवा-ज्वरादि से भोग भोगने में असमर्थ न हो जाऊं'
ऐसी चिन्ता करना।

आर्तध्यान के चार लक्षण हैं' यथा-

आक्रन्दन करना, शोक करना,
आंसु गिराना, विलाप करना।

रौद्रध्यान चार प्रकार का है, यथा-

हिंसानुबन्धी, मृषानुबन्धी,
स्तेयानुबन्धी संरक्षणाणुबन्धी।

रोद्रध्यान के चार लक्षण कहे गये हैं, यथा-

हिंसादि दोषों में से किसी एक में
अत्यन्त प्रवृत्ति करना, हिंसादि सब दोषों में बहुविध
प्रवृत्ति करना, हिंसादि अधर्मकार्य में धर्म-बुद्धि
से या अभ्युदय के लिये प्रवृत्ति करना,
मरण पर्यन्त हिंसादि कृत्यों के लिये पश्चात्ताप न
होना आमरणान्त दोष है।

चार प्रकार का धर्मध्यान स्वरूप, लक्षण, आलम्बन एवं अनुप्रेक्षा रूप चार पदों से चिन्तनीय है

आज्ञाविचय,[1]

अपायविचय,[2]

विपाकविचय,[3]

संस्थान विचय[4] ।

धर्मध्यान के चार लक्षण कहे गये हैं यथा-

आज्ञारुचि ,निसर्गरुचि,

सूत्ररुचि अवगाढरुचि ।

धर्मध्यान के चार आलम्बन कहे गये हैं, यथा-

वाचना, पृच्छना, परिवर्तना और अनुप्रेक्षा ।

धर्मध्यान की चार भावनाएं कही गई हैं, यथा-

एकत्वानुप्रेक्षा, अनित्यानुप्रेक्षा,

---

१ वीतराग की आज्ञा का पर्यालोचन करना ।
२ रागादि से होने वाले अनर्थो का विचार ।
३ कर्म-फल का विचार करना ।
४ लोक आदि के आकारका चिन्तन करना
५ शास्त्रों के अवगाहन से अथवा गुरु के उपदेश से होने वाली । रुचि ।

अशरणानुप्रेक्षा, संसारानुप्रेक्षा ।

शुक्लध्यान चार प्रकार का कहा गया है, यथा-

पृथक्त्ववितर्क सविचारी ।[1]

एकत्व वितर्क अविचारी[2]

सूक्ष्म-क्रिया अनिवृत्ति[3]

समुच्छिन्नक्रिया अप्रतिपाति[4]

---

१ एक द्रव्य के विभिन्न पर्यायों की पृथक् पृथक् विस्तार से श्रुतानुसार विचार करना और अर्थ से शब्द का और शब्द से अर्थ का विचार करना ।

२ द्रव्य की पयार्यों में अभेद का चिन्तन करना तथा अर्थ से शब्द में एवं शब्द से अर्थ चिन्तन करना अथवा मन आदि योगों का एक से दूसरे में संचरण न होना ।

३ मोक्षगमन के समय मनोयोग आदि के निरुद्ध हो जाने पर सूक्ष्म श्वासोच्छ्वास रूप क्रिया का शेष रहना तथा वर्धमान परिणाम रहने से नहीं गिरनेवाला ध्यान होने से सूक्ष्मक्रिया अनिवृत्ति है ।

४ विषयभोग और धनादि के रक्षण के लिये व्याकुल होना)

५ शैलेशीकरण में सम्पूर्ण काययोग का भी निरोध हो जाने से क्रिया का उच्छेद हो जाता है तथा वह अवस्था अप्रति-पाती है, अतः समुच्छिन्न क्रिया, अप्रतिपाती कहा गया ।

शुक्लध्यान के चार लक्षण कहे गये हैं, यथा-

अव्यथ[1], असम्मोह[2], विवेक[3], व्युत्सर्ग[4]।

शुक्लध्यान के चार आलम्बन हैं, यथा-

क्षमा, निमर्मत्व, मृदुता और सरलता।

शुक्लध्यान की चार भावनाएं कहीं गई हैं यथा-

अनन्तवर्तितानुप्रेक्षा[5],

विपरिणामानुप्रेक्षा[6],

अशुभानुप्रेक्षा,[7]

अपायानुप्रेक्षा[8],

---

१ देवकृत उपसर्गों से होने वाली व्यथा का अभाव।

२ अमूढता,

३ सब संयोगों से अपने आपको पृथक् करना,

४ देहोपाधि का त्याग।

५ जीव अनन्त वार चार गति रूप संसार में भ्रमण कर चु[illegible] है आदि विचारना।

६ वस्तु के परिणमन की विचारणा।

७ संसार की अशुभता का विचार करना।

८ आश्रवके कटुक फलों का विचार करना।

२४८ देवों की स्थिति (क्रम–मर्यादा) चार प्रकार की है, यथा—

कोई सामान्य देव है, कोई देवों में स्नातक (प्रधान) हैं, कोई देव पुरोहित हैं, कोई स्तुति-पाठक देव हैं।

चार प्रकार का संवास 'मैथुन के लिए सहनिवास' कहा गया है, यथा-

कोई देव देवी के साथ संवास करता है,

कोई देव मानुषी नारी या तिर्यंच स्त्री के साथ संवास करता है,

कोई मनुष्य या तिर्यंच-पुरुष देवीके साथ संवास करता है,।

कोई मनुष्ह या तिर्यंच पुरुप मानुपी या तिर्यंची के साथ संवास करता है।

२४९ चार कषाय कहे गये हैं, यथा—

क्रोधकषाय, मानकपाय, मायाकपाय और लोभकषाय।

ये चारों कपाय नारक-यावत्-वैमानिकों में पाये जाते हैं

क्रोध के चार आधार कहे गये हैं, यथा—

आत्मप्रतिष्ठित[1] परप्रतिष्ठित[2]

---

१ 'अपने ऊपर आने वाला क्रोध'।

२ दूसरे पर होने वाला' क्रोध।

तदुभय प्रतिष्ठित[1], अप्रतिष्ठित[2]

ये क्रोध के चार आधार नैरयिक-यावत्-वैमानिक पर्यन्त सब में पाये जाते हैं।

इसी प्रकार-यावत्-लोभ के भी चार आधार हैं।
मान, माया और लोभ के चार आधार वैमानिक पर्यन्त सब दण्डकों में पाये जाते हैं।

चार कारणों से क्रोध की उत्पत्ति होती है, यथा—
क्षेत्र के निमित्त से, वस्तु के निमित्त से,
शरीर के निमित्त से, उपधि के निमित्त से।

इस प्रकार नारक-यावत्-वैमानिक में जानना चाहिए।
इसी प्रकार-यावत्-लोभ की उत्पत्ति भी चार प्रकार से होती है। यह मान, माया और लोभ की उत्पत्ति नारक-जीवों से लेकर वैमानिक पर्यन्त सब में होती है।

चार प्रकार का क्रोध कहा गया है, यथा—
अनन्तानुबन्धी क्रोध, अप्रत्याख्यान क्रोध,
प्रत्याख्यान नावरण क्रोध, संज्वलन क्रोध।
यह चारों प्रकार का क्रोध नारक-यावत्-वैमानिकों में

---

१ अपने और दूसरे के अपराध पर आने वाला क्रोध।
२ बिना किसी बाह्य कारण के क्रोध वेदनीय के उदय से होने वाला क्रोध।'

इसी तरह—यावत्—लोभ भी वैमानिक पर्यन्त है।

चार प्रकार का क्रोध कहा गया है, यथा-

आभोगनिर्वर्त्तित,[1]

अनाभोगनिवर्तित,[2]

उपशान्त क्रोध,

अनुपशान्त क्रोध,

यह चारों प्रकार का क्रोध नैरियक—यावत्

—वैमानिकों में होता है।

इसी तरह—यावत्—चार प्रकार का लोभ—यावत्—

वैमानिकों में पाया जाता है।

१० चार कारणों से जीवों ने आठ कर्म-प्रकृतियों का चयन किया है, यथा-

क्रोध से, मान से, माया से और लोभ से।

इसी प्रकार वैमानिकों तक समझ लेना चाहिए।

इसी प्रकार "ग्रहण करते हैं" यह दण्डक भी जान लेना चाहिए।

इसी प्रकार "ग्रहण करेंगे" यह दण्डक भी समझ लेना चाहिए।

---

१. क्रोध के फल को जानते हुए भी किया गया क्रोध।
२. बिना जाने किया गया क्रोध।

इसी प्रकार चयन के तीन दण्डक हुए ।

इसी प्रकार उपचय किया, करते हैं और करेंगे ।

वन्ध किया, करते हैं और करेंगे ।

उदीरणा की, करते हैं और करेंगे ।

वेदन किया, करते हैं और करेंगे ।

निर्जरा की, करते हैं और करेंगे ।

यों वैमानिक पर्यन्त चौवीस दण्डक में "उपचय —यावत्—निर्जरा करेंगे" तीन-तीन दण्डक समझ लेने चाहिए ।

२५१ चार प्रकार की प्रतिमाएं कही गई हैं, यथा-

समाधिप्रतिमा, उपधानप्रतिमा,

विवेकप्रतिमा, व्युत्सर्गप्रतिमा ।

चार प्रकार की प्रतिमाएं कही गई हैं, यथा-

भद्रा, सुभद्रा, महाभद्रा और सर्वतोभद्रा ।

चार प्रकार की प्रतिमाएं कही गई हैं, यथा-

क्षुद्रा मोकप्रतिमा, महती मोकप्रतिमा,

यवमध्या प्रतिमा, वज्रमध्या प्रतिमा ।

२५२ चार अजीव अस्तिकाय कहे गये हैं, यथा-

धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय,

आकाशास्तिकाय, पुद्गलास्तिकाय ।

चार अरूपी अस्तिकाय कहे गये हैं, यथा-

धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय,

आकाशास्तिकाय, जीवास्तिकाय।

२५३ चार प्रकार के फल कहे गये हैं, यथा-

कोई कच्चा होने पर भी थोड़ा मीठा होता है,

कोई कच्चा होने पर भी अधिक मीठा होता है,

कोई पक्का होने पर भी थोड़ा मीठा होता है,

कोई पक्का होने पर ही अधिक मीठा होता है।

इसी प्रकार चार प्रकार के पुरुष कहे गये हैं, यथा-

श्रुत और वय से अल्प होते हुए भी थोड़े मीठे फल के समान अल्प उपशमादि गुण वाले होते हैं।

इस प्रकार चारों भंग समझने चाहिए।

२५४ चार प्रकार के सत्य कहे गये हैं, यथा-

काया की सरलतारूप सत्य, भाषा की सरलतारूप सत्य,

भावों की सरलतारूप सत्य, अविसंवाद योगरूप सत्य।[1]

चार प्रकार का मृषावाद कहा गया है, यथा-

काया की वक्रतारूप मृषावाद,

भाषा की वक्रतारूप मृषावाद,

भावों की वक्रतारू मृषावाद,

---

१. वचन-पालन करना, विश्वासघात न करना।

विसंवाद योगरूप मृषावाद ।

चार प्रकार के प्रणिधान (प्रयोग) कहे गये हैं, यथा-

मन–प्रणिधान, वचन–प्रणिधान,

काय–प्रणिधान, उपकरण–प्रणिधान ।

ये चारों प्रणिधान नारक –यावत्– वैमानिक पर्यन्त समस्त पंचेन्द्रिय दण्डकों में जानने चाहिए ।

चार प्रकार के सुप्रणिधान कहे गये हैं, यथा-

मन-सुप्रणिधान -यावत्- उपकरण-सुप्रणिधान ।

यह सुप्रणिधान संयत मनुष्यों में ही पाये जाते हैं ।

चार प्रकार के दुष्प्रणिधान कहे गये हैं, यथा-

मन-दुष्प्रणिधान - यावत्- उपकरण- दुष्प्रणिधान ।

यह पंचेन्द्रियों को – यावत्– वैमानिकों को होता है ।

२५५ चार प्रकार के पुरुष कहे गये हैं, यथा-

कोई प्रथम मिलन में वार्तालाप से भद्र लगते हैं परन्तु सहवास से अभद्र मालूम होते हैं,

कोई सहवास से भद्र मालूम होते हैं पर प्रथम मिलन में अभद्र लगते हैं,

कोई प्रथम मिलन में भी भद्र होते हैं और सहवास से भी भद्र मालूम होते हैं,

कोई प्रथम मिलन में भी भद्र नहीं लगते और सहवास

से भी भद्र मालूम नहीं होते।

चार प्रकार के पुरुष कहे गये हैं, यथा-

कोई अपने दोष देखता है, दूसरों के नहीं,

कोई दूसरों के दोष देखता है, अपने नहीं।

इस प्रकार चौभंगी जाननी चाहिए।

चार प्रकार के पुरुष कहे गये हैं,यथा-

कोई अपने पाप की उदीरणा करता है किंतु दूसरों के पाप की उदीरणा नहीं करता।

इस प्रकार चार भंग जानने चाहिए।

चार प्रकार के पुरुष कहे गये हैं, यथा-

कोई अपने पाप को शान्त करता है, दूसरों के पाप को शान्त नहीं करता,

इस तरह चौभंगी जाननी चाहिए।

चार प्रकार के पुरुष कहे गये हैं, यथा-

कोई स्वयं तो अभ्युत्थान आदि से दूसरों का सम्मान करते हैं परन्तु दूसरों के अभ्युत्थान से अपना सम्मान नहीं कराते हैं।

इत्यादि-चोभंगी।

इसी तरह कोई स्वयं वन्दन करता है किन्तु दूसरों से वन्दन नहीं कराता है।

इसी तरह सत्कार, सम्मान, पूजा, वाचना, सूत्रार्थ ग्रहण करना, सूत्रार्थ पूछना, प्रश्न का उत्तर देना, आदि जानें ।

चार प्रकार पुरुप कहे गये हैं, यथा-

कोई सूत्रधर होता है अर्थधर नहीं होता,
कोई अर्थधर होता है, सूत्रधर नहीं होता ।
कोई सूत्रधर भी होता है और अर्थधर भी होता है,
कोई सूत्रधर भी नहीं होता और अर्थधर भी नहीं होता

२५६ असुरेन्द्र असुकुमार-राज चमर के चार लोकपाल कहे गये हैं,यथा-

सोम, यम, वरुण और वैश्रमण ।

इसी तरह बलीन्द्र के भी सोम, यम, वैश्रमण और वरुण चार लोकपाल हैं ।

धरणन्द्र के कालपाल, कोलपाल, शैलपाल और शंखपाल ।
इसी तरह भूतानन्द के कालपाल, कोलपाल, शंखपाल और शैलपाल नामक चार लोकपाल हैं ।

वेणुदेव के चित्र, विचित्र, चित्रपक्ष और विचित्रपक्ष ।
वेणुदाली के चित्र, विचित्र, विचित्रपक्ष और चित्रपक्ष ।
हरिकान्त के प्रभ, सुप्रभ, प्रभाकान्त और सुप्रभाकान्त ।
हरिस्सह के प्रभ. सुप्रभ, सुप्रभाकान्त और प्रभाकान्त ।
अग्निशिख के तेज, तेजशिख, तेजस्कान्त और तेजप्रभ ।

अग्निमानव के तेज, तेजशिख, तेजप्रभ और तेजस्कान्त ।
पूर्णइन्द्र के रूप, रूपांश, रूपकान्त और रूपप्रभ ।
विशिष्ट इन्द्र के रूप, रूपांश, रूपप्रभ और रूपकान्त ।
जलकान्त इन्द्र के जल, जलरत, जलकान्त और जलप्रभ ।
जलप्रभ के जल, जलरत, जलप्रभ और जलकान्त ।
अमितगत के त्वरितगति, क्षिप्रगति, सिंहगति और सिंह विक्रमगति ।
अमितवाहन के त्वरितगति, क्षिप्रगति,
सिंहविक्रमगति सिंहगति और ।
वेलम्ब के काल, महाकाल, अंजन और रिष्ट ।
प्रभंजन के काल, महाकाल, रिष्ट और अंजन ।
घोस के आवर्त्त, व्यावर्त्त, नंद्यावर्त्त और महानंद्यावर्त्त ।
महाघोषके आवर्त्त,व्यावर्त्त,महानन्द्यावर्त्त, और नन्द्यावर्त्त ।
शक्र के सोम, यम, वरुण और वैश्रमण ।
ईशानेन्द्र के सोम, यम, वैश्रमण और वरुण ।
इस प्रकार एक के अन्तर से अच्युतेन्द्र तक चार-चार लोकपाल समझने चाहिए ।
वायुकुमार चार प्रकार के कहे गये हैं, यथा-
काल, महाकाल, वेलम्ब और प्रभंजन ।

२ ७ चार प्रकार के देव कहे गये हैं, यथा-

भवनवासी, वानव्यन्तर, ज्योतिष्क और विमानवासी।

२५८ चार प्रकार के प्रमाण कहे गये हैं, यथा-
द्रव्यप्रमाण, क्षेत्रप्रमाण, कालप्रमाण और भावप्रमाण।

२५९ चार प्रधान दिक्कुमारियां कही गई हैं, यथा-
रूपा, रूपांशा, सुरूपा और रूपावती। [२]
चार प्रधान विद्युत्कुमारियां कही गई हैं, यथा-
चित्रा, चित्रकनका, शतेरा और सौदामिनी।

२६० देवेन्द्र, देवराज शक्र की मध्यम परिषद् के देवों की चार पल्योपम की स्थिति कही गई है।
देवेन्द्र देवराज ईशान की मध्यमपरिषद् की देवियों की चार पल्योपम की स्थिति कही गई है। [२]

२६१ संसार चार प्रकार का कहा गया है, यथा-
द्रव्यसंसार, क्षेत्रसंसार, कालसंसार और भावसंसार।

२६२ चार प्रकार का दृष्टिवाद कहा गया है, यथा-
परिक्रम, सूत्र, पूर्वगत और अनुयोग।

२६३ चार प्रकार के प्रायश्चित्त कहे गये हैं, यथा-
ज्ञानप्रायश्चित्त, दर्शनप्रायश्चित्त,
चारित्रप्रायश्चित्त, व्यक्तकृत्यप्रायश्चित्त,[1]

---

१ गीतार्थ द्वारा किया जाने वाला प्रायश्चित्त।

अथवा प्रीतिकृत्य[1]

चार प्रकार के प्रायश्चित्त कहे गये है, यथा-

परिणेवना प्रायश्चित्त,[2] संयोजना प्रायश्चित्त[3]

आरोपण प्रायश्चित्त[4] परिकुंचन प्रायश्चित्त[5]

---

१ वैयावृत्यादि

२ अकृत्यके लिए किया जाने वाला प्रायश्चित्त।

३ समान कई अतिचारों का मेल होने पर दिया गया प्रायश्चित्त जैसे शय्यातरपिंड ग्रहण किया वह भी जल से गीले हाथ वाले से लिया, वह भी सामने लाया हुआ और वह भी आधाकर्मी।

४ एकबार अपराधकरने और प्रायश्चित्त कर लेने पर पुनः पुनः उसी दोष के आसेवन से जो विजातीय प्रायश्चित्त दिया जाता है, जैसे पहले पांच अहोरात्र का प्रायश्चित्त एक बार का प्राय-श्चित्त मिलने पर पुन: उसी का सेवन किया तो दस दिन का, पुनः सेवन करने पर पन्द्रह दिन का इस प्रकार-यावत्-छहमास का प्रायश्चित्त दिया जा सकता है यह आरोपणा प्रायश्चित्त है।

५ परिकुंचन प्रायश्चित्त-अपराध के छिपाने या अन्यथा कथन करने के अपराध में दिया गया प्रायश्चित्त ।

२६४ चार प्रकार का काल कहा गया है, यथा-

प्रमाणकाल, यथायुर्निवृत्तिकाल[1]

मरणकाल, अद्धाकाल।

२६५ पुद्गलों का चार प्रकार का परिणमन कहा गया है, यथा-

वर्णपरिणाम, गंधपरिणाम,

रसपरिणाम, स्पर्शपरिणाम।

२६६ भरत और ऐरवत क्षेत्र में प्रथम और अन्तिम तीर्थंकर को छोड़कर मध्य के बावीस अर्हन्त भगवान् चातुर्याम (चार महाव्रत रूप) धर्म की प्ररूपणा करते हैं, यथा-

सब प्रकार की हिंसा से निवृत्त होना,

सब प्रकार के झूठ से निवृत्त होना

सब प्रकार के अदत्तादान से निवृत्त होना,

सब प्रकार के बाह्य पदार्थों के आदान से निवृत्त होना[2]

सब महाविदेहों में अर्हन्त भगवान् चातुर्याम धर्म का प्ररूपण करते हैं, यथा-

सब प्रकार के प्राणातिपात से निवृत्त होना—यावत्—

सब प्रकार के बाह्य पदार्थों के आदान से निवृत्त होना[2]।

---

१ आयु बंध के अनुसार उतने काल तक उस रूप में रहना।

२ धर्मोपकरण के अतिरिक्त-स्त्री, धन-धान्य आदि के परिग्रह से निवृत्त होना।

२६७ चार प्रकार की दुर्गतियां कही गई हैं, यथा-

नैरयिक दुर्गति, तिर्यंचयोनिक दुर्गति,

मनुष्य दुर्गति, देव दुर्गति ।

चार प्रकार की सुगतियां कही गई हैं, यथा-

सिद्ध सुगति, देव सुगति,

मनुष्य सुगति, श्रेष्ठ कुलमें जन्म ।

चार दुर्गतिप्राप्त कहे गये हैं, यथा-

नैरयिक दुर्गतिप्राप्त. तिर्यंचयोनिक दुर्गतिप्राप्त, ।

मनुष्य दुर्गति प्राप्त, देव दुर्गति प्राप्त ।

चार सुगति प्राप्त कहे गये हैं, यथा-

सिद्ध सुगति प्राप्त यावत्–श्रेष्ठ कुल में जन्म प्राप्त । [४]

२६८ प्रथम समय जिन (सयोगिकेवली) के चार कर्म-प्रकृतियां क्षीण होती हैं, यथा-

ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, मोहनीय और अंतराय ।

केवल ज्ञान–दर्शन जिन्हें उत्पन्न हुआ है ऐसे अर्हन्, जिन केवल चार कर्मप्रकृतियों का वेदन करते हैं, यथा-

वेदनीय, आयुष्य, नाम और गोत्र ।

प्रथम समय सिद्ध के चार कर्मप्रकृतियां एक साथ क्षीण होती हैं, यथा-

वेदनीय, आयुष्य, नाम और गोत्र ।

देखकर, बोलकर, सुनकर और स्मरण कर। [३]

२७० चार प्रकार के अन्तर कहे गये हैं,-यथा-

काष्ठान्तर[1], पक्ष्मान्तर[2], लोहान्तर[3], प्रस्तरान्तर[4]।

इसी तरह स्त्री-स्त्री में और पुरुष-पुरुष में भी चार प्रकार का अन्तर कहा गया है, यथा-

काष्ठान्तर के समान, पक्ष्मान्तर के समान,

लोहान्तर के समान, प्रस्तरान्तर के समान।

२७१ चार प्रकार के कर्मकर (नौकर) कहे गये हैं, यथा-

दिवसभृतक[5], यात्राभृतक[6], उच्चताभृतक,[7] कब्बाडभृतक[8]।

२७२ चार प्रकार के पुरुष कहे गये हैं, यथा-

---

१. काष्ठ-काष्ठ में अन्तर, जैसे कि चन्दन भी काष्ठ है और आकड़ा भी काष्ठ है परन्तु इनमें अन्तर है।

२. कपास-रूई-रूई में अन्तर।

३. लोह-लोह में अन्तर।

४. पाषाण- पाषण में अन्तर।

५. प्रतिदिन मूल्य ठहरा कर काम करने के लिए रखा जाय वह।

६. देशान्तर में जाने के लिए सहायक रूप से में रखा जाय वह।

७. मूल्य और समय का नियम करके नियतकाल तक जिससे कार्य लिया जाय वह।

८. जमीन खोदने वाले ओड़ आदि जो ठेके से काम करते हैं।

कितनेक प्रकट रूप से दोष का सेवन करते हैं किन्तु गुप्त रूप से नहीं,

कितनेक प्रकट रूप से दोष का सेवन करते हैं किन्तु प्रकट रूप से नहीं,

कितनेक प्रकट रूप से भी और गुप्त रूप से भी दोष सेवन करते हैं,

कितनेक न तो प्रकट रूप में और न गुप्त रूप में दोष का सेवन करते हैं।

२७३ असुरेन्द्र असुरकुमारराज चमर के सोम महाराजा (लोकपाल) की चार अग्रमहिषियां कही गई हैं, यथा-

कनका, कनकलता, चित्रगुप्ता और वसुंधरा।

इसी तरह-यम, वरुण और वैश्रमण के भी इसी नाम की चार-चार अग्रमहिषियां है।

वेरोचनेन्द्र वैरोचनराज बलि के सोम लोकपाल की चार अग्रमहिषियां हैं, यथा-

मित्रका, सुभद्रा, विद्युता और अशनी।

इसी तरह यम, वैश्रमण और वरुण की भी अग्रमहिषियां इन्हीं नाम वाली हैं।

नागकुमारेन्द्र, नागकुमार-राज धरण के कालवाल, लोकपाल की चार अग्रमहिषियां हैं, यथा-

अशोका, विमला, सुप्रभा और सुदर्शना।

इसी प्रकार—यावत्—शंखवाल की अग्रमहिषियां है।

नागकुमारेन्द्र, नागकुमार-राज भूतानन्द के कालवाल लोकपाल की चार अग्रमहिषियां हैं, यथा-

सुनन्दा, सुभद्रा, सुजाता और सुमना।

इसी प्रकार—यावत्—शैलवाल की अग्रमहिषियां समझनी चाहिए।

जिस प्रकार धरणेन्द्रके लोकपालों का कथन किया उसी प्रकार सब दाक्षिणात्य—यावत्—घोप नामक इन्द्रके लोकपालो की अग्रमहिषियां जाननी चाहिये।

जिस प्रकार भूतानन्द का कथन किया उसी प्रकार उत्तर के सब इन्द्र—यावत्—महाघोप इन्द्र के लोकपालों की अग्रमहिषियां समझनी चाहिये।

पिशाचेन्द्र पिशाचराज काल की चार अग्रमहिषियां हैं, यथा-

कमला, कमलप्रभा, उत्पला और सुदर्शना।

इसी तरह महाकाल की भी।

भूतेन्द्र भूतराज सुरूप के भी चार अग्रमहिषियां हैं, यथा-

रूपवती, बहुरूपा, सुरूपा और सुभगा।

इसी तरह प्रतिरूप के भी।

यक्षेन्द्र यक्षराज पूर्णभद्र के चार अग्रमहिषियां हैं, यथा-

पुत्रा, बहुपुत्रा, उत्तमा और तारका।

ख—इसीप्रकार यक्षेन्द्र मणिभद्र की चार अग्रमहिषियों के नाम भी ये ही हैं।

४क—राक्षसेन्द्र, राक्षसराज भीम की अग्रमहिषियां चार हैं, उनके नाम ये हैं—

१. पद्मा, २. वसुमती, ३. कनका और ४. रत्नप्रभा।

ख—इसीप्रकार राक्षसेन्द्र महाभीम की चार अग्रमहिषियों के नाम भी ये ही हैं।

५क—किन्नरेन्द्र किन्नर की अग्रमहिषियां चार हैं, उनके नाम ये हैं—

१. वडिंसा. २. केतुमती, ३. रतिसेना और ४. रतिप्रभा।

ख—इसीप्रकार किन्नरेन्द्र किंपुरुष की चार अग्रमहिषियों के नाम भी ये ही हैं।

६क—किंपुरूषेन्द्र सत्पुरुष की अग्रमहिषियां चार हैं उनके नाम ये हैं—

१. रोहणी, २. नवमिता, ३. ह्री और ४. पुष्पवती।

ख—इसीप्रकार पुरुषेन्द्र महापुरुष की चार अग्रमहिषियों के नाम भी ये ही हैं।

७क—महोरगेन्द्र अतिकाय की अग्रमहिषियां चार हैं उनके नाम ये हैं—

१. भुजगा, २. भुजगवती, ३. महाकच्छा और ४. स्फुटा।

ख—महोरगेन्द्र महाकाय की चार अग्रमहिषियों के नाम भी ये ही हैं।

८क—गंधर्वेन्द्र गीतरति की अग्रमहिषियां चार हैं। उनके नाम ये हैं—

१. सुघोषा, २. विमला, ३. सुसरा और ४. सरस्वती।

ख—इसी प्रकार गंधर्वेन्द्र गीत यशकी चार अग्रमहिषियों के नाम भी ये ही हैं।

९-१—ज्योतिष्केन्द्र, ज्योतिषराज चन्द्र की अग्रमहिषियां चार हैं। उनके नाम ये हैं—

१. चन्द्रप्रभा, २. ज्योत्स्नाभा, ३. अर्चिमाली और ४. प्रभंकरा।

२—इसी प्रकार सूर्य की चार अग्रमहिषियों में प्रथम अग्रमहिषी का नाम सूर्यप्रभा और शेष तीन के नाम चन्द्र के समान हैं।

३—इंगाल महाग्रह की अग्रमहिषियां चार हैं। उनके नाम ये हैं—

१. विजया, २. वैजयंती, ३. जयंती और ४. अपराजिता।

४—इसीप्रकार सभी महाग्रहों की-यावत्-भावकेतु की चार-चार अग्रमहिषियों के नाम भी ये ही हैं।

१० १-क—शक्र देवेन्द्र देवराज के सोम (लोकपाल) महाराज की अग्रमहिषियां चार हैं। उनके नाम ये हैं—

१. रोहिणी, २. मदना, ३. चित्रा और ४. सोमा।

ख-घ—शेष लोकपालों की यावत् वैश्रमण की चार-चार अग्रमहिषियों के नाम भी ये ही हैं।

२-क—ईशानेन्द्र देवेन्द्र देवराज के सोम (लोकपाल) महाराज की अग्रमहिषियां चार हैं। उनके नाम ये हैं—

१. पृथ्वी, २. राजी, ३. रतनी और ४. विद्युत्।

ख-घ—इसीप्रकार शेष लोकपालों की-यावत्-वरुण की चार-चार अग्रमहिषियों के नाम भी ये ही हैं।

२७४ १—गोरस विकृतियां चार हैं। उनके नाम ये हैं—

१. दूध, २. दधि, ३. घृत और ४. नवनीत।

२—स्निग्ध विकृतियां चार हैं। उनके नाम ये हैं—

१. तैल, २. घृत, ३. चर्बी और ४. नवनीत।

३—महाविकृतियां चार हैं। उनके नाम ये हैं—

१. मधु, २. मांस, ३. मद्य और ४. नवनीत।

२७५ १क—कूटागार=शिखराकार गृह चार प्रकार के हैं—

१. गुप्त-प्राकार से आवृत और गुप्त द्वार वाला है,

२. गुप्त-प्राकार से आवृत किन्तु अगुप्त द्वार वाला है,

३. अगुप्त-प्राकार रहित है किन्तु गुप्त द्वार वाला है।

४. अगुप्त-प्राकार रहित हैं और अगुप्त द्वार वाला है।

ख—इसी प्रकार पुरुष वर्ग भी चार प्रकार का है। वह इस प्रकार है—

१. एक पुरुष गुप्त (वस्त्रावृत) हैं और गुप्तेन्द्रिय भी है।

२. एक पुरुष (वस्त्रावृत) हैं किन्तु अगुप्तेन्द्रिय हैं।

३. एक पुरुष अगुप्त (अनावृत) है किन्तु गुप्तेन्द्रिय है।

४. और एक पुरुष अगुप्त (अनावृत) भी है और अगुप्तेन्द्रिय भी है।

२ क—कूटागारशाला=शिखराकार शाला चार प्रकार की है। वे इस प्रकार हैं—

१. गुप्त है—प्राकारादि से आवृत है और गुप्त द्वार वाली है।

२. गुप्त है—प्राकारादि से आवृत है किन्तु गुप्त द्वार वाली नहीं है।

३. अगुप्त है—प्राकारादि से आवृत नहीं है किन्तु गुप्तद्वार वाली है।

४. अगुप्त भी है—प्राकारादि से आवृत नहीं है और गुप्तद्वार वाली भी नहीं है।

ख—इसी प्रकार स्त्री समुदाय भी चार प्रकार का है। वह इस प्रकार का है—

१. एक गुप्ता है—वस्त्रावृता है और गुप्तेन्द्रिया है।

२. एक गुप्ता है—वस्त्रावृता है किन्तु गुप्तेन्द्रियाँ नहीं है।

३. एक अगुप्ता है—वस्त्रादि से अनावृत है किन्तु गुप्तेन्द्रिया है।

४. एक अगुप्ता भी है—वस्त्रादि से अनावृता भी है और अगुप्तेन्द्रिया भी है।

अवगाहना (शरीर का प्रमाण) चार प्रकार की है यह इस प्रकार की है—

१. द्रव्यावगाहना—अनंतद्रव्ययुता, २. क्षेत्रावगाहना—असंख्यप्रदेशावगाढ़ा, ३. कालावगाहना—असंख्यसमय-स्थितिका, ४. भावावगाहना—वर्णादिअनंतगुणयुता।

२७७ चार प्रज्ञप्तियां अङ्गबाह्य हैं। उनके नाम ये हैं—

१. चंद्रप्रज्ञप्ति, २. सूर्यप्रज्ञप्ति, ३. जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति ४. द्वीपसारणप्रज्ञप्ति।

॥ चतुर्थ स्थानक प्रथम उद्देशक समाप्त ॥

२७८ १. प्रतिसंलीन—(कषाय का निरोध करने वाले) पुरुष चार प्रकार के हैं। वे इस प्रकार हैं—

१. क्रोधप्रतिसंलीन—क्रोध का निरोध करने वाला।

२. मानप्रतिसंलीन—मान का निरोध करने वाला।

३. मायाप्रतिसंलीन—माया का निरोध करने वाला।

४. लोभप्रतिसंलीन—लोभ का निरोध करने वाला।

२. अप्रतिसंलीन (कषाय का निरोध न करने वाला) पुरुष चार प्रकार के कहे गये हैं। वह इस प्रकार हैं—

१. क्रोध अप्रतिसंलीन—क्रोध का निरोध न करने वाला।

२. मान अप्रतिसंलीन—मान का निरोध न करने वाला।

३. माया अप्रतिसंलीन—माया का निरोध न करने वाला।

४. लोभ अप्रतिसंलीन—लोभ का निरोध न करने वाला।

३. प्रतिसंलीन (प्रशस्त प्रवृत्तियों में प्रवृत्त और अप्रशस्त प्रवृत्तियों से निवृत्त) पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। वह इस प्रकार हैं—

१. मन प्रतिसंलीन—मन का निग्रह करने वाला।
२. वचन प्रतिसंलीन—वचन का निग्रह करने वाला।
३. काय प्रतिसंलीन—काया का निग्रह करने वाला।
४. इन्द्रिय प्रतिसंलीन—इन्द्रियों का निग्रह करने वाला।

४. अप्रतिसंलीन (अप्रशस्त कार्यों में प्रवृत्त और प्रशस्त कार्यों से उदासीन) पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। वह इस प्रकार है—

१. मन अप्रतिसंलीन—मन का निग्रह न करने वाला।
२. वचन अप्रतिसंलीन—वचन का निग्रह न करने वाला।
३. काय अप्रतिसंलीन—काया का निग्रह न करने वाला।

४. इन्द्रिय अप्रतिसंलीन—इन्द्रियों का निग्रह न करने वाला।

२७९ १क—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। वह इस प्रकार है—

१. एक पुरुष दीन है (धनहीन है) और दीन है[1] (हीन मना है)।
२. एक पुरुष दीन है (धनहीन है) किन्तु अदीन है (महामना है)।
३. एक पुरुष अदीन है (धनी है) किन्तु दीन है (हीनमना है)।
४. एक पुरुष अदीन है (धनी है) और अदीन (महामना भी है)।

ख—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। वह इस प्रकार का है—

१. पुरुष दीन है (प्रारम्भिक जीवन में भी निर्धन है) और दीन है (अंतिम जीवन में भी निर्धन है)।
२. एक पुरुष दीन है (प्रारम्भिक जीवन में निर्धन है) किन्तु अदीन भी है (अंतिम जीवन में धनी हो जाता है)

---

१. यहां 'दीन' का अर्थ हीन है।

३. एक पुरुष अदीन है (प्रारम्भिक जीवन में धनी है) किन्तु दीन भी है (अन्तिम जीवन में निर्धन हो जाता है)

४. एक पुरुष अदीन है (प्रारम्भिक जीवन में भी धनी है) और अदीन है (अन्तिम जीवन में भी धनी ही रहता है)[1]

२—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। वह इस प्रकार है—

१. एक पुरुष दीन है (शरीर से कृश है) और दीन परिणति वाला है (कायर है)

२. एक पुरुष दीन है (शरीर से कृश है) किन्तु अदीन परिणति वाला है (शूरवीर है)

३. एक पुरुष अदीन है (हृष्ट-पुष्ट है) किन्तु दीन परिणति वाला है (कायर है)

४. एक पुरुष अदीन भी है (हृष्ट-पुष्ट भी है) और अदीन परिणति वाला भी है (शूरवीर भी है)

३—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। वह इस प्रकार है—

१. एक पुरुष दीन है (शरीर से कृश है) और दीन रूप भी है (मलिन वस्त्र वाला है)

---

१. यह व्याख्या भी टीकाकार सम्मत है।

२. एक पुरुष दीन है (शरीर से कृश है) किन्तु अदीन रूप है (वस्त्र आदि से सुसज्जित है)

३. एक पुरुष अदीन है (शरीर से हृष्ट-पुष्ट है) किन्तु दीन रूप है (मलिन वस्त्र वाला है)

४. एक पुरुष अदीन है (शरीर से हृष्ट-पुष्ट है) और अदीन रूप भी है) वस्त्र आदि से सुसज्जित है)

४-१७—इसी प्रकार ५ दीन मन, ६ दीन संकल्प, ७ दीन प्रज्ञा, ८ दीन दृष्टि, ९ दीन शीलाचार, १० दीन व्यवहार, ११ दीन पराक्रम, १२ दीन वृत्ति, १३ दीन जाति, १४ दीन भासी, १५ दीनावभासी, १६ दीन सेवी, और १७ दीन परिवारी के चार-चार भाग जानें।

२८०-१. पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। वह इस प्रकार है—

१. एक पुरुष आर्य है[1] (क्षेत्र से आर्य है) और आर्य है (आचरण से भी आर्य है)

२. एक पुरुष आर्य है (क्षेत्र से आर्य है) किन्तु अनार्य भी है (पापाचरण से अनार्य है)

३. एक पुरुष अनार्य है (क्षेत्र से अनार्य है) किन्तु आर्य भी है (आचरण से आर्य है)

---

१. आर्य नो प्रकार के हैं।

४. एक पुरुष अनार्य है (क्षेत्र से अनार्य है) और अनार्य है (आचरण से भी अनार्य है)

२-१८—इसीप्रकार २ आर्य परिणति, ३ आर्यरूप, ४ आर्यमन, ५ आर्य संकल्प, ६ आर्यप्रज्ञा, ७ आर्य दृष्टि, ८ आर्य शीलाचार, ९ आर्य व्यवहार, १० आर्यपराक्रम, ११ आर्य वृत्ति, १२ आर्य जाति, १३ आर्यभाषी, १४ आर्यविभासी, १५ आर्यसेवी, १६ आर्य पर्याय १७ आर्य परिवार और १८ आर्य भाव वाले पुरुष के चार-चार भांगे जानें।

१ १क—वृषभ चार प्रकार के हैं। वे इस प्रकार हैं—

१. जातिसंपन्न[1], २. कुलसंपन्न[2], ३. बलसंपन्न, और ४. रूपसंपन्न हैं।

ख—इसी प्रकार पुरुष वर्ग भी चार प्रकार का है। वे इस प्रकार है—

१. जातिसंपन्न-यावत्—२-४ रूपसंपन्न हैं।

२क—वृषभ चार प्रकार के हैं। वे इस प्रकार हैं—

१. एक जातिसंपन्न है किन्तु कुलसंपन्न नहीं है।

यहां जाति मातृपक्ष को कहते हैं।

यहां कुल पितृपक्ष को कहते हैं।

२. एक कुलसंपन्न है किन्तु जातिसंपन्न नहीं है।
३. एक जाति संपन्न भी है और कुलसंपन्न भी है।
४. एक जाति संपन्न भी नहीं है और कुल संपन्न भी नहीं है।

ख—इसी प्रकार पुरुष वर्ग के भी चार भांगे जानें।

३क—वृषभ चार प्रकार के हैं। वे इस प्रकार हैं—
१. एक जातिसम्पन्न[1] है किन्तु बलसम्पन्न नहीं है।
२. एक बलसम्पन्न है किन्तु जातिसम्पन्न नहीं है।
३. एक जातिसम्पन्न भी है और बलसम्पन्न भी है।
४. एक जातिसम्पन्न भी नहीं है और बलसम्पन्न भी नहीं है।

ख—इसी प्रकार पुरुष वर्ग के भी चार भांगे जानें।

४क—वृषभ चार प्रकार के हैं। वे इस प्रकार हैं—
१. एक जातिसम्पन्न है किन्तु रूपसम्पन्न नहीं है।
२. एक रूपसम्पन्न है किन्तु जातिसम्पन्न नहीं है।
३. एक जातिसम्पन्न भी है और रूपसम्पन्न भी है।
४. एक जातिसम्पन्न भी नहीं है और रूपसम्पन्न भी नहीं है।

---

१. यहां जाति शब्द श्रेष्ठता का सूचक है।

ख—इसी प्रकार पुरुष वर्ग के चार भांगे जानें।

५क—कुल सम्पन्न और बल सम्पन्न वृषभ के चार भांगे हैं।

ख—इसीप्रकार पुरुष वर्ग के भी चार भांगे हैं।

६क—कुल सम्पन्न और रूप सम्पन्न वृषभ के चार भांगे हैं।

ख—इसीप्रकार पुरुष वर्ग के भी चार भांगे हैं।

७क—बल सम्पन्न और रूप सम्पन्न वृषभ के चार भांगे हैं।

ख—इसी प्रकार पुरुष वर्ग के भी चार भांगे हैं।

८क—हाथी चार प्रकार के हैं। वे इस प्रकार हैं—

१. भद्र[1], २. मंद[2], ३. मृग[3] और ४. संकीर्ण[4]।

ख—इसी प्रकार पुरुष वर्ग भी चार प्रकार का कहा गया है।

९क—हाथी चार प्रकार के हैं। वे इस प्रकार हैं—

१. एक भद्र[5] है और भद्रमन वाला है।

---

१. भद्र=धैर्यवान। २. मंद=धैर्यरहित। ३. मृग=भीरु स्वभाव। ४. संकीर्ण=विचित्र स्वभाव वाला। ५. यहां भद्र का अर्थ उत्तम जातिवाला है।

२. एक भद्र है किन्तु मंदमन वाला है।

३. एक भद्र है किन्तु मृग (भीरु) मन वाला है।

४. एक भद्र है किन्तु संकीर्ण मन वाला है।

ख—इसी प्रकार पुरुष वर्ग भी चार प्रकार का है।

१०क—हाथी चार प्रकार के हैं। वे इस प्रकार हैं—

१. एक मंद किन्तु भद्रमन वाला है।

२. एक मंद है और मंदमन वाला है।

३. एक मंद है किन्तु मृग (भीरु) मन वाला है।

४. एक मंद है किन्तु संकीर्ण (विचित्र) मन वाला है।

ख—इसी प्रकार पुरुष वर्ग भी चार प्रकार का कहा गया है।

११क—हाथी चार प्रकार के हैं। वे इस प्रकार हैं—

१. एक मृग (भीरु) है और भद्र (भीरु) मन वाला है।

२. एक मृग है किन्तु मंद मन वाला है।

३. एक मृग है और मृग मन वाला भी है।

४. एक मृग है किन्तु संकीर्ण मन वाला है।

ख—इसी प्रकार पुरुष वर्ग भी चार प्रकार का है।

१२क—हाथी चार प्रकार के हैं। वे इस प्रकार के हैं—

१. एक संकीर्ण है किन्तु भद्र मन वाला है।

२. एक संकीर्ण है किन्तु मंद मन वाला है।

३. एक संकीर्ण है किन्तु मृग मन वाला है।

४. एक संकीर्ण है और संकीर्ण मन वाला भी है।

ख—इसी प्रकार पुरुष वर्ग भी चार प्रकार का कहा गया है।

१ गाथा—भद्र हाथी के लक्षण—

मधु की गोली के समान पिंगल (भूरे) नेत्र, क्रमशः पतली सुन्दर एव लम्बी पूंछ, उन्नत मस्तक आदि से सर्वाङ्ग सुन्दर भद्र हाथी धीर प्रकृति का होता है।

२ गाथा—मंद हाथी के लक्षण—

चंचल, स्थूल एवं कहीं पतली और कहीं मोटी चर्म वाला स्थूल मस्तक, पूंछ, नख, दांत एवं केश वाला तथा सिंह के समान पिंगल (भूरे) नेत्र वाला हाथी मंद (अधीर) प्रकृति का होता है।

३ गाथा—मृग हाथी के लक्षण—

कृश शरीर और कृशग्रीवा वाला, पतले चर्म, नख, दांत एवं केश वाला, भयभीत, स्थिरकर्ण, उद्विग्नता पूर्वक गमन करने वाला स्वयं त्रस्त और अन्यों को त्रास देने वाला हाथी मृग प्रकृति का होता है।

४ गाथा—संकीर्ण हाथी के लक्षण—

जिस हाथी में भद्र, मंद और मृग प्रकृति के हाथियों के थोड़े-थोड़े लक्षण हों तथा विचित्र रूप और शील (स्वभाव) वाला हाथी संकीर्ण प्रकृति का होता है।

५ गाथा[1]—हाथियों का मदकाल—

भद्र जाति का हाथी शरद् ऋतु में मतवाला होता है,
मंद जाति का हाथी वसंत ऋतु में मतवाला होता है,
मृग जाति का हाथी हेमंत ऋतु में मतवाला होता है,
और संकीर्ण जाति का हाथी किसी भी ऋतु में मतवाला हो सकता है।

---

१. ये गाथायें निर्युक्ति से मूल में उद्धृत की गई है ऐसा प्रतीत होता है। टीकाकार एक और निर्युक्ति गाथा उद्धृत करते हैं।

गाथा—दंतेहिं हणइ भद्दो, मंदो हत्थेण आहणइ हत्थी।
गत्ताऽधरेइ य मिओ, संकिन्नो सव्वओ हणइ॥

अर्थ—भद्र जाति का हाथी दोनों दांतों से प्रहार करता है। मंद जाति का हाथी सूंड से प्रहार करता है। मृग जाति का हाथी शरीर से और होठ से प्रहार करता है। संकीर्ण जाति का हाथी सर्वाङ्ग से प्रहार करता है।

२८२ १क—विकथा चार प्रकार की है—

यथा—१. स्त्रीकथा, २. भक्तकथा, ३. देशकथा और ४. राजकथा[1]।

ख—स्त्रीकथा चार प्रकार की है—

यथा—१. स्त्रियों की जाति सम्बन्धी कथा,

२. स्त्रियों की कुल सम्बन्धी कथा,

३. स्त्रियों की रूप सम्बन्धी कथा,

४. स्त्रियों की नेपथ्य (वेषभूषा) सम्बन्धी कथा।

ग—भक्तकथा चार प्रकार की है—

यथा—१. भोजन सामग्री की कथा,

२. विविध प्रकार के पकवानों और व्यञ्जनों की कथा,

२. भोजन बनाने की विधियों की कथा,

४. भोजन निर्माण में होने वाले व्यय की कथा।

घ—देशकथा चार प्रकार की है—

यथा—१. देश के विस्तार की कथा,

२. देश में उत्पन्न होने वाले धान्य आदि की कथा,

---

१ इन विकथाओं के करने से होने वाले दोषों का वर्णन निर्युक्तिकार ने किया है।

३. देशवासियों के कर्तव्याकर्तव्य की कथा,

४. देशवासियों के नेपथ्य (वेशभूषा) की कथा।

ङ—राजकथा चार प्रकार की है—

यथा—१. राजा के नगर-प्रवेश की कथा,

२. राजा के नगर-प्रयाण की कथा,

३. राजा के बल-वाहन की कथा,

४. राजा के कोठार (भण्डार) की कथा।

२क—धर्मकथा चार प्रकार की है—

यथा—१. आक्षेपणी, २. विक्षेपणी, ३. संवेद(ग)नी और ४. निर्वेदनी।

ख—आक्षेपणी कथा चार प्रकार की है—

यथा—१. आचारआक्षेपणी—साधुओं का आचार बतानेवाली कथा,

२. व्यवहार आक्षेपणी—दोषनिवारणार्थ प्रायश्चित्त के भेद प्रभेद बतानेवाली कथा,

३. प्रज्ञप्ति आक्षेपणी—संशयनिवारणार्थ कही जाने वाली कथा।

४. दृष्टिवाद आक्षेपणी—श्रोताओं की अपेक्षाओं को समझकर नयानुसार सूक्ष्म तत्वों का विवेचन करने वाली कथा।

ग—विक्षेपणी कथा चार प्रकार की है—

यथा—१. स्व सिद्धान्त के गुणों का कथन करके पर-सिद्धान्त के दोष बताना,

२. पर-सिद्धान्त का खण्डन करके स्वसिद्धान्त की स्थापना करना,

३. परसिद्धान्त की अच्छाईयाँ बताकर पर-सिद्धान्त की बुराइयाँ भी बताना,

४. पर सिद्धान्त की मिथ्या बातें बताकर सच्ची बातों की स्थापना करना।

घ—संवेदनीकथा चार प्रकार की है—

यथा—१. इहलोक संवेदनी—मनुष्य देह की नश्वरता बताकर वैराग्य उत्पन्न करने वाली कथा,

२. परलोक संवेदनी—मुक्ति की साधना में भोग-प्रधान देव जीवन की निरुपयोगिता बताने वाली कथा,

३. आत्शरीर संवेदनी—स्वशरीर को अशुचिमय बताने वाली कथा,

४. परशरीर संवेदनी—दूसरों के शरीर को नश्वर बताने वाली कथा।

ङ—निर्वेदनी कथा चार प्रकार की है—

यथा—१. इस जन्म में किये गये दुष्कर्मों का फल इसी जन्म में मिलता है—यह बताने वाली कथा,

२. इस जन्म में किये गये दुष्कर्मों का फल परजन्म[1] में मिलता है—यह बताने वाली कथा,

३. परजन्म में किये गये दुष्कर्मों का फल इस जन्म में मिलता है—यह बतानेवाली कथा,

४. परजन्म[2] में किये गये दुष्कर्मों का फल इस जन्म में मिलता है—यह बताने वाली कथा,

४. परजन्म[3] कृत दुष्कर्मों का फल परजन्म में मिलता है—यह बताने वाली कथा।

च—१. इस जन्म में किये गये सत्कर्मों का फल इसी जन्म में मिलता है—यह बताने वाली कथा,

२. इस जन्म में किये गये सत्कर्मों का फल पर-जन्म में मिलता है—यह बताने वाली कथा,

३. परजन्म कृत सत्कर्मों का फल इस जन्म में मिलता है—यह बताने वाली कथा,

---

१. यहां पर-जन्म का अर्थ आगामी जन्म है।

२. यहां पर-जन्म शब्द का अर्थ पूर्वजन्म है।

३. यहां पर-जन्म शब्द का अर्थ पूर्वजन्म है।

४. परजन्म[1] कृत सत्कर्मों का फल परजन्म[2] में मिलता हैं—यह बताने वाली कथा।

२८३ १क—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। वह इस प्रकार हैं—

१. एक पुरुष पहले भी कृश था और वर्तमान में भी कृश है।

२. एक पुरुष पहले कृश था किन्तु वर्तमान में सुदृढ़ शरीरवाला है।

३. एक पुरुष पहले भी सुदृढ़ शरीर वाला था किन्तु वर्तमान में कृशकाय है।

४. एक पहले सुदृढ़ शरीरवाला था और वर्तमान में भी सुदृढ़ शरीरवाला है।

ख—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। वह इस प्रकार है—

१. एक पुरुष हीन मनवाला है और कृशकाय भी है।

२. एक पुरुष हीन मनवाला है किन्तु सुदृढ़ शरीर वाला है।

३. एक पुरुष महामना (उदार मनवाला) है किन्तु कृशकाय है।

---

१. यहां परजन्म का अर्थ पूर्वजन्म है।

२. यहां परजन्म का अर्थ आगामीजन्म है।

४. एक पुरुष महामना भी है और सुदृढ़ शरीरवाला भी है।

ग—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। वह इस प्रकार है—

१. किसी कृशकाय पुरुष को ज्ञान-दर्शन उत्पन्न हो जाता है किन्तु सुदृढ़ शरीरवाले पुरुष को ज्ञान-दर्शन उत्पन्न नहीं होता।

२. किसी सुदृढ़ शरीरवाले पुरुष को ज्ञान-दर्शन उत्पन्न हो जाता है किन्तु किसी कृशकाय पुरुष को ज्ञान-दर्शन उत्पन्न नहीं होता है।

३. किसी कृशकाय पुरुष को भी ज्ञान-दर्शन उत्पन्न हो जाता है और किसी सुदृढ़ शरीरवाले पुरुष को भी ज्ञान-दर्शन उत्पन्न हो जाता है।

४. किसी कृशकाय पुरुष को भी ज्ञान-दर्शन उत्पन्न नहीं होता और किसी सुदृढ़ शरीरवाले पुरुष को भी ज्ञान-दर्शन उत्पन्न नहीं होता।[1]

---

१. ज्ञान-दर्शन की उत्पत्ति में साधक बाधक हेतु शरीर नहीं है अपितु मोह की क्षीणता या अधिकता है, अतः कृशकाय या स्थूलकाय में मोह अधिक होगा तो ज्ञान-दर्शन उत्पन्न नहीं होगा। यदि मोह उपशांत हो जायगा या क्षीण हो जायगा तो ज्ञान-दर्शन उत्पन्न हो जायगा।

२८४ १क—चार कारणों से वर्तमान में निर्ग्रन्थ निर्ग्रन्थियों के चाहने पर भी उन्हें केवल ज्ञान-दर्शन उत्पन्न नहीं होता।

१. जो बार-बार स्त्री-कथा, भक्त-कथा, देश-कथा और राज-कथा कहता है।

२. जो विवेकपूर्वक कायोत्सर्ग करके आत्मा को समाधिस्थ नहीं करता है।

३. जो पूर्वरात्रि में (रात्रि के प्रथम और द्वितीय प्रहर में) और अपररात्रि में (रात्रि के चतुर्थ प्रहर में) धर्म जागरण नहीं करता है।

४. जो प्रासुक आगमोक्त और एषणीय (शुद्ध) अल्प-आहार नहीं लेता तथा सभी घरों से आहार की गवेषणा नहीं करता है।

—इन चार कारणों से निर्ग्रन्थ निर्ग्रन्थियों को वर्तमान में केवल ज्ञान-दर्शन उत्पन्न नहीं होता है।

ख—चार कारणों से वर्तमान में भी निर्ग्रन्थ निर्ग्रन्थियों के चाहने पर उन्हें केवल ज्ञान, केवलदर्शन उत्पन्न होता है।

१. जो स्त्रीकथा आदि चार कथा नहीं करते हैं।

२. जो विवेकपूर्वक कायोत्सर्ग करके आत्मा को समाधिस्थ करते हैं।

३. जो पूर्वरात्रि और अपररात्रि में धर्म-जागरण करते हैं।

४. जो प्रासुक और एषणीय अल्प आहार लेते हैं तथा सभी घरों से आहार की गवेषणा करते हैं।

—इन चार कारणों से निर्ग्रन्थ निर्ग्रन्थियों को वर्तमान में भी केवलज्ञान, केवल-दर्शन उत्पन्न होता है।

२८५ १क—चार महाप्रतिपदाओं में निर्ग्रन्थ निर्ग्रन्थियों को स्वाध्याय करना नहीं कल्पता है।

वे चार प्रतिपदायें ये हैं—

१. श्रावण कृष्णा प्रतिपदा, २. कार्तिक कृष्णा प्रतिपदा,

३. मार्गशीर्ष कृष्णा प्रतिपदा ४. वैसाख कृष्णा प्रतिपदा।

ख—चार संध्याओं में निर्ग्रन्थ निर्ग्रन्थियों को स्वाध्याय करना नहीं कल्पता है।

वे चार संध्यायें ये हैं—

१. दिन के प्रथम प्रहर में[1], २. दिन के अन्तिम प्रहर में[2],

---

१. सूर्योदय पूर्व एक घड़ी और पश्चात् एक घड़ी।

२. सूर्यास्त पूर्व एक घड़ी और पश्चात् एक घड़ी।

३. रात्रि के प्रथम प्रहर में[1] और ४. रात्रि के अंतिम प्रहर में[2] ।

२८६ १. लोकस्थिति चार प्रकार की है । वह इस प्रकार है—

१. आकाश के आधार पर घनवायु और तनवायु प्रतिष्ठित है ।

२. वायु के आधार पर घनोदधि प्रतिष्ठित है ।

३. घनोदधि के आधार पर पृथ्वी प्रतिष्ठित है ।

४. और पृथ्वी के आधार पर त्रस-स्थावर प्राणी प्रतिष्ठित है ।

२८७ १क—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है । वह इस प्रकार है—

१. तथापुरुष—जो सेवक, स्वामी की आज्ञानुसार कार्य करे ।

२. नो तथापुरुष—जो सेवक स्वामी की आज्ञानुसार कार्य न करे ।

३. सौवस्तिक पुरुष—जो स्वस्तिक पाठ करे ।

---

१. दिन के मध्य भाग से पूर्व एक घड़ी और पश्चात् एक घड़ी ।

२. रात्रि के मध्य भाग से पूर्व एक घड़ी और पश्चात् एक घड़ी । ये चार सन्धिकाल है । इनमें स्वाध्याय करने का निषेध है ।

४. और प्रधान पुरुष—जो सबका आदरणीय पुरुष हो।

ख—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। वह इस प्रकार है—

१. आत्मांतकर—एक पुरुष अपने भव (जन्म-मरण) का अंत करता है किन्तु दूसरे के भव का अंत नहीं करता।[1]

२. परांतकर—एक पुरुष दूसरे के भव का अंत करता है किंतु अपने भव का अंत नहीं करता।[2]

३. उभयांतकरी—एक पुरुष अपने और दूसरे के भव का अंत करता है।[3]

४. न उभयांतकर—एक पुरुष न अपने भव का और न दूसरे के भव का अंत करता है।[4]

---

१. प्रत्येक बुद्ध, २. अचरमशरीरी धर्माचार्य, ३. तीर्थंकर, ४. पांचवें आरे के धर्माचार्य।

टीकाकार के अनुसार इस सूत्र के वैकल्पिक अर्थ इस प्रकार है :—

क—१. आत्मान्तकर—एक पुरुष आत्महत्या करने वाला होता है।

२. परान्तकर—एक पुरुष दूसरे की हत्या करने वाला होता है।

(कृपया शेष टिप्पणी ६९९ पृष्ठ पर देखिये)

ग—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। वह इस प्रकार है—

१. एक पुरुष स्वयं चिंता करता है, किंतु दूसरे को चिंता नहीं होने देता,

२. एक पुरुष दूसरे को चिंतित करता है, किंतु स्वयं चिंता नहीं करता।

(पृष्ठ ६९८ का टिप्पणी की शेष)

३. उभयान्तकर—एक पुरुष आत्महत्या और परहत्या करने वाला होता है।

४. न उभयान्तकर—एक पुरुष न आत्महत्या करता है और न परहत्या करता है।

ख—१. आत्मतंत्रकर—जो स्वयं स्वतन्त्र होकर कार्य करता है। यथा—जिन भगवान्।

२. परतंत्रकर—जो परतंत्र होकर कार्य करता है। यथा—भिक्षु।

३. उभयतंत्रकर—जो स्वतंत्र रहकर भी कार्य करता है और परतंत्र रहकर भी कार्य करता है। यथा—आचार्य

४. न उभयतंत्रकर—जो न स्वतंत्र रहकर कार्य करता है और न परतंत्र रहकर कार्य करता है। यथा—शठ।

इसी प्रकार गच्छ या धन के सम्बन्ध में भी उक्त चार भांगों की व्याख्या करें।

३. एक पुरुष स्वयं भी चिंता करता है और दूसरे को भी चिंतित करता है।

४. एक पुरुष न स्वयं चिंता करता है और न दूसरे को चिंतित करता है।

घ—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। वह इस प्रकार है—

१. एक पुरुष आत्मदमन करता है, किंतु दूसरे का दमन नही करता।

२. एक पुरुष दूसरे का दमन करता है किंतु आत्मदमन नहीं करता।

३. एक पुरुष आत्मदमन भी करता है और परदमन भी करता है।

४. एक पुरुष न आत्मदमन करता है और न परदमन करता है।

२८८ १—गर्हा[1] चार प्रकार की है—यथा,

१. स्वकृत दोष की शुद्धि के लिए उचित प्रायश्चित्त लेने हेतु मैं स्वयं गुरु महाराज के समीप जाऊं यह एक गर्हा है।

२. गर्हणीय दोषों का मैं निराकरण करूं यह दूसरी गर्हा है।

१: गुरु के समक्ष आत्मनिंदा करना गर्हा है।

३. मैंने जो अनुचित किया है उसका मैं स्वयं मिथ्या दुष्कृत करूं—यह तीसरी गर्हा है।

४. स्वकृत दोषों की गर्हा करने से आत्म-शुद्धि होती है, यह जिन भगवान ने कहा है—इस प्रकार स्वीकार करना, यह चौथी गर्हा है।

२८९ १. पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। वह इस प्रकार है—

१. एक पुरुष अपने आपको दुष्प्रवृत्तियों से बचाता है किंतु दूसरे को नहीं बचाता।

२. एक पुरुष दूसरे को दुष्प्रवृत्तियों से बचाता है, किंतु स्वयं नहीं बचता।

३. एक पुरुष स्वयं भी दुष्प्रवृत्तियों से बचता है और दूसरे को भी बचाता है।

४. एक पुरुष न स्वयं दुष्प्रवृत्तियों से बचता है और न दूसरे को बचाता है।[1]

---

१. टीकाकार के अनुसार एक वैकल्पिक अर्थ यह है—

१. एक पुरुष आत्मनिग्रह में समर्थ है किन्तु परनिग्रह में समर्थ नहीं है।

२. एक पुरुष परनिग्रह में समर्थ है किन्तु आत्मनिग्रह में समर्थ नहीं है।

३. एक पुरुष आत्मनिग्रह में और परनिग्रह में भी समर्थ हैं।

४. एक पुरुष न आत्मनिग्रह और न परनिग्रह में समर्थ हैं।

२ क—मार्ग चार प्रकार का है। वह इस प्रकार है—

१. एक मार्ग प्रारम्भ में भी सरल है और अन्त में भी सरल है।[1]

२. एक मार्ग प्रारंभ में सरल है किन्तु अंत में वक्र है।[2]

३. एक मार्ग प्रारंभ में वक्र है किन्तु अन्त में सरल है।

४. एक मार्ग प्रारम्भ में भी वक्र है और अन्त में भी वक्र है।

ख—इसीप्रकार पुरुष वर्ग भी चार प्रकार का है[3]—

३ क—मार्ग चार प्रकार का है। यथा—

१. एक मार्ग प्रारम्भ में भी उपद्रवरहित है और अन्त में भी उपद्रवरहित है।

---

१. जिस मार्ग से पथिक गंतव्यस्थान तक बिना किसी कठिनाई के पहुँच जाय वह सरल है।

२. जो मार्ग ऊँचा-नीचा व टेढा हो वह वक्र है।

३. मानव में सरलता दो प्रकार की होती है—
एक बाह्य सरलता और दूसरी आभ्यन्तर सरलता।
वाणी आदि में जो सरलता दिखाई देती है वह बाह्य सरलता है।
हृदय की जो सरलता हैं वह आभ्यन्तर सरलता है।

२. एक मार्ग प्रारम्भ में उपद्रवरहित है किन्तु अन्त में उपद्रवरहित नहीं है।

३. एक मार्ग प्रारम्भ में उपद्रवसहित है किन्तु अन्त में उपद्रवरहित है।

४. एक मार्ग प्रारम्भ में और अन्त में उपद्रवसहित है।

ख—इसीप्रकार पुरुष वर्ग भी चार प्रकार का है।[1]

४क—मार्ग चार प्रकार का है यथा—

१. एक मार्ग उपद्रवरहित है और सुन्दर है।

२. एक मार्ग उपद्रवरहित है किन्तु सुन्दर नहीं है।

३. एक मार्ग उपद्रवसहित है किन्तु सुन्दर है।

४. एक मार्ग उपद्रवसहित भी है और सुन्दर भी नहीं है।

---

१. १. एक पुरुष पहले शांत रहता है और पीछे भी शांत रहता है।

२. एक पुरुष पहले शांत रहता है किन्तु पीछे उत्तेजित हो जाता है।

३. एक पुरुष पहले उत्तेजित हो जाता है किन्तु पीछे शांत हो जाता है।

४. एक पुरुष पहले और पीछे सदा ही उत्तेजित रहता है।

ख—इसीप्रकार पुरुष वर्ग भी चार प्रकारका है। यथा—

१. एक पुरुष शांत स्वभाव वाला है और अच्छी वेश-भूषा वाला है।

२. एक पुरुष शांतस्वभाववाला है किन्तु वेशभूषा अच्छी नहीं है।

३. एक पुरुष खराब वेशभूषा वाला तो है किन्तु शांत स्वभावी है।

४. एक पुरुष खराब वेशभूषा वाला भी है और क्रूर स्वभाव वाला भी है।

५क—शंख चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक शंख वाम है (प्रतिकूल प्रभाव वाला है) और वामावर्त भी है।[1]

२. एक शंख वाम है (प्रतिकूल प्रभाव वाला है) किन्तु दक्षिणावर्त है।

३. एक शंख दक्षिण है (अनुकूल प्रभाव वाला है) किन्तु वामावर्त है।

४. एक शंख दक्षिण है (अनुकूल प्रभाव वाला है) और दक्षिणावर्त भी है।[2]

---

१. उत्तरदिशा की ओर मुँह वाला।
२. दक्षिणदिशा की ओर मुँह वाला।

ख—इसीप्रकार पुरुष वर्ग भी चार प्रकार का है। यथा—

१. एक पुरुष प्रतिकूल स्वभाव वाला है और प्रतिकूल व्यवहार वाला भी है।

२. एक पुरुष प्रतिकूल स्वभाव वाला है किन्तु अनुकूल व्यवहार वाला है।

३. एक पुरुष अनुकूल स्वभाव वाला है किन्तु प्रतिकूल व्यवहार वाला है।

४. एक पुरुष अनुकूल स्वभाव वाला है और अनुकूल व्यवहार वाला भी है।

६क—धूमशिखा चार प्रकार की है। यथा—

१. एक धूमशिखा वामा है (बांयी ओर जाने वाली है) और वामावर्त भी है।

२. एक धूमशिखा वामा है (बांयी ओर जाने वाली है) किन्तु दक्षिणावर्त है।

३. एक धूम शिखा दक्षिणा है (दांयी ओर जाने वाली है) किन्तु वामावर्त है।

४. एक धूमशिखा दक्षिणा है और दक्षिणावर्त भी है।

ख—इसीप्रकार स्त्रियां भी चार प्रकार की हैं[1]—

७ क—अग्निशिखा, और

ख—स्त्रियों के चार भांगे ।

८ क—वायुमंडल, और (ख) स्त्रियों के चार भांगे ।

९ क—वनखंड, और (ख) पुरुषों के चार भांगे ।[2]

२९० १. चार कारणों से अकेला साधु अकेली साध्वी से बात-चीत करे तो मर्यादा का उल्लंघन नहीं करता है ।[3]

१. मार्ग पूछे, २. मार्ग बतावे,

३. अशनादि चार प्रकार का आहार दे, और

४. अशनादि चार प्रकार का आहार दिलावे ।

२९१ १. तमस्काय के चार नाम हैं । यथा—

१. तम, २. तमस्काय, ३. अंधकार और

४. महांधकार ।

---

१. स्त्रियों के अनुकूल प्रतिकूल स्वभाव और अनुकूल प्रतिकूल व्यवहार से चार भांगे बनालें ।

२. पुरुषों के अनुकूल प्रतिकूल स्वभाव और अनुकूल प्रतिकूल व्यवहार से चार भांगे बनालें ।

३. एगो एगत्थिए सद्धिं, नेव चिट्ठे न संलवे ।

—इस उत्सर्गसूत्र का यह अपवादसूत्र है ।

२. तमस्काय के चार नाम हैं यथा—

१. लोकांधकार, २. लोकतमस, ३. देवांधकार और ४. देवतमस।

३. तमस्काय के चार नाम हैं यथा—

१. वातपरिघ—वायु को रोकने के लिए अर्गला समान।

२. वातपरिघ क्षोभ—वायु को क्षुब्ध करने के लिए अर्गला समान।

३. देवारण्य—देवताओं के छिपने का स्थान।

४. देवव्यूह—जिस प्रकार मानव का सैन्यव्यूह में प्रवेश पाना कठिन है। उसी प्रकार देवों का तमस्काय में प्रवेश पाना कठिन है।

४. तमस्काय से चार कल्प (देवलोक) ढके हुए हैं— यथा—१. सौधर्म, २. ईशान, ३. सनत्कुमार और ४. माहेन्द्र।

२९२ १. पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. संप्रगट प्रतिसेवी—साधु समुदाय में रहने वाला एक साधु अगीतार्थ के समक्ष दोष सेवन करता है।

२. प्रच्छन्नप्रतिसेवी—एक साधु प्रच्छन्न दोष सेवन करता है।

३. प्रत्युत्पन्न नंदी—एक साधु वस्त्र या शिष्य के लाभ से आनन्द मनाता है।

४. निःसरण नंदी—एक साधु गच्छ में से स्वयं के या शिष्य के निकलने से आनन्द मनाता है।

२. क—सेनायें चार प्रकार की हैं। यथा—

१. एक सेना शत्रु को जीतनेवाली है किन्तु हराने वाली नहीं है।

२. एक सेना हराने वाली है किन्तु जीतने वाली नहीं है।

३. एक सेना शत्रुओं को जीतनेवाली भी है और हरानेवाली भी है।

४. एक सेना शत्रुओं को न जीतनेवाली है और न हरानेवाली है।

ख—इसी प्रकार पुरुष भी चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक साधु परीषहों को जीतनेवाला है किन्तु भगवान महावीर की तरह परीषहों को सर्वथा परास्त करनेवाला नहीं है।

२. एक साधु परीषहों से हारनेवाला है किन्तु कंडरीक की तरह उन्हें जीतनेवाला नही है।

३. एक साधु शैलक राजर्षि के समान परीषहों से हारने वाला भी है और उन्हें जीतनेवाला भी है।

४. एक साधु न परीषहों से हारनेवाला है और न उन्हें जीतनेवाला है।

क्योंकि साधनाकाल में उसे परीषह आये ही नहीं।

३क—सेनायें चार प्रकार की हैं। यथा—

१. एक सेना युद्ध के आरम्भ में भी शत्रु सेना को जीतती है और युद्ध के अंत में भी शत्रु सेना को जीतती है।

२. एक सेना युद्ध के आरम्भ में शत्रु सेना को जीतती है किन्तु युद्ध के अन्त में पराजित हो जाती है।

३. एक सेना युद्ध के आरम्भ में पराजित होती है किन्तु युद्ध के अन्त में विजय प्राप्त करती है।

४. एक सेना युद्ध के आरम्भ में भी और अन्त में भी पराजित होती है।

ख—इसीप्रकार परीषहों से विजय और पराजय प्राप्त करने वाले पुरुष वर्ग के चार भांगे हैं।

२९३ १क—वक्र वस्तुएँ चार प्रकार की हैं। यथा—

१. बांस की जड़ के समान वक्रता,

२. घेटे के सींग के समान वक्रता,

३. गोमूत्रिका के समान वक्रता,

४. वांस की छाल के समान वक्रता।

ख—इसीप्रकार माया भी चार प्रकार की है। यथा—

१. बांस की जड़ के समान वक्रतावाली माया करने वाला जीव मरकर नरक में उत्पन्न होता है।

२. घेटे के सींग के समान वक्रतावाली माया करने वाला जीव मरकर तिर्यंचयोनि में उत्पन्न होता है।

३. गोमूत्रिका के समान वक्रता वाली माया करने वाला जीव मरकर मनुष्ययोनि में जन्म लेता है।

४. बांस की छाल के समान वक्रता वाली माया करने वाला जीव मरकर देवयोनि में उत्पन्न होता है।

२ क—स्तम्भ चार प्रकार के हैं। यथा—

१. शैलस्तम्भ, २. अस्थिस्तम्भ, ३. दारुस्तम्भ और ४. तिनिसलतास्तम्भ।

ख—इसीप्रकार मान चार प्रकार का है। यथा—

१. शैलस्तम्भ समान, २. अस्थिस्तम्भ समान, ३. दारु-स्तम्भ समान और ४. तिनिसलतास्तम्भ समान।

१. शैलस्तम्भ समान मान करनेवाला जीव मरकर नरक में उत्पन्न होता है।

२. अस्थिस्तम्भ समान मान करने वाला जीव मरकर तिर्यंचयोनि में उत्पन्न होता है।

३. दारुस्तम्भ समान मान करनेवाला जीव मरकर मनुष्य योनि में उत्पन्न होता है।

४. तिनिसलतास्तम्भ समान मान करनेवाला जीव मरकर देवयोनि में उत्पन्न होता है।

३क—वस्त्र चार प्रकार के हैं। यथा—

१. कृमिरंग से रंगा हुआ,

२. कीचड़ से रंगा हुआ,

३. खंजन से रंगा हुआ,

४. हरिद्रा से रंगा हुआ।

ख—इसीप्रकार लोभ चार प्रकार का है। यथा—

१. कृमिरंग से रगे हुए वस्त्र के समान,

२. कीचड़ से रंगे हुए वस्त्र के समान,

३. खंजन से रंगे हुए वस्त्र के समान,

४. हरिद्रा से रंगे हुए वस्त्र के समान।

१. कृमिरंग से रंगे हुए वस्त्र के समान लोभ करने वाला जीव मरकर नरक में उत्पन्न होता है।

२. कीचड़ से रंगे हुए वस्त्र के समान लोभ करने वाला जीव मरकर तिर्यंच में उत्पन्न होता है।

३. खंजन से रंगे हुए वस्त्र के समान लोभ करने वाला जीव मरकर मनुष्य में उत्पन्न होता है।

४. हल्दी से रंगे हुए वस्त्र के समान लोभ करने वाला जीव मरकर देवताओं में उत्पन्न होता है।

२९४ १—संसार चार प्रकार का है। यथा—

१. नैरयिक संसार, २. तिर्यंच संसार, ३. मानव संसार और ४. देव संसार।

२—आयु चार प्रकार का है। यथा—

१. नैरयिकायु, २. तिर्यंचायु, ३. मनुजायु ४. देवायु।

३—भव चार प्रकार का है। यथा—

१. नैरयिक भव, २. तिर्यंच भव, ३. मानव भव और ४. देवभव।

२९५ १क—आहार चार प्रकार का है। यथा—

१. अशन. २. पान, ३. खादिम और ४. स्वादिम।

ख—यथा—१. उपस्करसंपन्न—हींग वगैरह से संस्कारित आहार।

२. उपस्कृत संपन्न—अग्निपक्व आहार,

३. स्वभाव संपन्न—स्वत:पक्वआहार—द्राक्ष आदि,

४. पर्युषित संपन्न—रात भर रखकर बनाया हुआ आहार—दहीबड़ा आदि।

२९६ १क—बंध चार प्रकार के हैं। यथा—

१. प्रकृतिबंध, २. स्थितिबंध, ३. अनुभागबंध और ४. प्रदेशबंध।

१. कर्मप्रकृतियों का बंध—प्रकृतिबंध है,

२. कर्मप्रकृतियों की जघन्य उत्कृष्ट स्थिति का बंध—स्थितिबंध है।

३. कर्मप्रकृतियों में तीव्र-मंद रस का बंध—रसबंध है।

४. आत्मप्रदेशों के साथ शुभाशुभ विपाक वाले अनंता-नंत कर्मप्रदेशों का बंध—प्रदेश बंध है।

ख—उपक्रम चार प्रकार का है। यथा—

१. बंधनोपक्रम, २. उदीरणोपक्रम, ३. उपशमनोपक्रम और ४. विपरिणामनोपक्रम।

ग—बंधनोपक्रम[1] चार प्रकार का है। यथा—

१. प्रकृतिबंधनोपक्रम, २. स्थितिबंधनोपक्रम, ३. अनुभागबंधनोपक्रम और ४. प्रदेशबंधनोपक्रम।

---

१. स्यादारंभ उपक्रम—उपक्रम—आरम्भ।

घ—उदीरणोपक्रम[1] चार प्रकार का है । यथा—

१. प्रकृतिउदीरणोपक्रम, २. स्थितिउदीरणोपक्रम, ३. अनुभावउदीरणोपक्रम और ४. प्रदेशउदीरणोपक्रम ।

ङ—उपशमनोपक्रम[2] चार प्रकार का है । यथा—

१. प्रकृतिउपशमनोपक्रम, २. स्थितिउपशमनोपक्रम, ३. अनुभावउपशमनोपक्रम और ४. प्रदेशउपशमनोपक्रम ।

च—विपरिणामनोपक्रम[3] चार प्रकार का है । यथा—

१. प्रकृतिविपरिणामनोपक्रम, २. स्थितिविपरिणामनोपक्रम, ३. अनुभावविपरिणामनोपक्रम और ४. प्रदेशविपरिणामनोपक्रम ।

छ—अल्प-वहुत्व चार प्रकार का है । यथा—

---

१. **उदीरणा—उदय में नहीं आये हुए कर्मदलिकों को उदय में लाना ।**

२. **उपशमन—उदय में आई हुई कर्मप्रकृतियों को उपशांत करना ।**

३. **विपरिणमन—सत्ता, उदय, क्षय, क्षयोपशम, उद्वर्तन और अपवर्तन द्वारा कर्मप्रकृति की वर्तमान अवस्था को बदल देना ।**

१. प्रकृति अल्पबहुत्व[1], २. स्थिति अल्पबहुत्व, ३. अनुभाव अल्पबहुत्व और ४. प्रदेश अल्पबहुत्व।

ज—संक्रम[2] चार प्रकार का है यथा—

१. प्रकृति संक्रम, २. स्थिति संक्रम, ३. अनुभाव संक्रम और ४. प्रदेश संक्रम।

झ—निधत्त[3] चार प्रकार का है। यथा—

१. प्रकृति निधत्त, २. स्थिति निधत्त, ३. अनुभाव निधत्त और ४. प्रदेश निधत्त।

ञ—निकाचित[4] चार प्रकार का है। यथा—

१. प्रकृति निकाचित, २. स्थिति निकाचित, ३. अनुभाव निकाचित और ४. प्रदेश निकाचित।

---

१. एक कर्म के दलिकों से दूसरे कर्म के दलिकों का अधिक होना।
२. संक्रम—आत्मबल से कर्मप्रकृति को दूसरी कर्मप्रकृति के रूप में बदल देना।
३. निधत्त—उद्वर्तन या अपवर्तन के बिना अन्य कारणों से उदीरणा के अयोग्य कर्मप्रकृति।
४. निकाचित—सर्व कारणों से उदीरणा के अयोग्य कर्मप्रकृति। अर्थात् निकाचित कर्म भोगे बिना नहीं छूटता है।

२९७ १—एक संख्यावाले चार हैं। यथा—

१. द्रव्य एक[1], २. मातृका पद एक[2], ३. पर्याय एक[3], ४. संग्रह एक[4]।

२९८ १—कितने चार हैं ?[5] यथा—

१. द्रव्य कितने हैं, २. मातृका पद कितने हैं, ३. पर्याय कितने हैं और ४. संग्रह कितने हैं ?

२९९ १—सर्व चार हैं। यथा—

१. नाम सर्व, २. स्थापना सर्व, ३. आदेश सर्व और ४. निश्वशेष सर्व[6]।

३०० १—मानुषोत्तर पर्वत की चार दिशाओं में चार कूट हैं। यथा—

१. रत्न, २. रत्नोच्चय, ३. सर्वरत्न और ४. रत्न-संचय।

---

१. अभेद विवक्षा से द्रव्य एक है।
२. पद की अपेक्षा मातृका पद एक है।
३. एक वर्ण की अपेक्षा पर्याय एक है।
४. समुदाय की अपेक्षा संग्रह एक है।
५. ये कितने हैं ? यह प्रश्न इन चारों के सम्बन्ध में पूछा जाता है।
६. समग्र वस्तुओं की अपेक्षा कहना।

३०१ १क—जंबूद्वीप के भरत ऐरवत क्षेत्र में अतीत उत्सर्पिणी का सुषमसुषमाकाल[1] चार क्रोड़ाक्रोड़ी सागरोपम था।

ख—जंबूद्वीप के भरत ऐरवत क्षेत्र में इस अवसर्पिणी का सुषमसुषमा काल[2] चार क्रोड़ाक्रोड़ी सागरोपम था।

ग—जंबूद्वीप के भरत ऐरवत क्षेत्र में आगामी उत्सर्पिणी का सुषमसुषमाकाल[3] चार क्रोड़ाक्रोड़ी सागरोपम होगा।

३०२ १—जम्बूद्वीप में देवकुरु और उत्तरकुरु को छोड़कर चार अकर्मभूमियां हैं। यथा—

१. हेमवंत, २. हैरण्यवत, ३. हरिवर्ष और ४. रम्यक्-वर्ष।

२क—वृत्त वैताढ्य पर्वत चार हैं।यथा—

१. शब्दापाति, २. विकटापाति, ३. गंधापाति और ४. माल्यवंत पर्याय।

ख—उन वृत्त वैताढ्य पर्वतों पर पल्योपमस्थितिवाले

---

१. छठा आरा।

२. पहला आरा।

३. छठा आरा।

चार महर्धिक देव रहते हैं। यथा—

१. स्वाति, २. प्रभास, ३. अरुण और ४. पद्म।

३—जम्बूद्वीप में चार महाविदेह हैं। यथा—

१. पूर्वविदेह, २. अपरविदेह, ३. देवकुरु और ४. उत्तरकुरु।

४—सभी निषध और नीलवंत वर्षधरपर्वत चार सौ योजन ऊँचे और चारसौ गाउ (कोश) भूमि में गहरे हैं।

२ क—जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के पूर्व में बहनेवाली सीता महानदी के उत्तर किनारे पर चार वक्षस्कार पर्वत हैं। यथा—

१. चित्रकूट, २. पद्मकूट, ३. नलिनकूट और ४. एकशैल।

ख—जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के पूर्व में बहनेवाली सीता महानदी के दक्षिण किनारे पर चार वक्षस्कार पर्वत हैं। यथा—

१. त्रिकूट, २. वैश्रमणकूट, ३. अंजन और ४. मातंजन।

ग—जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के पश्चिम में बहनेवाली सीता महानदी के दक्षिण किनारे पर चार वक्षस्कार पर्वत हैं। यथा—

१. अंकावती, २. पद्मावती, ३. आशिविष और ४. सुखावह ।

घ—जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के पश्चिम में बहनेवाली सीता महानदी के उत्तर किनारे पर चार वक्षस्कार पर्वत हैं। यथा—

१. चन्द्रपर्वत, २. सूर्यपर्वत, ३. देवपर्वत और ४. नाग-पर्वत।

ङ—जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के चार विदिशाओं में चार वक्षस्कार हैं। यथा—

१. सोमनस, २. विद्युत्प्रभ, ३. गंधमादन और ४. माल्यवंत।

६—जम्बूद्वीप के महाविदेह में जघन्य चार अरिहंत, चार चक्रवर्ती, चार बलदेव, चार वासुदेव उत्पन्न हुए, उत्पन्न होते हैं और उत्पन्न होंगे।

७—जम्बूद्वीप के मेरुपर्वत पर चार वन है। यथा—

१. भद्रसाल वन, २. नन्दन वन, ३. सोमनस वन और ४. पंडगवन।

८—जम्बूद्वीप के मेरु पर्वत पर पंडगवन में चार अभिषेक शिलाएँ है। यथा—

१. पंडुकंबल शिला, २. अतिपंडुकंबल शिला, ३. रक्तकंबल शिला और ४. अतिरक्तकंबल शिला।

९—मेरुपर्वत की चूलिका ऊपर से चार सौ योजन चौड़ी है।

१०-११. (३४ सूत्र)—इसी प्रकार धातकी खंड द्वीप के पूर्वार्ध और पश्चिमार्ध में (पूर्वोक्त सूत्र ३०१ के ३ सूत्र और सूत्र ३०२ के १४ सूत्र) काल सूत्र से लेकर यावत-मेरुचूलिका पर्यन्त कहें।

१२-१३. (३४ सूत्र)—इसी प्रकार पुष्करार्ध द्वीप के पूर्वार्ध और पश्चिमार्ध में भी काल सूत्र से लेकर-यावत्-मेरु-चूलिका पर्यन्त कहें।

गाथार्थ—जम्बूद्वीप में शास्वत पदार्थकाल-यावत् मेरु-चूलिका तक जो कहें हैं वे धातकी खण्ड और पुष्करवर द्वीप के पूर्वार्ध और पश्चिमार्ध में भी कहें।

३०३ १—जम्बूद्वीप के चार द्वार हैं।

१. विजय, २. वेजयंत, ३. जयंत और ४. अपराजित।

२—जम्बूद्वीप के द्वार चार सौ योजन चौड़े हैं और उनका उतना ही प्रवेशमार्ग है।

३—जम्बूद्वीप के उन द्वारों पर पल्योपमस्थितिवाले चार महर्धिक देव रहते हैं। उनके नाम ये हैं—

१. विजय, २. विजयन्त, ३. जयन्त और ४. अपराजित।

३०४ १क—जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के दक्षिण में और चुल्ल (लघु) हिमवन्त वर्षधर पर्वत के चार विदिशाओं में लवण समुद्र तीनसौ तीनसौ योजन जाने पर चार-चार अन्तरद्वीप हैं। यथा—

१. एकोरुक द्वीप, २. आभाषिक द्वीप, ३. वेषाणिक द्वीप और ४. लांगोलिक द्वीप।

२ख—उन द्वीपों में चार प्रकार के मनुष्य रहते हैं। यथा

१. एकोरुक, २. आभाषिक, ३. वैषाणिक और ४. लाँगुलिक

३क—उन द्वीपों की चार विदिशाओं में लवण समुद्र में चारसौ-चारसौ योजन जाने पर चार अन्तरद्वीप हैं। यथा—

१. हयकर्णद्वीप, २. गजकर्ण द्वीप, ३. गोकर्णद्वीप और ४. संकुलिकर्णद्वीप।

ख—उन द्वीपों में चार प्रकार के मनुष्य रहते है।

यथा—१. हयकर्ण, २. गजकर्ण, ३. गोकर्ण और शष्कुलीकर्ण।

४क—उन द्वीपों की चार विदिशाओं में लवण समुद्र में पांचसौ-पांचसौ योजन जाने पर चार अतंर द्वीप हैं। यथा—१. आदर्शमुखद्वीप, २. मेंढ़मुखद्वीप, ३.अयोमुखद्वीप और ४. गोमुखद्वीप।

ख—उन द्वीपों में चार प्रकार के मनुष्य हैं। यथा—१. आदर्शमुख, २. मेंढ़मुख, ३. अयोमुख और ४. गोमुख।

५क—उन द्वीपों की चार विदिशाओं में लवण समुद्र में छ:सो- छ:सो योजन जाने पर चार अन्तरद्वीप है। यथा—१. अश्वमुखद्वीप, २. हस्तिमुखद्वीप, ३. सिंह मुखद्वीप और ४. व्याघ्रमुखद्वीप।

ख—उन द्वीपों में मनुष्य चार प्रकार के हैं। यथा—२. अश्वमुख, २. हस्तिमुख, ३. सिंहमुख और ४. व्याघ्रमुख।

६क—उन द्वीपों की चार विदिशाओं में लवण समुद्र में सातसो-सातसो योजन जाने पर चार अन्तरद्वीप है। यथा—

१.अश्वकर्ण द्वीप, २.हस्तिकर्ण द्वीप, ३. अकर्ण द्वीप ओर ४. कर्णप्रावरण द्वीप।

ख—उन द्वीपों में चार प्रकार के मनुष्य हैं। यथा—

१. अश्वकर्ण, २. हस्तिकर्ण, ३. अकर्ण और ४. कर्ण प्रावरण ।

७क—उन द्वीपों की चार विदिशाओं में लवण समुद्र में आठसो-आठसो योजन जाने पर चार अन्तर द्वीप हैं। यथा—

१. उल्कामुखद्वीप, १. मेघमुखद्वीप, ३. विद्युन्मुखद्वीप और ४. विद्युद्दन्तद्वीप ।

ख—उन द्वीपों में चार प्रकार के मनुष्य रहते हैं। यथा

१. उल्कामुख, २. मेघमुख, ३. विद्युन्मुख और ४. विद्युद्दन्तमुख ।

८क—उन द्वीपों की चार विदिशाओं में लवण समुद्र में नोसो-नोसो योजन जाने पर चार द्वीप हैं। यथा—

१. धनदन्तद्वीप, २. लष्टदन्तद्वीप, ३. मूढ़दन्तद्वीप और ४. शुद्धदन्तद्वीप ।

ख—उन द्वीपों में चार प्रकार के मनुष्य हैं। यथा—

१. घनदन्त, २. लष्टदन्त, ३. गूढ़दंत, ४. शुद्धदंत ।

९—जम्बूद्वीपवर्ती मेरु पर्वत के उत्तर में और शिखरी वर्षधर पर्वत की चार विदिशाओं में लवण समुद्र में तीनसो-तीनसो योजन जाने पर चार अन्तरद्वीप हैं। अन्तरद्वीपों के नाम इसी सूत्र के उपसूत्र ६

(१८) के समान समझें।

३०५ १क—जम्बूद्वीप की वाह्य वेदिकाओं से (पूर्वादि) चार दिशाओं में लवण समुद्र में ६५००० हजार योजन जाने पर महाघटाकार चार महापातालकलश हैं। यथा—१. वलयामुख, २. केतुक ३. यूपक और ४. ईश्वर।

ख—इन चार महापाताल कलशों में पल्योपम स्थिति वाले चार महर्धिक देव रहते हैं। यथा—

१. काल, २. महाकाल, ३. वेलम्ब और ४. प्रभंजन।

२क—जम्बूद्वीप की वाह्य वेदिकाओं से (पूर्वादि) चार दिशाओं में लवण समुद्र में ४२,००० हजार योजन जाने पर चार वेलन्धर नागराजाओ के चार आवास पर्वत हैं। यथा—

१. गोस्तुभ, २. उदकभास, ३. शंख, ४. दकसीम।

ख—इन चार आवास पर्वतों पर पल्योपम स्थिति वाले चार महर्धिक देव रहते हैं। यथा—

१. गोस्तूप, २. शिवक, ३. शंख और ४. मनशिल।

३क—जम्बूद्वीप की वाह्य वेदिकाओं से (अग्न्यादि) चार विदिशाओं में लवण समुद्र में ४२,००० हजार

योजन जाने पर अनुवेलधर नागराजाओं के चार आवास पर्वत हैं। यथा—

१. कर्कोटक, २. कर्दमक, ३. कैलाश और ४. अरुणप्रभ।

ख—उन चार आवास पर्वतों पर पल्योपम स्थितिवाले चार महर्धिक देव रहते हैं।

यथा—इन देवों के नाम पर्वतों के समान है।

४क—लवण समुद्र में चार चन्द्रमा अतीत में प्रकाशित हुए थे वर्तमान में प्रकाशित होते हैं और भविष्य में प्रकाशित होंगे।

ख—लवण समुद्र में चार सूर्य अतीत में तपे थे वर्तमान में तपते हैं और भविष्य में तपेंगे।

५(८८)—इसी प्रकार चार कृतिका-यावत्-चारभाव केतु पर्यन्त सूत्र कहें।

६क—लवण समुद्र के चार द्वार हैं—

इनके नाम जम्बूद्वीप के द्वारों के समान हैं।

ख—इन द्वारों पर पल्योपम स्थितिवाले चार महर्धिक देव रहते हैं।

उनके नाम जम्बूद्वीप के द्वारों पर रहने वाले देवों के समान हैं।

३०६ १—धातकीखंड द्वीप का वलयाकार विष्कम्भ चार लाख योजन का है।

२—जम्बूद्वीप के बाहर चार भरत क्षेत्र और चार ऐरवत क्षेत्र हैं।

३—इसी प्रकार पुष्करार्धद्वीप के पूर्वार्ध पर्यन्त द्वितीय स्थान उद्देशक तीन के सूत्र ९०, ९१ और ९२ में उक्त मेरुचूलिका तक के पाठ की पुनरावृत्ति करें, और उसमें सर्वत्र चार की संख्या कहें।

॥ नंदीश्वर द्वीप वर्णन ॥

३०७ १क—वलयाकार विष्कम्भवाले नन्दीश्वर द्वीप के मध्य चारों दिशाओं में चार अंजनक पर्वत हैं।

यथा—१. पूर्व में अंजनक पर्वत, २. दक्षिण में अंजनक पर्वत, ३. पश्चिम में अंजनक पर्वत और ४. उत्तर में अंजनक पर्वत।

वे अंजनक पर्वत ८४,००० हजार योजन ऊँचे हैं और एक हजार योजन भूमि में गहरे हैं। उन पर्वतों के मूल का विष्कम्भ दस हजार योजन का है। फिर क्रमशः कम होते होते ऊपर का विष्कम्भ एक हजार योजन का है।

उन पर्वतों की परिधि मूल में इकतीस हजार छसो

तेईस योजन की है।

फिर क्रमशः कम होते-होते ऊपर की परिधि तीन हजार एक सौ छासठ योजन की है। वे पर्वत मूल में विस्तृत, मध्य में संकरे और ऊपर पतले अर्थात् गो पुच्छ की आकृति वाले हैं।

सभी अंजनक पर्वत अंजन (श्यामरत्न) मय हैं, स्वच्छ हैं, कोमल हैं, घुटे हुए और घिसे हुए हैं। रज, मल और कर्दम रहित हैं। अनिन्द्य सुषमा वाले है, स्वतः चमकने वाले हैं।

उनसे किरणें निकल रही हैं, अतः उद्योतित हैं। उन्हें देखने से मन प्रसन्न होता है, वे पर्वत दर्शनीय है, मनोहर हैं एवं रमणीय हैं।

ख—उन अंजनक पर्वतों का ऊपरीतल समतल है उन समतल उपरितलों के मध्य भाग में चार सिद्धायतन हैं।

उन सिद्धायतनों की लम्बाई एक सौ योजन की है, चौड़ाई पचास योजन की है और ऊंचाई बहत्तर योजन की हैं।

ग—उन सिद्धायतनों की चार दिशाओं में चार द्वार हैं।

यथा—१. देव द्वार, २. असुर द्वार, ३. नागद्वार और

४. सुपर्ण द्वार।

घ—उन द्वारों पर चार प्रकार के देव रहते हैं।
यथा—१. देव, २. असुर, ३. नाग और ४. सुपर्ण।

ङ—उन द्वारों के आगे चार मुखमण्डप हैं।

च—उन मुखमण्डपों के आगे चार प्रेक्षाघर मण्डप है।

छ—उन प्रेक्षाघर मण्डपों के मध्य भाग में चार वज्रमय अखाड़े हैं।

ज—उन वज्रमय अखाड़ों के मध्य भाग में चार मणि-पीठिकायें है।

झ—उन मणिपीठिकाओं के ऊपर चार सिंहासन हैं।

ञ—उन सिंहासनों पर चार विजय दूष्य हैं।

ट—उन विजयदूष्यों के मध्य भाग में चार वज्रमय अंकुश[1] है।

ठ—उन वज्रमय अंकुशों पर लघु कुंभाकार मोतियों की चार मालायें हैं।

ड—प्रत्येक माला अर्धप्रमाण वाली चार-चार मुक्ता-मालाओं से घिरी हुई हैं।

---

१. वस्तु लटकाने का आंकड़ा।

२क—उन प्रेक्षाघर मण्डपों के आगे चार मणिपीठिकाएँ हैं[1]।

ख—उन मणिपीठिकाओं पर चार चैत्य स्तूप हैं।

ग—प्रत्येक चैत्य स्तूपों की चारों दिशाओं में चार-चार मणिपीठिकाएँ हैं।

घ—प्रत्येक मणिपीठिका पर पल्यंकासन वाली स्तूपाभिमुख सर्व रत्नमय चार जिन प्रतिमायें हैं।

उनके नाम—

१. रिषभ २. वर्धमान ३. चन्द्रानन और ४. वारिषेण।

ङ—उन चेत्यस्तूपों के आगे चार मणिपीठिकायें हैं।

च—उन मणिपीठिकाओं पर चार चैत्य वृक्ष हैं।

छ—उन चैत्य वृक्षों के सामने चार मणि पीठिकायें हैं।

ज—उन मणिपीठिकाओं पर चार महेन्द्र ध्वजायें हैं।

झ—उन महेन्द्र ध्वजाओं के सामने चार नंदा पुष्करणियाँ हैं।

ञ—प्रत्येक पुष्करणी की चारों दिशाओं में चार वन खंड हैं।

---

१. पूर्वोक्त (च) सूत्र देखें।

गाथार्थ—यथा—१. पूर्व में अशोक वन,
२. दक्षिण में सप्तपर्ण वन,
३. पश्चिम में चम्पक वन, और
४. उत्तर में आम्रवन !

३क—पूर्व दिशावर्ती अंजनक पर्वत की चारों दिशाओं में चार नंदा पुष्करणियाँ हैं।

उनके नाम इस प्रकार हैं—

१. नंदुत्तरा, २. नंदा, ३. आनंदा और ४. नंदिवर्धना

उन पुष्करणियों की लम्बाई एक लाख योजन है। चौड़ाई पचास हजार योजन है और गहराई एक हजार योजन है।

ख—प्रत्येक पुष्करणी की चारों दिशाओं में त्रिसोपान प्रतिरूपक (तीन पगथिये) हैं।

ग—उन त्रिसोपान प्रतिरूपकों के सामने पूर्वादि चार दिशाओं में चार तोरण हैं।

घ—प्रत्येक तोरण की पूर्वादि चार दिशाओं में चार वन खण्ड हैं।

वन खण्डों के नाम इसी सूत्र के पूर्वोक्त हैं।

ङ—उन पुष्करणियों के मध्यभाग में चार दधिमुख पर्वत हैं। इनकी ऊँचाई ६४,००० हजार योजन,

भूमि में गहराई एक हजार योजन की है।

वे पर्वत सर्वत्र पल्यंक के समान आकार वाले हैं।

इनकी चौड़ाई दस हजार योजन की है और परिधि इकतीस हजार छसो तेईस योजन की है।

ये सभी रत्नमय हैं —यावत् रमणीय है।

च—उन दधिमुख पर्वत के उपर का भाग समतल हैं।

"शेष समग्र कथन अंजनक पर्वतों के समान कहना चाहिये यावत् -उत्तर में आम्रवन तक" [इसी सूत्र २ के उपसूत्र २ के (ख से ड तक) और उपसूत्र २ की पूरी आवृति करें]

४क-च—दक्षिण दिशा के अंजनक पर्वत की चार दिशाओं में चार नन्दा पुष्करणियां है।

उनके नाम इस प्रकार है—

१. भद्रा, २. विसाला, ३. कुमुद और ४. पोंडरिकिणी।

पुष्करणियों का शेष वर्णन-यावत्-दधिमुखपर्वत वनखण्ड पर्वत तक कहें।

५क-च—पश्चिम दिशा के अंजनक पर्वत की चारों दिशाओ में चार नन्दा पुष्पकरणियां हैं।

उनके नाम इस प्रकार है—

१. नन्दिसेना, २. अमोघा, ३. गोस्तूपा और ४. सुदर्शना। शेष वर्णन पूर्ववत।

६क-च—उत्तर दिशा के अंजनक पर्वत की चारों दिशाओं में चार नन्दा पुष्करणियां है। उनके नाम है—

१. विजया, २. वेजयन्ती, ३.जयन्ती और ४. अपराजिता। शेप वर्णन पूर्ववत्।

७क—वलयाकार विष्कम्भ वाले नन्दीश्वर द्वीप के मध्य भाग में चार विदिशाओं में चार रतिकर पर्वत है।

यथा—१. उत्तर पूर्व में रतिकर पर्वत,

२. दक्षिण-पूर्व में रतिकर पर्वत,

३. दक्षिण-पश्चिम में रतिकर पर्वत,

४. उत्तर-पश्चिम में रतिकर पर्वत।

वे रतिकर पर्वत एक हजार योजन ऊंचे हैं,

एक हजार गाउ भूमि में गहरे हैं।

झालर के समान सर्वत्र सम संस्थान वाले हैं।

दस हजार योजन उनकी चौड़ाई है। इकतीस हजार छह सौ तेइस योजन उनकी परिधि है। सभी रत्नमय हैं। स्वच्छ हैं, यावत्-रमणीय हैं।

ख—उत्तर पूर्व में स्थिति रतिकर पर्वत की चारों दिशाओं में देवेन्द्र देवराज ईशानेन्द्र की चार अग्रमहिषियों

की जम्बूद्वीप जितनी बड़ी चार राजधानियाँ हैं।

उनके नाम ये हैं—

१. नंदुत्तरा, २. नंदा, ३. उत्तर कुश और ४. देवकुश

ग—चार अग्रमहिषियों के नाम—

१. कृष्णा, २. कृष्णराजी, ३. रामा और ४. राम रक्षिता।

इन अग्रमहिषियों की उक्त राजधानियाँ हैं।

ग—दक्षिण पूर्व में स्थित रतिकर पर्वत की चारों दिशाओं में देवेन्द्र देवराज शक्रेन्द्र की चार अग्रमहिषियों की जम्बूद्वीप जितनी बड़ी चार राजधानियाँ हैं।

उनके नाम ये हैं—

१. समणा, २. सोमणसा, ३. अर्चिमाली और ४. मनोरमा।

ड़—चार अग्रमहिषियों के नाम—

१. पद्मा, २. शिवा, ३. शची और ४. अंजू।

इन अग्रमहिषियों की उक्त राजधानियां हैं।

च—दक्षिण-पश्चिम स्थित रतिकर पर्वत की चारों दिशाओं में देवेन्द्र देवराज शक्रेन्द्र की चार अग्रमहिषियों की जम्बूद्वीप जितनी बड़ी चार राजधानिया हैं। उनके नाम ये हैं—

१. भूता २. शूतवडिसा ३. गोस्तूपा और ४. सुदर्शना।

छ—अग्रमहिषियों के नाम—

१. अमला २. अप्सरा ३. नवमिका और ४. रोहणी।

इन अग्रमहिषियों की उक्त राजधानियां हैं।

ज—उत्तर-पश्चिम में स्थित रतिकर पर्वत की चारों दिशाओं में देवेन्द्र देवराज ईशानेन्द्र की जम्बूद्वीप जितनी बड़ी चार राजधानियां हैं।

उनके नाम ये हैं—

१. रत्ना, २. रत्नोच्चया, ३. सर्वरत्ना और ४. रत्न संचया।

अग्रमहिषियों के नाम—

१. वसु २. वसु गुप्ता ३. वसुमित्रा और ४. वसुंधरा
इन अग्रमहिषियों की उक्त राजधानियाँ हैं।

॥ इति श्री नंदीश्वर द्वीप वर्णन ॥

३०८ १—सत्य चार प्रकार का है।

यथा—१. नाम सत्य, २. स्थापना सत्य,
३. द्रव्य सत्य और ४. भाव सत्य !

३०९ १—आजीविका (गोशालक) मतवालों का तप चार

प्रकार है। यथा—

१. उग्र तप, २. घोर तप,

३. रसनिर्यूह तप ४. जिव्हेन्द्रिय प्रतिसंलीनता।

१० १क—संयम चार प्रकार का है। यथा—

१. मन संयम, २. वचन संयम,

३. काय संयम और ४. उपकरण संयम।

ख—त्याग चार प्रकार का है। यथा—

१. मन त्याग, २. वचन त्याग,

३. काय त्याग और ४. उपकरण त्याग।

ग—अकिंचनता चार प्रकार की है। यथा—

१. मन अकिंचनता, २. वचन अकिंचनता,

३. काय अकिंचनता, और ४. उपकरण अकिंचनता।

॥ इति चतुर्थ स्थानक का द्वितीयोद्देशक ॥

अथ चतुर्थ स्थानक तृतीय उद्देशक

११ १क—रेखायें चार प्रकार की हैं। यथा—

१. पर्वत की रेखा, २. पृथ्वी की रेखा, ३. बालु की रेखा और ४. पानी की रेखा।

ख—इसी प्रकार क्रोध चार प्रकार का है। यथा—

१. पर्वत की रेखा के समान,

२. पृथ्वी की रेखा के समान,

३. वालु की रेखा के समान,

४. पानी की रेखा के समान।

ग—१. पर्वत की रेखा के समान क्रोध करने वाला जीव मरकर नरक में उत्पन्न होता है।

२. पृथ्वी की रेखा के समान क्रोध करने वाला जीव मरकर तिर्यंच योनि में उत्पन्न होता है।

३. वालु की रेखा के समान क्रोध करने वाला जीव मरकर मनुष्य योनि में उत्पन्न होता है।

४. पानी की रेखा के समान क्रोध करने वाला जीव मरकर देव योनि में उत्पन्न होता है।[1]

घ—उदक (पानी चार प्रकार का होता है। यथा—

१. कर्दमोदक, २. खंजनोदक, ३. वालुकोदक और

---

१. इस सूत्र के आगे पूर्वोक्त सूत्र २९३ में वर्णित कषाय सूत्रों का कथन होना चाहिये था किंतु मान, माया और लोभविषयक कथन पहले हुआ और क्रोध विषयक कथन यहां हुआ यह विपर्यय देवर्धिगणि क्षमाश्रमण से अब तक चल रहा है। टीकाकार के सामने भी यही पाठ रहा है अत: इनको यथास्थान रखने का साहस अब तक किसी ने नहीं किया है।

४. शैलोदक ।

ङ—इसी प्रकार भाव चार प्रकार का है ।

यथा—१. कर्दमोदक समान, २. खंजोनदक समान, ३. वालुकोदक समान और ४. शैलोदक समान ।

च—कर्दमोदक समान भाव (विचार) रखने वाला जीव मरकर नरक में उत्पन्न होता है। यावत् शैलोदक समान भाव रखने वाला जीव मरकर देवयोनि में उत्पन्न होता है ।

३१२ १क—पक्षी चार प्रकार के हैं । यथा—

१—एक पक्षी रुत सम्पन्न (मधुर स्वर वाला) है किन्तु रूप सम्पन्न नहीं है ।[1]

२—एक पक्षी रूप सम्पन्न है किन्तु रुत सम्पन्न (मधुर स्वर वाला) नहीं है ।[2]

३—एक पक्षी रूप सम्पन्न भी है और रुतसम्पन्न भी है ।[3]

---

१. यथा—कोयल

२. यथा—शुक

३. यथा—मयूर

४—एक पक्षी रुत सम्पन्न भी नहीं है और रूप सम्पन्न भी नहीं है।[1]

ख—इसी प्रकार पुरुष वर्ग भी चार प्रकार का है।

ग—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। यथा—

१—एक पुरुष ऐसा सोचता है कि मैं अमुक के साथ प्रीति करूँ और उसके साथ प्रीति करता भी है।

२—एक पुरुष ऐसा सोचता है कि मैं अमुक के साथ प्रीति करूं किन्तु उसके साथ प्रीति नहीं करता है।

३—एक पुरुष ऐसा सोचता है कि अमुक के साथ प्रीति न करूँ किन्तु उसके साथ प्रीति करलेता है।

४—एक पुरुष ऐसा सोचता है कि अमुक के साथ प्रीति न करूं और उसके साथ प्रीति करता भी नहीं है।

घ—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है।

यथा—१—एक पुरुष स्वयं भोजन आदि से तृप्त होकर आनन्दित होता है किन्तु दूसरे को तृप्त नहीं करता।

२—एक पुरुष दूसरे को भोजन आदि से तृप्त कर प्रसन्न

---

१. यथा—काक

होता है किन्तु स्वयं को तृप्त नहीं करता।

३—एक पुरुष स्वयं भी भोजन आदि से तृप्त होता है और अन्य को भी भोजन आदि से तृप्त करना है।

४—एक पुरुष स्वयं भी तृप्त नहीं होता और अन्य को भी तृप्त नहीं करता।

ङ—पुरुष वर्ग ४ प्रकार का है। यथा—

१—एक पुरुष ऐसा सोचता है कि मैं अपने सद्व्यवहार से अमुक में विश्वास उत्पन्न करूं और विश्वास उत्पन्न करता भी है!

२—एक पुरुष ऐसा सोचता है कि मैं अपने सद्व्यवहार से अमुक में विश्वास उत्पन्न करूँ किन्तु विश्वास उत्पन्न नहीं करता।

३—एक पुरुष ऐसा सोचता है कि मैं अमुक में विश्वास उत्पन्न नही कर सकूंगा किन्तु विश्वास उत्पन्न करने में सफल हो जाता है।

४—एक पुरुष ऐसा सोचता है कि मैं अमुक में विश्वास उत्पन्न नहीं कर सकूँगा और विश्वास उत्पन्न कर भी नहीं सकता है।

च१—एक पुरुष स्वयं विश्वास करता है किन्तु दूसरे में विश्वास उत्पन्न नहीं कर पाता।

२—एक पुरुष दूसरे में विश्वाम उत्पन्न कर देता है, किंतु स्वयं विश्वास नहीं करता।

३—एक पुरुष स्वयं भी विश्वास करता है और दूसरे में भी विश्वास उत्पन्न करता है।

४—एक पुरुष स्वयं भी विश्वास नहीं करता और न दूसरे में विश्वास उत्पन्न करता है।

३२३ १क—वृक्ष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. पत्रयुक्त,　　२. पुष्पयुक्त,

३. फलयुक्त और　　४. छायायुक्त

ख—इसी प्रकार पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। यथा—

१. पत्ते वाले वृक्ष के समान,[1]

२. पुष्प वाले वृक्ष के समान,[2]

३. फल वाले वृक्ष के समान,[3]

१—जिस प्रकार केवल पत्ते वाले वृक्ष से जन साधारण को पुष्पादि नहीं मिलते उसी प्रकार एक पुरुष से किसी का भला नहीं होता।

२—जिस प्रकार पुष्प वाले वृक्ष से सुगन्ध मिलती है उसी प्रकार एक पुरुष से सद्विचार मिलते हैं।

३—जिस प्रकार फल वाले वृक्ष से फल मिलते हैं उसी प्रकार एक पुरुष से अन्न वस्त्र आदि मिलते हैं।

४. छाया वाले वृक्ष के समान ।[1]

३१४ १क—भारवहन करने वाले के चार विश्राम स्थल हैं ।

यथा—१. एक भारवाहक मार्ग में चलता हुआ एक खंधे से दूसरे खंधे पर भार रखता है । यह भी एक प्रकार का विश्राम है ।

२.एक भारवाहक कहीं पर भार रखकर मल मूत्रादि का त्याग करता है—यह भी एक प्रकार का विश्राम है ।

३.एक भारवाहकनागकुमार या सुपर्णकुमार के मंदिर में रात्रि विश्राम लेता है। यह भी एक प्रकार का विश्राम है ।

४. एक भारवाहक अपने घर पहूंच जाता है यह भी एक प्रकार का विश्राम हैं ।

ख—इसी प्रकार श्रमणोपासक के चार विश्राम हैं ।

यथा—१. जो श्रमणोपासक शीलव्रत, गुणव्रत, विरमण व्रत या प्रत्याख्यान-पौषधोपवास करते हैं—यह

१—जिस प्रकार छाया वाले वृक्ष से ताप मिटता है और शान्ति मिलती है उसीप्रकार एक पुरुष से सुरक्षा होती है और संताप मिटता है ।

भी एक प्रकार का विश्राम है।

२. जो श्रमणोपासक सामायिक या देशावगासिक धारण करता है यह भी एक प्रकार का विश्राम है।

३. जो श्रमणोपासक चौदस अष्टमी, अमावस्या या पूर्णिमा के दिन पौषध करता है—यह भी एक प्रकार का विश्राम है।

४. जो श्रमणोपासक भक्त-पान का प्रत्याख्यान करता है, और पादप के समान शयन करके मरण की कामना नहीं करता है—यह भी एक प्रकार का विश्राम का करता है।

३१५ १—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। यथा—

१. उदितोदित—यहाँ भी उदय (समृद्ध) और आगे भी उदय (परम सुख प्राप्त) है।

२. उदितास्तमित—यहां उदय (समृद्ध) है किन्तु आगे उदय नहीं।

३. अस्तमितोदित—यहां उदय नहीं है किन्तु आगे उदय है।

४. अस्तमितास्तमित—यहां भी उदय नहीं है और आगे भी उदय नहीं है।

१. भरत चक्रवर्ती उदितोदित है;

२. ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती उदितास्तमित है ।

३. हरिकेशबल अणगार अस्तमितोदित है ।

४. काल शौकरिक अस्तमितास्तमित है ।

३१६ १क—युग्म ४ प्रकार है । यथा—

१. कृतयुग्म—एक ऐसी संख्या जिसके चार का भाग देने पर शेष चार रहे ।

२. त्र्योज—एक ऐसी संख्या जिसके तीन का भाग देने पर शेष तीन रहे ।

३. द्वापर—एक ऐसी संख्या जिसके दो का भाग देने पर शेष दो रहे ।

४. कल्योज—एक ऐसी संख्या जिसके एक का भाग देने पर शेष एक रहे ।

ख—नारक जीवों के चार युग्म हैं ।

ग—इसी प्रकार २४ दण्डकवर्ती जीवों के चार युग्म हैं ।

३१७ १क—शूर चार प्रकार के है । यथा—

१. क्षमाशूर, २. तपशूर, ३. दानशूर और
४. युद्धशूर ।

ख—१. क्षमाशूर अरिहंत है, २. तपशूर अणगार है,
३. दानशूर वैश्रमण है, और ४. युद्धशूर वासुदेव है ।

३१८ १क—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है । यथा—

१. एक पुरुष उच्च है (लौकिक वैभव से श्रेष्ठ है) और उच्चछंद है (श्रेष्ठ अभिप्राय वाला है)

२. एक पुरुष उच्च है (लौकिक वैभव से श्रेष्ठ है) किन्तु नीच छंद है (नीच अभिप्राय वाला है)

३. पुरुष एक नीच है (वैभवहीन है) किन्तु उच्चछंद है (उच्च अभिप्राय वाला है)

४. एक पुरुष नीच है (वैभवहीन है) और नीच छंद है (नीच अभिप्राय वाला है)

३१९ १क—असुरकुमारों की ४ लेश्या हैं। यथा—

१. कृष्ण लेश्या, २. नील लेश्या,
३. कापोत लेश्या और ४. तेजो लेश्या।

ख—इसी प्रकार शेष भवनवासी देवो की, पृथ्वी काय, अप्काय, वनस्पतिकाय और वाणव्यन्तरों की चार लेश्यायें हैं।

३२० १क—यान चार प्रकार के है ।

१. एक यान युक्त है (वृषभ आदि से युक्त है) और युक्त है (सामग्री से भी युक्त है)

२. एक यान युक्त है (वृषभ आदि से युक्त है) किन्तु अयुक्त है (सामग्री रहित है)

३. एक यान अयुक्त है (वृषभ आदि से रहित है)

किन्तु युक्त है (सामग्री से युक्त है)।

४. एक यान अयुक्त (वृषभ आदि से रहित है) और अयुक्त है (सामग्री से भी रहित है)

ख—इसी प्रकार पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। यथा—

१. एक पुरुष युक्त है (धनादि से युक्त है) और युक्त है (उचित अनुष्ठान से भी युक्त है)

२. एक पुरुष युक्त है (धनादि से युक्त है) किन्तु अयुक्त है। (उचित अनुष्ठान से अयुक्त है।)

३. एक पुरुष अयुक्त है (धनादि से अयुक्त है) किन्तु युक्त है (उचित अनुष्ठान से युक्त है)

४. एक पुरुष अयुक्त है (धनादि से रहित हैं) और अयुक्त है (उचित अनुष्ठान से भी रहित है।

२क—यान चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक यान युक्त है (वृषभ आदि से युक्त है) और युक्त परिणत है (चलने के लिए तैयार है)

२. एक यान युक्त है (वृषभ आदि से युक्त है) किंतु अयुक्त परिणत है (चलने योग्य नहीं है)

३. एक यान अयुक्त है (वृषभ आदि से रहित है) किन्तु युक्त है (चलने योग्य है)

४. एक यान अयुक्त है। (वृषभ आदि से रहित है)

और अयुक्त है (चलने योग्य भी नहीं है)

ख—इसी प्रकार पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष युक्त है (धनधान्य से परिपूर्ण है) और युक्त परिणत है (उचित प्रवृत्ति वाला है)

शेष तीन भांगे पूर्वोक्त क्रम से कहें।

३क—यान चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक यान युक्त है (वृषभ आदि से युक्त है) और युक्त रूप है (सुन्दराकार है)

शेष तीन भांगे पूर्वोक्त क्रम से कहें।

ख—इसी प्रकार पुरुष चार प्रकार का है। यथा—

१. एक पुरुष युक्त है (धन आदि से युक्त है) और युक्त रूप है (सुन्दर है)

शेष तीन भांगे पूर्वोक्त कहें।

४क—यान चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक यान युक्त है (वृषभ आदि से युक्त है) और शोभा युक्त है।

शेष तीन भांगे पूर्वोक्त क्रम से कहें।

ख—इसी प्रकार पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष युक्त है (धन से युक्त है) और उसकी शोभा युक्त है।

शेष तीन भांगे पूर्वोक्त कहें।

५क—वाहन चार प्रकार के हैं।[1] यथा—

१. एक वाहन बैठने की सामग्री (मंच आदि) से युक्त है और वेग युक्त है।

२. एक वाहन बैठने की सामग्री (मंच आदि) से युक्त है किन्तु वेग युक्त नहीं है।

३. एक वाहन बैठने की सामग्री युक्त नहीं है किन्तु वेग युक्त है।

४. एक वाहन बैठने की सामग्री युक्त भी नहीं है और वेग युक्त भी नहीं है।

ख—इसी प्रकार पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष धन धान्य सम्पन्न है और उत्साही है।

२. एक पुरुष धन धान्य सम्पन्न है किन्तु उत्साही नहीं है।

३. एक पुरुष उत्साही है किन्तु धन धान्य सम्पन्न नहीं है।

४. एक पुरुष धन धान्य सम्पन्न भी नहीं है और

१—प्रत्येक यान या वाहन पर बैठने के साधन भिन्न-भिन्न प्रकार के होते हैं और उनके नाम भी भिन्न-भिन्न हैं।

उत्साही भी नहीं है।

६-८—यान के चार सूत्रों के समान युग्म के चार सूत्र भी कहें और पुरुष सूत्र भी पूर्ववत् कहें।

९क—सारथी चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक सारथी रथ के अश्व जोतता है किन्तु खोलता नहीं है।

२. एक सारथी रथ के अश्व खोलता है किन्तु जोतता नहीं है।

३. एक सारथी रथ में अश्व जोतता भी है और खोलता भी है।

४. एक सारथी रथ में अश्व जोतता भी नहीं है है और खोलता भी नहीं है।

ख—इसी प्रकार पुरुष (श्रमण) चार प्रकार के है।

यथा—१. एक श्रमण (किसी व्यक्ति को) संयम साधना में लगाता है किन्तु अतिचारों से मुक्त नहीं करता।

२. एक श्रमण संयमी को अतिचारों से मुक्त करता है किन्तु संयम साधना में नहीं लगाता।

३. एक श्रमण संयम साधना में भी लगाता है और अतिचारों से भी मुक्त करता है।

४. एक श्रमण संयम साधना में भी नहीं लगाता और अतिचारों से भी मुक्त नहीं करता।

१०-१४—हय (अश्व) चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक अश्व पलाण युक्त है और वेग युक्त है। यान के चार सूत्रों के समान हय के चार सूत्र कहें और पुरुष सूत्र भी पूर्ववत् कहें।

१५-१८—हय के चार सूत्रों के समान गज के चार सूत्र कहें[1] और पुरुष सूत्र भी पूर्ववत् कहें।

१९क—युग्यचर्या (अश्व आदि की चर्या) चार प्रकार की है। यथा—१. एक अश्व मार्ग में चलता है किन्तु उन्मार्ग में नहीं चलता है।

२. एक अश्व उन्मार्ग में चलता है किन्तु मार्ग में नहीं चलता है।

३. एक अश्व मार्ग में भी चलता है और उन्मार्ग में भी चलता है।

४. एक अश्व मार्ग में भी नहीं चलता और उन्मार्ग में भी नहीं चलता।

ख—इसी प्रकार पुरुष (श्रमण) भी चार प्रकार के है।

१—गज सूत्रों में अंबाबाड़ी कहें।

यथा—१. एक पुरुष संयम मार्ग में चलता है किन्तु उन्मार्ग में नहीं चलता।

शेष तीन भांगे पूर्वोक्त क्रम से कहें।

२०क—पुष्प चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुष्प सुन्दर है किन्तु सुगन्धित नहीं है।[1]

२. एक पुष्प सुगन्धित है किन्तु सुन्दर नहीं है।[2]

३. एक पुष्प सुन्दर भी है और सुगन्धित भी है।[3]

४. एक पुष्प सुन्दर भी नहीं है और सुगन्धित भी नहीं है।[4]

ख—इसी प्रकार पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष सुन्दर है किन्तु सदाचारी नहीं है।

शेष तीन भांगे पूर्ववत् कहें।

२१क—जाति सम्पन्न और कुल सम्पन्न,

ख—जाति सम्पन्न और बल सम्पन्न।

ग—जाति सम्पन्न और रूप सम्पन्न,

घ—जाति सम्पन्न और श्रुत सम्पन्न।

ङ—जाति सम्पन्न और शील सम्पन्न,

१—आंवले के पुष्प समान। २—चम्पा के पुष्प समान।
३—जाई पुष्प के समान। ४—बोरड़ी के पुष्प समान।

च—जाति सम्पन्न और चारित्र सम्पन्न ।

छ—कुल सम्पन्न और वल सम्पन्न,

ज—कुल सम्पन्न और रूप सम्पन्न ।

झ—कुल सम्पन्न और श्रुत सम्पन्न,

ञ—कुल सम्पन्न और शील सम्पन्न ।

ट—कुल सम्पन्न और चारित्र सम्पन्न,

ठ—वल सम्पन्न और रूप सम्पन्न ।

ड—वल सम्पन्न और श्रुत सम्पन्न,

ढ—वल सम्पन्न और शील सम्पन्न ।

ण—वल सम्पन्न और चारित्र सम्पन्न,

त—रूप सम्पन्न और श्रुत सम्पन्न ।

थ—रूप सम्पन्न और शील सम्पन्न,

द—रूप सम्पन्न और चारित्र सम्पन्न ।

ध—श्रुत सम्पन्न और शील सम्पन्न,

न—श्रुत सम्पन्न और चारित्र सम्पन्न ।

प—शील सम्पन्न और चारित्र सम्पन्न ।

इनके चार-चार भांगे पूर्वोक्त क्रम से कहें ।

२२क—फल चार प्रकार के हैं । यथा—

१. आंवले जैसा मधुर, २. दाख जैसा मधुर,

३. दूध जैसा मधुर, ४. खांड जैसा मधुर ।

ख—इसी प्रकार आचार्य चार प्रकार के हैं। यथा—

१. मधुर आंवले के समान जो आचार्य है वे मधुर-भाषी हैं और उपशान्त है।

२. मधुर दाख समान जो आचार्य है वे अधिक मधुरभाषी हैं और अधिक उपशान्त है।

३. मधुर दूध के समान जो आचार्य हैं वे विशेष मधुरभाषी हैं और अत्यधिक उपशान्त हैं।

४. मधुर शर्करा समान जो आचार्य हैं वे अधिकतम मधुरभाषी है और अधिक उपशान्त हैं।

२३क—पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष अपनी सेवा करता है किन्तु दूसरे की नहीं करता।[1]

२. एक पुरुष दूसरे की सेवा करता है अपनी नहीं करता।[2]

३. एक पुरुष अपनी सेवा भी करता है और दूसरे की भी करता है।[3]

४. एक पुरुष अपनी सेवा भी नहीं करता और दूसरे

---

१. आलसी या रूक्ष प्रकृतिवाला। २. परोपकारी।
३, व्यवहार कुशल (स्थविरकल्पी)

की भी नहीं करता ।[4]

ख—पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष दूसरे की सेवा करता है किन्तु अपनी सेवा नहीं करवाता ।[5]

२. एक पुरुष दूसरे से सेवा करवाता है किन्तु स्वयं सेवा नहीं करता ।[6]

३. एक पुरुष दूसरे की सेवा भी करता है और दूसरे से सेवा करवाता हैं ।[7]

४. एक पुरुष न दूसरे की सेवा करता है और न दूसरे से सेवा करवाता है ।[8]

२४क—पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष कार्य करता है किन्तु मान नहीं करता।

२. एक पुरुष मान करता है किन्तु कार्य नहीं करता।

३. एक कार्य भी करता है और मान भी करता है।

४. एक कार्य भी नहीं करता है और मान भी नहीं

---

४. पादोपगमन भक्त प्रत्याख्यान करने वाला।

५. निस्पृही ।

६. रोगी या आचार्य ।

७. स्थविरकल्पी मुनि ।

८. जिनकल्पी मुनि ।

करता है।

ख—पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष (श्रमण) गण के लिये आहारादि का संग्रह करता है।

२. एक पुरुष गण के लिये संग्रह नहीं करता किन्तु मान करता है।

३. एक पुरुष गण के लिये भी संग्रह करता है और मान भी करता है।

४. एक पुरुष गण के लिये संग्रह भी नहीं करता और अभिमान भी नहीं करता है।

ग—पुरुष चार प्रकार के होते हैं। यथा—

१. एक पुरुष निर्दोष साधु समाचारी का पालन करके गण की शोभा बढ़ाता है और मान नहीं करता।

२. एक पुरुष मान करता है किन्तु गण की शोभा नहीं बढ़ाता है।

३. एक पुरुष गण की शोभा भी बढ़ाता है और मान भी करता है।

४. एक पुरुष गण की शोभा भी नहीं बढ़ाता और मान भी नहीं करता।

घ—पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष (श्रमण) गण की शुद्धि (यथा योग्य प्रायश्चित देकर) करता है किन्तु मान नहीं करता। शेष तीन भांगे पूर्वोक्त कहें।

२५क—पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष साधु वेष छोड़ता हैं किन्तु चारित्र धर्म नहीं छोड़ता।[1]

२. एक पुरुष चारित्र धर्म छोड़ता है किन्तु साधु वेष नहीं छोड़ता।[2]

३. एक पुरुष साधु वेष भी छोड़ता है और चारित्र धर्म भी छोड़ता है।[3]

४. एक पुरुष साधु वेष भी नहीं छोड़ता और चारित्र धर्म भी नहीं छोड़ता।

ख—पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष (श्रमण) सर्वज्ञ धर्म को छोड़ता है किन्तु गण की मर्यादा को नहीं छोड़ता हैं।

२. एक पुरुष सर्वज्ञ कथित धर्म को नहीं छोड़ता है

---

१. अन्य दर्शन का अध्ययन करने के लिए यदि कहीं जाना हो तो।

२. निह्नव। ३. पतित।

किन्तु गण की मर्यादा को छोड़ देता है।

३. एक पुरुष सर्वज्ञ कथित कथित धर्म भी छोड़ देता है और गण की मर्यादा भी छोड़ देता है।

४. एक पुरुष सर्वज्ञ कथित धर्म भी नहीं छोड़ता है और गण की मर्यादा भी नहीं छोड़ता है।

२६—पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष है उसे धर्म प्रिय है किन्तु वह धर्म में दृढ़ नहीं है।

२. एक पुरुष है वह धर्म में दृढ़ है किन्तु उसे धर्म प्रिय नहीं है।

३. एक पुरुष है उसे धर्म प्रिय भी है और वह धर्म में दृढ़ भी है।

४. एक पुरुष है उसे धर्म भी प्रिय नहीं है और वह धर्म में दृढ़ भी नहीं है।

२७क—आचार्य चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक आचार्य दीक्षा देते हैं किन्तु महाव्रतों की प्रतिज्ञा नहीं कराते हैं।[1]

---

१. दीक्षा देने वाले प्रव्राजनाचार्य कहे जाते है। महाव्रत धारण कराने वाले उपस्थापनाचार्य कहे जाते हैं।

२. एक आचार्य महाव्रतों की प्रतिज्ञा कराते हैं किन्तु दीक्षा नहीं देते हैं।

३. एक आचार्य दीक्षा भी देते हैं और महाव्रत भी धारण कराते हैं।

४. एक आचार्य न दीक्षा देते हैं और न महाव्रत धारण कराते हैं।[1]

ख—आचार्य चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक आचार्य शिष्य को आगम ज्ञान प्राप्त करने योग्य बना देते हैं।[2] किन्तु स्वयं आगमों का अध्ययन नहीं कराते।[3]

२. एक आचार्य आगमों का अध्ययन कराते हैं किन्तु शिष्य को आगम ज्ञान प्राप्त करने योग्य नहीं बनाते।

३. एक आचार्य शिष्य को योग्य भी बनाते हैं और वाचना भी देते हैं।

---

१. धर्माचार्य, सामान्य साधु या श्रावक।

२. जो शिष्यों को आगम ज्ञान प्राप्त करने योग्य बनाते हैं वे उद्देशनाचार्य कहे जाते हैं।

३. जो शिष्य को आगमों का अध्ययन कराते हैं वे वाचनाचार्य कहे जाते हैं।

४. एक आचार्य न शिष्य को योग्य बनाते हैं और न वाचना देते हैं।[1]

२८क—अन्तेवासी (शिष्य चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक प्रव्रजित शिष्य है किन्तु उपस्थापित महाव्रतारोपित शिष्य नहीं है।

२. एक उपस्थापित शिष्य हैं किन्तु प्रव्रजित शिष्य नहीं है।

३. एक शिष्य प्रव्रजित भी है और उपस्थापित भी है।

४. एक शिष्य प्रव्रजित भी नहीं है और उपस्थापित भी नहीं है।[2]

ख—शिष्य चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक उद्देशना शिष्य है किन्तु वाचना शिष्य नहीं है।

२. एक वाचना शिष्य है किन्तु उद्देशना शिष्य नहीं है।

३. एक उद्देशना शिष्य भी है और वाचना शिष्य भी हैं।

---

१. ऐसे आचार्य धर्माचार्य होते हैं वे केवलधर्मोपदेश करते हैं।

२. ऐसा शिष्य 'धर्मान्तेवासी' कहा जाता है जिसने गुरु से केवल धर्म का बोध प्राप्त किया है।

४. एक उद्देशना शिष्य भी नहीं है और वाचना शिष्य भी नहीं है।

२९क—निर्ग्रन्थ चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक निर्ग्रन्थ दीक्षा में ज्येष्ठ है किन्तु महा पाप कर्म और महापाप क्रिया करता है। न कभी आतापना लेता है और न पंचसमितियों का पालन ही करता है। अतः वह धर्म का आराधक नहीं है।

२. एक निर्ग्रन्थ दीक्षा में ज्येष्ठ है किन्तु पापकर्म और पाप क्रिया कदापि नहीं करता है। आतापना लेता है और समितियों का पालन भी करता है। अतः वह धर्म का आराधक होता है।

३. एक निर्ग्रन्थ दीक्षा में लघु है किन्तु महापाप कर्म और महापाप क्रिया करता है, न कभी आतापना लेता है और न समितियों का पालन करता है। अतः वह धर्म का आराधक नहीं होता है।

४. एक निर्ग्रन्थ दीक्षा में लघु है किन्तु कदापि पाप कर्म और पाप क्रिया नहीं करता है, आतापना लेता है और समितियों का पालन भी करता है। अतः वह धर्म का आराधक होता है।

इसी प्रकार निर्ग्रन्थियों श्रावकों और श्राविकाओं के

ही मूर्छित-यावत्-आसक्त नहीं होता है और मनुष्य लोक में आना चाहता है तो आ सकता है।

३२४ १क—लोक में अन्धकार चार कारणों से होता है। यथा—

१. अर्हन्तों के मोक्ष जाने पर,

२. अर्हन्त कथित धर्म के लुप्त होने पर,

३. पूर्वों का ज्ञान नष्ट होने पर,

४. अग्नि न रहने पर।[1]

ख—लोक में उद्योत चार कारणों से होता है। यथा—

१. अर्हन्तों के जन्म समय में, २. अर्हन्तों के प्रवजित होते समय, ३. अर्हन्तों के केवल ज्ञान महोत्सव में, ४. अर्हन्तों के निर्वाण महोत्सव में।

ग-छ—"इसी प्रकार देवलोक में अंधकार, उद्योत, देव

---

१. इस सूत्र में लोक शब्द से सम्पूर्ण लोक नहीं समझना चाहिए क्योंकि महाविदेह आदि ऐसे क्षेत्र हैं जहां आगममान्यतानुसार—१. अर्हन्तों का, २. अर्हन्त प्रज्ञप्त धर्म का, ३. पूर्वों के ज्ञान और का और ४. अग्नि का विच्छेद कभी होता ही नहीं। अतः भरत-क्षेत्र आदि कतिपय क्षेत्र ही लोक शब्द से ग्रहण करें। यदि लोक शब्द से सम्पूर्ण लोक लिया जायगा तो आगम वचनों में पूर्वा पर विरोध आयेगा।

समुदाय का एकत्र होना, उत्साहित होना और आनन्दजन्य कोलाहल होना" के चार-चार भाँगे कहें।

ज—देवेन्द्र-यावत्-लोकान्तिक देव चार कारणों से मनुष्य लोक में आते हैं।

तीसरे स्थान में सूत्र १३४ में कथित तीन कारणों में "अरिहंतों के निर्वाणमहोत्सव का एक कारण और बढ़ाकर चार भांगे कहें।

३२५ १क—दुखशय्या[1] चार प्रकार की है।

१. उनमें यह प्रथम दुख शय्या है। यथा—एक व्यक्ति मुंडित होकर अर्थात् "गृहस्थ का परित्याग कर और मुनि धर्म में प्रव्रजित होकर" निर्ग्रन्थ प्रवचन में शङ्का, कांक्षा, विचिकित्सा करता है तो वह मानसिक दुविधा में धर्म विपरीत विचारों से निर्ग्रन्थ प्रवचन में श्रद्धा, प्रतीति एवं रुचि नहीं रखता है। निर्ग्रन्थ प्रवचन में अश्रद्धा, अप्रतीति और अरुचि

---

१. यहाँ 'दुखशय्या' का भावार्थ 'अशान्त जीवन' है जिस प्रकार खराब खाट पर आराम से नींद नहीं आती उसी प्रकार श्रद्धा रहित साधु जीवन भी अशांत जीवन ही है। इसी अशांत जीवन का औपमिक नाम 'दुखशय्या' है।

रखने पर श्रमण का मन सदा ऊँचा नीचा (डांवा- डोल) रहता है अतः वह धर्म भ्रष्ट हो जाता है। यह प्रथम दुखशय्या है।

२. यह दूसरी दुख शय्या है। यथा—"एक व्यक्ति मुंडित होकर-यावत्-प्रव्रजित होकर स्वयं को जो आहार आदि प्राप्त है, उससे सन्तुष्ट नहीं होता है और दूसरे को जो आहार आदि प्राप्त है, उनकी इच्छा करता है" ऐसे श्रमण का मन सदा ऊँचा-नीचा (डांवाडोल) रहता है अतः वह धर्म भ्रष्ट हो जाता है। यह दूसरी दुखशय्या है।

३. यह तीसरी दुखशय्या है—एक व्यक्ति मुंडित होकर-यावत्-प्रव्रजित होकर जो दिव्य मानवी काम-भोगों का आस्वादन-यावत्-अभिलाषा करता है। उस श्रमण का मन सदा डांवाडोल रहता है अतः वह धर्मभ्रष्ट हो जाता है। यह तीसरी दुखशय्या है।

४. यह चौथी दुखशय्या है—एक व्यक्ति मुंडित होकर-यावत्-प्रव्रजित होकर ऐसा सोचता है कि मैं जब घर पर था तब मालिश, मर्दन, स्नान आदि नियमित करता था और जब से मैं मुंडित-यावत्-प्रव्रजित हुआ हूं तब से मैं मालिश, मर्दन स्नान

आदि नहीं कर पाता हूँ—इस प्रकार श्रमण जो मालिश-यावत्-स्नान आदि की इच्छा-यावत् अभिलाषा करता है उसका मन सदा डांवाडोल रहता है अतः वह धर्म भ्रष्ट हो जाता है। यह चौथी दुखशय्या है।

ख—सुखशय्या चार प्रकार की है उनमें से यह प्रथम सुख शय्या है।यथा—

१. एक व्यक्ति मुंडित होकर-यावत्-प्रव्रजित होकर निर्ग्रन्थ प्रवचन में शङ्का, कांक्षा, विचिकित्सा नहीं करता है तो वह न दुविधा में पड़ता है और न धर्म विपरीत विचार रखता है। निर्ग्रन्थ प्रवचन में श्रद्धा, प्रतीति एवं रुचि रखने पर श्रमण का मन डांवाडोल नहीं होता, अतः वह धर्म भ्रष्ट भी नहीं होता। यह प्रथम सुख शय्या है।

२. यह दूसरी सुखशय्या है—एक व्यक्ति मुंडित होकर-यावत्-प्रव्रजित होकर स्वयं को प्राप्त आहार आदि से संतुष्ट रहता है और अन्य को प्राप्त आहार आदि की अभिलाषा नहीं रखता है—ऐसे श्रमण का मन कभी ऊँचा नीचा नहीं होता और न वह धर्म-भ्रष्ट होता है। यह दूसरी सुख शय्या है!

३. यह तीसरी सुख शय्या है—एक व्यक्ति मुंडित-यावत्-प्रव्रजित होकर दिव्य मानवी काम-भोगों का आस्वादन-यावत्-अभिलाषा नहीं करता है—उस श्रमण का मन कभी डांवाडोल नहीं होता है, अतः वह धर्म भ्रष्ट भी नहीं होता। यह तीसरी सुखशय्या है।

४. यह चौथी सुख शय्या है—एक व्यक्ति मुंडित-यावत्-प्रव्रजित होकर ऐसा सोचता है कि—'अरिहंत भगवंत आरोग्यशाली, बलवान शरीर के धारक उदार कल्याण विपुल कर्मक्षयकारी तपःकर्म को अंगीकार करते हैं, तो मुझे तो जो वेदना आदि उपस्थित हुई है उसे सम्यक् प्रकार से सहन करना चाहिए। यदि मैं आगत वेदनी कर्मों को सम्यक् प्रकार से सहन नहीं करूँगा तो एकान्त पाप कर्म का भागी होऊँगा। यदि सम्यक् प्रकार से सहन करूँगा तो एकान्त कर्म निर्जरा कर सकूँगा।' इस प्रकार वह धर्म में स्थिर रहता है। यह चौथी सुख-शय्या हैं।

३२६ १क—चार प्रकार के व्यक्ति आगम वाचना के अयोग्य होते हैं। यथा—

१. अविनयी, २. दूध आदि पौष्टिक आहारों का

अधिक सेवन करने वाला, ३. अनुपशांत अर्थात् अति क्रोधी ४. मायावी।

ख—चार प्रकार के आगम वाचना के योग्य होते हैं। यथा—१. विनयी, २. दूध आदि पौष्टिक आहारों का अधिक सेवन न करने वाला, ३. उपशान्त-क्षमाशील, ४. कपट रहित।

३२७ १क—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। यथा—

१. एक अपना भरण-पोषण करता है किन्तु दूसरे का भरण-पोषण नहीं करता।[1]

२. एक अपना भरण-पोषण नहीं करता किन्तु दूसरों का भरण-पोषण करता है।[2]

३. एक अपना भी और दूसरे का भी भरण-पोषण करता है।[3]

४. एक अपना भी भरण-पोषण नहीं करता और

१—लोकोत्तर पक्ष में—जिनकल्पी मुनि।

२—लोकोत्तर पक्ष में—अर्हन्त।

३. लोकोत्तर पक्ष में—स्थविरकल्पी।

दूसरे का भी भरण-पोषण नहीं करता।[४]

ख—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। यथा—

१. एक पुरुष पहले भी दरिद्री होता है और पीछे भी दरिद्री रहता है।

२. एक पुरुष पहले दरिद्री होता है किन्तु पीछे धनवान हो जाता है।

३. एक पुरुष पहले धनवान होता है किन्तु पीछे दरिद्री हो जाता है।

४. एक पुरुष पहले भी धनवान होता है और पीछे भी धनवान रहता है।

ग—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। यथा—

१. एक पुरुष दरिद्री होता है और दुराचारी भी होता है।

२. एक पुरुष दरिद्री होता है किन्तु सदाचारी होता है।

३. एक पुरुष धनवान होता है किन्तु दुराचारी होता है।

४. एक पुरुष धनवान भी होता है और सदाचारी

---

४. लोकोत्तर पक्ष में—जड़मति।

भी होता है ।

घ—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है । यथा—

१. एक दरिद्री हैं किन्तु दुष्कृत्यों में आनन्द मानने वाला है ।

२. एक दरिद्री है किन्तु सत्कार्यों में आनन्द मानने वाला है ।

३. एक धनी है किन्तु दुष्कृत्यों में आनन्द मानने वाला है ।

४. एक धनी भी है और सत्कार्यों में भी आनन्द मानने वाला है ।

ङ—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है । यथा—

१. एक पुरुष दरिद्री है और दुर्गति में जाने वाला है ।

२. एक पुरुष दरिद्री है और सुगति में जाने वाला है ।

३. एक पुरुष धनवान है और दुर्गति में जाने वाला है ।

४. एक पुरुष धनवान है और सुगति में जाने वाला है ।

च—पुरुष वर्ग चार प्रकार का हैं । यथा—

१. एक पुरुष दरिद्री है और दुर्गति में गया है।[१]

२. एक पुरुष दरिद्री है और सुगति में गया है।[२]

३. एक पुरुष धनवान् है और दुर्गति में गया है।[३]

४. एक पुरुष धनवान है और सुगति में गया है।[४]

छ—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। यथा—

१. एक पुरुष पहले भी अज्ञानी है और पीछे भी अज्ञानी है।

२. एक पुरुष पहले अज्ञानी है किन्तु पीछे ज्ञानवान हो जाता है।

३. एक पुरुष पहले ज्ञानी है किन्तु बाद में अज्ञानी बन जाता है।

४. एक पुरुष पहले भी ज्ञानी है और पीछे भी ज्ञानी है।

ज—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। यथा—

१. एक पुरुष मलिन स्वभाववाला है और उसके पास अज्ञान का बल है।

२. एक पुरुष मलिन स्वभाववाला है किन्तु उसके

---

१. द्रमक के समान। २. जिनदास के समान।
३. मम्मण शेठ के समान। ४. आनन्दश्रावक के समान।

पास ज्ञान का बल है।

३. एक पुरुष निर्मल स्वभाव वाला है किन्तु उसके पास अज्ञान का बल है।

४. एक पुरुष निर्मल स्वभाव वाला है और उसके पास ज्ञान का बल है।

झ—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। यथा—

१. एक पुरुष मलिन स्वभाववाला है और अज्ञान बल में आनंद मानने वाला है।[1]

२. एक पुरुष मलिन स्वभाव वाला है किन्तु ज्ञान बल में आनंद मानने वाला है।

३. एक पुरुष निर्मल स्वभाववाला है किन्तु अज्ञान बल में आनंद मानने वाला है।

४. एक पुरुष निर्मल स्वभाव वाला है और ज्ञान बल में आनंद मानने वाला है।

---

१. टीकाकार इस सूत्र के वैकल्पिक अर्थ भी देते हैं—(क) एक पुरुष मलिन स्वभाव वाला है किन्तु अपने अज्ञान से लज्जित होने वाला है। शेष तीन भांगे पूर्वोक्त क्रम से कहें। (ख) एक पुरुष मलिन स्वभाव वाला है किन्तु अंधेरे में चलने से लज्जित होता है अर्थात् प्रकाश में चलता है। शेष तीन भांगे पूर्वोक्त क्रम से कहें।

ञ—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। यथा—

१. एक पुरुष ने कृषि आदि सावद्यकर्मों का तो परित्याग कर दिया है किन्तु सदोष आहार आदि का परित्याग नहीं किया है।

२. एक पुरुष ने सदोष आहार आदि का तो परित्याग कर दिया है किन्तु कृषि आदि सावद्यकर्मों का परित्याग नहीं किया है।

३. एक पुरुष ने कृषि आदि सावद्य कर्मों का भी परित्याग कर दिया है और सदोष आहार आदि का भी परित्याग कर दिया है।

४. एक पुरुष ने कृषि आदि सावद्य कर्मों का भी परित्याग नहीं किया है और सदोष आहार आदि का भी परित्याग नहीं किया है।

ट—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। यथा—

१. एक पुरुष ने कृषि आदि कर्मों का परित्याग कर दिया है, किन्तु गृहवास का परित्याग नहीं किया है। शेष तीन भांगे पूर्वोक्त क्रमसे कहे।

ठ—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। पूर्ववत।

ड—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। यथा—

१. एक पुरुष ने सदोष आहार आदि का तो परित्याग कर दिया है किन्तु गृहवास का परित्याग नहीं किया है।

शेष ३ भांगे पूर्वोक्त क्रम से कहें।

ढ—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। यथा—

१. एक पुरुष इहभव के सुख की कामना करता है किन्तु परभव के सुख की कामना नहीं करता है।

२. एक पुरुष परभव के सुख की कामना करता है किन्तु इहभव के सुख की कामना नहीं करता है।

३. एक पुरुष इहभव और परभव दोनों के सुख की कामना करता है।

४. एक पुरुष न इहभव के और न परभव के सुख की कामना करता है।

ण—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। यथा—

१. एक पुरुष एक (श्रुतज्ञान) से बढ़ता है और एक (सम्यग्दर्शन) से हीन होता है।

२. एक पुरुष एक (श्रुतज्ञान) से बढ़ता है और दो (सम्यग्दर्शन और विनय) से हीन होता है।

३. एक पुरुष दो (श्रुतज्ञान और सम्यकचारित्र) से

वढ़ता है और सम्यग्दर्शन से हीन होता है।

४. एक पुरुष दो (श्रुतज्ञान और सम्यगनुष्ठान) से वढ़ता है और दो (सम्यग्दर्शन और विनय) से हीन होता है।

त—अश्व चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक अश्व पहले शीघ्र गति होता है और पीछे भी शीघ्रगति रहता है।

२. एक अश्व पहले शीघ्रगति होता है किन्तु पीछे मन्द गति हो जाता है।

३. एक अश्व पहले मंदगति होता है किन्तु पीछे शीघ्र गति हो जाता है।

४. एक अश्व पहले भी मंदगति होता है और पीछे भी मंद गति रहता है।

थ—इसी प्रकार पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष पहले सद्गुणी है और पीछे भी सद्-गुणी है।

२. एक पुरुष पहले सद्गुणी है किन्तु पीछे अवगुणी हो जाता है।

३. एक पुरुष पहले अवगुणी है किन्तु पीछे सद्गुणी

हो जाता है ।

४. एक पुरुष पहले भी और पीछे भी अवगुणी होता है ।

द—अश्व चार प्रकार के हैं । यथा—

१. एश अश्व शीघ्रगति है और संकेतानुसार चलता है ।

२. एक अश्व शीघ्रगति है किन्तु संकेतानुसार नहीं चलता है ।[1]

३. एक अश्व मंदगति है किन्तु संकेतानुसार चलता है ।[2]

४. एक अश्व मंद गति है और संकेतानुसार भी नहीं चलता है ।

ध—इसी प्रकार पुरुष चार प्रकार के हैं । यथा—

१. एक पुरुष विनय गुणसम्पन्न है और व्यवहार में भी विनम्र है ।

शेष ३ भांगे पूर्वोक्त क्रम से कहें ।

न—अश्व चार प्रकार के हैं । यथा—

१. एक अश्व जातिसम्पन्न है किन्तु कुलसम्पन्न

---

१. दुर्गम मार्ग होने से । २. अश्वारोही कुशल होने से ।

नहीं है ।

शेष तीन भंगें पूर्वोक्त सूत्र के अनुसार कहें ।

प—इसी प्रकार पुरुष चार प्रकार के हैं ।

भांगे पूर्वोक्त सूत्र २८१ के अनुसार कहें ।

फ—अश्व चार प्रकार के हैं । यथा—

१. एक अश्व जातिसम्पन्न है किन्तु बलसम्पन्न नहीं है ।

शेष तीन भांगे पूर्वोक्त सूत्र २८१ के समान है ।

ब—इसी प्रकार पुरुष चार प्रकार के हैं ।

भांगे पूर्वोक्त सूत्र २८१ के समान है ।

भ—अश्व चार प्रकार के हैं । यथा—

१. एक अश्व जातिसम्पन्न है किन्तु रूपसम्पन्न नहीं है ।

शेष भांगे पूर्वोक्त सूत्र २८१ के समान है ।

म—इसी प्रकार पुरुष चार प्रकार के हैं ।

भांगे पूर्वोक्त सूत्र २८१ के समान है ।

य—अश्व चार प्रकार के है । यथा—

१. एक अश्व जातिसम्पन्न है किन्तु युद्ध में वह विजय प्राप्त नहीं कर पाता ।

शेष तीन भांगे पूर्वोक्त क्रम से कहें ।

र—इसी प्रकार पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष जातिसम्पन्न (जिसका मातृ पक्ष उत्तम है) किन्तु युद्ध में वह विजय प्राप्त नहीं कर पाता। शेष भांगे पूर्वोक्त क्रम से कहें।

इसी प्रकार—

ल—१. कुल सम्पन्न और वल सम्पन्न,

व—२. कुल सम्पन्न और रूप सम्पन्न,

श—३. कुल सम्पन्न और जय सम्पन्न,

ष—४. वल सम्पन्न और रूप सम्पन्न,

स—५. वल सम्पन्न और जय सम्पन्न,

ह—६. रूप सम्पन्न और वल सम्पन्न,

क्ष—७. रूप सम्पन्न और जय सम्पन्न,

अश्व के चार-चार भांगे तथा इसी प्रकार पुरुष के चार-चार भांगे पूर्वोक्त क्रम से कहें।

क—पुरुष वर्ग चार प्रकार का है। यथा—

१. एक पुरुष सिंह की तरह (वीरतापूर्वक) प्रव्रजित होता है और सिंह की तरह ही विचरण करता है।

२. एक पुरुष सिंह की तरह प्रव्रजित होता है किन्तु शृंगाल (कायर) की तरह विचरण करता है।

३. एक पुरुष शृंगाल की तरह प्रव्रजित होता किन्तु

सिंह की तरह विचरण करता है।

४. एक पुरुष शृगाल की तरह प्रव्रजित होता है और शृगाल की तरह ही विचरण करता है।

३२८ १क—लोक में समान स्थान चार हैं। यथा—

१. अप्रतिष्ठान नरकावास,[1]

२. जम्बुद्वीप,

३. पालकयान विमान,[2]

४. सर्वार्थसिद्ध महाविमान।[3]

ख—लोक में सर्वथा समान स्थान चार हैं। यथा—

१. सीमंतक नरकावास,[4]

२. समयक्षेत्र (मनुष्य लोक),

३. उडु नामक विमान,[5]

४. इषत्प्राग्भारा पृथ्वी[6] (सिद्धशिला)

---

१. सप्तम नरक में एक नरकावास।

२. पालक देव द्वारा निर्मित सौधर्मेन्द्र का वाहन विमान।

३. ये चारों एक-एक लाख योजन के हैं।

४. प्रथम नरक का एक नरकावास।

५. सौधर्म देवलोक में एक विमान।

६. ये चारों पैंतालीस लाख योजन के हैं।

३२९ १क—ऊर्ध्वलोक में दो देह धारण करने के पश्चात् मोक्ष में जाने वाले जीव चार प्रकार के हैं। यथा—

१. पृथ्वी कायिक जीव,

२. अप्कायिक जीव,

३. वनस्पति कायिक जीव,

४. स्थूल त्रसकायिक जीव,

ख-ग—अधोलोक और तिर्यग्लोक सम्बन्धी सूत्र इसी प्रकार कहें।

३३० १क—पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष लज्जा से परिषह सहन करता है,

२. एक पुरुष लज्जा से मन दृढ़ रखता है,

३. एक पुरुष परिषह से चलचित्त हो जाता है,

४. एक पुरुष परिषह आने पर भी निश्चलमन रहता है।

३३१ १क—शय्या प्रतिमायें (प्रतिज्ञायें) चार हैं।[1]

---

१. क. मन में निर्धारित प्रकार की शय्या (शयनार्थ काष्ठ फलक) का ही ग्रहण करना।

ख. पहले देखी हुई शय्या लेना।

ग. शय्या दाता के घर में हो तो लेना और स्वयं गृह स्वामी

ख—वस्त्र प्रतिमायें चार हैं ।[1]

ग—पात्र प्रतिमायें चार हैं ।[2]

घ—स्थान प्रतिमायें चार हैं ।[3]

३३२ १क—जीव से व्याप्त शरीर चार हैं । यथा—

१. वैक्रियक शरीर २. आहारक शरीर,

३. तेजस शरीर और ४. कार्मण शरीर ।

ख—कामर्ण शरीर से व्याप्त शरीर चार हैं । यथा—

१. औदारिक शरीर, २. वैक्रियक शरीर,

३. आहारक शरीर और ४. तेजस शरीर ।

के देने पर लेना ।

घ. शय्या भी यथेष्ट बिछी हुई हो तो लेना ।

१. क. मन में निर्धारित प्रकार का वस्त्र लेना ।

ख. पहले देखा हुआ वस्त्र लेना ।

ग. उपयुक्त वस्त्र लेना ।

घ. फेंकने योग्य वस्त्र लेना ।

२. क. मन में निर्धारित प्रकार का पात्र लेना ।

ख. पहले देखा हुआ पात्र लेना ।

ग. उपयुक्त पात्र लेना ।

शेष पृष्ठ ७८३ पर भी देखें ।

३३३ १क—लोक में व्याप्त अस्तिकाय चार हैं। यथा—

१. धर्मास्तिकाय, २. अधर्मास्तिकाय,

३. जीवास्तिकाय और ४. पुद्गलास्तिकाय।

ख—उत्पद्यमान चार बादरकाय लोक में व्याप्त हैं।

यथा—१. पृथ्वीकाय, २. अप्काय,

३. वायुकाय और ४. वनस्पतिकाय।

३३४ १—समान प्रदेश वाले द्रव्य चार हैं। यथा—

१. धर्मास्तिकाय, २. अधर्मास्तिकाय,

घ. फेंकने योग्य पात्र लेना।

३. क. निरवद्य स्थान की याचना करना और उस स्थान में—

१. हाथ पैरों का संकोचन प्रसारण करना। २. भींत आदि का सहारा लेना। ३. चंक्रमण करना(टहलना)।

ख. निरवद्य स्थान की याचना करना और उस स्थान में—

१. हाथों पैरों का संकोचन प्रसारण करना, २. भींत आदि का आश्रय लेना, ३. किन्तु चंक्रमण नहीं करना।

ग. निरवद्य स्थान की याचनाकरना और उस स्थान में—

१. केवल हाथों पैरों का संकोचन प्रसारण करना।

घ. निरवद्य स्थान की याचना करना किन्तु उक्त तीनों कार्य न करना।

३. लोकाकाश, और ४. एक जीव ।

३३५ १—चार प्रकार के जीवों का एक शरीर आँखों से नहीं देखा जा सकता । यथा—

१. पृथ्वीकाय, २. अप्काय,

३. तेउकाय और ४. वनस्पतिकाय ।

३३६ १—चार इन्द्रियों से ज्ञान पदार्थों का सम्बन्ध होने पर ही होता है । यथा—

१. श्रोत्रेन्द्रिय २. घ्राणेन्द्रिय,

३. जिह्वेन्द्रिय, और ४. स्पर्शेन्द्रिय ।

३३७ १—जीव और पुद्गल चार कारणों से लोक के बाहर नहीं जा सकते । यथा—

१. गति का अभाव होने से;

२. सहायता का अभाव होने से,

३. रुक्षता से, ४. लोक की मर्यादा होने से ।

३३८ १क—ज्ञात (दृष्टान्त) चार प्रकार के हैं । यथा—

१. जिस दृष्टान्त से अव्यक्त अर्थ व्यक्त किया जाय ।

२. जिस दृष्टान्त से वस्तु के एकदेश का प्रतिपादन किया जाय ।

३. जिस दृष्टान्त से सदोष सिद्धान्त का प्रतिपादन किया जाय ।

४. जिस दृष्टान्त से वादी द्वारा स्थापित सिद्धान्त का निराकरण किया जाय।

ख—अव्यक्त अर्थ को व्यक्त करने वाले दृष्टान्त चार प्रकार के हैं। यथा—

१. द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव विघ्न-बाधा बताने वाले दृष्टान्त।

२. द्रव्यादि से कार्य सिद्धि बताने वाले दृष्टान्त।

३. जिस दृष्टान्त से परमत को दूषित सिद्ध करके स्वमत को निर्दोष सिद्ध किया जाय।

४. जिस दृष्टान्त से तत्काल उत्पन्न वस्तु का विनाश सिद्ध किया जाय।

ग—वस्तु के एक देश का प्रतिपादन करने वाले दृष्टान्त चार प्रकार के हैं। यथा—

१. सद्गुणों की स्तुति से गुणवान के गुणों की प्रशंसा करना।

२. असत्कार्य में प्रवृत्त मुनि को दृष्टान्त द्वारा उपालम्भ देना।

३. किसी जिज्ञासु का दृष्टान्त द्वारा प्रश्न पूछना।

४. एक व्यक्ति का उदाहरण देकर दूसरे को प्रति-

बोध देना ।

घ—सदोष सिद्धान्त का प्रतिपादन करने वाले दृष्टांत चार प्रकार के हैं । यथा—

१. जिस दृष्टांत से पाप कार्य करने का संकल्प पैदा हो ।

२. जिस दृष्टांत से "जैसे को तैसा करना" सिखाया जाय ।

३. परमत को दूषित सिद्ध करने के लिए जो दृष्टांत दिया जाय, उसी दृष्टांत से स्वमत भी दूषित सिद्ध हो जाय ।

४. जिस दृष्टांत में दुर्वचनों का या अशुद्ध वाक्यों का प्रयोग किया जाय ।

ङ—वादी के सिद्धान्त का निराकरण करने वाले दृष्टांत चार प्रकार के हैं । यथा—

१. वादी जिस दृष्टान्त से अपने पक्ष की स्थापना करे, प्रतिवादी भी उसी दृष्टान्त से अपने पक्ष की स्थापना करे ।

२. वादी दृष्टान्त से जिस वस्तु को सिद्ध करे प्रतिवादी उस दृष्टान्त से भिन्न वस्तु सिद्ध करे ।

३. वादी जैसा दृष्टान्त कहे प्रतिवादी को भी वैसा

ही दृष्टान्त देने के लिए कहे।

४. प्रश्नकर्ता जिस दृष्टान्त का प्रयोग करता है उत्तरदाता भी उसी दृष्टान्त का प्रयोग करता है।

च—हेतु चार प्रकार के हैं। यथा—

१. वादी का समय बिताने वाला हेतु।

२. वादी द्वारा स्थापित हेतु के सदृश हेतु की स्थापना करने वाला हेतु।

३. शब्द छल से दूसरे को व्यामोह (भ्रम) पैदा करने वाला हेतु।

४. धूर्त द्वारा अपहृत वस्तु को पुनः प्राप्त कर सके ऐसा हेतु।

छ—हेतु चार प्रकार के हैं। यथा—

१. जो हेतु आत्मा द्वारा जाना जाय और जो हेतु इन्द्रियों द्वारा जाना जाय।

२. जिसके देखने से व्याप्ति का बोध हो ऐसा हेतु। यथा—धुवां देखने से अग्नि और धुएँ की व्याप्ति का स्मरण होना।

३. उपमा द्वारा समानता का बोध कराने वाला हेतु।

४. आप्त-पुरुष कथित वचन।

ज—हेतु चार प्रकार के हैं। यथा—

१. धूम के अस्तित्व से अग्नि का अस्तित्व सिद्ध करने वाला हेतु।

२. अग्नि के अस्तित्व से विरोधी शीत का नास्तित्व सिद्ध करने वाला हेतु।

३. अग्नि के अभाव में शीत का सद्भाव सिद्ध करने वाला हेतु।

४. वृक्ष के अभाव में शाखा का अभाव सिद्ध करने वाला हेतु।

झ—गणित चार प्रकार का है। यथा—

१. पाहुड़ों का गणित (पाटि गणित)।

२. व्यवहार गणित-तोल-माप आदि।

३. लम्बाई नापने का गणित।

४. राशि मापने का गणित।

ञ—अधोलोक में अंधकार करने वाली चार वस्तुयें हैं।
यथा—१. नरकावास, २. नैरयिक,
३. पाप कर्म और ४. अशुभ पुद्गल।

ट—तिर्यक्‌लोक (मनुष्यलोक) में उद्योत करने वाले चार हैं। यथा—

१. चन्द्र, २. सूर्य, ४. मणि और ४. ज्योति ।[1]

ठ—ऊर्ध्वलोक में उद्योत करने वाले चार हैं । यथा—

१. देव, २. देवियाँ, ३. विमान और ४. आभरण ।

॥ चतुर्थ स्थानक तृतीय उद्देशक समाप्त ॥

● ● ●

॥ चतुर्थ स्थानक चतुर्थ उद्देशक प्रारम्भ ॥

३३९ १—विदेश जाने वाले पुरुष चार प्रकार के हैं । यथा—

१. एक पुरुष जीवन निर्वाह के लिए विदेश जाता है।

२. एक पुरुष संचित सम्पत्ति की सुरक्षा के लिए विदेश जाता है ।[2]

३. एक पुरुष सुख-सुविधा के लिए विदेश जाता है ।

४. एक पुरुष प्राप्त सुख-सुविधा की सुरक्षा के लिए विदेश जाता है ।[3]

३४० १क—नैरयिकों का आहार चार प्रकार का है । यथा—

१. अंगारों जैसा अल्पदाहक ।

२. प्रज्वलित अग्नि कणों जैसा अतिदाहक ।

---

१. अग्नि ।

२. अराजकता फैलने पर या सैनिक आक्रमण के भय से ।

३. कुशासन से या बांधवों के दुर्व्यवहार से ।

३. शीतकालीन वायु के समान शीतल।

४. वर्फ के समान अतिशीतल।

ख—तिर्यंचों का आहार चार प्रकार का है। यथा—

१. कंक पक्षी के आहार जैसा अर्थात् दुष्पच आहार भी तिर्यंचों को सुपच होता है।

२. बिल में जो भी डालें सब तुरन्त अन्दर चला जाता है उसी प्रकार तिर्यंच स्वाद लिए बिना सीधा उदरस्थ कर लेते हैं।

३. चाण्डाल के मांस समान अभक्ष्य भी तिर्यंच खा लेते हैं।

४. पुत्र माँस के समान तीव्र क्षुधा के कारण अनिच्छा-पूर्वक खाते हैं।

ग—मनुष्यों का आहार चार प्रकार का है। यथा—

१-४ अशन-पान-खादिम-स्वादिम।

घ—देवताओं का आहार चार प्रकार का है। यथा—

१. सुवर्ण, २. सुगन्धित,

३. स्वादिष्ट और ४. सुखद स्पर्श वाला।

३४१ १—आशि-विष (मुँह में विष) चार प्रकार का है।

यथा—१. वृश्चिक जाति का आशिविष,

२. मंडूक जाति का आशिविष,

३. सर्प जाति का आशिविष,

४. मनुष्य जाति का आशिविष ।

प्रश्न—हे भगवन् ! विच्छू जाति का आशिविष कितना प्रभावशाली है ?

उत्तर—आधे भरत क्षेत्र जितने बड़े शरीर को एक विच्छू का विष प्रभावित कर देता है । यह केवल विष का प्रभावमात्र बताया है । अब तक न इतने बड़े शरीर को प्रभावित किया है, न वर्तमान में भी प्रभावित करता है और न भविष्य में भी प्रभावित कर सकेगा ।

प्रश्न—हे भगवन् ! मंडूक जाति का आशिविष कितना प्रभावशाली है ?

उत्तर—भरत क्षेत्र जितने बड़े शरीर को एक मंडूक का विष प्रभावित कर देता है । शेष पूर्ववत् ।

प्रश्न ३—हे भगवन् ! सर्प जाति का आशिविष कितना प्रभावशाली ?

उत्तर—जम्बू द्वीप जितने बड़े शरीर को एक सर्प का विष प्रभावित कर देता है । शेष पूर्ववत् ।

प्रश्न ४—हे भगवन् ! मनुष्य जाति का आशिविष कितना प्रभावशाली है ?

उत्तर—समय क्षेत्र जितने बड़े शरीर को एक मनुष्य का विष प्रभावित कर देता है। शेष पूर्ववत्।

३४२ १—व्याधियाँ चार प्रकार की हैं। यथा—

१. वातजन्य, २. पित्तजन्य,
३. कफजन्य और ४. सन्निपात जन्य।[1]

□ □ □ □

३४३ १—चिकित्सा चार प्रकार की है। यथा—

१. वैद्य, २. औषध, ३. रोगी और ४. परिचारक।[2]

३४४ १क—चिकित्सक चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक चिकित्सक (वैद्य) स्वयं की चिकित्सा करता है किन्तु दूसरे की चिकित्सा नहीं करता है।

२. एक चिकित्सक दूसरे की चिकित्सा करता है किन्तु स्वयं की चिकित्सा नहीं करता है।

३. एक चिकित्सक स्वयं की भी चिकित्सा करता है और अन्य की भी चिकित्सा करता है।

४. एक चिकित्सक न स्वयं की चिकित्सा करता है और न अन्य की चिकित्सा करता है।

---

१. वात, पित्त और कफ के संयोग को सन्निपात कहते हैं।
२. चिकित्सा के ये चार अंग हैं।

ख—पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष व्रण (शल्य चिकित्सा) करता है किन्तु व्रण को स्पर्श नहीं करता।

२. एक पुरुष व्रण का स्पर्श करता है किन्तु व्रण नहीं करता।

३. एक पुरुष व्रण भी करता है और व्रण का स्पर्श भी करता है।

४. एक पुरुष व्रण भी नहीं करता और व्रण का स्पर्श भी नहीं करता।

ग—पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष व्रण करता है किन्तु व्रण की रक्षा नहीं करता।[1]

२. एक पुरुष व्रण की रक्षा करता है किन्तु व्रण नहीं करता है।

३. एक पुरुष व्रण भी करता है और व्रण की रक्षा भी करता है।

४. एक पुरुष व्रण भी नहीं करता और व्रण की रक्षा भी नहीं करता।

---

१. पट्टी आदि बाँधकर व्रण की रक्षा नहीं करता।

घ—पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष व्रण करता है किन्तु व्रण को औषधि आदि से मिलाता नहीं है।

२. एक पुरुष व्रण को औषधि से ठीक करता है किन्तु व्रण नहीं करता है।

३. एक पुरुष व्रण भी करता है और व्रण की रक्षा भी करता है।

४. एक पुरुष व्रण भी नहीं करता है और व्रण को ठीक भी नहीं करता है।

ङ—व्रण चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक व्रण के अन्दर शल्य है किन्तु बाहर शल्य नहीं है।

२. एक व्रण के बाहर शल्य है किन्तु अन्दर शल्य नही है।

३. एक व्रण के अन्दर भी शल्य है और बाहर भी शल्य है।

४. एक व्रण के अन्दर भी शल्य नहीं है और बाहर भी शल्य नहीं है।

च—इसी प्रकार पुरुष भी चार प्रकार का है। यथा—

१. एक पुरुष मन में शल्य रखता है किन्तु व्यवहार

में शल्य नहीं रखता है ।[1]

२. एक पुरुष व्यवहार में शल्य रखता है किन्तु मन में शल्य नहीं रखता है ।

३. एक पुरुष मन में भी शल्य रखता है और व्यवहार में भी शल्य रखता है ।

४. एक पुरुष मन में भी शल्य नहीं रखता है और व्यवहार में भी शल्य नहीं रखता है ।

छ—व्रण चार प्रकार के हैं । यथा—

१. एक व्रण अन्दर से सड़ा हुआ है किन्तु बाहर से सड़ा हुआ नहीं है ।

२. एक व्रण बाहर से सड़ा हुआ है किन्तु अन्दर से सड़ा हुआ नहीं है ।

३. एक व्रण अन्दर से भी सड़ा हुआ है और बाहर से भी सड़ा हुआ है ।

४. एक व्रण अन्दर से भी सड़ा हुआ नहीं है और बाहर से भी सड़ा हुआ नहीं है ।

ज—इसी प्रकार पुरुष चार प्रकार के हैं । यथा—

१. एक पुरुष का हृदय श्रेष्ठ है किन्तु उसका व्यवहार

---

१. छल कपट ।

श्रेष्ठ नहीं है।[1]

२. एक पुरुष का व्यवहार श्रेष्ठ है किन्तु दुष्ट हृदय है।[2]

३. एक पुरुष दुष्ट हृदय भी है और उसका व्यवहार भी श्रेष्ठ नहीं है।

४. एक पुरुष दुष्ट हृदय भी नहीं है और व्यवहार भी उसका श्रेष्ठ है।

झ—पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष सद्‌विचार वाला है और सत्‌कार्य करने वाला भी है।

२. एक पुरुष सद्‌विचार वाला है किन्तु सत्कार्य करने वाला नहीं है।

३. एक पुरुष सत्कार्य करने वाला तो है किन्तु सद्-विचार वाला नहीं है।

४. एक पुरुष सद्‌विचार वाला भी नहीं है और सत्कार्य करने वाला भी नहीं है।

ञ—पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष भाव से श्रेयस्कर है और द्रव्य से श्रेय-

---

१. पराधीन सम्यक्त्वी पुरुष।

२. उदाई नृप को मारने वाला कपटी श्रमण वेषी।

स्कर सदृश है।[1]

२. एक पुरुष भाव से श्रेयस्कर है किन्तु द्रव्य से पापी सदृश है।[2]

३. एक पुरुष भाव से पापी है किन्तु द्रव्य से श्रेयस्कर सदृश्य है।

४. एक पुरुष भाव से भी पापी है और द्रव्य से भी पापी सदृश है।

ट—पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष श्रेष्ठ है और अपने को श्रेष्ठ मानता है।

२. एक पुरुष श्रेष्ठ है किन्तु अपने को पापी मानता है।

३. एक पुरुष पापी है किन्तु अपने को श्रेष्ठ मानता है।

४. एक पुरुष पापी है और अपने को पापी मानता है।

ठ—पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष श्रेष्ठ है और लोगों में श्रेष्ठ सदृश माना जाता है।[3]

२. एक पुरुष श्रेष्ठ है किन्तु लोगों में पापी सदृश

---

१. दूसरे को सत्परामर्श देने के कारण श्रेयस्कर सदृश है।
२. दूसरे को असत्परामर्श देने के कारण पापी सदृश है।
३. कुछ सत्कर्म करता है अतः श्रेष्ठ सदृश माना जाता है।

माना जाता है।[1]

३. एक पुरुष पापी है किन्तु लोगों में श्रेष्ठ सदृश माना जाता है।[2]

४. एक पुरुष पापी है और लोगों में पापी सदृश माना जाता है।[3]

ङ—पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष जिन प्रवचनों का प्ररूपक है किन्तु प्रभावक नहीं है।

२. एक पुरुष शासन का प्रभावक है किन्तु जिन प्रवचनों का प्ररूपक नहीं है।[4]

३. एक पुरुष शासन का प्रभावक भी है और जिन वचनों का प्ररूपक भी है।

४. एक पुरुष शासन का प्रभावक भी नहीं है और जिन प्रवचनों का प्ररूपक भी नहीं है।

ढ—पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

---

१. कुछ असत्कार्य करता है अतः पापी सदृश माना जाता है।
२. लोगों को दिखाने के लिए कुछ सुकृत करता है।
३. क्योंकि सदाचारी नहीं है।

१. एक पुरुष सूत्रार्थ का प्ररूपक है किन्तु शुद्ध आहारादि की एषणा में तत्पर नहीं है।

२. एक पुरुष शुद्ध आहारादि की एषणा में तत्पर नहीं है किन्तु सूत्रार्थ का प्ररूपक है।

३. एक पुरुष सूत्रार्थ का प्ररूपक भी है और शुद्ध आहारादि की एषणा में भी तत्पर है।

४. एक पुरुष सूत्रार्थ का प्ररूपक भी नहीं है और शुद्ध आहारादि की एषणा में भी तत्पर नहीं है।

ण—वृक्ष की विकुर्वणा चार प्रकार की है। यथा—

१. नई कोंपलें आना, २. पत्ते आना,
३. पुष्प आना, ४. फल आना।

४५. १क—वाद करने वालों के समोसरण[1] चार हैं। यथा—

१. क्रियावादी[2], २. अक्रियावादी,[3]
३. अज्ञानवादी[4] और ४. विनयवादी[5]।

---

१. समवसरण-अनेक मतों का एकत्र मिलना।
२. क्रियावादियों के एक सौ अस्सी मत हैं।
३. अक्रियावादियों के अस्सी मत हैं।
४. अज्ञानवादियों के सड़सठ मत हैं।
५. विनयवादियों के बत्तीस मत हैं। सब मिलकर ३६३ मत हैं।

ख—विकलेन्द्रियों को छोड़कर शेप सभी दण्डकों मे
वादियों के चार समवरण हैं।

३४६ १क—मेघ चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक मेघ गाजता है किन्तु वर्षता नहीं है।

२. एक मेघ वर्षता हैं किन्तु गाजता नहीं है।

३. एक मेघ गाजता भी है और वर्षता भी है।

४. एक मेघ गाजता भी नहीं है और वर्षता भी
नहीं है।

ख—इसी प्रकार पुरुप चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुप बोलता बहुत है किन्तु देता कुछ भी
नहीं है।

२. एक पुरुष देता है किन्तु बोलता कुछ भी नहीं है

३. एक पुरुप बोलता भी है और देता भी है।

४. एक पुरुप बोलता भी नहीं है और देता भी
नहीं है।

२क—मेघ चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक मेघ गाजता है किन्तु उसमें बिजलियां नहीं
चमकती है।

२. एक मेघ में बिजलियां चमकती है किन्तु गाजता
नहीं है।

३. एक मेघ गाजता है और उसमें विजलियाँ भी चमकती हैं।

४. एक मेघ गाजता भी नहीं है और उसमें विजलियां भी चमकती नहीं है।

ख—इसी प्रकार पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष प्रतिज्ञा करता है किन्तु अपनी बड़ाई नहीं हाँकता।

२, एक पुरुष अपनी बड़ाई हांकता है किन्तु प्रतिज्ञा नहीं करता है।

३. एक पुरुष प्रतिज्ञा भी करता है और अपनी बड़ाई भी हांकता है।

४. एक पुरुष प्रतिज्ञा भी नहीं करता है और अपनी बड़ाई भी नहीं हांकता है।

३क—मेघ चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक मेघ वर्षता है किन्तु उसमें बिजलियां नही चमकती है।

२. एक मेघ में विजलियाँ चमकती हैं किन्तु वर्षता नहीं है।

३. एक मेघ वर्षता भी है और उसमें बिजलियां भी

चमकती हैं।

४. एक मेघ वर्षता भी नहीं है और उसमें बिजलियाँ भी चमकती नहीं हैं।

ख—इसी प्रकार पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष दानादि सत्कार्य करता है किन्तु अपनी बड़ाई नहीं करता है।

२. एक पुरुष अपनी बड़ाई करता है किन्तु दानादि सत्कार्य नहीं करता हैं।

३. एक पुरुष दानादि सत्कार्य भी करता है और अपनी बड़ाई भी करता है।

४. एक पुरुष दानादि सत्कार्य भी नहीं करता और अपनी बड़ाई भी नहीं करता है।

४क—मेघ चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक मेघ समय पर बरसता है किन्तु असमय नहीं बरसता।

२. एक मेघ असमय बरसता है किन्तु समय पर नहीं बरसता।

३. एक मेघ समय पर भी बरसता है और असमय भी बरसता है।

४. एक मेघ समय पर भी नहीं बरसता और असमय भी नहीं बरसता ।

ख—इसी प्रकार पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष समय पर दानादि सत्कार्य करता है, किन्तु असमय नहीं करता ।

२. एक पुरुष असमय दानादि सत्कार्य करता है किन्तु समय पर नही करता ।

३. एक पुरुष समय पर भी दानादि सत्कार्य करता है और असमय भी ।

४. एक पुरुष समय पर भी दानादि सत्कार्य नहीं करता और असमय भी नहीं करता ।

५क—मेघ चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक मेघ क्षेत्र में बरसता है किन्तु अक्षेत्र में नहीं बरसता ।

२. एक मेघ अक्षेत्र में बरसता है किन्तु क्षेत्र में नहीं बरसता ।

३. एक मेघ क्षेत्र में भी बरसता है और अक्षेत्र में भी बरसता है ।

४. एक मेघ क्षेत्र में भी नहीं बरसता और अक्षेत्र में

भी नहीं बरसता।

ख—इसी प्रकार पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष पात्र को दान देता है किन्तु अपात्र को नहीं।

२. एक पुरुष अपात्र को दान देता है किन्तु पात्र को नहीं।

३. एक पुरुष पात्र को भी दान देता है और अपात्र को भी।

४. एक पुरुष पात्र को भी दान नहीं देता और अपात्र को भी नहीं देता।

६क—मेघ चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक मेघ धान्य के अंकुर उत्पन्न करता है किन्तु धान्य को पूर्ण नहीं पकाता।

२. एक मेघ धान्य को पूर्ण पकाता है किन्तु धान्य के अंकुर उत्पन्न नहीं करता।

३. एक मेघ धान्य के अंकुर भी उत्पन्न करता है और धान्य को पूर्ण भी पकाता है।

४. एक मेघ धान्य के अंकुर भी उत्पन्न नहीं करता है और धान्य को पूर्ण भी नहीं पकाता है।

ख—इसी प्रकार माता-पिता भी चार प्रकार के हैं।

यथा—१. एक माता-पिता पुत्र को ज़न्म देते हैं किन्तु उसका पालन नहीं करते।

२. एक माता-पिता पुत्र का पालन करते हैं किन्तु पुत्र को जन्म नहीं देते हैं।

३. एक माता-पिता पुत्र को जन्म भी देते हैं और उसका पालन भी करते हैं।

४. एक माता-पिता पुत्र को जन्म भी नहीं देते हैं और उसका पालन भी नहीं करते हैं।

७क—मेघ चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक मेघ एक देश में बरसता है किन्तु सर्वत्र नहीं बरसता है।

२. एक मेघ सर्वत्र बरसता है किन्तु एक देश में नहीं बरसता।

३. एक मेघ एक देश में भी बरसता है और सर्वत्र भी बरसता है।

४. एक मेघ न एक देश में बरसता है और न सर्वत्र बरसता है।

ख—इसी प्रकार राजा भी चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक राजा एक देश का अधिपति है किन्तु सब

देशों का नहीं।

२. एक राजा सब देशों का स्वामी है किन्तु एक देश का नहीं।

३. एक राजा एक देश का अधिपति भी है और सब देशों का अधिपति भी है।

४. एक राजा न एक देश का अधिपति है और न सब देशों का अधिपति है।[1]

३४७ १—मेघ चार प्रकार के हैं। यथा—

१. पुष्कलावर्त, २. प्रद्युम्न,
३. जीमूत और ४. जिम्ह

१. पुष्कलावर्त महामेघ की एक वर्षा से पृथ्वी दस हजार वर्ष तक गीली रहती है।

२. प्रद्युम्न महामेघ की एक वर्षा से पृथ्वी एक हजार वर्ष तक गीली रहती है।

३. जीमूत महामेघ की एक वर्षा से पृथ्वी दस वर्ष तक गीली रहती है।

४. जिम्ह महामेघ की अनेक वर्षाएँ भी पृथ्वी को एक वर्ष तक गीली नहीं रख पाती।

---

१. जिस राजा का राज्य छीन लिया गया है ऐसा राजा।

४८ १क—करंडक (करंडिया) चार प्रकार के हैं। यथा—

१. श्वपाक (भंगियों) का करंडक[1]।

२. वेश्याओं का करंडक[2]।

३. समृद्ध गृहस्थ का करंडक।[3]

४. राजा का करंडक।[4]

ख—इसी प्रकार आचार्य चार प्रकार के हैं। यथा—

१. श्वपाककरंडक समान आचार्य केवल लोक रंजक ग्रन्थों का ज्ञाता व्याख्याता होता है किन्तु श्रमणाचार का पालक नहीं होता।

२. वेश्याकरंडक समान आचार्य जिनागमों का सामान्य ज्ञाता तो होता है किन्तु लोकरंजक ग्रन्थों का व्याख्यांन करके अधिक से अधिक जनता को अपनी ओर आकर्षित करता है।

३. गाथापति के करंडक समान आचार्य स्वसिद्धान्त

---

१. चाण्डाल का करंडिया-मल या कचरे से भरा रहता है।
२. वेश्या का करंडिया-समान्य स्वर्णाभूषणों से भरा रहता है।
३. गृहस्वामी का करंडिया-मणिरत्नजटित स्वर्णाभूषणों से भरा रहता है।
४. राजा का करंडिया-अमूल्य रत्नों से भरा रहता है।

और पर-सिद्धान्त का ज्ञाता होता है और श्रमणाचार का पालक भी होता है।

४. राजा के करंडिये समान आचार्य जिनागमों के मर्मज्ञ एवं आचार्य के समस्त गुण युक्त होते हैं।

३४९ १क—वृक्ष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक वृक्ष शाल (महान्) है और शाल के (छायादि) गुण युक्त है।

२. एक वृक्ष शाल (महान्) है किन्तु गुणों मे एरण्ड समान है अर्थात् छायादि रहित।

३. एक वृक्ष एरण्ड समान (अत्यल्प विस्तार वाला) है किन्तु गुणों से शाल (महावृक्ष) के समान है।

४. एक वृक्ष एरण्ड है और गुणों से भी एरण्ड जैसा ही है।

ख—इसी प्रकार आचार्य चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक आचार्य शाल समान महान् (उत्तम जाति कुल-सद्गुरु वाले) हैं और ज्ञानक्रियादि महान् गुणयुक्त है।

२. एक आचार्य महान् है किन्तु ज्ञान-क्रियादि गुणहीन है।

३. एक आचार्य एरण्ड समान (जाति-कुल-गुरु आदि से सामान्य) है किन्तु ज्ञानक्रियादि महान् गुणयुक्त है।

४. एक आचार्य एरण्ड समान है और ज्ञान-क्रियादि गुणहीन है।

२क—वृक्ष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक वृक्ष शाल (महान्) है और शालवृक्ष समान महान् वृक्षों से परिवृत है।

२. एक वृक्ष शाल समान महान् है किन्तु एरण्ड समान तुच्छ वृक्षों से परिवृत है।

३. एक वृक्ष एरण्ड समान तुच्छ है किन्तु शाल समान महान् वृक्षों से परिवृत है।

४. एक वृक्ष एरण्ड समान तुच्छ है और एरण्ड समान तुच्छ वृक्षों से परिवृत है।

ख—इसी प्रकार आचार्य भी चार प्रकार हैं। यथा—

१. एक आचार्य शाल वृक्ष समान (उत्तम जात्यादि) महान् गुणयुक्त है और शाल परिवार समान श्रेष्ठ शिष्य परिवार युक्त है।

२. एक आचार्य शाल वृक्ष समान महान् उत्तम गुण युक्त है किन्तु एरण्ड परिवार समान कनिष्ठ शिष्य परिवार युक्त है।

३. एक आचार्य एरण्ड परिवार समान कनिष्ठ शिष्य परिवार युक्त है किन्तु स्वयं शाल वृक्ष समान महान् उत्तम गुण युक्त है।

४. एक आचार्य एरण्ड समान कनिष्ठ (सामान्य जात्यादियुक्त) है और एरण्ड परिवार समान कनिष्ठ शिष्य परिवार युक्त है।

गाथार्थ—१. महावृक्षों के मध्य में जिस प्रकार वृक्ष राज शाल सुशोभित होता है उसी प्रकार श्रेष्ठ शिष्यों के मध्य में उत्तम आचार्य सुशोभित होते हैं।

२. एरण्ड वृक्षों के मध्य में जिस प्रकार वृक्षराज शाल दिखाई देता है। उसी प्रकार कनिष्ठ शिष्यों के मध्य में उत्तम आचार्य मालुम पड़ते हैं।

३. महावृक्षों के मध्य में जिस प्रकार एरण्ड दिखाई देता है उसी प्रकार श्रेष्ठ शिष्यों के मध्य में कनिष्ठ आचार्य दिखाई देते हैं।

४. एरण्ड वृक्षों के मध्य में जिस प्रकार एक एरण्ड प्रतीत होता है उसी प्रकार कनिष्ठ शिष्यों के मध्य में कनिष्ठ आचार्य प्रतीत होते हैं।

३क—मत्स्य चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक मत्स्य नदी के प्रवाह के अनुसार चलता है।

२. एक मत्स्य नदी के प्रवाह के सन्मुख चलता है।

३. एक मत्स्य नदी के प्रवाह के किनारे चलता है।

४. एक मत्स्य नदी के प्रवाह के मध्य में चलता है।

ख—इसी प्रकार भिक्षु (श्रमण) चार प्रकार के हैं।

यथा—१. एक भिक्षु उपाश्रय के समीप गृह से भिक्षा लेना प्रारम्भ करता है।

२. एक भिक्षु किसी अन्य गृह से भिक्षा लेता हुआ उपाश्रय तक पहुँचता है।

३. एक भिक्षु घरों की अन्तिम पंक्तियों से भिक्षा लेता हुआ उपाश्रय तक पहुँचता है।

४. एक भिक्षु गांव के मध्य भाग से भिक्षा लेता है।

४क—गोले चार प्रकार के होते हैं। यथा—

१. मेण का गोला, २. लाख का गोला,

३. काष्ठ का गोला ४. मिट्टी का गोला।

ख—इसी प्रकार पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष मेण के गोले के समान कोमल हृदय होता है।

२. एक पुरुष लाख के गोले के समान कुछ कठोर हृदय होता है।

३. एक पुरुष काष्ठ के गोले के समान कुछ अधिक कठोर हृदय होता है।

४. एक पुरुष मिट्टी के गोले के समान कुछ और अधिक कठोर हृदय होता है।

५क—गोले चार प्रकार के होते हैं। यथा—

१. लोहे का गोला, २. जस्ते का गोला,

३. तांबे का गोला और ४. शीशे का गोला।

ख—इसी प्रकार पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. लोहे के गोले के समान एक पुरुष के कर्म भारी होते हैं।

२. जस्ते के गोले के समान एक पुरुष के कर्म कुछ अधिक भारी होते हैं।

३. तांबे के गोले के समान एक पुरुष के कर्म और अधिक भारी होते हैं।

४. सीसे के गोले के समान एक पुरुष के कर्म अत्यधिक भारी होते हैं।

६क—गोले चार प्रकार के होते हैं। यथा—

१. चांदी का गोला, २. सोने का गोला,

३. रत्नों का गोला और ४. हीरों का गोला।

ख—उसी प्रकार पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. चांदी के गोले के समान एक पुरुष ज्ञानादि श्रेष्ठ गुण युक्त होता है।

२. सोने के गोले के समान एक पुरुष कुछ अधिक श्रेष्ठ ज्ञानादि गुण युक्त होता है।

३. रत्नों के गोले के समान एक पुरुष और अधिक श्रेष्ठ ज्ञानादि गुण युक्त होता है।

४. हीरों के गोले के समान एक पुरुष अत्यधिक श्रेष्ठ युक्त होता है।

७क—पत्ते चार प्रकार के होते हैं। यथा—

१. तलवार की धार के समान तीक्ष्ण धार वाले पत्ते।

२. करवत की धार के समान तीक्ष्ण दांत वाले पत्ते।

३. उस्तरे की धार के समान तीक्ष्ण धार वाले पत्ते।

४. कदंबचीरिका (एक प्रकार का शस्त्र) की धार के समान तीक्ष्ण धार वाले पत्ते।

ख—इसी प्रकार पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष तलवार की धार के समान तीक्ष्ण (तीव्र) वैराग्यमय विचार धारा से मोहपाश का

शीघ्र छेदन करता है।

२. एक पुरुष करवत की धार के समान वैराग्यमय विचारों से मोहपाश को शनैः शनैः काटता है।

३. एक पुरुष उस्तरे की धार के समान वैराग्यमय विचारधारा से मोहपाश का विलम्ब से छेदन करता है।

४. एक पुरुष कदंबचीरिका की धार के समान वैराग्यमय विचारों से मोहपाश का अतिविलम्ब से विच्छेद करता है।

क—कट[1] (चटाई) चार प्रकार के हैं। यथा—

१. घास की चटाई

२. बाँस की सलियों की चटाई

३. चर्म की चटाई और

४. कंबल की चटाई

ख—इसी प्रकार पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. घास की चटाई के समान एक पुरुष अल्प राग वाला होता है।

---

१ कट-बिछोने का एक आसन। चटाई की बुनाई ढीली और गाढ़ी होती है उसी प्रकार रागभाव भी अल्पाधिक होता है।

२. वांस की चटाई के समान एक पुरुष विशेष राग भाव वाला होता है।

३. चमड़े की चटाई के समान एक पुरुष विशेषतर राग भाव वाला होता है।

४. कंबल की चटाई के समान एक पुरुष विशेषतम राग भाव वाला होता है।

३५०—१. चतुष्पद चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक खुर वाले[1] २. दो खुर वाले[2]

३. कठोर चर्म मय गोल पैर वाले[3]

४. तीक्ष्ण नखयुक्त पैर वाले।[4]

२—पक्षी चार प्रकार के होते हैं। यथा—

१. चमड़े की पांखों वाले

२. रुंए वाली पांखों वाले।

३. सिमटी हुई पांखों वाले[5]

४. फैली हुई पांखों वाले।

---

१ गधे, घोड़े आदि। २. गाय, भैंस आदि।

३ ऊँट, हाथी आदि। ४. कुत्ता, बिल्ली आदि।

५ समुद्गक पक्षी और वितत पक्षी अढ़ाई द्वीप के बाहर ही होते हैं।

३—क्षुद्र प्राणी चार प्रकार के होते हैं। यथा—

१. दो इन्द्रियों वाले २. तीन इन्द्रियों वाले

३. चार इन्द्रियों वाले और

४. संमूर्छिम[1] पंचेन्द्रिय तिर्यंच।

३५१ १क—पक्षी चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पक्षी घोंसले से वाहर निकलता है किन्तु वाहर फिरने व उड़ने में समर्थ नहीं है।

२. एक पक्षी फिरने में समर्थ है किन्तु घोंसले से वाहर नहीं निकलता है।

३. एक पक्षी घोंसले से वाहर भी निकलता है और फिरने में भी समर्थ है।

४. एक पक्षी न घोंसले से वाहर निकलता है और न फिरने में समर्थ होता है।

ख—इसी प्रकार भिक्षुक (श्रमण) भी चार प्रकार के है। यथा—

१. एक श्रमण भिक्षार्थ उपाश्रय से बाहर जाता है किन्तु फिरता नहीं है।

२. एक श्रमण फिरने में समर्थ है किन्तु भिक्षा के

---

१ बिना गर्भ के पैदा होने वाले।

लिए नहीं जाता है।

३. एक श्रमण भिक्षार्थ जाता है और फिरता भी है।

४. एक श्रमण भिक्षार्थ जाता भी नहीं है और फिरता भी नहीं है।

३५२. १क—पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष पहले (पूर्वावस्था में) भी कृश है और पीछे (वृद्धावस्था में) भी कृश रहता है।

२. एक पुरुष पहले कृश है किन्तु पीछे स्थूल हो जाता है।

३. एक पुरुष पहले स्थूल है किन्तु पीछे कृश हो जाता है।

४. एक पुरुष पहले भी स्थूल होता है और पीछे भी स्थूल ही रहता है

ख—पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा

१. एक पुरुष का शरीर कृश है और उसके (क्रोधादि) कषाय भी कृश (अल्प) है।

२. एक पुरुष का शरीर कृश है किन्तु उसके कषाय अकृश (अधिक) है।

३. एक पुरुष के कषाय अल्प है किन्तु उसका शरीर स्थूल है।

४. एक पुरुष के कषाय अल्प है और शरीर भी कृश है।

२क—पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष बुध (सत्कर्म करने वाला) है और बुध विवेकी है।

२. एक पुरुष बुध है किन्तु अबुध (विवेक रहित) है।

३. एक पुरुष अबुध है किन्तु बुध (सत्कर्म करने वाला) है।

४. एक पुरुष अबुध है (विवेक रहित है) और अबुध है (सत्कर्म करने वाला भी नहीं है)

ख—पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष बुध (शास्त्रज्ञ) है और बुध हृदय है (कार्यकुशल है)

२. एक पुरुष बुध (शास्त्रज्ञ) है किन्तु अबुध हृदय है (कार्यकुशल नहीं है)

३. एक पुरुष अबुध हृदय है (कार्यकुशल नहीं है) किन्तु बुध है (शास्त्रज्ञ है)

४. एक पुरुष अबुध है (शास्त्रज्ञ नहीं है) और अबुध है (कार्यकुशल भी नहीं है)

३—पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष अपने पर अनुकम्पा करने वाला है किन्तु दूसरे पर अनुकम्पा करने वाला नहीं है।[१]

२. एक पुरुष अपने पर अनुकम्पा नहीं करता है किन्तु दूसरे पर अनुकम्पा करता है।[२]

३. एक पुरुष अपने पर भी अनुकम्पा करता है और दूसरे पर भी अनुकम्पा करता है।[३]

४. एक पुरुष अपने पर भी अनुकम्पा नहीं करता है और दूसरे पर भी अनुकम्पा नहीं करता है।[४]

३५३ १क—संभोग (मैथुन) चार प्रकार के हैं। यथा—

१. देवताओं का[५] २. असुरों का

३. राक्षसों का और ४. मनुष्यों का।

---

१ प्रत्येक बुध प्राणीमात्र पर अनुकम्पा करने वाले हैं किन्तु दूसरे मुनियों की सेवा नहीं करते हैं और उपदेश भी नहीं देते हैं इस अपेक्षा से यह कथन है। २. तीर्थंकर

३ स्थविरकल्पी ४. कालशौकरिक आदि।

५ ज्योतिषी देवों का और वैमानिक देवों का।

ख—संभोग चार प्रकार का है। यथा—

१. एक देवता देवी के साथ संभोग करता है।

२. एक देवता असुरी के साथ संभोग करता है।

३. एक असुर देवी के साथ संभोग करता है।

४. एक असुर असुरी के साथ संभोग करता है।

ग—संभोग चार प्रकार का है। यथा

१. एक देव देवी के साथ संभोग करता है।

२. एक देव राक्षसी के साथ संभोग करता है।

३. एक राक्षस देवी के साथ संभोग करता है।

४. एक राक्षस राक्षसी के साथ संभोग करता है।

घ—संभोग चार प्रकार का है। यथा—

१. एक देव देवी के साथ संभोग करता है।

२. एक देव मानुषी के साथ संभोग करता है।

३. एक मनुष्य देवी के साथ संभोग करता है।

३. एक मनुष्य मानुषी के साथ संभोग करता हैं।

ङ—संभोग चार प्रकार का है। यथा—

१. एक असुर असुरी के साथ संभोग करता है।

२. एक असुर राक्षसी के साथ संभोग करता है।

३. एक राक्षस असुरी के साथ संभोग करता है।

४. एक राक्षस राक्षसी के साथ संभोग करता है ।

च—संभोग चार प्रकार के हैं । यथा—

१. एक असुर असुरी के साथ संभोग करता है ।

२. एक असुर मानुषी के साथ सभोग करता है ।

३. एक मनुष्य असुरी के साथ संभोग करता है ।

४. एक मनुष्य मनुष्यणी के साथ संभोग करता है ।

छ—संभोग चार प्रकार के हैं । यथा—

१. एक राक्षस राक्षसी के साथ संभोग करता है ।

२. एक राक्षस मनुष्यणी के साथ संभोग करता है ।

३. एक मनुष्य राक्षसी के साथ संभोग करता है ।

४. एक मनुष्य मनुष्यणी के सथभोसंग करता है ।

३५४ १क—अपध्वंश (चारित्र के फल का नाश) चार प्रकार का है । यथा

१. आसुरी भावनाजन्य-आसुर भाव,

२. अभियोग भावनाजन्य-अभियोग भाव,

३. संमोह भावनाजन्य-संमोह भाव,

४. किल्विष भावना जन्य–किल्विष भाव

ख—असुरायु का बन्ध चार कारणों से होता है । यथा—

१. क्रोधी स्वभाव से २. अतिकलह करने से ।

३. आहार में आसक्ति रखते हुए तप करने से
४. निमित्त ज्ञान द्वारा आजीविकोपार्जन करने से

ग—अभियोगायु का बंध चार कारणों से होता है। यथा-

१. अपने तप जप की महिमा अपने-मुंह करने से।
२. दूसरो की निंदा करने से।
३. ज्वरादि के उपशमन हेतु अभिमन्त्रित राख देने से।
४. अनिष्ट की शान्ति के लिये मन्त्रोपचार करते रहने से।

घ—संमोहायु[1] बाँधने के चार कारण हैं। यथा—

१. उन्मार्ग का उपदेश देने से,
२. सन्मार्ग में अन्तराय देने से।
३. काम-भोगों की तीव्र अभिलाषा से।
४. अतिलोभ करके नियाणा करने से।

ङ—देव किल्विष आयु बाँधने के चार कारण हैं। यथा-

१. अरिहंतों की निंदा करने से।
२. अरिहंत कथित धर्म की निंदा करने से,
३. आचार्य-उपाध्याय की निंदा करने से।

---

१ मूढ़ात्मा देव का आयु।

४. चतुर्विध संघ की निन्दा करने से।

३५५ १क—प्रव्रज्या चार प्रकार की है। यथा—

१. इह लोक के सुख के लिये दीक्षा लेना।

२. परलोक के सुख के लिये दीक्षा लेना।

३. इहलोक और परलोक के लिये दीक्षा लेना।

४. किसी प्रकार की कामना न रखते हुए दीक्षा लेना।

ख—प्रव्रज्या चार प्रकार की है। यथा—

१. शिष्यादि की कामना से दीक्षा लेना।

२. पूर्व दीक्षित स्वजनों के मोह से दीक्षा लेना।

३. उक्त दोनों कारणों से दीक्षा लेना।

४. निष्काम भाव से दीक्षा लेना।

ग—प्रव्रज्या चार प्रकार की है। यथा—

१. सद्गुरुओं की सेवा के लिए दीक्षा लेना।

२. किसी के कहने से दीक्षा लेना।

३. "तू दीक्षा लेगा तो मैं भी लूंगा" इस प्रकार वचनबद्ध होकर दीक्षा लेना।

४. किसी वियोग से व्यथित होकर दीक्षा लेना।

घ—प्रव्रज्या चार प्रकार की है। यथा—

१. किसी को उत्पीड़ित करके दीक्षा दी जाय,

२. किसी को अन्यत्र ले जाकर दीक्षा दी जाय।

३. किसी को ऋण मुक्त करके दीक्षा दी जाय,

४. किसी को भोजन आदि का लालच दिखाकर दीक्षा दी जाय।

ङ—प्रव्रज्या चार प्रकार की है। यथा—

१. नटखादिता—नट की तरह वैराग्य रहित धर्म कथा करके आहारादि प्राप्त करना।

२. सुभटखादिता—सुभट की तरह वल दिखाकर आहारादि प्राप्त करना।

३. सिंहखादिता—सिंह की तरह दूसरे की अवज्ञा करके आहारादि प्राप्त करना।

४. शृगालखादिता—शृगाल की तरह दीनता प्रदर्शित कर आहारादि प्राप्त करना।

२क—कृषि चार प्रकार की है। यथा—

१. एक कृषि में धान्य एक वार वोया जाता है।

२. एक कृषि में धान्य आदि दो तीन वार बोया जाता है।[1]

---

१ एक बार पोध लगाकर रोपना, या एक बार वोये हुए को उखाड़ कर रोपना, इसे "चोवना" कहते हैं।

३. एक कृषि में एक बार निनाण (घास आदि उखाड़ फेंकना) की जाती है।

४. एक कृषि में बार-बार निनाण की जाती है।

ख—इसी प्रकार प्रव्रज्या चार प्रकार की है। यथा—

१. एक प्रव्रज्या में एक बार सामायिक चारित्र धारण किया जाता है।

२. एक प्रव्रज्या में बार-बार सामायिक चारित्र धारण किया जाता है।

३. एक प्रव्रज्या में एक बार अतिचारों की आलोयणा की जाती है।

४. एक प्रव्रज्या में बार-बार अतिचारों की आलोयणा की जाती है।

ग—प्रव्रज्या चार प्रकार की है। यथा—

१. खलिहान में शुद्ध की हुई धान्यराशि जैसी अतिचार रहित प्रव्रज्या।

२. खलिहान में उफणे हुए धान्य जैसी अल्प अतिचार वाली प्रव्रज्या।

३. गायटा किये हुए धान्य जैसी अनेक अतिचार वाली प्रव्रज्या।

४. खेत में से लाकर खलिहान में रखे हुए धान्य जैसी प्रचुर अतिचार वाली प्रव्रज्या।

३५६ १क—संज्ञा चार प्रकार की है। यथा—

१. आहार संज्ञा
२. भय संज्ञा
३. मैथुन संज्ञा और
४. परिग्रह संज्ञा।

ख—चार कारणों से आहार संज्ञा होती है। यथा—

१. पेट खाली होने से।
२. क्षुधावेदनीय कर्म के उदय से।
३. खाद्य पदार्थों की चर्चा सुनने से।
४. निरन्तर भोजन की इच्छा करने से।

ग—चार कारणों से भय संज्ञा होती है। यथा—

१. अल्प शक्ति (कमजोर होने से।
२. भयवेदनीय कर्म के उदय से।
३. भयावनी कहानियाँ सुनने से।
४. भयानक प्रसंगों के स्मरण से।

घ—चार कारणों से मैथुन संज्ञा होती है। यथा—

१. रक्त और मांस के उपचय से।
२. मोहनीय कर्म के उदय से।
३. काम कथा सुनने से।

४. भुक्त भोगों के स्मरण से।

ङ—चार कारणों से परिग्रह संज्ञा होती है। यथा—

१. परिग्रह (संग्रह) होने से।

२. लोभ वेदनीय कर्म के उदय से।

३. हिरण्य सुवर्ण आदि के देखने से।

४. धन कंचन के स्मरण से।

३५७ १क—काम (विषय-वासना) चार प्रकार के हैं। यथा—

१. शृंगार, २. करुण,

३. बीभत्स, ३. रौद्र,

ख—१. देवताओं की काम वासना 'शृंगार' प्रधान है।

२. मनुष्यों की काम वासना 'करुण' है।

३. तिर्यंचों की काम वासना 'बीभत्स' है।

४. नैरयिकों की काम वासना 'रौद्र' है।

३५८ १क—पानी चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पानी थोड़ा गहरा है किन्तु स्वच्छ है।

२. एक पानी थोड़ा गहरा है किन्तु मलिन है।

३. एक पानी बहुत गहरा है किन्तु स्वच्छ है।

४. एक पानी बहुत गहरा है किन्तु मलिन है।

ख—इसी प्रकार पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष बाह्य चेष्टाओं से तुच्छ है और तुच्छ हृदय है।

२. एक पुरुष बाह्य चेष्टाओं से तो तुच्छ है किंतु गम्भीर हृदय है।

३. एक पुरुष बाह्य चेष्टाओं से तो गम्भीर प्रतीत होता है किंतु तुच्छ हृदय है।

४. एक पुरुष बाह्य चेष्टाओं से भी गम्भीर प्रतीत होता है और गम्भीर हृदय भी है।

२क—पानी चार प्रकार का है। यथा—

१. एक पानी छिछला है और छिछला जैसा ही दीखता है।

२. एक पानी छिछला है किन्तु गहरा दीखता है।

३. एक पानी गहरा है किन्तु छिछला जैसा प्रतीत होता है।

४. एक पानी गहरा है और गहरे जैसा ही प्रतीत होता है।

ख—इसी प्रकार पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष तुच्छ प्रकृति है और वैसा ही दिखता भी है।

२. एक पुरुष तुच्छ प्रकृति है किन्तु बाह्य व्यवहार से गम्भीर जैसा प्रतीत होता है।

३. एक पुरुष गम्भीर प्रकृति है किन्तु बाह्य व्यवहार से तुच्छ प्रतीत होता है।

४. एक पुरुष गम्भीर प्रकृति है और बाह्य व्यवहार से भी गम्भीर ही प्रतीत होता है।

३क—उदधि (समुद्र) चार प्रकार के हैं। यथा—

१. समुद्र का एक देश छिछरा (थोड़ा गहरा) है और थोड़े गहरे (छिछरा) जैसा दिखाई देता है।[1]

२. समुद्र का एक भाग छिछरा है किन्तु बहुत गहरे जैसा प्रतीत होता है।[2]

३. समुद्र का एक भाग बहुत गहरा है किन्तु छिछरे जैसा प्रतीत होता है।[3]

४. समुद्र का एक भाग बहुत गहरा है और गहरे जैसा ही प्रतीत होता है।

---

१. मनुष्य क्षेत्र के बाहर के समुद्रों में ज्वार भाटा नहीं आता है। अतः छिछरा ही प्रतीत होता है।

२. ज्वार भाटा आने से गहरा हो जाता है।

३. ज्वार भाटा चले जाने से छिछरे जैसा प्रतीत होता है।

ख—इसी प्रकार पुरुष चार प्रकार के हैं।

पूर्वोक्त उदक सूत्र के समान भांगे कहें।

३५६ १क—तैराक चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक तैराक (तिरने वाला) ऐसा होता है जो समुद्र को तिरने का निश्चय करके समुद्र को ही तिरता है।

२. एक तैराक ऐसा होता है जो समुद्र को तिरने का निश्चय करके गोपद (समुद्र की खाड़ी) ही तिरता है।

३. एक तैराक ऐसा होता है जो गोपद तिरने का निश्चय करके समुद्र को तिरता है।

४. एक तैराक ऐसा होता है जो गोपद तिरने का निश्चय करके गोपद ही तिरता है।[1]

---

१. इस सूत्र का एक वैकल्पिक अर्थ टीकाकार ने इस प्रकार किया है—(१) इसी प्रकार भाव तैराक भवसागर को पार करने वाले पुरुष चार प्रकार के हैं—(१) एक पुरुष सर्वविरति धारण करने का निश्चय करके सर्वविरति ही धारण करता है। (२) एक पुरुष सर्वविरक्ति धारण करने का निश्चय करके देश विरक्ति धारण करता है। (३) एक पुरुष देशविरक्ति धारण

ख—तैराक चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक तैराक एक बार समुद्र को तिरकर पुनः समुद्र को तिरने में असमर्थ होता है।

२. एक तैराक एक बार समुद्र को तिरके दूसरी बार गोपद को तिरने में भी असमर्थ होता है।

३. एक तैराक एक बार गोपद (समुद्र की खाड़ी) को तिर करके पुनः समुद्र को पार करने में असमर्थ होता है।

४. एक तैराक एक बार गोपद को तिर करके पुनः गोपद को पार करने में भी असमर्थ होता है।[२]

करने का निश्चय करके सर्वविरक्ति धारण करता है। (४) एक पुरुष देश विरक्ति धारण करने का निश्चय करके देश विरक्ति ही धारण करता है।

२. टीकाकार इस सूत्र का एक वैकल्पिक अर्थ प्रस्तुत करते हैं। पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष समुद्र समान महान् कार्य करके पुनः महान कार्य नहीं कर पाता।

२. एक पुरुष समुद्र समान महान कार्य करके पुनः गोपद समान सामान्य कार्य भी नहीं कर पाता।

३६० १क—कुम्भ चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक कुम्भ पूर्ण (टूटा-फूटा नहीं है) और पूर्ण (मधु से भरा हुआ है) है।

२. एक कुम्भ पूर्ण है, किन्तु खाली है।

३. एक कुम्भ पूर्ण (मधु से भरा हुआ है) है किन्तु अपूर्ण (टूटा-फूटा) है।

४. एक कुम्भ अपूर्ण है (टूटा फूटा है) और अपूर्ण है (खाली है)

ख—इसी प्रकार पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष जात्यादि गुण से पूर्ण है और ज्ञानादि गुण से भी पूर्ण है।

२. एक पुरुष जात्यादि गुण से पूर्ण है किन्तु ज्ञानादि गुण से रहित।

३. एक पुरुष ज्ञानादि गुण से सहित है किन्तु जात्यादि गुण से पूर्ण है।

---

३. एक पुरुष गोपद समान सामान्य कार्य करके पुनः समुद्र समान महान् कार्य नही कर पाता।

४. एक पुरुष गोपद समान सामान्य कार्य करके पुनः अन्य सामान्य कार्य भी नहीं कर पाता।

४. एक पुरुष जात्यादि गुण से भी रहित है और ज्ञानादि गुण से भी रहित हैं।

२क—कुम्भ चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक कुम्भ पूर्ण है और देखने वाले को पूर्ण जैसा ही दीखता है।

२. एक कुम्भ पूर्ण है किन्तु देखने वाले को अपूर्ण जैसा ही दीखता है।

३. एक कुम्भ अपूर्ण है किन्तु देखने वाले को पूर्ण जैसा ही दीखता है।

४. एक कुम्भ अपूर्ण है और देखने वाले को अपूर्ण जैसा ही दीखता है।

ख—इसी प्रकार पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष धन आदि से पूर्ण है और उस धन का उदारतापूर्वक उपभोग करता है अतः पूर्ण जैसा ही प्रतीत होता है।

२. एक पुरुष पूर्ण है (धनादि से पूर्ण है) किन्तु उस धन का उपभोग नहीं करता अतः अपूर्ण (धन हीन) जैसा ही प्रतीत होता है।

३. एक पुरुष अपूर्ण है (धनादि से परिपूर्ण नहीं है) किन्तु समय-समय पर धन का उपयोग करता है अतः पूर्ण (धनी) जैसा ही प्रतीत होता है।

४. एक पुरुष अपूर्ण है (धनादि से परिपूर्ण भी नहीं हैं) और अपूर्ण (निर्धन) जैसा ही प्रतीत होता है।

३ क—कुम्भ चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक कुम्भ पूर्ण है (जल आदि से पूर्ण है) और पूर्ण रूप है (सुन्दर है)।

२. एक कुम्भ पूर्ण है किन्तु अपूर्ण रूप है (सुन्दर) शेष भांगे पूर्वोक्त क्रम से कहें।

ख—इसी प्रकार पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष पूर्ण है (ज्ञानादि से पूर्ण है) और पूर्ण रूप है (संयत वेषभूषा से युक्त है)

२. एक पुरुष पूर्ण है किन्तु पूर्ण रूप नहीं है (संयत वेषभूषा से युक्त नहीं है)

शेष भांगे पूर्वोक्त क्रम से कहें।

४ क—कुम्भ चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक कुम्भ पूर्ण (जलादि से) है और (स्वर्णादि मूल्यवान धातु का बना हुआ होने से) प्रिय है।

२. एक कुम्भ पूर्ण है किन्तु (मृत्तिका आदि तुच्छ द्रव्यों का बना हुआ होने से) अप्रिय है।

३. एक कुम्भ अपूर्ण है किन्तु (स्वर्णादि मूल्यवान धातुओं का बना हुआ होने से) प्रिय है।

४. एक कुम्भ अपूर्ण है और अप्रिय भी है।

ख—इसी प्रकार पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुप (धन या श्रुत आदि से पूर्ण है और उदार हृदय है अतः प्रिय है।

२. एक पुरुप पूर्ण है किन्तु मलिन हृदय होने से अप्रिय है।

शेष भांगे पूर्वोक्त क्रम से कहें।

५ क—कुम्भ चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक कुम्भ (जल से) पूर्ण है—किन्तु उसमें पानी झरता है।

२. एक कुम्भ (जल से) पूर्ण है—किन्तु उसमें से पानी झरता नहीं है।

३. एक कुम्भ (जल से) अपूर्ण है किन्तु झरता है।

४. एक कुम्भ अपूर्ण है किन्तु झरता नहीं है।

ख—इसी प्रकार पुरुप चार प्रकार के हैं यथा—

१. एक पुरुष (धन या श्रुत से) पूर्ण है और धन या श्रुत देता भी है।

२. एक पुरुष पूर्ण है किन्तु देता नहीं है।

३. एक पुरुष (धन या श्रुत से) अपरिपूर्ण है किन्तु यथाशक्ति या यथाज्ञान देता भी है।

४. एक पुरुष अपूर्ण है और देता भी नहीं है।

६ क—कुम्भ चार प्रकार के हैं। यथा—

१. खंडित, २. जोजरा,

३. कच्चा (जिसमें से पानी झरता है।)

४. पक्का (जिसमें से पानी नहीं झरता है।)

ख—इसी प्रकार पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष मूल प्रायश्चित्त योग्य (पुनः दीक्षा देने योग्य) होता है।

२. एक पुरुष छेदादि प्रायश्चित्त योग्य होता है।

३. एक पुरुष सूक्ष्म अतिचार युक्त होता है।

४. एक पुरुष निरतिचार, चारित्र युक्त होता है।

७ क—कुंभ चार प्रकार के है, यथा—

१. एक मधु कुम्भ है और उसका ढक्कन भी मधु पूरित है।

२. एक मधु कुम्भ है किन्तु उसका ढक्कन विष पूरित है।

३. एक विष कुम्भ है किन्तु उसका ढक्कन मधु पूरित है।

४. एक विष कुम्भ है और उसका ढक्कन भी विष पूरित है।

ख—इसी प्रकार पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष सरल हृदय है और मधुरभाषी है।

२. एक पुरुष सरल हृदय है किन्तु कटुभाषी है।

३. एक पुरुष मायावी है किन्तु मधुरभाषी भी नहीं है।

४. एक पुरुष मायावी है किन्तु मधुरभाषी भी है।

गाथार्थ—१. जिस पुरुष का हृदय निष्पाप एवं निर्मल हैं और जिसकी जिह्वा भी सदा मधुर भाषिणी है। उस पुरुष को मधु ढक्कन वाले मधु कुम्भ की उपमा दी जाती है।

२. जिस पुरुष का हृदय निष्पाप एवं निर्मल है किन्तु उसकी जिह्वा सदा कटुभाषिणी है तो उस पुरुष को विष पूरित ढक्कन वाले मधु कुम्भ की उपमा दी जाती है।

३. जो पापी एवं मलिन हृदय है और जिसकी जिह्वा सदा मधुरभाषिणी है। उस पुरुष को मधुपूरित ढक्कन वाले विष कुम्भ की उपमा दी जाती है।

४. जो पापी एवं मलिन हृदय है और जिसकी जिह्वा सदा कटुभाषिणी है उस पुरुष को विषपूरित ढक्कन वाले विष कुम्भ की उपमा दी जाती है।

३६१ १ क—उपसर्ग चार प्रकार के हैं। यथा—

१. देवकृत, २. मनुष्य कृत,
३. तिर्यंचकृत और ४. आत्मकृत।

ख—देवकृत उपसर्ग चार प्रकार के हैं। यथा—

१. उपहास करके उपसर्ग करता है।

२. द्वेष करके उपसर्ग करता है।

३. परीक्षा के बहाने उपसर्ग करता है।

४. विविध प्रकार के उपसर्ग करता है।

ग—मनुष्य कृत उपसर्ग चार प्रकार के हैं। यथा—

१-३ पूर्ववत्।

४. मैथुन सेवन की इच्छा से उपसर्ग करता है।

घ—तिर्यंच कृत उपसर्ग चार प्रकार के हैं। यथा—

१. भयभीत होकर उपसर्ग करता है।

२. द्वेष भाव से उपसर्ग करता है।

३. आहार (वासादि) के लिये उपसर्ग करता है।

४. स्वस्थान की रक्षा के लिये उपसर्ग करता है।

ङ—आत्मकृत उपसर्ग चार प्रकार के हैं। यथा—

१. संघट्टन से-आंख में पड़ी हुई रज आदि को हाथ से निकालने पर पीड़ा होती है।

२. गिर पड़ने से।

३. अधिक देर तक एक आसन से बैठने पर पीड़ा होती है।

४. पग संकुचित कर अधिक देर तक बैठने से पीड़ा होती है।

३६२ १ क—कर्म चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक कर्म प्रकृति शुभ है और उसका हेतु भी शुभ है। अर्थात् पुण्यानुबंधी पुण्य।

२. एक कर्म प्रकृति शुभ है किंतु उसका हेतु अशुभ है। अर्थात् पापानुबंधी पुण्य।

३. एक कर्म प्रकृति अशुभ है किन्तु उसका हेतु शुभ है। अर्थात् पुण्यानुबंधी पाप।

४. एक कर्म प्रकृति अशुभ है और उसका हेतु भी अशुभ है। अर्थात् पापानुबंधी पाप।

ख—कर्म चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक कर्म प्रकृति का बंध शुभ रूप में हुआ और उसका उदय भी शुभ रूप में हुआ।

२. एक कर्म प्रकृति का बंध शुभ रूप में हुआ किन्तु संक्रमकरण से उसका उदय अशुभ रूप में हुआ।

३. एक कर्म प्रकृति का बंध अशुभ रूप में हुआ किंतु संक्रमकरण से उसका उदय शुभ रूप में हुआ।

४. एक कर्म प्रकृति का बंध अशुभ रूप में हुआ और उसका उदय भी अशुभ रूप में हुआ।

२—कर्म चार प्रकार के हैं। यथा—

१. प्रकृति कर्म, २. स्थिति कर्म,
३. अनुभाव कर्म और ४. प्रदेश कर्म।

३६३ १—संघ चार प्रकार का है। यथा—

१. श्रमण, २. श्रमणियां,
३. श्रावक, और ४. श्राविकायें।

३६४ १—बुद्धि चार प्रकार की है। यथा—

१. उत्पातिया[1]

---

१ अविलम्ब उत्पन्न होने वाली बुद्धि।

२. वैनयिकी,[1]

३. कार्मिकी,[2] और

४. पारिणामिकी ।[3]

२—मति चार प्रकार की है। यथा—

१. अवग्रहमति[4], २. ईहामति[5],

३. अवायमति[6], और ४. धारणामति[7] ।

३—मति चार प्रकार की है। यथा—

१. घड़े के पानी जैसी[8], २. नाले के पानी जैसी,[9]

---

१ विनय से उत्पन्न होने वाली बुद्धि ।

२ निरन्तर कार्य करते रहने से होने वाली बुद्धि ।

३ अनेक अनुभवों से उत्पन्न होने वाली बुद्धि ।

४ वस्तु के सामान्य स्वरूप का ज्ञान कराने वाली मति ।

५ वस्तु के विशेष स्वरूप की जिज्ञासा वाली मति ।

६ वस्तु का यथार्थ स्वरूप जानने वाली मति ।

७ वस्तु के स्वरूप का विस्मरण न हो ऐसी मति ।

८ घड़े का पानी जल्दी खाली हो जाता है इसी प्रकार चिंतन मनन में अल्प सामर्थ्य वाली मति ।

९ नाले का पानी कुछ देर से खाली हो जाता है इसी प्रकार चिंतन [illegible]धिक सामर्थ्य वाली मति ।

३. तालाब के पानी जैसी[1] ४. समुद्र के पानी जैसी,[2]

३६५ १ संसारी जीव चार प्रकार के हैं। यथा :

१. नैरयिक, २. तिर्यंच ३. मनुष्य और ४. देव।

२ सभी जीव चार प्रकार के हैं। यथा

१. मनयोगी, २. वचन योगी,
३. काय योगी और ४. अयोगी।

३ सभी जीव चार प्रकार के हैं। यथा

१. स्त्री वेदी, २. पुरुष वेदी।
३. नपुंसक वेदी और ४. अवेदी।

४ सभी जीव चार प्रकार के हैं। यथा

१. चक्षुदर्शन वाले, २. अचक्षु दर्शन वाले।
३. अवधि दर्शन वाले, ४. केवल दर्शन वाले।

५ सभी जीव चार प्रकार के हैं। यथा

१. संयत, २. असंयत।
३. संयतासंयत और ४. नोसंयत-नोअसंयत।

---

१ सरोवर का पानी खाली नहीं होता है इसी प्रकार चिंतन मनन में जो कभी थकती नहीं वैसी मति।

२ समुद्र का पानी सदा समान रहता है इसी प्रकार सदा समान रहने वाली मति।

३६६ १क—पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष इहलोक का भी मित्र है और परलोक का भी मित्र है।[1]

२. एक पुरुष इहलोक का तो मित्र है किन्तु परलोक का मित्र नहीं है।[2]

३. एक पुरुष परलोक का तो मित्र है किन्तु इहलोक का मित्र नहीं है।[3]

४. एक पुरुष इहलोक का भी मित्र नहीं है और परलोक का भी मित्र नहीं है।[4]

ख—पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष अन्तरंग मित्र है और बाह्य स्नेह भी पूर्ण मित्रता का है।

२. एक पुरुष अन्तरंग मित्र तो है किन्तु बाह्य स्नेह प्रदर्शित नहीं करता है।

३. एक पुरुष बाह्य स्नेह तो प्रदर्शित करता है किन्तु अन्तरंग में शत्रुभाव है।[5]

४. एक पुरुष अन्तरंग (हृदय में) में भी शत्रु भाव

---

१. सद्गुरु २. स्वार्थी सम्बन्धी, ३. जिनके प्रतिकूल आचरण से वैराग्य हो. ४. शत्रु ५. कुलटा स्त्री।

रखता है। और बाह्य व्यवहार से भी शत्रु है।

२क—पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष द्रव्य (बाह्य व्यवहार) से भी मुक्त है और भाव (आसक्ति) से भी मुक्त है।[1]

२. एक पुरुष द्रव्य (बाह्य व्यवहार) से तो मुक्त है किन्तु भाव (आसक्ति) से मुक्त नहीं है।[2]

३. एक पुरुष भाव (आसक्ति) से तो मुक्त है किन्तु द्रव्य (बाह्य व्यवहार) से मुक्त नहीं है।[3]

४. एक पुरुष द्रव्य से भी मुक्त नहीं है और भाव से भी मुक्त नहीं है।[4]

ख—पुरुष चार प्रकार के हैं। यथा—

१. एक पुरुष (आसक्ति से) मुक्त है और (संयत वेष का धारक होने से) मुक्त रूप है।[5]

२. एक पुरुष (आसक्ति से तो) मुक्त है किन्तु (संयत वेष का धारक न होने से) मुक्त रूप नहीं है।[6]

३. एक पुरुष संयत वेष का धारक है अतः मुक्त रूप तो है किन्तु आसक्ति होने से मुक्त नहीं है।[7]

---

१. सुसाधु, २. रंक, ३. भरत चक्रवर्तीवत्, ४. गृहस्थ, ५. यति, ६. शिवकुमारवत्, ७. छद्मवेषी यति।

४. एक पुरुष (असक्ति होने से) मुक्त भी नहीं है और संयत वेष भूषा का धारक न होने से मुक्त रूप भी नहीं है।[1]

३६७ १—(क-ख) पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनिक जीव मरकर चारों गतियों में उत्पन्न होते हैं और चारों गतियों में से आकर पंचेन्द्रिय तिर्यंचों में उत्पन्न होते हैं। यथा—

१. नैरयिकों से, २. तिर्यंचों से,
३. मनुष्यों से और ४. देवताओं से।

२क-ख—मनुष्य मरकर चारों गतियों में उत्पन्न होते हैं और चारों गतियों में से आकर मनुष्यों में उत्पन्न होते हैं।

३६८ १क—द्वीन्द्रिय जीवों की हिंसा न करने वाला चार प्रकार का संयम करता है यथा—

१. जिह्वेन्द्रिय के सुख को नष्ट नहीं करता।

२. जिह्वेन्द्रिय सम्वन्धी दुख नहीं देता।

३. स्पर्शेन्द्रिय के सुख को नष्ट नहीं करता।

४. स्पर्शेन्द्रिय सम्वन्धी दुख नहीं देता।

ख—द्वीन्द्रिय जीवों की हिंसा करने वाला चार प्रकार

---

१ गृहस्थ।

का असंयम करता है। यथा--

१. जिह्वेन्द्रिय के सुख को नष्ट करता है।

२. जिह्वेन्द्रिय सम्बन्धी दुख देता है।

३. स्पर्शेन्द्रिय के सुख को नष्ट करता है।

४. स्पर्शेन्द्रिय सम्बन्धी दुख देता है।

३६९ १क--सम्यग्दृष्टि नैरयिक चार क्रियायें करते हैं। यथा--

१. आरम्भिकी २. पारिग्रहिकी,

३. मायाप्रत्यया, और ४. अप्रत्याख्यान क्रिया।

ख--विकलेन्द्रिय छोड़कर शेष सभी दण्डकों के जीव चार क्रियायें करते हैं। पूर्ववत्।

३७० १क--चार कारणों से पुरुष दूसरे के गुणों को छिपाता है।

यथा--१. क्रोध से, २. ईर्ष्या से,

३. कृतघ्न होने से और ४. दुराग्रही होने से।

ख--चार कारणों से पुरुष दूसरे के गुणों को प्रकट करता है। यथा--

१. प्रशंसक स्वभाव वाला व्यक्ति।

२. दूसरे के अनुकूल व्यवहार वाला।

३. स्वकार्य साधक व्यक्ति।

४. प्रत्युपकार करने वाला।

३७१ १क—चार कारणों से नैरयिक शरीर की उत्पत्ति प्रारम्भ होती है। यथा—

१. क्रोध से, २. मान से,
३. माया से, और ४. लोभ से।

शेष सभी दण्डकवर्ती जीवों के शरीर की उत्पत्ति का प्रारम्भ भी इन्हीं चार कारणों से होता है।

ख—चार कारणों से नैरयिकों के शरीर की पूर्णता होती है। यथा—

१. क्रोध से यावत् लोभ से।

शेष सभी दण्डकवर्ती जीवों के शरीर की पूर्णता भी इन्हीं चार कारणों से होती है।

३७२ १—धर्म के चार द्वार हैं। यथा—

१. क्षमा, २. निर्लोभता,
३. सरलता और ४. मृदुता।

३७३ १क—चार कारणों से नरक में जाने योग्य कर्म बंधते हैं।

यथा—१. महा आरम्भ (हिंसा) करने से,

२. महापरिग्रह (संग्रह) करने से।

३. पंचेन्द्रिय जीवों को मारने से।

४. मांस आहार करने से।

ख—चार कारणों से तिर्यंचों में उत्पन्न होने योग्य कर्म बंधते हैं। यथा—

१. मन की कुटिलता से।

२. वेष बदलकर ठगने से।

३. झूठ बोलने से, ४. खोटे तोल माप बरतने से।

ग—चार कारणों से मनुष्यों में उत्पन्न होने योग्य कर्म बँधते हैं। यथा—

१. सरल स्वभाव से, २. विनम्रता से,

३. अनुकम्पा से, ४. मात्सर्यभाव न रखने से

घ—चार कारणों से देवताओं में उत्पन्न होने योग्य कर्म। बँधते हैं। यथा—

१. सराग संयम से, २. श्रावक जीवनचर्या से,

३. अज्ञान तप से[3] और ४. अकामनिर्जरा से[2]।

३७४ १—वाद्य चार प्रकार के हैं। यथा—

१. तत (वीणा आदि), २. वितत (ढोल आदि),

---

१ विवेक बिना जो तपश्चर्या की जाती है वह अज्ञानतप कहा जाता है।

२ इच्छा के बिना जो कष्ट सहा जाय और उससे जो कर्मक्षय हो उसे अकाम निर्जरा कहते हैं।

३. घन (कांस्यताल आदि), और

४. शुपिर (बांसुरी आदि)।

२—नाट्य (नाटक) चार प्रकार के हैं। यथा—

१. ठहर-ठहर कर नाचना।

२. संगीत के साथ नाचना।

३. संकेतों से भावाभिव्यक्ति करते हुये नाचना।

४. झुककर या लेट कर नाचना।

३—गायन चार प्रकार का है। यथा—

१. नाचते हुये गायन करना।

२. छंद (पद्य) गायन।

३. मंद-मंद स्वर से गायन करना।

४. शनैः शनैः स्वर को तेज करते हुए गायन करना।

४—पुष्प रचना चार प्रकार की है। यथा—

१. सूत के धागे से गूँथकर की जाने वाली पुष्प रचना।

२. चारों ओर पुष्प बींटकर की जाने वाली रचना।

३. पुष्प आरोपित करके की जाने वाली रचना।

४. परस्पर पुष्प नाल मिलाकर की जाने वाली रचना।

५—अलंकार चार प्रकार के हैं। यथा—

१. केशालंकार, २. वस्त्रालंकार,

३. माल्यालंकार, और ४. आभरणालंकार।

६—अभिनय चार प्रकार का है। यथा—

१. किसी घटना का अभिनय करना।

२. महाभारत का अभिनय करना।

३. राजा मन्त्री आदि का अभिनय करना।

४. मानव जीवन की विभिन्न अवस्थाओं का अभिनय करना।

३७५ १—सनत्कुमार और माहेन्द्रकल्प में चार वर्ण के विमान हैं। यथा—

१. नीले, २. रक्त, ३. पीत और ४. श्वेत।

२—महाशुक्र और सहस्रारकल्प में देवताओं के शरीर चार हाथ के ऊँचे हैं।

३७६ १ क—पानी के गर्भ चार प्रकार के हैं।[1] यथा—

१. ओस, २. धुंवर,

३. अतिशीत और ४. अतिगरम।

ख—पानी के गर्भ चार प्रकार के हैं। यथा—

१. हिमपात।

२. बादल से आकाश का आच्छादित होना।

---

१. यहाँ गर्भ का अर्थ वर्षा का हेतु है।

३. अतिशीत या अतिगरमी होना।

४. (१) वायु, (२) बद्दल, (३) गाज, (४) बिजली और (५) बरसना इन पांचों का संयुक्त रूप से होना।

गाथार्थ—१. माघ मास में हिमपात से, २. फाल्गुन मास में बादलों से, ३. चैत्र मास में अधिक शीत से और ४. वैशाख में ऊपर कहे संयुक्त पाँच प्रकार से पानी का गर्भ स्थिर होता है।[1]

३७७ १ —मनुष्यणी (स्त्री) के गर्भ चार प्रकार के हैं। यथा—

१. स्त्री रूप में, २. पुरुष रूप में,

३. नपुंसक रूप में और, ४. बिंब रूप में।[2]

गाथार्थ—१. अल्प शुक्र और अधिक ओज का मिश्रण होने से गर्भ स्त्री रूप में उत्पन्न होता है। अल्प ओज और अधिक शुक्र का मिश्रण होने से गर्भ पुरुष रूप में

---

१. इन लक्षणों के अनुसार जिस दिन पानी का गर्भ स्थिर होता है उससे ६ या ७ माह पश्चात् वर्षा होती है। टीकाकार अन्य ग्रन्थों के कुछ और श्लोक उद्धृत करके उदक गर्भ की स्थिति के हेतु बताते हैं अतः टीका देखें।

२. गर्भ केवल पिंड रूप में उत्पन्न होता है अतः उसमें किसी प्रकार की आकृति नहीं होती।

उत्पन्न होता है। ओज और शुक्र के समान मिश्रण से गर्भ नपुंसक रूप में उत्पन्न होता है। स्त्री का स्त्री से सहवास होने पर गर्भ बिंब रूप में उत्पन्न होता है।

३७८ १ —उत्पाद पूर्व के चार मूल वस्तु हैं।

३७९ १ —काव्य चार प्रकार के हैं। यथा—

१. गद्य[1], २. पद्य[2] ३. कथ्य[3] और ४. गेय[4]।

३८० १ क—नैरयिक जीवों के चार समुद्घात है।[5] यथा—

१. वेदना समुद्घात।

२. कषाय समुद्घात।

३. मारणांतिक समुद्घात और

४. वैक्रिय समुद्घात।

ख—वायुकायिक जीवों के भी ये चार समुद्घात हैं।

३८१ १ —अर्हन्त अरिष्टनेमि—(नेमिनाथ) के चार सौ चौदह पूर्वधारी श्रमणों की उत्कृष्ट सम्पदा थी। वे जिन न

---

१. छंद रहित, २. छंद बद्ध, ३. कथारूप, ४. गाने योग्य।

५. आत्म शक्ति से कर्म दलिकों में की जाने वाली एक विशेष प्रक्रिया को समुद्घात कहते हैं।

होते हुए भी जिनसदृश थे। जिनकी तरह पूर्ण यथार्थ वक्ता थे और सर्व अक्षर संयोगों के पूर्ण ज्ञाता थे।

३८२ —श्रमण भगवान महावीर के चार सौ वादी मुनियों की उत्कृष्ट संपदा थी। वे देव, मनुष्य असुरों की परिषद में कदापि पराजित होने वाले न थे।

३८३ १ क—नीचे के चार कल्प अर्ध चन्द्राकार हैं। यथा—

१. सौधर्म, २. ईशान,
३. सनत्कुमार और ४. माहेन्द्र।

ख—विचले चार कल्प पूर्ण चन्द्राकार हैं।

१. ब्रह्मलोक, २. लांतक,
३. महाशुक्र और ४. सहस्रार।

ग—ऊपर के चार कल्प अर्ध चन्द्राकार हैं। यथा—

१. आनत, २. प्राणत,
३. आरण और ४. अच्युत।

३८४ १ —चार समुद्रों में से प्रत्येक समुद्र के पानी का स्वाद भिन्न-भिन्न प्रकार का है। यथा—

१. लवण समुद्र के पानी का स्वाद लवण जैसा खारा है।

२. वरुणोद समुद्र के पानी का स्वाद मद्य जैसा है।

३. क्षीरोद समुद्र के पानी का स्वाद दूध जैसा है।

४. घृतोद समुद्र के पानी का स्वाद घी जैसा है।

३८५ १ क—आवर्त चार प्रकार के हैं।[1] यथा—

१. खरावर्त-समुद्र में चक्र की तरह पानी का घूमना।

२. उन्नतावर्त-पर्वत पर चक्र की तरह घूमकर चढ़ने वाला मार्ग।

३. गूढ़ावर्त-दड़ी पर रस्सी से की जाने वाली गुंथन।

४. आमिषावर्त-मांस के लिए आकाश में पक्षियों का घूमना।

ख —कषाय चार प्रकार के हैं। यथा—

१. खरावर्त समान क्रोध।

२. उन्नतावर्त समान मान।

३. गूढावर्त समान-माया।

४. आमिषावर्त समान लोभ।

ग —१. खरावर्त समान क्रोध करने वाला जीव मरकर नरक में उत्पन्न होता है।

२. इसी प्रकार उन्नतावर्त समान मान करने वाला जीव।

३. गूढ़ावर्त समान माया करने वाला जीव, और

---

१. किसी भी पदार्थ का गोल घूमना 'आवर्त' कहा जाता है।

४. आमिषावर्त समान लोभ करने वाला जीव मरकर नरक में उत्पन्न होता है।

३८६ १ क—अनुराधा नक्षत्र के चार तारे हैं।

ख-ग—इसी प्रकार पूर्वाषाढ़ा और उत्तराषाढ़ा नक्षत्र के चार-चार तारे हैं।

३८७ १ क—चार स्थानों में संचित पुद्गल पाप कर्म रूप में एकत्र हुए हैं, होते हैं और भविष्य में भी होंगे। यथा—

१. नारकीय जीवन में एकत्रित पुद्गल।

२. तिर्यंच जीवन में एकत्रित पुद्गल।

३. मनुष्य जीवन में एकत्रित पुद्गल।

४. देव जीवन में एकत्रित पुद्गल।

ख-च—इसी प्रकार पुद्गलों का उपचय, बंध, उदीरण, वेदन और निर्जरा के एक-एक सूत्र कहें।

३८८ १ क—चार प्रदेश वाले स्कन्ध अनेक हैं।

ख—चार आकाश प्रदेश में रहे हुए पुद्गल अनन्त हैं।

ग—चार गुण वाले पुद्गल अनन्त हैं।

घन्व—चार गुण रुखे पुद्गल अनन्त हैं।

—चतुर्थ स्थानक चतुर्थ उद्देशक समाप्त—

॥ चतुर्थ स्थान समाप्त ॥

पांचवाँ स्थान : प्रथम उद्देशक

३८९ क—महाव्रत पाँच कहे गये हैं। यथा—

१. प्राणातिपात से सर्वथा विरत होना—

२-५ यावत् परिग्रह से सर्वथा विरत होना।

ख—अणुव्रत पाँच कहे गये हैं। यथा—

१. स्थूल प्राणातिपात से विरत होना।

२. स्थूल मृषावाद से विरत होना।

३. स्थूल अदत्तादान से विरत होना।

४. स्व-स्त्री में सन्तुष्ट रहना।

५. इच्छाओं (परिग्रह) की मर्यादा करना।

३९० क—वर्ण पांच कहे गये हैं। यथा—

१. कृष्ण, २. नील, ३. रक्त ४. पीत, ५. शुक्ल।

ख—रस पाँच कहे गये हैं। यथा—

१. तिक्त यावत्—२-५ मधुर।

ग—काम गुण पांच कहे गये हैं। यथा—

१. शब्द, २. रूप, ३. गंध, ४. रस, ५. स्पर्श।

घ—इन पांचों में जीव आसक्त हो जाते हैं। यथा—

१. शब्द, यावत् २-५ स्पर्श में।

(ङ-झ)—इसी प्रकार पूर्वोक्त पाँचों में जीव राग भाव को प्राप्त होते हैं।

" " मूर्छा भाव को "
" " गृद्धि भाव को "
" " आकांक्षा भाव को "
" " मरण को "

(ञ)—इन पांचों का ज्ञान न होना जीवों के अहित के लिए होता है।

" " " अशुभ "
" " " अनुचित "
" " " अकल्याण "
" " " अनानुगामिता के "

यथा—

शब्द, यावत् २-५ स्पर्श।

(ट)—इन पांचों का ज्ञान होना, त्याग होना जीवों के हित के लिए होता है।

,,	,,	,,	शुभ	के लिए होता है
,,	,,	,,	उचित	,,
,,	,,	,,	कल्याण	,,
,,	,,	,,	अनुगामिकता	,,

ठ—इन पाँच स्थानों का न जानना और न त्यागना जीवों की दुर्गतिगमन के लिए होता है। यथा—
१. शब्द, यावत् २-५ स्पर्श।

ड—इन पाँच स्थानों का ज्ञान और परित्याग जीवों की सुगतिगमन के लिए होता है।
यथा—१. शब्द यावत् २-५ स्पर्श।

३९१ क—पांच कारणों से जीव दुर्गति को प्राप्त होते हैं।
यथा—१. प्राणातिपात से, यावत् २-५ परिग्रह से।

ख—पांच कारणों से जीव सुगति को प्राप्त होते हैं।
यथा—१. प्राणातिपात विरमण से, यावत् २-५ परिग्रह विरमण से।

३९२ क—पांच प्रतिमाएं कही गई हैं। यथा—
१. भद्रा प्रतिमा, २. सुभद्रा प्रतिमा।
३. महाभद्रा प्रतिमा, ४. सर्वतोभद्रप्रतिमा।
५. भद्रोत्तर प्रतिमा।

३९३ क—पाँच स्थावर काय कहे गये हैं। यथा—

१. इन्द्र स्थावर काय (पृथ्वीकाय)

२. ब्रह्म स्थावर काय (अप्काय)

३. शिल्प स्थावर काय (तेजस्काय)

४. संमति स्थावर काय (वायुकाय)

५. प्राजापत्य स्थावर काय (वनस्पति काय)

ख—पाँच स्थावर कायों के ये पाँच अधिपति हैं। यथा—

१. पृथ्वीकाय का अधिपति (इन्द्र)

२. अप्काय का अधिपति (ब्रह्म)

३. तेजस्काय का अधिपति (शिल्प)

४. वायुकाय का अधिपति (संमति)

५. वनस्पतिकाय का अधिपति (प्रजापति)

:४ क—अवधि उपयोग की प्रथम प्रवृत्ति के समय अवधि ज्ञान-दर्शन। पाँच कारणों से चलित-क्षुब्ध होते हैं। यथा—

१. पृथ्वी को छोटी देखकर,

२. पृथ्वी को सूक्ष्म जीवों से व्याप्त देखकर,

३. महान अजगर का शरीर देखकर,

४. महान ऋद्धि वाले देव को अत्यन्त सुखी देखकर,

५. ग्राम नगरादि में अज्ञात एवं गड़े हुए स्वामीरहित खज़ानों को देखकर।

ख—किन्तु इन पाँच कारणों से केवलज्ञान-केवलदर्शन चलित-क्षुब्ध नहीं होता है। यथा—

१. पृथ्वी को छोटी देखकर यावत् २-५ ग्राम नगरादि में गड़े हुए अज्ञात खजानों को देखकर।

३६५ क—नैरयिकों के शरीर पाँच वर्ण वाले और पाँच रस वाले कहे गये हैं। यथा—

१. कृष्ण यावत्, २-५ शुक्ल।

२. तिक्त यावत्, २-५ मधुर।

इसी प्रकार वैमानिक देव पर्यन्त २४ दण्डक के शरीरों के वर्ण और रस कहने चाहिए।

ख—पाँच शरीर कहे गये हैं, यथा—

१. औदारिक शरीर,

२. वैक्रिय शरीर,

३. आहारक शरीर,

४. तेजस शरीर,

५. कार्मणशरीर।

ग—औदारिक शरीर के पाँच वर्ण और पाँच रस कहे गये हैं। यथा—

१. कृष्ण, यावत् २-५ शुक्ल।

२. तिक्त, यावत् २-५ मधुर।

घ-छ—इसी प्रकार कार्मण शरीर पर्यन्त वर्ण और रस कहने चाहिये। सभी स्थूलदेहधारियों के शरीर पांच वर्ण,

पांच रस, दो गंध और आठ स्पर्श युक्त हैं।

२६ क—पाँच कारणों से प्रथम और अन्तिम जिन का उपदेश उनके शिष्यों को उन्हें समझने में कठिनाई होती है।

१. दुराख्येय—आयास साध्य व्याख्या युक्त।

२. दुर्विभजन—विभाग करने में कष्ट होता है।

३. दुर्दर्श—कठिनाई से समझ में आता है।

४. दुःसह—परीषह सहन करने में कठिनाई होती है।

५. दुरनुचर—जिनाज्ञानुसार आचरण करने में कठिनाई होती है।

ख—पाँच कारणों से मध्य के २२ जिनका उपदेश उनके शिष्यों को सुगम होता है। यथा—

१. सुआख्येय—व्याख्या सरलतापूर्वक करते हैं।

२. सुविभाज्य—विभाग करने में किसी प्रकार का कष्ट नहीं होता।

३. सुदर्श—सरलतापूर्वक समझ लेते हैं।

४. सुसह—शांतिपूर्वक परीषह सहन करते हैं।

५. सुचर—प्रसन्नतापूर्वक जिनाज्ञानुसार आचरण करते हैं।

ग—भगवान महावीर ने श्रमण निर्ग्रन्थों के लिए पाँच सद्गुण सदा प्रशस्त एवं आचरण योग्य कहे हैं।

यथा—१. क्षमा, २. निर्लोभता,

३. सरलता, ४. मृदुता, ५. लघुता।

घ—भगवान महावीर ने श्रमण निर्ग्रन्थों के लिए पाँच सद्गुण सदा प्रशस्त एवं आचरण योग्य कहे हैं।

यथा—१. सत्य, २. संयम,
३. तप, ४. त्याग, ५.ब्रह्मचर्य।

ङ—भगवान महावीर ने श्रमण निर्ग्रन्थों के लिए पाँच अभिग्रह सदा प्रशस्त एवं आचरण योग्य कहे हैं। यथा—

१. उक्षिप्तचारी—'यदि ग्रहस्थ रांधने के पात्र में से जीमने के पात्र में अपने खाने के लिए आहार ले और उस आहार में से दे तो लेउं।' ऐसा अभिग्रह करने वाला मुनि।

२. निक्षिप्तचारी—'रांधने के पात्र में से निकाला हुआ आहार यदि गृहस्थ दे तो लेउँ।' ऐसा अभिग्रह करने वाला मुनि।

३. अंतचारी—भोजन करने के पश्चात् बढ़ा हुआ आहार लेने वाला मुनि।

४. प्रान्तचारी—तुच्छ आहार लेने का अभिग्रह करने वाला मुनि।

५. रूक्षचारी—लूखा आहार लेने का अभिग्रह करने

वाला मुनि ।

च—भगवान महावीर ने श्रमण निर्ग्रन्थों के लिये पांच अभिग्रह सदा प्रशस्त एवं आचरण योग्य कहे हैं। यथा—

१. अज्ञातचारी—अपनी जाति-कुल आदि का परिचय दिये बिना आहार लेने के अभिग्रह वाला मुनि ।

२. अन्य ग्लानचारी—दूसरे रोगी के लिए भिक्षा लाने वाला मुनि ।

३. मौनचारी—मौनव्रत धारी मुनि ।

४. संसृष्टकल्पिक—लेप वाले हाथ से कल्पनीय आहार दे तो लेऊं। ऐसी प्रतिज्ञा वाला मुनि ।

५—तज्जात संसृष्ट कल्पिक—प्रासुक पदार्थ के लेप वाले हाथ से आहार दे तो लेऊं। ऐसे अभिग्र हवाला मुनि।

छ—भगवान महावीर ने श्रमण निर्ग्रन्थों के लिए पाँच अभिग्रह प्रशस्त एवं सदा आचरण के योग्य कहे हैं।

यथा—१. औपनिधिक—अन्य स्थान से लाया हुआ आहार लेने वाला मुनि ।

२. शुद्धैषणिक—निर्दोष आहार की गवेषणा करने वाला मुनि ।

३. संख्यादत्तिक—आज इतनी दत्ति (निर्धारित संख्या के अनुसार) ही आहार लेऊँगा ऐसा अभिग्रह

करके आहार की एषणा करने वाला मुनि ।

४. दृष्टलाभिक—देखी हुई वस्तु लेने के संकल्प वाला मुनि ।

५. पृष्ठलाभिक—(क) आपको आहार (आदि) दूं ?—इस प्रकार पूछकर आहार दे तो लेऊं ऐसी प्रतिज्ञा वाला मुनि ।

—अथवा 'आहार निर्दोष है या सदोष ? इस प्रकार पूछ कर आहार लेने वाला मुनि ।

ज—भ० महावीर ने श्रमण निर्ग्रन्थों के लिए पाँच अभिग्रह प्रशस्त एवं सदा आचरण करने योग्य कहे हैं । यथा—

१. आचाम्लिक—आयम्बिल करने वाला मुनि ।

२. निर्विकृतिक—घी आदि की विकृति को न लेने वाला मुनि ।

३. पुरिमार्धक—दिन के पूर्वार्ध तक (दो प्रहर तक) प्रत्याख्यान करने वाला मुनि ।

४. परिमितपिण्डपातिक—परिमित आहार लेने वाला मुनि ।

५. भिन्न पिण्डपातिक—अखण्ड,नहीं किन्तु टुकड़े-टुकड़े किया हुआ आहार लेने वाला मुनि ।

झ—भ० महावीर ने श्रमण निर्ग्रन्थों के लिए पाँच अभिग्रह प्रशस्त एवं सदा आचरण योग्य कहे हैं। यथा—

१. अरसाहारी, २. विरसाहारी, ३. अंताहारी, ४. प्रान्ताहारी, ५. रुक्षाहारी।

ञ—भ० महावीर ने श्रमण निर्ग्रन्थों के लिए पाँच अभिग्रह प्रशस्त एवं सदा आचरण योग्य कहे हैं। यथा—

१. अरसजीवी, २, विरसजीवी, ३. अंतजीवी, ४. प्रान्तजीवी, ५. रुक्षजीवी।

ट—भ० महावीर ने श्रमण निर्ग्रन्थों के लिए पाँच अभिग्रह प्रशस्त एवं सदा आचरण योग्य कहे हैं। यथा—

१. स्थानातिपद—कायोत्सर्ग करने वाला मुनि।

२. उत्कटुकासनिक—उकडु आसन बैठने वाला मुनि।

३. प्रतिमास्थायी—'एक रात्रिकी' आदि प्रतिमाओं को धारण करने वाला मुनि।

४. वीरासनिक—वीरासन से बैठने वाला मुनि।

५. नैषधिक—पालथी लगाकर बैठने वाला मुनि।

ठ—भ० महावीर ने श्रमण निर्ग्रन्थों के लिए पाँच अभिग्रह सदा प्रशस्त एवं आचरण योग्य कहे हैं। यथा—

१. दण्डायतिक—सीधे पैर कर सोने वाला मुनि।

२. लगडशायी—आँके वाँके पैर व कमर कर सोने वाला मुनि ।

३. आतापक—शीत या ग्रीष्म की आतापना लेने वाला मुनि ।

४. अपावृतक—वस्त्र रहित रहने वाला मुनि ।

५. अकण्डूयक—खाज न खुजाने वाला मुनि ।

३९७ क—पाँच कारणों से श्रमण निर्ग्रन्थ की महानिर्जरा और महापर्यवसान—मुक्ति होती है। यथा—

१. ग्लानि के बिना आचार्य की सेवा करने वाला
२. " उपाध्याय की सेवा करने वाला
३. " स्थविर की सेवा करने वाला
४. " तपस्वी की सेवा करने वाला
५. " ग्लान की सेवा करने वाला

ख—पाँच कारणों से श्रमण निर्ग्रन्थ की महानिर्जरा और महापर्यवसान होता है। यथा—

१. ग्लानि के बिना नवदीक्षित की सेवा करने वाला
२. " कुल की सेवा करने वाला
३. " गण की सेवा करने वाला
४. " संघ की सेवा करने वाला
५. " स्वधर्मी की सेवा करने वाला

९८ क—पाँच कारणों से श्रमण निर्ग्रन्थ साम्भोगिक साधर्मिक को विसंभोगी करे तो जिनाज्ञा का अतिक्रमण नहीं करता है। यथा—

१. अकृत्य करने वाले को।

२. अकृत्य करके आलोचना न करने वाले को।

३. आलोचना करके प्रायश्चित्त न करने वाले को।

४. प्रायश्चित लेकर भी आचरण न करने वाले को।

५. "अरे! ये स्थविर ही बार-बार अकृत्य का सेवन करते हैं तो ये मेरा क्या कर सकेंगे।" ऐसा कहने वाले को।

ख—पाँच कारणों से श्रमण निर्ग्रन्थ (आचार्य) साम्भोगिक को पाराञ्चिक प्रायश्चित दे तो जिनाज्ञा का अतिक्रमण नहीं करता है। यथा—

१. स्वकुल में भेद डालने के लिए कलह करने वाले को।

२. स्वगण में भेद डालने के लिए कलह करने वाले को।

३. हिंसा प्रेक्षी—साधु आदि को मारने के लिए उनका शोध करने वाले को।

४. छिद्र प्रेक्षी—साधु आदि को मारने के लिए अव-

सर की तलाश में रहने वाले को।

५. प्रश्न विद्या का बार-बार प्रयोग करने वाले को।

३९९ क—आचार्य और उपाध्याय के गण में विग्रह (कलह) के पाँच कारण हैं। यथा—

१. आचार्य या उपाध्याय गण में रहने वाले श्रमणों को आज्ञा[1] या निषेध[2] सम्यक् प्रकार से न करे।

२. गण में रहने वाले श्रमण दीक्षा पर्याय के क्रम से सम्यक् प्रकार से वंदना न करे।

३. गण में काल क्रम से जिसको जिस आगम की वाचना देनी है उसे उस आगम की वाचना न दे।

४. आचार्य या उपाध्याय अपने गण में ग्लान (रोगी) या शैक्ष्य (नवदीक्षित) की सेवा के लिए सम्यक् व्यवस्था न करे।

५. गण में रहने वाले श्रमण गुरु की आज्ञा के बिना विहार करे।

ख—आचार्य उपाध्याय के गण में अविग्रह (कलह न होने) के पाँच कारण हैं। यथा—

---

१ हे मुनि! यह कार्य करो—यह आज्ञा है।

२ हे मुनि! यह कार्य न करो यह निषेध है इसे ही 'धारणा' कहा जाता है।

१. आचार्य या उपाध्याय गण में रहने वाले श्रमणों को आज्ञा या निषेध सम्यक् प्रकार से करे।

२. गण में रहने वाले श्रमण दीक्षा पर्याय के क्रम से सम्यक् प्रकार वंदना करे।

३. गण में कालक्रम से जिसको जिस आगम की वाचना देनी है उसे उस आगम की वाचना दे।

४. आचार्य या उपाध्याय अपने गण में ग्लान या शैक्ष्य (नवदीक्षित) की सेवा के लिए सम्यक् व्यवस्था करे।

५. गण में रहने वाले श्रमण गुरु की आज्ञा से विहार करें।

४०० क—पांच निषद्यायें (बैठने के ढंग) कही गई हैं। यथा—

१. उत्कुटिका—उकडु बैठना।

२. गोदोहिका—गाय दुहे उस आसन से बैठना।

३. समपादपुता—पैर और पुत से पृथ्वी का स्पर्श करके बैठना।

४. पर्यंका—पालथी मारकर बैठना।

५. अर्धपर्यंका—अर्ध पद्मासन से बैठना।

ख पांच आर्जव (संवर) के हेतु कहे गये हैं। यथा—

१. शुभ आर्जव, २. शुभ मार्दव, ३. शुभ लाघव,

४. शुभ क्षमा, ५. शुभ निर्लोभता।

४०१ क—पाँच ज्योतिष्क देव कहे गये हैं। यथा—

१. चन्द्र, २. सूर्य, ३. ग्रह, ४. नक्षत्र, ५. तारा।

ख पाँच प्रकार के देव कहे गये हैं। यथा

१. भव्य द्रव्य देव—देवताओं में उत्पन्न होने योग्य मनुष्य और तिर्यंच।

२. नर देव—चक्रवर्ती।

३. धर्मदेव—साधु।

४. देवाधिदेव—अरिहन्त।

५. भावदेव—देवभव के आयुष्य का अनुभव करने वाले भवनपति आदि ४ प्रकार के देव।

४०२—पाँच प्रकार की परिचारणा (विषय सेवन) कही गई हैं। यथा—

१. काय-परिचारणा—केवल काया से मैथुन सेवन करना। यह परिचारणा दूसरे देवलोक तक होती है।

२. स्पर्श परिचारणा—केवल स्पर्श होने से विषयेच्छा की पूर्ति होना। यह तीसरे चौथे देवलोक तक होती है।

३. रूप परिचारणा—केवल रूप देखने से विषयेच्छा की पूर्ति होना। यह परिचारणा पांचवे, छठे देवलोक

तक होती है।

४. शब्द परिचारणा—केवल शब्द श्रवण से विषयेच्छा की पूर्ति होना। यह परिचारणा सातवें, आठवें देवलोक तक होती है।

५. मन परिचारणा—केवल मानसिक संकल्प से विषयेच्छा की पूर्ति होना। यह परिचारणा नवमे से बारहवें देवलोक तक होती है।

४०३ क—चमर असुरेन्द्र की पाँच अग्रमहिषियां कही गई हैं।
यथा—१. काली, २. रात्रि,
३. रजनी, ४. विद्युत, ५. मेघा।

ख—वलि वैरोचनेन्द्र की पाँच अग्रमहिषियाँ कही गई हैं।
यथा—१. शुभा, २. निशुभा,
३. रंभा, ४. निरंभा, ५. मदना।

४०४ क—चमर असुरेन्द्र की पाँच सेनायें हैं और उनके पाँच सेनापति हैं। यथा—

१. पैदल सेना, २. अश्व सेना,
३. हस्ति सेना, ४. महिष सेना,
५. रथ सेना।

पाँच सेनापति—

१. द्रुम—पैदल सेना का सेनापति।

२. सौदामी अश्वराज—अश्व सेना का सेनापति।

३. कुंथु हस्तीराज—हस्तिसेना का सेनापति।

४. लोहिताक्षमहिषराज—महिष सेना का सेनापति।

५. किन्नर—रथ सेना का सेनापति।

ख—वलि वैरोचनेन्द्र की पाँच सेनायें हैं और उनके पाँच-पाँच सेनापति हैं। यथा—

१. पैदल सेना—यावत् २-५ रथ सेना।

पाँच सेनापति—

१. महद्रुम—पैदल सेना के सेनापति।

२. महासौदाम अश्वराज—अश्वसेना के सेनापति।

३. मालंकार हस्तीराज—हस्तिसेना के सेनापति।

४. महालोहिताक्ष महिषराज—महिष सेना के सेनापति।

५. किंपुरुष—रथसेना के सेनापति।

ग—धरण नागकुमारेन्द्र की पाँच सेनायें हैं और उनके पाँच सेनापति हैं, यथा—

१. पैदल सेना—यावत् २-५ रथ सेना।

पाँच सेनापति—

१. भद्रसेन—पैदल सेना के सेनापति।

२. यशोधर अश्वराज—अश्व सेना के सेनापति।

३. सुदर्शन हस्तिराज—हस्ति सेना के सेनापति।

४. नीलकंठ महिषराज—महिष सेना के सेनापति।

५. आनन्द—रथसेना के सेनापति।

घ—भूतानन्द नागकुमारेन्द्र की पाँच सेनाएँ हैं और पाँच सेनापति हैं। यथा—

१. पैदल सेना—यावत् २-५ रथ सेना।

पाँच सेनापति—

१. दक्ष—पैदल सेना का सेनापति।

२. सुग्रीव अश्वराज—अश्व सेना का सेनापति।

३. सुविक्रम हस्तिराज—हस्ति सेना का सेनापति।

४. श्वेतकण्ठ महिषराज—महिष सेना का सेनापति।

५. नन्दुत्तर—रथ सेना का सेनापति।

ङ—वेणुदेव सुपर्णेन्द्र की पाँच सेनापति और पाँच सेनाएँ। यथा—

१. पैदल सेना यावत् २-५ रथ सेना।

२. धरण के सेनापतियों के नाम के समान वेणुदेव के सेनापतियों के नाम हैं।

३. भूतानन्द के सेनापतियों के नाम के समान वेणुदालिय के सेनापतियों के नाम हैं।

(च-ठ)—धरण के सेनापतियों के नाम के समान सभी

दक्षिण दिशा के इन्द्रों के यावत् घोस के सेनापतियों के नाम हैं।

(ङ-न)—भूतानन्द के सेनापतियों के नाम के समान सभी उत्तर दिशा के इन्द्रों के यावत् महाघोस के सेनापतियों से नाम हैं।

प—शक्रेन्द्र की पाँच सेनाएँ हैं और उनके पांच सेनापति हैं। यथा—

१. पैदल सेना, २. अश्व सेना, ३. गज सेना, ४. वृषभ सेना, ५. रथ सेना।

१. हरिणगमैषी—पैदल सेना का सेनापति।

२. वायु अश्वराज—अश्व सेना का सेनापति।

३. एरावण हस्तिराज—हस्ति सेना का सेनापति।

४. दामर्धि वृषभराज—वृपभ सेना का सेनापति।

५. माढर—रथ सेना का सेनापति।

फ—शक्रेन्द्र की पाँच सेनायें हैं, और उनके पाँच सेनापति हैं। यथा—

१. पैदल सेना यावत् २-४ वृषभ सेना, ५-रथ सेना।

पाँच सेनापति—

१. लघुपराक्रम—पैदल सेना का सेनापति।

२. महावायु अश्वराज—अश्व सेना का सेनापति।

३. पुष्पदन्त हस्तिराज—हस्ति सेना का सेनापति।

४. महादामर्धि वृषभराज—वृषभ सेना का सेनापति।

५. महामाढर—रथ सेना का सेनापति।

शक्रेन्द्र के सेनापतियों के नाम के समान सभी दक्षिण दिशा के इन्द्रों के यावत् आरणकल्प के इन्द्रों के सेनापतियों के नाम हैं। ईशानेन्द्र के सेनापतियों के समान सभी उत्तर दिशा के इन्द्रों के यावत् अच्युत कल्प के इन्द्रों के सेनापतियों के नाम हैं।

४०५ क—शक्रेन्द्र की आभ्यन्तर परिषदा के देवों की स्थिति पाँच पल्योपम की कही गई हैं।

ख—ईशानेन्द्र की आभ्यन्तर परिषदा के देवियों की स्थिति पाँच पल्योपम की कही गई है।

४०६—पाँच प्रकार के प्रतिघात कहे गये हैं। यथा—

१. गति प्रतिघात—देवादि गतियों का प्राप्त न होना

२. स्थिति प्रतिघात—देवादि की स्थितियों का प्राप्त न होना।

३. बंधन प्रतिघात—प्रशस्त औदारिकादि बंधनों का प्राप्त न होना।

४. भोग प्रतिघात—प्रशस्त भोग-सुख का प्राप्त न होना।

५. बल, वीर्य, पुरुषाकार, पराक्रम प्रतिघात---बल आदि का प्राप्त न होना।

४०७ पाँच प्रकार की आजीविका (जीवननिर्वाह के लिए किया जाने वाला कार्य) कही गई है। यथा :---

१. जाति आजीविका---अपनी जाति बताकर आजीविका करना।

२. कुल आजीविका---अपना कुल बताकर आजीविका करना।

३. कर्म आजीविका---कृषि आदि कर्म करके आजीविका करना।

४. शिल्प आजीविका---वस्त्र आदि बुनने का कार्य करके आजीविका करना।

५. लिंग आजीविका---साधु आदि का वेष धारण करके आजीविका करना।

४०८ पाँच प्रकार के राजचिन्ह कहे गये हैं। यथा

१. खड्ग, २. छत्र, ३. मुकुट,
४. मोजड़ी, ५. चामर।

४०९ क पाँच कारणों से छद्मस्थ जीव (साधु) उदय में आये हुए परीषहों और उपसर्गों को :---

१. समभाव से सहन करता है।

२. समभाव से क्षमा करता है।

३. समभाव से तितिक्षा करता है।

४. समभाव से निश्चल होता है।

५. समभाव से विचलित होता है।

१ कर्मोदय से यह पुरुष उन्मत्त है इसलिए :—

१. मुझे आक्रोश वचन गाली बोलता है।

२. मुझे हंसता है।

३. मुझे हाथ पकड़कर फेंक देता है।

४. दुर्वचनों से मेरी भर्त्सना करता है।

५. मुझे रस्सी आदि से बाँधता है।

६. मुझे बंदीखाने में डालता है।

७. मेरे शरीर के अवयवों का छेदन करता है।

८. मेरे सामने उपद्रव करता है।

९. मेरे वस्त्र, पात्र, कंबल या रजोहरण छीन लेता है, या दूर फेंक देता है।

१०. मेरे पात्रों को तोड़ देता है।

११. मेरे पात्र चुरा लेता है।

२ यह यक्षाविष्ट पुरुष है इसलिए यह—

१. मुझे आक्रोश वचन बोलता है यावत् २-११ मेरे पात्र चुरा लेता है।

३ इस भव में वेदने योग्य कर्म मेरे उदय में आये हैं। इसलिए यह पुरुष १-मुझे आक्रोश वचन बोलता है-यावत् २-११ मेरे पात्र चुरा लेता है।

४ यदि मैं सम्यक् प्रकार से सहन नहीं करूंगा।
,, ,, क्षमा नहीं करूंगा।
,, ,, तितिक्षा नहीं करूँगा।
,, ,, निश्चल नहीं रहूँगा।
तो मेरे केवल पाप कर्म का बंध होगा।

५ यदि मैं सम्यक् प्रकार से सहन करूंगा।
,, ,, क्षमा करूंगा।
,, ,, तितिक्षा करूंगा।
,, ,, निश्चल रहूँगा।
तो मेरे केवल कर्मों की निर्जरा ही होगी।

ख पांच कारणों से केवली उदय में आये हुए परीषहों और उपसर्गों को—

१. समभाव से सहन करता है-यावत्
२-४ ,, निश्चल रहता है। यथा—

१ यह विक्षिप्त पुरुष है, इसलिए १. मुझे आक्रोश वचन बोलता है—यावत्-२-११-मेरे पात्र चुरा लेता है।

२ यह दृप्तचित्त (अभिमानी) पुरुष है, इसलिये—
१. मुझे आक्रोश वचन बोलता है-यावत्-

२-११ मेरे पात्र चुरा लेता है।

३ यह यक्षाविष्ठ पुरुष है-इसलिये-

१. मुझे आक्रोश वचन बोलता है-यावत्-

२-११ मेरे पात्र चुरा लेता है।

४ इस भव में वेदने योग्य कर्म मेरे उदय में आये हैं, इसलिए यह पुरुष—

१. मुझे आक्रोश वचन बोलता है-यावत्

२-११-मेरे पात्र चुरा लेता है।

५ मुझे सम्यक् प्रकार से सहन करते हुए, क्षमा करते हुए, तितिक्षा करते हुए या निश्चल रहते हुए देखकर अन्य अनेक छद्मस्थ श्रमण निर्ग्रन्थ उदय में आये हुए परीषहों और उपसर्गों को सम्यक् प्रकार से सहन करेंगे-यावत्-निश्चल रहेंगे।

४१० क—पांच प्रकार के हेतु कहे गये हैं, यथा—

१. अनुमान प्रमाण के अंग धूमादि हेतु को जानता नहीं है,

२. ,, ,, देखता नहीं है,

३. ,, धूमादि हेतु पर श्रद्धा नहीं करता है।

४. ,, धूमादि हेतु को प्राप्त नहीं करता है।

५. ,, जाने बिना अज्ञान मरण मरता है।

ख—पांच प्रकार के हेतु कहे गये हैं, यथा—

१. हेतु से जानता नहीं है, यावत् २-५ हेतु से अज्ञान मरण मरता है।

ग—२. पांच प्रकार के हेतु कहे गये हैं, यथा—

१. हेतु से जानता है, यावत् २-५ हेतु से छद्मस्थ मरण मरता है।

घ—पांच हेतु कहे गये हैं, यथा—

१. हेतु से जानता है, यावत् २-५ हेतु से छद्मस्थ मरण मरता है।

ङ—पांच अहेतु कहे गये हैं, यथा—

१. अहेतु को नहीं जानता है, यावत्-२-५ अहेतु रूप छद्मस्थ मरण मरता है।

च—पांच अहेतु कहे गये हैं, यथा—

१. अहेतु से नहीं जानता है, यावत्-२-५ अहेतु से छद्मस्थ मरण मरता है।

छ—पांच अहेतु कहे गये हैं, यथा—

१. अहेतु को जानता है-यावत् २-५ अहेतु रूप केवली मरण मरता है।

ज—पांच अहेतु कहे गये हैं, यथा—

१. अहेतु से जानता है-यावत् २-५ अहेतु से केवली मरण मरता है।

झ—पांच गुण केवली के अनुत्तर (श्रेष्ठ) कहे गये हैं-यथा—

१. अनुत्तर ज्ञान २. अनुत्तर दर्शन, ३. अनुत्तर चारित्र, ४. अनुत्तर तप, ५. अनुत्तर वीर्य।

क—पद्मप्रभ अर्हन्त के पाँच कल्याणक चित्रा नक्षत्र में हुये हैं, यथा—

१. चित्रा नक्षत्र में देवलोक से च्यवकर गर्भ में उत्पन्न हुए।

२. ,, जन्म हुआ,

३. ,, प्रव्रजित हुए,

४. ,, अनंत, अनुत्तर, निर्व्याघात, [निरावरण] पूर्ण, प्रतिपूर्ण केवल ज्ञान-दर्शन उत्पन्न हुआ।

५. चित्रा नक्षत्र में निर्वाण प्राप्त हुए

ख—पुष्पदन्त अर्हन्त के पांच कल्याणक मूल नक्षत्र में हुए, यथा—

१. मूल नक्षत्र में देवलोक से च्यवकर गर्भ में उत्पन्न हुए

२-५ ,, जन्म यावत् निर्वाण कल्याणक कहे।

ग-त—तीर्थंकरों के कल्याणक इन गाथाओं से समझें।

१. पद्मप्रभ अर्हन्त के पांच कल्याणक चित्रा नक्षत्र में हुए।

२. पुष्पदन्त अर्हन्त के पांच कल्याणक मूल नक्षत्र में हुए।

३. शीतल अर्हन्त के पांच कल्याणक पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र में हुए।

४. विमल अर्हन्त के पांच कल्याणक उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में हुए।

५. अनन्त अर्हन्त के पांच कल्याणक रेवति नक्षत्र में हुए।

६. धर्मनाथ अर्हन्त के पांच कल्याणक पुष्य नक्षत्र में हुए।

७. शांतिनाथ अर्हन्त के पांच कल्याणक भरणी नक्षत्र में हुए।

८. कुन्थुनाथ अर्हन्त के पांच कल्याणक कृत्तिका नक्षत्र में हुए।

९. अरनाथ अर्हन्त के पाँच कल्याणक रेवति नक्षत्र में हुए।

१०. मुनिसुव्रत अर्हन्त के पांच कल्याणक श्रवण नक्षत्र में हुए।

११. नमि अर्हन्त के पांच कल्याणक अश्विनी नक्षत्र में हुए।

१२. नेमिनाथ अर्हन्त के पांच कल्याणक चित्रा नक्षत्र में हुए।

१३. पार्श्वनाथ अर्हन्त के पांच कल्याणक विशाखा नक्षत्र में हुए।

१४. भ० महावीर के पांच कल्याणक हस्तोत्तरा (चित्रा) नक्षत्र में हुए।

थ—श्रमण भगवान् महावीर के पांच कल्याणक हस्तो—त्तरा नक्षत्र में हुए।

यथा—१. भ० महावीर हस्तोत्तरा नक्षत्र में देवलोक से च्यवकर गर्भ में उत्पन्न हुए।

२. „ „ देवानन्दा के गर्भ से त्रिशला के गर्भ में आये।

३. „ „ जन्म हुआ।

४. „ „ दीक्षित हुए।

५. „ „ केवलज्ञान-दर्शन उत्पन्न हुआ।

—पंचम स्थान का प्रथम उद्देशक समाप्त—

पंचम स्थान : द्वितीय उद्देशक

४१२ क—निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थियों को ये पाँच महानदियाँ एक मास में दो या तीन बार तैर कर पार करना या नौका द्वारा पार करना नहीं कल्पता है।

यथा—१ गंगा, २ यमुना, ३ सरयू, ४ ऐरावती, ५ मही।

ख—पाँच कारणों से पार करना कल्पता है,

यथा–१. क्रुद्ध राजा आदि या क्रूरजनों के भय से

२. दुष्काल होने पर।

३. किसी अनार्य द्वारा पीड़ा पहुँचाये जाने पर।

४. बाढ़ के प्रवाह में वहते हुए व्यक्तियों को निकाल के लिये।

५. किसी महान् अनार्य द्वारा पीड़ित किये जाने पर

४१३ क—निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थियों को प्रावृट् ऋतु (प्रथ वर्षा) में ग्रामानुग्राम विहार करना नहीं कल्पता है किन्तु पांच कारणों से कल्पता है।

यथा–१ क्रुद्ध राजा आदि या क्रूर जनों के भय से २ दुष्काल होने पर-यावत्-३-५ किसी महान् अनार्य द्वारा पीड़ा पहुँचाये जाने पर।

ख—वर्षावास रहे हुए निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थियों को एक गांव से दूसरे गांव जाने के लिए विहार करना नहीं कल्पता है।

पाँच कारणों से विहार करना कल्पता है, यथा–

१. ज्ञान प्राप्ति के लिये,

२. दर्शन-सम्यक्त्व की पुष्टि के लिये।

३. चारित्र की रक्षा के लिये।

४. आचार्य या उपाध्याय के मरने पर अन्य आचार्य या उपाध्याय के आश्रय में जाने के लिये।

५. आचार्यादि द्वारा या अन्यत्र रहे हुए आचार्यादि की सेवा के लिए भेजने पर।

४ —पाँच अनुद्‌घातिक (महा प्रायश्चित देने योग्य) कहे गये हैं, यथा—

१. हस्त कर्म करने वाले को,

२. मैथुन सेवन करने वाले को,

३. रात्रि भोजन करने वाले को,

४. सागारिक (जिसकी आज्ञा से मकान में ठहरे हैं) के घर से लाया हुआ आहार खाने वाले को।

५. राजपिंड खाने वाले को।

५ —पांच कारणों से श्रमण निर्ग्रन्थ अन्तःपुर में प्रवेश करे तो भगवान् की आज्ञा का अतिक्रमण नहीं करता है। यथा—

१. पर सैन्य से नगर घिर गया हो या आक्रमण के भय से नगर के द्वार बन्द कर दिये गए हों और श्रमण ब्राह्मण आहार-पानी के लिए कहीं आ जा न सकते हों तो श्रमण-निर्ग्रन्थ अन्तःपुर में सूचना देने के लिए जा सकता है।

२. प्रातिहारिक (जो वस्तु लाकर पीछी दी जाय) पीठ (पाट) फलक (सहारा देने की पीटिका) संस्तारक आदि वस्तुयें देने के लिए श्रमण-निर्ग्रन्थ अन्तःपुर में जा सकता है।

३. दुष्ट अश्व या उन्मत्त हस्ति के सामने आने पर भयभीत श्रमण निर्ग्रन्थ अन्तःपुर में जा सकता है।

४. कोई जबरदस्त हाथ पकड़ कर श्रमण निर्ग्रन्थ को अन्तःपुर में ले जावे तो जा सकता है।

५. नगर से बाहर उद्यान में गए हुए श्रमण को यदि अन्तःपुर वाले घेर कर क्रीड़ा करें तो वह श्रमण अन्तःपुर में प्रविष्ट ही माना जाता है।

४१६ क—पांच कारणों से स्त्री पुरुष के साथ सहवास न करने पर भी गर्भ धारण कर लेती है, यथा—

१. जिस स्त्री की योनि अनावृत्त हो और वह जहां पर पुरुष का वीर्य स्खलित हुआ है ऐसे स्थान पर इस प्रकार बैठे कि जिससे शुक्राणु योनि में प्रविष्ट हो जाय तो—

२. शुक्र लगा हुआ वस्त्र योनि में प्रवेश करे तो—

३. जानबूझकर स्वयं शुक्र को योनि में प्रविष्ट करावे तो—

४. दूसरे के कहने से शुक्राणुओं को योनि में प्रवेश करे तो—

५. नदी नाले के शीतल जल में आचमन (शुद्धि के लिए) के लिए यदि कोई स्त्री जावे और उस समय उसकी योनि में शुक्राणु प्रविष्ट हो जाए तो—

ख—पांच कारणों से स्त्री पुरुष के साथ सहवास करने पर भी गर्भ धारण नहीं करती है, यथा—

१. जिसे युवावस्था प्राप्त नहीं हुई है, वह

२. जिसकी युवावस्था वीत गई है, वह

३. जो जन्म से वन्ध्या हो, वह

४. जो रोगी हो, वह

५. जिसका मन शोक से संतप्त हो, वह

ग—पांच कारणों से स्त्री पुरुष के साथ सहवास करने पर भी गर्भ धारण नहीं करती है। यथा—

१. जिसे नित्य रजस्राव होता है, वह

२. जिसे कभी रजस्राव नहीं होता है, वह

३. जिसके गर्भाशय का द्वार रोग से वन्द हो गया हो, वह

४. जिसके गर्भाशय का द्वार रोगग्रसित हो, वह

५. जो अनेक पुरुषों के साथ अनेक बार सहवास करती हो, वह।

घ—पांच कारणों से स्त्री पुरुष के साथ सहवास करने पर भी गर्भ धारण नहीं करती है। यथा—

१. रजस्राव काल में पुरुप के साथ विधिवत् सहवास न करने वाली।

२. योनि-दोप से शुक्राणुओं के नष्ट होने पर।

३. जिसका पित्त प्रधान रक्त हो वह।

४. गर्भ धारण से पूर्व देवता द्वारा शक्ति नष्ट किये जाने पर।

५. संतान होना भाग्य में न हो तो।

४१७ क—पांच कारणों से निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थियाँ एक जगह ठहरें, सोयें या बैठें तो भगवान् की आज्ञा का अतिक्रमण नहीं होता है। यथा—

१. निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थियाँ कदाचित् अनेक योजन लम्बी, निर्जन एवं अगम्य अटवी में पहुँच जावे तो—

२. किसी ग्राम, नगर यावत् राजधानी में निर्ग्रन्थ या निर्ग्रन्थियों में से किसी एक को ही उपाश्रय मिला हो तो—

३. नागकुमार या सुपर्णकुमारावास में स्थान मिला हो तो—

४. निर्ग्रन्थियों के वस्त्र यदि चोर ले जावें तो—

५. यदि तरुण गुण्डे निर्ग्रन्थियों के साथ बलात्कार करना चाहें तो—

ख—पाँच कारणों से अचेल (अल्पवस्त्रधारी) निर्ग्रन्थ सचेल (सवस्त्र) निर्ग्रन्थियों के साथ एक स्थान में रहे तो भगवान् की आज्ञा का अतिक्रमण नहीं करता है। यथा—

१. विक्षिप्त चित्त श्रमण के साथ यदि अन्य श्रमण न हो तो—

२. इसी प्रकार हर्षातिरेक से दृप्तचित्त

३. यक्षाविष्ट और

४. वायु रोग से उन्मत्त हो तो—

५. किसी साध्वी का पुत्र दीक्षित हो और उसके साथ यदि अन्य श्रमण न हो तो।

१८ क—पांच आश्रवद्वार कहे गए हैं, यथा—

१. मिथ्यात्व, २. अविरति, ३. प्रमाद, ४. कषाय, ५. अशुभयोग।

ख—पांच संवर द्वार कहे गये हैं,—यथा

१. सम्यकत्व, २. विरति, ३. अप्रमाद, ४. अकषाय, ५. शुभयोग।

ग—पांच प्रकार का दण्ड कहा गया है, यथा—

१. अर्थ दण्ड—स्व-पर के हित के लिए त्रस या स्थावर प्राणी की हिंसा।

२. अनर्थ दण्ड—निरर्थक हिंसा।

३. हिंसा दण्ड—जिसने अतीत में हिंसा की है जो वर्तमान में हिंसा करता है और जो भविष्य में हिंसा करेगा—इस अभिप्राय से जो सर्प या शत्रु की घात करता है।

४. अकस्मात दण्ड—किसी अन्य पर प्रहार किया था किन्तु वध अन्य का हो गया हो।

५. दृष्टिविपर्यास दण्ड—"यह शत्रु है" इस अभिप्राय से कदाचित् मित्र का वध हो जाय।

४१६ क—पांच क्रियायें कही गई हैं, यथा—

१. आरंभिकी, २. पारिग्रहिकी, ३. मायाप्रत्ययिका, ४. अप्रत्याख्यान क्रिया, ५. मिथ्या दर्शन प्रत्यया।

ख—मिथ्या दृष्टि नैरयिकों के पाँच क्रियायें कहीं गई हैं, यथा—

१. आरंभिकी-यावत्, २-५ मिथ्यादर्शन प्रत्यया।

इस प्रकार वैमानिक पर्यन्त सभी मिथ्यादृष्टियों को पांच क्रियायें कही गई हैं।

विशेष—विकलेन्द्रिय (बेन्द्रिय, तेन्द्रिय और चउरिन्द्रिय) मिथ्यादृष्टि नहीं होते हैं। शेष पूर्ववत् हैं।

ग—पांच क्रियायें कही गई हैं, यथा—

१. कायिकी, २. आधिकरणिकी, ३. प्राद्वेषिकी, ४. पारितापनिकी, ५. प्राणातिपातिकी।

नैरयिकों से लेकर वैमानिक पर्यन्त ये पांच क्रियायें हैं।

घ—पांच क्रियायें कही गई हैं, यथा—

१. आरंभिकी-यावत्, २-५. मिथ्यादर्शन प्रत्यया

नैरयिकों से लेकर वैमानिक पर्यन्त ये पांचों क्रियायें हैं।

ङ—पांच क्रियायें कही गई हैं, यथा—

१. दृष्टिजा, २. पृष्टिजा, ३. प्रातीत्यिकी,
४. सामंतोपनिपातिकी, ५. स्वाहस्तिकी।

च—नैरयिकों से लेकर वैमानिक पर्यन्त ये पांच क्रियायें हैं।

छ—पांच क्रियायें कही गई हैं, यथा—

१. नैसृष्टिकी, २. आज्ञापानिकी, ३. वैदारणिकी,
४. अनाभोग प्रत्यया, ५. अनवकांक्षाप्रत्यया।

ज—नैरयिकों से लेकर वैमानिक पर्यन्त ये पांच क्रियायें हैं।

झ—पांच क्रियायें कही गई हैं, यथा—

१. प्रेम प्रत्यया, २. द्वेष प्रत्यया, ३. प्रयोग क्रिया,
४. समुदान क्रिया, ५. ईर्यापथिकी।

ञ—ये पांचों क्रियायें केवल एक मनुष्य दण्डक में हैं। शेष दण्डकों में नहीं हैं।[1]

४२० परिज्ञा पांच प्रकार की हैं,
यथा— १. उपधि परिज्ञा, २. उपाश्रय परिज्ञा, ३. कषाय परिज्ञा, ४. योग परिज्ञा, ५. भक्त परिज्ञा।

४२१ व्यवहार पांच प्रकार का है, यथा :—
१. आगम व्यवहार[2], २. श्रुत व्यवहार[3], ३. आज्ञा व्यवहार, ४. धारणा व्यवहार[4], ५. जीत व्यवहार।
१. किसी विवादास्पद विषय में जहाँ तक आगम से कोई निर्णय निकलता हो वहां तक आगम के अनुसार ही व्यवहार करना चाहिये।

---

१ ईर्यापथिक क्रिया केवल उपशान्त मोह आदि तीन गुण स्थानकों में ही सम्भव है। ये गुणस्थान केवल मनुष्य दण्डक में ही होते हैं।

२ केवलज्ञानी, मनःपर्यवज्ञानी, अवधिज्ञानी, चौदह पूर्वधारी, दशपूर्वधारी, और नवपूर्वधारी का व्यवहार "आगम व्यवहार" कहा जाता है।

३ नव पूर्व से न्यून ज्ञान वाले का व्यवहार "श्रुत व्यवहार" कहा जाता है।

४ गीतार्थ ने पहले किसी को प्रायश्चित दिया हो उसे धारे—याद रखे और उसके अनुसार अन्य को प्रायश्चित दे, वह धारणा व्यवहार कहा जाता है।

२. जहाँ किसी आगम से निर्णय न निकलता हो वहां श्रुत से व्यवहार करना चाहिए।

३. जहाँ श्रुत से निर्णय न निकलता हो वहां गीतार्थ की आज्ञा के अनुसार व्यवहार करना चाहिये।

४. जहां गीतार्थ की आज्ञा से समस्या हल न होती हो वहां धारणा के अनुसार व्यवहार करना चाहिए।

५. जहां धारणा से समस्या न सुलझती हो वहां जीत (गीतार्थ पुरुषों की परम्परा द्वारा अनुसरित) हार के अनुसार व्यवहार करना चाहिए।

इस प्रकार आगमादि से व्यवहार करना चाहिए।

प्रश्न—हे भगवन्! श्रमण निर्ग्रन्थ आगम व्यवहार को ही प्रमुख मानने वाले हैं फिर ये पाँच व्यवहार क्यों कहे गये हैं?

उत्तर—इन पांच व्यवहारों में से जहां जिस व्यवहार से समस्या सुलझती हो वहां उस व्यवहार से प्रवृत्ति करने वाला श्रमण निर्ग्रन्थ आज्ञा का आराधक होता है।

४२२ क—सोये हुये संयत मनुष्यों के पांच जागृत हैं,
यथा—शब्द-यावत्-स्पर्श।

ख—जागृत संयत मनुष्यों के पांच सुप्त हैं,
यथा—शब्द-यावत्-स्पर्श।

ग—सुप्त या जागृत असंयत मनुष्यों के पांच जागृत हैं, यथा—शब्द-यावत्-स्पर्श ।

४२३ क—पांच कारणों से जीव कर्म-रज ग्रहण करता है, यथा—प्राणातिपात से-यावत्–परिग्रह से ।

ख—पांच कारणों से जीव कर्म-रज से मुक्त होता है, यथा—प्राणातिपात विरमण से — यावत्-परिग्रह विरमण से ।

४२४ पांच मास वाली पांचवी भिक्षु-प्रतिमा धारण करने वाले अणगार को पांच दत्ति आहार की और पांच-पांच दत्ति पानी की लेना कल्पता है ।

४२५ क—पांच प्रकार के उपघात (आहारादि की अशुद्धि) हैं । यथा—१ उद्गमोपघात–गृहस्थ द्वारा लगने वाले आधा कर्म आदि सोलह दोष ।

२. उत्पादनोपघात—साधु द्वारा लगने वाले धात्री आदि सोलह दोष ।

३. एषणोपघात—साधु और गृहस्थ द्वारा लगने वाले शंकितादि दश दोष ।

४. परिकर्मोपघात—वस्त्र-पात्र के छेदन या सिलाई आदि में मर्यादा का उल्लंघन ।

५. परिहरणोपघात—एकाकी विचरने वाले साधु के वस्त्र-पात्रादि उपकरणों को उपयोग में लेना ।

ख—पांच प्रकार की विशुद्धि कही गई है,

यथा—१. उद्गम विशुद्धि, २ उत्पादन विशुद्धि, ३. एषणा विशुद्धि, ४ परिकर्म विशुद्धि, ५ परिहरण विशुद्धि। पूर्वोक्त उद्गमादि दोषों का सेवन न करना विशुद्धि है।

४२६ क—पांच कारणों से जीव दुर्लभ बोधी रूप कर्म बांधते हैं,

यथा—१. अरिहन्तों का अवर्णवाद[1] बोलने पर,

२. अरिहन्त कथित धर्म का अवर्णवाद बोलने पर,

३. आचार्यों या उपाध्यायों का अवर्णवाद बोलने पर,

४. चतुर्विध संघ का अवर्णवाद बोलने पर,

५. उत्कृष्ट तप और ब्रह्मचर्य का पालन करने से हुये देवों का अवर्णवाद बोलने पर।

ख—पांच कारणों से जीव सुलभ बोधि रूप कर्म बांधते हैं।

यथा—१-५ अरिहन्तों का गुणानुवाद करने पर-यावत्-उत्कृष्ट तप और ब्रह्मचर्य के पालने से हुए.... देवों के गुणानुवाद करने पर।

४२७ क—प्रतिसंलीन[2] पांच प्रकार के हैं,

यथा—१. श्रोत्रेन्द्रिय प्रतिसंलीन-यावत्-२-४

---

१ अवर्णवाद—निन्दा।

२ प्रतिसंलीन—इन्द्रियविजयी।

५. स्पर्शेन्द्रिय प्रतिसंलीन।

ख—अप्रतिसंलीन पांच प्रकार के हैं,

यथा—१. श्रोत्रेन्द्रिय अप्रतिसंलीन-यावत्-२-४

५. स्पर्शेन्द्रिय अप्रतिसंलीन।

ग—संवर[1] पाँच प्रकार के हैं,

यथा—१. श्रोत्रेन्द्रिय संवर-यावत्-२-४

५. स्पर्शेन्द्रिय संवर।

घ—असंवर[2] पांच प्रकार के हैं,

यथा—१-५ श्रोत्रेन्द्रिय असंवर-यावत्-
स्पर्शेन्द्रिय असंवर।

४२८ —संयम पांच प्रकार का है,

यथा—१. सामायिक संयम, २. छेदोपस्थापनीय संयम, ३. परिहार विशुद्धि संयम, ४. सूक्ष्म संपराय संयम, ५. यथाख्यात चारित्र संयम।

४२९ क—एकेन्द्रिय जीवों की हिंसा न करने वाले को पांच प्रकार का संयम होता है,

यथा—१-५ पृथ्वीकायिक संयम-यावत्-
वनस्पतिकायिक संयम।

---

१ संवर—आत्मा के साथ कर्ममल का बंध न हो—ऐसा आचरण।

२ असंवर-आश्रव-आत्मा के साथ कर्म बंध हो-ऐसा आचरण।

ख—एकेन्द्रिय जीवों की हिंसा करने वाले को पांच प्रकार का असंयम होता है,

यथा—१-५ पृथ्वी कायिक असंयम-यावत्-
वनस्पतिकायिक असंयम।

० क—पञ्चेन्द्रिय जीवों की हिंसा न करने वालों के पांच प्रकार का संयम होता है,

यथा-१ श्रोत्रेन्द्रिय संयम-यावत-२-४

५ स्पर्शेन्द्रिय संयम

ख—पंचेन्द्रिय जीवों की हिंसा करने वालों के पांच प्रकार का असंयम होता है,

यथा—१ श्रोत्रेन्द्रिय असंयम-यावत्-२-४
५ स्पर्शेन्द्रिय असंयम।

ग—सभी प्राण, भूत, सत्त्व और जीवों की हिंसा न करने वालों के पांच प्रकार का संयम होता है,

यथा—१-५ एकेन्द्रिय संयम-यावत्-
पंचेन्द्रिय संयम।

घ—सभी प्राण, भूत, सत्त्व और जीवों की हिंसा करने वालों के पांच प्रकार का असंयम होता है,

यथा—१-५ एकेन्द्रिय असंयम-यावत्
पंचेन्द्रिय असंयम।

४३१ —तृणवनस्पति कायिक जीव पांच प्रकार के हैं,
यथा—१. अग्रबीज, २. मूल बीज, ३. पर्व बीज,
४. स्कन्ध बीज, ५. बीज रुह ।

४३२ —आचार पांच प्रकार का है,
यथा—१. ज्ञानाचार, २. दर्शनाचार, ३. चारित्रा-
चार, ४. तपाचार, ५. वीर्याचार ।

४३३ क—आचार प्रकल्प[1] पांच प्रकार का है,
यथा—१. मासिक उद्घातिक-लघुमास[2],
२. मासिक अनुद्घातिक—गुरुमास[3],
३. चातुर्मासिक उद्घातिक—लघु चौमासी,
४. चातुर्मासिक अनुद्घातिक—गुरु चौमासी,
५. आरोपणा[4]—प्रायश्चित में वृद्धि करना ।

---

१ आचार प्रकल्प—निशीथ सूत्रोक्त प्रायश्चित्त ।

२ लघुमास—मासिक तपश्चर्यारूप प्रायश्चित्त में कुछ अंश कम करना ।

३ गुरुमास—मासिक तपश्चर्यारूप प्रायश्चित में कुछ भी कमी न करना ।

४ आरोपणा—गुरु के समक्ष यदि दोष छिपावे तो दोष के प्रायश्चित के साथ-साथ माया दोष का जो प्रायश्चित और अधिक बढ़ाया जाय तो वह आरोपणा है ।

ख—आरोपणा पांच प्रकार की है,

यथा—१. प्रस्थापिता—आरोपणा करने के गुरुमास आदि प्रायश्चित्त रूप तपश्चर्या का प्रारम्भ करना।

२. स्थापिता—गुरुजनों की वैयावृत्य करने के लिये आरोपित प्रायश्चित के अनुसार भविष्य में तपश्चर्या करना।

३. कृत्स्ना—वर्तमान जिन शासन में उत्कृष्ट तप ६ मास का माना गया है अतः इससे अधिक प्रायश्चित न देना।

४. अकृत्स्ना—यदि दोष के अनुसार प्रायश्चित देने पर छः मास से अधिक प्रायश्चित आता हो तथापि छः मास का ही प्रायश्चित देना।

५. हाडहड़ा—लघुमास आदि प्रायश्चित शीघ्रतापूर्वक देना।

४३४ क—जम्बूद्वीप में मेरु पर्वत के पूर्व में सीता महानदी के उत्तर में पांच वक्षस्कार पर्वत हैं,

यथा—१. माल्यवंत, २. चित्रकूट, ३. पद्मकूट, ४. नलिनकूट, ५. एक शैल।

ख—जम्बूद्वीप में मेरु पर्वत के पूर्व में सीता महानदी के दक्षिण में पांच वक्षस्कार पर्वत हैं,

यथा—१. त्रिकूट, २. वैश्रमणकूट, ३. अंजन, ४. मातंजन, ५. सोमनस।

ग—जम्बूद्वीप में मेरु पर्वत के पश्चिम में सीता महानदी के दक्षिण में पांच वक्षस्कार पर्वत हैं

यथा—१. विद्युत्प्रभ, २. अंकावती, ३. पद्मावती,
४. आशिविष, ५. सुखावह ।

घ—जम्बूद्वीप में मेरु पर्वत के पश्चिम में सीता महानदी
के उत्तर में पांच वक्षस्कार पर्वत हैं,

यथा—१. चन्द्रपर्वत, २. सूर्य पर्वत, ३. नाग पर्वत,
४. देव पर्वत, ५. गंधमादन पर्वत ।

ङ—जम्बूद्वीप में मेरु पर्वत के दक्षिण में देव कुरुक्षेत्र में
पांच महाद्रह हैं,

यथा—१. निषधद्रह, २. देवकुरुद्रह, ३. सूर्यद्रह,
४. सुलसद्रह, ५. विद्युत्प्रभद्रह ।

च—जम्बूद्वीप में मेरु पर्वत के के दक्षिण में उत्तर कुरुक्षेत्र
में पाँच महाद्रह हैं,

यथा—१. नीलवंतद्रह, २. उत्तर कुरुद्रह, ३, चन्द्रद्रह
४. एरावणद्रह, ५. माल्यवंतद्रह ।

छ—सीता, सीतोदा महा नदी की ओर तथा मेरु पर्वत
की ओर सभी वक्षस्कार पर्वत ५०० योजन ऊँचे हैं,
और ५०० गाउ भूमि में गहरे हैं ।

ज-ट—धातकीखण्ड के पूर्वार्ध में मेरु पर्वत के पूर्व में,
सीता महानदी के उत्तर में पाँच वक्षस्कार पर्वत
है [जम्बूद्वीप के समान] [ख से छ तक]

ण-न—धातकीखण्ड के पश्चिमार्ध में [जम्बूद्वीप के समान]

प-य—पुष्करवरद्वीपार्ध के पश्चिमार्ध में भी जम्बूद्वीप के समान वक्षस्कार पर्वत और द्रहों की ऊँचाई आदि कहना चाहिये।

र—समय क्षेत्र में पांच भरत, पांच ऐरवत-यावत्-पांच मेरु और पांच मेरु चूलिकायें।[1]

३५ क—कौशलिक अर्हन्त ऋषभदेव पांच सौ धनुष के ऊंचे थे।

ख—चक्रवर्ती महाराजा भरत पांच सौ धनुष के ऊंचे थे।

ग—बाहुबली अणगार भी इतने ही ऊंचे थे।

घ—ब्राह्मी नाम की आर्या पांच सौ धनुष ऊंची थी।

ङ—इसी प्रकार सुन्दरी नाम की आर्या भी इतनी ही ऊंची थी।

३६ पांच कारणों से सोया हुआ मनुष्य जागृत होता है, यथा—१. शब्द सुनने से, २. हाथ आदि के स्पर्श से, ३. भूख लगने से, ४. निद्रा क्षय से, ५. स्वप्न दर्शन से।

---

1. सूचना–चतुर्थ स्थान के द्वितीय उद्देशक सूत्र के समान यहाँ कहें।

विशेष सूचना–यहाँ इषुकार पर्वत नहीं है।

४३७ —पांच कारणों से श्रमण निर्ग्रन्थ निर्ग्रन्थी को पकड़ कर रखे या सहारा दे तो भगवान् की आज्ञा का अतिक्रमण नहीं करता है।

१. साध्वी को यदि कोई उन्मत्त पशु या पक्षी मारता हो (उस समय अन्य साध्वी समीप न हो तो)

२. दुर्ग या विषम मार्ग से साध्वी प्रस्खलित हो या गिर रही हो।

३. निर्ग्रन्थी कीचड़ में फस गई हो या लिपट गई हो।

४. निर्ग्रन्थी को नाव पर चढ़ाना हो या उतारना हो।

५. जो निर्ग्रन्थी विक्षिप्त चित्त, क्रुद्ध, यक्षाविष्ट, उन्मत्त, उपसर्ग प्राप्त, कलह से व्याकुल, प्रायश्चित-युक्त-यावत्-भक्त-पान प्रत्याख्यात हो अथवा पति या चोर द्वारा संयम से च्युत की जा रही हो।

४३८ —गण में आचार्य और उपाध्याय के पांच अतिशय। यथा—१ आचार्य और उपाध्याय उपाश्रय में प्रवेश करके धूल भरे पैरों को दूसरे साधुओं से झटकवावे या साफ करावे तो भगवान् की आज्ञा का उल्लंघन नहीं होता।

२. आचार्य और उपाध्याय उपाश्रय में मल-मूत्र का

उत्सर्ग करे या उसकी शुद्धि करे तो भगवान् की आज्ञा का उल्लंघन नहीं होता।

३. आचार्य और उपाध्याय इच्छा हो तो वैयावृत्य करे, इच्छा न हो तो न करे[1] फिर भी आज्ञा का अतिक्रमण नहीं होता।

४. आचार्य और उपाध्याय उपाश्रय में एक या दो रात अकेले रहे तो भी आज्ञा का अतिक्रमण नहीं होता।

५. आचार्य और उपाध्याय उपाश्रय के बाहर एक या दो रात अकेले रहे तो भी आज्ञा का अतिक्रमण नहीं होता।

४३९ —पांच कारणों से आचार्य और उपाध्याय गण छोड़कर चले जाते हैं।

१ गण में आचार्य और उपाध्याय की आज्ञा या निषेध[2] का सम्यक् प्रकार से पालन न होता हो।

२. गण में वय ज्येष्ठ और ज्ञान ज्येष्ठ का वन्दनादि व्यवहार सम्यक् प्रकार से पालन करवा न सके तो।

३. गण में श्रुत की वाचना यथोचित रीति से न दे सके तो।

---

१ आहार आदि का वितरण करे या न करे।

२ मूल में "धारणा" शब्द है। टीकाकार ने इसका अर्थ-अकृत्य से निवृत्ति-किया है।

४. स्वगण की या परगण की निर्ग्रन्थी में आसक्त हो जाय तो।

५. मित्र या स्वजन यदि गण छोड़कर चला जाय तो उसे पुनः स्वगण में स्थापित करने के लिए आचार्य या उपाध्याय गण छोड़कर चला जाय तो।

४४० पांच प्रकार के ऋद्धिमान् मनुष्य हैं,
यथा—१. अर्हन्त, २. चक्रवर्ती, ३. बलदेव, ४. वासुदेव, ५. भावितात्मा अणगार।

पंचम स्थान-द्वितीय उद्देशक समाप्त

पञ्चम स्थान-तृतीय उद्देशक

४४१ क—पांच अस्तिकाय हैं:—
यथा—१. धर्मास्तिकाय. २. अधर्मास्तिकाय, ३. आकाशास्तिकाय, ४. जीवास्तिकाय, ५. पुद्गलास्तिकाय।

ख धर्मास्तिकाय अवर्ण, अगंध, अरस, अस्पर्श, अरूपी, अजीव, शास्वत, अवस्थित लोकद्रव्य हैं।
वह पांच प्रकार का है,
यथा—१. द्रव्य से, २. क्षेत्र से, ३. काल से, ४. भाव से और ५. गुण से।
१. द्रव्य से—धर्मास्तिकाय एक द्रव्य है,

२. क्षेत्र से—लोक प्रमाण है,

३. काल से—अतीत में कभी नहीं था—ऐसा नहीं,
वर्त्तमान में नहीं हैं—ऐसा नहीं,
भविष्य में कभी नहीं होगा—ऐसा भी नहीं।

धर्मास्तिकाय अतीत में था, वर्तमान में हैं और भविष्य में भी रहेगा। वह ध्रुव, नियत, शास्वत, अक्षय, अव्यय, अवस्थित और नित्य है।

४. भाव से–अवर्ण, अगंध, अरस, और अस्पर्श है।

५. गुण से–गमन सहायक गुण है।

ग—अधर्मास्तिकाय धर्मास्तिकाय के समान पांच प्रकार का है।

विशेष सूचना–गुण से-स्थिति सहायक गुण।

घ—आकाशास्तिकाय धर्मास्तिकाय के समान पांच प्रकार का है।

विशेष सूचना–क्षेत्र से-आकाशास्तिकाय लोकालोक प्रमाण है। गुण से-अवगाहन गुण है।

ङ—जीवास्तिकाय धर्मास्तिकाय के समान पांच प्रकार का है।

विशेष सूचना द्रव्य—से जीवास्तिकाय अनन्तजीव द्रव्य हैं। गुण से-उपयोग गुण हैं।

च—पुद्गलास्तिकाय पांच वर्ण, पांच रस, दो गंध और

आठ स्पर्श युक्त है। रूपी, अजीव, शास्वत, अवस्थित-यावत्-गुण से।

१. द्रव्य से---पुद्गलास्तिकाय अनन्त द्रव्य हैं।

२. क्षेत्र से---लोक प्रमाण हैं।

३. काल से---अतीत में कभी नहीं था--ऐसा नहीं-यावत् नित्य है।

४. भाव से—वर्ण, गंध, रस और स्पर्श युक्त है।

५. गुण से—ग्रहण गुण है।[1]

४४२ —गति पांच हैं,

यथा—१ नरक गति, २. तिर्यंच गति, ३. मनुष्य गति. ४. देवगति, ५. सिद्ध गति।

४४३ क—पांच इन्द्रियों के पांच विषय हैं,

यथा—१. श्रोत्रेन्द्रिय का विषय 'शब्द'--यावत् २-३-४-५ स्पर्शन्द्रिय का विषय 'स्पर्श'।

ख—मुंड[2] पांच प्रकार के हैं,

यथा—१. श्रोत्रेन्द्रिय मुण्ड-यावत्—२-३-४ ५. स्पर्शेन्द्रिय मुण्ड।

---

१. पुद्गलास्तिकाय औदारिक शरीर आदि से ग्राह्य है तथा इन्द्रियों से ग्राह्य है अतः ग्रहण गुण है।

२. मुंड—रागादिभाव दूर करना।

ग अथवा मुंड पांच प्रकार के हैं,
यथा—१. क्रोधमुंड[1], २. मान मुंड, ३. माया मुंड, ४. लोभमुंड, ५. शिर मुंड[2]।

४४४ क—अधोलोक में पांच बादर (स्थूल) कायिक जीव हैं,
यथा—१. पृथ्वीकायिक, २. अप्‌कायिक, ३. वायु कायिक, ४. वनस्पतिकायिक, ५. औदारिक शरीर वाले-त्रस प्राणी।

ख—ऊर्ध्व लोक में अधोलोक के समान पांच प्रकार के बादर कायिक जीव हैं,

ग—तिरछा लोक में पांच प्रकार के बादर कायिक जीव हैं, यथा १. एकेन्द्रिय-यावत्--२-४
५. पंचेन्द्रिय।

घ—पांच प्रकार के बादर तेजस्कायिक जीव हैं।
यथा—१. इंगाल—अंगारे।
२. ज्वाला—प्रज्वलित अग्नि।
३. मुर्मुर—राख से मिश्रित अग्नि।
४. अर्चि—शिखा सहित अग्नि।
५. अलात—जलती हुई लकड़ी या छाणा।

---

१ क्रोध मुंड—क्रोध दूर करना।
२ शिर मुंड—लोच करना।

ङ—पांच प्रकार के बादर वायुकायिक जीव हैं,

यथा—१. पूर्व दिशा का वायु, २. पश्चिम दिशा का वायु, ३. दक्षिण दिशा का वायु, ४. उत्तर दिशा का वायु, ५. विदिशाओं का वायु।

च—पांच प्रकार के अचित्त वायुकायिक जीव हैं,

यथा—१. आक्रान्त—दबाने से पैदा होने वाला वायु।

२. ध्मात—धमण से पैदा होने वाला वायु।

३. पीड़ित—वस्त्र के नीचोड़ने से होने वाला वायु।

४. शरीरानुगत—डकार या श्वासादि रूप वायु।

५. सम्मूच्छिम—पंखा आदि से उत्पन्न होने वाला वायु।

४४५ क—निर्ग्रन्थ पांच प्रकार के हैं,

यथा—१. पुलाक[1], २. बकुश[2], ३. कुशील, ४. निर्ग्रन्थ, ५. स्नातक।

ख—पुलाक पांच प्रकार के हैं,

यथा—१. ज्ञान पुलाक, २. दर्शन पुलाक, ३. चारित्र पुलाक, ४. लिंग पुलाक, ५. यथासूक्ष्म पुलाक।

ग—बकुश पांच प्रकार के हैं।

---

१ पुलाक—अतिचार लगाने वाला निग्रन्थ।

२ बकुश—दोष लगाने वाला निर्ग्रन्थ।

यथा—१. आभोग बकुश, २. अनाभोग बकुश, ३. संवृत बकुश, ४. असंवृत बकुश. ५. यथा सूक्ष्म बकुश ।

घ—कुशील पांच प्रकार के हैं,

यथा—१. ज्ञान कुशील, २. दर्शन कुशील, ३. चारित्र कुशील, ४. लिंग कुशील, ५. यथा सूक्ष्म कुशील ।

ङ—निर्ग्रन्थ पांच प्रकार हैं,

यथा—१. प्रथम समय निर्ग्रन्थ,

२. अप्रथम समय निर्ग्रन्थ

३. चरम समय निर्ग्रन्थ,

४. अचरम समय निर्ग्रन्थ,

५. यथासूक्ष्म निर्ग्रन्थ ।

च—स्नातक पांच प्रकार के हैं,

यथा—१. अच्छवी—शरीर रहित ।

२. अशवल—अतिचार रहित ।

३. अकर्मांश—कर्म रहित ।

४. शुद्ध ज्ञान—दर्शन के धारक अर्हन्त जिन केवली ।

५. अपरिश्रावी—तीनों योगों का निरोध करनेवाला अयोगी ।

४४६ क—निर्ग्रन्थों और निर्ग्रन्थियों को पांच प्रकार के वस्त्रों का उपभोग या परिभोग कल्पता है,

यथा—१. जांगमिक[1] कंबल आदि।

२. भांगमिक—अलसी का वस्त्र।

३. सानक—शण के सूत्र का वस्त्र।

४. पोतक—कपास का वस्त्र।

५. तिरीडपट्ट[2]—वृक्ष की छाल का वस्त्र।

ख—निर्ग्रन्थों और निर्ग्रन्थियों को पांच प्रकार के रजोहरणों का उपभोग या परिभोग कल्पता है।

यथा—१. औणिक—ऊन का बना हुआ।

२. औष्ट्रिक—ऊँट के बालों का बना हुआ।

३. शानक—शण का बना हुआ।

४. बल्वज—घास की छाल से बना हुआ।

५. मुंज का बना हुआ।

४४७ —धार्मिक पुरुष के पांच आलम्बन स्थान हैं,

यथा—१. छकाय, २. गण, ३. राजा, ४. गृहपति, ५. शरीर।

---

१. जंगम—त्रसजीव भेड़, बकरी आदि की ऊन से बना हुआ।
२ तिरीड—नामक वृक्ष की छाल से बना हुआ।

४४८ —निधि पांच प्रकार की है,

यथा—१. पुत्रनिधि, २. मित्रनिधि, ३. शिल्पनिधि, ४. धननिधि, ५. धान्य निधि ।

४४९ —शौच पांच प्रकार का है,

यथा—१. पृथ्वी शौच, २. जल शौच,

३. अग्नि शौच, ४. मंत्र शौच,

५. ब्रह्म शौच ।

४५० क—इन पांच स्थानों को छद्मस्थ पूर्ण रूप से न जानता है और न देखता है ।

यथा—१. धर्मास्तिकाय, २. अधर्मास्तिकाय

३. आकाशास्तिकाय, ४. शरीर रहित जीव,

५. परमाणु पुद्गल ।

ख—इन्हीं पांच स्थानों को केवलज्ञानी पूर्णरूप से जानते हैं और देखते हैं,

यथा—१-५ धर्मास्तिकाय-यावत्-परमाणु पुद्गल ।

४५१ —ऊर्ध्वलोक में पाँच महाविमान हैं,

यथा—१. विजय, २. वैजयंत, ३. जयंत, ४. अपराजित, ५. सर्वार्थ सिद्ध महाविमान ।

४५२ —पुरुष पांच प्रकार के हैं,
यथा—१. ह्री सत्त्व-लज्जा से धैर्य रखने वाला,
२. ह्री मन सत्त्व-लज्जा से मन में धैर्य रखने वाला,
३. चल सत्त्व—अस्थिर चित्त वाला,
४. स्थिर सत्त्व-स्थिर चित्त वाला,
५. उदात्त सत्त्व-बढ़ते हुए धैर्य वाला।

४५३ क—मत्स्य पांच प्रकार के हैं,
यथा—१. अनुश्रोतचारी—प्रवाह के अनुसार चलने वाला,
२. प्रतिश्रोतचारी—प्रवाह के सामने जाने वाला।
३. अंतचारी—किनारे किनारे चलने वाला,
४. प्रान्तचारी—प्रवाह के मध्य में चलने वाला,
५. सर्वचारी—सर्वत्र चलने वाला।

ख—इसी प्रकार भिक्षु पांच प्रकार के हैं,
यथा—१-५ अनुश्रोतचारी-यावत्-
सर्वश्रोतचारी।

१. उपाश्रय से भिक्षाचर्या प्रारम्भ करने वाला,
२. दूर से भिक्षाचर्या प्रारम्भ करके उपाश्रय तक आने वाला,
३. गांव के किनारे बसे हुए घरों से भिक्षा लेने वाला,

४. गांव के मध्य में बसे हुए घरों से भिक्षा लेने वाला,

५. सभी घरों से भिक्षा लेने वाला।

५४ —वनीपक-याचक पांच प्रकार के हैं,

यथा—अतिथि वनीपक, २. दरिद्री वनीपक,

३. ब्राह्मण वनीपक, ४. श्वान वनीपक,

५. श्रमण वनीपक।

५५ —पांच कारणों से अचेलक प्रशस्त होता है,

यथा—१. अल्पप्रत्युपेक्षा—अल्प उपधि होने से अल्प-प्रतिलेखन होता है।

२. प्रशस्त लाघव—अल्प उपधि होने से अल्पराग होता है।

३. वैश्वासिक रूप—विश्वास पैदा करने वाला वेष।

४. अनुज्ञात तप—जिनेश्वर सम्मत अल्प उपाधि रूप तप।

५. विपुल इन्द्रिय निग्रह—इन्द्रियों का महान् निग्रह।

५६ —उत्कट पुरुष पांच प्रकार के हैं,

यथा—१. दण्ड उत्कट—अपराध करने पर कठोर दण्ड देने वाला।

२. राज्योत्कट—ऐश्वर्य में उत्कृष्ट।

३. स्तेन उत्कट—चोरी करने में उत्कृष्ट ।

४. देशोत्कट—देश में उत्कृष्ट ।

५. सर्वोत्कट—सब में उत्कृष्ट ।

४५७ —समितियां पांच हैं,
यथा १. इर्या समिति यावत्-२-४,
५. परिष्ठिापनिका समिति ।

४५८ क—संसारी जीव पांच प्रकार के हैं,
यथा—१. एकेन्द्रिय-यावत्-२-४
५. पंचेन्द्रिय ।

ख—एकेन्द्रिय जीव पांच गतियों (स्थानों) में पांच गतियों (स्थानों) से आकर उत्पन्न होते हैं ।
१-५. एकेन्द्रिय जीव एकेन्द्रियों में एकेन्द्रियों से-यावत्-पंचेन्द्रियों से आकर उत्पन्न होता है ।

ग—१-५. एकेन्द्रिय एकेन्द्रियपन को छोड़कर एकेन्द्रिय रूप में-यावत्-पंचेन्द्रिय रूप में उत्पन्न होता है ।

घ—द्वीन्दिय जीव पांच स्थानों में पांच स्थानों से आकर उत्पन्न होते हैं ।

ङ—१-५. द्वीन्दिय जीव एकेन्द्रियों में यावत्-पंचेन्द्रियों में आकर उत्पन्न होते हैं ।

च—१-५. त्रीन्दिय जीव पांच स्थानों में पांच स्थानों से आकर उत्पन्न होते हैं ।

छ—१-५. त्रीन्दिय जीव एकेन्द्रियों में-यावत्-पंचेन्द्रियों में आकर उत्पन्न होते हैं।

ज—१-५ त्रीन्दियजीव एकेन्द्रियों में-यावत् पंचेन्द्रियों में आकर उत्पन्न होते हैं।

झ—१-५ चतुरिन्द्रिय जीव पांच स्थानों में पांच स्थानों से आकर उत्पन्न होते हैं।

ञ—१-५ चतुरिन्द्रिय जीव एकेन्द्रियों में-यावत्-पञ्चेन्द्रियों में आकर उत्पन्न होते हैं।

ट—१-५ पञ्चेन्द्रिय जीव पांच स्थानों में पांच स्थानों से आकर उत्पन्न होते हैं।

ठ—१-५ पञ्चेन्द्रिय जीव एकेन्द्रियों में-यावत्-पञ्चेन्द्रियों में आकर उत्पन्न होते हैं।

ड—सभी जीव पांच प्रकार के हैं,
यथा—१-५ क्रोध कषायी-यावत्-अकषायी।

ढ—अथवा सभी जीव पांच प्रकार के हैं,
यथा-१-५ नैरयिक-यावत्-सिद्ध।

४५९ प्र०—हे भगवन् ! चणा, मसूर, तिल, मूंग, उड़द, वाल, कुलथ, चँवला, तुवर और कालाचणा कोठे में रखे हुए इन धान्यों की कितनी स्थिति है ?

उ०—हे गौतम ! जघन्य अन्तमुहूर्त उत्कृष्ट पांच वर्ष।
इसके पश्चात् योनि (जीवोत्पत्तिस्थान) कुमला जाती है और शनैः शनैः योनि विच्छेद (उत्पत्ति स्थान निर्जीव) हो जाता है।

४६० क—संवत्सर पांच प्रकार के हैं,
यथा—१. नक्षत्र संवत्सर, २. युग संवत्सर,
३. प्रमाण संवत्सर, ४. लक्षण संवत्सर,
५. शनैश्चर संवत्सर।

ख—युग संवत्सर पांच प्रकार के हैं,
यथा—१. चंद्र, २. चंद्र, ३. अभिवर्धित, ४. चंद्र
५. अभिवर्धित।

ग—प्रमाण संवत्सर पांच प्रकार का है,
यथा—१. नक्षत्र संवत्सर, २. चंद्र संवत्सर,
३. ऋतु संवत्सर, ४. आदित्य संवत्सर,
५. अभिवर्धित संवत्सर।

घ—लक्षण संवत्सर पांच प्रकार का है,
यथा—१. जिस तिथि में जिस नक्षत्र का योग होना चाहिए उस नक्षत्र का उसी तिथि में योग होता है[1] जिसमें रितुओं का परिणमन क्रमशः होता रहता

---

१. यथा-कार्तिक में कृत्तिका, मृगसिर में आर्द्रा, पोष में पुष्य-इत्यादि।

है, जिसमें सरदी और गरमी का प्रमाण बराबर रहता है, और जिसमें वर्षा अच्छी होती है वह नक्षत्र संवत्सर कहा जाता है।

२. जिसमें सभी पूर्णिमाओं में चन्द्र का योग रहता है, जिसमें नक्षत्रों की विषम गति होती है[1] जिसमें अतिशीत और अति ताप पड़ता है, और जिसमें वर्षा अधिक होती है वह चंद्र संवत्सर होता है।

३. जिसमें वृक्षों का यथासमय परिणमन नहीं होता है, रितु के विना फल लगते हैं, वर्षा भी नहीं होती है उसे कर्म संवत्सर या रितु संवत्सर कहते हैं।

४. जिसमें पृथ्वी जल, पुष्प और फलों को सूर्य रस देता है और थोड़ी वर्षा से भी पाक अच्छा होता है उसे आदित्य संवत्सर कहते हैं।

५. जिसमें क्षण, लव, दिवस और ऋतु सूर्य से तप्त रहते हैं, और जिसमें सदा धूल उड़ती रहती है। उसे अभिवर्धित संवत्सर कहते हैं।

६१ शरीर से जीव के निकलने के पांच मार्ग हैं, यथा १. पैर, २. उरू (साथल), ३. वक्षस्थल,

---

१ कार्तिक पूर्णिमा को कृत्तिका के बदले भरणी अथवा रोहिणी होता है।

४. शिर, ५. सर्वाङ्ग ।

१. पैरों से निकलने पर जीव नरकगामी होता है,

२. उरू से निकलने पर जीव तिर्यंचगामी होता है,

३. वक्षस्थल से निकलने पर जीव मनुष्य गति प्राप्त होता है ।

४. शिर से निकलने पर जीव देवगतिगामी होता है,

५. सर्वांग से निकलने पर जीव मोक्षगामी होता है ।

४६२ क—छेदन पांच प्रकार के हैं,

यथा—१. उत्पाद छेदन–नवीन पर्याय की अपेक्षा से पूर्वपर्याय का छेदन ।

२. व्यय छेदन–पूर्व पर्याय का व्यय-छेदन ।

३. बंध छेदन–कर्मबंध का छेदन ।

४. प्रदेश छेदन–जीव द्रव्य के बुद्धि से कल्पित प्रदेश ।

५. द्विधाकार छेदन–जीवादिद्रव्यों के दो विभाग करना ।

ख—आनन्तर्य पांच प्रकार का है,

यथा–१. उत्पादानन्तर्य–जीवों की निरन्तर उत्पत्ति ।

२. व्ययानन्तर्य–जीवों का निरन्तर मरण ।

३. प्रदेशानन्तर्य–प्रदेशों का निरन्तर अविरह[3] ।

---

१. जीव प्रदेशों के साथ कर्मों का निरन्तर अविरह ।

(क) भव्य के संसारी अवस्था में निरन्तर अविरह रहता है ।

४. समयानन्तर्य—समय का निरन्तर अविरह ।

५. सामान्यानन्तर्य—उत्पाद आदि विशेष के अभाव में जो निरन्तर अविरह।

ग—अनन्त पांच प्रकार के हैं,

यथा—१. नाम अनन्त, २. स्थापना अनन्त, ३. द्रव्य अनन्त, ४. गणना अनन्त, ५. प्रदेशानन्त ।

घ—अनन्तक पांच प्रकार के हैं,

यथा—१. एकतः अनन्तक—दीर्घता की अपेक्षा जो अनन्त है। एक श्रेणी का क्षेत्र।

२. द्विधा अनन्तक—लम्बाई और चौड़ाई की अपेक्षा से जो अनन्त हो।

३. देश विस्तार अनन्तक—रूचक प्रदेश से पूर्व आदि किसी एक दिशा में देश का जो विस्तार हो।

४. सर्वविस्तार अनन्तक—अनन्तप्रदेशी सम्पूर्ण आकाश ।

५. शास्वतानन्तक—अनन्त समय की स्थिति वाले जीवादि द्रव्य ।

४६३ —ज्ञान पांच प्रकार के हैं,

यथा—१. आभिनिबोधिक ज्ञान,

२. श्रुत ज्ञान, ३. अवधि ज्ञान,

४. मनः पर्यवज्ञान, ५. केवल ज्ञान ।

४६४ —ज्ञानावरणीय कर्म पांच प्रकार के हैं,
यथा—१. आभिनिबोधिक ज्ञानावरणीय कर्म
यावत्—२-४-५ केवलज्ञानावरणीय कर्म ।

४६५ —स्वाध्याय पांच प्रकार के हैं,
यथा—१. वाचना, २. पृच्छना, ३. परिवर्तना, ४. अनुप्रेक्षा ५. धर्म कथा ।

४६६ —प्रत्याख्यान पांच प्रकार के हैं, यथा—
१. श्रद्धा शुद्ध, २. विनय शुद्ध, ३. अनुभाषना शुद्ध, ४. अनुपालना शुद्ध, ५. भाव शुद्ध ।

४६७ —प्रतिक्रमण पांच प्रकार के हैं,
यथा—१. आश्रव द्वार—प्रतिक्रमण,
२. मिथ्यात्व—प्रतिक्रमण,
३. कषाय—प्रतिक्रमण,
४. योग—प्रतिक्रमण,
५. भाव—प्रतिक्रमण ।

४६८ क—पांच कारणों से गुरु शिष्य को वाचना देते हैं,
यथा—१. संग्रह के लिये—शिष्यों को सूत्र का ज्ञान कराने के लिये ।
२. उपग्रह के लिये—गच्छ पर उपकार करने के लिये ।

३. निर्जरा के लिये—शिष्यों को वाचना देने से कर्मों की निर्जरा होती है।

४. सूत्र ज्ञान दृढ़ करने के लिये।

५. सूत्र का विच्छेद न होने देने के लिये।

ख—पांच कारणों से सूत्र सीखे,

यथा—१. ज्ञान वृद्धि के लिये,

२. दर्शन शुद्धि के लिये,

३. चारित्र शुद्धि के लिये,

४. दूसरे का दुराग्रह छुड़ाने के लिये,

५. पदार्थों के यथार्थ ज्ञान के लिये।

क—सौधर्म और ईशान कल्प में विमान पांच वर्ण के हैं,

यथा—१. कृष्ण-यावत्-२-४, ५. शुक्ल।

ख—सौ धर्म और ईशान कल्प में विमान पांचसौ योजन के ऊंचे हैं।

ग—ब्रह्मलोक और लान्तक कल्प में देवताओं के भव-धारणीय शरीर ऊंचाई में पांच हाथ का है।

घ—नैरयिकों ने पांच वर्ण और पांच रस वाले कर्म पुद्-गल बांधे हैं, बांधते हैं और बांधेंगे।

यथा—१-५ कृष्ण-यावत्-शुक्ल।

१-५ तिक्त-यावत्-मधुर।

इसी प्रकार वैमानिक देव पर्यन्त (चौवीस दण्डकों में) कहें ।

४७० क—जम्बूद्वीप में मेरु पर्वत के दक्षिण में गंगा महानदी में पांच महानदियाँ मिलती हैं,

यथा—१. यमुना, २. सरयू, ३. आदि, ४. कोसी, ५. मही ।

ख—जम्बूद्वीप वर्ती मेरु के दक्षिण में सिन्धु महानदी में पांच महानदियां मिलती हैं ।

यथा—१. शतद्रू, २. विभाषा, ३. वित्रस्ता, ४. एरावती, ५. चंद्रभागा ।

ग—जम्बूद्वीप वर्ती मेरु के उत्तर में रक्ता महानदी में पांच महानदियां मिलती हैं,

यथा—१. कृष्णा; २. महा कृष्णा, ३. नीला, ४. महानीला, ५. महातीरा ।

घ—जम्बूद्वीप वर्ती मेरु के उत्तर में रक्तावती महानदी में पांच महानदियां मिलती हैं,

यथा—१. इन्द्रा, २. इन्द्र सेना, ३. सुसेणा, ४. वारिसेणा, ५. महाभोगा ।

४७१ —पांच तीर्थंकर कुमारावस्था में मुण्डित-यावत्-प्रव्रजित हुए,

यथा—१. वासुपूज्य, २, मल्ली, ३. अरिष्टनेमी ४. पार्श्वनाथ, ५. महावीर ।

४७२ क—चमरचंचा राजधानी में पांच सभायें हैं,
यथा—१. सुधर्मा सभा, २. उपपातसभा, ३. अभिषेकसभा, ४. अलंकारसभा, ५. व्यवसाय सभा।

ख—प्रत्येक इन्द्र स्थान में पांच-पांच सभायें हैं,
यथा—१-५ सुधर्मा सभा-यावत्-व्यवसाय सभा।

४७३ पांच नक्षत्र पांच पांच तारा वाले हैं,
यथा—१. घनिष्ठा, २. रोहिणी, ३. पुनर्वसु, ४. हस्त, ५. विशाखा।

४७४ क—जीवों ने पांच स्थानों में कर्म पुद्गलों को पाप कर्म रूप में चयन किया, करते हैं और करेंगे।
यथा—१-५ एकेन्द्रिय रूप में-यावत्-पञ्चेन्द्रिय रूप में।

ख-च—इसी प्रकार उपचय, बंध, उदीरणा, वेदन तथा निर्जरा सम्बन्धी सूत्रक हैं।

छ—पांच प्रदेश वाले स्कन्ध अनन्त हैं।

ज पांच प्रदेशावगाढ़ पुद्गल अनन्त हैं।

झ पांच समयाश्रित पुद्गल अनन्त हैं।

ञ-ड पांच गुण कृष्ण-यावत्-पांच गुण रुक्ष पुद्गल अनन्त हैं।

इति पंचम स्थान तृतीय उद्देशक

पंचम स्थान समाप्त

षष्ठ स्थान (छठा ठाणा)

४७५ —छः स्थान युक्त अणगार गण का अधिपति हो सकता है।

यथा—१. श्रद्धालु, २. सत्यवादी, ३. मेधावी, ४. बहुश्रुत, ५. शक्ति सम्पन्न, ६. क्लेशरहित।

४७६ —छः कारणों से निग्रन्थ निग्रन्थी को पकड़ कर रखे या सहारा दे तो भगवान् की आज्ञा का अतिक्रमण नहीं होता।

यथा—१. विक्षिप्त को, २. क्रुद्ध को,

३. यक्षाविष्ट को, ४. उन्मत्त को,

५. उपसर्ग युक्त को, ६. कलह करती हुई को।

४७७ —छः कारणों से निग्रन्थ और निग्रन्थियां कालगत (मृत) सार्धमिक के प्रति आदर भाव करें तो आज्ञा का अतिक्रमण नहीं होता है।

यथा—१. उपाश्रय से बाहर निकालना हो,

२. उपाश्रय के बाहर से जंगल में ले जाना हो,

३. मृत को बांधना हो,

४. जागरण करना हो,

५. अनुज्ञापन करना हो,[1]

६. चुपचाप साथ जावे तो।

४७८ क—छः स्थान छद्मस्थ पूर्ण रूप से नहीं जानता है और नहीं देखता है।

यथा—१. धर्मास्तिकाय को, २. अधर्मास्तिकाय को, ३. आकाशास्तिकाय को, ४. शरीर रहित जीव को ५. परमाणु पुद्गल को, ६. शब्द को।

ख—इन्हीं छः स्थानों को केवल ज्ञानी अर्हन्त जिन पूर्ण-रूप से जानते हैं और देखते हैं।

यथा—१. धर्मास्तिकाय को-यावत्-शब्द को,

४७९ —छः कारणों से जीवों को ऋद्धि, द्युति, यश, बल, वीर्य और पराक्रम प्राप्त नहीं होता है।

यथा—१. जीव को अजीव करना चाहे तो,

२. अजीव को जीव करना चाहे तो,

३. साँच और झूठ एक साथ बोले तो,

४. स्वकृत कर्म भोगे या न भोगे—ऐसा माने तो,

५. परमाणु को छेदन-भेदन करना चाहे अथवा अग्नि से जलाना चाहे तो,

६. लोक से बाहर जाने तो।

---

१ स्वजन सम्बन्धियों को सूचना देनी हो।

४८० छः जीव निकाय हैं,
यथा—१-६ पृथ्वीकाय—यावत्—त्रसकाय ।

४८१ छः ग्रह छः-छः तारा वाले हैं,
यथा—१ शुक्र, २ बुध, ३ बृहस्पति, ४ अंगारक[1], ५ शनैश्चर, ६ केतु ।

४८२ क—संसारी जीव छः प्रकार के हैं,
यथा—पृथ्वीकायिक यावत्—त्रसकायिक ।

ख—पृथ्वीकायिक जीव छः गति और छः आगति वाले हैं,

यथा—१ पृथ्वीकायिक जीव पृथ्वी काय में उत्पन्न होते हैं तो पृथ्वीकायिकों से—यावत्—त्रसकायिकों से उत्पन्न होते हैं ।

ग—वही पृथ्वीकायिक जीव पृथ्वीकायिकपने को छोड़कर पृथ्वीकायिकपने को—यावत्—त्रसकायिकपने को प्राप्त होता है ।

घ-ट—अप्कायिक जीव छः गति और छः आगति वाले हैं । इसी प्रकार—यावत्—त्रसकायिक पर्यन्तक है ।

४८३ क—जीव छः प्रकार के हैं,
यथा—२-५ आभिनिबोधिक ज्ञानी—यावत्—केवल ज्ञानी, ६ अज्ञानी ।

---

१. अंगारक—मंगल ।

ख—अथवा जीव छः प्रकार के हैं।

यथा—१-५ एकेन्द्रिय—यावत्—पंचेन्द्रिय,
६ अनीन्द्रिय।

ग—अथवा जीव ६ प्रकार के हैं,

यथा—१ औदारिक शरीरी, २ वैक्रिय शरीरी,
३ आहारक शरीरी, ४ तैजस शरीरी, ५ कार्मण
शरीरी, ६ अशरीरी।

४८४ —तृण वनस्पतिकाय छः प्रकार की हैं,
यथा—१ अग्रवीज, २ मूलवीज, ३ पर्ववीज,
४ स्कन्धवीज, ५ वीजरूह, ६ सम्मूर्छिम।

४८५ —छः स्थान सव जीवों को सुलभ नहीं है,
यथा—१ मनुष्यभव, २ आर्य क्षेत्र में जन्म, ३ सुकुल
में उत्पत्ति, ४ केवली कथित धर्म का श्रवण. ५ श्रुत
धर्म पर श्रद्धा, ६ श्रद्धित, प्रतीत और रोचित धर्म
का आचरण।

४८६ छः इन्द्रियों के छः विषय हैं,

यथा—१ श्रोत्रेन्द्रिय का विषय—यावत्—स्पर्शेन्द्रिय
का विषय, ६ मनका विषय।

४८७ क—संवर छः प्रकार के हैं,
यथा—१-५ श्रोत्रेन्द्रिय संवर—यावत्—स्पर्शेन्द्रिय
संवर, ६ मन संवर।

ख—असंवर (आश्रव) छः प्रकार के हैं,

यथा—१ ५ श्रोत्रेन्द्रिय असंवर—यावत्—स्पर्शेन्द्रिय असंवर, ६ मन असंवर।

४८८ क—सुख छः प्रकार का है,

यथा—१-५ श्रोत्रेन्द्रिय का सुख यावत् स्पर्शेन्द्रिय का सुख, ६ मन का सुख।

ख—दुःख छः प्रकार का है,

यथा—१-५ श्रोत्रेन्द्रिय का दुःख यावत् स्पर्शेन्द्रिय का दुःख, ६ मन का दुःख।

४८९ —प्रायश्चित्त छः प्रकार का है,

यथा—१. आलोचना योग्य—गुरु के समक्ष सरलता-पूर्वक लगे हुए दोष को स्वीकार करना।

२. प्रतिक्रमण योग्य—लगे हुए दोष की निवृत्ति के लिये पश्चात्ताप करना और पुनः दोष न लगे ऐसी सावधानी रखना।

३. उभय योग्य—आलोचन और प्रतिक्रमण योग्य।

४. विवेक योग्य—आधा कर्म आदि सदोष आहार को परठकर शुद्ध होना।

५. व्युत्सर्ग योग्य—कायचेष्टा का निरोध करके शुद्ध होना।

६. तप योग्य—विशिष्ट तप करके शुद्ध होना।

४६० क—मनुष्य छः प्रकार के हैं,

यथा—१. जम्बूद्वीप में उत्पन्न।

२. धातकी खण्ड द्वीप के पूर्वार्ध में उत्पन्न।

३. धातकी खण्ड द्वीप के पश्चिमार्ध में उत्पन्न।

४. पुष्करवर द्वीपार्ध के पूर्वार्ध में उत्पन्न।

५. पुष्करवर द्वीपार्ध के पश्चिमार्ध में उत्पन्न।

६. अन्तरद्वीपों में उत्पन्न।

ख—अथवा मनुष्य छः प्रकार के हैं,

यथा— सम्मुर्छिम मनुष्य १. कर्म भूमि में उत्पन्न।
" " २. अकर्म भूमि में उत्पन्न।
" " ३. अन्तरद्वीपों में उत्पन्न।
गर्भज मनुष्य १. कर्मभूमि में उत्पन्न।
" " २. अकर्म भूमि में उत्पन्न।
" " ३. अन्तरद्वीपों में उत्पन्न।

४६१ क—ऋद्धिमान मनुष्य छः प्रकार के हैं,

यथा—१. अरिहन्त, २. चक्रवर्ती, ३. बलदेव,

४. वासुदेव, ५. चारण[1], ६. विद्याधर।

---

१ जंघाचारण लब्धि युक्त।

ख—ऋद्धिरहित मनुष्य छः प्रकार के हैं,

यथा—१. हेमवन्त क्षेत्र के।

२. हैरण्यवन्त क्षेत्र के।

३. हरिवर्ष क्षेत्र के।

४. रम्यक् क्षेत्र के।

५. देवकुरु और उत्तरकुरु क्षेत्र के।

६. अन्तरद्वीपों के।

४९२ क—अवसर्पिणी काल छः प्रकार का है,

यथा—१-६ सुषम-सुषमा—यावत्—दुषम-दुषमा।

ख—उत्सर्पिणी काल छः प्रकार का है,

यथा—१-६ दुषम-दुषमा यावत् सुषम-सुषमा।

४९३ क—जम्बूद्वीपवर्ती भरत और ऐरवत क्षेत्रों में अतीत उत्सर्पिणी के सुषम-सुषमा काल में मनुष्य छः हजार धनुष के ऊंचे थे, और उनका परमायु छः के आधे (तीन) पल्योपमों का था।

ख—जम्बूद्वीपवर्ती भरत और ऐरवत क्षेत्रों में इस उत्सर्पिणी के सुषम-सुषमा काल में मनुष्यों की ऊँचाई और उनका परमायु पूर्ववत् ही था।

ग—जम्बूद्वीपवर्ती भरत और एरवत क्षेत्रों में आगामी उत्सर्पिणी के सुषम-सुषमा काल में मनुष्यों की ऊँचाई और उनका परमायु पूर्ववत् ही होगा।

घ—जम्बूद्वीपवर्ती देवकुरु उत्तरकुरुअ र क्षेत्रों में मनुष्यों की ऊंचाई और उनका परमायु पूर्ववत् ही है।

ङ-न—इसी प्रकार धातकी खण्ड द्वीप के पूर्वार्ध में पूर्ववत् चार आलापक हैं—यावत्—पुष्करवर द्वीपार्ध के पश्चिमार्ध में भी पूर्ववत् चार आलापक हैं।

४९४ —संघयण छः प्रकार के हैं,

यथा—१. वज्ररिषभ नाराच संहनन,

२. ऋषभ नाराच संहनन,

३. नाराच संहनन,

४. अर्ध नाराच संहनन,

५. कीलिका संहनन,

६. सेवार्त संहनन।

४९५ —संस्थान छः प्रकार के हैं,

यथा—१. सम चतुरस्र संस्थान,

२. न्यग्रोध परिमण्डल संस्थान,

३. सादी संस्थान,

४. कुब्ज संस्थान,

५. वामन संस्थान,

६. हुंड संस्थान।

४९६ क—अनात्मभाववर्ती (कषाय युक्त) मनुष्यों के लिए ये छह स्थान अहितकर हैं, अशुभ हैं, अशान्ति मिटाने में असमर्थ हैं, अकल्याणकर हैं, और अशुभ परम्परा वाले हैं,

यथा—१. आयु अथवा दीक्षा काल,

२. परिवार–पुत्रादि, या शिष्यादि,

३. श्रुत, ४. तप, ५. लाभ, ६. पूजा-सत्कार।

ख—आत्मभाववर्ती (कषाय रहित) मनुष्यों के लिए उक्त छह स्थान हितकर हैं, शुभ हैं, अशान्ति मिटाने में समर्थ हैं, कल्याणकर हैं, और शुभ परम्परा वाले हैं,

यथा—१-६ पर्याय यावत् पूजा-सत्कार।

४९७ क—जाति आर्य मनुष्य छः प्रकार के हैं,

यथा—१. अंबष्ठ, २. कलंद, ३. वैदेह, ४. वेदगायक, ५. हरित, ६. चुंचण।

ख—कुलार्य मनुष्य छः प्रकार के हैं,

यथा—१. उग्र कुल के, २. भोग कुल के. ३. राजन्य कुल के, ४. इक्ष्वाकुकुल के, ५. ज्ञान कुल के, ६. कौरव कुल के।

४९८ —लोक स्थिति छः प्रकार की है,

यथा—१. आकाश पर वायु,

२. वायु पर उदधि,

३. उदधि पर पृथ्वी,

४. पृथ्वी पर त्रस और स्थावर प्राणी,

५. जीव के सहारे अजीव,

६. कर्म के सहारे जीव।

४९९ क—दिशायें छः हैं,

यथा—१ पूर्व, २ पश्चिम, ३ दक्षिण, ४ उत्तर, ५ ऊर्ध्व, ६ अधो।

ख—उक्त छह दिशाओं में जीवों की गति होती हैं। इसी प्रकार (ग) जीवों की आगति, (घ) व्युत्क्रान्ति, (ङ) आहार, (च) शरीर की वृद्धि, (छ) शरीर की हानि, (ज) शरीर की विकुर्वणा, (झ) गतिपर्याय (ञ) वेदनादि समुद्घात, (ट) दिन-रात आदि काल का संयोग, (ठ) अवधि आदि दर्शन से सामान्य ज्ञान, (ड) अवधि आदि ज्ञान से विशेषज्ञान, (ढ) जीव-स्वरूप का प्रत्यक्ष ज्ञान, (ण) पुद्गलादि अजीव-स्वरूप का प्रत्यक्ष ज्ञान, (त) इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चों के और मनुष्यों के चौदह-चौदह सूत्र हैं।

५०० क—छः कारणों से श्रमण निर्ग्रन्थ के आहार करने पर भगवान् की आज्ञा का अतिक्रमण नहीं होता,

यथा—१. क्षुधा शान्त करने के लिये,

२. सेवा करने के लिए,

३. ईर्या समिति के शोधन के लिये,

४. संयम की रक्षा के लिए,

५. प्राणियों की रक्षा के लिये,

६. धर्म चिन्तन के लिये ।

ख—छः कारण से श्रमण निर्ग्रन्थ के आहार त्यागने पर भगवान् की आज्ञा का अतिक्रमण नहीं होता ।
यथा—१. आतङ्क-ज्वरादि की शान्ति के लिए,
२. उपसर्ग—राजा या स्वजनों द्वारा उपसर्ग किये जाने पर,

३. तितिक्षा—सहिष्णु बनने के लिए,

४. ब्रह्मचर्य की रक्षा के लिए,

५. प्राणियों की रक्षा के लिये,

६. शरीर त्यागने के लिये ।

५०१ —छः कारणों से आत्मा उन्माद को प्राप्त होता है,
यथा—१. अर्हन्तों का अवर्णवाद[1] बोलने पर,

२. अर्हन्त प्रज्ञप्त धर्म का अवर्णवाद बोलने पर,

३. आचार्य और उपाध्यायों के अवर्णवाद बोलने पर

४. चतुर्विध संघ का अवर्णवाद बोलने पर,

५. यक्षाविष्ट होने पर,

६. मोहनीय कर्म का उदय होने पर ।

---

१ अवर्णवाद—निन्दा

०२ —प्रमाद छः प्रकार के हैं,

यथा १. मद्य[1], २. निद्रा, ३. विषय, ४. कषाय, ५. द्यूत, ६. प्रतिलेखना में प्रमाद ।

०३ क—प्रमाद पूर्वक की गई प्रति लेखना छः प्रकार की है,

यथा—१. आरभटा—उतावल से प्रति लेखना करना,

२. संमर्दा—मर्दन करके प्रति लेखना करना,

३. मोसली—वस्त्र के ऊपर के नीचे के या तिर्यक् भाग को प्रतिलेखन करते हुए परस्पर छुहाना ।

४. प्रस्फोटना—वस्त्र की रज को झड़काना ।

५. विक्षिप्ता—प्रतिलेखित वस्त्रों को अप्रतिलेखित वस्त्रों पर रखना ।

६. वेदिका—प्रतिलेखना करते समय विधिवत् न बैठना ।

ख—अप्रमाद प्रतिलेखना (सावधानी पूर्वक की गई प्रतिलेखना) छह प्रकार की है,

यथा—१. अनर्तिता—शरीर या वस्त्र को न नचाते हुए प्रतिलेखना करना ।

२. अवलिता—वस्त्र या शरीर को झुकाये बिना प्रतिलेखना करना ।

---

१ प्रमाद मद्य तुल्य है ।

३. अनानुबंधि---उतावल या झटकाये बिना प्रतिलेखना करना।

४. अमोसली—वस्त्र को मसले बिना की गई प्रतिलेखना।

५. छः पुरिमा और नव खोटका।

५०४ —दण्डक सूत्र—

क—लेश्याएं छः हैं,

यथा—१-६ कृष्णलेश्या यावत् शुक्ललेश्या।

ख—तिर्यञ्च पञ्चेन्द्रियों में छह लेश्यायें हैं :

यथा—१-६ कृष्णलेश्या यावत् शुक्ल लेश्या।

ग—मनुष्य और देवताओं में छः लेश्यायें हैं,

यथा—१-६ कृष्ण लेश्या यावत् शुक्ल लेश्या।

५०५ —शक्रदेवेन्द्र देवराज सोम महाराजा की छः अग्रमहिषियां हैं।

५०६ —ईशान देवेन्द्र की मध्यम परिषद् के देवों की स्थिति छः-पल्योपम की है।

५०७ क—छः श्रेष्ठ दिककुमारियां हैं,

यथा—१. रूपा, २. रूपांशा, ३. सुरूपा, ४. रूपवती, ५. रूपकांता, ६. रूपप्रभा।

ख—छः श्रेष्ठ विद्युत् कुमारियां हैं,

यथा—१. आला, २. शुक्रा, ३. सतेरा, ४. सौदामिनी, ५. इन्द्रा, ६. घन विद्युता।

५०८ क—धरण नागकुमारेन्द्र की छः अग्रमहिषियां हैं।
यथा—१. आला, २. शुक्रा, ३. सतेरा, ४. सौदामिनी, ५. इन्द्रा, ६, घनविद्युता।

ख—भूतानन्द नाग कुमारेन्द्र की छः अग्रमहिषियां हैं
यथा—१. रूपा, २. रूपांशा, ३. सुरूपा, ४. रूपवती, ५. रूपकांता, ६. रूपप्रभा।

ग-ञ—घोष पर्यन्त दक्षिण दिशा के सभी देवेन्द्रों की अग्रमहिषियों के नाम धरणेन्द्र के समान हैं।

ट-द—महाघोष पर्यन्त उत्तर दिशा के सभी देवेन्द्रों की अग्र-महिषियों के नाम भूतानन्द के समान हैं।

५०९ क—धरण नागकुमारेन्द्र के छः हजार सामानिक देव हैं।

ख-न—इसी प्रकार भूतानन्द यावत् महाघोष नागकुमारेन्द्र के छः हजार सामानिक देव हैं।

५१० क—अवग्रहमति छः प्रकार की हैं,
यथा—१. क्षिप्र—क्षयोपशम की निर्मलता से शंख आदि के शब्द को शीघ्र ग्रहण करने वाली मति।

२. बहु—शंख आदि अनेक प्रकार के शब्दों को ग्रहण करने वाली मति।

३. बहुविध—शब्दों के माधुर्य आदि पर्यायों को ग्रहण करने वाली मति।

४. ध्रुव—एक वार धारण किये हुये अर्थ को सदा के लिए स्मरण में रखने वाली मति।

५. अनिश्रित—ध्वजादि चिह्न के विना ग्रहण करने वाली मति ।

६. असंदिग्ध—संशय रहित ग्रहण करने वाली मति।

ख—ईहामति छः प्रकार की है,

यथा—१-६ क्षिप्र ईहामति—शीघ्र विचार करने वाली मति—यावत्—संदेह रहित विचार करने वाली मति ।

ग—अवायमति छः प्रकार की है।

यथा—१-६ शीघ्र निश्चय करने वाली मति—यावत्—संदेह रहित निश्चय करने वाली मति।

घ—धारणा छः प्रकार की है,

यथा—१. वहु धारणा—वहुत धारण करने वाली मति।

२. बहुविध धारणा—अनेक प्रकार से धारण करने वाली मति।

३. पुराण धारणा—पुराणे (जूने) को धारण करने वाली मति।

४. दुर्धर धारणा—गहन विषयों को धारण करने वाली मति।

५. अनिश्रित धारणा—ध्वजा आदि चिह्नों के बिना धारण करने वाली मति।

६. असंदिग्ध धारणा—संशय विना धारण करने वाली मति।

५११ क—वाह्य तप छह प्रकार का है,

यथा—१. अनशन-आहार त्याग, एक उपवास से लेकर छः मास पर्यन्त।

२. ऊनोदरिका—कवल आदि न्यून ग्रहण करना।

३. भिक्षाचर्या—नाना प्रकार के अभिग्रह धारण करके आहार आदि ग्रहण करना[1]।

४. रस परित्याग—क्षीर आदि मधुर रसों का त्याग करना।

५. काय क्लेश—अनेक प्रकार के आसन करना।

६. प्रति संलीनता—इन्द्रिय जय, कषाय जय और योगों का जय।[2]

ख—आभ्यन्तर तप-छह प्रकार का है,

यथा—१. प्रायश्चित्त—आलोचनादि दस प्रकार का प्रायश्चित।

---

१ भिक्षाचर्या—वृत्तिसंक्षेप।

२ प्रतिसंलीनता—विविक्त शय्यासन।

२. विनय—जिस तप के द्वारा विशेष रूप से कर्मों का नाश हो।

३. वैयावृत्य—सेवा, सुश्रूषा।

४. स्वाध्याय—विविध प्रकार का अभ्यास करना।

५. ध्यान—एकाग्र होकर चिंतन करना।

६. व्युत्सर्ग—परित्याग[1]। चित्त की चंचलता के कारणों का परित्याग करना।

५१२ —विवाद छः प्रकार का है,

यथा—१. अवष्वष्कय—पीछे हटकर प्रारम्भ में कुछ सामान्य तर्क देकर समय बितावे और अनुकूल अवसर पाकर प्रतिवादी पर आक्षेप करे।

२. उत्ष्वष्कय—पीछे हटाकर किसी प्रकार प्रतिवादी से विवाद बंध करावे और अनुकूल अवसर पाकर पुनः विवाद करे।

३. अनुलोम्य—सभ्यों को और सभापति को अनुकूल करके विवाद करे।

---

१ इसके दो भेद है यथा—

(क) द्रव्य व्युत्सर्ग—गण, शरीर, उपाधि, आहारादि का त्याग करना।

(ख) भाव व्युत्सर्ग—क्रोधादि कलुषित भावों का त्याग करना।

४. प्रतिलोम्य—सभ्यों को और सभापति को प्रतिकूल करके विवाद करे।

५. भेदयित्वा—सभ्यों में मतभेद पैदा करके विवाद करे।

६. मेलयित्वा—कुछ सभ्यों को अपने पक्ष में मिलाकर विवाद करे।

५१३ —क्षुद्र प्राणी छः प्रकार के हैं,
यथा—१. द्वीन्द्रिय, २. त्रीन्द्रिय, ३. चतुरिन्द्रिय,
४. सम्मूर्छिम पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च योनिक,
५. तेजस्कायिक, ६. वायु कायिक।

५१४ —गौचरी छः प्रकार की है,
यथा—१. पेटा—गांव के चार विभाग करके गौचरी करना।

२. अर्ध पेटा—गांव के दो विभाग करके गौचरी करना।

३. गौमूत्रिका—घरों की दो पंक्तियों में गौमूत्रिका के समान क्रम बना कर गौचरी करे।[1]

---

१ गौमूत्रिका—गाय जैसे तिरछी गति से प्रस्त्रवण करती है वैसी तिरछी गति से गोचरी करना।

४. पतंगवीथिका—पतंगिया की उड़ान के समान विना क्रम के गोचरी करना ।

५. शंबुक वृत्ता—शंख के वृत्त की तरह घरों का क्रम बनाकर गोचरी करना ।

६. गत्वा प्रत्यागत्वा—प्रथम पंक्ति के घरों में क्रमशः आद्योपान्त गोचरी करके द्वितीय पंक्ति के घरों में क्रमशः आद्योपान्त गोचरी करना ।'

५१५ क—जम्बूद्वीपवर्ती मेरु पर्वत के दक्षिण में—इस रत्नप्रभा पृथ्वी में छह अपक्रान्त (अत्यन्त घृणित) महा नरकावास हैं,

यथा—१. लोल, २. लोलुप, ३. उद्दग्ध, ४. निर्दग्ध, ५. जरक, ६. प्रजरक ।

ख—चौथी पंक प्रभा पृथ्वी में छह अपक्रान्त (अत्यन्त घृणित) महा नरकावास हैं,

यथा—१. आर, २. वार, ३. मार, ४. रोर, ५. रोरुक ६. खाडखड़ ।

५१६ —ब्रह्मलोक कल्प में छह विमान-प्रस्तर हैं,

यथा—१. अरज, २. विरज, ३. निरज, ४. निर्मल, ५. वित्तिमिर, ६. विशुद्ध ।

५१७ क—ज्योतिष्केन्द्र चन्द्र के साथ छह नक्षत्र ३०, ३० मुहूर्त तक सम्पूर्ण क्षेत्र में योग करते हैं ।

यथा—१. पूर्वाभद्र पद, २. कृत्तिका, ३. मघा, ४. पूर्वा फाल्गुनी, ५. मूल, ६. पूर्वाषाढ़ा ।

ख—ज्योतिष्केन्द्र चन्द्र के साथ छह नक्षत्र १५-१५ मुहूर्त तक आधे क्षेत्र में योग करते हैं,
यथा—१. शतभिषा, २. भरणी, ३. आर्द्रा, ४. अश्लेषा, ५. स्वाती, ६. ज्येष्ठा।

ग—ज्योतिष्केन्द्र चन्द्र के साथ छह नक्षत्र आगे और पीछे दोनों ओर ४५-४५ मुहूर्त तक योग करते हैं,
यथा—१. रोहिणी, २. पुनर्वसु, ३. उत्तरा फाल्गुनी, ४. विशाखा, ५. उत्तराषाढ़ा, ६. उत्तराभाद्रपदा, ६. उत्तराषाढ़ा।

५१८ —अभिचन्द्र कुलकर छः सौ धनुष के ऊँचे थे।

५१९ —भरत चक्रवर्ती छह लाख पूर्व तक महाराजा (राज-पद पर) रहे।

५२० क—भगवान पार्श्वनाथ के छः सौ वादी मुनियों की संपदा थी वे वादी मुनि देव-मनुष्यों की परिषद् में अजेय थे।

ख—वासुपूज्य अर्हन्त के साथ छः सौ पुरुष प्रव्रजित हुये।

ग—चन्द्र प्रभ अर्हन्त छः मास पर्यन्त छद्मस्थ रहे।

२१ क—तेइन्द्रिय जीवों की हिंसा न करने वाला छह प्रकार के संयम का पालन करता है।
यथा—१. गंध ग्रहण का सुख नष्ट नहीं होता।

२. गंध (ग्रहण न कर सकने) का दुःख प्राप्त नहीं होता।

३. रसास्वादन का सुख नष्ट नहीं होता।

४. रसास्वादन न कर सकने का दुःख प्राप्त नहीं होता।

५. स्पर्श जंन्य सुख नष्ट नहीं होता।

६. स्पर्शानुभव न होने का दुःख प्राप्त नहीं होता।

ख—तेइन्द्रिय जीवों की हिंसा करने से छह प्रकार का असंयम होता है।

यथा—१. गंध ग्रहण जन्य सुख प्राप्त नहीं होता।

२. गंध ग्रहण न कर सकने का दुःख प्राप्त होता है।

३. रसास्वादन जन्य सुख प्राप्त नहीं होता।

४. रसास्वादन न कर सकने का दुःख प्राप्त होता है।

५. स्पर्शजन्य सुख प्राप्त नहीं होता।

६. स्पर्शानुभव न कर सकने का दुख प्राप्त होता है।

५२२ क—जम्बूद्वीप में छह अकर्म भूमियां हैं,

यथा—१. हैमवत, २. हैरण्यवत, ३. हरिवर्ष, ४. रम्यक् वर्ष, ५. देवकुरु, ६. उत्तर कुरु।

ख—जम्बूद्वीप में छह वर्ष (क्षेत्र) हैं

यथा १. भरत, २. ऐरवत, ३. हैमवत,

४. हैरण्यवत, ५. हरिवर्ष, ६. रम्यक् वर्ष[1]।

ग—जम्बूद्वीप में छः वर्षधर पर्वत हैं,

यथा—१. चुल्ल (छोटा) हिमवंत, २. महा हिमवंत
३. निषध, ४. नीलवंत,
५. रुक्मि, ६. शिखरी।

घ—जम्बूद्वीपवर्ती मेरु पर्वत से दक्षिण दिशा में छः कूट (शिखर) हैं।

यथा—१. चुल्ल है मवंत कूट, २. वैश्रमण कूट,
३. महा हैमवत कूट, ४. वैडूर्य कूट,
५. निषध कूट, ६. रुचक कूट।

ङ—जम्बूद्वीप वर्ती मेरु पर्वत से उत्तर दिशा में छह कूट हैं।

यथा—१. नीलवान कूट, २. उपदर्शन कूट,
३. रुक्मिकूट, ४. मणिकंचन कूट,
५. शिखरी कूट, ६. निगिच्छ कूट।[2]

च—जम्बूद्वीप में छः महाद्रह हैं,

यथा—१. पद्मद्रह, २. महा पद्मद्रह,

---

१ वर्ष (क्षेत्र) यद्यपि सात हैं किन्तु छठा स्थान होने से छह कहे हैं।

२ दक्षिण और उत्तर में स्थित वर्ष धरों में से प्रत्येक वर्षधर पर्वत के दो दो कूटों को यहा गिना गया है।

६०

३. तिगिच्छद्रह, ४. केसरीद्रह,
५. महा पौंडरीकद्रह, ६. पौंडरिक द्रह ।

छ—उन महाद्रहों में छह पल्योपम की स्थिति वाली छः महर्धिक देवियां रहती हैं।
यथा—१. श्री, २. ह्री, ३. धृति, ४. कीर्ति, ५. बुद्धि
६. लक्ष्मी।

ज—जम्बूद्वीपवर्ती मेरु से दक्षिण दिशा में छः महानदियां हैं।
यथा—१. गंगा, २. सिंधु, ३. रोहिता
४. रोहितांशा, ५. हरी, ६. हरिकांता।

झ—जम्बूद्वीपवर्ती मेरु से उत्तर दिशा में छः महानदियां हैं,
यथा—१. नरकांता, २. नारीकांता,
३. सुवर्ण कूला, ४. रुप्य कूला,
५. रक्ता, ६. रक्तवती।

ञ—जम्बूद्वीप वर्ती मेरु से पूर्व में सीता महानदी के दोनों किनारों पर छः अन्तर नदियां हैं,
यथा—१. ग्राहवती, २. द्रहवती, ३. पंकवती,
४. तप्तजला, ५. मत्तजला ६. उन्मत्तजला।

ट—जम्बूद्वीपवर्ती मेरु से पश्चिम में शीतोदा महानदी के दोनों किनारों पर छः अन्तर नदियां हैं।
यथा—१. क्षीरोदा, २. सिंह श्रोता, ३. अंतर्वाहिनी,

४. उर्मिमालिनी, ५. फेनमालिनी
६. गम्भीर मालिनी ।

१-११ क—धातकीखण्ड के पूर्वार्ध में छह अकर्म भूमियाँ हैं, यथा—हैमवत आदि नदी-सूत्र पर्यन्त जम्बूद्वीप के समान ग्यारह-सूत्र कहें ।

ख—धातकीखण्ड के पश्चिमार्ध में जम्बूद्वीप के समान ग्यारह सूत्र हैं ।

ग—पुष्करवर द्वीपार्ध के पूर्वार्ध में जम्बूद्वीप के समान ग्यारह सूत्र हैं ।

घ—पुष्करवर द्वीपार्ध के पश्चिमार्ध में जम्बूद्वीप के समान ग्यारह सूत्र हैं ।[1]

५२३ —ऋतुएँ छः हैं, यथा—

१. प्रावृट्—आषाढ़ और श्रावण मास ।

२. वर्षा ऋतु—भाद्रपद और आश्विन ।

३. शरद्—कार्तिक और मार्गशीर्ष ।

४. हेमन्त—पोष और माघ ।

५. बसन्त—फाल्गुन और चैत्र ।

६. ग्रीष्म—वैशाख और ज्येष्ठ ।

---

[1] सब मिलकर ५५ सूत्र है ।

५२४ क—दिनक्षय वाले छः पर्व हैं।[1] यथा

१. तृतीयपर्व—आषाढ़ कृष्ण पक्ष।

२. सप्तम पर्व—भाद्रपद कृष्ण पक्ष।

३. ग्यारहवाँ पर्व—कार्तिक कृष्ण पक्ष।

४. पन्द्रहवाँ पर्व—पोष कृष्ण पक्ष।

५. उन्नीसवाँ पर्व—फाल्गुन कृष्ण पक्ष।

६. तेतीसवाँ पर्व—वैशाख कृष्ण पक्ष।

ख—दिन वृद्धि वाले छः पर्व हैं,[2] यथा—

१. चतुर्थ पर्व—आषाढ़ शुक्ल पक्ष।

२. आठवाँ पर्व—भाद्रपद शुक्ल पक्ष।

३. बारहवाँ पर्व—कार्तिक शुक्ल पक्ष।

४. सोलहवाँ पर्व—पोष शुक्ल पक्ष।

५. बीसवाँ पर्व—फाल्गुन शुक्ल पक्ष।

६. चौबीसवाँ पर्व—वैशाख शुक्ल पक्ष।

५२५ —आभिनिबोधिक ज्ञान के छः अर्थावग्रह हैं, यथा—
१-६ श्रोत्रेन्द्रिय अर्थावग्रह यावत् नोइन्द्रिय अर्थावग्रह।

---

१ इन छः पर्वों (पक्षों) में दिन की हानि (दिन छोटे) और रात्रि की वृद्धि (रातें बड़ी) होती है।

५२६ —अवधि ज्ञान छः प्रकार का है। यथा—

१. आनुगामिक—मनुष्य के साथ जैसे मनुष्य की आँखें चलती हैं उसी प्रकार अवधि ज्ञान भी अवधि-ज्ञानी के साथ चलता है।

२. अनानुगामिक—जो अवधि ज्ञान दीपक की तरह अवधि ज्ञानी के साथ नहीं चलता।

३. वर्धमान—जो अवधि ज्ञान प्रति समय बढ़ता रहता है।

४. हीयमान—जो अवधि ज्ञान प्रति समय क्षीण होता रहता है।

५. प्रतिपाती—जो अवधि ज्ञान पूर्ण लोक को देखने के पश्चात् नष्ट हो जाता है।

६. अप्रतिपाती—जो अवधि ज्ञान पूर्ण लोक को देखने के पश्चात् अलोक के एक प्रदेश को देखने की शक्ति वाला है।

५२७ —निर्ग्रन्थों और निर्ग्रन्थियों को ये छः अवचन (कुवचन) कहने योग्य नहीं हैं।

यथा—१. अलीक वचन—असत्य वचन[1]।

---

१ ऊंघ लेने वाले निर्ग्रन्थ या निर्ग्रन्थी को कोई कहे कि—ऊंघ क्यों लेते हो? उस समय निर्ग्रन्थ या निर्ग्रन्थी कहे कि—मैं प्रचला (ऊंघ) नहीं लेता।

२. हीलित वचन—ईर्ष्या भरे वचन।

३. खिंसित वचन—गुप्त बातें प्रगट करना।

४. परुष वचन—कठोर वचन।

५. गृहस्थ वचन—बेटा, भाई आदि कहना।

६. उदीर्ण वचन—उपशान्त कलह को पुनः उद्दीप्त करने वाले वचन।

५२८ —कल्प (साधु का आचार) के छः प्रस्तार हैं।[1]

यथा—१. छोटा साधु बड़े साधु को कहे कि तुमने प्राणातिपात किया है।

२. छोटा साधु बड़े साधु को कहे कि तुम मृषावाद बोले हो।

३. छोटा साधु बड़े साधु को कहे कि तुमने अमुक वस्तु चुराई है।

४. छोटा साधु बड़े साधु को कहे कि तुमने अविरति का सेवन किया है।

५. छोटा साधु बड़े साधु को कहे कि तुम अपुरुष (नपुंसक हो)।

६. छोटा साधु बड़े साधु को दास वचन (तुम दास हो) कहे।

---

१ प्रस्तार—प्रायश्चित्त बढ़ाना।

इन छः वचनों का जानबूझ कर भी बड़ा साधु पूर्ण प्रायश्चित न दे तो बड़ा साध उसी प्रायश्चित्त का भागी होता है।

५२६ ——कल्प (साधु का आचार) के छः पलिमंथू (संयम के घातक) हैं।

यथा——१. कौत्कुच्य——कुचेष्टा करना संयम का घात करना है।

२. मौखर्य——अनावश्यक बोलना सत्य वचन का घात करना है।

३. चक्षु लोलुप——चंचल चक्षु रहना ईर्यासमिति का घात करना है।

४. तितिनिक——इष्ट वस्तु के अलाभ से दुखी होना एषणा प्रधान गोचरी का घात करना है।

५. इच्छालोभिक——अति लोभ करना मुक्ति मार्ग का घात करना है।

६. मिथ्या निदान करण——लोभ से निदान करना मोक्ष मार्ग का घात करना है। क्योंकि निदान (फलेच्छा) न करना ही भगवान् ने प्रशस्त कहा है।

५३० ——कल्प-साध्वाचार-की व्यवस्था छः प्रकार की है, यथा——१. सामायिक कल्पस्थिति—सामायिक संबंधी मर्यादा।

२. छेदोपस्थापनिक कल्पस्थिति—शैक्षकाल पूर्ण होने पर पंच महाव्रत धारण कराने की मर्यादा।

३. निर्विसमान कल्प स्थिति—परिहार विशुद्धि तप स्वीकार करने वाले की मर्यादा।

४. निर्विष्ठकल्पस्थिति—पारिहारिक तप पूरा करने वाले की मर्यादा।

५. जिन कल्पस्थिति—जिन कल्प की मर्यादा।

६. स्थविर कल्पस्थिति—स्थविर कल्प की मर्यादा।

५३१ क—श्रमण भगवान् महावीर चतुर्विध आहार परित्याग-पूर्वक छट्ठ भक्त (दो उपवास) करके मुंडित यावत् प्रव्रजित हुये।

ख—श्रमण भगवान् महावीर को जब केवल ज्ञान उत्पन्न हुआ था उस समय चौविहार छट्ठ भक्त था।

ग—श्रमण भगवान् महावीर जब सिद्ध यावत् सर्व दुःख से मुक्त हुए उस समय चौविहर छट्ठ भक्त था।

५३२ क—सनत्कुमार और माहेन्द्रकल्प—देवलोक में विमान छः सौ योजन ऊंचे हैं।

ख—सनत्कुमार और माहेन्द्र कल्प में भवधारणीय शरीर की अवगाहना—ऊंचाई छः हाथ की है।

३३ क—भोजन का परिणाम स्वभाव छः प्रकार का है
यथा—१. मनोज्ञ—मन को अच्छा लगने वाला।
२. रसिक—माधुर्यादिरस युक्त।
३. प्रीणनीय—तृप्ति करने वाला तथा शरीर के रसों में समता लाने वाला।
४. बृंहणीय—शरीर की वृद्धि करने वाला।
५. दीपनीय—जठराग्नि प्रदीप्त करने वाला।
६. मदनीय—कामोत्तेजक।

ख—विष का परिणाम—स्वभाव छह प्रकार का है।
यथा—१. दष्ट—सर्प आदि के डंक से पीड़ा पहुँचाने वाला।
२. भुक्त—खाने पर पीड़ा पहुंचाने वाला।
३. निपतित—शरीर पर गिरते ही पीड़ित करने वाला अथवा दृष्टिविष।
४. मांसानुसारी—मांस में व्याप्त होने वाला।
५. शोणितानुसारी—रक्त में व्याप्त होने वाला।
६. अस्थिमज्जानुसारी—हड्डी और चर्बी में व्याप्त होने वाला।

३४ —प्रश्न छः प्रकार के हैं,
यथा—१. संशय प्रश्न—संशय होने पर किया जाने वाला प्रश्न।

२. मिथ्याभिनिवेश प्रश्न[1]—परपक्ष को दूषित करने के लिये किया गया प्रश्न।

३. अनुयोगी प्रश्न—व्याख्या करने के लिए ग्रन्थकार द्वारा किया गया प्रश्न।

४. अनुलोभ प्रश्न—कुशल प्रश्न।

५. तथा ज्ञान प्रश्न—गणधर गौतम के प्रश्न।

६. अतथाज्ञान प्रश्न—अज्ञ व्यक्ति द्वारा किया गया प्रश्न।

५३५ क—चमर चंचा राजधानी में उत्कृष्ट विरह छः मास का है।

ख—प्रत्येक इन्द्रप्रस्थान में उपपात विरह उत्कृष्ट छः मास का है।

ग—सप्तम पृथ्वी तमस्तमा में उपपात विरह उत्कृष्ट छः मास का है।

घ—सिद्धगती में उपपात विरह उत्कृष्ट छः मास का है।

दण्डक सूत्र

५३६ क—आयुबंध छः प्रकार का है,

यथा—१. जातिनामनिधत्तायु—जातिनाम कर्म के साथ प्रति समय भोगने के लिये आयुकर्म के दलिकों की निषेक नाम की रचना।

---

१ व्युद्ग्रह प्रश्न

२. गतिनाम निधत्तायु—गतिनाम कर्म के साथ पूर्वोक्त रचना।

३. स्थितिनाम निधत्तायु—स्थिति की अपेक्षा से निषेक रचना।

४. अवगाहना नाम निधत्तायु—जिसमें आत्मा रहे वह अवगाहना औदारिक शरीर आदि की होती है। अतः शरीर नाम कर्म के साथ पूर्वोक्त रचना।

५. प्रदेश नाम निधत्तायु—प्रदेश रूप नाम कर्म के साथ पूर्वोक्त रचना।

६. अनुभाव नाम निधत्तायु—अनुभाव विपाक रूप नाम कर्म के साथ पूर्वोक्त रचना।

ख—१-४ नैरयिकों के यावत् वैमानिकों के छः प्रकार का आयुबंध होता है।

यथा १-६ जातिनाम निधत्तायु—यावत् अनुभाव नाम निधत्तायु।

ग—१-४ नैरयिक यावत् वैमानिक छः मास आयु शेष रहने पर परभव का आयु बांधते हैं।[1]

---

१ असंख्य वर्ष की आयु वाले मनुष्य और तिर्यञ्च छः मास आयु शेष रहने पर परभव का आयु बांधते हैं।

५३७ —भाव छः प्रकार के हैं,
यथा—१. औदयिक, २. औपशमिक, ३. क्षायिक, ४. क्षायोपशमिक, ५. पारिणामिक, ६. सान्निपातिक।

५३८ —प्रतिक्रमण छः प्रकार के हैं,
यथा—१. उच्चार प्रतिक्रमण,—मल को परठकर स्थान पर आवे और मार्ग में लगे दोषों का प्रतिक्रमण करे।
२. प्रश्रवण प्रतिक्रमण—मूत्र परठकर पूर्ववत् प्रतिक्रमण करे।
३. इत्वरिक प्रतिक्रमण—थोड़े काल का प्रतिक्रमण यथा—दिन सम्बन्धी प्रतिक्रमण या रात्रि संबंधी प्रतिक्रमण।
४. यावज्जीवन का प्रतिक्रमण—महाव्रत ग्रहण करना अथवा भक्त परिज्ञा स्वीकार करना।
५. यत्किंचित् मिथ्या प्रतिक्रमण—जो मिथ्या आचरण हुआ हो उसका प्रतिक्रमण।
६. स्वाप्नान्तिक प्रतिक्रमण—स्वप्न सम्बन्धी प्रतिक्रमण।

५३९ क—कृत्ति का नक्षत्र के छः तारे हैं।
ख—अश्लेषा नक्षत्र के छः तारे हैं।

५४० क—जीवों ने छः स्थानों में अर्जित पुद्गलों को पाप कर्म के रूप में एकत्रित किया है। एकत्रित करते हैं और एकत्रित करेंगे।

यथा—१-६ पृथ्वीकाय निर्वर्तित—यावत्—त्रसकाय निर्वर्तित ।

ख-ज—इसी प्रकार पाप कर्म के रूप में चय, उपचय, बंध, उदीरण, वेदन और निर्जरा सम्बन्धी सूत्र हैं ।

झ—छः प्रदेशी स्कंध अनन्त हैं ।

ञ—छः प्रदेशों में स्थित पुद्गल अनन्त हैं ।

ट—छः समय की स्थिति वाले पुद्गल अनन्त हैं ।

ठ-ण—छः गुण काले—यावत्—छः गुण रूखे पुद्गल अनन्त हैं ।

षष्ठ स्थान समाप्त

सप्तम स्थान (सातवां ठाणा)

५४१ —गण छोड़ने के सात कारण हैं,

यथा—१ मैं सब धर्मों (ज्ञान, दर्शन और चारित्र की साधनाओं) को प्राप्त करना (साधना) चाहता हूँ और उन धर्मों (साधनाओं) को मैं अन्य गण में जाकर ही प्राप्त कर (साध) सकूंगा अतः मैं गण छोड़कर अन्य गण में जाना चाहता हूँ।[1]

२. मुझे अमुक धर्म (साधना) प्रिय है और अमुक धर्म (साधना) प्रिय नहीं है। अतः मैं गण छोड़कर अन्यगण में जाना चाहता हूँ।

३. सभी धर्मों (ज्ञान, दर्शन और चारित्र) में मुझे सन्देह है अतः संशय निवारणार्थ मैं अन्य गण में जाना चाहता हूँ।

४. कुछ धर्मों (साधनाओं) में मुझे संशय है और कुछ धर्मों (साधनाओं) में संशय नहीं है। अतः मैं संशय निवारणार्थ अन्य गण में जाना चाहता हूँ।

---

१ धर्माचार्य को गण छोड़ने का कारण बताकर गण छोड़ने की आज्ञा प्राप्तकर लेनी चाहिए। आज्ञा लिये बिना गण नहीं छोड़ना चाहिये।

५. सभी धर्मों (ज्ञान दर्शन और चारित्र सम्बन्धी) की विशिष्ट धारणाओं को मैं देना (सिखाना) चाहता हूँ। इस गण में ऐसा कोई योग्य पात्र नहीं है अतः मैं अन्य गण में जाना चाहता हूँ।

६. कुछ धर्मों (पूर्वोक्त धारणाओं) को देना चाहता हूँ और कुछ धर्मों (पूर्वोक्त धारणाओं) को नहीं देना चाहता हूं अतः मैं अन्य गण में जाना चाहता हूँ।

७. एकल विहार की प्रतिमा धारण करके विचरना चाहता हूं। (अतः मैं गण छोड़कर जाना चाहता हूँ।)

५४२ —विभंग ज्ञान सात प्रकार का है,

यथा—१. एक दिशा में लोकाभिगम।

२. पाँच दिशा में लोकाभिगम।

३. क्रियावरण जीव।

४. मुदग्र जीव।

५. अमुदग्र जीव।

६. रूपी जीव।

७. सभी कुछ जीव हैं।

प्रथम विभंग ज्ञान—किसी श्रमण ब्राह्मण को एक दिशा का लोकाभिगम ज्ञान उत्पन्न होता है। अतः वह पूर्व, पश्चिम, दक्षिण या उत्तर दिशा में से किसी एक दिशा में अथवा ऊपर सौधर्म देवलोक पर्यन्त लोक देखता है तो-जिस दिशा में उसने

लोक देखा है उसी दिशा में लोक हैं अन्य दिशा में नहीं है—ऐसी प्रतीति उसे होती है और वह मानने लगता है कि मुझे ही विशिष्ट ज्ञान उत्पन्न हुआ है और वह दूसरों को ऐसा कहता है कि जो लोग "पांच दिशाओं में लोक है" ऐसा कहते हैं वे मिथ्या कहते हैं।

द्वितीय विभंग ज्ञान—किसी श्रमण-ब्राह्मण को पांच दिशा का लोकाभिगम ज्ञान उत्पन्न होता है। अतः वह पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और उत्तर दिशा में तथा ऊपर सौधर्म देवलोक पर्यन्त लोक देखता है तो उस समय उसे यह अनुभव होता है कि लोक पांच दिशाओं में ही हैं। तथा यह भी अनुभव होता है कि मुझे ही अतिशय ज्ञान उत्पन्न हुआ है। और वह यों कहने लगता है कि जो लोग "एक ही दिशा में लोक है" ऐसा कहते हैं वे मिथ्या कहते हैं।

तृतीय विभंग ज्ञान—किसी श्रमण या ब्राह्मण को क्रिया-वरण जीव नाम का विभंग ज्ञान उत्पन्न होता है तो वह जीवों को हिंसा करते हुए, झूठ बोलते हुए, चोरी करते हुए, मैथुन करते हुए, परिग्रह में आसक्त रहते हुए और रात्रि भोजन करते हुए देखता है किन्तु इन सब कृत्यों से जीवों के पाप कर्मों का वन्ध होता है यह नहीं देख सकता उस समय उसे यह अनुभव होता है कि मुझे ही अतिशय ज्ञान उत्पन्न हुआ है। और वह यों मानने लगता है कि जीव के आवरण (कर्म वन्ध) क्रिया रूप ही है। साथ ही यह भी कहने लगता है कि जो श्रमण ब्राह्मण

"जीव के क्रिया से आवरण (कर्म वन्ध) नहीं होता" ऐसा कहते हैं वे मिथ्या कहते हैं।

चतुर्थ विभंग ज्ञान—किसी श्रमण ब्राह्मण को मुदग्रविभंग ज्ञान उत्पन्न होता है तो वह वाह्य और आभ्यन्तर पुद्गलों को ग्रहण करके तथा उनके नाना प्रकार के स्पर्श करके नाना प्रकार के शरीरों की विकुर्वणा करते हुए देवताओं को देखता है उस समय उसे यह अनुभव होता है कि मुझे ही अतिशय वाला ज्ञान उत्पन्न हुआ है अतः मैं देख सकता हूँ कि जीव मुदग्र अर्थात् वाह्य और आभ्यन्तर पुद्गलों को ग्रहण करके शरीर रचना करने वाला है। "जो लोग जीव को अमुदग्र कहते हैं वे मिथ्या कहते हैं" ऐसा वह कहने लगता है।

पंचम विभंग ज्ञान—किसी श्रमण ब्राह्मण को अमुदग्र विभंग ज्ञान उत्पन्न होता है तो वह आभ्यन्तर और बाह्य पुद्गलों को ग्रहण किये बिना ही देवताओं को विकुर्वणा करते हुए देखता है। उस समय उसे ऐसा अनुभव होता है कि मुझे ही अतिशय ज्ञान उत्पन्न हुआ है अतः मैं देख सकता हूँ "जीव अमुदग्र है" और वह यों कहने लगता है कि जो लोग जीव को मुदग्र समझते हैं वे मिथ्यावादी हैं।

छठा विभंग ज्ञान—किसी श्रमण ब्राह्मण को जब रूपीजीव नाम का विभंग ज्ञान उत्पन्न होता है तब वह उस ज्ञान से देवताओं को ही वाह्याभ्यन्तर पुद्गल ग्रहण करके या ग्रहण किये बिना विकुर्वणा करते देखता है। उस समय उसे ऐसा अनुभव

होता है कि मुझे अतिशय वाला ज्ञान उत्पन्न हुआ है और वह यों मानने लगता है कि जीव तो रूपी है किन्तु जो लोग जीव को अरूपी कहते हैं उन्हें वह मिथ्यावादी कहने लगता है।

सप्तम विभंग ज्ञान—किसी श्रमण ब्राह्मण को जब "सर्व-जीवा" नाम का विभंग ज्ञान उत्पन्न होता है तब वह वायु से इधर उधर हिलते चलते कांपते और अन्य पुद्गलों के साथ टकराते हुए पुद्गलों को देखता है उस समय उसे ऐसा अनुभव होता है कि मुझे ही अतिशय वाला ज्ञान उत्पन्न हुआ है अतः वह यों मानने लगता है कि "लोक में जो कुछ है वह सब जीव ही है" किन्तु जो लोग लोक में जीव अजीव दोनों मानते हैं उन्हें वह मिथ्यावादी कहने लगता है।

ऐसे विभंग ज्ञानी को पृथ्वी, वायु और तेजस्काय का सम्यग्-ज्ञान होता ही नहीं अतः वह उस विषय में मिथ्या भ्रम में पड़ा होता है।

५४३ क—योनि संग्रह सात प्रकार का है,

यथा—१. अंडज,—पक्षी, मछलियां, सर्प इत्यादि अंडे से पैदा होने वाले।

२. पोतज—हाथी, वागल आदि चमड़े से लिपटे हुए उत्पन्न होने वाले।

३. जरायुज—मनुष्य, गाय आदि जर के साथ उत्पन्न होने वाले।

४. रसज—रस में उत्पन्न होने वाले।

५. संस्वेदज—पसीने से उत्पन्न होने वाले।

६. सम्मूर्छिम—माता-पिता के संयोग के बिना उत्पन्न होने वाले जीव—कृमि आदि।

७. उद्‌भिज—पृथ्वी का भेदन कर उत्पन्न होने वाले जीव खंजनक आदि।

ख-ज—अंडज की गति और आगति सात प्रकार की होती है।

पोतज की गति और आगति सात प्रकार की होती है। इसी प्रकार उद्‌भिज पर्यन्त सातों की गति और आगति जाननी चाहिए। अंडज यदि अंडजों में आकर उत्पन्न होता है तो अंडजों पोतजों यावत् उद्‌भिजों से आकर उत्पन्न होता है।

इसी प्रकार अंडज अंडजपन को छोड़कर अंडज पोतज यावत् उद्‌भिज जीवन को प्राप्त होता है।

५४४ क—आचार्य और उपाध्याय सात प्रकार से गण का संग्रह (संगठन) करते हैं।

यथा—१. आचार्य और उपाध्याय गण में रहने वाले साधुओं को सम्यक् प्रकार से आज्ञा (विधि अर्थात् कर्तव्य के लिए आदेश) या धारणा (अकृत्य का निषेध) करे।

२-५ आगे पांचवे स्थान में कहे अनुसार (यावत्-

आचार्य और उपाध्याय गच्छ को पूछकर प्रवृत्ति करे किन्तु गच्छ को पूछे विना प्रवृत्ति न करे) कहें।

६. आचार्य और उपाध्याय गण में अप्राप्त उपकरणों को सम्यक् प्रकार से (निर्दोष रूप से) प्राप्त करे।

७. आचार्य और उपाध्याय गण में प्राप्त उपकरणों की सम्यक् प्रकार से रक्षा एवं सुरक्षा करे किन्तु जैसे तैसे न रखे।

ख—आचार्य और उपाध्याय सात प्रकार से गण का असंग्रह (छिन्न-भिन्न) करते हैं।

यथा—१. आचार्य या उपाध्याय गण में रहने वाले साधुओं को आज्ञा या धारणा सम्यक् प्रकार से न करे। इसी प्रकार यावत् २-७ प्राप्त उपकरणों की सम्यक् प्रकार से रक्षा न करे।

५४५ क—पिण्डैषणा सात प्रकार की कही गई है,

यथा—१. असंसृष्टा—देने योग्य आहार से हाथ या पात्र लिप्त न हो ऐसी भिक्षा लेना।

२. संसृष्टा—देने योग्य आहार से हाथ या पात्र लिप्त हो ऐसी भिक्षा लेना।

३. उद्धृता—गृहस्थ अपने लिए रांधने वासण के में से आहार वाहर निकाले व ऐसा आहार ले।

४. अल्पलेपा—जिस आहार से पात्र में लेप न लागे ऐसा आहार (चणाआदि) ले।

५. अवगृहीता—भाजन में परोषा हुआ आहार ले।

६. प्रगृहीता—परोषने के लिये हाथ में लिया हुआ अथवा खाने के लिए लिया हुआ आहार ही ले।

७. उज्झित धर्मा—फेंकने योग्य आहार ही भिक्षा में ले।

ख—पाणैषणा सात प्रकार की कही गई है।[1]

ग—अवग्रह प्रतिमा सात प्रकार की कही गई है।

यथा—१. "मुझे अमुक उपाश्रय ही चाहिये" ऐसा निश्चय करके आज्ञा मांगे।

२. "मेरे साथी साधुओं के लिए उपाश्रय की याचना करूँगा" और उनके लिए जो उपाश्रय मिलेगा उसी में मैं रहूंगा।

३. मैं अन्य साधुओं के लिए उपाश्रय की याचना करूँगा किन्तु मैं उसमें नहीं रहूँगा।

४. मैं अन्य साधुओं के लिए उपाश्रय की याचना नहीं करूँगा किन्तु अन्य साधुओं द्वारा याचित उपाश्रय में मैं रहूँगा।

५. मैं अपने लिये ही उपाश्रय की याचना करूँगा अन्य के लिए नहीं।

पिण्डैषणा के समान पाणैषणा भी है।

६. मैं जिसके घर (उपाश्रय) में ठहरूँगा उसी के यहाँ से संस्तारक भी प्राप्त होगा तो उस पर सोऊँगा अन्यथा बिना संस्तारक के ही रात बिताऊँगा।

७. मैं जिस घर में (उपाश्रय) में ठहरूँगा उसमें पहले से बिछा हुआ संस्तारक होगा तो उसका उपयोग करूँगा।

घ—सप्तैकक सात प्रकार का कहा गया है। यथा—

१. स्थान सप्तैकक, २. नैषेधिकी सप्तैकक,

३. उच्चारप्रश्रवण विधि सप्तैकक, ४. शब्द सप्तैकक,

५. रूप सप्तैकक, ६. परक्रिया सप्तैकक,

७. अन्योन्य क्रिया सप्तैकक।[1]

ङ—सात महा अध्ययन कहे गये हैं।[2]

च—सप्तसप्तमिका भिक्षु प्रतिमा की आराधना ४९ अहोरात्र में होती है उसमें सूत्रानुसार यावत्—१९६ दत्ति ली जाती है।

५४६ क—अधोलोक में सात पृथ्वियाँ हैं।

ख—सात घनोदधी हैं।

---

१. आचारांग सूत्र के द्वितीय श्रुतस्कंध की चूला रूप ये सात अध्ययन हैं।

२ सूत्रकृताङ्ग सूत्र के द्वितीय श्रुतस्कन्ध में ये सात महा-अध्ययन हैं।

ग—सात घनवात और सात तनुवात है।

घ—सात अवकाशान्तर हैं।

ङ—इन सात अवकाशान्तरों में सात तनुवात प्रतिष्ठित हैं।

च—इन सात तनुवातों में सात घनवात प्रतिष्ठित हैं।

छ—इन सात घनवातों में सात घनोदधि प्रतिष्ठित हैं।

ज—इन सात घनोदधियों में पुष्पभरी छाबड़ी के समान संस्थान वाली सात पृथ्वियाँ है।
यथा—१-७ प्रथमा यावत् सप्तमा।

झ—इन सात पृथ्वियों के सात नाम हैं।
यथा—१. घम्मा, २. वंसा, ३. सेला, ४. अंजना, ५. रिष्ठा, ६. मघा, ७. माघवती।

ञ—इन सात पृथ्वियों के सात गोत्र हैं।
यथा—१. रत्नप्रभा, २. शर्कराप्रभा, ३. वालुकाप्रभा, ४. पंकप्रभा, ५. धूमप्रभा, ६, तमप्रभा, ७. तमस्तमाप्रभा।

८७ —बादर (स्थूल) वायुकाय सात प्रकार की कही गई है।
यथा:—१. पूर्व का वायु, २. पश्चिम का वायु, ३. दक्षिण का वायु, ४. उत्तर का वायु, ५. ऊर्ध्व दिशा का वायु, ६. अधोदिशा का वायु ७. विविध दिशाओं का वायु।

५४८ —संस्थान सात प्रकार के कहे गये हैं।
यथा—१. दीर्घ २. ह्रस्व, ३. वृत्त, ४. त्र्यस्त्र,
५. चतुरस्र, ६. पृथुल, ७. परिमण्डल।

५४९ भय स्थान सात प्रकार के कहे गये हैं।
यथा—१. इहलोक भय, २. परलोक भय,
३. आदान भय, ४. अकस्मात् भय, ५. वेदना भय,
६. मरण भय। ७. अश्लोक—अपयश भय।

५५० क—सात कारणों से छद्मस्थ (असर्वज्ञ) जाना जाताहै।
यथा—१. हिंसा करने वाला, २. झूठ बोलने वाला,
३. अदत्त लेने वाला, ४. शब्द, रूप, रस और स्पर्श
को भोगने वाला, ५. पूजा और सत्कार से प्रसन्न
होने वाला।
६. "यह आधा कर्म आहार सावद्य (पाप सहित) है"
इस प्रकार की प्ररूपणा करने के पश्चात् भी आधा
कर्म आदि दोषों का सेवन करने वाला।
७. कथनी के समान करणी न करने वाला।

ख—सात कारणों से केवली जाना जाता है, यथा—
१. हिंसा न करने वाला।
२. झूठ न बोलने वाला।
३. अदत्त न लेने वाला।
४. शब्द, गन्ध, रूप, रस और स्पर्श का न भोगने
वाला।
५.-७.पूजा और सत्कार से प्रसन्न न होने वाला यावत्
कथनी के समान करणी करने वाला।

११ क—मूल गोत्र सात कहे जाते हैं, यथा—

१. काश्यप, २. गौतम, ३. वत्स, ४. कुत्स,
५. कौशिक, ६. मांडव्य, ७. वाशिष्ट।

ख—काश्यप गोत्र सात प्रकार का कहा गया है, यथा—

१. काश्यप, २. सांडिल्य, ३. गोल्य, ४. वाल,
५. मौजकी, ६. पर्वप्रेक्षकी, ७. वर्षकृष्ण।

ग—गौतम गोत्र सात प्रकार का कहा गया है, यथा—

१. गौतम, २. गार्ग्य, ३. भारद्वाज, ४. अंगिरस,
५. शर्कराभ, ६. भक्षकाभ, ७. उदकात्माभ।

घ—वत्स गोत्र सात प्रकार का कहा गया है, यथा—

१. वत्स, २. आग्नेय, ३. मैत्रिक, ४. स्वामिली,
५. शलक, ६. अस्थिसेन, ७. वीतकर्म।

ङ—कुत्स गोत्र सात प्रकार का कहा गया है, यथा—

१. कुत्स, २. मौद्गलायन, ३. पिंगलायन,
४. कौडिन्य, ५. मंडली, ६. हारित,
७. सौम्य।

च—कौशिक गोत्र सात प्रकार का कहा गया है, यथा—

१. कौशिक, २. कात्यायन, ३. शालंकायण,
४. गोलिकायण, ५. पाक्षिकायण, ६. आग्नेय,
७. लोहित्य।

छ—मांडव्य गोत्र सात प्रकार का कहा गया है, यथा—

१. मांडव्य, २. अरिष्ट, ३. संमुक्त, ४. तैल,

५. ऐलापत्य, ६. कांडिल्य, ७. क्षारायण।

ज—वाशिष्ठ गोत्र सात प्रकार का कहा गया है, यथा—

१. वाशिष्ठ, २. उजायन, ३. जारेकृष्ण,
४. व्याघ्रापत्य, ५. कौण्डिन्य, ६. संज्ञी,
७. पाराशर।

५५२ —मूलनय सात प्रकार के कहे गये हैं, यथा—

१. नैगम, २. संग्रह, ३. व्यवहार,
४. ऋजुसूत्र, ५. शब्द, ६. समभिरूढ़,
७. एवंभूत।

५५३ क —स्वर सात प्रकार के कहे गये हैं, यथा—

१. षड्ज, २. रिसभ, ३. गांधार, ४. मध्यम,
५. पंचम, ६. धैवत, ७. निषाद।

१—षड्ज—१. नासा, २. कंठ, ३. हृदय, ४. जीभ, ५. दाँत, और तालु इन छः स्थानों से उत्पन्न होने वाला स्वर।

२—रिषभ—बैल (साँड़) के समान गंभीर स्वर।

३—गांधार—विविध प्रकार के गंधों से युक्त स्वर।

४—मध्यम—महानाद वाला स्वर।

५—पंचम—नासिकाओं से निकलने वाला स्वर।

६—धैवत—अन्य स्वरों से अनुसंधान करने वाला स्वर।

७—निषाद—अन्य स्वरों को तिरस्कृत करने वाला स्वर।

ख—इन सात स्वरों के सात स्वर स्थान हैं, यथा

१—षड्ज स्वर जिह्वा के अग्रभाग से निकने वाला स्वर।
२—ऋषभ स्वर हृदय से निकलता है।
३—गांधार स्वर उग्र कंठ से निकलता है।
४—मध्यम स्वर जिह्वा के मध्य भाग से निकलता है।
५—पंचम स्वर पांच स्थानों से निकलने वाला स्वर।
६—धैवत स्वर दांत और ओष्ठ से निकलने वाला स्वर।
७—निषाद स्वर मस्तक से निकलने वाला स्वर।

ग—सात प्रकार के जीवों से निकलने वाले सात स्वर।

१—षड्ज मयूर के कण्ठ से निकलने वाला स्वर।
२—रिषभ कुक्कुट के कण्ठ से निकलता है।
३—गांधार हंस के कण्ठ से निकलता है।
४.—मध्यम घेंटे के कण्ठ से निकलता है।
५.—पंचम कोयल के कण्ठ से निकलता है।
६—धैवत सारस या क्रौंच के कण्ठ से निकलता है।
७—निषाद हाथी के कण्ठ से निकलता है।

घ सात प्रकार के अजीव पदार्थों से निकलने वाले सात स्वर, यथा—

यथा—१. षड्जस्वर—मृदङ्ग से निकलता है।
२. ऋषभ स्वर—गोमुखी[1] से निकलता है।
३. गांधार स्वर—शंख से निकलता है।

---

१ गोमुखी को रणसिंगा भी कहते हैं।

४. मध्यम स्वर—झालर से निकलता है।

५. पंचम स्वर—गोधिका वाद्य से निकलता है।

६. धैवत स्वर—ढोल से निकलता है।

७. निषाद स्वर—महाभेरी से निकलता है।

ङ—सात स्वर वाले मनुष्यों के लक्षण—

यथा—१. षड्जस्वर वाले मनुष्य को आजीविका सुलभ होती है, उसका कार्य निष्फल नहीं होता। उसे गायें, पुत्र और मित्रों की प्राप्ति होती है। वह स्त्री को प्रिय होता है।

२. रिषभ स्वर वाले को ऐश्वर्य प्राप्त होता है। वह सेनापति वनता है और उसे धन लाभ होता है। तथा वस्त्र, गंध, अलंकार, स्त्री, और शयन आदि प्राप्त होते हैं।

३. गांधार स्वर वाला गीत—युक्तिज्ञ, प्रधान-आजीविका वाला, कवि, कलाओं का ज्ञाता, प्रज्ञाशील और अनेक शास्त्रों का ज्ञाता होता है।

४. मध्यम स्वर वाला—सुख से खाता पीता है और दान देता है।

५. पंचम स्वर वाला—राजा, शूरवीर, लोक संग्रह करने वाला, और गणनायक होता है।

६. धैवत स्वर वाला—शाकुनिक, झगड़ालु, वागुरिक, शौकरिक और मच्छीमार होता है।

७. निषाद स्वर वाला—चांडाल, अनेक पापकर्मों का करने वाला या गौ घातक होता है।

च—इन सात स्वरों के तीन ग्राम कहे गये हैं।
यथा १. षड्ज ग्राम, २. मध्यम ग्राम,
३. गांधार ग्राम।

छ—षड्जग्राम की सात मूर्छनायें होती हैं।
यथा १. भंगी, २. कौरवीय, ३. हरि, ४. रजनी,
५. सारकान्ता, ६. सारसी, ७. शुद्ध षड्जा।

ज—मध्यम ग्राम की सात मूर्छनायें होती हैं।
यथा १. उत्तरमन्दा, २. रजनी, ३. उत्तरा,
४. उत्तरासमा, ५. आशोकान्ता, ६. सौवीरा,
७. अभीरू।

झ—गांधार ग्राम की सात मूर्छनायें हैं।
यथा १. नंदी, २. क्षुद्रिमा, ३. पुरिमा,
४. शुद्ध गांधारा, ५. उत्तर गांधारा, ६. सुष्ठुत्तर आयाम, ७. कोटि मातसा।

ञ—१. प्रश्न—सात स्वर कहां से उत्पन्न होते हैं?
उत्तर—नाभी से।
२. प्रश्न—गेय की योनि कौनसी होती है?
उत्तर—गीत रुदित योनि है।
३. प्रश्न—उच्छ्वास काल कितने समय का है?

उत्तर—एक पद के उच्चारण में जितना समय लगता है उतना समय गीत के उच्छ्वास का है।

४—गेय के तीन आकार हैं, वे इस प्रकार हैं—

१. मंद स्वर से आरम्भ करे।

२. मध्य में स्वर की वृद्धि करे।

१. अन्त में क्रमशः हीन करे।

५—गेय के छः दोष, आठ गुण, तीन वृत्त और दो भणितियां इनको जो सम्यक् प्रकार से जानता है वह सुशिक्षित रंग (नाट्य शाला) में गा सकता है।

६—हे गायक ! इन छः दोषों को टालकर गाना।

१. भयभीत होकर गाना, २. शीघ्रतापूर्वक गाना, ३. संक्षिप्त करके गाना, ४. ताल बद्ध न गाना, ५. काकस्वर से गाना, ६. नाक से उच्चारण करते हुए गाना।

गेय के आठ गुण हैं।

यथा—१. पूर्ण, २. रक्त, ३. अलंकृत, ४. व्यक्त, ५. अविस्वर, ६. मधुर, ७. स्वर, ८. सुकुमार,

गेय के ये गुण और हैं

यथा—१. उरविशुद्ध, कंठविशुद्ध और शिरोविशुद्ध जो गाया जाय।

२. मृदु और गम्भीर स्वर से गाया जाय।

३. तालबद्ध और प्रतिक्षेप बद्ध गाया जाय।

४. सात स्वरों से सम गाया जाय।

गेय के ये आठ गुण और हैं।

१. निर्दोष, २. सारयुक्त, ३. हेतु युक्त, ४. अलंकृत ५. उपसंहार युक्त, ६. सोत्प्रास, ७. मित, ८. मधुर।

तीन वृत्त हैं—

१. सम, २. अर्ध सम, ३. सर्वत्र विषम।

दो भणितिया हैं, यथा—

१. संस्कृत और २. प्राकृत

इन दो भाषाओं को ऋषियों ने प्रशस्त मानी हैं और इन दो भाषाओं में ही गाया जाता है।

१. प्रश्न—मधुर कौन गाती हैं?

उत्तर—श्यामा (किंचित् काली) स्त्री।

२. प्रश्न—खर स्वर से कौन गाती है?

उत्तर—काली (घन के समान श्याम रंग वाली)।

३. प्रश्न—रुक्ष स्वर से कौन गाती है?

उत्तर—काली।

४. प्रश्न—दक्षता पूर्वक कौन गाती है?

उत्तर—गौरी (गौरवर्ण वाली)

५. प्रश्न—मन्द स्वर से कौन गाती है?

उत्तर—काणी।

६. प्रश्न—शीघ्रतापूर्वक कौन गाती है।

उत्तर—अंधी

७. प्रश्न—विस्वर (विरुद्ध स्वर) से कौन गाती है?

उत्तर—पिंगला—भूरे वर्ण वाली।

स्वर सात प्रकार से सम होता है,

यथा—१. तंत्रीसम, २. तालसम, ३. पाद सम, ४. लय सम, ५. ग्रह सम, ६. श्वासोच्छ्वाससम, ७. संचार सम, सात स्वर, तीन ग्राम, इक्कीस मूर्छना, और उनपचास तान हैं।

इति स्वर मंडल

५५४ —काय क्लेश सात प्रकार का कहा गया है,

यथा—१. स्थानातिग—कार्योत्सर्ग करने वाला।

२. उत्कटुकासनिक—उकडु बैठने वाला।

३. प्रतिमास्थायी—भिक्षु प्रतिमा का वहन करने वाला।

४. वीरासनिक—सिंहासन पर बैठने वाले के समान बैठना।

५. नैषधिक—पैर आदि स्थिर करके बैठना।

६. दंडायतिक—दण्ड के समान पैर फैलाकर बैठना।

७. लगंडशायी—वक्र काष्ठ के समान—
—भूमी से पीठ ऊंची रखकर सोने वाला।

५५५ क—जम्बूद्वीप में सात वर्ष (क्षेत्र) कहे गये हैं,

यथा—१. भरत, २. ऐरवत, ३. हैमवत, ४. हैरण्यवत, ५. हरिवर्ष, ६. रम्यक् वर्ष, ७. महाविदेह।

ख—जम्बूद्वीप में सात वर्षधर पर्वत कहे गये हैं।
यथा—१. चुल्लहिमवन्त, २. महाहिमवंत, ३. निषध।
४. नीलवंत, ५. रुक्मी, ६. शिखरी, ७. मंदराचल।

ग—जम्बूद्वीप में सात महानदियां हैं जो पूर्व की ओर बहती हुई लवण समुद्र में मिलती हैं।
यथा—१. गंगा, २. रोहिता, ३. हरित, ४. शीता,
५. नरकान्ता, ६. सुवर्णकूला, ५. रक्ता।

घ—जम्बूद्वीप में सात महानदियां हैं जो पश्चिम की ओर बहती हुई लवण समुद्र में मिलती हैं,
यथा—१. सिन्धु, २. रोहितांशा, ३. हरिकान्ता,
४. शीतोदा, ५. नारीकान्ता, ६. रुप्यकूला,
७. रक्तवती ।

ङ—धातकीखण्ड द्वीप के पूर्वार्ध में सात वर्ष हैं,
यथा—१-७ भरत—यावत्—महाविदेह।

च—धातकीखण्ड द्वीप में पूर्वार्ध में सात वर्षधर पर्वत हैं।
यथा—१. चुल्ल हिमवंत—यावत्—मंदराचल ।

छ—धातकी खण्ड द्वीप के पूवार्ध में सात महानदियां हैं जो पूर्व दिशा में बहती हुई कालोद समुद्र में मिलती हैं।
यथा—१-७ गंगा यावत् रक्ता।

ज—धातकी खण्ड द्वीप में सात महानदियां हैं जो पश्चिम में बहती हुई लवण समुद्र में मिलती हैं।
यथा—१-७ सिन्धु—यावत्—रक्तावती।

झ-ठ—धातकी खण्ड द्वीप के पश्चिमार्ध में सात वर्ष हैं,
यथा १-७ भरत यावत् महाविदेह
शेष तीन सूत्र पूर्ववत्।
विशेष—पूर्व की ओर बहने वाली नदियां लवण समुद्र में मिलती हैं और पश्चिम की ओर बहने वाली नदियां कालोद समुद्र में मिलती हैं।

ड-त—पुष्करवर द्वीपार्ध के पूर्वार्ध में पूर्ववत् सात वर्ष हैं।
विशेष—पूर्व की ओर बहने वाली नदियां पुष्करोद समुद्र में मिलती हैं। पश्चिम की ओर बहने वाली नदियां कालोद समुद्र में मिलती हैं शेष ३ सूत्र पूर्ववत्।
इसी प्रकार पश्चिमार्ध के भी ४ सूत्र हैं।
विशेष—पूर्व की ओर बहने वाली नदियां कालोद-समुद्र में मिलती हैं और पश्चिम की ओर बहने वाली नदियां पुष्करोद समुद्र में मिलती हैं।
वर्ष, वर्षधर और नदियां सर्वत्र कहनी चाहिये।

५५६ क—जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र में अतीत उत्सर्पिणी में सात कुलकर थे,
यथा—१. मित्रदास, २. सुदाम, ३. सुपार्श्व,

४. स्वयंप्रभ, ५. विमलघोष, ६. सुघोष, ७. महाघोष ।

ख—जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र में इस अवसर्पिणी में सात कुलकर थे,
यथा—१. विमलवाहन, २. चक्षुष्मान्, ३. यशस्वान्, ४. अभिचन्द्र, ५. प्रसेनजित्, ६. मरुदेव, ७. नाभि ।

ग—इन सात कुलकरों की सात भार्यायें थी,
यथा—१. चन्द्रयशा, २. चन्द्रकान्ता, ३. सुरूपा, ४. प्रतिरूपा, ५. चक्षुकान्ता, ६. श्रीकान्ता, ७. मरुदेवी ।

घ—जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र में आगामी उत्सर्पिणी में सात कुलकर होंगे ।
यथा—१. मित्रवाहन, २. सुभीम, ३. सुप्रभ, ४. सयंप्रभ, ५. दत्त, ६. सूक्ष्म, ७. सुबन्धु ।

ङ—विमलवाहन कुलकर के काल में सात प्रकार के कल्पवृक्ष उपभोग में आते थे ।
यथा—१. मद्यांगा, २. भृंगा, ३. चित्रांगा, ४. चित्र-रसा, ५. मण्यंगा, ६. अनग्ना, ७. कल्पवृक्ष ।

५५७ दण्ड नीति सात प्रकार की है—
यथा—१. हक्कार—हे या हा कहना ।
२. मक्कार—मा अर्थात् मत कर कहना ।
३. धिक्कार—फटकारना ।

४. परिभाषण—अपराधी को उपालम्भ देना।

५. मंडल बंध—क्षेत्र मर्यादा से बाहर न जाने की आज्ञा देना।

६. चारक—कैद करना।

७. छविच्छेद—हाथ पैर आदि का छेदन करना।

५५८ क—प्रत्येक चक्रवर्ती के सात एकेन्द्रिय रत्न कहे गये हैं।
यथा—१. चक्ररत्न, २. छत्ररत्न, ३. चर्मरत्न, ४. दण्डरत्न, ५. असिरत्न, ६. मणिरत्न, ७. काकिणी रत्न।

ख—प्रत्येक चक्रवर्ती के सात पंचेन्द्रिय रत्न कहे गये हैं,
यथा—१. सेनापतिरत्न, २. गाथापतिरत्न, ३. वर्धकीरत्न, ४. पुरोहितरत्न, ५. स्त्रीरत्न ६. अश्व रत्न, ७. हस्तीरत्न।

५५६ क—दुषमकाल (अवसर्पिणी काल का पांचवा भाग) के सात लक्षण हैं,

यथा—१. अकाल में वर्षा होना,

२. वर्षाकाल में वर्षा न होना,

३. असाधु (दुर्जन) जनों की पूजा होना,

४. साधु (सज्जन) जनों की पूजा न होना,

५. गुरु के प्रति लोगों का मिथ्याभाव होना

६. मानसिक दुःख,

७. वाणी का दुःख।

ख—सुषम काल के सात लक्षण हैं,

यथा—१. अकाल में वर्षा नहीं होती है,

२. वर्षाकाल में वर्षा होती है,

३. असाधु की पूजा नहीं होती है,

४. साधु की पूजा होती है,

५. गुरु के प्रति लोगों का सम्यक् भाव होता है,

६. मानसिक सुख,

७. वाणी का सुख।

६० —संसारी जीव सात प्रकार के कहे गये हैं,

यथा—१. नैरयिक, २. तिर्यंच, ३. तिर्यंचनी,

४. मनुष्य, ५. मनुष्यनी, ६. देव, ७. देवी,

६१ —आयु का भेदन सात प्रकार से होता है,

यथा—१. अध्यवसाय (राग-द्वेष और भय) से,

२. निमित्त (दंड, शस्त्र आदि) से,

३. आहार (अत्यधिक आहार) से,[1]

४. वेदना (आंख आदि की तीव्र वेदना) से,

५. पराघात (कुएं में गिरना आदि आकस्मिक आघात) से,

६. स्पर्श (सर्प बिच्छु आदि के डंक) से,

७. श्वासोच्छ्वास (के रोकने) से,

---

१ आहार के अभाव से।

क—सभी जीव सात प्रकार के हैं,

यथा—१. पृथ्वीकायिक, २. अप्कायिक, ३. तेजस्कायिक, ४. वायुकायिक, ५. वनस्पतिकायिक, ६. त्रसकायिक, ७. अकायिक।

ख—सभी जीव सात प्रकार के हैं,

यथा—१-६ कृष्ण लेश्या वाले, यावत् शुक्ल लेश्या वाले, ७. अलेशी,

५६३ —ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती सात धनुष के ऊंचे थे। वे सातसौ वर्ष का पूर्वायु होने पर, सातवीं पृथ्वी के अप्रतिष्ठान नरकावास में नैरयिक रूप में उपन्न हुए।

५६४ —मल्लीनाथ अर्हन्त स्वयं सातवे (सात राजाओं के साथ) मुण्डित हुये और गृहस्थावास त्यागकर अणगार प्रव्रज्या से प्रव्रजित हुये।

यथा—१. मल्ली—विदेह राज कन्या,

२. प्रतिबुद्धी—इक्ष्वाकु राजा,

३: चन्द्रच्छाय—अंग देश का राजा,

४. रुक्मी—कुणाल देश का राजा.

५. शंख—काशी देश का राजा,

६. अदीन शत्रु—कुरु देश का राजा

७. जित शत्रु—पांचाल देश का राजा।

५६५ दर्शन सात प्रकार का कहा गया है,

यथा—१. सम्यग्दर्शन, २. मिथ्यादर्शन, ३. सम्यग्मि-

थ्यादर्शन, ४. चक्षुदर्शन, ५. अचक्षुदर्शन, ६. अवधि-
दर्शन और केवल दर्शन।

५६६ —छद्मस्थ वीतराग मोहनीय को छोड़कर सात कर्म
प्रकृतियों का वेदन करते हैं—

यथा—१. ज्ञानावरणीय, २. दर्शनावरणीव, ३. वेद-
नीय, ४. आयुकर्म, ५. नामकर्म, ६. गोत्र कर्म,
७. अन्तराय कर्म।

५६७ क—छद्मस्थ सात स्थानों को पूर्णरूप से न जानता है और
न देखता है,

यथा—१. धर्मास्तिकाय, २. अधर्मास्तिकाय,
३, आकाशास्तिकाय, ४. शरीर रहित जीव,
५. परमाणु पुद्गल, ६. शब्द और ७. गन्ध।

ख—इन्हीं सात स्थानों को सर्वज्ञ पूर्ण रूप से जानता है
और देखता है।

यथा—१-७ धर्मास्तिकाय यावत् गन्ध।

५६८ —श्रमण भगवान महावीर वज्र ऋषभ नाराच संघयण
वाले समचतुरस्र संस्थान वाले और सात हाथ
ऊंचे थे।

६६५ —सात विकथायें कहीं गई हैं,

यथा—१, स्त्री कथा, २, भक्त (आहार) कथा,

३. देश कथा, ४. राज कथा, ५. मृदुकारिणी कथा[1]
६. दर्शनभेदिनी[2] ७. चारित्र भेदिनी[3]

५७० —गण में आचार्य और उपाध्याय के सात अतिशय हैं।

यथा—१-५ आचार्य और उपाध्याय उपाश्रय में धूल भरे पैरों को दूसरे से झटकवावे या पुंछावे तो भी मर्यादा का उल्लंघन नहीं होता—शेष पांचवे ठाणे के समान यावत् आचार्य उपाध्याय उपाश्रय के बाहर इच्छानुसार एक रात या दो रात रहे तो भी मर्यादा का अतिक्रमण नहीं होता।

६. उपकरण की विशेषता—आचार्य या उपाध्याय उज्ज्वल वस्त्र रखे तो मर्यादा का लंघन नहीं होता।

७. भक्तपान की विशेषता—आचार्य या उपाध्याय श्रेष्ठ और पथ्य भोजन ले तो मर्यादा का अतिक्रमण नहीं होता।

५७१ क—संयम सात प्रकार के कहे गये हैं,
यथा—१-६ पृथ्वीकायिक संयम—यावत् त्रस कायिक संयम १-७ अजीवकाय संयम

---

१ कारुण्य रस प्रधान कथा
२ कुतीर्थीकों की प्रशंसा रूप कथा।
३ प्रमाद बाहुल्य से इस काल में चारित्र नहीं है।

ख—असंयम सात प्रकार के कहे गये हैं,

यथा—१-६ पृथ्वीकायिक असंयम—यावत् त्रस-कायिक असंयम, अजीवकाय असंयम ।

ग—आरम्भ सात प्रकार के कहे गये हैं,

यथा—१-७ पृथ्वीकायिक आरम्भ—यावत् अजीव-काय आरम्भ ।

घ—इसी प्रकार अनारम्भ सूत्र है ।

ङ—,, ,, सारंभ सूत्र है ।

च—,, ,, असारंभ सूत्र है ।

छ—,, ,, समारंभ सूत्र है ।

ज—,, ,, असमारंभ सूत्र है ।

२ —प्रश्न—हे भगवन् ! अलसी, कुसुंभ, कोद्रव, कांग, रल, सण, सरसों और मूले के बीज । इन धान्यों को कोठे में, पाले में यावत् ढांककर रखे तो उन धान्यों की योनि[1] कितने काल तक सचित्त रहती है ?

उत्तर—हे गौतम ? जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट—सात संवत्सर ।

पश्चात् योनि म्लान हो जाती है—यावत्—योनि नष्ट हो जाती है ।

३ क—बादर अप्कायिक जीवों की उत्कृष्ट स्थिति सात हजार वर्ष की कही गई है ।

योनि-ऊगने की शक्ति ।

ख—तीसरी वालुका प्रभा में नैरयिकों की उत्कृष्ट स्थिति सात सागरोपम की कही गई है।

ग—चौथी पंक प्रभा में नैरयिकों की जघन्य स्थिति सात सागरोपम की कही गई है।

५७४ क—शक्रेन्द्र के वरुण लोकपाल की सात अग्रमहिषियां हैं

ख—ईशानेन्द्र के सोम लोकपाल की सात अग्रमहिषियां है

ग—ईशानेन्द्र के यम लोकपाल की सात अग्रमहिपियां है

५७५ क—ईशानेन्द्र के आभ्यन्तर परिषद् के देवों की स्थिति सात पल्योपम की है।

ख—शकेन्द्र के अग्रमहिषी देवियों की स्थिति सात पल्योपम की है।

ग—सौधर्म कल्प में परिगृहिता देवियों की उत्कृष्ट स्थिति सात पल्योपम की है।

५७६ क—सारस्वत लोकान्तिक देव के सात देवों का परिवार है।

ख—आदित्य लोकान्तिक देव के सात सौ देवों का परिवार है।

ग—गर्दतोय लोकान्तिक देव के सात देवों का परिवार है।

घ—तुपित लोकान्तिक देव के सात हजार देवों का परिवार है।

५७७ क—सनत्कुमार कल्प में देवताओं की उत्कृष्ट स्थिति सात सागरोपम की है।

ख—महेन्द्र कल्प में देवताओं की उत्कृष्ट स्थिति कुछ अधिक सात सागरोपम की है,

ग—ब्रह्मलोक कल्प में देवताओं की जघन्य स्थिति सात सागरोपम की है।

५७८ ब्रह्मलोक और लांतक कल्प में विमानों की ऊंचाई सात सौ योजन की है,

५७९ क—भवनवासी देवों के भवधारणीय शरीरों की ऊंचाई सात हाथ की है।

ख—इसी प्रकार व्यन्तर देवों की

ग—ज्योतिषी देवों की

घ—सौधर्म और ईशान कल्प में देवों के भवधारणीय शरीरों की ऊंचाई सात हाथ की है।

५८० क—नन्दीश्वर द्वीप में सात द्वीप हैं।

यथा—१. जम्बूद्वीप, २. धातकीखण्ड द्वीप, ३. पुष्कर वरद्वीप, ४. वरुणवर द्वीप, ५. क्षीरवर द्वीप, ६. घृत वर द्वीप, ७. क्षोद वर द्वीप।

ख—नन्दीश्वर द्वीप में सात समुद्र हैं।

यथा—१. लवण समुद्र, २. कालोद समुद्र, ३. पुष्करोद समुद्र, ४. करुणोद समुद्र, ५. खीरोद समुद्र, ६. घृतोद समुद्र, ७. क्षोदोद समुद्र।

सात प्रकार की श्रेणियाँ कही गई हैं।
यथा—१. ऋजु आयता[1]।
२. एकतः वक्रा[2], ३. द्विधावक्रा[3]

---

१. ऋजु आयता—सरल और लम्बी श्रेणी।
जब जीव या पुद्गल ऊर्ध्वलोक से अधोलोक में या अधोलोक से ऊर्ध्वलोक में गमन करे तब सीधी रेखा से गमन करते हैं वह सीधी रेखा "ऋजु आयता श्रेणी" कही जाती है।

२. एकतः वक्राः—जब जीव या पुद्गल एक श्रेणी से दूसरी श्रेणी में गमन करता है तब एक जगह वक्र गति करता है।
यथा—एक जीव अधोलोक में पूर्व दिशा में मरता है और उसका उत्पत्ति स्थान उर्ध्वलोक में पश्चिम दिशा में होता है तो वह पहले ऋजु गति से उर्ध्वलोक की पूर्व दिशा में पहुंचता है और वहां से सीधा पश्चिम दिशा में जाता है। इस प्रकार उसे पश्चिम दिशा में पहुँचने के लिए एक जगह वक्र गति से गमन करना पड़ता है।

३. द्विधावक्रा—जिस श्रेणी में दो जगह वक्र गति करनी पड़ती है, वह द्विधा वक्रा श्रेणी कही जाती है। यथा—एक जीव उर्ध्वलोक के अग्निकोण में मृत्यु को प्राप्त हुआ और उसका उत्पत्ति स्थान वायव्य कोण में हो तो वह पहले तिरछी गति से नैऋत्य कोण में जाता है वहाँ से तिरछी गति से वायव्य कोण में पहुंचता है।

४. एकतः खा[४], ५. द्विधा खा[५], ६. चक्रवाला[६], ७. अर्धचक्र वाला[७]

५८२ क—चमर असुरेन्द्र के सात सेनायें हैं, और सात सेनापति हैं।

यथा—१. पैदल सेना, २. अश्व सेना, ३. हस्तिसेना, ४. महिष सेना, ५. रथ सेना, ६. नट सेना, ७. गंधर्व सेना।

१-५ द्रुम—पैदल सेनापति,

---

४. एकतः खा—जिस श्रेणी में एक ओर लोक नाड़ी(त्रसनाड़ी) के बाहर का आकाश हो वह श्रेणी "एकतः खा" कही जाती है। यथा—एक जीव त्रसनाड़ी से बाहर का त्रसनाड़ी में उत्पन्न हो तो वह श्रेणी एकतः खा कही जाती है।

५. द्विधा खा—जिस श्रेणी में दो बार त्रसनाड़ी के बाहर के आकाश का स्पर्श हो वह श्रेणी द्विधा खा कही जाती है। यथा—एक जीव त्रसनाड़ी के बाहर दक्षिण भाग से त्रसनाड़ी के बाहर बायें भाग में जाकर उत्पन्न हो तो वह दो बार त्रसनाडी से बाहर के आकाश का स्पर्श करता है।

६. चक्र वाला—चक्र के समान जो गति करे वह चक्रवाला कही जाती है। यह गति जीव की नहीं होती, केवल पुद्गल की होती है।

७. अर्धचक्र वाला—अर्ध गोल यह गति भी परमाणु की होती है।

शेष पांचवे स्थानक के समान यावत् किन्नर-रथसेना का सेनापति,

६. रिष्ट—नटसेना का सेनापति,

७. गीतरती—गंधर्व सेना का सेनापति।

ख—बलि वैरोचनेन्द्र के सात सेनायें हैं और सात सेनापति हैं।

यथा—१-५ पैदल सेना यावत् गंधर्व सेना,

१-५ महाद्रुम—पैदल सेना का सेनापति,

यावत् किंपुरुष—रथ सेना का सेनापति,

६. महारिष्ट—नट सेना का सेनापति,

७. गीतयश—गंधर्व सेना का सेनापति।

ग—धरणेन्द्र (नाग कुमारेन्द्र) की सात सेनायें और सात सेनापति हैं,

यथा—१-७ पैदल सेना यावत् गंधर्व सेना

१-५ रुद्रसेन—पैदल सेना का सेनापति

यावत्—आनन्द—रथ—सेना का सेनापति,

६. नन्दन—नटसेना का सेनापति

७. तेतली—गंधर्व सेना का सेनापति।

घ—नाग कुमारेन्द्र भूतानन्द की सात सेनायें और सात सेनापति हैं

यथा—१-६ पैदल सेना यावत् गंधर्व सेना।

१-५ दक्ष पैदल सेना का सेनापति

यावत्—नंदुत्तर—रथ सेना का सेनापति.

६. रती—नट सेना का सेनापति,

७. मानस गंधर्व सेना का सेनापति।

ङ-भ—इस प्रकार घोष और महाघोष पर्यन्त सात सात सेनायें और सात सात सेनापति हैं।

म—शक्रेन्द्र की सात सेनायें और सात सेनापति हैं।

यथा—१-७ पैदल सेना यावत् गंधर्व सेना
१-५ हरिणगमेषी—पैदल सेना का सेनापति।
यावत् माढर—रथ सेना का सेनापति।
६. महास्वेत—नट सेना का सेनापति
७. रत—गंधर्व सेना का सेनापति
शेष पांचवें स्थान के अनुसार
इस प्रकार अच्युत देवलोक पर्यन्त सेना और सेनापतियों का वर्णन समझें।

५८३ क—चमरेन्द्र के द्रुम पैदल सेनापति के सात कच्छ (सैन्य समूह) है,

यथा—१-७ प्रथम कच्छ—यावत् सप्तम कच्छ।
प्रथम कच्छ में ६४००० देव हैं।
द्वितीय कच्छ में प्रथम कच्छ से दूने देव हैं।
तृतीय कच्छ में द्वितीय कच्छ से दूने देव हैं।
इस प्रकार सातवें कच्छ तक दूने-दूने देव कहें।

ख—इस प्रकार बलेन्द्र के भी सात कच्छ हैं,

विशेष सूचना—महद्रुम सेनापति के प्रथम कच्छ में साठ हजार देव हैं, शेष छः कच्छों में पूर्ववत् दूने-दूने देव कहें।

ग—इस प्रकार धरणेन्द्र के सात कच्छ हैं।

विशेष सूचना—रुद्रसेन सेनापति के प्रथम कच्छ में २८००० देव हैं शेष छः कच्छों में पूर्ववत् दुगने-दुगने देव कहें।

घ-भ—इस प्रकार महाघोष पर्यन्त दूगुने दूगुने देव कहें।

विशेष सूचना—पैदल सेना के सेनापतियों के पूर्व-वत् कहें।

म—शक्रेन्द्र के पैदल सेनापति हरिणगमेषी देव के सात कच्छ हैं।

चमरेन्द्र के समान अच्युतेन्द्र पर्यन्त कच्छ और देवताओं का वर्णन समझें।

पैदल सेनापतियों के नाम पूर्ववत् कहें।

देवताओं की संख्या इन दो गाथाओं से जाननी चाहिये।

१-१०—शक्रेन्द्र के पैदल सेनापति के प्रथम कच्छ में ८४००० देव हैं।

ईशानेन्द्र के ८०,००० देव हैं।

सनत्कुमार के ७२,००० देव हैं।

माहेन्द्र के ७०,००० देव हैं।

ब्रह्मेन्द्र के ६०,००० देव हैं।

लांतकेन्द्र के ५०,००० देव हैं।

महाशुकेन्द्र के ४०,००० देव हैं।

सहस्रारेन्द्र के ३०,००० देव हैं।

आनतेन्द्र और आरणेन्द्र के २०,००० देव हैं।

प्राणतेन्द्र और अच्युतेन्द्र के २०,००० देव हैं।

प्रत्येक कच्छ में पूर्व कच्छ से दुगुने-दुगने देव कहें।

५८४ —वचन विकल्प सात प्रकार के हैं, यथा—

१. आलाप—अल्प भाषण,

२. अनालाप—कुत्सित आलाप,

३. उल्लाप—प्रश्नगर्भित वचन,

४. अनुल्लाप—निंदित वचन,

५. संलाप—परस्पर भाषण करना,

६. प्रलाप—निरर्थक वचन,

७. विप्रलाप—विरुद्ध वचन।

५८५ क—विनय सात प्रकार का कहा गया है,

यथा—१. ज्ञान विनय, २. दर्शन विनय, ३. चारित्र विनय, ४. मन विनय, ५. वचन विनय, ६. काय विनय, ७. लोकोपचार विनय।

ख—प्रशस्त मन विनय सात प्रकार का कहा गया है,

यथा—१. अपापक—शुभ चिंतन रूप विनय,

२. असावद्य—चोरी आदि निंदित कर्म रहित,

३. अक्रिय—कायिकादि क्रिया रहित,

४. निरुपक्लेश—शोकादि पीड़ा रहित,

५. अनाश्रवकर—प्राणातिपातादि रहित,

६. अक्षतकर—प्राणियों को पीड़ित न करने रूप,

७. अभूताभिशंकन—अभयदान रूप।

ग—अप्रशस्त मन विनय सात प्रकार का कहा गया है,

यथा—१. पापक—अशुभ चिंतन रूप,

२. सावद्य—चोरी आदि निंदित कर्म,

३. सक्रिय—कायिकादि क्रिया युक्त,

४. सोपक्लेश—शोकादि पीड़ा युक्त,

५. आश्रवकर—प्राणातिपातादि आश्रव,

६. क्षयकर—प्राणियों को पीड़ित करने रूप,

७. भूताभिशंकन—भयकारी।

घ—प्रशस्त वचन विनय सात प्रकार का कहा गया है,

यथा—१-७ अपापक, असावद्य, यावत् अभूताभिशंकन।

ङ—अप्रशस्त वचन विनय सात प्रकार का कहा गया है,

यथा—१-७ पापक यावत् भूताभिशंकन।

च—प्रशस्तकाय विनय सात प्रकार का कहा गया है,

यथा—१. उपयोग पूर्वक गमन,

२. उपयोग पूर्वक स्थिर रहना,

३. उपयोग पूर्वक बैठना,

५. उपयोग पूर्वक देहली आदि का उल्लंघन करना,
६. उपयोग पूर्वक अर्गला आदि का अतिक्रमण,
७. उपयोग पूर्वक इन्द्रियों का प्रवर्तन ।

छ—अप्रशस्तकाय विनय सात प्रकार का कहा गया है,
यथा—१-७ उपयोग विना गमन करना,
यावत्—उपयोग विना इन्द्रियों का प्रवर्तन ।

ज—लोकोपचार विनय सात प्रकार का कहा गया है,
यथा—१. अभ्यासवर्तित्व—समीपरहना — जिससे बोलने वाले को तकलीफ न हो,

२. परछंदानुवर्तित्व—दूसरे के अभिप्राय के अनुसार आचरण करना,

३. कार्य हेतु—इन्होंने मुझे श्रुत-दिया है अतः इनका कहना मुझे मानना ही चाहिये ।

४. कृतप्रतिकृतिता—इनकी मैं कुछ सेवा करूंगा तो ये मेरे पर कुछ उपकार करेंगे,

५. आर्तगवेषण—रुग्ण की गवेषणा करके औषध देना,

६. देश-कालज्ञता—देश और काल को जानना,

७. सभी अवसरों में अनुकूल रहना ।

क—समुद्घात सात प्रकार के कहे गये हैं,
यथा—१. वेदना समुद्घात, २. कषाय समुद्घात, ३. मारणांतिक समुद्घात, ४. वैक्रिय समुद्घात,

५. तैजस समुद्घात, ६. आहारक समुद्घात,
७. केवली समुद्घात।

ख—मनुष्यों के सात समुद्घात कहे गये हैं,
यथा—पूर्ववत्।

५८७ क—श्रमण भगवान् महावीर के तीर्थ में सात प्रवचन-निह्नव हुए,

यथा—१. वहुरत—दीर्घकाल में वस्तु की उत्पत्ति मानने वाले,

२. जीव प्रदेशिका—अन्तिम जीव प्रदेश में जीवत्व मानने वाले,

३. अव्यक्तिका—साधु आदि को संदिग्ध दृष्टि से देखने वाले,

४. सामुच्छिदेका—क्षणिक भाव मानने वाले,

५. दो क्रिया—एक समय में दो क्रिया मानने वाले,

६. त्रैराशिका—१. जीव राशि, २. अजीव राशि और ३. नो जीव राशि। इस प्रकार तीन राशि की प्ररुपणा करने वाले,

७. अवद्धिका—जीव कर्म से स्पष्ट है किन्तु कर्म से वद्ध जीव नहीं है, इस प्रकार की प्ररुपणा करने वाले।

ख—इन सात प्रवचन निह्नवों के सात धर्माचार्य थे,
यथा—१. जमाली, २. तिष्यगुप्त, ३. आषाढ़,

४. अश्वमित्र, ५. गंग, ६. षडुलुक (रोहगुप्त),
७. गोष्ठामाहिल ।

ग—इन प्रवचन निह्नवों के सात उत्पत्ति नगर हैं,
यथा—१. श्रावस्ती, २. ऋषभपुर, ३. श्वेताम्बिका,
४. मिथिला, ५. उल्लुकातीर, ६. अंतरंजिका
७. दशपुर ।

८८ क—सातावेदनीय कर्म के सात अनुभाव (फल) हैं,
यथा—१. मनोज्ञ शब्द, २. मनोज्ञ रूप, ३-५
यावत्—मनोज्ञ स्पर्श, ६. मानसिक सुख,
७. वाचिक सुख ।

ख—असातावेदनीय कर्म के सात अनुभाव (फल) हैं,
यथा—१-७ अमनोज्ञ शब्द—यावत्—वाचिक दुख ।

८९ क—मघा नक्षत्र के सात तारे हैं,

ख—अभिजित् आदि सात नक्षत्र पूर्व दिशा में द्वार
वाले हैं,[1]
यथा—१. अभिजित्, २. श्रवण, ३. धनिष्ठा,
४. शतभिषा, ५. पूर्वभाद्रपदा, ६. उत्तराभाद्रपदा,
७. रेवती ।

---

१ इन सात नक्षत्रों में पूर्व दिशा में यात्रा की जाती है इसी
प्रकार आगे भी जानें ।

ग—अश्विनी आदि सात नक्षत्र दक्षिण दिशा में द्वार-
वाले हैं, यथा—१. अश्विनी, २. भरणी, ३, कृत्तिका,
४. रोहिणी, ५. मृगशिरा, ६. आर्द्रा, ७ .पुनर्वसु ।

घ—पुष्य आदि सात नक्षत्र पश्चिम दिशा में द्वारवाले हैं,
यथा—१. पुष्य, २. अश्लेषा, ३. मघा, ४. पूर्वा-
फाल्गुनी, ५. उत्तराफाल्गुनी, ६. हस्त, ७. चित्रा ।

ङ—स्वाति आदि सात नक्षत्र उत्तर दिशा में द्वारवाले हैं,
यथा—स्वाति, २. विशाखा, ३. अनुराधा,
४. ज्येष्ठा, ५. मूल, ६. पूर्वाषाढ़ा, ७. उत्तराषाढ़ा ।

५९० क—जम्बूद्वीप में सोमनस वक्षस्कार पर्वत पर सात कूट हैं,
यथा—१. सिद्धकूट, २. सोमनसकूट, ३. मंगलावती-
कूट, ४. देवकूट, ५. विमलकूट, ६. कंचनकूट,
७. विशिष्टकूट ।

ख—जम्बूद्वीप में गंधमादन वक्षस्कार पर्वत पर सात
कूट हैं,
यथा—१. सिद्धकूट, २. गंधमादनकूट, ३. गंधला-
वतीकूट, उत्तरकुरुकूट, ५. फलिघकूट, ६. लोहिताक्ष-
कूट, ७. आनन्दन कूट ।

५९१ —बेइन्द्रिय की सात लाख कुल कोड़ी हैं ।

५९२ क-ङ—जीवों ने सात स्थानों में निर्वर्तित (संचित) पुद्गल
पाप कर्म के रूप में चयन किये हैं, चयन करते हैं,
और चयन करेंगे ।

इसी प्रकार उपचयन, बन्ध, उदीरणा, वेदना और निर्जरा के तीन-तीन दण्डक कहें।

५९३ क—सात प्रदेशिक स्कन्ध अनन्त हैं,

ख—सात प्रदेशावगाढ पुद्गल अनन्त हैं,

ग-य—यावत् सात गुण रुक्ष पुद्गल अनन्त हैं।

सप्तम स्थान समाप्त

अष्टम स्थान—(आठवां ठाणा)

५९४ —आठ गुण सम्पन्न अणगार एकलविहारी प्रतिमा धारण करने योग्य होता है,

यथा—१. श्रद्धावान, २. सत्यवादी, ३. मेधावी, ४. बहुश्रुत, ५. शक्तिमान्, ६. अल्पकलही, ७. धैर्य-वान्, ८. वीर्यसम्पन्न।

५९५ क—योनिसंग्रह आठ प्रकार का कहा गया है,

यथा—१-७ अंडज, पोतज—यावत्—उद्भिज ८. औपपातिक।

ख—अंडज आठगति वाले हैं, और आठ आगति वाले हैं।

ग—अण्डज यदि अण्डजों में उत्पन्न हो तो अण्डजों से पोतजों से यावत्—औपपातिकों से आकर उत्पन्न होते हैं।

घ—वही अण्डज अण्डजपने को छोड़कर अण्डज रूप में यावत्—औपपातिक रूप में उत्पन्न होता है।

ङ—इसी प्रकार जरायुजों की गति आगति कहें। शेष रसज आदि पाँचों की गति आगति न कहें।

५९६ क—जीवों ने आठ कर्म प्रकृतियों का चयन किया है, करते हैं, और करेंगे।

यथा—१. ज्ञानावरणीय, २. दर्शनावरणीय, ३. वेदनीय, ४. मोहनीय, ५. आयु, ६. नाम, ७. गोत्र, ८. अन्तराय।

दण्डक सूत्र

१-२४—नैरयिकों ने आठ कर्म प्रकृतियों का चयन किया है, करते हैं, और करेंगे।

इस प्रकार वैमानिक पर्यन्त कहें।

इसी प्रकार उपचय, बन्ध, उदीरणा, वेदना और निर्जरा के सूत्र कहें।

प्रत्येक के दण्डक सूत्र कहें।[1]

५९७ क—आठ कारणों से मायावी माया करके न आलोयणा करता है, न प्रतिक्रमण करता है,—यावत्—न प्रायश्चित्त स्वीकारता है,

यथा—१. मैंने पाप कर्म किया है अब मैं उस पाप की निन्दा कैसे करूं?

२. मैं वर्तमान में भी पाप करता हूं अतः मैं पाप की आलोचना कैसे करूं?

३. मैं भविष्य में भी यह पाप करूंगा—अतः मैं आलोचना कैसे करूं।

---

१ इस सूत्र के अन्तर्गत १६० सूत्र हैं।

४. मेरी अपकीर्ति होगी अतः मैं आलोचना कैसे करूं ?

५. मेरा अपयश होगा अतः मैं आलोचना कैसे करूँ ?

६. पूजा प्रतिष्ठा की हानि होगी अतः मैं आलोचना कैसे करूँ ?

७. कीर्ति की हानि होगी ,, ,,

८. मेरे यश की हानि होगी ,, ,,

ख—आठ कारणों से मायावी माया करके आलोयणा करता है—यावत्—प्रायश्चित्त स्वीकार करता है, यथा—मायावी का यह लोक निन्दनीय होता है अतः मैं आलोचना करूँ।

२. उपपात (देव-नारक) निन्दित होता है ।

३. भविष्य का जन्म निन्दनीय होता है।

४. एक वक्त माया करके आलोचना न करे तो आराधक नहीं होता है।

५. एक वक्त माया करके आलोचना करे तो आराधक होता है।

६. अनेक वार माया करके आलोचना न करे तो आराधक नहीं होता है।

७. अनेक वार माया करके भी आलोचना करे तो आराधक होता है।

८. मेरे आचार्य और उपाध्याय विशिष्ट ज्ञान वाले है, वे जानेंगे कि "यह मायावी है" अतः मैं आलोचना करूं—यावत्—प्रायश्चित्त स्वीकार करूं।

माया करने पर मायावी का हृदय किस प्रकार पश्चात्ताप से दग्ध होता रहता है—यह यहां पर दृष्टान्त द्वारा बताया गया है।

जिस प्रकार लोहा, तांबा, कलई, शीशा, रूपा और सोना गलाने की भट्टी, तिल, तुस, भुसा, नल और पत्तों की अग्नि। दारु बनाने की भट्टी, मिट्टी के बर्तन, गोले, कवेलु, ईंटे आदि पकाने का स्थान, गुड़ पकाने की भट्टी और लुहार की भट्टी में केशूले के फूल और उल्कापात जैसे जाज्वल्यमान, हजारों चिनगारियां जिनसे उछल रही हैं ऐसे अंगारों के समान मायावी का हृदय पश्चात्ताप रूप अग्नि से निरन्तर जलता रहता है।

मायावी को सदा ऐसी आशंका बनी रहती है कि ये सब लोग मेरे पर ही शंका करते हैं।

मायावी की दुर्गति—

मायावी माया करके आलोचना किये बिना यदि मरता है और देवों में उत्पन्न होता है तो वह महर्धिक देवों में यावत् सौधर्मादि देव लोकों में उत्पन्न नहीं होता है। उत्कृष्ट स्थिति वाले देवों में भी वह उत्पन्न नहीं होता है। उस देव की बाह्य या आभ्य-

न्तर परिषद् भी उसके सामने आती है लेकिन परिषद् के देव उस देव का आदर समादर नहीं करते हैं, तथा उसे आसन भी नहीं देते हैं। वह यदि किसी देव को कुछ कहता है तो चार पांच देव उसके सामने आकर उसका अपमान करते हैं और कहते हैं कि बस अब अधिक कुछ न कहो जो कुछ कहा यही बहुत है। आयु पूर्ण होने पर वह देव वहां से च्यव-कर इस मनुष्य लोक में हलके कुलों में उत्पन्न होता है।

यथा—अन्त कुल, प्रांत कुल, तुच्छ कुल, दरिद्र कुल, भिक्षुक कुल, कृपण कुल आदि। इन कुलों में भी वह कुरूप, कुवर्ण, कुगन्ध, कुरस, और कुस्पर्श वाला होता है। अनिष्ट, अकान्त, अप्रिय, अमनोज्ञ, हीन-स्वर, दीनस्वर, अनिष्ट स्वर, अकान्त स्वर, अप्रिय-स्वर, अमनोज्ञ स्वर, अमनाम स्वर, और अनादेय वचन वाला वह होता है। उसके आसपास के लोग भी उसका आदर नहीं करते हैं वह कुछ किसी को उपालम्भ देने लगता है तो उसे चार पांच जने मिल कर रोकते हैं और कहने लगते हैं कि बस अब कुछ न कहो।

अमायी की सुगति—

किन्तु मायावी माया करने पर यदि आलोचना करके मरे तो वह ऋद्धिमान् देव होता है तथा

उत्कृष्ट स्थिति वाला देव होता है, हार से उसका वक्षस्थल सुशोभित होता है, हाथ में कंकण तथा मस्तक पर मुकुट आदि अनेक प्रकार के आभूषणों से वह सुन्दर शरीर से दैदीप्यमान होता है, वह दिव्य भोगोपभोगों को भोगता है। वह कुछ कहने लगता है तो उसे चार पाँच देव आकर उत्साहित करते हैं और कहने लगते हैं कि आप खूब बोलें। वह देव देवलोक से च्यवकर मनुष्य लोक में उच्चकुलों में उत्पन्न होता है तो उसे सुन्दर शरीर प्राप्त होता है, आस-पास के लोग उसका बहुत आदर करते हैं तथा बोलने के लिए बहुत आग्रह करते हैं।

५९८ क—संवर आठ प्रकार का कहा गया है,
यथा—१-५ श्रोत्रेन्द्रिय संवर, यावत् स्पर्शेन्द्रिय संवर,
६. मन संवर, ७. वचन संवर, ८. काय संवर।

ख—असंवर आठ प्रकार का कहा गया है,
यथा—१-८ श्रोत्रेन्द्रिय असंवर यावत् काय असंवर।

५९९ स्पर्श आठ प्रकार का कहा गया है,
यथा—१. कर्कश, २. मृदु, ३. गुरु, ४. लघु, ५. शीत
६. उष्ण, ७. स्निग्ध. ८. रुक्ष।

६०० लोक स्थिति आठ प्रकार की कही गयी है,
यथा—१ आकाश के आधार पर रहा हुआ वायु,
२. वायु के आधार पर रहा हुआ घनोदधि—शेष

छठे स्थान के समान—यावत्—संसारी जीव कर्म के आधार पर रहे हुए हैं।

७. पुद्गलादि अजीव जीवों से संग्रहीत (बद्ध) हैं।

८. जीव ज्ञानावरणीयादि कर्मों से संग्रहीत (बद्ध) हैं।

६०१ —गणी (आचार्य) की आठ सम्पदा (भावसमृद्धि) कही गयी है, यथा—

१. आचार सम्पदा—क्रियारूप सम्पदा,

२. श्रुत सम्पदा—शास्त्र ज्ञान रूप सम्पदा,

३. शरीर सम्पदा—प्रमाणोपेत शरीर तथा अवयव,

४. वचन सम्पदा—आदेय और मधुर वचन,

५. वाचना सम्पदा—शिष्यों की योग्यतानुसार आगमों की वाचना देना।

६. मति सम्पदा—अवग्रहादि बुद्धिरूप,

७. प्रयोग सम्पदा—वाद विषयक स्वसामर्थ्य का ज्ञान तथा द्रव्य-क्षेत्र आदि का ज्ञान।

८. संग्रह परिज्ञा सम्पदा—बाल-वृद्ध तथा रूप आदि के क्षेत्रादि का ज्ञान।

६०२ —चक्रवर्ती की प्रत्येक महानिधि आठ चक्र के ऊपर प्रतिष्ठित है और प्रत्येक आठ-आठ योजन ऊंचे हैं।

६०३ —समितियां आठ कही गयी हैं,

यथा—१. ईर्यासमिति, २. भाषा समिति, ३. एषणा समिति, ४. आदान भांड मात्र निक्षेपणा

समिति, ५. उच्चार, प्रस्रवण, श्लेष्म, मल, सिंघाण परिष्ठापनिका समिति।

६. मन समिति[1] ७. वचन समिति[2] ८. काय समिति[3]

६०४ क—आठ गुण सम्पन्न अणगार आलोचना सुनने योग्य होता है,

यथा—१. आचारवान्, २. अवधारणावान्, ३. व्यवहारवान्,

४. आलोचक का संकोच मिटाने में समर्थ,

५. शुद्धि करवाने में समर्थ,

६. आलोचक की शक्ति के अनुसार प्रायश्चित्त देने वाला,

७. आलोचक के दोष अन्य को न कहने वाला,

८. दोष सेवन से अनिष्ट होता है, यह समझाने में समर्थ।

ख—आठ गुण युक्त अणगार अपने दोषों की आलोचना कर सकता है,

यथा—१. जातिसम्पन्न, २. कुलसम्पन्न, ३. विनय

---

१ दुष्ट संकल्प का त्याग और प्रशस्त संकल्प का स्वीकार।

२ असत्य, अहितकर और अपरिमित वचन का त्याग, सत्य हितकर और परिमित वचन का स्वीकार।

३ अकुशल प्रवृत्ति का त्याग और कुशल प्रवृत्ति का स्वीकार।

सम्पन्न, ४. ज्ञान सम्पन्न, ५. दर्शन सम्पन्न, ६. चारित्र सम्पन्न, ७. क्षान्त, ८. दांत।

६०५ प्रायश्चित्त आठ प्रकार का कहा गया है,
यथा—१. आलोचना योग्य, २. प्रतिक्रमण योग्य, ३. उभय योग्य, ४. विवेक योग्य[1]
५. व्युत्सर्ग योग्य, ६. तप योग्य, ७. छेद योग्य[2]
८. मूल योग्य[3]।

६०६ —मद स्थान आठ कहे गये हैं,
यथा—१. जाति मद, २. कुल मद, ३. बल मद, ४. रूप मद, ५. तप मद, ६. सूत्र मद, ७. लाभ मद, ८. ऐश्वर्य मद।

६०७ —अक्रियावादी आठ हैं,
यथा—१. एक वादी—आत्मा एक ही है ऐसा कहने वाले,
२. अनेकवादी—सभी भावों को भिन्न मानने वाले,
३. मितवादी—अनन्त जीव हैं फिर भी जीवों की एक नियत संख्या मानने वाले।

---

१ आधाकर्म आदि सदोष आहार के त्याग से शुद्धि हो।
२ कायोत्सर्ग योग्य।
३ अनेक अतिचार लगने से जो तप करने में असमर्थ हो—उसके श्रमण पर्याय का छेद करना।
४ मूल महाव्रत का भंग होने पर पुनः महाव्रतारोपण करना।

४. निर्मितवादी—"यह सृष्टि किसी की बनायी हुई है" ऐसा मानने वाले।

५. सातवादी—सुख से रहना, किन्तु तपश्चर्या न करना।

६. समुच्छेदवादी—प्रतिक्षण वस्तु नष्ट होती है, ऐसा मानने वाले क्षणिकवादी।

७. नित्यवादी—सभी वस्तुओं को नित्य मानने वाले।

८. मोक्ष या परलोक नहीं है, ऐसा मानने वाले।

८—महानिमित्त आठ प्रकार का कहा गया है,
यथा—१. भौम—भूमि विषयक शुभाशुभ का ज्ञान करने वाला शास्त्र।

२. उत्पात—रुधिर वृष्टि आदि उत्पातों का फल बताने वाला शास्त्र।

३. स्वप्न—शुभाशुभ स्वप्नों का फल बताने वाला शास्त्र।

४. अंतरिक्ष—गांधर्व नगरादि का शुभाशुभ फल बताने वाला शास्त्र।

५. अंग—चक्षु, मस्तक आदि अंगों के फरकने से शुभाशुभ फल की सूचना देने वाला शास्त्र।

६. स्वर—षड्ज आदि स्वरों का शुभाशुभ फल बताने वाला शास्त्र।

७. लक्षण—स्त्री-पुरुष के शुभाशुभ लक्षण बताने वाला शास्त्र ।

८. व्यञ्जन—तिल मस आदि के शुभाशुभ फल बताने वाला शास्त्र ।

६०६ —वचन विभक्ति आठ प्रकार की कही गयी है,
यथा १. निर्देश में प्रथमा—वह, यह, मैं ।

२. उपदेश में द्वितीया—यह करो ! इस श्लोक को पढ़ो !

३. करण में तृतीया—मैंने कुण्ड बनाया ।

४. सम्प्रदान में, चतुर्थी—नमः स्वस्ति, स्वाहा के योग में, साधु के लिये भिक्षा देना ।

५. अपादान में, पंचमी—पृथक् करने में तथा ग्रहण करने में, यथा—कूप से जल निकाल, कोठी में से धान्य ग्रहण कर ।

६. स्वामित्व के सम्बन्ध षष्ठी—इसका, उसका तथा सेठ का नौकर ।

७. सन्निधान अर्थ में सप्तमी—आधार अर्थ में—मस्तक पर मुकुट है ।

काल में—प्रातःकाल में कमल खिलता है, भावरूप क्रिया विशेषण में—सूर्य अस्त होने पर रात्रि हुई ।
८. आमन्त्रण में अष्टमी—यथा—हे युवान् !
हे राजन् !

६१० क—आठ स्थानों को छद्मस्थ पूर्णरूप से न देखता है और न जानता है।

यथा—१-६ धर्मास्तिकाय–यावत् ७. गंध, ८. वायु।

ख—आठ स्थानों को सर्वज्ञ पूर्णरूप से देखता है और जानता है।

यथा—१-६ धर्मास्तिकाय यावत् ७. गंध, ८. वायु।

६११ —आयुर्वेद आठ प्रकार का कहा गया है,

यथा—१. कुमार भृत्य—बाल चिकित्सा शास्त्र,

२. कायचिकित्सा—शरीर चिकित्सा शास्त्र,

३. शालाक्य—गले से ऊपर के अंगों की चिकित्सा का शास्त्र।

४. शल्यहत्या—शरीर में कंटक आदि कहीं लग जाय तो उसकी चिकित्सा का शास्त्र,

५. जंगोली—सर्प आदि के विष की चिकित्सा का शास्त्र।

६. भूतविद्या—भूत-पिशाच आदि के शमन का शास्त्र,

७. क्षारतंत्र—वीर्यपात की चिकित्सा का शास्त्र,

८. रसायन—शरीर आयुष्य और बुद्धि की वृद्धि करने वाला शास्त्र।

---

१ इसका दूसरा नाम—वाजीकरण है—मनुष्य को घोड़े के समान करने वाली औषधी।

६१२ क—शक्रेन्द्र के आठ अग्रमहिषियां हैं,

यथा—१. पद्मा, २. शिवा, ३. सती, ४. अंजू, ५. अमला, ६. आसरा, ७. नवमिका ८. रोहिणी।

ख—ईशानेन्द्र के आठ अग्रमहिषियां हैं,

यथा—१. कृष्णा, २. कृष्णराजी, ३. रामा, ४. रामरक्षिता, ५. वसु, ६. वसुगुप्ता, ७. वसुमित्रा, ८. वसुंधरा।

ग—शक्रेन्द्र के सोम लोकपाल की आठ अग्रमहिषियाँ हैं,

घ—ईशानेन्द्र के वैश्रमण लोकपाल की आठ अग्रमहिषियाँ है,

ङ—महाग्रह आठ हैं

यथा—१. चन्द्र, २. सूर्य, ३. शुक्र, ४. बुध, ५. वृहस्पति, ६, मंगल, ७. शनैश्चर, ८. केतु।

६१३ —तृण वनस्पति काय आठ प्रकार का है,

यथा—१ मूल, २. कंद, ३. स्कंध, ४. त्वचा, ५. खाल, ६. प्रवाल, ७. पत्र, ८. पुष्प।

६१४ क—चउरिन्द्रिय जीवों की हिंसा न करने वालों में आठ प्रकार का संयम होता है। यथा—

१. नेत्र सुख नष्ट नहीं होता,

२. नेत्र दुःख उत्पन्न नहीं होता,

यावत्—७. स्पर्श सुख नष्ट नहीं होता,

८. स्पर्श दुःख उत्पन्न नहीं होता।

ख—चउरिन्द्रिय जीवों की हिंसा करने वालों के आठ प्रकार का असंयम होता है, यथा—

१. नेत्र सुख नष्ट होता है,

२. नेत्र दुःख उत्पन्न होता है,

३. यावत्—७. स्पर्श सुख नष्ट होता है ८. स्पर्श दुःख उत्पन्न होता है।

६१५ —सूक्ष्म आठ प्रकार के हैं,

यथा—१. प्राणसूक्ष्म—कुंथुआ आदि
२. पनक सूक्ष्म—लीलण, फूलण,
३. वीज सूक्ष्म—वटवीज,
४. हरित सूक्ष्म—लीली वनस्पति,
५. पुष्प सूक्ष्म
६. अंड सूक्ष्म—कृमियों के अंडे,
७. लयन सूक्ष्म—कीड़ी नगरा
८. स्नेह सूक्ष्म—धुंअर आदि।

६१६ —भरत चक्रवर्ती के पश्चात् आठ युग प्रधान पुरुष व्यवधान रहित सिद्ध हुये यावत्—सर्व दुःख रहित हुए।

यथा—१. आदित्य यश, २. महायश, ३. अतिवल, ४. महावल, ५. तेजोवीर्य, ६. कार्तवीर्य, ७. दंडवीर्य, ८. जलवीर्य ।

६१७ —भगवान् पार्श्वनाथ के आठ गण और आठ गणधर थे, यथा——१. शुभ, २. आर्य घोष, ३. वशिष्ठ, ४. ब्रह्मचारी, ५. सोम, ६. श्रीधर, ७. वीर्य, ८. भद्रयश।

६१८ —दर्शन आठ प्रकार के कहे गये हैं,
यथा—१. सम्यग्दर्शन, २. मिथ्यादर्शन, ३. सम्यग्मिथ्यादर्शन, ४. चक्षुदर्शन, यावत् ५-७ केवलदर्शन, ८. स्वप्नदर्शन।

६१९ —औपमिक काल आठ प्रकार के कहे गये हैं,
यथा—१. पल्योपम, २. सागरोपम, ३. उत्सर्पिणी, ४. अवसर्पिणी, ५. पुद्गल परावर्तन, ६. अतीतकाल, ७. भविष्य काल, ८. सर्वकाल।

६२० —भगवान् अरिष्टनेमि के पश्चात् ८ युग प्रधान पुरुष मोक्ष में गये और उनकी दीक्षा के दो वर्ष पश्चात् वे मोक्ष में गये।

६२१ —भगवान् महावीर से मुण्डित होकर आठ राजा (गृहस्थ त्यागकर) प्रव्रजित हुए।
यथा—१. वीरांगद, २. क्षीरयश, ३. संजय, ४. एणेयक, ५. श्वेत, ६. शिव, ७. उदायन, ८. शंख।

६२२ —आहार आठ प्रकार के हैं,
यथा—१. मनोज्ञ अशन, २. मनोज्ञ पान, ३. मनोज्ञ खाद्य, ४. मनोज्ञ स्वाद्य, ५.अमनोज्ञ अशन,

७. अमनोज्ञ पान ६. अमनोज्ञ खाद्य, ८. अमनोज्ञ स्वाद्य।

६२३ क—सनत्कुमार और माहेन्द्र कल्प के नीचे ब्रह्मलोक कल्प में रिष्टविमान के प्रस्तट में अखाडे के समान समचतुरस्र (समचोरस) संस्थान वाली आठ कृष्णराजियां हैं,

यथा—१-२ दो कृष्णराजियां पूर्व में,

३-४ दो कृष्णराजियां दक्षिण में

५-६ दो कृष्णराजियां पश्चिम में

७-८ दो कृष्णराजियां उत्तर में।

१. पूर्व दिशा की आभ्यन्तर कृष्णराजि दक्षिण दिशा को वाह्य कृष्णराजि से स्पष्ट है।

२. दक्षिण दिशा की आभ्यन्तर कृष्णराजि पश्चिम दिशा की वाह्य कृष्णराजि से स्पृष्ट है।

३. पश्चिम दिशा की आभ्यन्तर कृष्णराजि उत्तर दिशा की वाह्य कृष्णराजि से स्पृष्ट है।

४. उत्तर दिशा की आभ्यन्तर कृष्णराजि पूर्व दिशा की वाह्य कृष्णराजि से स्पृष्ट है।

क—पूर्व और पश्चिम दिशा की दो वाह्य कृष्णराजियां षट्कोण हैं।

ख—उत्तर और दक्षिण दिशा की दो वाह्य कृष्णराजियां त्रिकोण हैं।

ग—सभी आभ्यन्तर कृष्णराजियां चौरस हैं।

आठ कृष्णराजियों के आठ नाम हैं—

यथा—१. कृष्णराजि, २. मेघराजि, ३. मघाराजि, ४. माघवती, ५. वातपरिघा, ६. वातपरिक्षोभ, ७. देवपरिघा, ८. देवपरिक्षोभ।

इन आठ कृष्णराजियों के मध्य भाग[1] में आठ लोकान्तिक विमान हैं,

यथा—१. अर्चि, २. अर्चिमाली, ३. वैरोचन, ४. प्रभंकर, ५. चन्द्राभ, ६. सूर्याभ ७. सुप्रतिष्ठाभ, ८. अग्नेयाभ।

इन आठ लोकान्तिक विमानों में आठ लोकान्तिक देव रहते हैं,

यथा—१. सारस्वत, २. आदित्य, ३. वह्नि, ४. वरुण ५. गर्दतोय, ६. तुषित, ७. अव्याबाध, ८. आग्नेय।

६२४ क—धर्मास्तिकाय के मध्य प्रदेश आठ हैं,

ख—अधर्मास्तिकाय के मध्य प्रदेश आठ हैं,

ग—आकाशास्तिकाय के मध्य प्रदेश आठ हैं,

घ—जीवास्तिकाय के मध्य प्रदेश आठ हैं।

---

१ आठ अवकाशान्तरों में।

६२५ —महापद्म अर्हन्त आठ राजाओं को मुण्डित करके तथा गृहस्थ का त्याग करा करके अणगार प्रवज्या देंगे।
यथा—१. पद्म, २. पद्मगुल्म, ३ नलिन, ४. नलिन-गुल्म ५. पद्मध्वज, ६. धनुध्वज, ७. कनकरथ, ८. भरत।

६२६ —कृष्ण वासुदेव की आठ अग्रमहिषियां अर्हन्त''' अरिष्ट नेमि के समीप मुण्डित होकर तथा गृहस्थ से निकल-कर अणगार प्रवज्या स्वीकार करेंगी, सिद्ध होंगी यावत् सर्व दुःखों से मुक्त होंगी।
यथा—१. पद्मावती, २. गोरी, ३. गंधारी, ४. लक्षणा, ५. सुसीमा, ६. जाम्ववती ७. सत्यभामा ८. रुक्मिणी।

६२७ —वीर्यप्रवाद पूर्व की आठ वस्तु और आठ चूलिका वस्तु हैं।

६२८ —गतियां आठ प्रकार की हैं,
यथा—१. नरक गति २. तिर्यंचगति
३-५ यावत् सिद्ध गति,
६. गुरु गति ७. प्रणोदन गति ८. प्राग् भारगति

६२९ —गंगा, सिन्धु रक्ता और रक्तवती देवियों के द्वीप आठ-आठ योजन के लम्बे चौड़े हैं।

६३० —उल्कामुख, मेघमुख, विद्युन्मुख और विद्युद्दंत अन्तर-

द्वीपों के द्वीप आठसी-आठसी योजन के लम्बे चौड़े हैं।

६३१ —कालोद समुद्र की वलयाकार चौड़ाई ८ लाख योजन की है।

६३२ क—आभ्यन्तर पुष्करार्ध द्वीप की वलयाकार चौड़ाई भी आठ लाख योजन की है।

ख—बाह्य पुष्करार्ध द्वीप की वलयाकार चौड़ाई भी इतनी ही है।

६३३ —प्रत्येक चक्रवर्ती के काकिणी रत्न आठ सुवर्ण प्रमाण होते हैं

काकिणी रत्न के ६ तले, १२ अस्रि (कोटी) आठ कर्णिकायें होती हैं।

काकिणी रत्न का संस्थान एरण के समान होता है।

६३४ —मगध का योजन आठ हजार धनुष का निश्चित है।

६३५ क— जम्बूद्वीप में सुदर्शन वृक्ष आठ योजन का ऊंचा है, मध्य भाग में आठ योजन का चौड़ा है, और सर्व परिमाण कुछ अधिक आठ योजन का है।[1]

ख—कूट शाल्मली वृक्ष का परिमाण भी इसी प्रकार है।[2]

---

१ यह सुदर्शन वृक्ष उत्तर कुरु में है।

२ यह कूट शाल्मली वृक्ष देवकुरु में है।

६३६ क—तमिस्रा गुफा की ऊंचाई आठ योजन की है।[1]

ख—खण्ड प्रपात गुफा की ऊंचाई भी इसी प्रकार आठ योजन की है।

६३७ क—जम्वूद्वीपवर्ती मेरु पर्वत के पूर्व में सीता महानदी के दोनों किनारों पर वक्षस्कार पर्वत हैं,

यथा—१. चित्रकूट, २. पद्मकूट[2], ३. नलिनीकूट, ४. एकशैलकूट, ५. त्रिकूट, ६. वैश्रमणकूट, ७. अंजन-कूट, ८ मातंजन कूट।

ख—जम्वूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के पश्चिम में शीतोदा महानदी के किनारों पर आठ वक्षस्कार पर्वत हैं।

यथा—१. अंकावती, २. पद्मावती, ३. आशीविष, ४. सुखावह, ५. चन्द्रपर्वत, ६. सूर्य पर्वत, ७. नाग-पर्वत, ८. देव पर्वत।

ग—जम्वूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के पूर्व में सीता महानदी के उत्तरी किनारे पर आठ चक्रवर्ती विजय हैं,

यथा—१. कच्छ, २. सुकच्छ, ३. महाकच्छ, ४. कच्छगावती, ५. आवर्त, ६-७ यावत् ८. पुष्क-लावती विजय।

---

१ तमिस्रा गुफा।

२ इसका अपरनाम ब्रह्मकूट है।

घ—जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के पूर्व में शीता महानदी के दक्षिण में आठ चक्रवर्ती विजय हैं,

यथा—१. वत्स, २-७ सुवत्स यावत्-८ मंगलावती।

ङ—जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के पश्चिम में शीतोदा महानदी के दक्षिण में आठ चक्रवर्ती विजय हैं, १-८ पद्म यावत् सलिलावती।

च—जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के पश्चिम में शीतोदा के उत्तर में आठ चक्रवर्ती विजय हैं,

यथा—१. वप्रा, २. सुवप्रा, यावत् गंधिलावती।

छ—जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के पश्चिम में शीता महानदी के उत्तर में आठ राजधानियां हैं,

यथा—१. क्षेमा, २. क्षेमपुरी, ३. यावत्-पुंडरिकिणी।

ज—जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के पूर्व में शीता महानदी के दक्षिण में आठ राजधानियां हैं।

यथा—१. सुसीमा, २. कुंडला यावत् ८ रत्नसंचया

झ—जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के पश्चिम में शीतोदा महानदी के दक्षिण में आठ राजधानियां है,

१. अश्वपुरा, २-७ यावत् वीतशोका।

ञ—जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के पश्चिम में शीतोदा महानदी के उत्तर में आठ राजधानियां हैं,

यथा—१. विजया, २. वैजयन्ती—यावत् अयोध्या।

७३८ क—जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के पूर्व में शीता महानदी के उत्तर में, उत्कृष्ट आठ अर्हन्त, आठ चक्रवर्ती, आठ बलदेव और आठ वासुदेव उत्पन्न हुये, होते हैं और होंगे।

ख—जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के पूर्व में शीता महानदी के दक्षिण में इतने ही अरिहन्त आदि हुए हैं, होते हैं और होंगे।

ग—जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के पश्चिम में शीतोदा महानदी के दक्षिण में इतने ही अरिहन्त आदि हुए हैं, होते हैं और होंगे।

घ—उत्तर में भी इतने ही अरिहन्त आदि हुए हैं, होते हैं और होंगे।

६३९ क—जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत से पूर्व में शीता महानदी के उत्तर में आठ दीर्घ वैताढ्य, आठ तमिस्र गुफा, आठ खंडप्रपात गुफा, आठ कृतमालक देव, आठ नृत्यमालक देव, आठ गंगा कुण्ड, आठ सिन्धु कुण्ड, आठ गंगा, आठ सिन्धु, आठ ऋषभकूट पर्वत और आठ ऋषभ-कूट देव हैं।

ख—जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के पूर्व में शीता महानदी के दक्षिण में आठ दीर्घवैताढ्य हैं—यावत् — आठ ऋषभकूट देव हैं।

ग-घ—विशेष सूचना—रक्ता और रक्तवती नदियों के इतने ही कुण्ड हैं।

ङ—जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत से पश्चिम में शीतोदा महानदी के दक्षिण में आठ दीर्घ वैताढ्य पर्वत हैं यावत्—आठ नृत्यमालक देव हैं, आठ गंगा कुण्ड, आठ सिन्धु कुण्ड, आठ गंगा (नदियां) आठ सिन्धु नदियाँ, आठ ऋषभ कूट पर्वत और आठ ऋषभ कूट देव हैं।

च—जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के पश्चिम में शीतोदा महानदी के उत्तर में आठ दीर्घ वैताढ्य पर्वत हैं यावत्—आठ नृत्यमालक देव हैं। आठ रक्त कुण्ड हैं, आठ रक्तावती कुण्ड हैं, आठ रक्ता नदियाँ हैं यावत्—आठ ऋषभ कूट देव हैं।

६४० —मेरुपर्वत की चूलिका मध्य भाग में आठ योजन की चौड़ी हैं।

६४१ क—धातकी खण्डद्वीप के पूर्वार्ध में धातकी वृक्ष आठ योजन का ऊँचा है, मध्य भाग में आठ योजन का चौड़ा है, और इसका सर्व परिमाण कुछ अधिक आठ योजन का है।

सूचना—धात की वृक्ष से मेरु चूलिका पर्यन्त सारा कथन जम्बूद्वीप के वर्णन के समान कहना चाहिए।[1]

---

१ सूत्र ६३५ से ६४० तक जम्बूद्वीप का वर्णन हैं।

ख—धातकी खण्ड द्वीप के पश्चिमार्ध में भी महाधातकी वृक्ष से मेरु चूलिका पर्यन्त का कथन जम्बूद्वीप के वर्णन के समान है।

ग—इसी प्रकार पुष्करवर द्वीपार्ध के पूर्वार्ध में पद्मवृक्ष से मेरु चूलिका पर्यन्त का कथन जम्बूद्वीप के समान है।

घ—इस प्रकार पुष्करवरद्वीपार्ध के पश्चिमार्ध में महापद्म वृक्ष से मेरुचूलिका पर्यन्त का कथन जम्बूद्वीप के समान हैं।

६४२ क—जम्बूद्वीप के मेरुपर्वत पर भद्र शालवन में आठ दिशाहस्तिकूट हैं।

यथा—१. पद्मोत्तर, २. नीलवंत, ३. सुहस्ती, ४. अंजनागिरी, ५. कुमुद, ६. पलाश, ७. अवतंसक, ८. रोचनागिरी।

ख—जम्बूद्वीप की जगति आठ योजना की ऊँची है और मध्य में आठ योजन की चौड़ी है।

६४३ क—जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के दक्षिण में महाहिमवंत वर्ष-धर पर्वत पर आठ कूट हैं,

यथा—१. सिद्ध, २. महाहिमवंत, ३. हिमवंत, ४. रोहित, ५. हरीकूट, ६. हरिकान्त, ७. हरिवास, ८. वैडूर्य।

ख—जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के उत्तर में रुक्मी वर्षधर पर्वत पर आठ कूट हैं,

यथा—१. सिद्ध, २. रुक्मी, ३. रम्यक्, ४. नरकान्त, ५. बुद्धि, ६. रुक्मकूट, ७. हिरण्यवत, ८. मणिकंचन।

ग—जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के पूर्व में रुचकवर पर्वत पर आठ कूट हैं,

यथा—१. रिष्ट, २. तपनीय, ३. कंचन, ४. रजत, ५. दिशास्वस्तिक, ६. प्रलम्ब, ७. अंजन, ८. अंजन-पुलक।

घ—इन आठ कूटों पर महर्धिक यावत् पल्योपम स्थिति वाली आठ दिशा कुमारियां रहती हैं।

यथा—१. नंदुत्तरा, २. नंदा, ३. आनन्दा, ४. नंदि-वर्धना, ५. विजया, ६. वैजयंती, ७. जयंती ८. अप-राजिता।

ङ—जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के दक्षिण में रुचकवर पर्वत पर आठ कूट हैं,

यथा—१. कनक, २. कंचन, ३. पद्म, ४. नलिन, ५. शशि, ६. दिवाकर, ७. वैश्रमण ८. वैडूर्य

च—इन आठ कूटों पर महर्धिक यावत् पल्योपम स्थिति वाली आठ दिशा कुमारियां रहती हैं।

यथा—१. समाहारा, २. सुप्रतिज्ञा, ३. सुप्रबद्धा, ४. यशोधरा, ५. लक्ष्मीवती, ६. शेषवती, ७. चित्र-गुप्त ८. वसुंधरा।

छ—जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के पश्चिम में रुचकवर पर्वत पर आठ कूट हैं,

यथा—१. स्वस्तिक, २. अमोघ, ३. हिमवत्, ४. मंदर, ५. रुचक, ६. चक्रोत्तम, ७. चन्द्र, ८. सुदर्शन।

ज—इन आठ कूटों पर महर्धिक यावत् पल्योपम स्थिति-वाली आठ दिशाकुमारियां रहती हैं,

यथा—१. इलादेवी, २. सुरादेवी, ३. पृथ्वी, ४. पद्मावती, ५. एक नासा, ६. नवमिका, ७. सीता, ८. भद्रा।

झ—जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के उत्तर में रुचकवर पर्वत पर आठ कूट हैं,

यथा—१. रत्न, २. रत्नोच्चय, ३. सर्वरत्न, ४. रत्न-संचय, ५. विजय, ६. वैजयंत, ७. जयन्त, ८. अप-राजित।

ञ—इन आठ कूटों पर महर्धिक यावत् पल्योपम स्थिति-वाली आठ दिशाकुमारियां रहती हैं,

यथा—१. अलंबुसा, २. मितकेसी, ३. पोंडरी ४. गीत-वारुणी ५. आशा, ६. सर्वगा, ७. श्री, ८. ह्री।

ट—आठ दिशा कुमारियां अधोलोक में रहती हैं,

यथा—१. भोगंकरा, २. भोगवती, ३. सुभोगा,

४. भोग मालिनी, ५. सुवत्सा, ६. वत्समित्रा,
७. वारिसेना, ८. वलाहका।

ठ—आठदिशा कुमारियां ऊर्ध्वलोक में रहती हैं,
यथा—१. मेघंकरा २. मेघवती, ३. सुमेघा,
४. मेघमालिनी, ५. तोयधारा, ६. विचित्रा,
७. पुष्पमाला, ८. अनिंदिता।

६४४ क—तिर्यंच और मनुष्यों की उत्पत्ति वाले आठ कल्प (देवलोक) हैं,
यथा—१-८ सौधर्म—यावत्—सहस्रारेन्द्र।

ख—इन आठ कल्पों में आठ इन्द्र हैं,
यथा—१-८ शक्रेन्द्र—यावत्—सहस्रारेन्द्र।

ग—इन आठ इन्द्रों के आठ यान विमान हैं,
यथा—१. पालक, २. पुष्पक, ३. सौमनस,
४. श्रीवत्स, ५. नंदावर्त, ६. कामक्रम, ७. प्रीतिमन,
८. विमल।

६४५ —अष्ट अष्टमिका भिक्षुपड़िमा का सूत्रानुसार आराधन यावत्—सूत्रानुसार पालन ६४ अहोरात्रि में होता है और उसमें २८८ वार भिक्षा ली जाती है।

६४६ क—संसारी जीव आठ प्रकार के हैं,
यथा—१. प्रथम समयोत्पन्न नैरयिक,
२. अप्रथम समयोत्पन्न नैरयिक,
३-८ यावत्—अप्रथम समयोत्पन्न देव।

ख—सर्वजीव आठ प्रकार के हैं,

यथा—१. नैरयिक, २. तिर्यंच योनिक, ३. तिर्यंच-नियां, ४. मनुष्य, ५. मनुष्यनियां, ६. देव, ७. देवियां, ८. सिद्ध।

ग—अथवा सर्वजीव आठ प्रकार के हैं,

यथा—१-५, आभिनिवोधिक ज्ञानी, यावत्—केवलज्ञानी,
६. मति अज्ञानी, ७. श्रुत अज्ञानी,
८. विभंग ज्ञानी।

६४७ —संयम आठ प्रकार का है,

यथा—१. प्रथम समय—सूक्ष्म सम्पराय-सराग-संयम,
२. अप्रथम समय—सूक्ष्म संपराय संयम,
३. प्रथम समय—वादर सराग संयम,
४. अप्रथम समय—वादर-सराग-संयम,
५. प्रथम समय—उपशान्त कषाय-वीतराग संयम,
६. अप्रथम समय—उपशान्त कषाय-वीतराग संयम,
७. प्रथम समय—क्षीण कषाय वीतराग संयम,
८. अप्रथम समय—क्षीण कषाय वीतराग संयम।

६४८ —ईषत् प्राग्भारा पृथ्वी के आठ नाम हैं,

यथा—१. ईषत्, २. ईषत्प्राग्भारा, ३. तनु, ४. तनु-तनु, ५. सिद्धि, ६. सिद्धालय, ७, मुक्ति,
८. मुक्तालय।

६४६ —आठ आवश्यक कार्यों के लिए उद्यम, प्रयत्न और पराक्रम करना चाहिये किन्तु इनके लिए प्रमाद नहीं करना चाहिए,

यथा—१. अश्रुत धर्म को सम्यक् प्रकार से सुनने के लिए तत्पर रहना चाहिये।

२. श्रुत धर्म को ग्रहण करने और धारण करने के लिए तत्पर रहना चाहिए।

३. संयम स्वीकार करने के पश्चात् पापकर्म न करने के लिए तत्पर रहना चाहिए।

४. तपश्चर्या से पुराने पाप कर्मों की निर्जरा करने के लिए तथा आत्मशुद्धि के लिए तत्पर रहना चाहिए।

५. निराश्रित—परिजन को आश्रय देने के लिए तत्पर रहना चाहिये।

६. शैक्ष (नव दीक्षित) को आचार और गोचरी विषयक मर्यादा सिखाने के लिए तत्पर रहना चाहिए।

७. ग्लान की ग्लानि रहित सेवा करने के लिए तत्पर रहना चाहिये।

८. सार्धमिकों में कलह उत्पन्न होने पर राग-द्वेष रहित हो पक्ष ग्रहण किये विना मध्यस्थ भाव से सार्धामिकों के वोलचाल, कलह, और तु-तु मैं-मैं को शान्त करने के लिए प्रयत्न करना चाहिये।

५० —महाशुक्र और सहस्रारकल्प में विमान आठसौ योजन के ऊंचे हैं।

५१ —भगवान् अरिष्टनेमिनाथ के आठसौ ऐसे वादि मुनियों की सम्पदा थी जो देव, मनुष्य और असुरों की पर्षदा में किसी से पराजित होने वाले नहीं थे।

५२ —केवली समुद्घात आठ समय का होता है,
यथा—१. प्रथम समय में स्वदेह प्रमाण नीचे ऊँचे, लम्बा और पोला चौदह रज्जु (लोक) प्रमाण दण्ड किया जाता है,

२. द्वितीय समय में पूर्व और पश्चिम में लोकान्त पर्यन्त कपाट किये जाते हैं,

३. तृतीय समय में दक्षिण और उत्तर में लोकान्त पर्यन्त मंथान किया जाता है,

४. चतुर्थ समय में रिक्त स्थानों की पूर्ति करके लोक को पूरित किया जाता है,

५. पाँचवें समय में आंतरों का संहार किया जाता है,

६. छठे समय में मंथान का संहरण किया जाता है,

७. सातवें समय में कपाट का संहरण किया जाता है,

८. आठवें समय में दण्ड का संहरण किया जाता है।

६५३ —भगवान् महावीर के उत्कृष्ट ८०० ऐसे शिष्य थे जिनकी कल्याणकारी अनुत्तरोपपातिक देवगति यावत् भविष्य में (भद्र) मोक्ष गति निश्चित है।

६५४ क—वाणव्यन्तर देव आठ प्रकार के हैं,
यथा—१. पिशाच, २. भूत, ३. यक्ष, ४. राक्षस, ५. किन्नर, ६. किंपुरुष, ७. महोरग, ८. गंधर्व।

ख—इन आठ वाणव्यन्तर देवों के आठ चैत्य वृक्ष है,
यथा—१. पिशाचों का कदम्ब वृक्ष,
२. यक्षों का चैत्य वृक्ष,
३. भूतों का तुलसी वृक्ष,
४. राक्षसों का कंडक वृक्ष,
५. किन्नरों का अशोक वृक्ष,
६. किंपुरुषों का चंपक वृक्ष
७. भुजंगों का नाग वृक्ष[1]
८. गंधर्वों का तिंदुक वृक्ष।

६५५ —रत्नप्रभा पृथ्वी के समभूमि भाग से ८०० योजन ऊंचे ऊपर की ओर सूर्य का विमान गति करता है।

६५६ —आठ नक्षत्र चन्द्र के साथ स्पर्श करके गति करते हैं,
यथा—१. कृतिका, २. रोहिणी, ३. पुनर्वसु, ४. मघा, ५. चित्रा, ६. विशाखा, ७. अनुराधा, ८. ज्येष्ठा।

---

१ महोरगों का

६५७ क—जम्बूद्वीप के द्वार आठ योजन ऊँचे हैं।

ख—सभी द्वीप समुद्रों के द्वार आठ योजन ऊँचे हैं।

६५८ क—पुरुष वेदनीय कर्म की जघन्य आठ वर्ष की बन्ध स्थिति है।

ख—यशोकीर्ति नाम कर्म की जघन्य बन्ध स्थिति आठ मुहूर्त की है।

ग—उच्चगोत्र कर्म की भी इतनी ही स्थिति है।

६५९ —तेइन्द्रिय की आठ लाख कुल कोड़ी हैं।

६६० क—जीवों ने आठ स्थानों में निर्वतित—संचित पुद्गल पापकर्म के रूप में चयन किये हैं, चयन करते हैं, और चयन करेंगे।

यथा—१-८ प्रथम समय नैरयिक निर्वर्तित यावत्—अप्रथम समय देव निर्वर्तित।

इसी प्रकार उपचयन, वन्ध, उदीरणा, वेदना और निर्जरा के तीन.तीन दण्डक कहने चाहिये।

ख—आठ प्रदेशिक स्कन्ध अनन्त हैं।

ग—अष्ट प्रदेशावगाढ़ पुद्गल अनन्त हैं।

घ—यावत् आठ गुण रुक्ष पुद्गल अनन्त हैं।

अष्टम स्थान समाप्त

नवम स्थान (नवां ठाणा)

६६१ —नौ प्रकार के सांभोगिक श्रमण निर्ग्रन्थों को विसंभोगी करे तो भगवान् की आज्ञा का अतिक्रमण नहीं होता है,

यथा—१. आचार्य के प्रत्यनीक को,

२. उपाध्याय के प्रत्यनीक को,

३. स्थविरों के प्रत्यनीक को,

४. कुल के प्रत्यनीक को,

५. गण के प्रत्यनीक को,

६. संघ के प्रत्यनीक को,

७. ज्ञान के प्रत्यनीक को,

८. दर्शन के प्रत्यनीक को,

९. चारित्र के प्रत्यनीक को।

६६२ —ब्रह्मचर्य (आचारांग प्रथम श्रुतस्कन्ध) के नौ अध्ययन हैं,

यथा—१. शस्त्र परिज्ञा, २-७ लोक विजय यावत्—८ उपधान श्रुत, ९ महापरिज्ञा।

६६३ क—ब्रह्मचर्य की गुप्ति (रक्षा) नौ प्रकार की हैं,

यथा—१ एकान्त (पृथक्) शयन और आसन का सेवन करना चाहिये, किन्तु स्त्री, पशु और नपुंसक के संसर्ग वाले शयनासन का सेवन नहीं करना चाहिए,

२. स्त्री कथा नहीं कहनी चाहिये,

३. स्त्री के स्थान (स्त्री के निवास स्थान) में निवास नहीं करना चाहिए,

४. स्त्री की मनोहर इन्द्रियों के दर्शन और ध्यान नहीं करना चाहिए,

५. विकार वर्धक रस का आस्वादन नहीं करना चाहिए,

६. आहारादि की अतिमात्रा नहीं लेनी चाहिए,

७. पूर्वानुभूत रति—क्रीड़ा का स्मरण नहीं करना चाहिए,

८. स्त्री के रागजन्य शब्द और रूप की तथा स्त्री की प्रशंसा नहीं सुननी चाहिए,

९. शारीरिक सुखादि में आसक्त नहीं होना चाहिए ।

ख—ब्रह्मचर्य की अगुप्ति नव प्रकार की हैं,

यथा—१. एकान्त शयन और आसन का सेवन

(उपयोग) नहीं करे अपितु स्त्री, पशु तथा नपुंसक सेवित शयनासन का उपयोग करे,

२. स्त्री कथा कहे,

३. स्त्री स्थानों का सेवन करे,[1]

४. स्त्रियों की इन्द्रियों का दर्शन-यावत् ध्यान करे,

५. विकार वर्धक आहार करे,

६. आहार आदि अधिक मात्रा में सेवन करे,

७. पूर्वानुभूत रति क्रीड़ा का स्मरण करे,

८. स्त्रियों के शब्द तथा रूप की प्रशंसा करे,

९. शारीरिक सुखादि में आसक्त रहे।

६६४ —अभिनन्दन अरहन्त के पश्चात् सुमतिनाथ अरहन्त नव लाख क्रोड सागर के पश्चात् उत्पन्न हुये।

६६५ —शास्वत पदार्थ नव हैं,
यथा—१. जीव, २. अजीव, ३. पुण्य, ४. पाप, ५. आश्रव, ६. संवर, ७. निर्जरा, ८. बन्ध, ९. मोक्ष।

६६६ क—संसारी जीव नौ प्रकार के हैं,
यथा—१-५ पृथ्वीकाय, यावत् वनस्पति काय, ६-९ बेइन्द्रिय यावत् पंचेन्द्रिय।

---

१ स्त्रियों के निवास स्थान में रहे।

ख—पृथ्वीकायिक जीवों की नौ गति और नौ आगति।
यथा—पृथ्वीकायिक पृथ्वीकायिको में उत्पन्न हो तो पृथ्वीकायिकों से यावत् पंचेन्द्रियों से आकर उत्पन्न होते हैं।
पृथ्वीकायिक जीव पृथ्वीकायिकपन को छोड़कर पृथ्वीकायिक रूप में यावत् पँचेन्द्रिय रूप में उत्पन्न होते हैं।

इसी प्रकार अप्कायिक जीव-यावत् पंचेन्द्रिय जीव उत्पन्न होते हैं।

ग—सर्व जीव नौ प्रकार के हैं,
यथा—१. एकेन्द्रिय, २. द्वीन्द्रिय, ३. तेइन्द्रिय, ४. चउरिन्द्रिय, ५. नैरयिक, ६. तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय, ७. मनुष्य, ८. देव, ९. सिद्ध।

घ—सर्व जीव नौ प्रकार के हैं,
यथा—१. प्रथम समयोत्पन्न नैरयिक, २-७ अप्रथम-समयोत्पन्न नैरयिक यावत्
८ अप्रथम समयोत्पन्न देव ९ सिद्ध।

ङ—सर्व जीवों की अवगाहना नौ प्रकार की हैं,
यथा—१. पृथ्वीकायिक जीवों की अवगाहना,
२-५ अप्कायिक जीवों की अवगाहना,
यावत् वनस्पति कायिक जीवों की अवगाहना,
६. बेन्द्रिय जीवों की अवगाहना,

७. तेन्द्रिय जीवों की अवगाहना
८. चउरिन्द्रिय जीवों की अवगाहना
९. पंचेन्द्रिय जीवों की अवगाहना ।

च—संसारी जीव नौ प्रकार के थे, हैं और रहेंगे ।
यथा—१-९ पृथ्वीकायिक रूप में यावत् पंचेन्द्रिय रूप में ।

६६७ —नौ कारणों से रोगोत्पत्ती होती है,
यथा—१. अति आहार करने से,
२. अहितकारी आहार करने से,
३. अति निद्रा लेने से,
४. अति जागने से,
५. मल का वेग रोकने से,
६. मूत्र का वेग रोकने से,
७. अति चलने से,
८. प्रतिकूल भोजन करने से,
९. कामवेग को रोकने से ।

६६८ —दर्शनावरणीय कर्म नौ प्रकार का है,
यथा—१. निद्रा, २. निद्रा-निद्रा, ३. प्रचला, ४. प्रचला प्रचला, ५. स्त्यानगृद्धी, ६. चक्षुदर्शनावरण, ७. अचक्षुदर्शनावरण, ८. अवधिदर्शनावरण, ९. केवलदर्शनावरण ।

६६९ क—अभिजित् नक्षत्र कुछ अधिक ९ मुहूर्त चन्द्र के साथ योग करते हैं,

ख—अभिजित् आदि नौ नक्षत्र चन्द्र के साथ उत्तर से योग करते हैं,

यथा—१. अभिजित्, २. श्रवण धनिष्ठा, ३-८ यावत् ९. भरणी।

६७० —इस रत्नप्रभा पृथ्वी के सम भू भाग से नवसौ योजन की ऊँचाई पर ऊपर का तारा मण्डल गति करता है।

६७१ —जम्बूद्वीप नाम के द्वीप में नौ योजन के मच्छ प्रवेश करते थे, करते हैं और करेंगे।

६७२ क—जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र में, इस अवसर्पिणी में ये नौ बलदेव और नौ वासुदेव के पिता थे।

यथा—१. प्रजापती, २. ब्रह्म, ३. रुद्र, ४. सोम, ५. शिव, ६. महासिंह, ७. अग्निसिंह, ८. दशरथ, ९. वसुदेव।

यहाँ से आगे समवायांग सूत्र के अनुसार कहना चाहिये यावत् एक नवमा बलदेव ब्रह्मलोक कल्प से च्यवकर एक भव करके मोक्ष में जावेंगे—पर्यन्त कहना चाहिए।

ख—जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र में आगामी उत्सर्पिणी में नौ बलदेव और नौ वासुदेव के पिता होंगे, नौ बलदेव

और नौ वासुदेव के माताएं होंगीं–शेष समवायाङ्ग के अनुसार कहना चाहिये। यावत्—महा भीमसेन सुग्रीव पर्यन्त कीर्तिमान् वासुदेवों के शत्रु प्रति वासुदेव जो सभी चक्र से युद्ध करने वाले हैं और स्वचक्र से ही मरने वाले हैं–इनका वर्णन समवायाङ्ग के अनुसार ही कहना चाहिये।

६७३ क—प्रत्येक चक्रवर्ती की नौ महानिधियां है, और प्रत्येक महानिधि नौ नौ योजन की चौड़ी हैं।

यथा—१. नैसर्प, २. पांडुक, ३. पिंगल, ४. सर्वरत्न ५. महापद्म, ६. काल, ७. महाकाल, ८. माणवक, ९. शंख।

१. नैसर्प महानिधि–इनके प्रभाव से निवेश, ग्राम, आकर, नगर, पट्टण, द्रोणमुख, मडंब, स्कंधावार, और घरों का निर्माण होता है।

२. पांडुक महानिधि–इसके प्रभाव से गिणने योग्य वस्तुएं यथा—मोहर आदि सिक्के, मापने योग्य वस्तुएँ वस्त्र आदि, तोलने योग्य वस्तुएं–धान्य आदि की उत्पति होती है,

३. पिंगल महानिधि–इसके प्रभाव से पुरुषों, स्त्रियों, हाथियों या घोड़ों के आभूषणों की उत्पत्ति होती है,

४. सर्वरत्न महानिधि–इसके प्रभाव से चौदह रत्नों की उत्पत्ति होती है,

५. महापद्म महानिधि–इसके प्रभाव से सर्व प्रकार के रंगे हुये या स्वेत वस्त्रों की उत्पत्ति होती है,

६.काल महानिधि–काल, शिल्प, कृषि का ज्ञान उत्पन्न होता है,

७. महाकाल महानिधि–इसके प्रभाव से लोहा, चांदी, सोना, मणी, मोती स्फटिकशिला और प्रवाल आदि के खानों की उत्पत्ति होती है,

८. माणवक महानिधि–इसके प्रभाव से योद्धा, शस्त्र, बख्तर, युद्धनीति और दंडनीति की उत्पत्ति होती है,

९. शंख महानिधि–इसके प्रभाव से नाट्यविधि, नाटकविधि, और चार प्रकार के काव्यों की तथा मृदंगादि वाद्यों की उत्पत्ति होती है।

ये नौ महानिधियां आठ-आठ चक्र पर प्रतिष्ठित हैं–आठ-आठ योजन के ऊंचे हैं, नौ नौ योजन के चौड़े हैं और बारह योजन लम्बे हैं, इनका आकार पेटी के समान है। ये सब गंगा नदी के आगे स्थित हैं। स्वर्ण के बने हुए हैं, और वैडूर्यमणि के द्वार वाले हैं, अनेक रत्नों से परिपूर्ण हैं। इन सब विधानों पर चन्द्र-सूर्य के समान गोल चक्र के चिन्ह हैं।

इन निधियों के नाम वाले तथा पल्यस्थिति वाले देवता इन निधियों के अधिपति हैं। किन्तु इन

निधिओं से उत्पन्न वस्तुएं देने का अधिकार नहीं है ये सभी महानिधियां चक्रवर्ती के अधीन होती हैं।

६७४ —विकृतियां (विकार के हेतु भूत) नौ प्रकार की हैं,
यथा—१. दूध, २. दही, ३. मक्खन, ४. घृत, ५. तेल ६. गुड़, ७. मधु, ८. मद्य ९. मांस ।

६७५ —औदारिक शरीर के नौ छिद्रों से मल निकलता है,
यथा—१-२ दो कान, ३-४ दो नेत्र, ५-६ दो नाक, ७. मुख, ८. मूत्र स्थान, ९. गुदा ।

६७६ —पुण्य नौ प्रकार के होते हैं,
यथा—१. अन्न पुण्य, २. पाण पुण्य ३. लयन पुण्य, ४. शयन पुण्य, ५. वस्त्र पुण्य, ६. मन पुण्य, वचनपुण्य, ८. काया पुण्य ९. नमस्कार पुण्य ।

६७७ —पाप के स्थान नौ प्रकार के हैं,
यथा—१. प्राणातिपात २. मृषावाद यावत् ३-५ परिग्रह ६. क्रोध, ७. मान ८. माया और ९. लोभ ।

६७८ —पाप श्रुत नौ प्रकार के हैं,
यथा—१. उत्पात, २. निमित्त, ३. मंत्र, ४. आख्यायक, ५. चिकित्सा, ६. कला, ७. आकरण, ८. अज्ञान ९. मिथ्या प्रवचन ।

६७९ नैपुणिक[1] वस्तु नौ हैं,

---

१ निपुण आचार्यों द्वारा कहे गये ग्रन्थ

यथा—१. संख्यान—गणित में निपुण,

२. निमित्त—त्रैकालिक शुभाशुभ बताने वाले ग्रन्थों में निपुण,

३. कायिक—स्वर शास्त्रों में निपुण,

४. पुराण—अठारह पुराणों में निपुण,

५. परहस्तक—सर्व कार्य में निपुण,

६. प्रकृष्ट पंडित—अनेक शास्त्रों में निपुण,

७. वादी—वाद में निपुण,

८. भूति कर्म[1]—मंत्र शास्त्रों में निपुण,

९. चिकित्सक—चिकित्सा करने में निपुण।

८० —भगवान् महावीर के नौ गण थे,

यथा १. गोदास गण, २. उत्तर बलिस्सह गण ३. उद्देह गण, ४. चारण गण, ५. उध्र्ववातिक गण ६. विश्व वादी गण, ७. कामार्द्धिक गण ८. मानव-गण ९. कोटिक गण।

८१ —श्रमण भगवान् महावीर ने श्रमण निर्ग्रन्थों की नव कोटी शुद्ध भिक्षा कही है,

यथा—१. स्वयं जीवों की हिंसा नहीं करता है,

---

१ भूति कर्म—ज्वरादि से रक्षा करने के लिए भूति-भभूत—रक्षा पोटली देना।

२. दूसरों से हिंसा नहीं करवाता है,

३. हिंसा करने वालों का अनुमोदन नहीं करता है,

४. स्वयं अन्नादि को पकाता नहीं हैं,

५. दूसरों से पकवाता नहीं है,

६. पकाने वालों का अनुमोदन नहीं करता है,

७. स्वयं आहारादि खरीदता नहीं हैं,

८. दूसरों से खरीदवाता नहीं है,

९. खरीदने वालों का अनुमोदन नहीं करता है।

६८२ —ईशानेन्द्र के वरुण लोकपाल की नौ अग्रमहिषियां हैं।

६८३ क—ईशानेन्द्र की अग्रमहिषियों की स्थिति नव पल्योपम की हैं।

ख—ईशान कोण में देवियों की उत्कृष्ट स्थिति नव पल्योपम की हैं।

६८४ क—नौ देव निकाय (समूह) हैं,

यथा—१. सारस्वत, २. आदित्य, ३. वन्हि, ४. वरुण, ५. गर्दतोय, ६. तुषित, ७. अव्याबाध, ८. आग्नेय, ९. रिष्ट।

ख—अव्याबाध देवों के नवसौ नौ देवों का परिवार है,

ग-घ—इसी प्रकार अगिच्चा और रिट्ठा देवों का परिवार है।

८५ क—नौ ग्रैवेयक विमान प्रस्तट (प्रतर) हैं,

यथा—१. अधस्तन अधस्तन ग्रैवेयक विमान प्रस्तट,
२. अधस्तन मध्यम ग्रैवेयक विमान प्रस्तट,
३. अधस्तन उपरितन ग्रैवेयक विमान प्रस्तट,
४. मध्यम अधस्तन ग्रैवेयक विमान प्रस्तट,
५. मध्यम मध्यम ग्रैवेयक विमान प्रस्तट,
६. मध्यम उपरितन ग्रैवेयक विमान प्रस्तट,
७. उपरितन अधस्तन ग्रैवेयक विमान प्रस्तट,
८. उपरितन मध्यम ग्रैवेयक विमान प्रस्तट,
९. उपरितन उपरितन ग्रैवेयक विमान प्रस्तट।

ख—नव ग्रैवेयक विमान प्रस्तटों के नौ नाम हैं,

यथा—१. भद्र, २. सुभद्र, ३. सुजात, ४. सौमनस, ५. प्रिय दर्शन, ६. सुदर्शन, ७. अमोघ, ८. सुप्रबुद्ध, ९. यशोधर।

८६ —आयु परिणाम नौ प्रकार का है,

यथा—गति परिणाम, गतिबंधणपरिणाम, ३. स्थितिपरिणाम, ४. स्थिति बंधण परिणाम, ५. उर्ध्वगोरव परिणाम, ६. अधो गोरव परिणाम, ७. तिर्यग् गोरव परिणाम, ८. दीर्घ गोरव परिणाम, ९. ह्रस्व गोरव परिणाम।

८७ —नव नवमिका भिक्षा प्रतिमा का सूत्रानुसार आराधन यावत् पालन इक्यासी रात दिन में होता है, इस प्रतिमा में ४०५ बार भिक्षा (दति) ली जाती हैं।

६८८ —प्रायश्चित्त नौ प्रकार का है,
यथा—१. आलोचनार्ह—गुरु के समक्ष आलोचना करने से जो पाप छूटे, यावत् ८ मूलार्ह—(पुनः दीक्षा देने योग्य)

९. अनवस्थाप्यार्ह—अत्यन्त संक्लिष्ट परिणाम वाले को इस प्रकार के तप का प्रायश्चित्त दिया जाता है। जिससे कि वह उठ बैठ नहीं सके।
तप पूर्ण होने पर उपस्थापना (पुनः महाव्रतारोपणा) की जाती है और यह तप जहाँ तक किया जाता है वहां तक तप करने वाले से कोई बात नहीं करता।

६८९ क—जम्बूद्वीप के मेरु से दक्षिण दिशा के भरत में दीर्घ वैताढ्य पर्वत पर नौ कूट हैं,
यथा—१. सिद्ध, २. भरत, ३. खण्ड प्रपातकूट, ४. मणिभद्र, ५. वैताढ्य, ६. पूर्णभद्र, ७. तिमिश्र-गुहा, ८. भरत, ९. वैश्रमण।

ख—जम्बूद्वीप के मेरुपर्वत से दक्षिण दिशा में निषध वर्षधर पर्वत पर नौ कूट हैं,
यथा—१. सिद्ध, २. निषध, ३. हरिवर्ष, ४. विदेह, ५. हरि, ६. धृति, ७, शीतोदा, ८. अपर विदेह, ९. रुचक।

ग—जम्बूद्वीप के मेरु पर्वत पर नन्दन वन में नौ कूट हैं,
यथा—१. नंदन, २. मेरु, ३. निषध, ४. हैमवन्त,

५. रजत, ६. रुचक, ७. सागरचित, ८. वज्र, ९. बलकूट।

घ—जम्बूद्वीप के माल्यवंत वक्षस्कार पर्वत पर नो कूट हैं,

यथा—१. सिद्ध, २. माल्यवंत, ३. उत्तरकुरु, ४. कच्छ, ५. सागर, ६. रजत, ७. सीता, ८. पूर्ण, ९. हरिस्सहकूट

ङ—जम्बूद्वीप के कच्छ विजय में दीर्घ वैताढ्य पर्वत पर नौ कूट हैं,

यथा—१. सिद्ध, २. कच्छ, ३. खण्ड प्रपात, ४. माणिभद्र, ५. वैताढ्य ६. पूर्णभद्र, ७. तिमिस्र गुहा, ८. कच्छ, ९. वैश्रमण

च—जम्बूद्वीप के सुकच्छ विजय में दीर्घ वैताढ्य पर्वत पर नो कूट हैं।

यथा—१. सिद्ध, २. सुकच्छ, ३. खण्ड प्रपात, ४. माणिभद्र, ५. वैताढ्य, ६. पूर्णभद्र, ७. तिमिस्र गुहा, ८. सुकच्छ, ९. वैश्रमण।

छ—इसी प्रकार पुष्कलावती विजय में दीर्घ वैताढ्य पर्वत पर नौ कूट हैं,

ज—इसी प्रकार वच्छ विजय में दीर्घ वैताढ्य पर्वत पर नौ कूट हैं यावत्—मंगलावती विजय में दीर्घ वैताढ्य पर्वत पर नौ कूट हैं।

झ—जम्बूद्वीप के विद्युत्प्रभ वक्षस्कार पर्वत पर नौ कूट हैं,

यथा—१. सिद्ध, २. विद्युत्प्रभ, ३. देवकुरु, ४. पद्म-प्रभ, ५. कनकप्रभ, ६. श्रावस्ती, ७. शीतोदा, ८. सजल, ९. हरीकूट ।

ञ—जम्बूद्वीप के पक्ष्मविजय में दीर्घ वैताढ्य पर्वत पर नौ कूट हैं,

यथा—१. सिद्ध कूट, २. पक्ष्मकूट, ३. खण्ड प्रपात, ४. माणिभद्र, ५. वैताढ्य, ६. पूर्णभद्र, ७. तिमिश्र गुहा, ८. पक्ष्मकूट, ९. वैश्रमण कूट ।

ट—इसी प्रकार यावत् सलिलावती विजय में दीर्घ वैताढ्य पर्वत पर नौ कूट हैं ।

ठ—इसी प्रकार वप्रविजय में दीर्घ वैताढ्य पर्वत पर नौ कूट हैं ।

ड—इसी प्रकार यावत्—गंधिलावती विजय में दीर्घ वैताढ्य पर्वत पर नौ कूट हैं,

यथा—१. सिद्ध कूट, २. गंधिलावती, ३. खण्डप्रपात, ४. माणिभद्र, ५. वैताढ्य, ६. पूर्णभद्र, ७. तिमिश्र-गुहा, ८. गंधिलावती, ९. वैश्रमण ।

ढ—इस प्रकार सभी दीर्घ वैताढ्य पर्वतों पर दूसरा और नवमा कूट समान नाम वाले हैं शेष कूटों के समान पूर्ववत् हैं ।

ण—जम्बूद्वीप में मेरुपर्वत की उत्तर दिशा में नीलवान वर्षधर पर्वत पर नौ कूट हैं,
यथा—१. सिद्ध कूट, २. नीलवान कूट, ३. विदेह, ४. शीता, ५. कीर्ति, ६. नारिकान्ता, ७. अपरविदेह, ८. रम्यक्कूट, ९. उप दर्शन कूट।

त—जम्बूद्वीप में मेरुपर्वत पर उत्तर दिशा में ऐरवत क्षेत्र में दीर्घ वैताढ्य पर्वत पर नौ कूट हैं,
यथा—१. सिद्ध, २. रत्न, ३. खण्ड प्रपात ४. माणिभद्र, ५. वैताढ्य, ६. पूर्णभद्र, ७. तिमिश्रगुहा, ८. ऐरवत, ९. वैश्रमण।

६९० —भगवान् पार्श्वनाथ पुरुषों में आदेय नाम कर्म वज्र-ऋषभ-नाराज संघयण और समचतुरश्र संस्थान वाले थे तथा नौ हाथ के ऊँचे थे।

६९१ —भगवान् महावीर के तीर्थ में नौ जीवों ने तीर्थंकर गोत्र नाम कर्म का उपार्जन किया,
यथा—१. श्रेणिक, २. सुपार्श्व, ३. उदायन, ४. पोटिलअणगार. ५. दृढ़ायु, ६. शंख, ७. शतक, ८. सुलसा श्राविका, ९. रेवती।

६९२ —१. आर्य कृष्ण वासुदेव, २. राम बलदेव, ३. उदक पेढाल पुत्र[1], ४. पोटिलमुनि, ५. शतक गाथापति,

---

१ पेढालपुत्र उदक मुनि का वर्णन सूत्रकृताङ्ग के नालंदीय अध्ययन में है।

६. दारूक[1] निर्ग्रन्थ, ७. सत्यकी निर्ग्रन्थीपुत्र, ८. सुलसाश्राविका से प्रतिबोधित अम्बड़ परिव्राजक, ९. भ० पार्श्वनाथ की प्रशिष्या सुपार्श्वा आर्या ।
ये आगामी उत्सर्पिणी में चार याम धर्म की प्ररूपणा करके सिद्ध होंगे—यावत्—सब दुःखों का अन्त करेंगे ।[2]

६९३ —हे आर्य ! यह श्रेणिक राजा (बिंबिसार) मरकर इस रत्नप्रभा पृथ्वी के सीमंतक नरकावास में चौरासी हजार वर्ष की नारकीय स्थिति वाले नैरयिक के रूप में उत्पन्न होगा और अती तीव्र—यावत्—असह्य वेदना भोगेगा । यह उस नरक से निकलकर आगामी उत्सर्पिणी में इसी जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र में वैताढ्य पर्वत के समीप पुण्ड्रजन पद के शत द्वार नगर में संमति कुलकर की भद्रा भार्या की कुक्षी में पुत्र रूप में उत्पन्न होगा ।

---

१ दारूक श्रीकृष्ण के पुत्र थे इनका चरित्र अनुत्तरोपपातिक सूत्र में है ।

२ (क) ये नौ जीव आगामी उत्सर्पिणी में प्रथम और अन्तिम तीर्थङ्कर को छोड़कर मध्य के तीर्थङ्करों के तीर्थ में तीर्थङ्कर होंगे ।

(ख) इन नौ में से कुछ तीर्थङ्कर होंगे और कुछ तीर्थङ्करों के तीर्थ में सिद्ध होंगे ।

नौ मास और साढ़ेसात अहोरात्र बीतने पर सुकुमार हाथ पैर, प्रतिपूर्ण पंचेन्द्रिय शरीर और उत्तम लक्षण तिलमस युक्त यावत्—रूपवान पुत्र पैदा होगा।

जिस रात्रि में यह पुत्र रूप में पैदा होगा उस रात्रि में शतद्वार नगर के अन्दर और बाहर भाराग्र तथा कुम्भाग्र प्रमाण पद्म एवं रत्नों की वर्षा बरसेगी। पश्चात् उसके माता-पिता इग्यारवां दिन बीतने पर यावत्—बारहवें दिन उसका गुण सम्पन्न नाम देगें। क्योंकि इनका जन्म होने पर शतद्वार नगर के अन्दर और बाहर भार एवं कुम्भ प्रमाण पद्म एवं रत्नों की वर्षा होने से इस पुत्र का महापद्म नाम देंगे।

पश्चात् महापद्म के माता-पिता महापद्म को कुछ अधिक आठ वर्ष का हुआ जानकर राज्याभिषेक का महोत्सव करेंगे। पश्चात् वह राजा महाराजा के समान यावत्—राज्य करेगा। उसके राज्यकाल में पूर्णभद्र और महाभद्र नाम के दो देव महर्धिक यावत्—महान् ऐश्वर्य वाले उनकी सेना का संचालन करेंगे। उस समय शतद्वार नगर के बहुत से राजा यावत्—सार्थवाह आदि परस्पर बातें करेंगे—हे देवानुप्रियो! हमारे महापद्म राजा की सेना का संचालन महर्धिक यावत्—महान् ऐश्वर्य वाले दो

देव (पूर्णभद्र और मणिभद्र) करते हैं इसलिए इनका दूसरा नाम "देवसेन" हो।

उस समय से महापद्म का दूसरा नाम देवसेन भी होगा।

कुछ समय पश्चात् उस देवसेन राजा को शंखतल जैसा निर्मल, श्वेत चार दाँत वाला हस्तिरत्न प्राप्त होगा। वह देवसेन राजा उस हस्तिरत्न पर आरूढ़ होकर शतद्वार नगर के मध्यभाग में से वार-वार आव-जाव करेगा। उस समय शतद्वार नगर के वहुत से राजेश्वर यावत्—सार्थवाह आदि परस्पर वातें करेंगे।

यथा—हे देवानुप्रियो! हमारे देवसेन राजा को शंखतल जैसा निर्मल श्वेत चार दान्त वाला हस्ति रत्न प्राप्त हुआ है, इसलिए हमारे देवसन राजा का तीसरा नाम "विमलवाहन" हो।

पश्चात् वह विमलवाहन राजा तीस वर्ष गृहस्थावास में रहेगा और माता-पिता के स्वर्गवासी होने पर गुरुजनों की आज्ञा लेकर शरद् ऋतु में स्वयं बोध को प्राप्त होगा तथा अनत्तुर मोक्ष मार्ग में प्रस्थान करेगा।

उस समय लोकान्तिदेव इष्ट यावत्—कल्याणकारी वाणी से उनका अभिनन्दन एवं स्तुति करेंगे। नगर

के बाहर सुभूमि भाग उद्यान में एक देवदूष्य वस्त्र ग्रहण करके वह प्रव्रज्या लेगा।

शरीर का ममत्व न रखने वाले उन भगवान् को कुछ अधिक बारह वर्ष तक देव, मनुष्य और तिर्यंच सम्बन्धी जो उपसर्ग उत्पन्न होंगे उन्हें वे समभाव से सहन करेंगे यावत्—अकम्पित रहेंगे।

पश्चात् वे विमलवाहन भगवान् ईर्या समिति, भाषा समिति का पालन करेंगे—यावत्—ब्रह्मचर्य का पालन करेंगे।

वे निर्मम निष्परिग्रही कांस्य पात्र के समान अलिप्त होंगे यावत्—भावना अध्ययन में कहे गये भगवान् महावीर के वर्णन के समान कहें।

वे विमलवाहन भगवान्

१. कांस्यपात्र के समान अलिप्त,
२. शंख के समान निर्मल,
३. जीव के समान अप्रतिहत गति,
४. गगन के समान आलम्बन रहित,
५. वायु के समान अप्रतिबद्ध विहारी,
६. शरद ऋतु के जल के समान स्वच्छ हृदय वाले,
७. पद्म पत्र के समान अलिप्त,
८. कूर्म के समान गुप्तेन्द्रिय,
९. पक्षी के समान एकाकी,

१०. गेंडा के सींग के समान एकाकी,

११. भारंड पक्षी के समान अप्रमत्त,

१२. हाथी के समान धैर्यवान,

१३. वृषभ के समान वलवान,[1]

१४. सिंह के समान दुर्धर्ष,[२]

१५. मेरु के समान निश्चल,

१६. समुद्र के समान गम्भीर,

१७. चन्द्र के समान शीतल,

१८. सूर्य के समान उज्ज्वल,

१९. शुद्ध स्वर्ण के समान सुन्दर,

२०. पृथ्वी के समान सहिष्णु,

२१. आहुति के समान प्रदीप्त अग्नि के समान ज्ञानादि गुणों से तेजस्वी होंगे।

उन विमलवाहन भगवान् का किसी में प्रतिवन्ध (ममत्व) नहीं होगा।

प्रतिवन्ध चार प्रकार के हैं,

यथा—१. अण्डज, २. पोतज, ३. अवग्रहिक, ४. प्रग्राहिक।

१. ये अण्डज—हंस आदि मेरे हैं,

२. ये पोतज—हाथी आदि मेरे हैं,

---

१ की हुई प्रतिज्ञा का निर्वाह करने वाले

२ परिषहों से पराजित न होने वाले

३. ये अवग्रहिक—मकान, पाट, फलक आदि मेरे हैं।

४. ये प्रग्रहिक—पात्र आदि मेरे हैं।

वे विमल वाहन भगवान् जिस-जिस दिशा में विचरना चाहेंगे उस-उस दिशा में स्वेच्छापूर्वक शुद्ध भाव से, गर्व रहित तथा सर्वथा ममत्व रहित होकर संयम से आत्मा को पवित्र करते हुये विचरेंगे।

उन विमल वाहन भगवान् को ज्ञान, दर्शन, चारित्र, वसति और विहार की उत्कृष्ट आराधना करने से सरलता, मृदुता, लघुता, क्षमा, निर्लोभता, मन, वचन, काया की गुप्ति, सत्य, संयम, तप, शौच और निर्वाण मार्ग की विवेकपूर्वक आराधना करने से शुक्ल ध्यान ध्याते हुए अनन्त, सर्वोत्कृष्ट बाधा रहित यावत्–केवल ज्ञान–दर्शन उत्पन्न होगा तब वे भगवान अर्हन्त एवं जिन होंगे।

केवल ज्ञान-दर्शन से वे देव, मनुष्यों एवं असुरों से परिपूर्ण लोक के समस्त पर्यायों को देखेंगे।

सम्पूर्ण लोक के सभी जीवों की आगति, गति, स्थिति, च्यवन (मरण) उपपात (जन्म) तर्क, मानसिक भाव, मुक्त, कृत, सेवित, प्रगट कर्मों और गुप्त

कर्मों को जानेंगे अर्थात् उनसे कोई कार्य छिपा नहीं रहेगा ।

वे पूज्य भगवान् सम्पूर्ण लोक में उस समय के मन वचन और कायिक योग में वर्तमान सर्व जीवों के सर्व भावों को देखते हुए विचरेंगे ।

उस समय वे भगवान् केवल ज्ञान, केवल दर्शन से समस्त लोक को जानकर श्रमण निर्ग्रन्थों के पच्चीस भावना सहित पाँच महाव्रतों का तथा छजीवनिकाय धर्म का उपदेश देंगे ।

——हे आर्यो ! जिस प्रकार मैंने श्रमण निर्ग्रन्थों का एक आरम्भ स्थान (प्रमाद) कहा है उसी प्रकार महापद्म अर्हन्त भी श्रमण निर्ग्रन्थों का एक आरम्भ स्थान कहेंगे ।

हे आर्यो ? जिस प्रकार मैंने श्रमण निर्ग्रन्थों के दो बन्धन कहे हैं उसी प्रकार महापद्म अर्हन्त भी श्रमण निर्ग्रन्थों के दो बन्धन कहेंगे यथा—राग बन्धन और द्वेष बन्धन ।

हे आर्यो ! जिस प्रकार मैंने श्रमण निर्ग्रन्थों के तीन दण्ड कहे हैं, उसी प्रकार महापद्म अर्हन्त भी श्रमण-निर्ग्रन्थों के तीन दण्ड कहेंगे यथा—मनदण्ड, वचन-दण्ड और कायदण्ड ।

इस प्रकार चार कषाय, पांच काम गुण, छ जीव-निकाय, सात भय स्थान, आठ मद स्थान, नो ब्रह्मचर्य गुप्ति, दश श्रमण धर्म यावत् तेतीस आशातना पर्यन्त कहें।

हे आर्यो ! जिस प्रकार मैंने श्रमण निर्ग्रन्थों का नग्न भाव, मुण्ड भाव, अस्नान, अदन्तधावन, छत्र रहित रहना, जूते न पहनना, भू-शय्या, फलक शय्या, काष्ठ शय्या, केश लोच, ब्रह्मचर्य पालन गृहस्थ के घर से आहार आदि लाना, मान अपमान में सामान रहना आदि की प्ररूपणा करेंगे।

हे आर्यो ! मैंने श्रमण निर्ग्रन्थों को आधाकर्म[1] औद्देशिक[2] मिश्रजात[3] अध्यवपूर्वक[4] पूतिक[5] क्रीत[6]

---

१ आधा कर्म—जो आहार साधु के निमित्त बनता है।

२ औद्देशिक—जो आहार श्रमण निर्ग्रन्थों के उद्देश्य से बनाया जाता है।

३ मिश्रजात—जो आहार गृहस्थ और श्रमण के निमित्त बनता है।

४ अध्यवपूर्वक—गृहस्थ अपने लिए जो आहार बना रहा है उसी में साधु के निमित्त थोड़ा और मिलाकर बनाता है।

५ पूतिक—आधा कर्म आहार से मिश्रित शुद्ध आहार।

६ क्रीत—साधु के निमित्त खरीदा हुआ आहार।

अपमित्यक[1] आच्छेद्य[2] अनिसृष्ट[3] अभ्याहृत[4] कान्तार भक्त[5], दुर्भिक्ष भक्त[6], ग्लान भक्त[7] वद्धलिका भक्त[8], प्राघूर्णक[9], मूल भोजन[10], कन्द भोजन,[11] फल भोजन[12]

---

१ अपमित्यक—साधु के निमित्त उधार लिया हुआ आहार।
२ आच्छिद्य—नौकर आदि से छीनकर दिया जाने वाला आहार।
३ अनिसृष्ट—दो के स्वामित्व का आहार एक की आज्ञा के बिना देना।
४ अभ्याहृत—सन्मुख लाकर दिया जाने वाला आहार
५ कान्तार भक्त—अटवी में साधु के निमित्त बनाकर दिये जाने वाला आहार,
६ दुर्भिक्ष भक्त—दुष्काल में साधु के निमित्त बनाकर दिया जाने वाला आहार,
७ ग्लान भक्त—ग्लान साधु के निमित्त बनाकर दिया जाने वाला आहार,
८ वद्दलिका भक्त—वर्षाकाल में साधु के निमित्त बनाकर दिया जाने वाला आहार,
९ प्राघूर्णक—महमानों के निमित्त रखे हुए आहार में से आहार दिया जाय,
१० मूल भोजन—सचित्त (सजीव) वनस्पतियां साधु को देना।
११ कन्द भोजन—सचित्त कन्द साधु को देना,
१२ फल भोजन—सचित्त फल साधु को देना,

बीज भोजन[1], हरित भोजन[2] लेने का निषेध किया है उसी प्रकार महापद्म अर्हन्त भी श्रमण निर्ग्रन्थों को आधा कर्म—यावत्—हरित भोजन लेने का निषेध करेंगे ।

हे आर्यो । जिस प्रकार मैंने श्रमण निर्ग्रन्थों का प्रतिक्रमण सहित पंच महाव्रत अचेलक धर्म कहा है इसी प्रकार महापद्म अर्हन्त भी श्रमण निर्ग्रन्थों का प्रतिक्रमण सहित यावत् अचेलक धर्म कहेंगे ।

हे आर्यो ! जिस प्रकार मैंने पांच अणुव्रत और सात शिक्षाव्रत रूप बारह प्रकार का श्रावक धर्म कहा है उसी प्रकार महापद्म अर्हन्त भी पाँच अणुव्रत यावत् श्रावक धर्म कहेंगे ।

हे आर्यो ! जिस प्रकार मैंने श्रमण निर्ग्रन्थों को शय्यात्तर पिंड[3] और राजपिंड[4] लेने का निषेध

---

[1] बीज भोजन—सचित्त बीज साधु को देना ।
[2] हरित भोजन—सचित्त मधुर तृणादि साधु को देना ।
[3] शय्यातर पिंड—साधु को ठहरने के लिए जो स्थान की आज्ञा दे उसके घर का आहार ।
[4] राजपिंड—चक्रवर्ती या वासुदेव के निमित्त बना हुआ आहार ।

किया है उसी प्रकार महापद्म अर्हन्त भी श्रमण निर्ग्रन्थों को शय्यातर पिंड और राजपिंड लेने का निषेध करेंगे ।

हे आर्यो ! जिस प्रकार मेरे नौ गण और इग्यारह गणधर हैं उसी प्रकार महापद्म अर्हन्त के भी नो गण और इग्यारह गणधर होंगे ।

हे आर्यो ! जिस प्रकार मैं तीस वर्ष गृहस्थ पर्याय में रहकर मुण्डित यावत् प्रव्रजित हुआ, बारह वर्ष और तेरह पक्ष न्यून तीस वर्ष का केवली पर्याय, बियालीस वर्ष का का श्रमण पर्याय और बहत्तर वर्ष का पूर्णायु भोगकर, सिद्ध, होऊंगा यावत् सब दुखों का अन्त करूंगा इसी प्रकार महापद्म अर्हन्त भी तीस वर्ष गृहस्थावास में रहकर यावत् सब दुःखों का अन्त करेंगे ।

संक्षिप्त में

जो शील समाचार (कार्यकलाप) अर्हत तीर्थंकर महावीर का था वह शील समाचार महापद्म अर्हन्त का होगा ।

६९४ —नौ नक्षत्र चन्द्र के पीछे से गति करते हैं, यथा—१. अभिजित्, २. श्रवण, ३. धनिष्ठा, ४. रेवति, ५. अश्विनी, ६. मृगशिरा, ७. पुष्य ८. हस्त ९. चित्रा ।

५ —आणत, प्राणत, आरण और अच्युत कल्प में विमान नौ सौ योजन के ऊँचे हैं।

६ —विमल वाहन कुल कर नौ धनुष के ऊँचे थे।

७ —कौशलिक भगवान् ऋषभदेव ने इस अवसर्पिणी में नौ क्रोड़ाक्रोड़ सागरोपम काल बीतने पर तीर्थ प्रवर्ताया।[1]

८ —घनदन्त, लष्टदन्त, गूढ़दन्त और शुद्धदन्त इन अन्तर्द्वीपवासी मनुष्यों के द्वीप नौ-सौ नौ-सौ योजन के लम्बे और चौड़े कहे गये हैं।

९ —शुक्र महाग्रह की नौ विथियाँ हैं,
यथा—१. हयवीथी, २. गजवीथी, ३. नागवीथी, ४. वृषभवीथी, ५. गोवीथी, ६. उरगवीथी, ७. अजवीथी, ८. मित्रवीथी, ९. वैश्वानरवीथी[2]।

१० —नौ कषाय वेदनीय कर्म नौ प्रकार का है,
यथा—१. स्त्री वेद, २. पुरुष वेद, ३. नपुंसक वेद, ४. हास्य, ५. रति, ६. अरति, ७. भय, ८. शोक, ९. दुगुंछा।

११ क—चोरिन्द्रिय जीवों की नौ लाख कुल कोड़ी हैं।

---

१ यहां एक लाख पूर्व और निव्यासी पक्ष न्यून नौ क्रोडा-क्रोड सागरोपम काल समझना चाहिये।

२ ये नो शुक्रग्रह के गति क्षेत्र हैं, अर्थात् इन नो क्षेत्रों में शुक्र ग्रह गति करता है।

ख—भुजपरिसर्प स्थलचर तिर्यंच पंचेन्द्रिय जीवों की नौ लाख कुल कोड़ी हैं।

७०२ —नौ स्थानों में संचित पुद्गलों को जीवों ने पापकर्म के रूप में चयन किया था, करते हैं और करेंगे।

यथा—पृथ्वीकायिक जीवों द्वारा संचित यावत्—पंचेन्द्रिय जीवों द्वारा संचित।

ख—इसी प्रकार चय, उपचय यावत् निर्जरा सम्बन्धि सूत्र कहने चाहिए।

७०३ क—नौ प्रादेशिक स्कन्ध अनन्त कहे गये हैं,

ख—नव प्रदेशावगाढ़ पुद्गल अनन्त कहे गये हैं—यावत् नवगुण रुक्ष पुद्गल अनन्त कहे गये हैं।

नवम स्थान समाप्त

दशम स्थान (दसवां ठाणा)

७०४ —लोक स्थिति दश प्रकार की हैं,

यथा—१. जीव मर-मरकर बार-बार लोक में ही उत्पन्न होते हैं।

२. जीव सदा पाप कर्म करते हैं।

३. जीव सदा मोहनीय कर्म का वन्ध करते हैं।

४. तीन काल में जीव अजीव नहीं होते हैं और अजीव जीव नहीं होते हैं।

५. तीन काल में त्रसप्राणी और स्थावर प्राणी विच्छिन्न नहीं होते हैं।

६. तीन काल में लोक अलोक नहीं होता है और अलोक लोक नहीं होता है।

७. तीन काल में लोक अलोक में प्रविष्ट नहीं होता है और अलोक लोक में प्रविष्ट नहीं होता है।

८. जहाँ तक लोक है वहां तक जीव है और जहाँ तक जीव है वहाँ तक लोक है।

९. जहाँ तक जीवों और पुद्गलों की गति है वहाँ तक लोक है, जहाँ तक लोक है वहाँ तक जीवों और पुद्गलों की गति है।

१०. लोकान्त में सर्वत्र रूक्ष पुद्गल हैं अतः जीव और पुद्गल लोकान्त के बाहर गमन नहीं कर सकते हैं।

७०५ —शब्द दस प्रकार के हैं,

यथा—१. नीर्हारी—घन्टा के समान घोष वाला शब्द।

२. डिंडिम—ढोल के समान घोष रहित शब्द।

३. रूक्ष—काक के समान रूक्ष शब्द।

४. भिन्न—कुष्टादिरोग से पीड़ित रोगी के समान शब्द।

५. जर्जरित—वीणा के समान शब्द।

६. दीर्घ—दीर्घ अक्षर के उच्चारण से होने वाला शब्द अथवा मेघ के समान दूर तक सुनाई देने वाला शब्द।

७. ह्रस्व—ह्रस्व अक्षर के उच्चारण से होने वाला शब्द अथवा वीणा के समीप में सुना जाने वाला शब्द।

८. पृथक्त्व—अनेक प्रकार के वाद्यों का एक समवेत स्वर।

९. काकणी—कोयल के समान सूक्ष्म कण्ठ से निकलने वाला शब्द।

१०. किंकिणी—छोटी-छोटी घंटियों से निकलने वाल शब्द।

७०६ क—इन्द्रियों के दश विषय अतीत काल के हैं,
यथा—१. अतीत में एक व्यक्ति ने एक देश (कान) से शब्द सुना।

२. अतीत में एक व्यक्ति ने सर्व देश (दोनों कानों) से शब्द सुना।

३-१०. इसी प्रकार रूप, रस, गंध और स्पर्श के दो-दो भेद है।

ख—इन्द्रियों के दश विषय वर्तमान काल के हैं,
यथा—१. वर्तमान में एक व्यक्ति एक देश (एक कान) से शब्द सुनता है।

२. वर्तमान में एक व्यक्ति सर्व देश (दोनों कानों) से शब्द सुनता है।

३-१०. इसी प्रकार रूप, रस, गंध और स्पर्श के दो-दो भेद हैं।

ग—इन्द्रियों के दश विषय भविष्य काल के हैं,
यथा—१. भविष्य में एक व्यक्ति एक देश (एक कान) से सुनेगा।

२. भविष्य में एक व्यक्ति सर्व देश (दोनों कानों) से सुनेगा।

३-१०. इसी प्रकार रूप, रस, गंध और स्पर्श के दो-दो भेद हैं।

७०७ —शरीर अथवा स्कंध से पृथक् न हुए पुद्गल दश प्रकार से चलित होते हैं,

यथा—१. आहार करते हुए पुद्गल चलित होते हैं।

२. रस रूप में परिणत होते हुए पुद्गल चलित होते हैं।

३. उच्छ्वास लेते समय वायु के पुद्गल चलित होते हैं।

४. निश्वास लेते समय वायु के पुद्गल चलित होते हैं।

५. वेदना भोगते समय पुद्गल चलित होते हैं।

६. निर्जरित पुद्गल चलित होते हैं।

७. वैक्रिय शरीर रूप में परिणत पुद्गल चलित होते हैं।

८. मैथुन सेवन करते समय शुक्र के पुद्गल चलित होते हैं।

९. यक्षाविष्ट पुरुष के शरीर के पुद्गल चलित होते हैं।

१०. शरीर के वायु से प्रेरित पुद्गल चलित होते हैं।

७०८ —दश प्रकार से क्रोध की उत्पत्ति होती है,

यथा—१. मेरे मनोज्ञ शब्द, स्पर्श, रस, रूप, और गंध का इसने अपहरण किया था ऐसा चिन्तन करने से—

२. इसने मुझे अमनोज्ञ शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गंध दिया था ऐसा चिन्तन करने से—

३. मेरे मनोज्ञ शब्द, स्पर्श, रस, रूप, और गंध का यह अपहरण करता है ऐसा चिन्तन करने से—

४. इससे मुझे अमनोज्ञ शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गंध दिया जाता है ऐसा चिन्तन करने से—

५. मेरे मनोज्ञ शब्द स्पर्श, रस, रूप और गंध का यह अपहरण करेगा-ऐसा चिन्तन करने से—

६. यह मुझे अमनोज्ञ शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गंध देगा–ऐसा चिन्तन करने से–

७. मेरे मनोज्ञ शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गंध का इसने अपहरण किया था, करता है या करेगा–ऐसा चिन्तन करने से–

८. इसने मुझे अमनोज्ञ शब्द-यावत् गंध दिया था, देता है या देगा–ऐसा चिन्तन करने से–

९. इसने मेरे मनोज्ञ शब्द-यावत्-गंध का अपहरण किया, करता है या करेगा तथा इसने मुझे अमनोज्ञ शब्द-यावत् गंध दिया, देता है या देगा ऐसा चिन्तन करने से—

१०. मैं आचार्य या उपाध्याय की आज्ञानुसार आचरण करता हूं किन्तु वे मेरे पर प्रसन्न नहीं रहते हैं।

८०९ क—संयम दश प्रकार का है,

यथा—१-५. पृथ्वीकायिक जीवों का संयम यावत्-वनस्पतिकायिक जीवों का संयम, ६. बेइन्द्रिय जीवों का संयम, ७. तेइन्द्रिय जीवों का संयम, ८. चउरिन्द्रिय जीवों का संयम, ९. पंचेन्द्रिय जीवों का संयम, १०. अजीव काय संयम[1]

ख—असंयम दश प्रकार का है,

यथा—१-५. पृथ्वीकायिक जीवों का असंयम यावत्-वनस्पतिकायिक जीवों का असंयम, ६-९. बेइन्द्रिय जीवों का असंयम-यावत्-पंचेन्द्रिय जीवों का असंयम, १०. अजीव कायिक असंयम।[2]

ग—संवर दस प्रकार का है,

---

१ वस्त्र-पात्र आदि अजीव पदार्थों को यत्नापूर्वक काम में लेना।

२ वस्त्र-पात्र आदि अजीव पदार्थों को अयत्ना से काम में लेना।

यथा—१-५. श्रोत्रेन्द्रिय संवर–यावत्–स्पर्शेन्द्रिय संवर, ६. मन संवर, ७. वचन संवर, ८. काय संवर, ९. उपकरण संवर,[1] १०. शुचि कुशाग्र संवर।[2]

घ—असंवर दस प्रकार है,

यथा—१-५. श्रोत्रेन्द्रिय असंवर–यावत्–स्पर्शेन्द्रिय असंवर, ६. मन असंवर, ७. वचन असंवर, ८. काय असंवर, ९. उपकरण असंवर,[3] १०. शुचि कुशाग्र असंवर,[4]

७१० —दस कारणों से मनुष्य को अभिमान उत्पन्न होता है, यथा—१. जातिमद से, २-७. कुलमद से–यावत्–८. ऐश्वर्यमद से, ९. नाग कुमार देव या सुपर्णकुमार देव मेरे समीप शीघ्र आते हैं इस प्रकार के मद से, १०. सामन्य पुरष को जिस प्रकार का अवधिज्ञान उत्पन्न होता है उससे श्रेष्ठ अवधिज्ञान और दर्शन मुझे उत्पन्न हुआ है इस प्रकार के मद से।

७११ —समाधी दस प्रकार की हैं,

---

१ अकल्पनीय उपकरण वस्त्र-पात्र का त्याग करना।

२ सुई या कुशाग्र को संवृत करके रखना।

३ अकल्पनीय उपकरण वस्त्र-पात्र का त्याग न करना।

४ सुई या कुशाग्र को संवृत करके न रखना।

यथा—१. प्राणातिपात से विरत होना,

२. मृषावाद से विरत होना,

३. अदत्तादान से विरत होना,

४. मैथुन से विरत होना,

५. परिग्रह से विरत होना,

६. ईर्या समिति से,

७. भाषा समिति से ।

८. एषणा समिति ।

९. आदान भाण्डमात्र निक्षेपणा समिति से,

१०. उच्चार प्रश्रवण श्लेष्म सिंघाण परिस्थापनिका समिति ।

ख—असमाधि दस प्रकार की हैं,

यथा—१-५ प्राणातिपात—यावत्—परिग्रह,

६-१० ईर्या असमिति—यावत्—उच्चार प्रश्रवण श्लेष्म सिंघाण परिस्थापनिका असमिति ।

७१२ क—प्रव्रज्या दस प्रकार की हैं,

यथा—१. छन्द से—गोविन्द वाचक के समान स्वेच्छा से दीक्षा ले ।

२. रोष से—शिवभूति के समान रोष से दीक्षा ले ।

३. दरिद्रता से—कठिआरे के समान दरिद्रता से दीक्षा ले ।

४. स्वप्न से—पुष्प चूला के समान स्वप्न दर्शन से दीक्षा ले, अथवा स्वप्न में दीक्षा लेने से दीक्षा ले।

५. प्रतिज्ञा लेने से—धन्नाजी के समान प्रतिज्ञा लेने से दीक्षा ले।

६. स्मरण से—भगवान् मल्लिनाथ के छः मित्रों के समान पूर्वभव के स्मरण से दीक्षा ले।

७. रोग होने से—सनत्कुमार चक्रवर्ती के समान रोग होने से दीक्षा ले।

८. अनादर से—नंदीषेण के समान अनादर से दीक्षा ले।

९. देवता के उपदेश से—मेतार्य के समान देवता के उपदेश से दीक्षा ले।

१०. पुत्र के स्नेह से—वज्रस्वामी की माताजी के समान पुत्र स्नेह से दीक्षा ले।

ख—श्रमण धर्म दस प्रकार का है,

यथा—१. क्षमा, २. निर्लोभता, ३. सरलता, ४. मृदुता, ५. लघुता, ६. सत्य, ७. संयम, ८. तप, ९. त्याग, १०. ब्रह्मचर्य।

ग—वैयावृत्य दस प्रकार का है,

यथा—१. आचार्य की वैयावृत्य,

२. उपाध्याय की वैयावृत्य,

३. स्थविर साधुओं की वैयावृत्य,

४. तपस्वी की वैयावृत्य,
५. ग्लान (रोगी) की वैयावृत्य,
६. शैक्ष (नवदीक्षित) की वैयवृत्य,
७. कुल (चद्र कुलादि) की वैयावृत्य,
८. गण (कोटि कादिगण) की वैयावृत्य,
९. चतुर्विध संघ की वैयावृत्य,
१०. साधर्मिक की वैयावृत्य।

७१३ क—जीव परिणाम दस प्रकार के हैं,
यथा—१. गति परिणाम, २. इन्द्रिय परिणाम, ३. कषाय परिणाम, ४. लेश्या परिणाम, ५. योग-परिणाम, ६. उपयोग परिणाम, ७. ज्ञान परिणाम, ८. दर्शन परिणाम, ९. चारित्र परिणाम, १०. वेद-परिणाम।

ख—अजीव परिणाम दस प्रकार के हैं,
यथा—१. बन्धन परिणाम, २. गति परिणाम, ३. संस्थान परिणाम, ४. भेद परिणाम, ५. वर्ण परि-णाम, ६. रस परिणाम, ७. गंध परिणाम, ८. स्पर्श परिणाम ९. अगुरु लघु परिणाम, १०. शब्द परिणाम।

७१४ क—आकाश सम्बन्धी अस्वाध्याय दस प्रकार का हैं,
यथा—१. उल्कापात—आकाश से प्रकाश पुंज का गिरना[1]

---

१ अस्वाध्याय काल—एक प्रहर।

२. दिशादाह—महानगर के दाह के समान आकाश में प्रकाश का दिखाई देना[1]

३. गर्जना—आकाश में गर्जना होना[2]

४. विद्युत—अकाल में विद्युत चमकना[3]

५. निर्घात—आकाश में व्यन्तर देव कृत महाध्वनि अथवा भूकम्प की ध्वनि[4]

६. जूयग—संध्या और चन्द्रप्रभा का मिलना[5]

७. यक्षादीप्त—आकाश में यक्ष के प्रभाव से जाज्वल्यमान अग्नि का दिखाई देना।

८. धूमिका—धुंए जैसे वर्णवाली सूक्ष्मवृष्टि।

९. मिहिका—शरद् काल में होने वाली सूक्ष्म वर्षा अर्थात् ओस गिरना,

१०. रजघात—चारों दिशा में सूक्ष्म रज की वृष्टि[6]

---

१ अस्वाध्याय काल—एक प्रहर

२ ,, ,, दो प्रहर

३ ,, ,, एक प्रहर

४ ,, ,, आठ प्रहर

५ शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से तृतीया तक प्रतिक्रमण पश्चात एक प्रहरपर्यन्त कालिक सूत्र का अस्वाध्याय काल है।

६ यक्षादीप्त, धूमिका, मिहिका और रजघात जब तक रहे तब तक अस्वाध्याय है।

ख—औदारिक शरीर सम्बन्धी अस्वाध्याय दस प्रकार का हैं,

यथा—१. अस्थि, २. माँस, ३. रक्त[1] ४. अशुचि के समीप, ५. स्मशान के समीप, ६. चन्द्र ग्रहण[2] ७. सूर्य ग्रहण[3] ८. पतन—राजा, मंत्री, सेनापति या ग्रामाधिपति आदि का मरण[4] ९. राजविग्रह—युद्ध, १०. उपाश्रय में मनुष्य आदि का मृत शरीर पड़ा हो तो सौ हाथ पर्यन्त अस्वाध्याय क्षेत्र हैं।

७१५ क—पंचेन्द्रिय जीवों की हिंसा न करने वाले को दस प्रकार का संयम होता हैं।

यथा—१. श्रोत्रेन्द्रिय का सुख नष्ट नहीं होता।

२. श्रोत्रेन्द्रिय का दुःख प्राप्त नहीं होता यावत्—

३.-१०. स्पर्शेन्द्रिय का दुःख प्राप्त नहीं होता।

---

१ (क) अस्थि आदि तिर्यंच के हो तो क्षेत्र से साठ हाथ पर्यन्त और काल से तीन प्रहर तक अस्वाध्याय है।

(ख) अस्थि आदि मनुष्यों के हो तो क्षेत्र आदि से सौ-सौ हाथ पर्यन्त और काल से अहोरात पर्यन्त अस्वाध्याय है।

२ उत्कृष्ट—बारह प्रहर पर्यन्त अस्वाध्याय काल हैं।
जघन्य—आठ प्रहर पर्यन्त अस्वाध्याय काल हैं।

३ उत्कृष्ट—सोलह प्रहर पर्यन्त अस्वाध्याय काल हैं।
जघन्य—बारह प्रहर पर्यन्त अस्वाध्याय काल हैं।

४ अहोरात्र पर्यन्त अस्वाध्याय हैं।

ख—इसी प्रकार दस प्रकार का असंयम भी कहना चाहिए ।

७१६ —सूक्ष्म दस प्रकार के हैं,
यथा—१. प्राण सूक्ष्म—कुंथुआ आदि ।
२. पनक सूक्ष्म—फूलण आदि ।
३. वीज सूक्ष्म—डांगर आदि का अग्र भाग ।
४. हरित सूक्ष्म—सूक्ष्म हरी घास ।
५. पुष्प सूक्ष्म—वड आदि के पुष्प ।
६. अंड सूक्ष्म—कीड़ी आदि के अण्डे ।
७. लयन सूक्ष्म—कीड़ी नगरादि ।
८. स्नेह सूक्ष्म—धुंअर आदि ।
९. गणित सूक्ष्म—सूक्ष्म बुद्धि से गहन गणित करना।
१०. भंग सूक्ष्म—सूक्ष्म बुद्धि से गहन भांगे बनाना ।

सरितासूत्र

७१७ क—जम्बूद्वीप के मेरु पर्वत से दक्षिण दिशा में गंगा और सिन्धु महानदी में दस महा नदियाँ मिलती हैं ।
यथा—गंगा नदी में मिलने वाली पाँच नदियाँ—
१. यमुना, २. सरयू, ३. आवी, ४. कोशी, ५. मही ।
सिन्धु नदी में मिलने वाली पाँच नदियाँ—
१. शतद्रु, २. विवत्सा, ३. विभासा, ४. एरावती, ५. चन्द्रभागा ।

ख—जम्बूद्वीप के मेरु से उत्तर दिशा में रक्ता और रक्तवती महानदी में दस महानदियाँ मिलती हैं,

यथा—१. कृष्णा, २. महाकृष्णा, ३. नीला ४. महानीला, ५. तीरा, ६. महातीरा, ७. इन्द्रा, ८. इन्द्रषेणा, ९. वारिषेणा, १०. महाभोगा।

७१८ क—जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र में दस राजधानियाँ हैं,

यथा—१. चम्पा, २. मथुरा, ३. वाराणसी, ४. श्रावस्ती, ५. साकेत, ६. हस्तिनापुर, ७. कांपिल्यपुर, ८. मिथिला, ९. कोशाम्बि, १०. राजगृह।

ख—इन दस राजधानियों में दश राजा मुण्डित यावत्—प्रव्रजित हुए,

यथा—१. भरत, २. सगर, ३. मघव, ४. सनत्कुमार, ५. शान्तिनाथ, ६. कुन्थुनाथ, ७. अरनाथ, ८. महापद्म, ९. हरिषेण, १०. जयनाथ

मेरुपर्वत सूत्र

७१९ क—जम्बूद्वीप का मेरुपर्वत भूमि में दस सौ (एक हजार) योजन गहरा है।

ख—भूमि पर दस हजार योजन चौड़ा है।

ग—ऊपर से दस सौ (एक हजार) योजन चौड़ा है।

घ—दस-दस हजार (एक लाख) योजन के सम्पूर्ण मेरुपर्वत हैं।

क—जम्बूद्वीपवर्ती मेरुपर्वत के मध्य भाग में इस रत्न प्रभा पृथ्वी के ऊपर और नीचे के लघु प्रतर में आठ प्रदेश वाला रुचक है वहाँ से इन दश दिशाओं का उद्‌गम होता है।

यथा—१. पूर्व, २. पूर्व दक्षिण, ३. दक्षिण, ४. दक्षिण पश्चिम, ५, पश्चिम, ६. पश्चिमोत्तर, ७. उत्तर, ८. उत्तर पूर्व, ९. ऊर्ध्व, १०. अधो।

ख—इन दस दिशाओं के दस नाम हैं,

यथा—१. ऐन्द्री, २. आग्नेयी, ३. यमा, ४. नैऋती, ५. वारुणी, ६. वायव्या, ७. सोमा, ८. ईशाना, ९. विमला, १०. तमा।

लवण समुद्र सूत्र

ग—लवण समुद्र के मध्य में दस हजार योजन का गोतीर्थ विरहित क्षेत्र है।

घ—लवण समुद्र के जल की शिखा दस हजार योजन की हैं।

महापाताल कलश सूत्र

ङ—सभी (चार) महापाताल कलश दस-दश सहस्र (एक लाख योजन के गहरे हैं।

च—मूल में (पेंदे में) दस हजार योजन के चौड़े हैं।

छ—मध्य भाग में—एक प्रदेश वाली श्रेणी में दस-दस हजार (एक लाख) योजन चौड़े हैं।

ज—कलशों के मुंह दस हजार योजन चौड़े हैं।

झ—उन महापाताल कलशों की ठीकरी वज्रमय है और दस सौ योजन की सर्वत्र समान चौड़ी (मोटी) है।

लघुपाताल कलश सूत्र

ञ—सभी (चार) लघुपाताल कलश दस सौ (एकहजार) योजन गहरे हैं।

ट—मूल में (पेंदे में) दस दशक (सौ) योजन चौड़े हैं।

ठ—मध्य भाग में—एक प्रदेश वाली श्रेणी में दशसौ (एक हजार) योजन चौड़े हैं।

ड—कलशों के मुंह दशदशक (सौ) योजन चौड़े हैं।

ढ—उन लघुपाताल कलशों की ठीकरी वज्रमय है और दश योजन की सर्वत्र समान चौड़ी (मोटी) है।

मेरु पर्वत सूत्र

७२१ क—धातकीखण्ड द्वीप के मेरु भूमि में दश सौ (एक हजार) योजन गहरे हैं।

ख—भूमि पर कुछ न्यून दश हजार योजन चौड़े हैं।

ग—ऊपर से दश सौ (एक हजार योजन) चौड़े हैं।

घ-च—पुष्करवर अर्धद्वीप के मेरु पर्वतों का प्रमाण भी इसी प्रकार का है।

वैताढ्य पर्वत सूत्र

क—सभी वृत्त वैताढ्य पर्वत दश सौ (एक हजार) योजन ऊँचे हैं।

ख—भूमि में दस सौ (एक हजार) गाऊ गहरे हैं।

ग—सर्वत्र समान पल्यंक संस्थान से संस्थित हैं और दश सौ (एक हजार) योजन चौड़े हैं।

—जम्बूद्वीप में दश क्षेत्र हैं,

यथा—१. भरत, २. ऐरवत, ३. हैमवत, ४. हैरण्यवत, ५. हरिवर्ष, ६. रम्यक्वर्ष, ७. पूर्व-विदेह, ८. अपरविदेह, ९. देवकुरु, १०. उत्तरकुरु।

—मानुपोत्तर पर्वत मूल में दश सौ बावीस (एक हजार बावीस–१०२२) योजन चौड़ा है।

अंजनक पर्वत सूत्र

क—सभी अंजनक पर्वत भूमि में दश सौ (एक हजार) योजन गहरे हैं।

ख—भूमि पर मूल में दश हजार योजन चौड़े हैं।

ग—ऊपर से दश सौ (एक हजार) योजन चौड़े हैं।

दधिमुख पर्वत सूत्र

घ—सभी दधिमुख पर्वत दश सौ (एक हजार) योजन भूमि में गहरे हैं।

ङ—सर्वत्र समान पल्यंक संस्थान से संस्थित हैं और दश हजार योजन चौड़े हैं।

रतिकर पर्वत सूत्र

च—सभी रतिकर पर्वत दश सौ (एक हजार) योजन ऊँचे हैं।

छ—दश सौ (एक हजार) गाऊ भूमि में गहरे हैं।

ज—सर्वत्र समान झालर के संस्थान से स्थित हैं और दश हजार योजन चौड़े हैं।

रुचकवर पर्वत सूत्र

७२६ क—रुचकवर पर्वत दश सौ योजन भूमि में गहरे हैं।

ख—मूल में (भूमि पर) दस हजार योजन चौड़े हैं।

ग—ऊपर से दस सौ योजन चौड़े हैं।

घ-च—इसी प्रकार कुण्डलवर पर्वत का प्रमाण भी करना चाहिए।

७२७ —द्रव्यानुयोग दस प्रकार का है,

यथा—१. द्रव्यानुयोग, २. जीवादि द्रव्यों का चिन्तन यथा—गुण-पर्यायवद् द्रव्यम्।

२. मातृकानुयोग—उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य इन तीन पदों का चिन्तन।

यथा—उत्पाद व्यय ध्रौव्य युक्तं सत्।

३. एकार्थिकानुयोग—एक अर्थ वाले शब्दों का चिन्तन।

यथा—जीव, प्राण, भूत और सत्व इन एकार्थवाची शब्दों का चिन्तन ।

४. करणानुयोग—साधकतम कारणों का चिन्तन ।
यथा—काल, स्वभाव, नियति और साधकतम कारण से कर्त्ता कार्य करता है ।

५. अर्पितानर्पित—
यथा—अर्पित-विशेषण सहित—यह संसारी जीव हैं ।
अनर्पित विशेषण रहित—यह जीव द्रव्य हैं ।

६. भाविताभावित—
यथा—अन्य द्रव्य के संसर्ग से प्रभावित—भावित कहा जाता है और अन्य द्रव्य के संसर्ग से अप्रभावित अभावित कहा जाता है—इस प्रकार द्रव्यों का चिन्तन किया जाता है ।

७. बाह्याबाह्य—बाह्य द्रव्य और अबाह्य द्रव्यों का चिन्तन ।

८. शास्वताशास्वत—शास्वत और अशास्वत द्रव्यों का चिन्तन ।

९. तथाज्ञान—सम्यगदृष्टि जीवों का जो यथार्थ ज्ञान है वह तथाज्ञान है ।

१०. अतथाज्ञान—मिथ्यादृष्टि जीवों का जो एकान्त ज्ञान है वह अतथाज्ञान है ।

उत्पात पर्वत सूत्र

७२८ क—असुरेन्द्र चमर का तिगिच्छा कूट उत्पात पर्वत मूल में दस-सौ वाईस (एक हजार वाईस १०२२) योजन चौड़ा है।

ख—असुरेन्द्र चमर के सोम लोकपाल का सोमप्रभ उत्पाद पर्वत दस सौ (एक हजार) योजन का ऊँचा है, दस सौ (एक हजार) गाऊ का भूमि में गहरा है, मूल में (भूमि पर) दससौ (एक हजार) योजन का चौड़ा है।

ग—असुरेन्द्र चमर के यमलोकपाल का यमप्रभ उत्पात पर्वत का प्रमाण भी पूर्ववत् है।

घ—इसी प्रकार वरुण के उत्पात पर्वत का प्रमाण है।

ङ—इसी प्रकार वैश्रमण के उत्पात पर्वत का प्रमाण है।

च—वैरोचनेन्द्र वलि का रुचकेन्द्र उत्पात पर्वत भूल में दस सौ वावीस (एक हजार वाईस १०२२) योजन चौड़ा है।

छ-ज—जिस प्रकार चमरेन्द्र के लोकपालों के उत्पात पर्वतों का प्रमाण कहा है उसी प्रकार वलि के लोकपालों के उत्पात पर्वतों का प्रमाण कहना चाहिए।

ट—नागकुमारेन्द्र धरण का धरणप्रभ उत्पात पर्वत दस सौ (एक हजार) योजन ऊँचा है, दस सौ (एक हजार) गाऊ का भूमि में गहरा है, मूल में दससौ (एक हजार) योजन चौड़ा है।

ठ-त—इसी प्रकार धरण के कालवाल आदि लोकपालों के उत्पात पर्वतों का प्रमाण है।

ध-प—इसी प्रकार भूतानन्द और उनके लोकपालों के उत्पात पर्वतों का प्रमाण है।

सूचना—इसी प्रकार लोकपाल सहित स्तनित कुमार पर्यन्त उत्पात पर्वतों का प्रमाण कहना चाहिए। असुरेन्द्रों और लोकपालों के नामों के समान उत्पात पर्वतों के नांम कहने चाहिए।

फ—देवेन्द्र देवराज शक्रेन्द्र का शक्रप्रभ उत्पात पर्वत दस हजार योजन ऊँचा है। दस हजार गाऊ भूमि में गहरा है। मूल में दस हजार योजन चौड़ा है।

ब-य—इसी प्रकार शक्रेन्द्र के लोकपालों के उत्पात पर्वतों का प्रमाण है।

सूचना—इसी प्रकार अच्युत पर्यन्त सभी इन्द्रों और लोकपालों के उत्पात पर्वतों का प्रमाण है।[1]

अवगाहना सूत्र

७२९ क—बादर वनस्पतिकाय की उत्कृष्ट अवगाहना दश सौ (एक हजार) योजन की है।

ख—जलचर तिर्यंच पंचेन्द्रिय की उत्कृष्ट अवगाहना दश सौ (एक हजार) योजन की हैं।

---

१ सबका समान प्रमाण है।

ग—स्थलचर उरपरिसर्प तिर्यंच पंचेन्द्रिय की उत्कृष्ट अवगाहना भी इतनी ही है।

७३० —संभवनाथ अर्हन्त की मुक्ति के पश्चात् दश लाख क्रोड़ सागरोपम व्यतीत होने पर अभिनन्दन अर्हन्त उत्पन्न हुए।

७३१ —अनन्तक दश प्रकार के हैं,

यथा—१. नाम अनन्तक—सचित्त या अचित्त वस्तु का अनन्तक नाम।

२. स्थापना अनन्तक—अक्ष आदि में किसी पदार्थ में अनन्त की स्थापना।

३. द्रव्य अनन्तक—जीव द्रव्य या पुद्गल द्रव्य का अनन्तपना।

४. गणना—अनन्तक एक, दो, तीन इसी प्रकार संख्यात, असंख्यात और अनन्त पर्यन्त गिनती करना।

५. प्रदेश अनन्तक—आकाश प्रदेशों का अनन्तपना।

६. एकतोऽनंतक–अतीत काल अथवा अनागत काल।

७. द्विधा-अनन्तक—सर्वकाल।

८. देश विस्तारानन्तक—एक आकाश प्रतर।

९. सर्व विस्तारानन्तक—सर्व आकाशास्तिकाय।

१०. शास्वतानन्तक—अक्षय जीवादि द्रव्य।

७३२ क—उत्पाद पूर्व के दश वस्तु (अध्ययन) हैं।

ख—अस्तिनास्ति प्रवादपूर्व के दश चूल वस्तु (लघु अध्ययन) हैं।

७३३ क—प्रतिषेवना (प्राणातिपात आदि पापों का सेवन) दश प्रकार की हैं।

यथा—१. दर्प प्रतिषेवना—दर्पपूर्वक दौड़ने या वध्यादि कर्म करने से।

२. प्रमाद प्रतिषेवना—हास्य विकथा आदि प्रमाद से[1]

३. अनाभोग प्रतिषेवना—असावधानी से।

४. आतुर प्रतिषेवना—स्वयं की या अन्य की चिकित्सा हेतु[2]

५. आपत्ति प्रतिषेवना—विपद्ग्रस्त होने से[3]

६. शंकित प्रतिषेवना—शुद्ध आहारादि में अशुद्ध की शंका होने पर भी ग्रहण करने से।

---

१ करने योग्य कार्य के करने में प्रयत्न न करना प्रमाद है।

२ भूख, प्यास या व्याधि से पीड़ित होकर दोष सेवन करना।

३ द्रव्यादि भेद से चार प्रकार की विपत्ति है—
द्रव्य विपत्ति—प्राशुक द्रव्य की दुर्लभता,
क्षेत्र विपत्ति—मार्ग में गिरना,
काल विपत्ति—दुर्भिक्ष आदि,
भाव विपत्ति—ग्लानि होना।

७. सहसात्कार प्रतिषेवना—अकस्मात् दोष लग जाने से ।[1]

८. भयप्रतिषेवना—राजा चोर आदि के भय से ।[2]

९. प्रद्वेषप्रतिषेवना—क्रोधादि कषाय की प्रबलता से ।

१०. विमर्श प्रतिषेवना—शिष्यादि की परीक्षा के हेतु[3]

ख—आलोचना के दश दोष हैं,

यथा—१. अनुकम्पा उत्पन्न करके आलोचना करे—आलोचना लेने के पहले गुरु महाराज की सेवा इस संकल्प से करे कि ये मेरी सेवा से प्रसन्न होकर मेरे पर अनुकम्पा करके कुछ कम प्रायश्चित्त देंगे ।

२. अनुमान करके आलोचना करे—ये आचार्यादि मृत्यु दण्ड देने वाले हैं या कठोर दण्ड देने वाले हैं

---

१ [क] देखे बिना पैर धरदे पश्चात् देखने वर जीवों की विराधना होती हुयी देखे किन्तु पीछे न लौटे ।

[ख] पात्र में सहसा कोई सदोष आहार डाल दे बाद में दोष जानने पर भी उस आहार को न त्यागे ।

२ सिंह आदि श्वापद तथा सर्पादि उरग जीवों के भय से वृक्षादि पर चढ़ने से ।

३ सचित्त पृथ्वी आदि के स्पर्श से ।

यह अनुमान से जानकर मृदु दण्ड मिलने की आशा से आलोचना करे।

३. मेरा दोष इन्होंने देख लिया है ऐसा जानकर आलोचना करे—आचार्यादि ने मेरा यह दोषसेवन देख तो लिया ही है अब इसे छिपा नहीं सकता अतः मैं स्वयं इनके समीप जाकर अपने दोष की आलोचना करलूँ इससे ये मेरे पर प्रसन्न होंगे—ऐसा सोच कर आलोचना करे किन्तु दोष सेवी को ऐसा अनुभव हो कि आचार्यादि ने मेरा दोप सेवन देखा नहीं है है, ऐसा विचार करके आलोचना न करे अतः यह दृष्ट दोष है।

४. स्थूल दोष की आलोचना करे—अपने बड़े दोष की आलोचना इस आशय से करे कि यह कितना सत्यवादी हैं ऐसी प्रतीति कराने के लिये बड़े दोष की आलोचना करे।

५. सूक्ष्म दोष की आलोचना करे—यह छोटे-छोटे दोषों की आलोचना करता है तो बड़े दोषों की आलोचना करने में तो सन्देह ही क्या है ऐसी प्रतीति कराने के लिए सूक्ष्म दोषों की आलोचना करे।

६. प्रच्छन्न रूप से आलोचना करे—आचार्यादि सुन न सके ऐसे धीमे स्वर से आलोचना करे अतः आलोचना नहीं करी ऐसा कोई न कह सके।

७. उच्च स्वर से आलोचना करे—केवल गीतार्थ ही सुन सके ऐसे स्वर से आलोचना करनी चाहिये किन्तु उच्च स्वर से बोलकर अगीतार्थ को भी सुनावे ।

८. अनेक के समीप आलोचना करे—दोष की आलोचना एक के पास ही करनी चाहिये, किन्तु जिन दोषों की आलोचना पहले कर चुका है उन्हीं दोषों की आलोचना दूसरों के पास करे ।

९. अगीतार्थ के पास आलोचना करे—आलोचना गीतार्थ के पास ही करनी चाहिये किन्तु ऐसा न करके अगीतार्थ के पास आलोचना करे ।

१०. दोषसेवी के पास आलोचना करे—मैंने जिस दोष का सेवन किया है उसी दोष का सेवन गुरुजी ने भी किया है अतः मैं उन्हीं के पास आलोचना करूं—क्योंकि ऐसा करने से वे कुछ कम प्रायश्चित्त देंगे ।

ग—दश स्थान (गुण) सम्पन्न अणगार (आचार्यादि) अपने दोषों की आलोचना करता है,

यथा—१. जातिसम्पन्न, २. कुलसम्पन्न शेष ३-६ अष्टम स्थानक समान यावत् ७. क्षमाशील, ८. दमनशील, ९. अमायी, १०. अपश्चात्तापी (आलोचना प्रायश्चित्त) लेने के पश्चात् पश्चात्ताप न करने वाला ।

घ—दश स्थान (गुण) सम्पन्न अणगार आलोचना सुनने योग्य होता है।

यथा—१. आचारवान्

२. अवधारणावान्

३. व्यवहारवान्[1]

४. अल्पव्रीडक—आलोचक की लज्जा दूर कराने वाला, जिससे आलोचक सुखपूर्वक आलोचना कर सके।

५. शुद्धि करने में समर्थ,

६. आलोचक की शक्ति के अनुसार प्रायश्चित्त देने वाले,

७. आलोचक के दोष दूसरों को न कहने वाला,

८. दोष सेवन से अनिष्ट होता है ऐसा समझा सकने वाला,

९. प्रियधर्मी,

१०. दृढ़धर्मी।

ङ—प्रायश्चित्त दश प्रकार का है,

यथा—१. आलोचना योग्य, यावत् २-९-अनवस्थाप्यार्ह—जिस दोष की शुद्धि साधु को अमुक समय तक व्रतरहित रखकर पुनः व्रतारोपण रूप प्रायश्चित्त से हो।

---

१ आगमादि पांच व्यवहारों का ज्ञाता।

१०. पारंचिकार्ह—गृहस्थ के कपड़े पहनाकर जो
प्रायश्चित्त दिया जाय।

७३४ —मिथ्यात्व दश प्रकार का है, यथा—
१. अधर्म में धर्म की बुद्धि,
२. धर्म में अधर्म की बुद्धि,
३. उन्मार्ग में मार्ग की बुद्धि,
४. मार्ग में उन्मार्ग की बुद्धि,
५. अजीव में जीव की बुद्धि,
६. जीव में अजीव की बुद्धि,
७. असाधु में साधु की बुद्धि,
८. साधु में असाधु की बुद्धि,
९. अमूर्त में मूर्त की बुद्धि,
१०. मूर्त में अमूर्त की बुद्धि।

७३५ क—चन्द्रप्रभ अर्हन्त दश लाख पूर्व का पूर्णायु भोग का
सिद्ध यावत् मुक्त हुए।
ख—धर्मनाथ अर्हन्त दश लाख वर्ष का पूर्णायु भोगक
सिद्ध यावत् मुक्त हुए।
ग—नमिनाथ अर्हन्त दश हजार वर्ष का पूर्णायु भोगक
सिद्ध यावत् मुक्त हुए।
घ—पुरुषसिंह वासुदेव दश लाख वर्ष का पूर्णायु भोगक
छट्ठी तमा पृथ्वी में नैरयिक रूप में उत्पन्न हुए।

ङ—नेमनाथ अर्हन्त दश धनुष के ऊँचे थे और दश सौ (एक हजार) वर्ष का पूर्णायु भोगकर सिद्ध यावत् मुक्त हुए।

च—कृष्ण वासुदेव दश धनुष के ऊँचे थे और दश सौ (एक हजार) वर्ष का पूर्णायु भोगकर तीसरी वालुकाप्रभा पृथ्वी में नैरयिक रूप में उत्पन्न हुए।

७३६ क—भवनवासी देव दश प्रकार के हैं,

यथा—१-१० असुरकुमार यावत् स्तनितकुमार।

ख—इन दश प्रकार के भवनवासी देवों के दश चैत्य वृक्ष हैं,

यथा—१. अश्वत्थ—पीपल, २. सप्तपर्ण, ३. शालमली, ४. उदुम्बर, ५. शिरीष, ६. दधिपर्ण, ७. वंजुल, ८. पलाश, ९. वप्र, १०. कणेरवृक्ष।

७३७ सुख दस प्रकार का है,

यथा—१. आरोग्य, २, दीर्घायु, ३. धनाढ्य होना, ४. इच्छित शब्द और रूप का प्राप्त होना, ५. इच्छित गंध, रस और स्पर्श का प्राप्त होना, ६. सन्तोष, ७. जब जिस वस्तु की आवश्यकता हो, उस समय उस वस्तु का प्राप्त होना, ८. शुभ भोग प्राप्त होना, ९. निष्क्रमण दीक्षा, १०. अनाबाध-मोक्ष।

७३८　क—उपघात दस प्रकार का है,[1]

यथा—१. उद्गम उपघात, उत्पादन उपघात शेष पाँचवे स्थान के समान यावत्—३.-५. परिहरण उपघात, ६. ज्ञानोपघात, ७. दर्शनोपघात, ८. चारित्रोपघात, ९. अप्रीतिकोपघात[2] १०. संरक्षणोपघात[3]।

ख—विशुद्धि दस प्रकार की है,[4]

यथा—१. उद्गम विशुद्धि, २. उत्पादन विशुद्धि यावत् ३.-१०. संरक्षण विशुद्धि।

७३९　क—संक्लेश दस प्रकार का है,

यथा—१. उपधि संक्लेश, २. उपाश्रय संक्लेश, ३. कषाय संक्लेश, ४. भक्तपाण संक्लेश, ५. मन संक्लेश, ६. वचन संक्लेश, ७. काय संक्लेश, ८. ज्ञान संक्लेश, ९. दर्शन संक्लेश, १०. चारित्र संक्लेश।

ख—असंक्लेश दस प्रकार का है,

यथा—१. उपधि अंसक्लेश यावत् २-१० चारित्र असंक्लेश।

१　चारित्र की विराधना रूप उपघात।

२　गुरु पर स्नेह न रखने से विनय का भंग होना,

३　शरीर पर मूर्छा होने से अपरिग्रह व्रत का उपघात।

४　उपघात का विरोधी विशुद्धि है।

७४० —वल दस प्रकार के हैं,

यथा—१. श्रोत्रेन्द्रिय वल यावत् २.-५. स्पर्शेन्द्रि वल, ६. ज्ञान वल, ७. दर्शन वल ८. चारित्र वल, १०. वीर्य वल।

७४१ क—सत्य दस प्रकार के हैं,

यथा—१. जनपद सत्य—देश की अपेक्षा से सत्य,

२. सम्मत सत्य—सब का सम्मत सत्य,

३. स्थापना सत्य—वालक द्वारा लकड़ी में घोड़े की स्थापना,

४. नाम सत्य—एक दरिद्री का धनराज नाम,

५. रूप सत्य—एक कपटी का साधुवेष,

६. प्रतीत्यसत्य—कनिष्ठा की अपेक्षा अनामिका का दीर्घ होना, और मध्यमा की अपेक्षा अनामिका का लघु होना।

७. व्यवहार सत्य—पर्वत में तृण जलते हैं फिर भी पर्वत जल रहा है ऐसा कहना।

८. भाव सत्य—वक में प्रधान श्वेत वर्ण है अतः बक (बगुला) को श्वेत कहना।

९. योग सत्य—दंड हाथ में होने से दण्डी कहना।

१०. औपम्य सत्य—यह कन्या चन्द्रमुखी है।

ख—मृषावाद दस प्रकार का है,

यथा—१. क्रोध जन्य, २. मान जन्य, ३. माया जन्य, ४. लोभ जन्य, ५. प्रेम जन्य, ६. द्वेष जन्य, ७. हास्य

जन्य, ८. भय जन्य, ९. आख्यायिका जन्य[1], १०. उपघात जन्य[2]।

ग—सत्यमृषा (मिश्र वचन) दस प्रकार का है,

यथा—१. उत्पन्न मिश्रक सही संख्या मालूम न होने पर भी "इस शहर में दस बच्चे पैदा हुए हैं" ऐसा कहना।

२. विगत मिश्रक—जन्म के समान मरण के सम्बन्ध में कहना।

